


परम पूज्य तपश्चर्या–चक्रवर्ती पट्टाधीशाचार्यश्री

# सुविधिसागर जी महाराज

के

50 वें जन्मदिवस के पावन अवसर पर

सुविधि–परिवार के द्वारा आयोजित

# जिनवाणी–महोत्सव

# सहस्रग्रन्थसंग्रह

* जन्मदिवस 19–03–1971 * मुनिदीक्षा–11–05–1989 * आचार्यपद– 20–06–2004

पट्टाधीशपद– 24–12–2010 (20–06–2004 को की गई उद्घोषणा के अनुसार)

परम पूज्य आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज के द्वारा की गई उद्घोषणा:–

हमारी समाधि के पश्चात् आपको इस संघ के संचालकपद पर नियुक्त करते हैं।

(अंकलीकर वाणी–जुलाई 2004) (अक्षयज्योति–अक्तूबर 2004)



# श्रावकाचार संग्रह

भाग 5

सम्पादक एवं अनुवादक

पण्डितप्रवरश्री हीरालाल जी जैन


प्रकाशक

जीवराज जैन ग्रन्थमाला

जैन संस्कृति संरक्षक संघ

सोलापुर (महाराष्ट्र)

(परम्परानायक)



परम पूज्य चारित्र-चक्रवर्ती,
आचार्यश्री आदिसागर जी महाराज
(अंकलीकर)

(द्वितीय पट्टाधीश)



**परम पूज्य तीर्थभक्त-शिरोमणि,**
आचार्यश्री महावीरकीर्ति जी महाराज

(तृतीय पट्टाधीश)



**परम पूज्य सिद्धान्त-चक्रवर्ती,**
आचार्यश्री सन्मतिसागर जी महाराज

(चतुर्थ पट्टाधीश)



परम पूज्य तपश्चर्या-चक्रवर्ती, **आचार्यश्री** सुविधिसागर जी महाराज

दिगम्बर साधु निरन्तर पगविहार करते रहते हैं। ग्रन्थभण्डार को साथ में रख कर विहार करना अशक्यप्राय: होता है। फलतः उनको ग्रन्थों के सन्दर्भ देखने में असुविधा होती है। उनकी सुविधा के लिये इस कोश का निर्माण किया गया है। इस कोश के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यापारिक हेतु नहीं है।

आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न श्रावकबन्धुओं से निवेदन है कि वे ग्रन्थ का विक्रय कर अध्ययन करने की परम्परा को कायम रखें।

मुखपृष्ठ पर हमने ग्रन्थकर्त्ता, अनुवादक, सम्पादक, प्रकाशक आदि के नाम दिये हैं। किसी संस्थान का कर्तुत्व हमने लुप्त नहीं किया है।

इस कोश के लिये आवश्यक ग्रन्थ हमें अनेक स्रोतों से प्राप्त हुये हैं। हम उन सभी का आभार मानते हैं।

सुविधि-परिवार

जीवराज जैन ग्रंथमाला, सोलापूर

( हिंदी विभाग पुष्प ३१ )

# श्रावकाचार-संग्रह

( हिन्दी छन्दोबद्ध श्रावकाचारों और दो क्रियाकोषों का संग्रह )

पांचवा भाग

– सम्पादक एवं अनुवादक –

स्व. सिद्धान्ताचार्य पं. हीरालाल शास्त्री, न्यायतीर्थ

हीराश्रम. पो. साढूमल जिला– ललितपुर ( उ. प्र. )

– प्रकाशक –

जैन संस्कृति संरक्षक संघ

( जीवराज जैन ग्रंथमाला )

संतोष भवन, ७३४, फलटण गल्ली, सोलापुर– २

☎ : ३२०००७

वीर संवत् २५२५ | ई. सन १९९८

प्रकाशक

**सेठ अरविंद रावजी**

अध्यक्ष– **जैन संस्कृति संरक्षक संघ,**

७३४, फलटण गल्ली, सोलापुर-२

द्वितीय आवृत्ति : ३०० प्रतियाँ

वीर संवत् २५२५ ई. सन १९९८

**मूल्य १६० रुपये**

● सर्वाधिकार सुरक्षित

मुद्रक

**कल्याण प्रेस**

९, इंडस्ट्रियल इस्टेट, होटगी रोड,

सोलापुर-३

# * जीवराज जैन ग्रंथमालाका परिचय *

सोलापुर निवासी श्रीमान् स्व. ब्र. जीवराज गौतमचंद दोशी कई वर्षोंसे संसारसे उदासीन होकर धर्म कार्यमें अपनी वृत्ति लगाते रहे। सन् १९४० में उनकी यह प्रबल इच्छा हो उठी कि अपनी न्यायोपार्जित सम्पत्तिका उपयोग विशेष रूपसे धर्म तथा समाजकी उन्नतिके कार्यमें करे।

तदनुसार उन्होंने समस्त भारतका परिभ्रमण कर अनेक जैन विद्वानोंसे इस बातकी साक्षात् और लिखित रूपसे संम्मत्तियाँ संगृहीत की, कि कौनसे कार्यमें सम्पत्तिका विनियोग किया जाय।

अन्तमें स्फुट मतसंचय कर लेनेके पश्चात् सन् १९४१ के ग्रीष्मकालमें ब्रह्मचारीजीने सिद्धक्षेत्र श्री गजपंथजीकी पवित्र भूमिपर अनेक विद्वानोंको आमंत्रित कर उनके सामने ऊहापोहपूर्वक निर्णय करनेके लिए उक्त विषय प्रस्तुत किया।

विद्वत्सम्मेलनके फलस्वरूप श्रीमान् ब्रह्मचारीजीने जैन संस्कृति तथा जैन साहित्यके समस्त अंगोंके संरक्षण-उद्धार-प्रचारके हेतु 'जैन संस्कृति संरक्षक संघ' की स्थापना की। तथा उनके लिये रु. ३०,०००/- का बृहत् दान घोषित कर दिया।

आगे उनकी परिग्रह निवृत्ति बढती गई। सन १९४४ में उन्होंने लगभग दो लाखकी अपनी सम्पूर्ण सम्पत्ति संघको ट्रस्टरूपसे अर्पण की।

इसी संघके अन्तर्गत 'जीवराज जैन ग्रंथमाला' द्वारा प्राचीन संस्कृत-प्राकृत-हिन्दी तथा मराठी ग्रन्थोंका प्रकाशन कार्य आज तक अखण्ड प्रवाहसे चल रहा हैं।

आज तक इस ग्रन्थमाला द्वारा हिन्दी विभागमें ४८ ग्रन्थ तथा मराठी विभागमें १०१ ग्रन्थ और धवला विभागमें १६ ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं।

—रतनचंद सखाराम शहा

मंत्री– जैन संस्कृति संरक्षक संघ, सोलापुर.

# ० प्रकाशकीय निवेदन ०

यह श्रावकाचार संग्रह ग्रन्थ उपासकाध्ययनांगका चरणानुयोगका प्रकाशक अनुपम ग्रन्थ है। इसमें सब श्रावकाचारोंका संग्रह एकत्रित किया है। श्रावकधर्मका स्वरूप क्या है, आत्मधर्मके उपासककी दिनचर्या कैसी होनी चाहिये, परिणामोंकी विशुद्धिके लिये क्रमपूर्वक व्रत-संयमका अनुष्ठान नितांत आवश्यक है इसका विस्तारपूर्वक विवरण इस ग्रन्थका पठन-पाठन करनेसे ज्ञात हो सकता है। स्व. श्रीमान् डा. ए. एन उपाध्ये ने सब श्रावकाचार ग्रंथोंकी नामावली भेजकर यह ग्रन्थ प्रकाशित करनेके लिये मूल प्रेरणा दी इसलिये यह संस्था उनकी कृतज्ञ है।

श्रावकाचारके इस भागका संपादन एवं हिंदी अनुवाद स्व. पं. हीरालालजी शास्त्री ब्यावर ने तैयार करके ग्रंथमालाको जिनवाणीका प्रचार करनेमें सहयोग दिया है, जिसके लिये हम उक्त जैनधर्मसिद्धांतके मर्मज्ञ विद्वान्को हार्दिक धन्यवाद समर्पण करते हैं।

इस ग्रन्थका मुद्रण कार्य सुचारु रूपसे करनेमें कल्याण प्रेस, सोलापुर के संचालक वर्गने सहयोग दिया है इसलिये हम उनका भी आभार मानते हैं।

अंतमें इस ग्रन्थका पठन-पाठन घर-घरमें होकर श्रावकधर्मकी प्रशस्त तीर्थप्रवृत्ति अखंड प्रवाहसे सदैव कायम रहे यह मंगल भावना प्रकट करते हैं।

**–रतनचंद सखाराम शहा**
मंत्री
( जीवराज जैन ग्रंथमाला, सोलापूर )

# सम्पादकीय वक्तव्य

श्रावकाचार-संग्रहका यह पंचम भाग पाठकोंके कर-कमलोंमें उपस्थित करते हुए मुझे महान् हर्ष हो रहा है। ऐ० पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवनमें पदम कविकृत 'श्रावकाचार'की एक प्रति विद्यमान है, उसे देखकर और पढ़कर उसकी महत्ताने हृदयपर यह प्रभाव अंकित किया कि इसका भी प्रकाशन हो जाना चाहिए। उसमें यतः श्रावककी ५३ क्रियाओंका वर्णन किया गया है अतः पं० किशनसिंह जी और पं० दौलतरामजीके क्रियाकोषोंको प्रस्तुत संग्रहमें संकलन करनेकी भावना उत्पन्न हुई और गत वर्ष इसी मईमें श्रद्धेय, परम पूज्य मुनि श्री १०८ समन्तभद्र जी महाराजके चरण-सान्निध्यमें कुम्भोज पहुंचा। वहाँपर संस्थाके मानद मंत्री श्री बालचन्द्रजी देवचन्द्रजी शहा पहिलेसे ही उपस्थित थे। तथा श्री ब्र० पं० माणिकचन्द्रजी चवरे कारंजा, श्री ब्र० पं० माणिकचन्द्रजी भिसीकर और श्री रायचन्द्रजीकी भक्त मण्डली भी मौजूद थी। उन सबके सामने मैंने उक्त तीनोंका प्रकाशन श्रावकाचार-संग्रहके पाँचवें भागके रूपमें करनेका प्रस्ताव रखा। सबके द्वारा समर्थन और अनुमोदन किये जानेपर संस्थाके मंत्रीजीने प्रकाशनकी स्वीकृति दी और इस विषयमें जीवराज-ग्रन्थमालाके प्रधान-सम्पादक श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्त-शास्त्रीके साथ परामर्श करनेको कहा। यथा समय मैंने उनसे परामर्श किया और तदनुसार हिन्दी छन्दोबद्ध श्रावकाचारोंका यह पाँचवाँ भाग पाठकोंके सामने उपस्थित है।

हिन्दी भाषामें रचित होनेसे उनका अर्थ देनेकी आवश्यकता प्रतीत नहीं हुई। पदम कवि-रचित श्रावकाचारका सम्पादन ऐ० सरस्वती भवनकी एक मात्र प्रतिके आधारपर हुआ है। प्रयत्न करनेपर भी अन्य स्थानसे दूसरी प्रति उपलब्ध नहीं हुई। शेष दोनों क्रियाकोषोंका सम्पादन पूर्व-मुद्रित प्रतियोंके आधारपर हुआ है और उसमें किशनसिंहजीके क्रियाकोषका संशोधन श्रीमान् सर सेठ भागचन्द्र जी सोनी अजमेरके निजी भंडारकी हस्तलिखित प्रतिके आधारपर हुआ है। पं० दौलतरामजीके क्रियाकोषका संशोधन ऐ० सरस्वती भवनकी हस्तलिखित प्रतिके आधार-पर हुआ है, अतः हम उक्त सभीके आभारी हैं।

इस भागके शीघ्र प्रकाशनार्थ गतवर्ष नवम्बरमें मैं वाराणसी आया। एक मासके बाद ही मैं दमेसे बीमार पड़ गया और देश वापिस जाना पड़ा। दमेके शान्त होते ही हृदय-रोगसे पीड़ित गया और कुछ स्वस्थ होते ही पुनः वाराणसी मार्चके प्रारम्भमें आया। कमजोरी अधिक होनेसे श्रीमान् पं० फूलचन्द्रजी सिद्धान्तशास्त्री और महावीर प्रेसके मालिक पं० बाबूलालजी फागुल्ल एवं अन्य वाराणसी-स्थित विद्वानोंने मुझे सर्व प्रकारसे संभाला और स्वास्थ्य-लाभमें सहायक बने। इसके लिए मैं उक्त सभी विद्वानोंका बहुत आभारी हूँ।

संस्थाके मानद मंत्री श्रीमान् सेठ बालचन्द्र देवचन्द्र शहा और ग्रन्थमालाके प्रधान सम्पादक श्रीमान् पं० कैलाशचन्द्रजी सिद्धान्त शास्त्रीका आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने पत्रोंके द्वारा एवं मौखिक सत्परामर्श देकरके समय-समयपर मुझे अनुगृहीत किया है। वर्धमान मुद्रणालयने तत्परताके साथ इसका मुद्रण किया है इसके लिए मैं आप सबका आभारी हूँ।

अन्तमें परम पूज्य श्री १०८ मुनि श्री समन्तभद्रजी महाराजका मैं किन शब्दोंमें आभार व्यक्त करूँ जिनसे पूरे वर्षभर पत्रोंके द्वारा स्वास्थ्य-लाभके लिए शुभाशीर्वाद और कार्य-प्रगतिके लिए सत्प्रेरणाएँ प्राप्त होती रही हैं जिससे प्रभावित होकर मैं उनके चरण-सान्निध्यमें बैठकर तीसरे भागके सम्पादकीय वक्तव्यमें उल्लिखित विशेषताओंके साथ श्रावकाचारकी विस्तृत प्रस्तावना लिखनेके लिए उत्सुक हो रहा हूँ।

पूर्वानुपूर्वीके क्रमसे नवीन उपलब्ध कुन्दकुन्दश्रावकाचारको प्रस्तुत संग्रहके चौथे भागमें विस्तृत प्रस्तावना और श्लोकानुक्रमणिकादि परिशिष्टोंके साथ दिया गया है और तदनन्तर-रचित होनेके कारण इस संग्रहमें हिन्दीकी उक्त तीन रचनाओंको दिया जा रहा है। तीनोंके रचयिताओंका संक्षिप्त परिचय, समय और उनकी विशेषताओंकी समीक्षाको प्रस्तावनामें दिया गया है।

आशा है, पूर्व भागोंके समान इस भागका भी स्वाध्यायप्रेमी जन समादर करेंगे।

श्री पार्श्वनाथ दि० जैन मन्दिर
भेलपुर, वाराणसी (उ० प्र०)
२७।५।७८

**हीरालाल सिद्धान्तशास्त्री**
हीराश्रम, साढूमल
जिला—ललितपुर (उ० प्र०)

# प्रस्तावना

## पदम कविका परिचय और समय

प्रस्तुत संग्रहमें सर्वप्रथम हिन्दी छन्दोबद्ध श्रावकाचार श्रीपदम-कविकृत संग्रहीत है। इन्होंने इसके अन्तमें जो प्रशस्ति दी है, उसके अनुसार इस श्रावकाचारकी रचना सम्वत् १६१५ के माघ सुदी पंचमी शक्रवारको पूर्ण हुई है यथा—

संवत् संख्या जिनभावना[११], आनन्दा, संवच्छर संख्या प्रमाद[५]तो।
मास माहु सोहामणो आनन्द, भाइ वा सुत मर्याद तो ।।६०।।
तिथि संख्या चारित्र भेदे, आनन्दा, रस संख्या शुभवार तो।
शुभ नक्षत्रे शुभ योगे, आनन्दा, कीयो मैं श्रावकाचार तो ।।६१।। (पृष्ठ ११०)

इन्होंने अपनी जो गुरु-परम्परा दी है उसके अनुसार ईडर शाखाके भट्टारक श्री पद्मनन्दी तत्पट्टे भ० सकलकीर्ति हुए जिनका समय [संवत् १४५०–१५१० तक] का था उनके पट्ट पर भ० भुवनकीर्ति बैठे जिनका समय [संवत् १५०८–१५२७] तक है। उनके पट्ट पर भट्टारक ज्ञानभूषण बैठे जिनका समय ( सं० १५३४–१५६० ) तकका है उनके पट्टपर भ० विजयकीर्ति बैठे जिनका समय (सं०१५५७–१५६८) तकका है। उनके पट्टपर भ० शुभचन्द्र बैठे जिनका समय (सं० १५७३–१६१३) तकका है इनके शिष्य भ० कुमुदचन्द्र हुए जिनको पदम कविने अपने गुरु रूपसे नमस्कार किया है।

पदम कविने अपनेको भ० शुभचन्द्रकी आम्नायका उल्लेख किया है, विनयचन्द्रको आगम गुरु और कर्मश्री ब्रह्मको अध्यातम गुरु लिखा है। हीर ब्रह्मेन्द्रका शिक्षा गुरुके रूपमें उल्लेख किया है। भ० शुभचन्द्रका अन्तिम समय सं० १६१३ तकका उल्लेख ऊपर किया गया है उनके शिष्य कुमुदचन्द्रका गुरु रूपसे उल्लेख कर प्रस्तुत श्रावकाचारकी रचना सं० १६१५ में हुई है यह उक्त भ० पट्टावलीसे भी सिद्ध होता है। (पृ० १०७)

पदम कविने जिन आचार्योंके श्रावकाचारोंके आधारपर अपने श्रावकाचारकी रचना की है उसमें स्वामी समन्तभद्रका रत्नकरण्ड, वसुनन्दिका श्रावकाचार, पं० आशाधरका सागार-धर्मामृत, और सकलकीर्तिका श्रावकाचार प्रमुख हैं। फिर भी श्रावक की त्रेपन क्रियाओंका वर्णन इन्होंने विस्तारके साथ किया है, इन्होंने श्रावकाचारको रत्नदीप और त्रेपन क्रियाओंको चिन्ता-मणि रत्न कहा है। यथा—

श्रावकाचार ते रत्नदीप आनन्दा, त्रेपन क्रिया चिन्तारत्न तो।
सुगुरु रत्न मूल्य नहीं, आनन्दा, दया करो तस जल तो ।।४४।। (पृ० १०९)

पदम कविने अपने श्रावकाचारका ग्रन्थ परिमाण २७५० श्लोक प्रमाण कहा है और इसे छब्बीस प्रकारके रासोंमें रचा है। यथा—

छब्बीस भेद भासे भण्यों आनन्दा, श्लोक शत सत्तावीस तो।
पंचास अधिक सही आनन्दा, ग्रन्थ-संख्या अशेष तो ।।५८।। (पृ० ११०)

उन छब्बीस रासोमेंसे कुछ प्रमुख रासोंके नाम इस प्रकार हैं—१. चौपाई, २. दोहा, ३. भास रास, ४. मालंतडानी ढाल, ५. जसोधरनी भास, ६. वस्तु छन्द, ७. अंबिकानी भास, ८. सहीनी ढाल, ९. वीनतीनी भास, १०. भद्रबाहुनी ढाल, ११. हेलिनी ढाल, १२. ढाल, १३. हिंडोलानी ढाल, १४. नरेसुआनी ढाल, १५. गुणराजनी ढाल, १६. वैरागी भास, १७. विणजारानी भास, १८. सहेलडीनी ढाल, १९. सहेलीनी ढाल, २०. रसना देवीनी ढाल, २१. आनन्दानी ढाल, २२. रासनी ढाल।

उक्त ढालोंमें दोहा, चौपाई और वस्तु छन्दको छोड़कर प्राय: सभी ढालें गुजरात और राजस्थानके सीमावर्ती प्रदेशमें प्रचलित रही हैं अतः प्रस्तुत श्रावकाचारकी भाषा गुजराती मिश्रित राजस्थानी है ढाल, रास और छन्द ये तीनों एकार्थवाचक हैं।

पदम कविने अपने माता-पिताके नामका कोई उल्लेख नहीं किया। केवल अपनेको वाग्वर (वागर) देशके सापुर (शाहपुर) नगर वर्ती श्री आदिनाथके मन्दिरका और नन्दी संघ वाले हुंबड़ जाति-खदिर गोत्री और विरीत कुल का अवतंस कहा है। (देखो पृ० ११० पद्य ४९–५२)

पदम कविका परिचय 'राजस्थानके जैन सन्त, व्यक्तित्व एवं कृतित्व' नामक ग्रन्थमें नहीं दिया गया है। इससे ज्ञात होता है कि उक्त कविने प्रस्तुत श्रावकाचारके सिवाय अन्य किसी ग्रन्थकी रचना नहीं की है। इसकी एकमात्र प्रति ऐलक पन्नालाल दि० जैन सरस्वती भवन, ब्यावरसे प्राप्त हुई। अन्य शास्त्र भण्डारोंकी ग्रन्थ सूचियोंमें इसका नाम दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

## किशनसिंह जीका परिचय और समय

प्रस्तुत संग्रहमें दूसरा हिन्दी छन्दोबद्ध श्रावकाचार श्री किशनसिंह जी का है जिसे उन्होंने स्वयं क्रियाकोष नामसे उल्लेखित किया है। (देखें अन्तिम पुष्पिका, पृ० २३९) इन्होंने अपने क्रियाकोषको सं० १७८७ के भादों सुदी पूनमको ढूंढाहर देश (वर्तमान राजस्थान) के सांगानेर नगरमें पूर्ण किया है। (देखो पृ० २३८ पद्य ९१)

ये रामपुराके निवासी थे। रामपुरा उणियारा-टोंकके समीप है तथा जो आजकल अलीगढ़ के नामसे प्रसिद्ध है। किशनसिंहजीके पिताका नाम सुखदेव जी था उन्होंने रामपुरामें एक विशाल मन्दिर बनवाया, जिसकी नींव सं० १७३१ में पड़ी थी। ये दो भाई थे छोटे भाईका नाम आनन्द सिंह था। इनकी जाति खण्डेलवाल और गोत्र पाटनी था। किशनसिंह जी रामपुरासे आकर सांगानेर रहने लगे थे। इनकी अन्य १०. रचनाएँ और भी उपलब्ध हैं जिनके नाम इस प्रकार हैं—

१. णमोकार रास, २. चौबीस दण्डक, ३. पुण्यास्रव कथाकोष, ४. भद्रबाहु चरित, लब्धि विधान कथा, ६. निर्वाणकाण्ड भाषा, ७. चतुर्विशति स्तुति, ८. चेतन गीत, ९. चेतन लोरी और १०. पद संग्रह।

प्रस्तुत क्रियाकोषका ग्रन्थ परिमाण २९०० श्लोक प्रमाण है। (देखो पृ० २३८, पद्य ९४) इस क्रियाकोष की रचना १. हिन्दीके चौपाई, २. पद्धड़ी, ३. सोरठा, ४. अडिल्ल, ५. गीता, ६. कुण्डलियां, ७. मरहठा, ८. छप्पय, ९. तेईसा, १०. इकतीसा सवैया और तथा त्रिभंगीमें तथा संस्कृतके त्रोटक, द्रुत विलम्बित और भुजंगप्रयात छन्दोंमें की है। इन्होंने अपनी अन्तिम प्रशस्ति में इनकी छन्द संख्या भी दी है। (देखो पृ० २३८)

यह क्रियाकोष लगभग ५० वर्ष पूर्व सूरतसे प्रकाशित हुआ था जो अब अप्राप्य है।

श्री किशनसिंह जीने उक्तं च करके १४ श्लोक और गाथाएँ उद्‌धृत की हैं। जिनमेंसे २ श्लोक प्रश्नोत्तर श्रावकाचारके हैं, १ श्लोक उमास्वाति श्रावकाचारका है तथा एक गाथा त्रिलोकसार और एक गाथा द्रव्य संग्रहसे ली गयी है। इन्होंने अपने गुरु आदिका कोई उल्लेख नहीं किया है। इससे ज्ञात होता है कि इनका श्रावकाचार सम्बन्धी ज्ञान स्वयंके शास्त्र-स्वाध्याय-जनित था। अपने समयमें प्रचलित मिथ्यात्वी व्रतों और कुरीतियोंका वर्णन कर उनके त्यागका प्रभावक वर्णन किया है।

## दौलतरामजीका परिचय और समय

प्रस्तुत संग्रह में तीसरा हिन्दी छन्दोबद्ध श्रावकाचार श्री दौलत राम जी का है जिसे उन्होंने स्वयं क्रियाकोष नाम दिया है। ( देखो पृ० २४० )

इन्होंने इस क्रियाकोष की रचना उदयपुर में सं० १७९५ के भादों सुदी बारस मंगलवार को पूर्ण की है ! यथा—

संवत सत्रासै पच्याणव, भादव सुदि बारस तिथि जाणव।
मंगलवार उदै पुर माहैं, पूरन कीनी संसय नाहै॥ ( देखो पृ० ३८९)

श्री दौलत राम जी ने श्री किसन सिंह जी के क्रियाकोष की रचना ( सं० १७८४ ) के ११ वर्ष पश्चात् ( सं० १७९५ ) अपने क्रियाकोष को रचा है। इन्होंने अपनी रचना का परिमाण नहीं दिया है और न रचे गये छन्दों के नाम ही दिये हैं। फिर भी हिन्दी भाषा के प्रसिद्ध दोहा, चौपाई, बेसरी छन्द, जोगीरासा, इकतीसा सवैया, चाल छन्द, कवित्त, सवैया तेईसा और सोरठा छन्दों में इस क्रिया कोष को रचना की है।

पं० दौलतराम जीने अपने इस ग्रन्थमें उक्तं च करके कुछ गाथाएँ और श्लोक दिये हैं जिनकी संख्या ६ है। जिनमें से मयमूढमणायदणं····यह गाथा रयणसार की है, ३ श्लोक ज्ञानार्णव के हैं और २ लोक प्रश्नोत्तर श्रावकाचार के हैं।

डॉ० कस्तूरचन्द्र जी काशलीवालने इनकी १८ रचनाओंका उल्लेख किया है, और उन्हें तीन भागों में विभाजित किया है—

१. मौलिक रचनाएँ, २. अनूदित रचनाएँ और टब्बा-टीकाएँ।

मौलिक रचनाएँ आठ उपलब्ध हैं। यथा—१. क्रियाकोष, २. जीवन्धर चरित, ३. अध्यात्मा बारह खड़ी, ४. विवेक विलास, ५. श्रेणिक चरित, ६. श्रीपाल चरित, ७. चौबीस दण्डक, और सिद्धपूजाष्टक में सभी रचनाएँ छन्दोबद्ध है।

अनूदित रचनाएं सात उपलब्ध है। यथा—१. पुण्यास्रवकथाकोष, २. पद्मपुराण, ३. आदि-पुराण, ४. हरिवंश पुराण, ५. पुरुषार्थ सिद्धयुपाय, ६. परमात्म प्रकाश, और ७ सारसमुच्चय। ये सभी ढूंढारी भाषा में गद्य अनुवाद हैं।

तीसरे प्रकार की रचनाओं में—१. तत्त्वार्थसूत्र टब्बा-टीका, २. वसुनन्दि श्रावकाचार टब्बा-टीका और ३. स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा टब्बा-टीका ये तीन उपलब्ध हैं।

उक्त रचनाओं पर दृष्टिपात करने से यह सहज ही ज्ञात होता है कि पं० दौलतराम जी चारों ही अनुयोगोंके अच्छे ज्ञाता थे।

पं० दौलतराम जीका जन्म बसवा ( राजस्थान ) में सं० १७४९ के आषाढ़ सुदी १४ को हुआ। इनके पितामहका नाम घासीराम और पिताका नाम आनन्दराम था। जाति खंडेलवाल और गोत्र काशलीवाल था। इनका अध्ययन कहाँ और किससे हुआ, इसका कोई उल्लेख उन्होंने अपनी रचनाओंमें कहीं नहीं किया है। पर इनकी रचनाओंको देखते हुए ये प्राकृत और संस्कृतके अच्छे ज्ञाता थे, यह सहजमें ही ज्ञात हो जाता है। तथा इनके पिता यतः राज्यके उच्च पद पर आसीन रहे हैं, अतः इनकी शिक्षा-दीक्षा भी उभय-भाषा विशेषज्ञ विद्वानोंके द्वारा हुई होगी, ऐसा निश्चित है। चारों अनुयोगोंका ज्ञान इनका स्वोपार्जित प्रतीत होता है।

## समीक्षा

पद्म कवि कृत श्रावकाचार और दोनों क्रिया-कोषोंमें क्या समता और क्या विशेषता है इसका कुछ यहां विचार किया जाता है—

जिस प्रकार पदम कविने अपने श्रावकाचारको भूमिकामें समवशरणमें ले जाकर श्रेणिकके द्वारा गौतम गणधरसे श्रावक धर्मके जाननेकी इच्छा प्रकट की, उसी प्रकार किशन-सिंह जीने भी कराई है, किन्तु दौलतराम जीने ऐसा न करके मंगलाचरणके पश्चात् त्रेपन क्रियाओंका वर्णन यह कहकर प्रारम्भ किया है कि गृहस्थको अनेक क्रियाओंमें त्रेपन क्रियाएँ प्रधान हैं।

दोनों ही क्रिया कोषोंमें त्रेपन क्रियाओंकी नाम वाली एक ही गाथा 'उक्तं च' कहकर लिखी है। वे त्रेपन क्रियाएँ इस प्रकार हैं—मूलगुण ८, व्रत १२, तप १२, समभाव १, श्रावक प्रतिमा ११, दान ४, जलगालन १, अनस्तमित व्रत (रात्रि भोजन त्याग) १, दर्शन १, ज्ञान १, चारित्र १ = ५३।

प्रस्तुत संग्रहमें निबद्ध तीनों ही ग्रन्थकारोंने त्रेपन क्रियाओंकी मुख्यतासे ही श्रावकके आचारका वर्णन किया है इसके पूर्व श्री राजमल जीने अपनी लाटी संहितामें भी उक्तंच करके त्रेपन क्रियाओंके नाम वाली उसी गाथाका उल्लेख किया है जिसे कि उक्त दोनों क्रियाकोष कारों ने उद्धृत किया है।

पदम कविने आगे कहे जानेवाले विषयका निर्देश पूर्व कथनके उपसंहारके साथ छन्द में ही कर दिया है, किन्तु किशनसिंह जी ने उसके साथ वर्ण्य विषय का निर्देश पृथक् शीर्षक देकरके किया है, जिससे पाठक को आगे वर्णन किये जानेवाले विषय का बोध सरलता से हो जाता है। दौलतराम जीने शीर्षक नहीं दिये हैं।

भक्ष्य-अभक्ष्य वस्तुओंकी काल-मर्यादाका निर्देश पदम कवि और किशनसिंह जीने पूर्वा-गत गाथाओंको देकर सप्रमाण वर्णन किया है, किन्तु दौलतरामजीने उक्त वर्णन करते हुए भी प्रमाण उद्धृत नहीं किये हैं।

पदम कविने गृहीत मिथ्यात्वके पांचों भेदोंका जितना स्पष्ट और विस्तृत वर्णन किया है, वैसा शेष दो क्रिया कोषकारोंने नहीं किया है।

मिथ्यात्वपूर्ण एवं मन-गढ़न्त लोक-प्रचलित मिथ्याव्रतों का वर्णन कर उनके त्याग का जैसा उपदेश किशनसिंह जीने दिया है वैसा शेष दोने नहीं किया है।

पदम कविने मिथ्यात्वके निरूपणके पश्चात् सम्यक्त्व-प्राप्तिकी योग्य भूमिका वर्णन कर सप्त तत्त्वोंका और सम्यक्त्वके भेदोंका स्वरूप विस्तारसे कहा है। किन्तु किशनसिंह जीने त्रेपन क्रियाओं को गिनाकर और मिथ्यात्व एवं सम्यक्त्वका कुछ भी वर्णन न करके मूलगुणोंका वर्णन करते हुए इस प्रकारके अभक्ष्योंका विस्तारसे वर्णन किया है। दौलतराम जीने भी मंगलाचरणके पश्चात् मिथ्यात्व-सम्यक्त्वका वर्णन न करके अभक्ष्य-पदार्थोंका वर्णन किया है। साथ ही दोनोंने भक्ष्य-अभक्ष्य वस्तुओंकी काल-मर्यादा का वर्णन प्राचीन गाथाओं के प्रमाण के साथ किया है।

पदमकविने रत्नकरण्डकके समान सर्वप्रथम सम्यक्त्व के अंगोंका विस्तृत स्वरूप और उनमें प्रसिद्ध पुरुषों की प्रश्नोत्तर श्रावकाचार के समान कथाओं का निरूपण किया है। किन्तु किशन सिंह जी ने सम्यक्त्व के अंगों का और उनमें प्रसिद्ध पुरुषों की कथाओं का कुछ भी उल्लेख नहीं किया है। दौलतराम जी ने अति संक्षेप में आठों अंगों का स्वरूप कह कर उनमें प्रसिद्ध पुरुषों के केवल नामोंका ही उल्लेख किया है।

पदम कवि ने उक्त प्रकार से सम्यग्दर्शन का सांगोपांग विस्तृत वर्णन करके पश्चात् दर्शन प्रतिमा का वर्णन करते हुए सर्व प्रथम सप्त व्यसन-सेवियों में प्रसिद्ध पुरुषों का उल्लेख कर उनके त्याग का उपदेश दिया। तत्पश्चात् अष्टमूलगुण, पालने जल-गालने और रात्रिभोजन के दोष बताकर उसके त्यागका उपदेश दिया। तदनन्तर व्रत प्रतिमाके अन्तर्गत श्रावकके बारह व्रतोंका विस्तार से वर्णन किया है। किन्तु किशनसिंहजीने प्रतिमाओं के आधार पर उक्त वर्णन न करके आठ मूल गुणों का वर्णन कर अभक्ष्य पदार्थों का विस्तार से वर्णन कर उनके त्याग का और चौके के भीतर ही भोजन करने का विधान किया है।

पदम कविने सम्यक्त्वके अंगोंका और उनमें प्रसिद्ध पुरुषोंकी कथाओंका वर्णन कर व्रत प्रतिमा आदिका विस्तारसे वर्णन कर अन्तमें छह आवश्यक, बारह तप, रत्नत्रय धर्म और मैत्री-प्रमोदादि भावनाओंका वर्णन कर अन्तमें समाधिमरणका वर्णन कर अपनी बृहत् प्रशस्ति दी है। किन्तु किशनसिंहजीने अभक्ष्य वर्णनके पश्चात् रजस्वला स्त्रीके कर्त्तव्योंका विस्तारसे वर्णन कर श्रावकके बारह व्रतोंका और समाधि मरणका वर्णन किया है। तद-नन्तर श्रावककी ग्यारह प्रतिमाओंका संक्षेपसे वर्णन कर जल-गालन, रात्रि भोजन-त्यागरूप अणथम (अनस्तमित) व्रत और रत्नत्रय धर्मका वर्णन कर कैर-सांगरी आदिकी घृणित उत्पत्ति, गोंद, अफीम, हल्दी और कत्था आदिकी जिन्द्य एवं हिंसामयी उत्पत्तिका विस्तारसे वर्णन किया है। तत्पश्चात् मिथ्यामतोंका निरूपण करते हुए लूँकामतकी आचार-हीनता का, और जिन-प्रतिमा का विस्तारसे वर्णन किया है।

पदम कवि ने लूँकामत का कोई उल्लेख नहीं किया है और दौलतराम जीने नामोल्लेख न करके उनके मतकी समालोचना कर जिन प्रतिमाकी महत्ताका शंका-समाधान पूर्वक वर्णन किया है। इससे ज्ञात होता है कि पदम कविके समयमें लूँकामतका या तो प्रारम्भ ही नहीं हुआ था, और यदि हो भी गया होगा, तो उसका प्रचार उनके समयमें नगण्य-सा था।

किशन सिंह जीने जन्म-मरणकी मिथ्या क्रियाओंका, सूतक-पातकका ग्रह-शान्ति, ज्योतिषचक्र और सूर्य-चन्द्रके ग्रहणका जैन मान्यताके अनुसार विस्तारसे वर्णन किया है। किन्तु पदम कविने और दौलतराम जीने यह कुछ भी वर्णन नहीं किया है।

पदम कविने मंत्र-जापके समय विभिन्न अंगुलियों परसे उसके विभिन्न फलोंका वर्णन किया है, किन्तु किशन सिंह जीने जाप्य मंत्रोंका वर्णन करते हुए भी विभिन्न अंगुलियों परसे जाप करने के विभिन्न फलों को का कोई वर्णन नहीं किया है। दौलतराम जी ने सामायिका विस्तृत वर्णन करते हुए भी उक्त विवेचन नहीं किया है।

पूजन का वर्णन यद्यपि तीनों ही ग्रन्थकारोंने किया है, परन्तु पूजन-प्रक्षाल करते समय मुखपर कपड़ा बांधनेका विधान केवल किशन सिंहजी ने ही किया है। मुखपर कपड़ा बांधकर पूजन-प्रक्षाल करनेका रिवाज मूर्तिपूजक श्वेताम्बर जैनोंमें आज भी प्रचलित है और कुछ समय पूर्व तक बुन्देल खण्डके दि० जैनियोंमें भी था।

पदम कवि ने निर्माल्य भक्षण के महादोष का वर्णन किया है, परन्तु दोनों क्रिया कोष-कारों ने इस विषय पर कुछ नहीं कहा है।

किशन सिंह जीने लोक-प्रचलित मन-गढ़न्त मिथ्या व्रतोंका निषेध कर आष्टाह्निक, सोलह कारण आदि अनेक जैन व्रत-विधानोंका जैसा विधि-पूर्वक विस्तृत विवेचन किया है, वैसा शेष दोनोंने नहीं किया है।

दौलतरामजीने बारह प्रकारके तपोंका जैसा विस्तृत वर्णन किया है, वैसा शेष दोनों ने नहीं किया है।

किशनसिंहजीने जिन-मन्दिरमें नहीं करने के योग्य चौरासी आसादनाओं का तथा मिथ्या-त्वमयी नवग्रह-शान्ति का निषेध कर जैनविधि से नवग्रह-शान्ति और ज्योतिष चक्र का वर्णन किया है, पर शेष दोनों ने इस पर कुछ नहीं लिखा है।

विवाह के समय एवं जन्म-मरण के समय की जाने वाली मिथ्यात्वपूर्ण क्रियाओं का जैसा निषेध पदम कविने किया है, वैसा शेष दोने नहीं किया है।

किशनसिंहजीने प्रातःकालीन पूजनको अष्ट द्रव्योंसे, मध्याह्न पूजन सुन्दर पुष्पोंसे और सायंकालकी पूजन को दीप-धूप से करनेका वर्णन किया है, वैसा शेष दोने नहीं किया है।

पूजकको नौ स्थानोंपर तिलक लगाने और आभूषण धारण करनेका वर्णन भी किशन-सिंहजीके सिवाय शेष दोने नहीं किया है। वस्तुतः यह विधि पंचकल्याणकादि विशिष्ट पूजा-विधानोंके लिए है, फिर भी भक्तजन अपने नवों अंगोंमें चन्दन लगाकर उक्त कर्त्तव्य की पूर्त्ति कर ही लेते हैं।

जाप करते समय णमोकारमंत्रको तीन श्वासोच्छ्वासोंके द्वारा उच्चारण करनेका विधान इन्होंने किया है। यथा प्रथम पदको श्वास खींचते हुए, दूसरे पदको श्वास छोड़ते हुए, तीसरे पदको श्वास खींचते हुए और चौथे पदको श्वास छोड़ते हुए तथा पंचम पदके 'णमो लोए' पदको श्वास लेते हुए और 'सव्वसाहूणं' पदको श्वास छोड़ते हुए उच्चारण करना चाहिए। इस प्रकार से तीन श्वासोच्छ्वासोंमें उच्चारण करनेसे मन इधर-उधर न भागकर स्थिर रहता है।

सभीने पूर्व या उत्तर की ओर मुख करके पूजन और जाप करने का विधान किया है।

पं० दौलतरामजीने अष्ट मूलगुणोंके वर्णनसे साथ ही अभक्ष्य वस्तुओंने त्यागका, चौका, चक्की, परंडा आदिको शुद्धिका, रजस्वला-प्रसूतादि स्त्रीके हाथसे स्पर्शी वस्तुओंकी अग्राह्यता का, और सप्त व्यसनों का जैसा भावपूर्ण वर्णन किया है, वह पढ़ते ही बनता है। शेष दोनों के वर्णनमें वैसी भावपूर्ण सरसता नहीं है।

इसी प्रकार व्रती श्रावकके नहीं करने-योग्य व्यापारोंका, सम्यक्त्वके भेदोंका विशद और सरस वर्णन तथा अहिंसाणुव्रतके वर्णनमें दया का अपूर्व विस्तृत वर्णन भी बार-बार पढ़ने के लिए मन उत्सुक रहता है।

पदम कविने सामायिकके ३२ दोषों का वर्णन तीसरी प्रतिमामें किया है। किन्तु किशन सिंहजीने दूसरी ही प्रतिमामें किया है। पर दौलतरामजीने उनका कहीं कोई वर्णन नहीं किया है। इन बत्तीस दोषोंका वर्णन अनेक श्रावकाचार-कर्त्ताओंने भी किया है। पर वस्तुतः ये दोष साधुओंके लिए ही मूलाचार आदिमें बतलाये गये हैं। श्रावकको जितना संभव हो, उतने दोषोंसे बचने का प्रयत्न करना चाहिए।

पदम कविने चार शिक्षा व्रतोंका वर्णन कुन्दकुन्दके अनुसार किया है, किन्तु किशनसिंह जी और दौलतरामजीने तत्त्वार्थसूत्रके अनुसार किया है।

श्रावकके १७ नियमोंका वर्णन तीनोंने ही किया है।

अन्तमें एक ही प्रश्न विचारणीय रह जाता है कि किशन सिंहजीके द्वारा सांगानेर (राजस्थान) में रहते हुए सं० १७८४ में क्रिया कोषको रचना करनेके केवल ११ वर्षके बाद ही दौलत रामजीने उदयपुरमें अपने क्रिया कोषकी रचना क्यों की? दोनों क्रियाकोषोंको गंभीर और सूक्ष्म दृष्टिसे देखनेपर हम दो निष्कर्षोंपर पहुंचे हैं। प्रथम तो यह कि संभव है कि दौलतरामजीको किशनसिंहजीके क्रियाकोषके दर्शन ही नहीं हुए हों। और संस्कृत क्रियाकोषके मिलनेपर उन्हें उसकी उपयोगिता प्रतीत होनेसे भाषा छन्दोंमें सर्वसाधारण पाठकोंके लिए उसकी रचना करना आवश्यक प्रतीत हुआ हो।

दूसरा कारण यह भी संभव है कि किशनसिंहजी-रचित क्रिया कोषमें उन्हें भट्टारकीय या बीसपन्थ-आम्नायकी गन्ध आई हो और इसलिए उन्होंने विशुद्ध तेरापन्थ-आम्नायके अनुसार क्रियाकोषकी स्वतंत्र छन्दोबद्ध रचना करना अभीष्ट रहा हो।

किशनसिंहजीके क्रियाकोषमें बीसपन्थकी गन्ध आनेके कुछ स्थल इस प्रकार हैं—

(१) मध्याह्न पूज-समए सु एह, मनुहरण कुसुम बहु देखि देह।
अपराह्न भविक जन करिह एव, दीपहि चढ़ाय बहु धूप खेइ ॥३८॥
( प्रस्तुत संग्रह पृ० २०४ )

(२) जो भविजन जिन-पूजा रचे, प्रतिमा परसि पखालहि सचे।
मौन-सहित मुख कपड़ो करे, विनय विवेक हरख चित धरे ॥४८॥
( प्रस्तुत संग्रह पृ० २०५ )

(३) पं० किशनसिंहजीने श्रावकके बारह व्रतों और ग्यारह प्रतिमाओंके वर्णनके बाद जल-गालन, प्रासुक जल-विधि और रात्रिभोजन-त्याग आदिका वर्णन किया है। पं० दौलतरामजीको यह वर्णन कुछ व्युत्क्रम-सा प्रतीत हुआ हो और इसीलिए उन्होंने श्रावकके बारह व्रतोंका वर्णन करनेके पूर्व ही उक्त वर्णन सर्वप्रथम करना उचित समझा हो।

जो कुछ भी हो, फिर भी दौलतरामजीकी वर्णन-शैली बहुत ही भावपूर्ण, सरल और रोचक है। उन्होंने अहिंसादि प्रत्येक अणुव्रतका वर्णन विधि और निषेध-मुखसे किया है। जैसे अहिंसाणु-व्रतका वर्णन करते हुए पहिले अहिंसा या दया-करुणाकी महत्ता ६७ छन्दोंमें बताकर पुनः हिंसा पापके दोषोंका वर्णन २४ छन्दोंमें किया है। ( देखो पृ० ५६३-२६८ )

इसी प्रकार सत्य-असत्य, चौर्य-अचौर्य, ब्रह्म-अब्रह्म और परिग्रह-अपरिग्रहके गुण-दोषोंका वर्णन भी खूब विस्तारसे किया है।

## उपसंहार

यद्यपि तीनों ही संग्रहोंमें ५३ क्रियाओंका वर्णन है, तथापि पदम कविने पूर्व परम्पराके अनुसार उत्थानिकामें श्रेणिकके प्रश्न करनेपर गौतम-गणधरके द्वारा श्रावकके व्रतोंका वर्णन कराया है और संस्कृतमें रचित श्रावकाचारोंकी दुरुहताके कारण सर्वसाधारणके लाभार्थ उसे अपनी मातृ-भाषामें उन्हें रचनेकी प्रेरणा हुई है। यही कारण है कि उन्होंने अपनी रचनाको 'श्रावकाचार'के नामसे ही उल्लिखित किया है। पं० किशनसिंहजी और पं० दौलतरामजीने यतः संस्कृत किया-कोषके आधारपर अपनी रचनाएँ की हैं, अतः उन्होंने अपनी रचनाओंका नाम 'क्रियाकोष' देना ही उचित समझा है। तीनों रचनाओं की अपनी अपनी स्वतन्त्र विशेषता है, अतः तीनों ही पढ़ने, मनन करने और तदनुकूल आचरण करनेके योग्य हैं।

●

श्रावकाचार-संग्रह पंचम भागकी

# विषय-सूची


| पदम-कृत श्रावकाचार | पृष्ठ सं० १–१११ |
|---|---|
| मंगलाचरण और श्रावकाचार विधि वर्णन के लिए शारदा से प्रार्थना | १ |
| जम्बूद्वीप, भरतक्षेत्र मगध देश और राजगृह नगरी का वर्णन | ,, |
| राजा श्रेणिक का वर्णन और समवशरण में पदार्पण | २ |
| गौतम गणधर से गृहस्थ धर्म का कथन करने की प्रार्थना | ३ |
| त्रेपन क्रियाओं का नामोल्लेख कर गौतम स्वामी द्वारा उनका निरूपण | ४ |
| सम्यक्त्व के बिना संसार परिभ्रमणका वर्णन | ,, |
| द्रव्य और भाव मिथ्यात्व का निरूपण तथा द्रव्य मिथ्यात्व के पांच भेद और उनके प्रचारकों का वर्णन | ५ |
| सम्यक्त्व के स्वरूप का निरूपण | १० |
| सप्त तत्व और नव पदार्थों का वर्णन | ,, |
| सम्यक्त्व के भेदों का स्वरूप | १५ |
| सम्यक्त्व के पच्चीस दोषों का वर्णन | १८ |
| सम्यक्त्व के आठ अंगों का नामोल्लेख कर निःशंकित अंग में प्रसिद्ध अंजन चोर की कथा | २१ |
| निःकांक्षित अंग का वर्णन और उसमें प्रसिद्ध अनन्तमती की कथा | २३ |
| निर्विचिकित्सा अंग का वर्णन और उसमें प्रसिद्ध उद्दायन राजा की कथा | २६ |
| अमूढ दृष्टि अंग का वर्णन और उसमें प्रसिद्ध रेवती रानी की कथा | २७ |
| उपगूहन अंग का वर्णन और उसमें प्रसिद्ध जिनेन्द्र भक्त सेठ की कथा | २८ |
| स्थिति करण अंग का वर्णन और उसमें प्रसिद्ध वारिषेण की कथा | ३० |
| वात्सल्य अंग का वर्णन और उसमें प्रसिद्ध विष्णु कुमार की कथा | ३३ |
| प्रभावना अंग का वर्णन और उसमें प्रसिद्ध वज्रकुमार की कथा | ३६ |
| दर्शन प्रतिमा का वर्णन | ४० |
| सप्त व्यसनों में प्रसिद्ध पुरुषों का वर्णन और उनके त्याग का उपदेश | ४० |
| पंच उदुम्बर फल और तीन मकार के दोष बताकर उनके त्यागने का उपदेश | ४१ |
| जल गालन का उपदेश और उसकी विधि तथा प्रासुक करने विधान | ४२ |
| रात्रि भोजन के दोष बताकर उसके त्याग का उपदेश | ४३ |
| व्रत प्रतिमा का निरूपण और अहिंसाणुव्रत का स्वरूप | ४४ |
| अहिंसाणुव्रत में प्रसिद्ध यमपाल चाण्डाल की कथा | ४६ |
| सत्याणुव्रत का निरूपण | ४९ |
| सत्याणुव्रत में प्रसिद्ध धनदेव सेठ की कथा | ५० |

| | |
|---|---|
| अचौर्याणुव्रत का निरूपण और उसमें प्रसिद्ध वारिषेण की कथा | ५१ |
| ब्रह्मचर्याणुव्रत का वर्णन और उसमें प्रसिद्ध नीलीबाई की कथा | ५२ |
| परिग्रह परिमाण अणुव्रत का वर्णन | ५७ |
| परिग्रह परिमाण व्रत में प्रसिद्ध जयकुमार की कथा | ५९ |
| गुणव्रत के भेद और उनका स्वरूप | ६१ |
| शिक्षाव्रत के भेद कहकर प्रथम शिक्षाव्रत भोग-परिमाण का वर्णन | ६३ |
| दूसरे शिक्षाव्रत उपभोग-परिमाण का निरूपण | ६४ |
| तीसरे शिक्षाव्रत अतिथि संविभाग का वर्णन | ६५ |
| पात्र, कुपात्र और अपात्र का स्वरूप और उनको दान देने का फल | ६७ |
| चौथे शिक्षाव्रत सल्लेखना का निरूपण | ६९ |
| आहार दान में प्रसिद्ध श्रीषेण राजा की कथा | ७० |
| औषधदान में प्रसिद्ध वृषभसेना की कथा | ७३ |
| ज्ञानदान में प्रसिद्ध कुण्डेश की कथा | ७६ |
| अभय ( वसतिका ) दान में प्रसिद्ध सूकर की कथा | ,, |
| जिन पूजा के फल को पाने वाले मेंढक की कथा | ७७ |
| सामायिक प्रतिमा का स्वरूप और उसकी विधि का वर्णन | ७८ |
| मन्त्र जाप की विधि और विभिन्न अंगुलियों से जाप का फल-वर्णन | ७९ |
| सामायिक के पाँच अतीचार और बत्तीस दोषों का वर्णन | ८१ |
| प्रोषध प्रतिमा का विस्तृत स्वरूप | ८४ |
| सचित्त त्याग प्रतिमा का वर्णन | ८६ |
| रात्रि भुक्ति-विरत्ति प्रतिमा का स्वरूप | ८७ |
| ब्रह्मचर्य प्रतिमा का स्वरूप और स्त्री सम्पर्क के सर्वथा त्याग का उपदेश | ८८ |
| आरम्भ त्याग प्रतिमा का स्वरूप | ९१ |
| परिग्रह त्याग प्रतिमा का स्वरूप | ९२ |
| अनुमति त्याग प्रतिमा का स्वरूप | ९२ |
| उद्दिष्ट त्याग प्रतिमा का स्वरूप | ९३ |
| सात स्थानों पर मौन रखने का विधान और मौन के गुणों का वर्णन | ९४ |
| भोजन के अन्तराय | ९४ |
| उद्दिष्ट त्याग प्रतिमा के दोनों भेदों का स्वरूप | ९५ |
| उद्दिष्ट ( आधाकर्मिक ) भोजन के दोष | ९६ |
| षट आवश्यकों का वर्णन | ९६ |
| बाह्य तपों का वर्णन | ९७ |
| अनशन तप के अन्तर्गत नन्दीश्वर-पूजन, रोहिणी, मुकुट सप्तमी आदि के उपवासों आदि का निरूपण | ९९ |
| अवमोदर्य आदि बाह्य तपोंका वर्णन | ९८ |
| प्रायश्चित आदि अन्तरंग तपोंका स्वरूप | ९८ |

आर्त्त-रौद्रका ध्यानका स्वरूप और उसके त्यागका उपदेश १००
धर्मध्यान और शुक्लध्यानका वर्णन १००
निर्माल्य भक्षणके दोषोंका वर्णन १०१
रत्नत्रय धर्मका विस्तृत वर्णन १०२
व्यवहार रत्नत्रयके बिना निश्चय रत्नत्रय सम्भव नहीं १०३
चारों कषायोंके दोष बतलाकर उनके त्यागका उपदेश १०४
मैत्री-प्रमोद आदि भावनाओंका वर्णन १०४
पंचेन्द्रिय विषयोंके दोष बताकर उनके त्यागका उपदेश १०५
समाधिमरणका निरुपण १०५
ग्रन्थकार की प्रशस्ति और अपनी लघुताका निरूपण १०७–१११

**किशनसिंह कृत क्रियाकोष** ११२–२३९

मंगलाचरण ११२
राजगृह नगरी और राजा श्रेणिकका वर्णन ११२
वनपालके द्वारा श्री वर्द्धमानके समवशरण आनेका श्रेणिकसे कथन ११३
श्रेणिकका समवशरणमें गमन और भगवानका स्तवन ११४
गौतम स्वामीसे श्रावककी त्रेपन क्रियाओंके वर्णन की प्रार्थना ११५
आठ मूल गुणोंका वर्णन ११५
बाईस अभक्ष्योंका वर्णन और उनके त्यागका उपदेश ११६
द्विदल भोजनके दोष बताकर उसके त्यागका उपदेश ११८
कांजी भक्षणका निषेध ११९
गोरस मर्यादाका कथन ११९
चर्माश्रित वस्तु दोष वर्णन ५२०
सात स्थानोंपर चन्दोवा लगानेका विधान १२२
रातमें पिसे चून आदिके त्यागका उपदेश १२३
अचार मुरब्बा आदिके दोष बताकर उनके त्यागका उपदेश १२३
चौकेके भीतर भोजन करनेका विधान १२४
रजस्वला स्त्रीकी क्रियाका वर्णन १२५
अहिंसाणुव्रतका स्वरूप १२७
अहिंसाणुव्रतके अतीचारोंका वर्णन १२८
सत्याणुव्रतका स्वरूप और उसके अतीचारोंका वर्णन १२९
अचौर्याणुव्रतका स्वरूप और उसके अतीचारोंका वर्णन १३०
ब्रह्मचर्याणुव्रतका स्वरूप और शीलकी नववाड़ोंका वर्णन १३१
ब्रह्मचर्याणुव्रतके अतीचारोंका वर्णन १३२
परिग्रह परिमाण अणुव्रत और उनके अतीचारोंका वर्णन १३३
दिग्विरति गुणव्रतका स्वरूप और उसके अतीचारोंका वर्णन १३४

| | |
|---|---|
| देशव्रतका स्वरूप और उसके अतीचारोंका वर्णन | १३५ |
| अनर्थदण्ड त्याग गुणव्रतका वर्णन | १३६ |
| अनर्थदण्ड त्यागव्रतके अतीचारोंका वर्णन | १३७ |
| सामायिक शिक्षाव्रतका स्वरूप | १३८ |
| सामायिक शिक्षाव्रतके अतिचार | १३९ |
| प्रोषधोपवास शिक्षाव्रतका स्वरूप | १३९ |
| प्रोषधोपवास की विधिका विस्तृत वर्णन | १४० |
| भोगोपभोग परिमाण शिक्षाव्रतका स्वरूप | १४२ |
| भोगोपभोग परिमाणव्रतके अतीचार | १४३ |
| अतिथि संविभाग शिक्षाव्रतका स्वरूप | १४३ |
| पात्र, कुपात्र और अपात्रके भेदोंका स्वरूप | १४३ |
| पात्र दानके फलका विस्तृत निरूपण | १४५ |
| अतिथि संविभागव्रतके अतीचार | १५२ |
| श्रावकके सत्रह नियमोंका वर्णन | १५१ |
| भोजनके सात अन्तरायोंका कथन | १५३ |
| सात स्थानपर मौन रखनेका विधान | १५३ |
| संन्यास मरणका विधान | १५४ |
| ज्ञानकी आराधनाका वर्णन | १५४ |
| चारित्र आराधनाका वर्णन | १५५ |
| निश्चय आराधनाका वर्णन | १५५ |
| आराधनाके अतिचार | १५६ |
| समभावका वर्णन | १५७ |
| दर्शन प्रतिमाका वर्णन | १५८ |
| व्रत प्रतिमा आदि पाँच प्रतिमाओंका संक्षिप्त वर्णन | १५९ |
| ब्रह्मचर्य आदि शेष प्रतिमाओंका वर्णन | १६० |
| जलगालनका विधान | १६१ |
| प्रासुक जल का विधान | १६२ |
| अणथम ( अनस्तमित या रात्रिभोजन त्याग ) व्रत का वर्णन | १६४ |
| रात्रिभोजन के दोषों का और रात्रिभोजी पुरुषके दु:ख विपाकों का वर्णन | ,, |
| सम्यग्दर्शन, ज्ञान और चारित्र का कथन | १७० |
| गोंद, अफीम, हल्दी, पान ( ताम्बूल ) कत्था की हिंसामयी उत्पत्ति का वर्णन | १७१ |
| खीचला, केर, सांगली आदि के दोषों का निरूपण | १७२ |
| शुद्ध घी की मर्यादा का वर्णन | १७४ |
| मिथ्यामतों का वर्णन | १७७ |
| लूंका ( ढूंढिया ) मतके हीन आचार का निरूपण | १७८ |
| जिन प्रतिमा की महिमा का वर्णन | १८१ |

लोक में प्रचलित अनेक मिथ्यामतों का विस्तृत वर्णन और उनका निषेध १८३
जन्म मरण की मिथ्या क्रियाओं का कथन १९३
सूतक, पातक का विधान १९५
तम्बाकू, भांग आदि के निषेध का उपदेश १९६
गृह शान्ति और ज्योतिष चक्र का वर्णन १९८
नव गृह शान्ति का विधान २००
सूर्य चन्द्र ग्रहण का जैन शास्त्रोक्त वर्णन २०१
अपने शरीर सम्बन्धी क्रियाओं का कथन २०२
मन्त्र जाप और पूजा का विधान २०३
त्रिकाल पूजन का विधान २०४
मुख पर कपड़ा बाँध कर प्रतिमा-प्रक्षाल और पूजन का उपदेश २०५
जिन मन्दिर में नहीं करने के योग्य चौरासी आसादनाओंका पृथक्-पृथक् वर्णन २०७
अपने क्रियाकोष की रचना के आधार का वर्णन २०९
प्रस्तुत कथाकोष में निबद्ध विषयों का वर्णन ,,
लोक-प्रचलित और मन-गढ़ंत मिथ्या व्रतों का निषेध कथन २१०
अष्टाह्निक व्रत कथन २११
सोलह कारण व्रत वर्णन २१३
रत्नत्रय व्रत विधान २१४
लब्धि व्रत विधान ,,
अक्षय निधि, मेघमाला, ज्येष्ठ जिनवर, षट्रसी, पाक्षिक, ज्ञान पच्चीसी और समवशरण व्रत विधान २१५
आकाश पंचमी, अक्षय दशमी, चन्दनषष्ठी, निर्दोष सप्तमी, सुगन्ध दशमी श्रवण द्वादशी, अनन्त चतुर्दशी और नवकार पेंतीसी व्रत का विधान २१६
त्रेपन क्रिया व्रत, जिनेन्द्र गुण संपत्ति व्रत, पंचमी व्रत, और शील कल्याणक व्रत का विधान २१७
शील व्रत, नक्षत्र माला व्रत, सर्वार्थ सिद्धि व्रत और तीन चौबीसी व्रत का विधान २१८
श्रुत स्कंध व्रत, जिन मुखावलोकन व्रत, लघु सुख संपत्ति व्रत, वृहत् सुख-संपत्ति व्रत और बारह व्रत का विधान २१९
एकावली और द्विकावली व्रत का विधान २२०
रत्नावली, कनकावली, मुक्तावली, मुकुट सप्तमी और नन्दीश्वर पंक्ति व्रत का विधान २२१
लघु मृदंग मध्य, वृहद् मृदंग मध्य, धर्मचक्र, सूक्तावली, भावना पच्चीसी, नवनिधि और श्रुतज्ञान व्रत का विधान, सिंह निष्क्रीडित, लघु चौतीसी, बारहसै चौतीसी और पंचपरमेष्ठी गुणव्रत का विधान २२३
पंचपरमेष्ठी के गुणों का वर्णन २२४
पुष्पांजली व्रत, शिवकुमारका बेला, तीर्थंकरोंका बेला और जिनपूजा पुरंदर व्रतका विधान २२५

रोहिणी, कोकिला पंचमी और कवलचन्द्रायण व्रतका विधान २२६
मेरु पंक्ति व्रतका विधान २२७
पल्लि व्रतका विधान २२८
रुक्मिणी व्रत और विमान पंक्ति व्रतका विधान २२९
निर्जर-पंचमी, कर्म-निर्जरणी और आदित्य (रवि) व्रतका विधान २३०
कर्मचूर, अनस्तमित और पंचकल्याणक व्रतका विधान २३१
गर्भकल्याणक, जन्मकल्याणक और तपकल्याणक तिथियोंका वर्णन २३२
ज्ञान कल्याणक और निर्वाण कल्याणक की तिथियोंका वर्णन २३३
व्रतोंके उद्यापन की विधिका विधान २३४
निर्वाण कल्याणकका वेला और लघु कल्याणक व्रतका विधान २३५
ग्रन्थकार की प्रशस्ति और अपनी लघुताका निरूपण २३७
क्रियाकोष वर्णित छन्दों की संख्याका प्रमाण २३८
अन्तिम मंगलाचरण २३८

दौलतराम कृत क्रियाकोष २४०-३९७

मंगलाचरण और क्रियाकोष की रचना का निर्देश २४०
अढाई द्वीप का वर्णन २४०
भरत क्षेत्र सम्बन्धी त्रेसठ सलाका आदि महापुरुषोंका वर्णन २४१
त्रिकालवर्ती चौबीसी और विदेह सम्बन्धी बीस तीर्थंकरोंका स्मरण ,,
तत्वार्थसूत्र, सिद्धान्तग्रन्थ, समयसार, समाधितंत्र, का स्मरण कर कुन्दकुन्द मुनि की वन्दना २४२
चतुर्विधसंघकी वन्दना ,,
श्रावककी त्रेपन क्रियाओंके वर्णनकी प्रतिज्ञा २४३
गाथोक्त त्रेपन क्रियाओंके नाम २४४
अष्ट मूल गुणोंका वर्णन ,,
भक्ष्य वस्तुओंकी काल-मर्यादा २४६
द्विदलका वर्णन और उसके त्यागका उपदेश २४७
कच्चे दूधमें एक अन्तर्मुहूर्त पश्चात् असंख्य त्रस जीवोंकी उत्पत्तिका वर्णन २४८
दही और छांछकी मर्यादा ,,
प्रासुक जलकी मर्यादा ,,
बाजारू दही दूधके त्यागका उपदेश २४९
दही जमानेकी विधिका वर्णन ,,
चमड़ेमें रखी वस्तुओंके त्यागका उपदेश ,,
रसोई, परण्डा, चक्की आदि क्रियाओंका वर्णन २५०
मिट्टीके बर्तनमें खान-पान करनेका निषेध २५१
हरी शाक आदिके सुखानेका निषेध २५१

अपने भोजनके पात्रोंको अज्ञात और मांसाहारी मनुष्योंको खानपानके लिए देनेका निषेध २५२
भोजनको रसोई घरसे बाहर ले जाकर खानेका निषेध २५३
जलगालनकी विधि २५४
उष्णजलकी मर्यादा, प्रसूता और रजस्वला स्त्रीकी शुद्धिका विधान २५५
सप्तव्यसन सेवन करनेमें प्रसिद्ध पुरुषोंका उल्लेख कर व्यसनोंके त्यागका उपदेश २५७
श्रावकको धान्य, मिष्ठान्न और हींग, हरताल, घृत, तेल आदिके व्यापार करनेका निषेध २५९
सम्यक्त्वकी महिमा बताकर उसके भेदों और २५ दोषोंका वर्णन २६०
सम्यक्त्वके आठ अंगों और उनमें प्रसिद्ध पुरुषोंका संक्षिप्त निरूपण २६०
सात धर्म-क्षेत्रोंका वर्णन और उनमें धन खर्च करनेका विधान २६१
अहिंसाणुव्रतका वर्णन २६३
मैत्री आदि भावनाओंका वर्णन २६५
रात्रिमें पिसे अन्न और रात्रिमें बने भोजनके खानेका निषेध २६६
स्व-दया और पर-दयाका विधान २६७
अहिंसाणुव्रतके अतीचार २६८
सत्य अणुव्रतका वर्णन और असत्यके भेदोंका स्वरूप २६९
सत्यवचनकी महिमा २७०
सत्याणुव्रतके अतीचारोंका वर्णन २७१
अचौर्याणुव्रतका स्वरूप और चोरीके दोषोंका विस्तृत वर्णन २७३
अचौर्याणुव्रतके अतीचारोंका वर्णन २७५
ब्रह्मचर्याणुव्रतका वर्णन २७७
शीलकी महिमाका विस्तृत वर्णन २७९
दशलक्षणधर्ममें क्षमा आदि चार धर्मोंकी प्रधानताका वर्णन २८२
संयम आदि शेष धर्मोंकी महिमाका वर्णन २८५
समता, उदासीनता और ज्ञानचेतना आदिकी महिमाका वर्णन २८६
अहमिन्द्र आदिकी महत्ता बताकर सम्यक्त्वकी महिमाका वर्णन २८९
एकेन्द्रिय द्वीन्द्रिय आदि जीवोंकी शरीर-अवगाहनाका वर्णन २९२
षटकायिक जीवोंकी जघन्य अवगाहनाका वर्णन २९३
व्यभिचारी-सा पापाचारी और ब्रह्मचारी-सा सदाचारी और कोई नहीं २९४
निश्चय-शीलके स्वरूपका वर्णन २९५
व्यवहार-शीलका विस्तृत वर्णन २९६
परदारा-सेवनके दोषोंका वर्णन २४८
बालब्रह्मचारिणी ब्राह्मी सुन्दरी आदिका वर्णन २९९
कामवासनाके दशरूप और शीलकी नव बाड़ोंका वर्णन ३००
ब्रह्मचर्याणुव्रतके अतीचारोंका वर्णन ३०१
नामोल्लेख कर शील-प्रभावका वर्णन ३०१
नामोल्लेख कर परस्त्री-सेवियोंके उदाहरण ३०१

| | |
|---|---|
| परिग्रह परिमाण अणुव्रतका विस्तृत वर्णन | ३०२ |
| बहुआरम्भी और परिग्रहीकी मन-मालिनताका वर्णन | ३०४ |
| सन्तोषके समान और कोई धर्म और सुख नहीं | ३०६ |
| परिग्रह परिमाणव्रतके अतीचार | ३०७ |
| दिग्विरति गुणव्रतका वर्णन | ३०८ |
| दिग्विरति गुणव्रतके अतीचार | ३०९ |
| देशविरति गुणव्रतका वर्णन और उसके अतीचार | ३१० |
| अनर्थदण्ड व्रतका स्वरूप और उसके भेदोंका विस्तृत वर्णन | ३११ |
| अनर्थदण्ड व्रतके अतीचार | ३१३ |
| सामायिक शिक्षाव्रतका विस्तृत वर्णन | ३१४ |
| सामायिक शिक्षाव्रतके अतीचार | ३१५ |
| प्रोषधोपवासका विस्तृत वर्णन | ३१६ |
| प्रोषधोपवास व्रतके अतीचार | ३१७ |
| भोगोपभोग परिमाण व्रतका विस्तृत वर्णन | ३१८ |
| भोगोपभोग परिमाण व्रतके अतीचार | ३१९ |
| अतिथि-संविभाग शिक्षाव्रतके स्वरूपका विस्तृत वर्णन | ३२० |
| तीनों प्रकारके सुपात्रोंके तीन-तीन भेदोंका निरूपण | ३२१ |
| अनन्तानुबन्धी आदि चारों प्रकारकी कषायोंके क्रोधादिका पाषाण-रेखा आदिके दृष्टान्त-द्वारा वर्णन | ३२२ |
| पात्रदानके फलका वर्णन | ३२३ |
| निर्मल बारह व्रतधारी श्रावक ही व्रत प्रतिमाका धारक होता है | ३२३ |
| सामायिक आदि चार प्रतिमाओंका संक्षिप्त वर्णन | ३२३ |
| सातवीं, आठवीं और नवमी प्रतिमाका वर्णन | ३२४ |
| दशवीं और ग्यारहवीं प्रतिमा विस्तृत वर्णन | ३२५ |
| श्रावक, श्राविका, मुनि और आर्यिकाको दान देनेका उपदेश | ३२६ |
| सम्यक्त्वके नौ भेदोंका वर्णन | ३२७ |
| नवधा भक्ति और दाताके सात गुणोंका वर्णन | २२८ |
| पात्र, कुपात्र और अपात्र दानके फलका वर्णन | ३२९ |
| चारों प्रकारके दान देनेकी प्रेरणा | ३३० |
| अतिथि संविभाग व्रतके अतीचार | ३३१ |
| देशावकाशिक व्रतका वर्णन | ३३२ |
| देशावकाशिक व्रतके अन्तर्गत सत्रह नियमोंका सप्रमाण विस्तृत वर्णन | ३३३ |
| यम, नियम आदि योगके आठ अंगोंका निरूपण | ३३६ |
| सल्लेखनाका विस्तृत वर्णन | ३३७ |
| निश्चय और व्यवहाररूप चारों आराधनाओंका वर्णन | ३३९ |
| सल्लेखनाके अतीचार | ३४१ |

| | |
|---|---|
| बारह व्रतोंमें प्रथम अनशन तपका वर्णन | ३४१ |
| सावधि और निरवधि अनशनका वर्णन | ३४२ |
| अवमोदर्य तपका वर्णन और उसका महत्त्व | ३४२ |
| व्रत परिसंख्यान तपका वर्णन | ३४३ |
| रस परित्याग तपका वर्णन | ३४४ |
| विविक्त शय्यासन तपका वर्णन | ३४५ |
| कायक्लेश तपका वर्णन | ३४६ |
| अन्तरंग तपमें प्रथम प्रायश्चित्त तपका वर्णन | ३४७ |
| विनय तपका वर्णन | ३४७ |
| वैय्यावृत्त तपका वर्णन | ३४८ |
| स्वाध्याय तपका सभेद वर्णन | ३४८ |
| व्युत्सर्ग तपका वर्णन | ३५० |
| ध्यान तपका वर्णन | ३५१ |
| आर्त्त और रौद्र दुर्ध्यानोंका वर्णन | ३५१ |
| धर्मध्यानका स्वरूप और उसके आज्ञाविचय आदि चार भेदोंका वर्णन | ३५२ |
| धर्मध्यानके पिण्डस्थ और पदस्थध्यानका वर्णन | ३५३ |
| रूपस्थ और रूपातीत ध्यानका वर्णन | ३५४ |
| धर्मध्यानके गुणस्थानोंका वर्णन | ३५४ |
| शुक्लध्यानके भेद और उनके गुणस्थानोंका वर्णन | ३५५ |
| पृथक्त्व वितर्क सविचार शुक्लध्यानका स्वरूप | ३५५ |
| एकत्व वितर्क अवीचार शुक्लध्यानका स्वरूप | ३५६ |
| सूक्ष्मक्रिया अप्रतिपाति शुक्लध्यानका स्वरूप | ३५७ |
| समुच्छिन्न क्रिया निवर्त्ति शुक्लध्यानका स्वरूप | ३५७ |
| समभावका वर्णन | ३५८ |
| अनन्तानुबन्धी कषाय आदिके अभाव होनेपर सम्यक्त्व देशव्रत, सकलव्रत और यथाख्यात चारित्र उत्पन्न होनेका वर्णन | ३५९ |
| गुणस्थानोंके अनुसार मोहकर्मकी प्रकृतियोंका अभाव | ३६० |
| समभावकी अवस्थाका विस्तृत वर्णन | ३६१ |
| समभावकी महिमाका वर्णन | ३६२ |
| सम्यक्त्वका वर्णन | ३६३ |
| श्रावक प्रतिमाका स्वरूप | ३६३ |
| सम्यक्त्वके प्रशम संवेग आदि आठ गुणोंका सप्रमाण वर्णन | ३६४ |
| क्षायिक सम्यक्त्वके उत्पन्न होनेका समय और उसका स्वरूप | ३६४ |
| उपशम सम्यक्त्वके उत्पन्न होनेका समय और उसका स्वरूप | ३६५ |
| क्षयोपशम सम्यक्त्वका स्वरूप | ३६५ |
| वेदक सम्यक्त्वके चार प्रकारोंका वर्णन | ३६५ |

सम्यग्दृष्टिकी परिणतिका विस्तृत वर्णन ३६६
अविरत सम्यक्त्वी वन्दनीय है और मिथ्यादृष्टि तपस्वी भी निन्दनीय है ३६८
सम्यक्त्वके निःशंकित आदि आठ अंगोंका स्वरूप ३६८
सम्यक्त्वके दोष और अतीचारोंका त्यागी ही सम्यग्दृष्टि है ३७०
अविरत सम्यक्त्वीकी परिणतिका वर्णन ३७१
श्रावककी ग्यारह प्रतिमाओंका उपसंहार ३७१
दर्शन प्रतिमाका पुनः स्वरूप वर्णन ३७१
दूसरी, तीसरी और चौथी प्रतिमाका वर्णन ३७२
पाँचवीं और छठी प्रतिमाका स्वरूप ३७३
सातवीं, आठवीं और नवमी प्रतिमाका स्वरूप ३७४
दशवीं और ग्यारहवीं प्रतिमाका स्वरूप ३७५
पुनः दानकी महिमा बताकर आहार दान देने और अनुमोदना करनेवालोंका उल्लेख ३७७
धर्मके साधनभूत सात क्षेत्रोंका वर्णन और उनमें धन खर्चनेकी प्रेरणा ३७८
अचेतन प्रतिमाके दर्शनपूजन करनेसे कैसे स्वर्गादिकी प्राप्ति सम्भव है ? इस शंकाका समाधान ३७९
धन होनेपर ही दान देंगे, इस विचारका त्यागकर प्रतिदिन जितना भी सम्भव हो उतने दान देनेका उपदेश ३८०
जलगालनकी विधि ३८०
अगालित जल-पानके दोषोंका वर्णन ३८१
गालित और उष्ण जलकी मर्यादाका वर्णन ३८१
रात्रि भोजनके दोषोंका वर्णन ३८२
रात्रिभोजी ब्राह्मणके अनेक भवोंतक दुर्गतियोंमें परिभ्रमणका वर्णन ३८३
रात्रिभोजन-परित्यागके फलका वर्णन ३८४
रत्नत्रय धर्मका अंगोंके साथ विस्तृत वर्णन ३८६
रत्नत्रय धर्म तो मुक्ति-कारक ही है, किन्तु उससे इन्द्रादिके पदकी प्राप्ति शुभका अपराध है, क्योंकि मुक्तिका उपाय बन्धनरूप नहीं होता ३८९
त्रेपन क्रियाओंका उपसंहार और अपनी लघुताका प्रदर्शन ३८९

## परिशिष्ट

किशनसिंह-कृत क्रियाकोषमें उद्धृत गाथा-श्लोक सूची ३९०
दौलतराम-कृत क्रियाकोषमें उद्धृत गाथा-श्लोक सूची ३९१
पदमकवि-कृत श्रावकाचारमें निर्दिष्ट आचार्य नामादि ३९२

# श्री पदम कृत श्रावकाचार

## मंगलाचरण

### वस्तु छन्द

सकल जिनेश्वर चरण-कमल ते नमुं
गुण छैतालीस सद्धारक वारक मोह-तिमिर-हर।
पंचकल्याण-नायक, दायक
शिवसुखकार मनोहर।
शारदा स्वामीनें मन धरूँ
आण धरूँ गुरु निर्ग्रन्थ पाय।
श्रावकाचार-विधि वरणवुं
जो तुम्हों करो अवसाय ॥१

### चोपाई

महीतल द्वीप असंख्य मझार, जम्बू द्वीप जम्बु तरु धार।
द्वीप लक्ष योजन विस्तार, चौत्रीस क्षेत्र सोहै सविचार ॥२
ते मध्य मेरु सुदर्शन नाम, लक्ष योजन ऊँचो गुण दाम।
कनक-तणा सोल जिनगेह, त्रिण काल वंदुं हुं नेह ॥३
मेरु तणी दक्षिण दिस जान, भरतक्षेत्र नामें मन आन।
षट् खंडे करि सोहै तेह, पंच मलेच्छ एक आरज एह ॥४
आरज खंड मांहे शुभ ठाम, जनपद जानुं मगध सुनाम।
गिरि-गुहा वन वाडो कूप, वावि खंडोर बलि नदी स्वरूप ॥५
द्रोण कर्वट मटंब खेट ग्राम, पुर पाटण वाहन भेद नाम।
मणि माणिक मोती परबाल, धन धान्ये भरिआ हु विशाल ॥६
ठामि ठामि दीसे जिन गेह, हेम रत्न प्रतिमा नहि छेह।
ऋषि मुनी जती अनगार, संघ सहित ते करें विहार ॥७
सरस मगध देश मांहि मझार, राजगृही नयरी गुणधार।
गढ गोपुर खाई जलभृत्त, मटकोसीसा शोभाजुत्त ॥८
नगर मांहे सोहे जिनगेह, हाट मन्दिर नाला नहि छेद।
चतु:वर्ण वसे परजा लोक, मनुष्य जन्म पामा करि रोक ॥९
जिन पूजे पोषे यत्ति पात्र, तीर्थ सिद्धक्षेत्र करे जात्र।
पुण्यतणां करे षट् कर्म, चार वर्ग साधे ते मर्म ॥१०

राजभवन राजा बसे चंग, श्रेणिक नाम भूप उत्तिग ।
क्षायिक समकित सोहे सार, देव शास्त्र गुरु भक्ति उदार ।।११
चेलणा राणी आदि बहु नार, अभय वारिषेण आदि कुमार ।
राजा सुख भोगवे संसार, साधर्मी जन करे उपकार ।।१२
एक दिवस श्रेणिक महिपाल, सभा पूरि बैठो गुणमाल ।
प्रधान पुरोहित श्रेष्ठी भूपती, बहुविध बात करे निजमती ।।१३
तिण अवसर आव्यो वनपाल, करंड भरि फल फूल अपार ।
भेंट मुकीने करेय जुहार, स्वामी मुझ बीनती अवधार ।।१४
विपुलाचल मस्तक सुविशाल, समोसरयां श्रीवीर गुणमाल ।
बार सभानें दे उपदेश, त्रिभुवनपति सेवें जिनेश ।।१५
तब आनंद्यो श्रेणिक राय, तिणी दिशं सात पग जाय ।
परोक्ष नमोऽस्तु कियो जोड़ी हाथ, विनय सहित भूप रूऋ साथ ।।१६
पछें मालीनें कीयो पसाय, वस्त्र आभूषण आल्या राय ।
आनंद भेरी तब उछली, वन्दन चाल्यो भूप मन रली ।।१७
राज प्रजा लोके संचरयो, अन्तःपुर भविजन पर वर्यो ।
हय गय रथ पालखी पदांति, गीत नृत्य बाजित्र जय क्षांति ।।१८
समोसरण मांही जब गया, तब आनन्द भवियण मन भया ।
मुखतें करतां जय जयकार, भेंटया जिननर त्रिभुवन तार ।।१९
तीन प्रदक्षिणा जावे दोध, अष्ठ प्रकारी पूजा कीध ।
जल गन्ध अक्षत पुष्प नैवेद्य, दीप धूप-फल अर्घ वसु भेद ।।२०
जिन पूजी स्तवन उच्चरी, भाव-सहित भक्ती घणुं करी ।
अनन्त गुणसागर जिनदेव, सुर नर फणिपति करें जिन सेव ।।२१
सफल चरण जाणों तेह तणा, जे जिन यात्र धरि आपणां ।
प्रशस्त हस्त कमल ते कहो, जिन पूजे ते पात्र-दान तें सही ।।२२
धन्य मुख जिह्वा तेह तणी, स्तवन करो जे जिन गुण भणी ।
नयन सफल कीधो वली नेह, दीठ स्वामी जु जिन जेह ।।२३
जिनवाणी सुनी निज करण, सफल मस्तक तें नमें जिन-चरण ।
तप जप ध्यान अध्ययन अभ्यास, उत्तम शरीर जे साधे शिववास ।।२४
पूजी स्तवी वांछे भूप इष्ट, जन्म जरा मृत्यू हरो अनिष्ट ।
दुक्ख करमनो क्षय जिन करो, जनमि जनमि पाइ अनुसरो ।।२५
साष्टांग प्रणमी जिन पाय, पाछें वंद्या गौतम गुरु पाय ।
यथायोग्य भगति सहुं करी, साधरमी जन विनय अनुसरी ।।२६
नर सभाइ कीयो परवेश, निज निज स्थानें बैठ्या नरेश ।
धर्म वांछा करें भविजन्न, जिम चातक मेह जीवन्न ।।२७
दिव्य वाणि प्रगट तब भई, निज निज भासा पृच्छ जु जुई ।
अर्ध मागधि श्री जिनवर भाष, सर्व संदेह करे विनाश ।।२८

द्विधा धर्म कियो परकाश, द्रव्य पदारथ तत्त्व निवास ।
षट्‌द्रव्य पंचासतिकाय, जुजूआ लक्षण गुण पर्याय ॥२९
लोकालोक तणु स्वरूप, त्रिकाल गोचर रूप अरूप ।
श्री जिनवाणी सूर्य समान, टाले मोह तिमिर अज्ञान ॥३०
धर्म हस्त अवलंब आपिया, स्वर्ग मोक्ष पद भवि थापिया ।
महाव्रत अणुव्रत समकित सार, निजशक्ति मिलिया भवतार ॥३१
धर्म सुणी आणंद्यो राय, वली प्रणमा श्री जिनवर पाय ।
गौतम गणधर वली वंदिया, धर्म वृद्धि सहुनें दिया ॥३२
कर-पद्म जोडी वीनवे ते भूप, गौतम स्वामी नु गुण-कूप ।
गृहस्थ धर्म तणों विस्तार, विधी सहित कहो श्रावक आचार ॥३३
मति श्रुत अवधि मनः परियय ज्ञान, सप्त रिद्धि जाणों निधान ।
गणपति कहे सावधानें सुणों, सप्तम अंगमांहि जिन भणो ॥३४
द्विविध धर्म तणी न हि आदि, सदाकाल सास्वतो अनादि ।
भूत भावि छि अनें वर्तमान, त्रिलोक्य माहि दीपे जिम भांन ॥३५
द्वादश अंग कहीइ श्रुत ज्ञान, सातमों उपासकाध्ययन अभिधान ।
उपासक व्रत तणो विचार, बहुविध कहुं ते अंगमझार ॥३६
श्रावक अंग तणो सुणो मान, जे जिम कहीउ श्री वर्धमान ।
लक्ष एकादश पद परिमाण, सत्तरि सहस्र अधिक सू जाण ॥३७
तिन अक्षर पद एक ज तणा, सोलसे चौत्रीस कोडि तस भणा ।
असी लक्ष सप्त सहस्र कही, आठ सें अठयासी अक्षर सही ॥३८
बत्तीस अक्षर तणा सलोक, संख्या केती कहि कोविद लोक ।
कोडि एकावन अधिक अष्ट लक्ष, सहस्र चौरासी ते समक्ष ॥३९
छै से अधिका साढा एकवीस, श्लोक संख्या कहि जगदीश ।
धर्म धर्म सहु को जिन कहे, धर्म भेद ते विरला लहे ॥४०
कनक जेम चहुंविध परखीय, छेद भेद कष ताप निरखीय ।
चहुं गति मांहि पामे जीव दुक्ख, धर्म विना कले न हिं कांई सुक्ख ॥४१
अधोगति पड़ता जे उद्धरे, सार्थक नाम धर्म शिव करे ।
श्रावक ते जे समकित धरे, ज्ञान-सहित निज तप जे करे ॥४२
दया-सहित व्रत पाले सार, भावसहित दान दे चार ।
.... .... .... .... .... .... .... ॥४३

●

# अथ त्रेपन क्रिया वर्णन

### दोहा

दया शील तप भावना, सुध समकित अवतार। सुर नर वर पदवी देइ, आये शिव-घर-बार ॥१
देव-कुदेव गुरु-कुगुरु, वली साहास्त्र विचार। धर्म-अधर्म गुणउ लखो, तत्त्व-कुतत्त्व भेदसार ॥२
चैत्य[1] एकादश ऊजली, उत्तम अष्ट मूल गुण मूल। नेम निशा भोजन तणों, जल-गालन निपूण ॥३
चतुर्विध दान समतापणों, द्वादश व्रत विशाल। तप द्वादश रत्नत्रय, त्रेपन क्रिया गुण माल ॥४
एणिपरि श्रावक क्रिया कही, संक्षेपे सविचार। जे नर नारी पालसी, ते तरसी संसार ॥५

#### अथ भास रासनी

गौतम स्वामी ऊचरे ए, सुनो श्रेणिक सावधान तू।
मन वच काय निश्चल करीए, परिहारि मोह अज्ञान तू ॥६
श्रावक धर्म तरु तणो ए, मूल ए समकित सार तो।
दृढ पाइ थलहर थिर ए, प्रासाद पीठ उद्धार तो ॥७
समकित विण सोभा नहीं ए, जल विण जिम तलाब तो।
दंत विना दंती जेम ए, केसरि दंष्टरा त्याग तो ॥८
चन्द्र विना रजनी जेम ए, हंस विना जेम काय तो।
गंध सुगंध विना पुष्प जेम ए, राज विना जेम राय तो ॥९
धर्म विना जीव तेम ए, वृथा तस अवतार तो।
मनुष्य वेषें पशू रूप ए, जेहवो नर आकार तो ॥१०
अनादि काल ए आतमा ए, संसार-सागर मझार तो।
नाना विध दुख सहू ए, भमतां दुर्गति च्यार तो ॥११
मिथ्यात पाप तणो फल ए, त्रस थावर जोनि माहे तो।
नित्य-इतर निगोदे रही ए, कष्ट बहुविध चाहि तो ॥१२
मूल मिथ्यात एक भेद ए, उत्तर पंच असार तो।
उत्तरोत्तर अनेक भेद ए, असंख्य लोक प्रकार तो ॥१३
दर्शन मोह तणें उदये, जीवनें होइ मिथ्यात तो।
तत्त्व श्रद्धा ते न वि करे ए, रुचि नहीं तस बात तो ॥१४
जिम मतवालो जीवड़ो ए, ते न लहे हेयाहेय तो।
दुर्धर ज्वर जिम ऊपने ए, न वि रुचि औषध पीय तो ॥१५
भाव मिथ्यात अनादि काल ए, द्रव्यरूप तणी आदि तो।
पाखंडी भेद घणा ए, विरुद्ध करें वावाद तो ॥१६

---

१. प्रतिमा।

एकान्त विपरीत संशयपणो ए, विनयमत अज्ञान तो।
द्रव्य भाव सहूउ लखी ए, टालो विष-समान तो ॥१७
असत्य वस्तु अहितकारी ए, स्थापना भाव एकान्त तो।
द्रव्य रूप बौद्ध मत ए, करूँ बोधकीर्ति असंत तो ॥१८
श्री पार्श्वनाथ-तीर्थ समे ए, पलास नयर-नदी तीर तो।
पिहिताश्रव सूरी शिष्य ए, बुद्धि कीर्त्ति मुनि भीरु तो ॥१९
कर्म-वर्शे भामरि गयो ए, वेश्यातणें बलो गेह तो।
अजाणपणें चोरी करी ए, अखादि भक्ष कीयो तेह तो ॥२०
निज गुरु ते सांभल्यु ए, पछें कीयो तस निषेध तो।
छेदोपस्थापना ल्यो वच्छ ए, न वि माने ते अवेदतो ॥२१
चारित्र-भ्रष्ट होइ बापड़ो ए, आदरयो वरया त्तिणें रक्त तो।
पात्र-पतित पवित्र कह्यो ए, खादि-अखादि असक्त तो ॥२२
तिलमात्र-मांस जु भक्षि ए, जीव-हिंसा-पापवंत तो।
.... .... .... .... .... .... .... .... .... .... .... ....॥२३

मद्य-बिन्दु जो जीव विस्तरी ए, सो माइ नहिं त्रिलोक्य मझार तो।
कृत्य-अकृत्य ते न वि ल्हे ए, विह्वल करे जीव संघार तो ॥२४
मद्य मांस दोष ण भक्ष ए, न वि माने ते पाप तो।
क्षणिक शून्य जीव कही ए, मोह मिथ्यात्वे व्यापतो ॥२५
कर्मतणों कर्ता जुदू ए, तस फल भोग वे अन्य तो।
क्षिण जादू आवे क्षिण ए, जिम परिणामें मन्य तो ॥२६
बुद्ध देव नाम कहु ए, तस प्रतिमा सविकार तो।
ऊर्ध्व कर जपमालिका ए, यज्ञोपवीत कंठ धारतो ॥२७
ए आदेइ विकृत घणी ए, थापी मत्त एकान्त तो।
घोर नरकें ते बापड़ा ए, दुर्धर दुःख सहंत तो ॥२८
सुगत मत जे आदरी ए, मिथ्या कदाग्रही जेह तो।
काल अनन्त ते जीवडा ए, भवि भवि दुक्ख सहंत तो ॥२९
इम जाणि आसन्न भव्य ए, परिहरो मत एकांत तो।
जिन वाणी हृदय धरो ए, स्याद्वाद जिनमत्त सत्य तो ॥३०
विपरीत मिथ्यात तम्हें सुणो, जेह करे जीव अहित तो।
कहिवु रे हवु जे जू जू तु ए, ते जाणों विपरीत तो ॥३१
वस्त्रापूत जल पीजिए, वली कहु वहि तिन ही दोष तो।
कन्दमूल दूषण कहियिए, वली खाइ ते मोख तो ॥३२
रयणी नीर दोष कह्यो ए, वली रयणी भोजन तो।
रुधिर मांस समुं जल अन ए, ए मार्कंड-वचन तो ॥३३
एह वो दोष जे उचरि ए, वली करे निस आहार तो।
प्रमाद पणें जे बोलियो आनन्दा, हूँ मानवी मतिमन्द तो ॥३६
हीन अधिक जे में कयुं आनन्दा, जिन आगम विरोध तो।
ते मुझ खमियो शारदा, आनन्दा, हूँ तुझ बोलुं मन्द बुद्धि तो ॥३७
विद्वान्स होइ तो सोधज्यो आनन्दा, मुझ सूँ करी कृपा भाव तो।
जिम हेम अग्नि सोधिये आनन्दा, उपनों जे शुभ ग्राम तो ॥३८
पंडित जे सोधें नहीं आनन्दा, मन धरि जे अहंकार तो।
ते वृथा तस जाण तो, आनन्दा, जस बाजे वंस निसार तो ॥३५
सरोवरे जिम कमल ऊगे, आनन्दा, सुगन्ध विस्तारे पवन्न तो।
तिम कविसु कवित्त रच्यो आनन्दा, विस्तार पमाडे सज्जन्न तो ॥४०
मूल नदी थोड़ी जिम, आनन्दा, वाधे सागर लगें जाण तो।
सज्जन मेह गुण नीर, आनन्दा, जिन शासन प्रमाण तो ॥४१
सज्जन विना ना धुस सदा, आनन्दा, उत्तम श्रावकाचार तो।
ज्यां लगे चन्द्र सूर्य तारा, आनन्दा, त्यां लगें शासन उद्धार तों ॥४२
कोमल पणें सहुँ प्रीछवा आनन्दा, निज पर तणों उपकार तो।
केवल धर्म वृद्धि कीजे आनन्दा, रच्यो में श्रावकाचार तो ॥४३
श्रावकाचार ते रत्नदीप आनन्दा, त्रेपन क्रिया चिन्तारत्न तो।
सुगुण रत्न मूल्य नहीं, आनन्दा, दया करो तस जत्न तो ॥४४
एक चिन्तामणि जे लहे, आनन्दा, जाव जीव सुख होय तो।
एका क्रिया गुण जो पाले, आनन्दा, तो स्वर्ग सुख लहे तेह तो ॥४५
इम जाणी भव्य सदा पालें आनन्दा, सर्व क्रिया रत्न जेह तो।
सोलमां स्वर्ग लगे सुख लहे, आनन्दा, पक्षे मोक्षश्री वरे तेह तो ॥४६
जेणें पाल्यो, पाले छे, पालसे आनन्दा, निश्चल श्रावक धर्म तो।
मन वच काया दृढ़ करी आनन्दा, ते पामें शिव शर्म तो ॥४७
नर नारी भावे करी, आनन्दा, इणि परे पाले आचार तो।
दुष्कर्म सहु हरे करो आनन्दा, ते तरसी संसार तो ॥४८

वाग्वर देश सुहामणों, आनन्दा, सापुर नयर मझार तो ।
हाट हारे मन्दिर साली, आनन्दा, प्रजा वसे वर्ण चार तो ॥४९
श्री आदिनाथे तीर्थ तणो आनन्दा, सोहे जिन प्रासाद तो ।
शिखर मंडप कलश दीपे आनन्दा, दंड ध्वजा लहिके चंग तो ॥५०
मुनिवर आर्यिका रहे आनन्दा, श्रावक श्राविका गुणधार तो ।
दान पूजा जप तप करे आनन्दा, नन्दी संघ विचार तो ॥५१
हरखवत हुंबड़ न्याती, आनन्दा, निज वंश सरोज हंस तो ।
खदिर गोत्रीत गुण निलो आनन्दा, विरोत्त कुल अवतंस तो ॥५२
आगम अध्यात्मवेदी, आनन्दा, शास्त्रवेदी बहु सुद्ध तो ।
निज शक्तें स व्रतधारी, आनन्दा, ते थया रास प्रशस्त तो ॥५३
जेहनी शक्ति जेहवी होइ, आनन्दा, कवित्त करे तेहवा तेह तो ।
सुगमपणें में रास कीयो, आनन्दा, श्रावक धर्म तणो एह तो ॥५४
निज-पर-हित उपकार हित, आनन्दा, कोयो शासन प्रभाव तो ।
ज्ञान उपयोग विस्तारियो आनन्दा, कृपा बुद्धि स्वभाव तो ॥५५
पर उपकार जे नहि करें, आनन्दा, वृथा जीव्यो नर सोइ तो ।
अजाकण्ठे पयोधर, आनन्दा, क्षीर नीर नवि होइ तो ॥५६
इम जाणी पर हित कीजिए आनन्दा, निज शक्ति अनुसार तो ।
छती शक्ति हित जे करे नहीं आनन्दा, ते नर कहिये गमार तो ॥५७
छब्बीस भेद भासे भण्यों आनन्दा, श्लोक शत सत्तावीस तो ।
पंचास अधिक सही आनन्दा, ग्रन्थ संख्या अशेष तो ॥५८
लिखो लिखावो भावे करी आनन्दा, श्रावकाचार शुभ रास तो ।
जिनवाणी विस्तारिये आनन्दा, उपजे पुण्य प्रकाश तो ॥५९
संवत संख्या जिनभाव[१६]ना, आनन्दा, संवच्छर संख्या प्रमाद[१५] तो । (१६१५)
मास माहु सोहामणो आनन्दा, माइ वा सुत मर्याद तो ॥६०
तिथि संख्या चारित्र भेदे, आनन्दा, रस संख्या शुभवार तो ।
शुभ नक्षत्रे शुभयोगे, आनन्दा, कीयो में श्रावकाचार तो ॥६१
आपणें पर हितकारी, आनन्दा, गुणकारी गुणवंत तो ।
आ रास कियो में संत आनन्दा, हित मित सुगम पणें तो ॥६२
निर्गुण नर थी वृक्ष भला आनन्दा, जे करे पर उपकार तो ।
आपणें गरमी दाहिये आनन्दा, छाँह देय फलसार तो ॥६३
पुरुष चिन्तामणि कामधेनु, आनन्दा, कल्प तरु मेघ धार तो ।
गुरु आसे हे जे गुण करे, आनन्दा, निज पर करे उपकार तो ॥६४
गुण केडे सहु गुण करे, आनन्दा, एहवो लोक विवहार तो ।
अवगुण केडे गुण करे, आनन्दा, एते उत्तम आचार तो ॥६५
निज शक्ति उद्यम करी, आनन्दा, पालो शुभ आचार तो ।
जेतलु पले, तेतलु सही, आनन्दा, नहीं तो श्रद्धा भवतार तो ॥६६

जे समकित पाले सदा, आनन्दा, शक्ति नहीं तो करो भाव तो।
श्रद्धा भावें पुण्य उपजे, आनन्दा, श्रद्धा भवोदधि नाव तो ॥६७

**दोहा**

अष्टमूल गुण जल गालण, निश भोजन परिहार। बार व्रत चैत्य एकादश, तप द्वादश दान चार ॥१
दर्शन ज्ञान चारित्र गुण, शुभ समता परिणाम। त्रेपन क्रिया मन निर्मली, पालो ते अभिराम ॥२
श्रावकाचार जें आदरे, हृदय थई सावधान। इन्द्र महर्धिक पद लहो, अष्टऋद्धि त्रण ज्ञान ॥३
उत्तम नर पदवी लही, राजाधिराज महाराज। मंडलीक महामंडलीक, काम केशव बलराज ॥४
चक्रवर्त्ति षटखंड धणी, तीर्थंकर पद सार। पंच कल्याण नायक, भोगवी सुख संसार ॥५
दीक्षा लेय तप आचरी, करी कर्म विनाश। केवलज्ञान प्रकट करी पामे ते अविचल वास ॥६

**वस्तु छन्द**

श्रावकाचार तणों श्रावकाचार तणों, में रास कियो मे इणि परें।
भविजन मन रंजन, भंजन कर्म कठोर निर्भर।
पंच परमेष्ठी मन धरी, सुमरी शारदा गुरु निर्ग्रन्थ मनोहर।
अनुदिन जे धर्म पालसी, टाली सर्व अतिचार।
जिन सेवक पदमो कहे, ते पामसे भाव पार ॥१

इति श्रावकाचार रास सम्पूर्णम्।

ग्रन्थाग्र २७५० श्लोक संख्या। संवत्सर १८५३ कार्तिक सुदि ९ दीतवार
भीलोड़ा चैत्यालयस्थाने श्री चन्द्रप्रभ पार्श्वनाथ प्रसादात्। श्रीरस्तु।

# श्री किशन सिंह कृत क्रियाकोष

## मंगलाचरण

### दोहा

समवशरण लक्ष्मी सहित, वर्धमान जिनराय। नमो विबुध वन्दित चरण, भविजन को सुखदाय ॥१
जाके ज्ञान प्रकाश में, लोक अनन्त समाव। जिम समुद्र ढिग गाय-खुर, यथा नीर दरसाव ॥२
वृषभनाथ जिन आदि दे, पारसलों तेईस। मन, वच, काया, भाव धर, बन्दो कर धर सीस ॥३
नमो सकल परमातमा, रहित अठारा दोष, छियालीस गुण आदि दे, हैं अनन्त गुण कोष ॥४
वसु गुण समकित आदि जुत, प्रणमों सिद्ध महन्त। काल अनंतानंत तिथि, लोक शिखर निवसंत ॥५
आचारज, उवझाय, गुरु, साधु त्रिविध निग्रंथ। भवि बनवासी जननिको, दरसावैं शिवपन्थ ॥६
जिनवाणी दिव्यध्वनि खिरी, द्वादशांग मय सोय। ता सरस्वतिकों नमतहूँ,मन,वच, क्रम जिन सोय ॥७
देव, सुगुरु, श्रुत कों नमूं, त्रेपन किरया सार। श्रावक की बरणन करूं, संक्षेपहि निरधार ॥८

### चौपाई

जम्बूद्वीप द्वीपसिर जान, मेरु सुदरशन मध्य बखान।
ताको दक्षिण दिस शुभ लसै, भरतक्षेत्र अति सु बसही बसै ॥९
तामैं मगध देश परधान, नगर मटंब द्रोणपुर थान।
वन उपवन जुत शोभा लहै, ताको वरणन कवि को कहै ॥१०
राजगृही नगरी अति बनी, इन्द्रपुरी मानों दिव तनी।
जिनवर भवन शोभ अति लहै, तस उपमा बरणन को कहै ॥११
श्रावक उत्सव सहित अनेक, जिन पूजैं अति धर सुविवेक।
मन्दिर पंकति शोभै भली, गीतादिक पूरवैं मन रली ॥१२
धरमी जन तामें बहु बसैं, दान चार दे चित्तळ लसैं।
चहूँ फेर तासके कोट, गोपुर जुत अति बनो निघोट ॥१३
बाड़ी बाग विराजें हरे, सघन दाख दाम्यु द्रम फुरे।
और विविध के पादप जिते, फल फुल्लित दीसत है तिते ॥१४
तिह नगरी को भूप महन्त, श्रेणिक नाम महागुणवन्त।
क्षायिक समकित धारी सोय, तासम भूप अवर नहिं कोय ॥१५
मण्डलीक भूपति सिरदार, वहुत तासु सेवैं दरबार।
परजा पालन को अति दक्ष, नीतवान धरमी परतक्ष ॥१६
तास चेलना है पटनार, रूपवन्त रम्भा उनहार।
समकित दृष्टि सुमति गुणवती, पतिवरती सीता सम सती ॥१७

देव, शास्त्र, गुरुभक्ति धरेय, वसुविध नित सो पूज करेय।
विधिसों देय सुपात्रे दान, जिम चहुँ विध भाषो भगवान ॥१८
तीन दीन जन करुणा करी, पोखै नित प्रति ता सुन्दरी।
भूपति चित्त मनुहारी सोय, तासम त्रिया अवर नहि कोय ॥१९
दम्पति सुख नानाविध जिते, पुण्य उदे भोगत हैं तिते।
जिम सुरपति इन्द्रानी जान, तिम श्रेणिक चेलना बखान ॥२०
महामंडलेश्वर को राज, आसन चामर छत्तर समानु।
भूप चिह्न धरि सभा जु राय, बैठो अब सुनिये जो थाय ॥२१

**ढाल चाल**

एक दिवस मध्य बन मांहीं, भ्रमतो बनपालक आंही।
निज सम्बन्धी पर जाय, जिय बैर विरुद्ध जु थाय ॥२२
ते एक क्षेत्र के मांहीं, ढिगे बैठे केलि कराहीं।
घोटक महिष इक जागा, बैठे धरि चित्त अनुरागा ॥२३
मूषा कों हरष बिलावे, हिय में गहि प्रीत खिलावे।
अहि नकुल दुहुं इकठा ही, मैत्रीपन अधिक करांहीं ॥२४
इत्यादिक जीव अनेरा, निज वैर छांडि ह्वै मेरा।
बैठे लखि कै बनपाला, अचरज चिन्ता धरि हाला ॥२५
मन मांहि विचारे एमे, एह अ शुभ कीधो खेमे।
इम चिन्तत भ्रमण करांहीं, बनपालक बन के मांही ॥२६
विपुलाचल गिरि के ऊपर, धरणेश सुरेश मही पर।
बहुविध जुतदेव अपारा, जय जय वच करत उचारा ॥२७
दसहूँ दिश पूरित धाई, अपने चित अति हरखाई।
अन्तिम तीर्थंकर एवा, श्री वर्द्धमान जिनदेवा ॥२८
समवादि शरण लखि हर्षित, धारो विचार इम चिन्तित।
इह परस्परे जु चिरकाला, परजाय वैर दरहाला ॥२९
सब मिल बैठे इकठाना, देखे में ऐ अभिरामा।
इस महापुरुष कों जानी, माहातम मन में आनी ॥३०

**सवैया इकतीसा**

मृगी सुत बुद्धिते खिलावै सिंह बाल कों, बघेरा कों सुपुत्र गाय सुत जान परसै।
हंस सूनक बिलाव हित धारकै खिलाव, मोरनी सरप परसत मन हरषै ॥
इन सब जन्तुन को जन्मजात वैर सदा, भए मद गलित उखारो दोष जरसै।
सम भाव रूप भए कलुष प्रशमि गए, क्षीण मोह बर्धमान स्वामी सभा दरसै ॥३१

**दोहा**

जय जय रव को कान सुन, बनपालक तत्काल। षट्रितु के फल फूल ले, कर धर भेट रसाल ॥३२
चल्यौ नृपति दरबार कों, मन में धरत उछाव। जा पहुंचे तिसही धरा, जहँ बैठो नरराव ॥३३
सिंहासन नग जड़ित पर, तिष्ठे श्री भूपाल। महामंडलेश्वर करहि, फलदीने बनपाल ॥३४

**चौपाई**

वनपति भाषै सुनिहो देव, तुम शुभ पुन्य उदयते एव ।
विपुलाचल पर सनमति जान, समोशरन आयो भगवान ॥३५
ऐसैं सुन आसनतें राय, उठ तिहि दिशि सनमुख सो जाय ।
सात पेंड़ अष्टांग नवाय, नमस्कार कीनो हरषाय ॥३६
परम प्रीति पूर्वक मन आन, जिन आगम को उत्सव ठान ।
भूषन वसन भूप तिहिं जिते, वनपालक को दीने तिते ॥३७
ह्वै खुशाल वनपालक जबे, मनमांही इम चिन्तवे तबे ।
इतने सौं कर रीते जान, कबहुं न मिलिवे सांची मान ॥३८
देवथान अरु राज दुवार, विद्या गुरु निजमित्र विचार ।
निमित वैद्य ज्योतिषी जान, फल दीये फल प्रापति मान ॥३९
आनन्द भेरि नगर में थाय, सुन पुरवासी जन हरषाय ।
नगर लोक परिजन जन सबे, नृप श्रेणिक ले चाल्यो तबे ॥४०
विपुलाचल ऊपर शुभ ध्यान, समोशरण तिष्ठे भगवान ।
पहुंचो भूपति हरष लहाय, जिनपद नमि थुति करहि बनाय ॥४१
नयन जुगुल मुझ सफल जु थयो, चरण कमल तुम देखत भयो ।
भो तिहुं लोक तिलक मम आन, प्रतिभास्यो ऐसो महाराज ॥४२
इह संसार जलधि यों जान, आय रह्यो इक चुलुक प्रमान ।
जै जै स्वामी त्रिभुवननाथ, कृपा करो मोहि जान अनाथ ॥४३
मैं अनादि भटको संसार, भ्रमते कबहुं न पायो पार ।
चहुं गति मांहि लहे दुख जिते, ज्ञान मांहि दरशत हैं तिते ॥४४
तातें चरण आइयो सेव, मुझ दुख दूर करो जगदेव ।
जै जै रहित अठारा दोष, जै जै भविजन दायक मोष ॥४५
जै जै छियालीस गुणपूर, जै मिथ्यातम नासक सूर ।
जै जै केवल ज्ञान प्रकाश, लोकालोक करन प्रतिभास ॥४६
जै भविकुमुद विकासन चंद, जै जै सेवितमुनिवर वृंद ।
जै जै निराबाध भगवान, भगतिवंत दायक शिवथान ॥४७
जै जै निराभरण जगदीश, जै जै वंदित त्रिभुवन ईश ।
ज्ञानगम्य गुण लियो अपार, जै जै रत्नत्रय भंडार ॥४८
जै जै सुखसमुद्र गंभीर, करम शत्रु नाशन वर वीर ।
आजहि सीस सफल मो भयो, जब जिन तुम चरणनकों नयो ॥४९
नेत्र युगल आनंदे जबे, पादकमल तुम देखे तबे ।
श्रवण सफल भये सुन धुनी, रसना सफल अबे थुति भनी ॥५०
ध्यान धरत हिरदे धन भयो, करयुग सफल पूजते थयो ।
कर पयान तुमलों आइयो, पदयुग सफलपनो पाइयो ॥५१

उत्तम बार आज जानियो, वासर धन्य इहै मानियो।
जनम धन्य अबही मो भयो, पाप कलंक सबै भगि गयो ॥५२
भो करुणाकर जिनवर देव, भव भव में पाऊँ तुम सेव।
जब लों शिव पाऊँ जगनाथ, तब लों पकरो मेरे हाथ ॥५३
इत्यादिक थुति विविध प्रकार, गद्य पद्य सत सहस अपार।
मुनि गौतम गणधर नमि पाय, अवर सकल मुनिकों सिर नाय ॥५४
जिके अर्जिका सभा मझार, श्रावक जनहि जु बुद्धि विचार।
यथा योग्य सबको नृप कही, मुनि नर-कोठै बैठो सही ॥५५
जाके देव भगति उत्कृष्ट, तासों ताके गुरु को इष्ट।
जिन भाषी वाणी सरधान, महा विवेकी अति परधान ॥५६
तास महातम को अधिकार, अरु ताके गुण को निरधार।
वरणन को कवि समरथ नांहि, बुध जन जानहु निज चितमांहि ॥५७
ता पीछें अवसर को पाय, गौतम प्रति नृप प्रश्न कराय।
देश व्रती श्रावक की जान, त्रेपन क्रिया कहहुं बखान ॥५८

**दोहा**

होनहार तीर्थेश सुन, इम भाषै भगवंत। त्रेपन किरया तुझ प्रतें, कहूं विशेष विरतंत ॥५९
इह त्रेपन किरया थकी, सुरग मुक्ति सुख थाय।
भविजन मन वच काय शुध, पात्रहुं चित हरषाय ॥६०

**त्रेपन क्रिया नाम। उक्तं च गाथा—**

गुण वय तव सम पडिमा दानं जलगालणं च अणत्थमियं।
दंसणणाणचरित्तं किरिया तेवण्ण सावया भणिया ॥

**सवैया इकतीसा**

मूल गुण आठ अणुव्रत पंच परकार, शिक्षाव्रत चार तीन गुण व्रत जानिए।
तप विधि बारह और एक सम्यग्भाव ग्यारा प्रतिमा विशेष चार भेद दान मानिए ॥
एक जल गालण अणथमिय एक विधि, दृग ज्ञान चरण त्रिभेद मन आनिए।
सफल क्रिया को जोर त्रेपन जिनेश कहे, अब याको कथन प्रत्येकतें बखानिए ॥६२

**आठ मूल गुण। चौपाई**

इस त्रेपन किरया में जान, प्रथम मूल गुण आठ बखान।
पीपर, बर, ऊंबर फल तीन, पाकर फल रु कटुंबर हीन ॥६३
मद्य मांस मधु तीन मकार, इन आठों को कर परिहार।
अतीचार जुत तज अणचार, आठ मूल गुण धारी सार ॥६४
त्रस अनेक उपजें इन मांहि, जिन भाष्यो कछु संशय नांहि।
अरु जे हैं बाईस अभक्ष, इनको दोष लगै परतक्ष ॥६५

**अथ बाईस अभक्ष दोष वर्णन। चौपाई**

बोरा नाम गडालख जान, अनछाना जलको बंधान।
घोर वरा कौं बिदल कहंत, खातां पंचेंद्री उपजंत ॥६६
निशि भोजन खाये जो रात, अरु वासी भखिए परभात।
बहु बीजा जामें कण घणा, कहिए प्रगट बिजारा तणा ॥६७
जिहि फल बीजनके घर नाहिं, सो फल बहु बीजो कहवाहिं।
बेंगण महापाप को मूर, जे खावैं ते पापी क्रूर ॥६८
संधाणे की विधि सुन एह, जिम जिनमारग भाषी जेह।
राई लूण आदि बहु दर्व, फल फूलादिक में धर सर्व ॥६९
नांखे तेल मांहि जे सही, नाम अथाणो तासौं कही।
तामें उपजे जीव अपार, जिह्वा लंपट खाय गंवार ॥७०
पाप धर्म नहिं जाने भेद, ता वसि नरक लहै बहु खेद।
नींबू लूण मांहि साधिये, वाड़िरा बड़ी अरु रांधिए ॥७१
लूण बालि जल में फलमार, कैराबिक जो खाय संवार।
उपजे जीव तासमें घणे, कवि तस पाप कहां लो भणे ॥७२
मरजादा बीते पकवान, सो लखि संधाणे मतिमान।
त्याग करत नहिं ढील करेहु, मन वच क्रम जिन वचहि फलेहु ॥७३
जो मरजादा की विधि धार, भाख्यो जिन आगम अनुसार।
जिह में जल सरदी नहि रहै, तिस मरजादा लखि भवि इहै ॥७४
सीतकाल मांहे दिन तीस, पन्द्रह ग्रीषम विस्वावीस।
वरषारितु भाखे दिन सात, यों सुनियो जिनवाणी भ्रात ॥७५

**उक्तं च गाथा**—हीमंते तीस दिणा, गिम्हे पणरस दिणाणि पक्कवणं।
वासासु य सत्त दिणा, इय भणियं सूय जंगेंहि ॥७६

**चौपाई**—तल्यो तेल घृत में पकवान, मीठे मिलियो ह्वै जो धांन।
अथवा अन्नतणो ही होय, जल सरदी तामें कछु जोय ॥७७
आठ पहर मरज्याद बखान, पाछें संधाणा सम जान।
भुजिया बड़ा कचौरी पुवा, मालपुवा घृततल जु हुवा ॥७८
जुमक बड़ी लूचई जान, सीरो लापसी पुरी बखान।
कोए पीछें सांझलो खाहि, रात बसै तिन राखे नाहिं ॥७९
इनमें उपजे जीव अनेक, तिनही तजो सु धार विवेक।
तरकारी पाटो खीचड़ी, इन मरजाद सुसोला घड़ी ॥८०
रोटी प्रात थकीलों सांज, खइये भवि मरजादा मांज।
पीठें सीला वासी दोष, तजो भव्य जे शुभ वृष पोष ॥८१

**छन्द चाल**

केते नर ऐसे भाषैं, हम नहीं अथाणो चाषैं।
कैरी नींबू के मांही, नानाविध वस्तु मिलाहीं ॥८२

सरसों को तेल मंगावैं, सब लेकर अगनि चढ़ावैं।
ल्योंजी तस नाम कहाई, जोभ्या लंपट अधिकाई ॥८३
ताको निरदूषण भाषै, निरबुद्धी बहु दिन राखैं।
ताके अघको नहीं पारा, सुनिये कछु इक निरधारा ॥८४
सब बिधि छोड़ी नहीं जाही, खइये तत्काल कराही।
अथवा सबेर लों मांजे, भखिये चहुं पहर हि मांजे ॥८५
पाछे अथाणा के दोषा, जानो त्रस जीवनि कोषा।
अथाणा को जो त्यागी, याकों छोडै बड़भागी ॥८६

**दोहा**

किसनसिंह विनती करे, सुनो महा मति मान। याहि तजे सुख परम लहि, भुंजे दुख परधान ॥८७

**चौपाई**

पंच उदंबर को फल त्याग, करइ पुरुष सोई बड़भाग।
अरु अजाण फल दोष अपार, मांस दोष खाये अधिकार ॥८८
कन्दमूल में जीव अनन्त, ईखू अग्रभाग लखि संत।
माटा माहि असंखित जीव, भविजन तजिए ताहि सदीव ॥८९
मुहरो आफू आदिक और, खाए प्राण तजै तिहि ठौर।
जिहि आहार कर जो मर जाय, सोऊ विष दूषण को थाय ॥९०
आमिष महापाप को मूर, जीव घात तें उपजो क्रूर।
मन वच काय तजै इह सदा, सुर शिव सुख पावै जिन बदा ॥९१
मधुमाखी उच्छिष्ट अपार, जीव अनन्त तास निरधार।
ताको खावै धीवर भील, सोई हीन नर पाप कुशील ॥९१
संत पुरुष नहिं भेटैं ताहि, एक कणातें भ्रम नसाहि।
लूण्यो दोष महा अधिकार, ताहि भखे नहिं भवि सुखकार ॥९३
मदिरा पान किए बेहाल, मात भगनि तियसम तिहिकाल।
मादिक वस्तु भांगि दे आदि, खात जमारो ताको वादि ॥२४
फल अतितुच्छ दन्त तलि देय, ताको दूषण अधिक कहेय।
पालो राति जमावे कोय, अरु ताको खावे बुधि खोय ॥९५
तामें पड़ैं अधिक त्रस जीव, भविजन छाड़ो ताहि सदीव।
केला आंब पालमे देह, नींबू आदिक फल गनि लेह ॥९६
जाके खाये दोष अपार, बुध जन तजैं न लावैं बार।
ए बावोस अभक्ष जिनदेव, भाषै सो भविजन सुनि येव ॥९७
इनहि त्याग कर मन वच काय, ज्यों सुर शिवसुख निहचै थाय।
फूलो धान अवर सब फूल, त्रस जीवन कों जानों मूल ॥९८
शाक पत्र सब निंद्य बखान, कुंथादिक करि भरिया जान।
मांस त्यजन व्रत राखो चहैं, तो इन सबको कबहुं न गहैं ॥९९

**बेवल वर्णन**

भोजन विदल तणीं विधि सुनो, जिनवर भाषो निहचै मुनो ।
दोय प्रकार विदल की रीति, सो भविजन आनो प्रीति ॥१००
प्रथम आ धान तणीं विधि एह, श्रावक होय तजै धरनेह ।
सुनहु आ काष्ट तणीं विधि जान, मूंग मटर अरहर अरु धान ॥१
मोठ मसूर उड़द अरु चणा, चौला कुलथ आदि गिन घणा ।
इतने नाज तणी ह्वै दाल, उपजै बेलि थकोसा नाल ॥२
खरबूजा काकड़ी तोरई, टींडसी पेठो पलवल लई ।
सेम करेला खीरा तणा, बीजा विधि फल कीजे घणा ॥३
तिनको दालथकी मिलवाय, दही, छाछि सो विदल कहाय ।
मुखमें देत लाला मिलि जाय, उतरत गलै पंचेन्द्री थाय ॥४
नाज वेलि तो ऊपजै जोय, सो आ काष्ट गनियो भवि लोय ।
छाछ तणो फल बीजह जान, तिनको दाल होय सो मान ॥५
छाछ दही मिल विदल हवन्त, यों निहचै भाष्यो भगवन्त ।
चारोली पिसता बादाम, बोल्यो बीज सांगरी नाम ॥६
इत्यादिक तरु फल के माहि, बीज दुफारा मींजी थाहि ।
छाछ दही सो मेलि रु खाय, विदल दोष तामें उपजाय ॥७
गलै उतरता मिलि है लाल, पंचेन्द्री उपजै ततकाल ।
ऐसो दोष जान भविजीव, तजिए भोजन विदल सदीव ॥८
सांगर पिठोर तोरई तणा, मूरख करै राइता घणा ।
तिहका अघ को पार न कोय, जो खाहै सो पापी होय ॥९
तजिहै विदल दोय परकार, सो निहचै श्रावक निरधार ।
ककड़ी पेठो अरु खेलरा, इनको छाछ दही में धरा ॥१०
राई लूण मेंल जिहि माहि, करे रायता मूरख खाहि ।
राई लूण परे निरधार, उपजे जीव सिताब अपार ॥११
राई लूण मिलो जो द्रव्य, ताहि सरवथा तजिहै भव्य ।
कपड़े बांध दही को धरै, मीठो मेल शिखरणी करै ॥१२
खारिख दाख घोल दधिमाहि, मीठो मेल रायता खाहि ।
मीठो जब दधिमांहि मिलाहि, अन्तर्मुहूर्तमें त्रस उपजाहि ॥१३
यामें मीठा जुत जो दही, अन्तर मुहूर्त माहे सही ।
खावे भविजन को हित दाय, पीछे सम्मूर्छन उपजाय ॥१४

**उक्तं च गाथा**—इक्खुदहीसंजुत्तं, भवंति सम्मुच्छिमा जीवा ।
अन्तोमुहूत्त मज्झे, तम्हा भणंति जिणणाहा ॥१५

**दोहा**—कांजी कर जे खात हैं, जिह्वा लंपट मूढ़ । पाप भेद जाने नहीं, रहित विवेक अगूढ़ ॥१६
अब ताको विधि कहत हौं, सुणी जिनागम जेह । ताहि सुणत भविजन तजो, मनका सकल संदेह ॥१७

चौपाई—तातो जल अरु छाछ मिलाय, तामें सौंलै लूण उराय।
भुजिया बड़ा नाख तिहि माँहि, खावै बुद्धिहीन सो ताहि ॥१८
प्रथम छाछ कांजी के जाहि, तातो जल तामाहि पराय।
अवर नाज को कारन थाय, उपजे जीव न पार लहाय ॥१९
याकी मरयादा अतिहीण, तातें तुरत तजो परवीण।
ठंडी छाछ तास में जाण, तातें विदलहुं दोष बखाण ॥२०
प्रथम ही छाछ उष्ण अति करै, अरु वैसे ही जल कर धरै।
जब दोऊ अति सीतल थाय, तब दुहुंअन को देय मिलाय ॥२१
अगिन चढ़ाय गरम फिरि करै, जब वह सीतलता को धरै।
भुजियादिक तामें दे डार, तसु मर्यादा को इम पार ॥२२
उक्तं च गाथा—चउएइंदी विणिछह-अट्ठह तिण्णिणि भणंति दह।
चौरिंदी जीवडा बार बारह पंच भणंति ॥२३

छन्द चाल की ढाल

जब चार महूरत मांही, एकेंद्री जीव उपजाहीं। बारा घटिका जब जाये, वे इन्द्री तामें थाये ॥२४
बीते तब ही दुय जामा, तब होवै ते इन्द्री धामा।
दुय अर्धपहर गति जानी, उपजे चउ इन्द्री प्राणी ॥२५
गमिया दश दोय मुहूरत, पंचेन्द्री जिय करि पूरत।
है है नहिं संसे आणी, यां भाषे जिनवर वाणी ॥२६
बुध जन ऐंसो लखि दोषा, जिय ततक्षण अघ को कोषा।
कोई ऐसे कहिवे चाही, खाये विन जन्म गवाही ॥२७
मर्याद न संधि हैं मूला, तजिये व्रत अनुकूला।
खाय को पाप अपारा, छोड़ो शुभ गति है सारा ॥२८
सवैया—मूढ सुहै कुंजिय, भेद गहै मनि खेद धरो विकलाई।
खात सवाद लहे अहलाद महा उनमाद रु लंपट ताई।
पातक जार महा दुख घोर सहै लखि ऐसिय भव्य तजाई
जे मतिवन्त विवेकी सन्त महा गुणवन्त जिनन्द दुहाई ॥२९

इति कांजी निषेध वर्णनम् ॥

●

अथ गोरस मर्यादा कथन

अब गोरस विधि सुन एवा, भाषो श्री जिनवर देवा।
दोहत महिषी जब गाये, तबते मर्याद गहाये ॥३०
इक अन्तर मूहूरत ताईं, जीव न तामें उपजाई। राखे जाको जो खीरा, वैसे ही जीव गहीरा ॥३१
उपजे सम्मूर्च्छन जासे, कर जतन दया धर तासे।
दोहे पीछे ततकाला, धर अगनि उपरि ततकाला ॥३२

फिर तामें जावण दीजे, तब ते बसु पहर गणीजे।
जब लों दधि खायो सारा, पीछे तजिये निरधारा ॥३३
दधिको धरिके जे मथाणी, मथि है जो वणिता खाणी।
मथितें ही जल जामाही, डारे फिरि ताहि मथाही ॥३४
वह तक्र पहर चहुताई, खाने को जोग कहाई।
मथिय पीछें जल नाखे, बहु बार लगे तिहि राखे ॥३५
बिन छाणों जल जिम जाणों, तैसी ही ताहि बखाणों।
तातें जे करुणाधारी, खावें दधि तक्र विचारी ॥३६
मरयादा उलंघ जु खाहीं, मदिरा दूषण शक नाहीं।
निज उदर-भरण को जेहा, बेचै दधि तक्र जु तेहा ॥३७
वे पाप महा उपजाहीं, या मैं संशय कुछ नाहीं।
तिनको जु तक्र दधि लेई, खावें मतिमंद धरेई ॥३८
अर करहि रसोई जातें, भाजन मध्यम ह्वै तातें।
मरयादाहीण जो खावे, दूषण को पार न लावे ॥३९
इह दही तक्र विधि सारी, सुनिये जो भवि व्रत धारी।
किरया अरु जो व्रत राखे, दधि तक्र न पर को चाखे ॥४०
अब जावण की विधि सारी, सुनिये भवि चित्त अवधारी।
जब दूध दुहाय घर लावे, तब ही तिहि अगनि चढ़ावे ॥४१
अबटाये उतार जु लीजे, रुपया तब गरम करीजे।
डारे पयमांहे जेहा, जमिहैं दधि नहिं सन्देहा ॥४२
बांधे कपड़ा के मांहीं, जब नीरन बुन्द रहाहीं। तिहकी दे बड़ी सुकाई, राखे सो जतन कराई ॥४३
जल मांहीं घोल सो लीजे, पयमांहे जांवण दीजे।
मरयादा भाषी जेहा, इह जावण मुं लखि लेहा ॥४४

इति गौरस मर्यादा सम्पूर्णम्।

■

## अब चर्मादि वस्तु दोष-वर्णनम्

**दोहा**—चरम मध्य की वस्तु को, खात दोष जो होय।
ताको संक्षेपहि कथन, कहुँ सुनो भविलोय ॥४५

**चौपाई**—मूये पशु को चरम जु होय, भीटे नर चंडाल जु कोय।
ता चंडालहि परसत जबै, छोति गिने सगरे नर तबै ॥४६
घर आये जल स्नान करेय, एती संख्या चितहि धरेय।
पशू खाल के कूपा मांहि, घिरत तेल भंडसाल करांहि ॥४७
अथवा सिर पर धर कर ल्याय, बेचे सो बाजारहि जाय।
ताहि खरीद लेय घर मांहि, खावे सबै शंकु कछु नांहि ॥४८

तामें उपजें जीव अपार, जिनवाणी भाष्यो निरधार।
जैसें पशू चाम के मांहि, घृत जल तेल डार हैं तांहि ॥४९
ताही कुल के जीव उपजन्त, संख्यातीत कहैं भगवन्त।
ऐसो दोष जाणिकै संत, चरम वस्तु तुम तजहु तुरन्त ॥५०
कोई मिथ्याती कहै एम, जिय उत्तपत्ती भाषो केम।
जीव तेल घृत में कहुं नांहि, चरम धरें कर उपजें कांहि ॥५१
ताके समझावण को कथा, कही जिनेश्वर भाषूं यथा।
दे दृष्टान्त सुदृढ़ता धरी, मिथ्यादृष्टी संशय हरी ॥५२
घृत जल तेल जोगतें जोव, चरम वस्तु में धरत अतीव।
उपजै जैसें जाको चाम, सो दृष्टान्त कहूँ अभिराम ॥५३
सूरज सन्मुख दरपण धरै, रूई ताके आगे करै।
रवि दरपण को तेज मिलाय, अगनि उपजै रूई बलि जाय ॥५४
नहीं अगनि इकली रूमांहि, दरपन मध्य कहूँहै नांहि।
दुहुयनि की संयोग मिलाय, उपजे अगनि न संशै थाय ॥५५
तेई चाम के वासन मांहि, घृत जल तेल धरैं सक नांहि।
उपजें जीव मिलें दुहुं थकी, इह कथनी जिनमारग बकी ॥५६
ऐसें लख के भोल चमार, धीबर रैगर आदि चंडार।
तिनके घर के भाजन तणो, भोजन भखे दोष तिम तणो ॥५७
तैसो चरम वस्तु में दोष, दुरगति दायक दुख को कोष।
चरम वस्तु भक्षण करि जेह, मांस भखी सादृश है तेह ॥५८
तुरत पशू मूए की चाम, करिकै तास भाथडी ताम।
भरै हींग तामें मिल जाय, खातो मांस दोष अधिकाय ॥५९
जाके मांस त्याग व्रत होय, हींग भव्य नहिं खावें कोय।
हींग परे जहि भाजन मांहि, सो चमार बासण सम जाहि ॥६०

**सवैया**

चामड़े के मध्य वस्तु ताको जो आहार होय, अति ही अशुद्ध ताहि मिथ्यादृष्टी खाय है।
दातार के दीए बिन जिन इच्छा होय एसो, असन लहाय नाम जत्ती को कहाय है॥
तिन बहिरात मांसो कहा कहै और सुनो, वणियो सो भोजन क्रियातें हीण थाय है।
हरित अनेक जुत मारग धरमवन्त, शुद्धता कहाय भखें धरें या गहाय है ॥६१

**दोहा**

जीमत भोजन के विषे, मूवो जनाबर देख। तजै नहीं वह असन को, पुरजन दुष्ट विशेष ॥६२
ए चार्‍यों इक से कहे, यामें फेर न सार। अति लम्पट जिह्वा तणो, लोलुप चित्त अपार ॥६३

**चौपाई** - हटवा तणो चून अरु दाल, व्रतधर इनको खावो टाल।
बींधो अन्न पीस दल ताहि, दया रहित बेचत हैं जाहि ॥६४
जीव कलेवर थानक सोय, चलतेहु तामाहे होय।
परम विवेकी हैं जो मही, मांस दोष लख त्यागै सही ॥६५

नीच लोक घर को घृत दुग्ध, तजहु विवेक जाणि अशुद्ध ।
सांढि दूध दोहत तैं लेय, तातो होय तहां सो देय ॥६६
निन्द्य वस्तु उपमा इसी, कहिये मांस बराबर जिसी ।
आमिषकी उपमा इह वीर, जैसी सांढि तणी है खीर ॥६७
याते सांढि दूध को तजो, मांस तजन व्रत निह्चै भजो ।
संख तणो चूनो गौमूत्र, महानिन्द भाषो जिन सूत्र ॥६८
कालिगडा घिया तोरई, कद्दू वीलरु जामानिई ।
इत्यादिक फलकाय अनन्त, तिनको तजिये तुरत महन्त ॥६९
फलीय कवांरि कलो कचनार, फूल सुहजणा आदि अपार ।
महानिन्द जीवनि का धाम, तजियें तुरत विवेकीराम ॥७०

### दोहा

त्रेपन किरिया के विषै, प्रथम मूलगुण आठ । तिन वर्णन संक्षेपते, कह्यो पूर्व ही पाठ ॥७१
जिनवानी जैसी कही, कथा संस्कृत तेह । भाषा तिह अनुसारते, बन्ध चोपाई एह ॥७२
पंच उचम्बर फल त्यजन, मकारादि पुनि तीन । महादोषकर जानके, तुरत तजहु परवीन ॥७३

### सवैया

पीपर और बड़फल उंबर कटुम्बरहु पाक परिपांच उदुंबर फल जानिये,
मद्य मांस मधु तीन मकरादि अतिहीन सुनहु परवीन सबैं आठए बखानियें ।
इनही के दोष जेते तामें पाप दोष तेते लहैं न सन्तोष तेते नर खात मानियें,
इनिके तजे जो मन वच क्रम भव्य जीव आठ मूलगुण के सधैया मन आनिये ॥७४

### चोपाई

जा घरमांहि रसोई दोय, तहाँ तानियें चन्दवो लोय ।
अबर परहिंडा ऊपर जान, उंखल चाकी है जिहि थान ॥७५
फटकै नाज रु वीणै जहाँ, चून छानिबो थानक तहाँ ।
जिस जागह जीमन नित होय, सयन करण जागा अवलोय ॥७६
सामायिक कीजे जिहि धीर, ए नव थानक लख वर बीर ।
ऊपर वसन जहाँ ताणियें, श्रावक चलण तहाँ जाणिये ॥७७
चाकी ऊखल के परिणाम, ढकणा कीजें परम सुजान ।
श्वान बिलाई चाटै नाय, कीजे जतन इसी विधि भाय ॥७८
खोट लिये मूसलतें नाज, धोय इकान्त धरो बिन काज ।
छाज चालणा चालणी तीन, चामतणा तजिये परवीण ॥७९
चरम वस्तु को त्यागी होय, इनको कबहुँ न भेटे सोय ।
दिन में कूटे पीसे नाज, सो खाना किरिया सिरताज ॥८०
नाज नजर ते सोध्यो परे, तातें करुणा अति विस्तरे ।
निसिकों जो पीसे अरु दलै, जातें करुणा कबहु न पलै ॥८१

चाकी गाले चून रहाय, चींटी अधिक लगै तसु आय।
निसिको पीस्यो नजर न परै, ताके दोष केम ऊचरै ॥८२
नाजमांहि ऊपरि तें कोय, प्राणी आय रहे जो होय।
सोई नजर न आवे जीव, यातें दूषण लगै अतीव ॥८३
एते निशि पीसण के दोष, जान लेहु भवि अध के कोष।
ताके निशि पीस्यो नहि भलो, त्यागो ते किरिया जुत चलो ॥८४
चूनतणी मरयादा कहूं, जिनमारग में जैसे लहूं।
शीतकाल दिन सात बखान, पांच दिवस ग्रीषम ऋतु जान ॥८५
बरसाकाल माहि तिन तीन, ए मरयादा गहौ प्रवीन।
इन उपरान्त जानिये इसो, दोष चलितरस भाष्यो तिसो ॥८६
निसिको नाज भेय जो खाय, अंकूरा तिन में निकसाय।
जोव निगोद तणों भण्डार, कन्दमूल सब दोष अपार ॥८७
ताते जिते विवेकी जीव, दोष जाणके तजहु सदीव।
श्रावक की है घर जो त्रिया, किरियामांहि निपुण तसु हिया ॥८८
ईंधन सोध रसोई मांहि, लावे तासों असन कराहि।
तातें पुण्य लहै उत्कृष्ट, भव भव में सुख सहै गरिष्ट ॥८९

**चौपाई**

कोई मान बड़ाई काजै, अरु जिह्वा लोलुपता साजे।
खांड तणी चासणी कराय, दाख छुहारा मांहि डराय ॥९०
नाना भांति अवर भी आन, करइ मुरब्बा नाम बखान।
कैरी अगनि ऊपरि चढ़वाय, खाण्ड पातमाहे नखवाय ॥९१
कहै नाम तसु कैरी पाक; करवावे तस अशुभ विपाक।
तिनकी मरजादा वसु जाम, व्रत धरकै पीछे नहिं काम ॥९२
जेती ऊष्ण नीरको वार, तेती इन संख्या निरधार।
रहित विवेक मूढ़ता जान, राखे घर में बहु दिन आन ॥९३
मास दुमास छमास न ठीक, वरस अधिक दिन लों तहकीक।
काहू में तो पेस करेय, मांगे तिनको मांगा देय ॥९४
जातें लखै बड़ाई आप, तिस समान कछु अवर न पाप।
मदिरा दोष लगै सक नाहि, ताते भवि तजिये हित जाहि ॥९५
जो मन में खाने को चाव, खावे जीमत वार कराव।
अथवा कीए पाछे ताम, लैनो जोग आठहो जाम ॥९६
साठोंका रसको अवटाहि, राखे नरम चासणी ताहि।
घागर मटकी भरके राख, ताको बहुदिन पीछे चाख ॥९७
ताहूँ में मदिरा को दोष, महानन्त जीवनिको कोष।
अधिको कहा करौ आलाप, अहो रात्रि खोये बहुपाप ॥९८

याको षटरस नाम जु कहैं, पुन्यवान कबहु न गहैं।
मन वच तन इनको जो तजै, मदिरा त्याग वरत सो भजे ॥९९

**दोहा**

जे विशुद्ध मदिरा त्यजन, पाले वरत महन्त। मरजादा ऊपर गये, तुरत त्यागिये सन्त ॥२००

**चौपाई**

होत रसोई थानक जहाँ, खिचड़ी रोटी भोजन तहाँ।
चावल और विविध परकार, निपजै श्रावक के घर सार ॥१
जीमण थानक जो परमाण, तहाँ जीमिये परम सुजाण।
रांधण के भाजन हैं जेह, चौका बाहिर काढ़ि न तेह ॥२
जो काढै तो माहि न लेह, किरियावन्त सो नाहि सनेह।
असन रसोई बाहिर जाय, सो बटबोयी नाम कहाय ॥३
अन्य जाति जो भीटैं कोय, जिय भोजन को जीमे सोय।
शूद्रनि मेले जीमे जिसो, दोष बखान्यो है वह तिसो ॥४
अन्य जातिके मेले कोई, असन करै निरबुद्धि होई।
यातें दूषण लगैं अपार, जिमि परजूठि भखे मतिछार ॥५
निजसुत पिता व भ्राता जान, सांचो मित्रादिक जो मान।
भेलै तितकै जीमण जदा, किरियामती वरणो नहि कदा ॥६
तो पर जात तणी कहा बात, क्रिया काण्ड ग्रन्थनि विख्यात।
भाजन निज जीमन को जेह, मांग्यो परको कबहूँ न देह ॥७
अरु परको वासण में आप, जीमेते अति बाढ़े पाप।
ग्रामान्तर जो गमन कराय, वसिहै ग्राम सरायां जाय ॥८
मांगे वासन खावे वाहि, जो सीवो घरहूँ को आहि।
खाये दोष लगै अधिकार, मांस बराबर फेर न सार ॥९
गूजर मीणा जाट अहीर, भील, चमार तुरक बहु कीर।
इत्यादिक जे हीण कहात, तिन बासन में भोजन खात ॥१०
ताके घर को बासण होय, ताते तजो विवेकी लोय।
श्रावक कुल अति लह्यो गरिष्ठ, क्रिया बिना जो जानहु भ्रष्ट ॥११
जे बुध क्रिया विषै परवीन, अन्य तणो वासण गहि हीण।
तामें भोजन कबहु न करै, अधिको कष्ट आय जो परै ॥१२
जैन धरम जाके नहिं होय, अन्यमती कहिये नर सोय।
निपज्यो असन तास घरमाहि, जीमण योग बखाणो नाहि ॥१३
अरु तिनके घरहु को कीयो, खानो जिनमत में वरजीयो।
पाणी छाणि न जाणे सोय, सोधण नाज विवेक न होय ॥१४
ईंधण देख न वालो जिके, दया रहित नर जाणों तिके।
जीव दया षटमत में सार, दया बिना करणो सब छार ॥१५

याते जे करुणा प्रतिपाल, असन आन धरि कर तजि चाल।
निजव्रत रक्षक है नर जेह, यों जिनवर भाष्यौ सन्देह ॥१६

**छन्द चाल**

जे आठ मूल गुण पालै, इतने दोषनि को टालै।
दीजे जिम मन्दिर नींव, गहिरीं चौड़ी अति सींव ॥१७
तापर जो काम चढ़ावै, बहु दिन लौं डिगणे न पावै।
तिम श्रावक व्रत ग्रह केरी, इनि बिनि ही नीच अनेरी ॥१८
दरशन जुत ए पलि आवै, व्रत मन्दिर अडिग रहावै।
याते जे भविजन प्राणी, निहचै एह मन में आणी ॥१९
प्रतिमा ग्यारा जो भेद, आगे कहि हौं तजि खेद ॥२०

**अडिल्ल छन्द**

किसनसिंह यह अरज करे भविजन सुनो, पालो वसु गुण मूल निजातम को गुणों।
दरशन जुत व्रत त्रिविध शुद्ध मनलाई हो, सुरग सम्पदा भुंजि मोक्ष सुख पाय हो ॥२१

**अथ रजस्वला स्त्री की क्रिया लिख्यते**

**चौपाई**

अवर कथन इक कहनो जोग, सो सुन लीज्यो जे भविलोग।
अबै क्रिया प्रगटी बहु हीण, यातें भाषूं लखहु प्रवीन ॥२२
ग्रंथ त्रिवर्णाचार जु माहि, वरणन कीयो है अधिकाहि।
मतलब सो तामें इक जान, मैं संक्षेप कहूँ सुखदान ॥२३
रितुवंती वनिता जब थाय, चलण महा विपरीत चलाय।
प्रथम दिवस ते ही ग्रह काम, देय बुहारी सिगरे धाम ॥२४
अवर हाथ मांही ले छाज, फटके सोधै वोणै नाज।
बालक कपडा पहिरा होय, बाहि खिलावै सगरे लोय ॥२५
आपस में तिय छूजे सबे, न करे शंका भींटत जबै।
मांजे सब हँडवाई सही, जीमण की थाली हू गही ॥२६
जिह थाली में सिगरे खांहि, ताही में वा असन कराहि।
जल पीवे को कलस्यो एक, सब ही पीवै रहित विवेक ॥२७
क्रिया कोष ग्रन्थन में कही, रितुवंती जो भाजन लही।
ग्रह चंडार तणा को जिसो, वोहू भाजन जाणो तिसो ॥२८
और कहा कहिए अधिकाय, वह वासण मांहे जो खाय।
ताके दोष तणो नहिं पार, क्रिया हीण बहु जाणि निवार ॥२९
निसिकों पति सोवत है जहां, वाहू सयन करत है तहां।
दुहुं आपस में परसत देह, यामें मति जाणो संदेह ॥३०
कोऊ विकल महा कुमतिया, दुय तीजे दिन सेवै तिया।
महापाप उपजावै जोर, यासम अवर न क्रिया अघोर ॥३१

महाग्लानि उपजे तिहि वार, चमारणिहूँ ते अधिकार ।
जाको फल वे तुरत लहाय, जो कहु उस दिन गरभ रहाय ॥३२
भाग्य हीण सुत बेटी होय, पर तिय नर सेवे बुधि खोय ।
क्रोधित ह्वै कह अति बच ठीक, जद्वा तद्वा कहै अलीक ॥३३
रितुवंती तिय किरिया जिसी, भाषो भपि सुणि करिए तिसी ।
वनिता धर्म होत जब बाल, सकल काम तजिके तत्काल ॥३४
ठाम एकांत बैठि है, जाय, भूमि तृणा संथारो कराय ।
निसि दिन तिह पर थिरता धरै, निद्रा आये सयन जु करै ॥३५
इह विधि निवसे वासर तीन, तब लों एतीं क्रिया प्रवीन ।
प्रथम ही असन गरिष्ठ न करै, पातल अथवा कर में धरै ॥३६
माटी बासण जल का साज, फिरि वे हैं आवें नहि काज ।
इह भोजन जल पीवन रीति, अवर क्रिया सुनिये घर प्रीति ॥३७

**छंदचाल**

दिन में नहिं सयन कराहीं, हासि न कोतूहल थाहीं ।
तनि तेल फुलेल न लावें, काजल नयना न अंजावे ॥३८
नख को नहीं दूर करावे, गीतादिक कबहु न गावे ॥
तिलक न वे रोली केशर, कर पय नख दे न महावर ॥३९
एक दिवस तीन लो भोग, रितुवंती न करीवो जोग ।
पुरुषनि कों नजर न धारे, निज पतिहुं को न निहारे ॥४०
वनिता ह्वै धरम जु निसिकों, दिन गिण लीजे नहिं तिसकों ।
सूरज नजरों जो आवे, वह दिन गिणती में लावे ॥४१
दूजे दिन स्यान कराही, धोबी कपड़ा ले जाही ।
संकोच थको नखवाई, औरन की नजर न आई ॥४२
तीजे दिन जलसें न्हावे, तनु वसन ऊजले लावे ।
चउथे दिन स्नान करंती, मन में आनंद धरंती ॥४३
तन वसन ऊजले, धारे, प्रथमहि पति नयन निहारे ।
निसि धरै गरभ जो बाम, पति सूरत सो अभिराम ॥४४
निपजावे उत्तम बालक, बडभाग जनहिं प्रतिपालक ।
तातें इह निहचै जानी, चौथे दिन स्नान जु ठानी ॥४५
पतिवरत त्रिया जो पारे, निज पति को नयन निहारे ।
नर अवर नजर जो आवे, तस सूरत सम सुत धावे ॥४६
शीलहि कलंक को लावे, अपजस लग पटह बजावे ।
यातें सुभ वनिता जें हैं, किरिया जुत चाले ते हैं ॥४७
निजपति बिन अवर न देखे, सासू ने नाहिं मुख पेखे ।
ताके घर मांही जाणो, लछमी को बाल बखाणो ॥४८

अति सुजस होय जगमाहीं, तासम वनिता कहुं नाहीं।
इह कथन लखो बुध ठीका, भाषों नहिं कछू अलीका ॥४९

**दोहा**

क्षत्री ब्राह्मण वैश्य की, क्रिया विशेष वखान। ग्रन्थ त्रिवर्णाचार में, देख लेहु मति मान ॥५०

इति रजस्वला स्त्री क्रिया वर्णनम्।

●

**अथ द्वादश व्रत कथन लिख्यते**

**दोहा**

किये मूल गुण आठ को, वर्णन बुधि अनुसार।
अब द्वादश व्रत को कथन, सुनहु भविक व्रतधार ॥५१
बारा व्रत मांहीं प्रथम, पांच अणुव्रत सार। तीन गुणव्रत चार पुनि, शिक्षाव्रत सुखकार ॥५२

**छन्द चाल।**

इह व्रत पाले फल ताको, भाषो प्रत्येक सु जाको।
जे अव्रत दोष अपारा कहि हों तिन को निरधारा ॥५३
समकित जुत व्रत फल दाई, तिहकी उपमा न कराई।
बिनु दरशन जे व्रत धारी, तुष खंडन सम फलकारी ॥५४

**अडिल्ल**

जो नर व्रत को धरैं सहित समकित सही, सुर नर और फणिंद्र संपदा को लही।
केवल विभव प्रकाश समवश्रृत लहि सदा, सिद्ध-वधू कुचकुंभ पाय क्रीडत सदा ॥५५

**दोहा**

भाग्य हीन ज्यों चहत गुण, धन धान्यादिक नाहिं।
भीत मूर्त्ति नित ही दुखी, वरत-रहित नर थांहि ॥५६

**गीता छन्द**

जो शुद्ध समकित धार अति ही नरभव सुखकर कौन है।
संसार में जे सार सारहि भोग सो मुनि व्रत गहैं॥
सो मुक्ति वनिता के पयोधर हार सम जे रति करैं।
तहं जनम मरण न लहै कबही सुख अनंता अनुसरैं ॥५७

**दोहा**

कुबुद्धि भव संसार में, भ्रमत चतुर गति थान। जिन आगम तत्त्वार्थ को, विकल होय सरधान ॥५८

**अथ अहिंसा अणुव्रत लिख्यते। चौपाई**

त्रस की घात कबहुं नहि जाण, जो कदाचि छूटै निज प्राण।
थावर दोष लगै तिह थकी, प्रथम अणुव्रत जिनवर बकी ॥५९

थावर हिंसा इतनी तजे, त्रस के घात दोष को भजे।
सो धरमी सो परम सुजान, जीवदया पालक प्रनिजान ॥६०

छन्द नाराच

करोति जीव की दया नरोत्तमो मही सही, सुबैर वर्ग वर्जितो निरामयो तनु लही।
तिलोक हर्म्य मध्यरत्न दीप सो बखानिए, वरै विमोक्ष लक्ष्मी प्रसिद्ध शिव को जानिए ॥६१

दोहा

खाद्य अखाद्य न भेद कछु, हिंसा करत न ढील। महा पाप की मूल नर, ज्यों चंडाल अरु भील ॥६२

अडिल्ल छन्द

जीवबध कर पाप उपार्जित पाक तें, घोर भवोदधि मांहि परै निज आपते।
नरक तणा दुख सबै बहुत विधितें सहे, फिर-फिर दुर्गति मांहि सदा फिरते रहै ॥६३

दोहा

करुणा अरु हिंसा तणो, प्रगट कह्यो फल भेद। वह उपजावे सुख महा, अदया ते ह्वै खेद ॥६४
ऐसे लखि भविजन सदा, धरो दया चित राग। सुपने हूँ अदया करत, भाव तजहु बड़भाग ॥६५

सवैया

पूरब ही मुनिराय दया पालो षट्काय महा सुखदाय शिव थानज लहायो है,
प्रतिमा धरैया के उपसमकादि केतेहूँ करुणा सहाय जाय देवलोक पायो है।
अजहूँ जीवनि की रक्षा के करैया भवि सुर शिव लहै जिनराज यों बतायो है,
या तें हिंसा टार क्रिया पार चित्त धार जिन आगम प्रमाण कृष्णसिंह ऐसे गायो है ॥६६

अथ हिंसा अतिचार। चाल छन्द

बाधे नर पशुयन केई, रज्जू बंधन दृढ़ देई।
लकुटादिक तें अति मारै, पाहन मूठी अधिकारै।
नासा करणादिक छेदे, परवेदन को नहिं वेदे।
पशुवन को भाड़ो करिहै, इतनो हम बोझ जो धरिहै ॥६७
पीछे लादे बहु भार, जाके अघ को नहिं पार।
खर बैल ऊँट अरु गाड़ो, मरयाद जितो करि भाड़ो ॥६८
हासिल को भय कर जानी, बोझि भरन अधिक धरानी।
घोटक रथ ह्वै असवारे, चालै निस सांज सवारे ॥६९
तसु भूख त्रिषा नहिं छूजे, ताको पर दुख नहिं सूजे।
काहू नर के सिर दाम, जाकों रोकै निजधाम ॥७०
तिहि खान पान नहिं देई, क्रोधादिक अधिक करेई।
ए अतीचार भनि पांच, अदया को कारण सांच ॥७१
करुणा व्रत पालक जेह, टालैं मन में धर नेह।
बिन अतिचार फल सारा, सुखदायक हो अधिकारा ॥७२
वे धन्य पुरुष जगमाहीं, ते करुणा भाव धराहीं।
करुणा सब विधि सुखदायक, पदवी पावै सुरनायक ॥७३

अथवा चक्री धरणेश, देव नृपहुं हो श्रेणिक बेश ।
इन पदवी कर कहा बड़ाई, संसार तणा सुखदाई ॥७४
यातें तीर्थंकर होई, संदेह न आणों कोई ।
तातें सुनिये भवि जीव, करुणा चित धार सदीव ॥७५

**अथ सत्य अणुव्रत कथन । चौपाई**

झूठ थूल वच ना मुख कहै, संकट पड़े मौन कों गहै ।
त्यागें असत्य सर्वथा नहीं, यातें लघु खिर है मुखि कहीं ॥७६
जीवदया पलिहै नहिं तदा, झूठ वचन बोले है जदा ।
वह असत्य सांच ही जांण, जहाँ जीव के बचि हैं प्राण ॥७७

**छन्द नाराच ।**

सदीव सत्य भावते अलंध्यते न तास को, पएवि वाच-सिद्धि चार नाद होय जासको ।
समृद्धि रिद्धि वृद्धि तीन लोक की लहै इकों, त्रिया जु मोक्ष गेह मांहि तिष्ठ है सुजायकों ॥७८

**दोहा**

वचन न जाको ठीक कछु, अति लवार मति क्रूर ।
तातें फल अति कटुक सुन, महापाप को भूर ॥७९

**अडिल्ल छन्द**

नष्ट जीभ वच परतें निंदित मानिए, गर्दभ ऊँट बिलाव काक सुर जानिए ।
जड़ विवेक ते रहित मूकता को धरैं. झूठ वचन ते मनुज इते दुख अनुसरैं ॥८०

**दोहा**

सांच झूठ फल है जिसो, तिसो कह्यो भगवान । सत्य कहो झूठहि तजो, इहै सीख मन आन ॥८१

**अथ सत्य वचन अतीचार । छन्द चाल**

नित झूठ वचन बहु भाषै, अवरनि उपदेश जु आपै ।
परगुप्त बात जो थाही, ताकों ते प्रगट कराहीं ॥८२
पत्री झूठी नित मांड़े, केलवणीं हिय नहीं छांड़े ।
लेखी पुनि मांडै झूठी, खतहू लिख है जु अपूठी ॥८३
तासों कर्म जु रूठो, अघ अधिक महा करि तूठो ।
को धरि हैं धरो कढ़ि आई, जासों जो मुकरि सुजाई ॥८४
साक्षी दस पाँच बुलावै, बस झूठो करि ठहरावै ।
इस पाप तणो नहि पारा, कहिए कहँलो निरधारा ॥८५
दुहुँ पुरुष जुदे बतलावै, तिन मिलती हिए अणावै ।
दुहुँ सुख आकार लखाई, परसों सो प्रगट कराई ॥८६
दूखै उनके परिणाम, अघ-दायक है इक काम ।
लख अतिचार दुई तीन. व्रत सत्य तणा परवीन ॥८७

इनकों त्यागै जे जीव, शुभ गति लहै अतीव।
ए अतिचार पण भाखे, व्रत सत्य जमे जिन आखे ॥८८
शिवभूति भयो द्विज एक, पापी घर मन अविवेक।
नग पांच सेठ सुत धरिके, पाछे सों गयो मुकर के ॥८९
सत्य घोष प्रगट तसु नाम, नृपतिय झूठा लखि ताम।
जूआ रमि करे चतुराई, तसु तिय तें रत्न मंगाई ॥९०
तिह सेठ परीक्षा कारी, जिह लिये निज नग टारी।
द्विज मरिकै पन्नग थायो, तत्क्षण असत्य फल पायो ॥९१

अदत्त त्याग अणुव्रत कथन। चौपाई

धरो परायो अरु वीसरो, लेखा में भोलो जो करो।
मही परो नहिं लेहै सोय, जो अदत्त त्यागी नर होय ॥९२
चोरी प्रगट अदत्ता सर्व, अणुव्रत धारी तजि है भव्य।
लगै व्यापारादिक में दोष, एक देश पलि है शुभ कोष ॥९३

छन्द नाराच

तजेहि द्रव्य पारको सुसंनिधि निरंतरं, भवन्ति भूमि-नाथ भोगभूमि पाय हैं परं।
लहेवि सर्व बोध सिद्ध कांतया सुनैन को, अतीव मूर्ति तासकी सहाय चैन दैन को ॥९४

दोहा

जाकी कीरति जगत में, फैले अति विस्तार।
उज्ज्वल शशि किरणां जिसी, जो अदत्त व्रतधार ॥९५
सदा हरैं पर द्रव्य को, महापाप मति जोर।
पड्यो रह्यो भोले धर्यो, गहै सुनिहचै चोर ॥९६

उडिल्ल छन्द

सदा दरिद्री शोक रोग भयजुत रहै, पाप मूर्ति अति क्षुधा त्रिषा वेदन सहै।
पुत्र कलत्र रु मित्र नहीं कोउ जा सके, चोरी अर्जित पाप उदै भो तासके ॥९७

दोहा

त्यजन अदत्त सुवरत को, अरु चोरी फल ताहि।
सुनवि गहौ व्रत को सुधी, चोरी भाव लजाहि ॥९८

अदत्तादान का अतीचार वर्णन। छन्द चाल

चोरी करने की बात, सिखवावै औरनि घात।
जावो परधन के काज, लावो इस बुधि बलि साज ॥९९
कोऊ चोरी कर ल्यावे, बहु मोली वस्तु दिखावै।
ताको तुच्छ मोल जु देई, बहु धन की वस्तु सु लेई ॥१००

कपड़ो मीठो अरुधान, लावे बेचैं ले आन। तिनको हासिल नहिं देई, नृप आज्ञा एम हनेई ॥१
जो कहुं नरपति सुन पावै, तिहि बांध बेग मंगवावे।
घर लूट लेई सब ताको, फल इह आज्ञा हणिबाको ॥२
गज हाथ पंसेरी बाट, जाणो इह मान निराट। चौपाई पाई देवाणी, सोई माणी परमाणी ॥३
इनको लखिये उन मान, तुलिहै मपि है बहु वान।
ओछो दे अधिको लेई, अपनो शुभ ताको देई ॥४
उपजावै बहुते पाप, दुरगति में लहै संताप। केसर कस्तूरी कपूर, नानाविधि अवर जकूर ॥५
घृत हींग लूण बहुंगाज, तंदुल गुड़ खांड सभाज।
इन मांहीं मेल कराहीं, हियरे अति लोभ धराहीं ॥६
कपड़ो बहु मोलो लावे, कोऊ कहै आण गहावें। ताके बदले धरि वैसो, अगिला रंग होवें जेसो ॥७
व्रत दान अदत्ता कीजें, पण अतिचार ए लीजे।
तातें सुनिये भवि प्राणी, दुरगति दुखदायक जाणी ॥८
तजिए इनको अब वेग, भवि जीवनि को इह नेग।
त्यागै सुधरै इहलोक, परभव सुख पावें थोक ॥९

**अथ ब्रह्मचर्य अणुव्रत कथन। चौपाई**

नारि पराई को सर्वथा, त्याग करै मन वच क्रम यथा।
निज बयतें लघु देखे ताहि, पुत्री सम सो गिनिए जाहि ॥१०
आप बराबर जोबन धरे, निज भगिनी सम लख परिहरे।
आप थकी वय अधिकी होय, ताहि मात सम जाण हि जोय ॥११
इम परतिय को गनिहै भव्य, सो सुख सुर-नर के लहि सर्व।
निज बनिता माहिं संतोष, करिये इस विध सुणि शुभ कोष ॥१२
आप व्रती तियको व्रत जबै, दोऊ दिन सील गहै बुध तबै।
आठैं चौदस परवी पाँच, शील व्रत पाले मन साँच ॥१३
भादों मास अठाई पर्व, महा पूज्य दिन लखिये सर्व।
ब्रह्मचर्य पाले इन माहि, सुर सुख लहियत संशय नाहिं ॥१४

**अथ शीलकी नव बाड़ि प्रारम्भः। चौपाई**

पुनि व्रत धर इतनी विधि धरे, ताहि शीलव्रत त्रिविध सु परे।
जेहि वनिता को जूथ महन्त, तहां वास नहिं करिये संत ॥१५
रुचि धर प्रेम न निरखे त्रिया, ताको सफल जनम अरु जिया।
पड़दा के अन्दर तिय ताहि, मधुर वचन भाषे नहिं जाहि ॥१६
पूरब भोग केलि की जीत, तिनहिं न याद करे शुभ मीत।
लेइ नहीं आहार गरिष्ठ, तुरत शील को करे जु भ्रष्ट ॥१७
कर शुचितन शृंगार बनाय, किये शीलको दोष लगाय।
जिह पलंग में सोवें नार, सो सेज्या तज बुध व्रतधार ॥१८
मनमथ कथा होय जिहि थान, तहं क्षण रहै नहीं मतिमान।
निज मुखते कबहूं नहिं कहै, ब्रह्मचर्य व्रत को जो गहै ॥१९

उदर भरो भोजन नहिं करे, ताते इन्द्री बहु बल धरे ।
ए नव वाडि पालिये जबै, शील शुद्ध व्रत पलिहै तबै ॥२०

इति नववाडि संपूर्णम्

**शील चरित्र कथन । सवैया**

ब्राह्मी सुन्दरनि आदि देके सोला सती भई शील परभाव लिंगछेद सातेई भई ।
तिन मांहें केऊ नृप सोई शिवध्यान लह्यो केऊ मोक्ष जैहै भूप होय तहाँ ते चई ॥
अनन्तमती तुंकारीने आदि कैती कहूँ महा कष्ट पाय शील दिढना मई ठई ।
शीलते अनन्त सुख लहै कछु संशय नाहिं भंग भ्रमैं नरक महा पई ॥२१

**दोहा**

सेठ सुदर्शन आदि दे, शीलतणं परभाव । लहै अनन्ते मोक्ष सुख, कहांलों करां बढ़ाव ॥२२

**नाराच छन्द**

सुनो वि सन्त ब्रह्मचर्य पाल बाँधका इसौ, अनीव रूपवान थाय काम को जिसौ ।
मनोज्ञ खोजता लहाय पुत्र पौत्र सोभितो, अनेक भूषणादि द्रव्य और ये नहीं इतो ॥२३
गहै वि दीक्षया लहै विज्ञान को प्रकार ही, अनन्त सुख बोध दर्शनादि वीर्य भासही ।
सुमोक्ष सिद्ध थाय काल बीच है अपार सो, सुसिद्ध खोजता मुखावलोक ने नगारसो ॥२४

**दोहा**

लंपट विषयी पुरुषके, निजपर ठीक न होय । दुरगति दुख फल सो लहै, भ्रमिहै भव दधि सोय ॥२५

**अडिल्ल छन्द**

ह्वै कुरूप दुर्गन्ध निंदि निरधन महा, वेद नपुंसक दुर्ग व्याधि कुष्टहि गहा ।
अङ्ग विकल अति होय ग्रथिल जिमि भासही, परतिय संग-विपाक लही ह्वै इम सही ॥२६

**दोहा**

व्रत परवनिता त्यजनको, कथन कह्यो सुखकार ।
अरु लम्पट विषयी तणो, भाष्यो सहु निरधार ॥२७
शील थकी सुर नर विमल, सुख लहि शिवपुर जाहि ।
दुरगति दुख भव-भ्रमणको, विषयो लम्पट पाहि । ॥२८

**अथ ब्रह्मचर्य अणुव्रत अतीचार । छन्द चाल**

परकी जो करै सगाई, बतलावे जोग मिलाई ।
अरु व्याह उपाय बतावै, निज व्रतको दोष लगावै ॥२९
विभिचारिणी जैहैं नारी, परिगृहीत नाम उचारी ।
जिनको वेश्यादिक कहिये, तिन को संगम नहीं गहिये ॥३०
हास्यादि कौतूहल कीजे, शीले तब मलिन करीजे ।
अपरिगृहीत सुनि नाम, पति परणी है जो बाम ॥३१
तसु महा कुशीला जाणी, जसु संगति करै जु प्राणी ।
हास्यादिक वचन सुभाखै, सो शील मलिन अति राखै ॥३२

जे लम्पट विषयी क्रूर, ते पावैं भव दुख पूर। अतीचार तीसरो एह, सुनिये अब चौथो जेह ॥३३

क्रीड़ा अनंग विधि एह, हस्त सुपरसत तिय देह।
विकल्प मन में ही आने, परतक्ष ते शीलहि भाने ॥३४
इह अतीचार चौथो ही, बुध करैं न कबहू यों ही।
पंचम भनिये अतीचार, सुपने में मदन विकार ॥३५
उपजै निय सेवन काम, विकलपता अति दुख धाम।
औषध के पाक बनावे, बहु विध रस धातु मिलावैं ॥३६
अति विकल होय निज तियको, सेवे हरषावे जियको।
बुध जन इह रीति न जोग, पण अतीचार इस भोग ॥३७

**दोहा**

इनहीं टाल व्रत शीलको, पालो मन वच काय।
इह भवतैं सुर पद लहै, फिरि नृप ह्वै शिव जाय ॥३८

**अथ परिग्रह प्रमाण अणुव्रत कथन। चौपाई**

क्षेत्र वास्तु आदिक दस जाण, परिग्रह तणों करै परिमाण।
इनको दोष लगावे नहीं, वहै देश व्रत पंचम कही ॥३९

**छन्द नाराच**

करोति मूढ़ना प्रमाण कर्ण सेवना विषे, त्रिलोक वेदज्ञान पाय श्री जिनेश यों अपे।
भवन्ति सौख्य सागरा अनन्त शक्ति कों गहै, त्रिलोक वल्लभा सदा भवन्तरे सिवं तहे ॥४०

**दोहा**

मन विकल्प सरै अधिक, विभव परिग्रह मांहि। लहै नहीं अघके उदै, फल नरकादि लहाहि ॥४१

**अडिल्ल**

जन्म जरा पुनि मरण सदा दुखकों सहै, बहु दूषणको थान रोग अतिहो लहै।
भ्रमै जगतके मांहि कुगति दुखमें परै, विषयनि मूर्च्छा मांहि न संवर जे करै ॥४२

**दोहा**

व्रत परिग्रह प्रमाण नर, कीये लहै फल सार। मनु मुकलावै ठीक तजि, दुख भुगतै नहि पार ॥४३
याते व्रत धरि भव्य जे, मन विकल्प बिस्तार। ताहि तजै सुख भोगवे, यामें फेर न सार ॥४४
जे सन्तोष न आदरै, ते भव भ्रमै सदीव। दुख-कर याकों जानिकै, त्यागै उत्तम जीव ॥४५
दोष लगै या समझ कै, अतीचार पणि जाणि। तिनकौ वरणन भेद कछु, आगै कहों बखाणि ॥४६

**अथ परिग्रह प्रमाणका अतीचार वर्णन। चौपाई**

क्षेत्र कहावे धरती मांहि, हल खेडन की जो विधि आहि।
वास्तु कहावे रहवातणा, मन्दिर हाट नोहोरा तणा ॥४७
हिरण्य रूपाको परमाण, करै जितो राखै बुधिमाण।
सुवरण सोनो ही जाणिये, ताकी मरज्यादा ठाणिये ॥४८
धन महिषी घोटक अरु गाय, हस्ती बैल ऊँट न थाय।
इत्यादिक चौपद जे सही, तिन सिगरे की संख्या कही ॥४९

सालि मूंग गोधूम अर चिणा, नाज विविध के जे है घणा।
इन सबकी मरज्यादा गहो, बहुत जतन तें राखै सही ॥५०
खरच जितो घर मांहीं होय, तितनो जान खरीदे सोय।
विणज निमित्त जैतो परमाण, जीव पड़ैं नहीं वैसे जाण ॥५१
बहु उपाय करिकै राखि है, ऐसे जिनवाणी भाषि है।
बरस एकमें बीके नहीं, दूनो बरस आइ है सही ॥५२
मरयादा माफिक थी जितो, अधिक लेय नहि राखै तितो।
दुपद परिग्रहमें एक है, बनित्ता दासी दासहू लहै ॥५३
कुप्य परिग्रहमें ये जाण, चावा चन्दन अतर बखाण।
रेसम सूत ऊनका जिता, कपड़ा होय कहा है तित्ता ॥५४
तिनहूँ की मरज्यादा गहै, यों नायक श्री जिनवर कहै।
रुपया भूषण रतन भंडार, बहुरि सोनइया अरु दीनार ॥५५
इनकी मरयादा करि लेहु, हुंडबाई वासण पुनि एहु।
बहु विधि तणा किराणा भणी, अवर खांड गुड़ मिश्री तणी ॥५६
मरयादा ले सो निरवहै, भंग कीये दूषण को लहै।
मन वच काया पाले जेह, भव भव सुख पावे नर तेह ॥५७

**सवैया ३१**

बरत करैया ग्यारा प्रतिमा धरैया जे जे दोष के टरैया मनमाहीं ऐसे आनिकै,
जैसो है जिह थान जोग तैसो भोग उपभोग चरम तिजोग मांहि कह्यो है बखानिकै।
आदरेति तोही बाकी सहै छांडितेह ग्रंथसंख्या व्रत एह श्रावक को जानिकै,
तद्भव सुरथाय राज ऋद्धि को लहाय पावै शिवथान दुषदानि भव भानिकै ॥५८

**मरहटा छन्द**

जो परिग्रह राखै दोष न भाखै चित्त अभिलाषै हीन,
विकल्प मुकुलावै विषय व्रढ़ावै आठ न पावै तीन।
बहु पाप उपावै जो मन भावै आवै बात कहीन,
मूर्च्छा को धारी हीणाचारी नरक लहै सुख छीन ॥५९

**छन्दभुजंग प्रयात**

कह्यो मूर्च्छना दोष भारी अवपारी, लहै श्वभ्र संसे न जानें लगारा।
तजे सर्वथा मोक्ष सौख्यं लहंती, यहै जान भव्या न याको गहन्ती ॥६०
इति परिग्रह परिमाण पंचम अणुव्रत सम्पूर्ण।

**अथ प्रथम दिग्गुणव्रत कथन लिख्यते। चौपाई**

चार दिशा विदिशा पुनि चार, ऊर्ध्व अधो दुहुँ मिलि दस धार।
दिग व्रत पालन नर परवीन, मरयादा लंघै न कदी न ॥६१
जिते कोसलों फिरियो चहै, दिसा बिदिसा की संख्या गहै।
अधिक लोभ को कारिज वणै, व्रत घर मरयादा नहि हणै ॥६२

जिम मरयादा की आखदी, तहँ लों जाय काम वसि पड़ी ।
धरि बैठा निति धारै ठीक, पाले कबहुं न चले अलीक ॥६३

**दोहा**

दिगव्रत को पाले थकी, उपजै पुण्य अपार । सुरगादिक फल भोगवै, यामें फेर न सार ॥६४
मरयादा लीये बिना, फल उत्कृष्ट न होय । हमें पले नहिं इम कहै, बहै विकल मति जोय ॥६५

**अब दिग्व्रत के अतिचार पांच लिख्यते । छन्द चाल**

मन्दिर निज पर की आड़, चढ़ियो पुनि कोई पहाड़ ।
ऊरध संख्या सो कहिये, टालै ते दोषहि महिये ॥६५
तहखाना कूप रु वाय, गिरि गुफा माँहि जो जाय ।
इह अधो भूमि मरयाद, टाले दूषण परमाद ॥६६
दिसि विदिसि सोह जे लीनी, तिरछो चलवे मति दीनि ।
सो तिरयग गमन कहाई, अतीचार तृतीय इह थाई ॥६७
निज खेत भूमि जो थाय, सीमातें अधिक बधाय ।
सो खेत बृद्धि तुम जाणो, चौथो अतीचार बखाणों ॥६८
जिह वस्तु तणो परमाण, प्रथम ही कीयो जो जाण ।
तिहिको वीसरि सो जाई, विस्मृति जु अतीचार कहाई ॥६९

इति दिग्गुणव्रत सम्पूर्ण ।

**अथ देशव्रत लिख्यते । चौपाई**

दिशि विदिशा के जे जे देश, जिह पुरलौं जो करिय प्रवेश ।
हरे नहीं मरयादा कोई, तिनको पलै देशव्रत सोई ॥७०
मन सैन्य वारण के हेत, मन वच कर मरयादा लेत ।
आप जहां दिसि कबहु न जाय, तहातणो बड़ती नहीं खाय ॥७१

**दोहा**

सो लहिये बिन वरत को, नेम न मूल कहाय ।
यातें गहिये आखड़ी, ज्यों फल विस्तर थाय ॥७२

**अथ देशव्रत अतीचार पांच लिख्यते । छन्दचाल**

कीयो जे देश प्रमाण, तिह पार थकी सौंस जाण ।
कोई नहीं वस्तु मंगावै, कबहूँ न लोभ बढ़ावै ॥७३
जहलौं मरयादा ठानी, भांजै नहीं उत्तम प्राणी ।
भांजे मरयादा जास, अतीचार कहावै तास ॥७४
मरयादा बारै कोई, नरकों न बुलावै जोई ।
अरु आप नहीं बतलावै, बतलाए दोष लगावै ॥७५
निजरूपहि सों हँसिवाई, काहू जो देइ दिखाई ।
इह अतीचार चोथो ही, जिनदेव बखानो यों ही ॥७६

मरयाद जिकी जिहिं धारी, तिह वारे करतें डारी।
कंकरी कपड़ों कछु और, पाहण लकड़ी तिहिं ठौर ॥७७
इत्यादिक वस्तु बहु नाम, बरनन कहाँ लों ताम।
ऐसी मति समझो कोई, देसांतर ठाक दुहोई ॥७८
चैत्यालय वा घर मांहीं, अथवा देसांतर तांही।
धरिहै जिम जो मरयाद, पालै तिम तजि परमाद ॥७९
इह देश वरत तुम जाणो, दूजो गुणव्रत परमाणो।
अब अनरथ दंडज तीजो, बहु विधि तसु कथन सुणीजो ॥८०

**इति तृतीय गुणव्रत।**

**अथ अनर्थ दंड तृतीय गुणव्रत कथन। चौपाई**

अनरथ दंड पंच परकार, प्रथम पाप-उपदेश असार।
हिंसादान दूसरो जाण, तीजो खोटो पाप बखाण ॥८१
तुरिय कुशास्त्र कहै मन लाय, पंचम प्रमाद चर्या थाय।
निज घर कारज विनु ते और, तिनके पाप तणी जे ठौर ॥८२
पसू विणज करवावै जाय, अरु तिह बीच दलाली खाय।
हिंसा को आरंभ जु होय, ताको उपदेसै जु कोय ॥८३
मीठो लूण तेल घृत नाज, मादिक वस्तु मोम विनु काज।
घोलि धाहस्या हरडे लाख, आलकमूंभा को अभिलाख ॥८४
नील हींग आफू मोहरो, भांग तमाखू सावण खरो।
तिल दाणासिण लोह असार, इन उपदेश देहि अविचार ॥८५
कूवा तलाब हवेली वाय, बाड़ी बाग कराय उपाय।
कपड़ा वेगि धवावेहु मीत, निज ग्रह कारज राखहु चीत ॥८६
परधन-हरण वणी जे बात, सिखवावै बहुतेरी घात।
इतने पाप तणै उपदेश, कीये होय दुरगति परवेश ॥८७
चाकी ऊखल मूसल जिते, कुसी कुदाल फाहुडी तिते।
तवो कड़ाही अरु दातलो, ए मांगा देवो नहीं भलो ॥८८
धनुष कृपाण तीर तरवार, जम घर छुरी कुहाड्या टार।
सिल लोढो दांतण धोवणो, वाण जेवड़ा वेडी गणो ॥८९
रथ गाड़ी बाहण अधिकार, अगनि ऊपलादिक निरधार।
इत्यादिक कारण जे पाप, मांगें दिये बढ़ै संताप ॥९०
याते व्रत धारी जे जीव, मांग्या कबहु न देय सदीव।
द्वेष भाव करि वैर लखाय, वध बंधण मारण चित थाय ॥९१
परतिय देखि रूप अधिकार, ऐसो चितवन अति दुखकार।
खोटे शास्त्र बखाणे जदा, सुणत दोष रागी ह्वै तदा ॥९२

हिंसा अरु आरंभ बढाय, मिथ्याभाव उपरि चित थाय।
जामें एते कहे बखाण, सो कुशास्त्र अघकारण जाण ॥९३
विनही कारण गमन कराय, जल-क्रीड़ा औरनि ले जाय।
बाले अगनि काम बिनु सोय, छेदै तरु अति उद्धत होय ॥९४
मेला देखण चलिये यार, असवारी यह खड़ी तयार।
गोठि करै निज खरचै दाम, ए सब जाणि पाप के काम ॥९५
वहुजन तणो मन लावै भलो, होला डेंहगी खावे चलो।
सिरा बाजरा अर जुवारि, फलही भाजी सबनि पचारि ॥९६
चले सीधी लेजे हैं खेत, वस्त खबावन को मन हेत।
अनरथ दंड न जाणैं भेद, पाप उपाय लहै बहु खेद ॥९७
सुवो कबूतर मैना जाण, तूती बुलबुल अघ की खाण।
पंखियां और जनावर पालि, राखे बन्दि पींजरै घालि ॥९८
इनि पाले को पाप महंत, अनरथ दंड जाणिये संत।
कूकर बांदर हिरण बिलाव, मींढादिक रखिये घरि चाव ॥९९
पालि खिलावे हरखि धरेय, अनरथ दंड पाप फल लेय।
मन हुलसे चित्राम कराय, त्रस जीवन सूरत मंडवाय ॥१००
हस्ती घोटक मींडुक मोर, हिरण चौपद पंखी और।
कपड़ा लकड़ी माटी तणा, पाखाणादिक करिहै घणा ॥१
जीव मिठाई करि आकार, करै विविध केहीण गवार।
तिणिकौं मोल लेई जण घणा, वाँटै घर घर में लाहणा ॥२
इह प्रमाद चर्या विधि कही, अनरथ दंड पाप की मही।
जो न लगावे इनको दोष, सो धरमी अघ करिहै सोष ॥३

**दोहा**

जो इस व्रत को पालि है, मन बच काय सुजाण। सो निहचै सुर पद लहै, यामें फेर न जाण ॥४
बिनु कारज ही सबनि को, दोष लगावै कोय। जाके अघ के कथन को, कवि समरथ नहि होय ॥५
अघतें नरकादिक लहै, इह जानो तहकीक। अतीचार या वरत को, सुनों पाँच यह ठीक ॥६

**छन्द चाल। अथ अतीचार अनरथ दंड का लिख्यते**

अती हास कोतूहल कार, मन माहीं सोच विचार।
इह अतीचार एक जानी, जिन आगम कह्यो बखानी ॥७
क्रीड़ा उपजावन काम, बहु कला करै दुख धाम।
नृत्यादिक देखण चाव, वादीगर लखि येह दाव ॥८
मुखते बहु गाली देई, बच ज्यों त्यों ही भाखेई।
इह अतीचार भणि तीजो, बुधि त्यागहु ढील न कीजो ॥९
मनमें चिंते को काम, इतनो करस्यो अभिराम।
तातें अधिको जु कराई, दूषण इह चौथो थाई ॥१०

जेती सामग्री भोग, अथवा उपभोग नियोग।
पर वरजो मोल यहाँ हीं, निज अधिको मोल चढ़ाहीं ॥११
लोलुपता अति ही ठानै, हठ करिस्यों अपनो आने।
इह पंचम दोष सुठीक, यामें कछु नाहिं अलीक ॥१२
भणिया ए पण अतीचार, बुधजन मन धरि सुविचार।
नित ही इनको जो टालै, मन वच क्रम व्रत सो पाले ॥१३
इह कथन सबै ही भाख्यो जिन वाणी माफिक आख्यो।
जो परम विवेकी जीव, इनको करि जतन सदीव ॥१४
जे अनरथ दण्ड लगावे, ते अघकों पार न पावै।
अघ महा जगतको दाई, भव भांवर अन्त न थाई ॥१५
बच भाषैं लागो पाप, ऐसे हु न करेहु अलाप।
मन बच तन व्रत जे पालै, ते सुरगादिक सुख भालै ॥१६
अनुक्रमि शिवथानक पावै, कबहूँ नहिं भवमें आवै।
सुख सिद्ध तणा जु अनन्त, भुगतै जो परम महन्त ॥१७

**दोहा**

गुणव्रत लखि इह तीसरो, अनरथ दण्ड सुजाणि।
कथन कह्यो संक्षेपतैं, किशनसिंह मनि आणि ॥१८

इति गुणव्रत कथन सम्पूर्ण।

**अथ प्रथम सामायिक शिक्षाव्रत लिख्यते। चौपाई**

सब जीवनिमें समता भाव, संयममें शुभ भावन चाव।
आरति रुद्र ध्यान विहूँ त्याग, सामायिक व्रत जुत अनुराग ॥१९
प्राणी सकल थकी मुझ क्षांति, वेऊ क्षम मुझ परि करि भांति।
मेरो वैर नहीं उन परी, वै मुझ तैं कुछ दोष न करी ॥२०
इत्यादिक बच करि वि उचार, जो नर सामायिकको धार।
परजिकासन गाढो तथा, शक्ति प्रमाण थापि है यथा ॥२१
पूर्वाह्निक मध्याह्निक चाल, अपराह्निक ए तीनों काल।
मरयादा जेती उच्चरै, तेती वार पाठ सो करै ॥२२
दुहुँ आसनके दोषज जिते, सामायक जुत तजि है तिते।
जो विशेष सुणि बाको चाव, ग्रन्थ श्रावकाचार लखाव ॥२३
हूँ एकाकी अवर न कोई, शुद्ध बुद्ध अविचल मय जोय।
करमातें वेढ्यो न उ जाणि, मैं न्यारो तिहुँकाल वषाणि ॥२४
इस संसारैं मुझको नाहिं, मैं न किसीको इह जगमांहि।
बन्ध्यो अनादि करमते सही, निहवैं बन्धन मेरे नहीं ॥२५
राग दोष करि मेलो जदा, तिन दुहुइनतें मिलन न कदा।
देह वसें तो रहत सरीर, चेतन शक्ति सदा मुझ तीर ॥२६

चिंता आठौं मद आरम्भ, चितवन मदन कषाय रु दंभ ।
इनिकौं जिस विरियां परिहार, कर यों सुबुध सामायिक धार ॥२७
सीत वसन वरषा पुनि वात, दंसादिक उपजत उतपात ।
जिनवर वचन विषै अतिधीर, सहिहै जिके महा बरबीर ॥२८
पूर्वाचार्यनि के अनुसार, जैसु विचक्षन करई विचार ।
तीन मुहूरत दो इक जाण, उत्तम मध्यम जघन्य बखाण ॥२९
जैसी शक्ति होय जिहि पास, करिए ह्वै भव-भ्रमण विनास ।
भव्य जीव इहि विधि जे करै, तिनकी महिमा कविको करै ॥३०

**दोहा**

इह व्रतपालै जे सुनर, मन वच क्रम धरि ठीक। सुरनर के सुख भुंजकर, शिव पावै तहतीक ॥३१
जे कुमती जिन नाम को, लैन करै परमाद। सो दुरगति जैहै सही, लहि है दुख विषवाद ॥३२

**अथ सामायिक के अतीचार लिख्यते। छंद चाल**

मन वचन क्रम के ए जोग, परमादी होय प्रयोग ।
परिणाम दुष्टता भारी, राखे नहीं ठीक लगारी ॥३३
सामायिक पाठ करंत, बतलावै परसौं मंत। बोलै फुनि बारंवार, जानों य दूजो अतीचार ॥३४
सामायिक करत अनादर, मनमैं न उच्छाह धरै पर ।
विनु लगन भावहू पोट, किनि सिर पर दीजिय मोट ॥३५
आसण को करै चलाचल, तनकुं जु हलावै पल पल ।
फेरै मुख चहुं दिसि भारी, तिजहु अतीचार बिचारी ॥३६
सामायिक पाठ करंतों, चितमाहैं एम धरंतो ।
मैं इह पाठ पढ्यो अक नांही, पुनि-पुनि छण बीसरि जांही ॥३७
ए अतीचार पण भाखे, जिन बाणी मैं जिम आखे ।
जे भवि सामायिक धारी, प्रथम हो है दोष निवारी ॥३८
तिहुं काल करे सामयिक, सब जीवनि कौं सुखदायक ।
सामायिक करता प्रानी, उपचार मुनी-सम जानी ॥३९
सामायिक दृगजुत करि है, उत्कृष्ट देव पद धरि है ।
अनुक्रम पावै निरवाण, यामें कछु फेर न जाण ॥४०
मुनि द्रव्यलिंग को धारी, सामायिक बल अनुसारी ।
कहां लौ करिये जु बड़ाई, नवग्रीवां लग सो जाई ॥४१
यातैं भविजन तिहुं काल, धरिये सामायिक चाल ।
जातैं फल पावै मोटो, जसि जाय करम अति खोटो ॥४२

**अथ द्वितीय शिक्षाव्रत प्रोषधोपवास लिख्यते। चौपाई**

सामायिक व्रत कर्यो बखानि, अब प्रोषध व्रत की सुनि बानि ।
एक मास में परब जु चार, दुइ आठैं दुइ चौदस धार ॥४३
इन में प्रोषध विधि विस्तरै, ते वसु कर्म निर्जरा करै ।
वै जिनधर्म विषैं अतिलीन, वे श्रावक आचार प्रवीन ॥४४

अब प्रोषध की विधि सुनि लेहु, भाष्यो जिन आगम में जेह।
सातें तेरसि के दिन जानि, जिनश्रुत गुरु पूजा को ठानि ॥४५
पूजा विधि करि श्रावक सोई, भोजन वेला मुनि अवलोई।
जिन मन्दिर तें तब निज गेह, एक ठाम अण पानी लेह ॥४६
मध्याह्नक समये को धार, करे प्रतिज्ञा सुविधि विचार।
षोड़स पहर लेह मरयाद, चौविहार छोड़ मरयाद ॥४७
खादि स्वाद लेह अरु पेह, अतीचार ते सबहि तजेय।
टटुपट्टी धोवति विधिवत लेह, और वस्त्र तन सों तज देह ॥४८
स्नानादि भूषण परिहरै, अंजन तिलक व्रती नहि करै।
जिन मंदिर उपवन बन ठाहि, अथवा भूमि मसानहि जाहि ॥४९
षोड़स जाम ध्यान जो धरै, धरम कथाजुत तह अनुसरै।
पंच पाप मन वच क्रम तजै, श्री जिन आज्ञा हिरदे भजै ॥५०
धरम-कथा गुरु मुखतें सुनै, आप कहे निज आतम मुनै।
निद्रा अल्प पाछिली रात, ह्वै नौमी पून्यो परभात ॥५१
मरयादा पूर्वक गुणवार, जिनमन्दिर आवै निज द्वार।
द्वारापेषण परि चित धार, खड़ो रहै निज घरके बार ॥५२
पात्रदान दे अति हरषाई, एकाभुक्त करै सुखदाई।
पारणदिन पिछली छै-जाम, च्यारु अहार तजे अभिराम ॥५३
इह उत्कृष्ट कह्यो उपवास, करे कर्मगण को अतिनाश।
सुर-सुख लहि अनुक्रम शिव लहै, सत्यवाइक इह जिनवर कहै ॥५४
कहूँ मध्यम उपवास विचार, षट्कर्मोपदेश अनुसार।
प्रथम दिवस एकान्त करेय, घरी दोय दिनतें जल लेय ॥५५
जिनमन्दिर अथवा निज गेह, पोषह द्वादश पहर धरेय।
धर्मध्यान में बारा जाम, गमि है घर के तजि सब काम ॥५६
जाविधि दिवस धारणै जानि, सोही दिन पारणै बखान।
तीन दिवस लौं पालै शील, सो सुर के सुख पावे लील ॥५७
जघन्य वास भवि विधि सों करो, प्रथम दिवस इह संख्या धरो।
पछिली दिवस घड़ी दो रहै, ता पीछे पाणी नहि गहै ॥५८
निशि को शील व्रत पालिये, प्रात समय पोषो ही धारिये।
आठ पहर ताकी मरयाद, धरम ध्यान जुत तजि परमाद ॥५९
दिवस पारणै निशि जल तजै, वासर तीन शील व्रत भजै।
प्रोषध तो उत्कृष्टहि जानि, मध्यम जघन उपवास बखानि ॥६०
त्रिविधि वासकों जो निरवहै, सो प्राणी सुर के सुख लहै।
अब याको जो है अतीचार, कहूँ जिनागम जे निरधार ॥६१

**अथ प्रोषधोपवास अतीचार । छन्द चाल**

पोसो धरिहै जिहि भूपरि, देखे नहिं ताहि नजर भरि ।
इह अतीचार इक जानी, दूजे को सुनो बखानी ॥६२
जेती पोषह की ठाम, प्रतिलेखे नांहि ताम ।
दूषण लागे है जाको, मुनि अतिचारती जाको ॥६३
पोषो धरणे की बार, मोचै न मल-मूत्र विकार ।
मरजादा बिन सौं डारै, संथारो जो विसतारै ॥६४
बेठ उठै तजि ठामे, तीजे दूषण को पामें । पोसो धरता मन माहीं, उच्छवको धारें नाहीं ॥६५
बिनु आदरही सो ठानें, मरज्यादा मन में आनै ।
चौथो इह है अतीचार, अब पंचम सुनि निरधार ॥६६
पढि है जो पाठ प्रमाण, ठीक न ताको कछु जाण ।
इह पाठ पढ्यो इक नाहीं, अब पढ़िहो एम कहा हीं ॥६७
ए अतीचार भणि पंच, भाषै जिन आगम मंच ।
पोसो जो भविजन धरिहै, इनको टालों सो करिहै ॥६८
फल लहै यथारथ सोई, यामें कछु फेर न जोई ।
प्रोषध व्रत की यह लीक, माफिक जिन आगम ठीक ॥६९
अरु सकलकीर्ति कृत सार, ग्रन्थहु श्रावक आचार ।
तामाहे भाष्यो ऐसे, सुनिये ज्ञाता विधि जैसे ॥७०
उपवास दिवस तजि वीर, छान्यो सचित्त जो नीर ।
लेते दूषण बहु थाई, उपवास वृथा सो जाई ॥७१
पीवे सो प्रासुक करिकै, दुतियों जु द्रव्य मधि धरिकै ।
वेहू विरथा उपवास, लेनो नहिं भविजन तास ॥७२
अरु सकति हीन जो थाई, जलते तन हू थिरताई ।
तौ अधिक उसन इम वीर, बिन हु कम किये जो नीर ॥७३
अन्नादिक भाजन केरो, दूषण नहिं लागे अनेरो ।
ऐसो आवै जे पाणी, ताकी विधि एम बखाणी ॥७४
उपबास आठमों बाँटो, वहि है इम जाणि निराटो ।
इनमें आछी विधि जाणी, करिये सो भविजन प्राणी ॥७५
संशय मन इहै न कीजे, प्रोषध में कबहुँ न लीजै ।
पोषह बिन जो उपवासे, तामें ऐसी विधि भासै ॥७६
उत्तम फलको जे चाहै, ते इह विधि नेम निबाहै ।
उपवास दिवस में नीर, संकटहू में तजि वीर ॥७७
अब सुनहु कथन इक नीको, अति सुख करि व्रत धरि जीको ।
एकान्त दिवस की सांझ, धरिहु तिय दरब जल मांझ ॥७८
प्रासुक करि पीवै नीर, तामै, अति दोष गहीर ।
एकासण जब सु कराहि, जल असन लेई एक ठांहि ॥७९

जिन आगम की इह रीत, उपरान्त चलण विपरीत।
जल लेन साक्ष ठहरायो, सबही मनि यों ही भायो ॥८०
तो दूजो दरब मिलाई, लेनो नहिं योग्य कहांही।
ताको दूषण इह जानो, भोजन दूजा जिम छानो ॥८१
भोजन जिहि बिरियाँ कीजे, पानी तब उसन धरीजे।
वे प्रासुक पानी लीजे, नहीं शक्ति जानि तजि दीजे ॥८२
कुमति ढुंढ्यादिक पापी, जिन मत ते उलटी थापी।
हांडी को धोवण लेई, चावल धोवे जल लेई ॥८३
तिनको प्रासुक जल भाखे, ले जाय सांझ को राखे।
एक तो जल काचो जानी, अन्नादिक मिलि तसु आनी ॥८४
तामें घटिका दोय मांही, प्राणी निगोदिया थाही।
ताके अघको नहिं पार, मिथ्यामत भाव विकार ॥८५

**उक्तं च गाथा**—अन्न जलं किंचि ठिई, पच्चक्खाणं न भुंजए भिक्खू।
घड़ी दोय अंतरीया, णिगोइया हुंति बहु जीवा ॥८६

**दोहा**

जो पोसह विधि आदरे, ते सुख पावे धीर। प्रमाद सेवे ते मुगध, किम लहिहै भवतीर ॥८७

**इति प्रोषधोपवास त्रिविध वा सामान्य वर्णन सम्पूर्णं ॥**

●

अथ तृतीय भोगोपभोग शिक्षाव्रत कथन लिख्यते।

**चौपाई**

व्रत भोगोपभोग जे धरैं, दोय प्रकार आखड़ी करे।
जिम मरयाद मरण परयन्त, नियम सकति माफिक धरि सन्त ॥८८
अन्न पान आदिक तंबोल, अंजन तिलक कुंकुमा रोल।
अतर अरगका तेल फुलेल, ते सहु वस्तु भोग के खेल ॥८९
एक बार ह्वो आवे काम, बहुरि न दीसै ताको नाम।
ते सब भोग वस्तु जानिये, ग्रन्थ कथन लखि इम मानिये ॥९०
वस्त्र सकल पहिरन के जिते, निज घरमैं आभूषण तिते।
रथ वाहन डोली सुख पाल, वृषभकूंभ हय गय सुविसाल ॥९१
वनिता अरु सेज्या को साज, भाजन आदिक वस्तु समाज।
बार बार उपभोगवि जेह, सो उपभोग नहीं संदेह ॥९२
तिन दोन्यूं में शकति प्रमाण, जम वा नियम करे जो जान।
जनम पर्यन्त त्याग यम जानि, वरस मास पखि नियम बखानि ॥९३
दिन की पाँच घड़ी मरयाद, करे सदैव तजे परमाद।
किये प्रमाण महाफल सार, बिन संख्या फल नहीं लगार ॥९४

**दोहा**

सुनहु भोग उपभोग के, अतीचार प्रणतेह। इनहिं टालि व्रत पालि है, वरती श्रावक जेह ॥९५

**छन्द चाल**

मीले जु सचित जो आंही, भोगनि की वस्तु जु मांही।
उपभोग वसन भूषण में, कमलादि गहैं दूषण में ॥९६
एह अतीचार भणि एक, दूजो सुनि धरि सुविवेक।
भोजन पातरि परि आवे, अरु सचित थकी ढकि ल्यावै ॥९७
अथवा वस्त्रादिक जांनी, धरि ढकि अर आणै प्राणी।
वह दूजो दोष गणीजै, तीजो अब भवि सुणि लीजै ॥९८
जे सचित अचित बहु वस्त, मेलैं मिलि जाल समस्त।
जाको लेकै भोगीजै, इह अतीचार गणि लीजै ॥९९
मरयाद भोग उपभोग, कीनो जो वस्तु नियोग।
तिहतै जो लेय सिवाय, चौथो यह दूषण थाय ॥१००
कछु कोरो कछुयक सीजै, अथवा आस्या गह लीजै।
लघु भख लेई अधिकाई, अति दुपकारी असन पचाई ॥१०१
दुहु पक्व अहार सु जानी, पंचम अतीचार बखानी।
भोगोपभोग व्रत पारो, टालौ इनकौं हितधारी ॥१०२

**दोहा**

कथन भोग उपभोग कौ, कीयो यथावत सार।
आगैं अतिथि विभाग कौ, सुनियो भवि निरधार ॥१

इति भोगोपभोग शिक्षव्रत।

•

**अथ चतुर्थ शिक्षाव्रत अतिथि संविभाग कथन। चौपाई**

प्रथम आहार दान जानिये, दुतीय दान औषध मानिये।
तीजो शास्त्र दान हैं सही, अभय दान फुनि चौथो कही ॥२
लहै अहार थकी बहु भोग, औषध तैं तनु होय निरोग।
अभय थकी निरभय पद पाय, शास्त्र दान तैं ज्ञानी थाय ॥३
अब पातर कौ सुनहु विचार, जैसो जिन आगम विस्तार।
पात्र कुपात्र अपात्र हु जाण, दीजै जिम तिम करहु बखाण ॥४
पात्र प्रकार तीन जानिए, उत्तम मध्यम जघन्य मानिये।
मुनिवर श्रावक दरशन धार, कहै सुपात्र तीन विधि सार ॥५
तीन तीन तिहुँ भेद प्रमान, सुनहु विवेकी तास बखान।
उत्तम में उत्तम तीर्थेश, उत्तम में मध्यम है गणेश ॥६

मुनि सामान्य अवर हैं जिते, उत्तम मध्यम जघन्य है तिते।
मध्यम पात्र तीन परकार, तिह मांहे उत्तम मुनि सार ॥७
छुल्लक अहिलक दुहु ब्रह्मचार, अरु दसमी प्रतिमा व्रतधार।
मध्यम मांहि उत्तम जानि, मध्यम मांहि मध्यम कहूँ बखानि ॥८
सात आठ नव प्रतिमाधार, मध्यम में मध्यम पातर सार।
पहिली से षष्ठी पर्यन्त, मध्यम में पात्र जघन्य भणि सन्त ॥९
दरसनधारी जघन्य मझार, उत्तम क्षायिक समकित धार।
क्षयोपशमी मध्यम गनि लेहु, जघन्य उपशमी जानौ एहु ॥१०

**दोहा**

उत्तम पात्र सु तीन विधि, तिनहीं भेद नव जान।
पुनि कुपात्र तिहुँ भेद को, वरणन कहों बखान ॥११

**छन्द चाल**

गुन मूल अठाइस धार, चारित तेरह प्रकार।
मुनिवर पद को प्रतिपाल, तप करे कठिन दरहाल ॥१२
समकित शिव बीज न जाकौ, मिथ्यात उदै है ताको।
ऐसो कुपात्र त्रिक माहीं, उत्कृष्ट कुपात्र कहाहीं ॥१३
व्रत धर श्रावक है जेह, मध्यम कुपात्र भनि तेह।
गुरु देव शास्त्र मनि आनै, आपापर कबहुं न जानै ॥१४
बाहिज कहै मेरे ठाक, अन्तर गति सदा अलीक।
ते जघन्य कुपात्र सु जानों, सरधानी मन में आनो ॥१५

**दोहा**

कह्यो कुपात्र विशेष इह, जिन वायक परमान।
अब अपात्र के भेद तिहुं, सो सुनि लेहु सुजान ॥१६

**छन्द चाल**

अन्तर समकित नहिं जाके, बाहिर मुनि क्रिया नहिं ताके।
विपरीत रूप नहिं धारी, जिह्वादिक लंपट भारी ॥१७
उतकृष्ट अपात्र के लच्छन, परखे अति परम विचच्छन।
ऐसे ही मध्यम जानो, समकित बिनु व्रत मनि आनो ॥१८
तनु स्वेत बसन के धारी, मानै हम हैं ब्रह्मचारी।
दुजो अपात्र लखि योंहीं, सुनि जघन्य अपातर जों ही ॥१९
गृहपति सम वसन धराहीं, मिथ्या मारग चलवाहीं।
नर नारिन कों निज पाय, पाड़ै अति नवन कराय ॥२०
वचन आप चिरंजी भाखै, मन में निज गुरु पद राखै।
मिथ्यात महाघट व्यापी, ए जघन्य अपात्र जे पापी ॥२१

बाहिज अभ्यन्तर खोटे, नित पाप उपावे मोटे।
श्रुत देव विनय नहिं जानै, नव रसयुत ग्रन्थ बखानै ॥२२
रुलि है भवसागर माहीं, यामें कछु संशय नाहीं।
इनके बन्दक के जीव, दुरगति मंहि भ्रमहिं सदीव ॥२३

**दोहा**

पात्र कुपात्र अपात्र के, भेद भने सब पाँच। तिनकी साखा पंच दस, विहन कहे सब सांच ॥२४
अब इनको आहार जू श्रावक जिहि विधि देय। सो वर्णन संक्षेप तें, भवि चित धरि सुनि लेय ॥२५
दोष छियालिस टालिकै, श्रावक के घर मांहिं। बरतौ जनि पै जो असन, सुखकारी सक नाहिं ॥२६

**छन्द चाल**

दिनपति की घटिका सात, चढ़िया श्रावक हरषात।
द्वाराप्रेक्षण की वार, फासू जल निज कर धार ॥२७
मुनिवर आयो पड़िगाहै, अति भक्तिवन्त उरमाहै। दातार तने गुण सात, ता माहे हैं विख्यात ॥२८
पुनि नवधा भक्ति करेई, अति पुण्य महा संचेई।
निज जनम सफल करि जानै, बहुविधि मुनि स्तुति बखानै ॥२९
मुनिबर वन गमन कराई, पीछे अति ही सुखदायी।
भोजन शाला में जाई, जीमें श्रावक सुचि पाई ॥३०
जो द्वारापेक्षण माहीं, मुनिवर नहिं जोग मिलाई।
तो निज अलाभ करि जानै, चिन्ता मन में अति आनै ॥३१
हिय में ऐसी ठहराय, हम अशुभ उदै अधिकाय।
करिहै श्रावक उपवास, अथवा रसत्याग प्रकास ॥३२

**सोरठा।**

दान थकी फल होय, जो उत्कृष्ट सुपात्र को। सो सुनियो भवि लोय, अति सुखकारी है सदा ॥३३

**सवैया।**

तीर्थङ्कर देवन को प्रथम आहार देय, वह दानपति तद्भव मोक्ष जाय है,
पीछे दान देनहार दृग को धरैया सार, श्रावक सुव्रतधार ऐसो नर थाय है ॥
जो पै मोक्ष जाय तो तोमनै न कहाय, पहुँ निश्चय हूँ नाहिं देव लोक को सिधाय है।
पाय के अनेक रिद्धि नर सुर की, समृद्ध निकट सुभव्य निर्वाण पद पाय है ॥३४
उत्कृष्ट पात्रनिमें उत्कृष्ट तीर्थङ्कर, तिनि दान को तो फल प्रथम बखानियो।
अब उत्कृष्ट त्रिकमांहि रहै मध्य पुनि, जयनि मुनीस दानफल ऐसो जानियो ॥
दानी दृगव्रतधारी तिनही असन दिये, कलप वसे या सुर ह्वै है सही मानियों।
अवर विशेष कछु कहनो जरूर इह, तेऊ सुनो भव्य सुखदाई मनि आनियो ॥३५
प्रथम मिथ्यात भावमध्य बन्ध मानव के, परयो पीछें दृगपाय व्रत धारी भयो है।
पुनि मुनिराजनिको त्रिविधि सुविधिजत, दोष अन्तराय टालि असन सुदीयो है ॥
ताहि बंध सेती उत्कृष्ट भोग भूमि जाय, जुगल्या मनुज थाय पुण्य उदै कीयो है।
तहां आयु पूरी कर देवपद पाय अहो, मुनिन को दान देति ताको धनि जीयो है ॥३६

सुख उत्कृष्ट भोग भूमि के कछुक ओजों, कहूँ तीन पल्ल तहाँ आयु परमानिये।
कोमल सरल चित्त पाइये कलप निति, दस परकार नानाविधि भोग विधि दानिये॥
जुगल जनम थाय, मातापिता खिर जाय, छींक औ जमाहीं पाय ऐसी विधि मानिये।
निज अंगूठा को सुधारस पान करि, दिन इकीस मांझ तनु पूरनता ठानिये॥३७

**दोहा**

तीन दिवस बीते पेछै, लघु बदरी परिमाण। लेय अहार सुखी महा, अरु निहार नहिं जाण॥३७
उत्तम पात्र आहार को, दाता फल अति सार। पावै अचरज कछु नहीं, अब सुनियो निरधार॥३८
कृत कारित अनुमोदन, तीनहुं सम सुखदैन। कही भली ताकी कथा, कहों यथा जिन बैन॥३९

**छप्पय छन्द**

बज्रजंघ श्रीमती सर्प, सरवर कै ऊर्पार। चारण जुगल सुमुनिहि, भक्त जुत दियो असनि परि,
तहाँ सिंह अरु शूर, नकुल बानर चहुँ जीवहि। करि अनुमोदन बंध लियो, सुख युगल अतीवहि॥
सुरहोई भुगति नर सुर सुखहं पत्र वृषभ तीर्थेश के।
हुई धरि उग्र तप कौ भए सिवतिय पति नब बेस के॥४०
वज्रजंघ नृप आप अवर, श्रीमती त्रिया भनि,
भोग भूमि ह्वै जुगल, भुगति सुर सुखहि विविध नी।
पुनि दिववासी देव नरपति, रिधि भुगति सुखदायक,
दशमै भव नृप जीव तीर्थंकर बृषभ सुखदायक॥
श्रीमतीय जीव श्रेयांसहु, ऋषभनाथ को दान दिय।
दुहू पात्र दान पतित पवि मल करि, होय सिद्ध सुख अमित लिय॥४१

**दोहा**

कृत कारित अनुमोदि की, कही सुनी हित धारि।
अति विशेष इच्छा सुनन, महापुराण मझारि॥४२
इहाँ प्रसन कोऊ करै, मिथ्या दृष्टी लोय। बाहिज श्रावक पद क्रिया, कही यथावत होय॥४३
भाव लिंग मुनि तास घरि, जुगत आहारक नाहि।
सो मुझकूं समझाय कहु, जिम संशय मिटि जाहि॥४४
अथवा श्रावक दृग सहित, किरिया पात्रै सार। द्रव्य लिंग मुनिराज कौं, देय कै नहीं आहार॥४५

**छन्द चाल**

ताकै मेटन सन्देह, अब सुनिये कथन सु एह। जैसे सुनियो जिन बानी, तैसे मैं कहूँ बखानी॥४६
श्रावक की किरिया सार, मिथ्यात न छाडी लार।
चरिया दिरियां मुनि राई, आई जो लेइ घटाई॥४७
मुनि ज्ञानवान जो थोय, निरदोष आहार गहोय।
द्रव्य श्रावक को जानि, ताको नहि दूषन मानि॥४८
मुनि असन नियम नहिं एह, दृग व्रत धारिहि के लेह।
किरिया सुध जाकौ होई, तहाँ लेई आहार संक खोई॥४९
दरसन जुत श्रावक होई, द्रव्य मुनि आवे कोई।
जानै बिनु देय अहार, ताकौं नहीं दोष लगार॥५०

श्रावक जाने जो तेह, मिथ्यादृष्टी मुनि एह ।
जाकों मूल न पडिगाहो, समकित गुण तामैं नाहीं ॥५१
निज दरशन को भवि प्राणी, दूषण न लगावै जाणी ।
जिनके नित इह व्यापार, चालै निज वुद्धि विचार ॥५२
कोऊ बूझै फिर ऐसें, बिनु ज्ञान सरावग कैसें ।
मुनि केम परीक्षा जानी, यम हिरदै यान समानी ॥५३
ऊतर सुनि अब अति ठीक, यामैं कछु नांहि अलीक ।
प्रथमहि श्रावक गुण पालै, पातर लखि ले ततकालै ॥५४
अथवा ज्ञानी मुनि पास, सुनि है तिनको परकास ।
श्रावक श्रावक निज मांही, लखि पात्र कुपात्र बनाहीं ॥५५

छप्पय

अणागार उत्कृष्ट पात्र की जो विधि सारी । कही यथारथ ताहि धार चित में अति प्यारी ॥
सुन भवि अवधारि करहु अनुमोदन जाको । निश्चय तसु श्रद्धान किये सुरपद है ताको ॥
अब मध्य जघन्य दुहु पात्र को, कहो दान अरु फल यथा ।
जिन आगम मध्य कह्यो, तिसो सुनो भवि इह कथा ॥५६

चौपाई

मध्यम पात्र सरावग जान, व्योरो पूरव कह्यो बखान ।
इनमें भेद कहे हैं तीन, उत्तम मध्यम जघन्य प्रवीन ॥५७
श्रावक मध्यम पात्र मझार, भेद एकादश सुनहु बिचार ।
जाहि यथा विधि जोग अहार, त्यों श्रावक देहैं सुखकार ॥५८
इनको दान तणो फल जान, मध्यम भोग भूमि सुख खान ।
जनमत मात पिता मरि जांय, जुगल्या छींक जंभाही पाय ॥५९
तनु निज अमृत अंगुठा थकी, तीस पांच दिन पूरण वकी ।
उचित कोस दु दुदिन जाय, करै आहार निहार न थाय ॥६०
कल्पवृक्ष दशविधि के जास, नाना विधि दे भोग विलास ।
दुयपल आयु भुंजि सुर होय, मध्य पात्र फल जानो लोय ॥६१
अरु इह कथन महा सुख कार, ग्यारा प्रतिमा में निरधार ।
आगे कहिये प्रथम सुजान, पुनरुक्त को दोष बखान ॥६२

दोहा

मध्य पात्र आहार फल, कह्यो यथावत् सार ।
अब जघन्य की पात्र विधि सुनहु दान फल कार ॥६३
क्षायिक क्षय-उपशम तृतिय, उपशम तीन प्रकार ।
इनही गृही आहार दे, यथा योग्य सुखकार ॥६४

चौपाई

जघन्य पात्र के दाता जान, जघन्य युगलिया होत प्रमाण ।
छींक जंभाई ते पितु माय, मरै आप पूरण तनु पाय ॥६५

दिन गुण चासे कोस प्रमाण, आयु पल्य इक भुगते जाण।
एक दिवस बीतें आहार, लेई बहेड़ा सम न निहार ॥६६
कल्पवृक्ष दश विधि सुखकार, नाना विधि दे भोग अपार।
पूरण आयु करिवि सुर थाय, नाना सुख भुगतें अधिकाय ॥६७

**दोहा**

जघन्य सुपात्र आहार फल, कह्यो जेम जिन वानि।
अबैं कुपात्र आहार फल, सुन लो भवि निज कान ॥६८

**चौपाई**

द्रव्य मुनि श्रावक हू एह, विनु समकित किरिया हूँ तजेह।
बाहर समकित कीसी रीत, दरशन बिनु सरधा विपरीत ॥६९
इन तीनहुं कुपात्र को दान, देहि तास फल सुनहु सुजान।
जाय कुभोग भूमि के माहि, उपजैं मनुष्य हीन अधिकाहि ॥७०
अवर सकल मानव की देह, मुख तिरयंच समान है जेह।
हाथी घोड़ा, बैल वराह, कपि गर्दभ कूकर मृग आह ॥७१
लंब करण अरु इक टंगीया, उपजें युगल बराबर भिया।
एक पल्य आयुर्बल पूर, माटी मीठा तृण अंकूर ॥७२
तिनहि खाहि निज उदर भरेय, अहै नगन ही मन्दिर केह।
मरि विन्तर भावन जोतिसी, हो भुगतै सुख सुरावधि जिसी ॥७३

**दोहा**

अब अपात्र के दान ते, जैसो फल लह्वाय। तैसो कछु वरनन करूं, सुनहु चतुर मन लाय ॥७४
जो अपात्र को चिह्न हैं, पूरब कह्यो बनाय। दोष लगै पुनरुक्त को, याते अब न कहाय ॥७५

**सोरठा**

जो अपात्र को दान, मूढ़ भक्ति कर देय हैं। सो अतीव अघ थान, भव भ्रमि हैं संसार में ॥७६

**छन्द चाल**

जैसे ऊखर में नाज, बाहै बिन उपज न काज।
मिहनत सब जावै यों ही, कण नाज न उपजै क्योंही ॥७७
तिम भूमि अपातर खोटी, पावे विपदादिक मोटी।
दुरगति दुख कारण जाणी, तिन दान न कबहुं ठानी ॥७८
धेनु ने तृण चरवावै, तामें तो दूधहि पावै।
अति मिष्ठ पुष्ठ कर भारी, बहुते जिय को सुखकारी ॥७९
तिम पात्रहि दान जो दीजे, ताको फल मोटो लीजे।
सुरगति में संशय नाहीं, अनुक्रम शिवथान तहांहीं ॥८०
सरपहि जो दूध पियावे, तापे तो विष को खावे।
सो हरे प्राण तत्काल, परगट जानो इह चाल ॥८१

जिम दान अपात्रहिं देई, वह भवते नरक लहेहि।
फिरि भव में पंच प्रकार, प्रावर्त्तन करे अपार ॥८२
लखि एक जाति गुण न्यारे, तांबो दुय भांति करारे।
इकलो गोलो बनवावै, दूजे पातर घडवावै ॥८३
गोलो डालै जल मांही, तत्काल रसातल जाही।
पातर जलतर है पारे, औरन को पार उतारे ॥८४
तिम भोजन तो इकसाहीं, निपजै गृहस्थ घर माहीं।
दीजे अपात्र को जेह, ताते नरकादि पडेह ॥८५
वह उत्तम पात्रहिं दीजे, सरधा रुचि भक्ति करीजे।
इह भवते ह्वै दिववासी अनुक्रम तें शिवगति पासी ॥८६
इक वाय नीर चलवाई, नींम रु सांठा सिंचवाई।
सो नींम कटुकता थाई, सांठा रस मधुर गहाई ॥८७
तिम दान अपात्र जो केरो, दुखदाई नरक वसेरो।
भोजन उत्तम पातरको, दीपक सुर शिवगति घर को ॥८८
इह पात्र अपात्रहिं दान. भाष्यो दुहूवांनि को मान।
सुखदायक ताहि गहीजे, बुध जन अब ढील न कीजे ॥८९
दुख दायक जाण अपार, तत खिण तजिये निरधार।
फल पात्र अपात्तर ठीक, इनमें कछु नाहि अलीक ॥९०
जो धन घर में बहु तेरो, खरचन को मन है तेरो।
तो अंध कूप के मांही, नाखै नहिं दोष लहाहीं ॥९१
दीयो अपात्र को सोई, भव भव दुखदायक होई।
सरपहिं पकड़ै नर कोई, कांटे ताको अहि ओई ॥९२
इक बार तजे वहि प्राण, वाको दुख फेर न जाण।
अरु भक्ति अपातर केरी, तातें फिर है भव फेरी ॥९३
यातें अहि गहिवो नीको, खोटे गुरुतें दुख जीको।
तातें खोटे परहरिये, नित सुगुरु भक्ति उर धरिये ॥९४

**अडिल्ल छन्द**

जो पात्तर के तांई दान दे मानते, अरु अपात्र को कबहुं न दे निज जानते।
पात्र दान फल सुरग क्रमाहिं शिवपद लहै, भोजन दिये अपात्र नरक दुख अति सहै ॥९५
दया आन मन आन दुखित जन देखिके, रोग ग्रसित तन जानि सकति न विशेषके।
मन में करुणा भाव विशेष अनाइके, यथा योग जिह चाहे सुदेह बनाके ॥९६

**फल वर्णन । चौपाई**

लहै सम्पदा भूपति तणी। नाना भोग कहां लों भणी।
उत्तम जाति लहे कुल सार, इह फल पातर दान अहार ॥९७
अति नीरोग होय तन जास, हरै और को व्याधि प्रकास।
अति सरूपता औषध जान, दियो पात्रको तस फल जान ॥९८

दीरघ आयु लहै सो सदा, जगत मान तिहको शुभ मदा।
सुर नर सुख की कितियक बात, अभय थकी तद्भव शिव पात ॥९९
शास्त्रदान देवातैं सही, भवि अनक्रमते केवल लही।
समवशरण विभवो अविकार, पावै तीर्थंकर पद सार ॥६००
दया दान ते कीरति लहै, सगरे भले भले यों कहै।
निज भावां माफिक गति थाय, दान दियो अहलो नहिं जाय ॥१

**दोहा**

पात्र कुपात्र अपात्र को, पूरो भयो विशेष। अबै अन्य मत दान दस, कहो कथन अवशेष ॥२

**सवैया**

गऊ हेम गज गेह वाजि भूमि तिल जेह, क्रिया दासी रथ इह दस दान थाय है।
इनको कथन करै याहि सठ जानि लेह, दान को दिवाय नरकादिक लहाय है।
हिंसादिक कारण अनेक पापरूप जाणि, अवर लिवैया दुरगति को सिधाय है।
अति ही कलंक निंद्यधाम पुण्य को न लेस, मतिमान लेन देन दुह को तजाय है ॥३

**दोहा**

दसौं दान अनमति तणा, जैनी जन जो देह। अघ हिंसादि बढ़ायकै, कुगति तणा फल लेह ॥४

इति चतुर्थ शिक्षाव्रत अतिथि संविभाग कथन सम्पूर्ण।

**अथ आहार दान के दोष का ब्योरा। छन्द चाल**

निपज्यो गृहमध्य आहार, तिह लेय सचित परिहार।
अथवा सचित मिल जाई, इह अतीचार कहवाई ॥५
प्राशुक धरियो जो दर्वं, ढांके सचित्तसों सर्व।
दूजो गनिये अतीचार, याह कूं बुधजन टार ॥६
आपण नहिं देय अहार, औरन को कहै एम विचार।
ये हैं आहार दो भाई, तीजो दूषण इह थाई ॥७
मुनिको कोई देई आहार, चित में ईर्षा इह धार।
हम ऊपर ह्वै क्यों देई, चौथो इह दोष गनेई ॥८
द्वारापेषण के कालै, गृह काज करत तहां हालै।
लंघि गए गेह में आवे, पंचम अतीचार कहावे ॥९

**दोहा**

इह अतिथि-संविभाग के, अतीचार भनि पांच। इनहि टाल भविजन सदा, जिनवच भाषे सांच ॥१०
व्रत द्वादश पूरण भये, पांच अणुव्रत सार। तीन गुणव्रत सार पुनि, शिक्षाव्रत निराधार ॥११
जैसी मति अवकाश मुझ, कियो ग्रन्थ अनुसार।
किसनसिंह कहि अब सुनो कथन विधि परकार ॥१२

इति अतिथि संविभाग सम्पूर्ण।

**अथ सतरा नेमोंका ब्योरा। दोहा**

जे श्रावक आचार जुत, नित प्रतिपालै नेम। मरयादा दस सात तसु, मन वच क्रम धर प्रेम ॥१३

**श्लोक**

भोजने षट्रसे पाने कुंकुमादि विलेपने, पुष्पताम्बूलगीतेषु नृत्यादौ ब्रह्मचर्यके ॥१४
स्नानभूषणवस्त्रादौ वाहने शयनासने, सचित्तवस्तुसंख्यादौ प्रमाणं भज प्रत्यहम् ॥१५

**चौपाई**

भोजन की मरयादा गहै, राखे जेती बारहिं लहै।
पर के घर को जीमण जोई, प्रात समय में राख्यो होई ॥१६
अन्न अवर मीठादिक वस्तु भोजन माहे जान समस्त।
असन चबीनी अर पकवान, गिनती माफिक खाय सुजान ॥१७
षट्रस में जो राखे तजै, तिहि अनुसार सुनिति प्रति सजै।
पानी सर वत दूध रु मही, दरब जिते पीने के सही ॥१८
ता मधि बुध राखे जे दर्व, ता बिनु सकल त्यागिये भव्य।
चोवा चन्दन कुंकुम तेल, मुख धोबो रु अरगजा मेल ॥१९
औषध आदि लेप है जेह, संख्या राख भोगिए तेह।
पुष्प गंध सूंघिये तेह, जाप समै जे राखे जेह ॥२०
कर मुकती जो फल हेतनी, सचित्त मध्य तेऊ राखनी।
सचित्त मांहि राखी नहिं जाय, जिह दिन मूल न करहिं गहाय ॥२१
पान सुपारी डोडा गही, लौंगादिक मुख सोध जु कही।
दाल चीनी जावंत्री जान, जाती फल तंबोल बखान ॥२२
पान आदि सचित्त जु थाय, सचित्त मांहि राखे तो खाय।
सचित्त माहि राखत बीसरै, तो वह दिन खानी नहि परै ॥२३
गीत नाद कोतूहल जहां, जैवो राख्यौ जैहै तहां।
मरयादा न उलंघै कदा, जो उपसर्ग आय ह्वै जदा ॥२४
एक भेद यामे है और, आप आपनी बैठे ठोर।
गावत गीत तिया नीकलीं, सुनकर हरष्यौ चित्त धर रली ॥२५
तामें दोष लगै अधिकाय, मध्यस्थ भाव रहै तिहिं ठाय।
पातर नृत्य अखारे मांहि, नटवा नट जिहिं नृत्य करांहि ॥२६
वादीगर विद्या जे वीर, मुकति राखे जावै धीर।
परवनिता को तो परिहार, निज नियमे जिम कर निरधार ॥२७
पाँचो परबी में तो सोह, अवर दिवस जैसी चित गोह।
तजै सरवथा तो परहरै, राखै अंगीकार सु करै ॥२८
सेवत विषय जीव की घात, उपजै पाप महा उतपात।
जिह जागै राखै मरयाद, सो निर वाहै तजि परमाद ॥२९
स्नान करण राखै तो करै, सोह थकी कबहूँ नहिं टरै।
आभूषण पहिरे है जिते, धर में और धरे हों तिते ॥३०
पहरन की इच्छा जो होई, सो पहरै सिवाय नहिं कोई।
भूषण अन्य तने की रीत, राखै मांग पहर कर प्रीति ॥३१

कपडे अगले पहरे होई, वे ही मुखते राखे सोई।
अथवा नये ऊजरे होई, राखे सो पहरे मन दोई ॥३२
सुसुरादिक मित्रन के दिये, नृप आदिक जे वकसीस किये।
मुकते राखे ह्वे सो गहै, निज मरयादा को निर वहै ॥३३
पहरण पांवतणी पाहणो, तेलमस्तुनि माहे गणी।
नई पुराणो निज परतणी, राखे सो पहरै इम भणी ॥३४
इत्यादिक वाहन जे होई, जो असवारी मुकती जोई।
काम परै चढ़ि है तिह परी, और न काम नेम जो धरी ॥३५
सोवे को पलंग जो जान, सोड तुलाई तकियो मान।
जेतो सयन करन को साज, व्रत धर संख्या धर सिरताज ॥३६
खाट पराई इक दुय चार, काम पड़े बैठे सुविचार।
विनु राखे बैठे सो महो, यह जिन आगम सांचो कही ॥३७
गादी गाऊ तकियो जाण, चौको चौकी माटी आण।
सिंहासन आदिक हैं जिते, आसन माँहि कहावें तिते ॥३८
गिलम दुलीचा सतरंजणी, जाजम सादी रुई तणी।
इनहि आदि विछोणा होय, आसन में गिन लीजे सोय ॥३९
निज घर के अधवारे ठाम, मुकते राखे जे जे धाम।
तिनपर बैठे बाकी त्याग, जाको व्रत ऊपर अनुराग ॥४०
सचित्त वस्तु की संख्या जान, धान बीज फल फूल बखान।
पाणी पात्र आदि लख जेह, मिरच सोपारी डोंढ़ा एह ॥४१
सारे फल सगरे हैं जिते, सचित्त माँहि भाखे हैं तिते।
मरजादा मुकती जे मांहि, बाको सबको भेंटै नाहिं ॥४२
संख्या वस्तु तणी जे धरे, सकल दरब को गिणती करे।
खिचड़ी लाडू खाठो खीर, औषध रस चूरण गिन धीर ॥४३
बहुत दरब मिल जो निपजेह, गिणती माहि एक गणि लेह।
राखे दरब जिते उनमान, सांझ लग गिणि ले बुधिमान ॥४४
सांझ करै सामायिक जबै, सतरह नेम संभारै तबै।
अतीचार लागै जो कोय, शक्ति प्रमाण दंड ले सोय ॥४५
बहुरि आखड़ी जे निशि जोग, धार निवाह करै भवि लोग।
इह विधि नित्य नियम मरयाद, पालै धरि भवि चित्त अहलाद ॥४६
महा पुण्यको कारण सही, इह भवते शुभ सुरगति लही।
अनुक्रम तें ह्वै है निरवाण, बुध जन-मन संशय नहिं आण ॥४७

**दोहा**

नित्य नेम सत्रह तणो, कथन कियो सुखदाय।
अन्तराय श्रावक तणा, अब भवि सुनि मन लाय ॥४८

इति सत्रह नेम सम्पूर्ण।

**अथ सात अन्तरायका कथन । चौपाई**

जिनमत अन्तराय जे सात, श्रावकका भाषा विख्यात ।
रुधिर देखिवो नाम सुनेइ, तब बुध जन आहार तजेइ ॥४९
मांस नजर देख सुन नाम, भोजन तजै विवेकी राम ।
नैनन देखे आलो चर्म, असन तजे उपजै बहु धर्म ॥५०
हाड राध अरु मूवो जीव, नजर निहार श्रवण सुन लीव ।
ततक्षिण अन्न छांडि सो देइ, अन्तराय पालक जन जेइ ॥५१

**दोहा**

सोह करे जिह वस्तुकों, प्रथमहि सों फिर कोइ । सो ले थालीमें धरे, अन्तराय जो होय ॥५२
श्लोक एकमें सात ए, कह्यो सवनको भेव । तिह सिवाय भासे अवर, सो व्योरो सुनि लेव ॥५३
चंडालादिक नर जिते, हीन करम करम करतार ।
तिनहि लखित वचनहि सुनत, अन्तराय निरधार ॥५४
मल देखत पुनि नाम सुनि, असन तुरत तजि देह ।
सो व्रतधारी श्रावक सही, अन्य दुष्टता गेह ॥५५
जिन प्रतिमा अरु गुरुनकों, कष्ट उपद्रव थाय ।
सुनि श्रावक जन असन तज, उपवासादि कराय ॥५६
पुस्तकादि जल अगनिको, उपसर्ग हूवो जान ।
भोजन तज पुनि करयि भवि, उपवासादि वखान ॥५७
नित प्रति श्रावक कों कहै, अन्तराय तहकीक ।
पालें वे शुभ गति लहैं, यह जिन मारग ठीक ॥५८
इति अन्तराय समाप्त ।

**अथ सात प्रकार मौन । दोहा**

मौन जिनागम में कहो, सात प्रकार बखान ।
तिनको वरनन भविक जन, सुन मन वच क्रम ठान ॥५९

**चौपाई**

प्रथम मौन जल स्नान करन्त, दूजी पूजा श्री अरहन्त ।
भोजन करता बोले नहीं, चौथी सतवन पढ़ते कहीं ॥६०
सेवत काम मौन को गहै, यही वचन जिन आगम कहै ।
मल मूत्रहि क्षेपं जिहि वार, ए लखि सात मौन निरधार ॥६१

**अडिल्ल छन्द**

द्वादशांग मय अंक सकल जानो सदा, असन स्थान मल मूत्र अवर तिय संग सदा ।
वरण उचार करण न भाष्यो जेन में, यातें गहिये मौन सप्त विरियां समैं ॥६२

**चौपाई**

मौन वरतके धारक जोव, चेष्टा इतनो न करि सदीव ।
भौंह चढ़ाइ नेत्र टिमकारि, करे जु सैन्या काम विचारि ॥६३

सीस हिलाय करै हुंकार, खांसै खखारै अधिकार।
कर अंगुलते सैंन बताय, अथवा अंकोंमें लिखवाय ॥६४
इतनी किरिया करि है सोय, मौन वरतु तसु मेलो होय।
अर जो सैन समस्या करी, मतलब सम जैनहि तिहि धरी ॥६५
मन में अकुलाय रहै क्रोध, क्रोध थकी नासै शुभ बोध।
यातैं जे भवि जन मतिमान, मौन धरो आगम परवान ॥६६
अरु तिह समय करै सुभाव, तातै कहै पुण्य बढ़ाव।
पुण्य थकी लहि है सुरथान, यामैं कछु संसै नहीं आन ॥६७

अन्तराय सम्पूर्ण।

## अथ संन्यास मरण की विधि। सवैया

दृगधारी श्रावक व्रत पालै पीछे ही, संन्यास सहित अन्तकाल तजै निज प्राण ही।
संन्यास प्रकार दोइ ए कहै कषाय नाम, दुतिय आहार त्याग प्रगट बखान ही॥
आराधना च्यारि, भावै दरसन प्रथम दूजो, ज्ञान तीजो चरण विशेष तप जान ही।
जैसी विधि कषाय संन्यासको विचार जैसे, कहूँ भव्य सुनि मनमांहि ठीक आनही ॥६८

### दोहा

सकल स्वजन पर जनानतें, मन वच काय विशुद्ध।
शल्य त्यागि किय है क्षमा, करि परिणाम विशुद्ध ॥६९
अंत नजीक निज मरन लखि, अनुक्रम तजिय अहार।
पाछें अनसन लेय के, नियम असन बहुकार ॥७०
चार आराधन कौं तबै, आराधै भवि सार। दर्शन ज्ञान चारित्र पुनि, तप द्वादश विधि सार ॥७१
देव शास्त्र गुरु ठीकता, तत्त्वारथ सरधान।
निःशंकादि गुण जो सहित, लखि दर्शन मति मान ॥७२

### सवैया। ३१

धरम में संका नांहि निसंकित नाम ताहि वांछातैं रहित निकांक्षित गुण जानियै।
ग्लान त्याग निरविचिकित्स देव गुरु श्रुत मूढता तजै यासौं अमोढ्यवान मानियै॥
परदोष ढांके उपगूहन धरैया सोई भ्रष्टकों स्थापै स्थिति करण बखानियै।
मुनि गृही धर्म को जु कष्ट टारै वात्सल्य है मारग प्रभावना प्रभावत प्रमानियै ॥७३

संन्यास मरण संपूर्ण।

## अथ अष्ट प्रकार ज्ञान की आराधना। दोहा

आठ प्रकार सुज्ञान को, आराधै मति मान। तस बरणन संक्षेपते, कहै ग्रन्थ परमान ॥७४
प्रगट वरण लघु दीर्घ जुत, करि विशुद्ध उपचार। पाठ करे सिद्धान्त को, व्यंजन ऊर्जित सार ॥७५
आगम अरथ सुजाणि कैं, सुद्ध उचार करेहि। अरथ समस्त संदेह विनु, जो सिद्धान्त पढ़ेहि ॥७६
अर्थ समग्र सुनाम तसु, जानि लेहु निरधार। शब्दार्थोभय पूरण को, आगे सुनहु विचार ॥७७
व्याकरणादि अरथकों, लखिवि नाम अभिधान। अंग पूर्व श्रुत सकल को, करे पाठ जे जान ॥७८

पूर्वाह्निक मध्याह्न पुनि, अपराह्निक तिहुं काल ।
बिनु आगम पढ़िये नहीं, कालाध्ययन विसाल ।।७९

सरस गरिष्ठ अहार को, तज करि आगम पाठ । गुण उपधान समृद्ध इह, महा पुण्य को पाठ ।।८०

प्रथम पूज्य श्रुत भक्ति युत, पढ़ि है आगम सार ।
सुखकर जानो नाम तसु, प्रगट विनय आचार ।।८१

गुरु पाठक श्रुत भक्ति युत, पठत बिना संदेह । गुर्वोचित पल्लव प्रगट सत्यनाम सुसंदेह ।।८२

पूजा आसन मान बहु, चित धरि भक्ति प्रसिद्ध ।
श्रुत अभ्यास सुकीजिये, सो बहु मान समृद्ध ।।८३

इति अष्ट प्रकार ज्ञान को आराधन संपूर्ण ।

**अथ पंच महाव्रत तीन गुप्त पाँच सुमिति ये तेरह विध चारित्र का वर्णन । अडिल्ल**

वरत अहिंसा अनृत अचौर्य तीसरो, ब्रह्मचर्य व्रत पंचम आकिंचन खरी ।
मन वच तन तिहुं गुपति पंच सुमिति जु सही, ए साधन आराधन तेरा विधि कही ।।८४
अनसन आमोदर्य वस्तु संख्या गनी, रस परित्यागी रु विविक्त शय्यासन भनी ।
काय क्लेश मिलि छह तप बाहिज के भये, षट् प्रकार अभ्यन्तर आगम वरणये ।।८५
प्रायश्चित्त अरु विनय वैयावृत जानिये, स्वाध्याय रु व्युत्सर्ग ध्यान परमाणिये ।
मिलि बाहिज अभ्यन्तर बारा विधि लिखी, तप आराधन एह जिनागम में अखी ।।८६

**दोहा**

दरसन ज्ञान चारित्र तप, आराधन व्यवहार । अंति समय भावे व्रती, सुर-सुख शिव-दातार ।।८७

इति तप १२ चारित्र १३ संपूर्ण ।। व्यवहार आराधना संपूर्ण ।।

**निश्चय आराधना लिख्यते । दोहा**

अब निश्चय आराधना, वरणौ चार प्रकार । आराधक शिव पद लहै, यामें फेर न सार ।।८८

**सवैया ।। ३१**

आतम के ज्ञान करि अष्ट महागुण धर, दरशन ज्ञान सुख वीरज अनन्त हैं ।
निश्चय नयेन आठ करमनि सो विमुक्त ऐसो आत्मा को जानि कहिये महंत है ।।
ताहि सुधी चेन उर्धरि श्रद्धा रुचि परतीत चित अचल करत जे वे सन्त हैं ।
निश्चय आराधना कही है दरशन याहि भावै अन्त समय सुकेवल लहंत है ।।८९
निज भेद ज्ञान करि शुद्धातम तत्त्वनिकों चेतन अचेतन स्वकीय परमाणी है ।
सप्त तत्त्व नव पदारथ षट् द्रव्य पंचासति काय उत्तर प्रकृति मूल जानी है ।।
इनको विचार बारबार चित अवधार ज्ञानवान सुध चेतना को उरि आनि है ।
संन्यास समये अन्तकाल-ऐसे भाई एतो निश्चय आराधना सुबोध यों बखान है ।।९०
पुन: प्रथमहि अठाईस मूलगुण धार पंच प्रकार निरग्रन्थ गुण हिय धारिये ।
सताईस पंच इन्द्रिन के विषयोंको त्याग बाहिज अभ्यन्तर परिग्रहको टारिये ।।
संकल्प विकल्प मनते सकल तजि आत्मीक ध्यानते शुद्धात्मा यों धारिये ।
पर करमादि सेती जुदो यासो कर्म जुदो निश्चय चारित्र यों आराधना विचारिये ९१

अडिल्ल

जो कोऊ नर मन में इच्छा धरतु है, फिरि परिणाम संकोच निरोधहि करतु है।
सो आराधन निश्चय नय परमानिये, तप इच्छादि निरोध यही मन आनियो ॥९२

दोहा

निश्चय चहुं आराधना, ग्रन्थ प्रमाण बखान। किसनसिंह धरिहैं सुधी, सो शिव लहैं निदान ॥९३
ए चहुं विधि आराधना, धरै कौन प्रस्ताव।
सो भविजन सुन लीजिए, मन वच बुध करि भाव ॥९४

अडिल्ल छन्द

जो कोऊ उपसर्ग मरण सम आया है, कै दुरभिक्ष पड़े कछु कारण पाय हैं।
जरा अधिक बल जर-जर सकि न सहै तबै, कै तनु रोष अपार मृत्यु सम दुख जबै ॥९५
इतने जोग मिलाय उपाय न कछु बहै, मरण निकट निज जानि विचारै मन तहै।
ध्याय आराधन धर्म निमित तिनकों तजै, सो नर परम सुजान स्वर्ग शिव सुख भजै ॥९६

आराधना के अतीचार। छंद चाल

संलेषण की जो धारे, जीवन की आसा धारे।
लोगनि के मुख अधिकाई, निज महिमा लखि हरषाई ॥९७
निजकों लखि दुख अर लोक, करिहै न प्रतिष्ठा थोक।
महिमा कछु सुनय न कानि, मरसी जब ही मन आनि ॥९८
मित्रनि सों करि अति नेह, पूरव क्रीडा की जेह।
करि यादि मित्र जुत रागे, अतिचार तृतीय सु लागे ॥९९
भुगत्या सुख इह भवमाहीं, निज मन ही याद कराही।
चौथो अतीचार सुजानी, पंचम सुनियें भवि प्रानी ॥७००
संलेषण धारि जान, मन में इम करिय निदान।
हूं इंद्र तणो पद पाऊं, मस्तक किनहीं न नवाऊं ॥१
चक्रवर्ती संपदा जेती, त्रिय सुत जुत ह्वै मुझ तेती।
ऐसो जो करिय निदान, तप सुरतरु देहौ दान ॥२
संलेषण पण अतिचार, भाष्या इनको निरधार।
ए टालि संलेषण कीजें, ताको फल सुर शिव लीजें ॥३

सवैया। ३१

अनसन तप नाम उपवास काजे जाको आमोदर्य तप लघु भोजन लहीजिए।
वस्तु परिसंख्या जे ते द्रव्यनि की संख्या कीजे रस परित्याग तेरस छांडि दीजिए ॥
विविक्त शय्यासन वस धारि भवि मुनि काय क्लेश उग्रतप मन को गहीजिए।
एई षट्तप कहे बाहिज के आगम में सुर शिव सुख दाई भवि वेग कीजिए ॥४
प्रायश्चित्त वहे दोष गुरु परकास तत्र विनय तप गुण वृद्धि को जावनो कीजिए।
वैयावृत्त तप गुण धारी वैय्यावृत्त कीजे स्वाध्याय जिनागम त्रिकाल में पढ़ीजिये।

व्युत्सर्ग सदा होय ध्यान धरिवे को नाम ध्यान निज आतमीक गुण निरखीजिये।
बाहिज अभ्यन्तर के तप भेद जानि पालि अनुक्रमनि यातैं गुणथानक चढ़ीजये ॥५

दोहा

द्वादश तप वरनन कियो, जिनवर भाष्यो जेम। कछु विशेष सम भावको, कहूं यथा मति तेम ॥६

इति द्वादश तपः।

●

अथ सम भाव कथन। सवैया

अनंतानुबंधी क्रोध पाषाण की रेखा सम, मान थंभ पाहन समान दुख दाय है।
बंस विडावत माया, लोभ-लाख रंग जांनि, इनके उदैतैं जीव नरक लहाय है।
जब लग अनंतानुबंधी चौकड़ीकों धरै जनम पर्यंत जाको संग न तजाय है।
याके जोर सेती जीव दर्शन सुधताकौ लहै नांही ऐसें जिनराज जी बताय है ॥७
क्रोध जो अप्रत्याख्यान हल रेखावत जानि मान अस्थिथंभ मांनि दुष्टता गहाय है,
माया अजा शृंग जानि लोभ है मजीठ रंग इनके उदैतें जीव तिरयंच थाय है।
जब ही अप्रत्याख्यान चौकड़ी को उदै होय जाके एक बरस लौं थिरता रहाय है,
तो लो याको वल जोलों श्रावक के व्रतनिकों धर सके नांहि जिनराज जी बताय है ॥८
प्रत्याख्यान क्रोध धूलि रेखा परमान कह्यो, मान काठ थंभ माया गोमूत्र समान है,
लोभ कसुम्भको रंग ए ई चार यौ प्रत्याख्यान, इनके उदैतें पावै मनुज पद थान है।
प्रत्याख्यान कषाय प्रगट उदै होत संतै च्यारि मास परजंत रहै जानो जान है,
याही को विपाक सों न सकति प्रकट होत मुनि राज व्रत धरि सके न प्रमान है ॥९
संज्वलन क्रोध जल रेखावत कह्यौ जिन, मान बेतलता किसौ नवनि प्रधान है,
माया है चमर जैसी लोभ हरदी को रंग इनके उदैते पावै सुरग विमान है।
चौथाहू कषाय चौकरी को उदै पाय ताकै च्यार पख तांऊ जाके प्रबल महान है,
यथाख्यात चारित्र कों धरि सकै नाहि मुनि तीर्थंकर गोत्रहू जो बांधे यौं बखान है ॥१०

चौपाई

सोलह कषाय चोकरी च्यार, नौ कषाय नव नाम विचार।
हासि अरति रति सोक बखान, भय जुगुप्सा ए षट् जान ॥११
वनिता पुरुष नपुंसक वेद, ए नव मिले पचीस जु भेद।
इनको उपसम करिहै जबै, समकित हिये सुभ किरिया तबै ॥१२

इति समभाव संपूर्ण।

●

अथ एकादश प्रतिमा वर्णन लिख्यते। चौपाई

अब एकादश प्रतिमा सार, जुदो जुदो तिनको निरधार।
सो भाष्यौ आगम परवान, सुनि चित धारो मरम सुजान ॥१३

दर्शन व्रत सामयिक कही, पोसह सचित्त त्याग विध गही।
रयनि-असन त्यागी ब्रह्मचार, अष्टम आरंभ को परिहार ॥१४
नवमी परिग्रह को परिमान, दशमी आद्य उपदेश न दान।
एकादशमी दोय परकार, क्षुल्लक दुतिय ऐलक व्रत धार ॥१५
श्रेणिक पूछे गौतम तणी, दरसन प्रतिमा की विधि भणी।
गौतम भाष्यो श्रेणिक भूप, दरशन प्रतिमा आदि सरूप ॥१६
एकादश की जो विध सार, जुदी जुदी कहिहों निरधार।
याहै सुनि करि धरि है जोय, श्रावक व्रत धारी है सोय ॥१७
प्रथमहि दरशन प्रतिमा सुनो, त्यों निज आतम सहजैं मुनो।
दरशन मोक्ष बीज है सही, इह विधि जिन आगम में कही ॥१८
दरशन सहित मूल गुण धरे, सात विसन मन वचन परिहरे।
दरशन प्रतिमा को सुविचार, कछु इक कहौं सुनो सुखकार ॥१९
देव न मानै बिनु अरहन्त, दस विधि धर्म दयाजुत सन्त।
तपधर मानै गुरु निर्ग्रन्थ, प्रथम सुद्ध यह दरशन पंथ ॥२०
संवेगादिक गुण जुत सोय, ताकी महिमा कहि है कोय।
धरम धरम के फल को लखै, सो संवेग जिनागम अखै ॥२१
जो वैराग भाव निरवेद, गरहा निन्दा के दुइ भेद।
निज चित्त निंदे निंदा सोय, गरहा गुरुठिग जा आलोय ॥२२
उपसम जे समता परिणाम, भक्ति पंच गुरु करिए नाम।
धरम रु धरमी सो अतिनेह, सो वाछल्ल महा गुण गेह ॥२३
अनुकंपा नित ही चित रहै, ए वसु गुण जो समकित गहै।
दरशन दोष लगै पणवीस, सुनिये जो कहिया गणईश ॥२४
तीन मूढ़ता मद वसु जान, अर अनायतन षट्विधि ठान।
आठ दोष शंकादिक कही, दोष इते तजि दरशन गही ॥२५
भो श्रेणिक सुन इस संसार, जीव अनंत अनंती बार।
सीस मुडाय कुतप बहु कीयो, केस लोंच अरु मुनि पद लीयो ॥२६
कीये अनन्तकाल बहु खेद, आतम तत्त्व न जानेउ भेद।
जब लो दरशन प्रतिमा तणी, प्रापति भई न जिनवर भणी ॥२७
तातै फिरियो चतुर्गति माँहि, पुनि भवदधि भ्रमिहै सक नाँहि।
प्रावर्त्तन कीये बहु बार, फिर करिहै जिसके नहिं पार ॥२८
आठ मूल गुण प्रथम हो सार, वरनन कीयो विविध प्रकार।
तातें कथन कियो अब नाँहि, कहै दोष पुनरुक्त लगाँहि ॥२९
कुविसन सात कह्यो विस्तार, जूआ मांस भखिवो अविचार।
सुरापान चोरी आखेट, अरु वेश्या सों करियों भेंट ॥३०
इनमें मगन होइ करि पाप, फल भुगते लहि अति सन्ताप।
तिनके नाम सुनो मतिमान, कहिहों यथा ग्रन्थ परिमाण ॥३१

पाण्डु-पुत्र जे खेले जुआ, पाँचों राज्य-भ्रष्ट ते हुआ।
बारह वरष फिरे वनमाँहि, असन-वसन दुख भुगते ताँहि ॥३२
मांस-लुब्ध राजा बक भयो, राजभ्रष्ट ह्वै नरकहिं गयो।
तहाँ लहे दुख पंच प्रकार, कवि ते न कहि सकै विसतार ॥३३
प्रगट दोष मदिरा ते जान, नाश भयो यदुवंश बखान।
तपधर अरु हरि-बलि नीकले, बाकी अगनि द्वारिका जले ॥३४
वेश्या लगन केरि हित लाय, चारुदत्त श्रेष्ठी अधिकाय।
कोड़ि बत्तीस खोई दीनार, द्रव्य-हीन दुख सहै अपार ॥३५
षट्खंडी सुभूमि मतिहीन, विसन अहेडा में अतिलीन।
पाप उपाय नरक सो गयो, दुख नानाविधि सहतो भयो ॥३६
पर-वनिता की चोरी करी, रावण मति हरि निज मति हरी।
राम रु हरि सों करि संग्राम, मरि करि लह्यो नरक दुख धाम ॥३७
पर-युवती को दोष महन्त, द्रुपदसुता सौं हास्य करंत।
कीचक फल पायो तत्काल, रावणनेहु गनिये इह चाल ॥३८
आठ मूल गुण पाले तेह, विसन सात को त्यागी जेह।
अरु सम्यक्त जु दृढ़ता धरे, पहिली प्रतिमा तासों धरे ॥३९

## दोहा

प्रथम प्रतिज्ञा इह कही, श्रावक के मुख जान।
अब दूजी प्रतिमा कथन, कछु इक कहों बखानि ॥४०

## छंद चाल

तह पाँच अणुव्रत जानो, गुणव्रत पुनि तीन बखानो।
शिक्षाव्रत मिलि कै च्यारी, दूजी प्रतिमा को धारी ॥४१
बारा व्रत बरनन आगे, कोनो चित धरि अनुरागे।
पुनरुक्त दोष तैं जानी, दूजा नहिं कथन कथानी ॥४२
तीजी प्रतिमा सामायिक, भविजन को सुर शिवदायक।
आगे बारा व्रत माहीं, बरनन कीनो सक नाहीं ॥४३
चौथी प्रतिमा तिहि जानो, प्रोषध तसु नाम बखानो।
बरनन सुनिवे को चाव, द्वादश व्रत मधि दरसाव ॥४४
पंचम प्रतिमा वड़भाग, सुनि सचित करो परित्याग।
काचो जल कोरो नाज, फल हरित सकल नहीं काज ॥४५
सब पत्र शाक तरु पान, नागर बेलि अघ थान। सहु कंद मूल हैं जेते, सूके फल सारे तेते ॥४६
अरु बीज जानिये सारे, माटी अरु लूण विचारे।
करि त्याग सचित व्रत धारी, पंचम प्रतिमा तिहि पारी ॥४७
दिन चढ़े घड़ी दोय सार, पछिलो दिन बाकी धार।
इतने मधि भोजन करिहै, छट्ठी प्रतिमा सो धरि है ॥४८

मरयादा धरवि आहार, चारों को करि परिहार।
तियको सेवे दिन नाहीं, छट्ठी प्रतिमा सो धराँही ॥४९
प्रतिमा छह तो जो जीव, समकित जुत धरै सदीव।
तिह श्रावक जघन्य सुजाणि, भाषै इम जिनवर वाणि ॥५०
श्रेणिक नृप प्रसन कराहीं, श्री गौतम गणधर पाहीं।
ब्रह्मचर्य नाम प्रतिमा की, कहिये प्रभु कथन सु ताको ॥५१
सुनिये अब श्रेणिक भूप, सप्तम प्रतिमा को सरूप।
मन वच क्रम धारि त्रिशुद्ध, नव विधि जो शील विशुद्ध ॥५२
निज पर बनिता सब जानी, आजनम पर्यन्त तजानी।
अब नव विधि शील सुनीजे नित ही तसु हृदय गणीजे ॥५३
मानवणी सुर-तिय जाणी, तिरयंचणी त्रितय बखाणी।
ये तीनों चेतन वाम, मन वच क्रम तजि दुख धाम ॥५४
पाषाण काठ चित्राम, तजिये मन वच परिणाम।
नव विधि ब्रह्मचर्य धरीजे, सप्तम प्रतिमा आचरीजे ॥५५
निज घर आरम्भ तजेई, परकों उपदेश न देई।
भोजन निज पर घर माहीं, उपदेश्यो कबहु न खाहीं ॥५६
व्यापार सकल तजि देई, सो स्वर्गादिक सुख लेई।
प्रतिमा इह अष्टम नाम, आरम्भ-त्याग अभिराम ॥५७
नवमी प्रतिमा सुनि जान, नाम जु परिगह परिमान।
निज तनपै वसन धराहीं, पठने को पुस्तक ठाहीं ॥५८
इन बिन सब परिग्रह त्याग, मध्यम श्रावक बड़ भाग।
दिव लांतव अर कापिष्ठ, तह लों सुख लहै गरिष्ठ ॥५९
प्रतिमा अनुमति तस नाम, दशमी दायक सुख धाम।
उपदेश न निज घरि परि-गेह, ले जाय असन को जेह ॥६०
तिनके सो भोजन लेई, उपदेश्यो कबहु न खे है।
निज जन अरु परजन सारे, उपदेश न पाप उचारे ॥६१
जाको परिग्रह मुनि लेई, पीछी कमंडल सु धरेई।
कोपीन कणगती जाके, छह हाथ वसन पुनि ताके ॥६२
एती परिगह मरजाद, गहि है न अवर परमाद।
एकादश प्रतिमा धारै, भाखै जिन दुय परकारै ॥६३
प्रथमहि क्षुल्लक ब्रह्मचार, उत्कृष्ट ऐलक निरधार।
क्षुल्लक संख्या परमाण, कपडो षट हाथ सुजाण ॥६४
इकपटो न सीयो जाकै, कोपीन कणगती ताकै।
कोमल पीछी कर धारै, प्रति लेखि रु भूमि निहारै ॥६५
शौचादि निमित्त के काजे, कमंडल ताकै ढिग बाजै।
आहार निमित्त तसु जानी, मुकते घर पंच बखानी ॥६६

उत्कृष्ट ऐलक व्रत धारी, जिनकी विधि भाख्यो सारी।
मठ मंडप बन के माहीं, निश दिन थिरता ठहराहीं ॥६७
कोपीन कणगती जाके, पीछे कमंडल है ताके।
परिगह एतो ही राखे, इम कथन जिनागम भाखे ॥६८
भोजन सो करिय उदंड, घर पंच तणी थिती मंड।
चित धरम ध्यान में राखे, आतम चितवन रस चाखे ॥६९
सुनिये श्रेणिक भूपाल, दर्शन प्रतिमान विसाल।
तिह बिनु दस प्रतिमा जानी, निरफल भाषी जिन वाणी ॥७०
वासन की बोलि करीजे, उपरा उपरीज धरीजे।
नीचे हुई जर जर वासन, ऊपर ले भाजन की आसन ॥७१
सब फूट जाय छिन माहीं, समरथ बिनु कवन रखाहीं।
प्रथमहि दर्शन दिढ़ कीजे, पीछे व्रत और धरी जे ॥७२
एकादश प्रतिमा सारी, ताकी गति सुन सुखकारी।
जावे षोड़शमें स्वर्ग, भव दुइ तिहुँ लहि अपवर्ग ॥७३
दशमी प्रतिमा को धारी, क्षुल्लक अरु ऐलक विचार।
उत्कृष्ट सरावक एह, भाषे जिनमारग तेह ॥७४

**दोहा**

प्रतिमा ग्यारा को कथन, जिन आगम परमाण।
परि पूरण कीनों सबै, किसन सिंघ हित जाण ॥७५

इति प्रतिमा ग्यारा को कथन।

•

**अथ दानाधिकार। दोहा**

आहार औषध अभय पुनि, शास्त्रदान ये चार। श्रावक जन नित दीजिये, पात्र-कुपात्र विचार ॥७६
आगें अतिथि विभाग में, वरनन कीनों सार। इहाँ विशेष कीनों नहीं, दूषण लगे दुवार ॥७७
जो इच्छा चित सुननिकी, पूरब कह्यो वृत्तान्त। देखि लेहि अनुराग धरि, तातें मन हरषन्त ॥७८

**अथ जल-गालन-कथन। दोहा**

अब जल-गालण विधि प्रगट, कहो जिनागम जेम।
भाषों भविजन सांभलो, धारो चित धरि पेम ॥७९

दोय घड़ी के आंतरैं, जो जल पीवै छान। परम विवेकी जुत दया, उत्तम श्रावक जान ॥८०

**छन्द चाल**

नौतन वस्तर के मांही, छानो जल जतन कराही।
गालन जल जिहि वारे, इक बूंद मही नहिं डारै ॥८१
कोहू मतिहीन पुराने, वस्तर माहीं जल छानें।
अरु बूंद भूमि पर नाखें, उपजे अघ जिनवर भाखें ॥८२

तिन मांही जीव अपार, मरि हैं संसै नहिं वार ।
जाके करुणा न विचार, श्रावक नहिं जानि गंवार ॥८३
धीवर सम गिनिये ताहि, जल को न जतन जिहि पाहि ।
द्वय द्वय घटिका में नीर, छाणे मतिवंत गहीर ॥८४
अथवा प्रासुक जल करि के, राखै भाजन में धरि के ।
गृह-काज रसोई माहै, प्रासुक जल ही वरता है ॥८५
अनछाण्यौ वरतै नीर, ताकौ सुनि पाप गहीर ।
इक वरषि लगे जो पाप, धीवर कहि है सो आप ॥८६
अरु भील महा अविवेक, दौं अगनि देय दस एक ।
दौंवनि को अघ इक वार, कीये ह्वै जो विस्तार ॥८७
अनछाण्यौ वरतैं पानी, इस सम जो पाप बखानी ।
ऐसो डर धरि मन धीर, विनु गालें वरते न नीर ॥८८

**उक्तं च—**

संवत्सरेण मेकत्वं चैवर्तकस्य हिंसकः । एकादश दवादाहे अपूत-जल संग्रही ॥८९
लूतास्यतन्तुगलिते ये विन्दौ सन्ति जन्तवः । सूक्ष्मा भ्रमरमानापि, नैव मान्ति त्रिविष्टपे ॥९०

**अडिल्ल**

मकड़ी का मुख थकी तंत निकसै जिमौ, तिहि समान जलबिन्दु तणौ सुनि एक सौ ।
तामें जीव असंख उड़ै ह्वै भ्रमर ही, जम्बूद्वीप न मांय, जिनेश्वर इम कही ॥९१

**तथा चोक्तम्**

षट्त्रिंशदङ्गुलं वस्त्रं चतुर्विंशतिविस्तृतम् । तद्वस्त्रं द्विगुणीकृत्य तोयं तेन तु गालयेत् ॥९२
तस्मिन्मध्यस्थिताञ्जीवान् जलमध्ये तु स्थाप्यते । एवं कृत्वा पिबेत्तोयं, स याति परमां गतिम् ॥९३

**अडिल्ल**

वस्तर अंगुल छत्तीस सुलीजिये, चौड़ाई चौईस प्रमाण गहीजिये ।
गुढी विना अतिगाढ़ौ दोवड़ कीजिये । इसे नातणै छांणि सदा जल पीजिये ॥९४
तामें हैं जे जीव जतनि करिकै सही, छांणा जलतें अधर नीर में खेपही ।
करुणा धरि चित नीर एम पीवे जिके, सुर पद संशय नांहि, लहै शिवगत्ति तिके ॥९५

**चौपाई**

ऐसी विधि जल छाण्या तणी, मरयादा घटिका दुइ भणी ।
प्रासुक कियो पहर दुय जाणि, अधिक उसण वसु जाम वखाणि ॥९६
मिरच इलायची लौंग कपूर, दरब कषाय कसे लौ चूर ।
इन तें प्रासुक जल कर वाय, ताको भाजन जुदो रहाय ॥९७
इतनौ प्रासुक कीजे नीत, जाम दोय मध्य होइ व्यतीत ।
मरयादा ऊपर जो रहाय, तामें सम्मूर्छन उपजाय ॥९८

अरु वे फिरि छान्यो नहिं परे, वांके जीव कहां लौं धरे।
प्रासुक जलके भाजन मांहि, जो कहुं नीर अगालत्त आहि ॥९९
ताके जीव मरे सब सही, उनको पाप कोई न इच्छही।
तातें बहुत जतन मन आनि, प्रासुक करि वरतौ सुख दानि ॥८००
छाण्यौ जल घटिका द्वय मांहि, सम्मूर्च्छन उपजै सक नाहि।
आज उसन की विधि सबठौर, व्यापि रह्यो अति अधकी दौर ॥१
व्यालू निमित असन करि धरे, ता पीछे खीरा ऊबरै।
तिनमें जल तातौ करवाय, निसि सवार लौं सो निरवाहि ॥२
मरयादा माफिक नहिं सोय, ताकौं वरतो मति भवि लोय।
कीजे उसन इसी विधि नीर, जो जिन-आज्ञा-पालन वीर ॥३
भात बोरिये जिह जल मांहि, वैसो जल जो उसन कराहि।
आठ पहर मरयादा तास, सम्मूर्च्छन पीछें ह्वै जास ॥४
जो श्रावक-व्रत को प्रतिपाल, तिहको निसि जलकी इह चाल।
छाण्यौ प्रासुक तातौ नीर, मरयादा में वरतो नीर ॥५

## छन्द चाल

वीछें कपड़े जो नीर, छानें श्रावक नहीं कीर।
मरयाद जिती कपड़ा की, तासों विधि जल छणवाकी ॥६
यातें सुनिये भवि प्राणी, जलकी विधि मनमें आनी।
बहु धरि विवेक जल गालै, मन वच तन करुणा पालै ॥७
पंचनिमें सो अति लाजे, अर जिन-आज्ञा सो त्याजे।
सो पाप उपावे भारी, जाणी तसु हीणाचारी ॥८
यातें ल्यो वसन सुफेद, छानो जल किरिया वेद।
औरनि उपदेश जु दीजे, बिनु छाणे कबहूँ नहिं पीजे ॥९
श्रावक-वनिता घर मांही, किरिया जुत सदा रहाहीं।
वह जतन थकी जल छानै, ताको जस सकल बखानै ॥१०
लघु त्रिया प्रमाद प्रवीन, जलकी किरियामें हीन।
तापै न छणावै पानी, वनिता सों जाण्यों स्यानी ॥११
तजि आलस अरु परमाद, गालै जल धरि अहलाद।
औरनिसों न हि बतरावै, जल-कण नहिं पड़िवा पावै ॥१२
जल बूंद जु तनुमें परि है, अपनो निन्दा बहु करि है।
ले दंड सकति-परमाण, पालै हिरदै जिन-आण ॥१३

## दोहा

जिह निवाण को नीर भरि, घरमें आवे ताहि।
छानि जिवाणी भेजियो, वाहि निवाणजि मांहि ॥१४

इह जल-छालण विधि कहीं, जिन-आगम-अनुसार।
कहि हों कथा अणथमी, सुनियो भवि चितधार ॥१५

इति जल-गालण-विधि।

•

**अथ अणथमी-कथन। दोहा**

घड़ी दोय जब दिन चढ़ै, पछिलो घटिका दोय।
इतने मध्य भोजन करै, निश्चय श्रावक सोय ॥१६

**सोरठा**

सुनिये श्रेणिक भूप, निशि-भोजन त्यागी पुरुष।
सुर-सुख सुगति अनूप, अनुक्रमि शिव पावै सही ॥१७
दिवस अस्त जब होय, ता पीछे भोजन करै।
वे नर ऐसे होंय, कहूँ सुनों श्रेणिक नृपति ॥१८

**नाराच छन्द**

उलूक काक औ विलाव, गृद्ध पक्षि जानिये,
वघेरु डोडु सर्प सर सांवरौ बखानिये,
हवंति गोहरो अतीव पाप रूप थाइये,
निशी आहार दोष तें कुजोनिकों लहाइये ॥१९

**दोहा**

निशि वासरको भेद बिन, खात नृपति नहिं होय। सींग पूंछतें रहित ही, पशु जानिये सोय ॥२०
दिन तजि निशि भोजन करै, महापापि मति मूढ़।
बहु मोल्यो माणिक तजे, काच गहे धरि रूढ़ ॥२१

**छन्द चाल**

निशि माहें असन कराही, सो इतने दोष लहाही!
भोजनमें कीड़ी खाय, तसु बुद्धि-नाश हो जाय ॥२२
जूं उदर-मांहि जो जाय, तिह रोग जलोदर थाय।
माखी भोजनमें खैहै, तत्छिण सो वमन करै है ॥२३
मकड़ी आवे भोजनमें, तो कुष्ट रोग ह्वै तन में।
कंटक रु काठ को खंड, फंसि है सो गले प्रचण्ड ॥२४
तसु कंठ विथा विसतारै, ह्वै है नहिं ढील लगारै।
भोजनमें खैहैं बाल, सुर-भंग होय ततकाल ॥२५
अरु अशन करत निशि मांही, वज्जादिकमें उपजाहीं।
इनि आदि अशन निशि दोष, सबही हों हैं अघकोष ॥२६

### सोरठा

निशि भोजनमें जीव, अति विरूप मूरति सही।
तिनमें विकल अतीव, अलप आयु अर रोग-युत ॥२७

### दोहा

भाग्य-हीन आदर-रहित, नीच-कुलहिं उपजाहि।
दुख अनेक लहै हैं सही, जो निशि भोजन खांहि ॥२८

### चाल छन्द

एक हस्तिनागपुर ठांम, तस जसोभद्र नृप नाम।
रानी जसभद्रा जानों, श्रेष्ठी श्रीचन्द बखानों ॥२९
तिय लिखमी मति तसु एह, नृप-प्रोहित नाम सुनेह।
द्विज रुद्रदत्त तसु तीया, रुद्रदत्ता नाम जु दीया ॥३०
हरदत्त पुत्र द्विज नाम, तिन चरित सुनो दुख-धाम।
बीतो भादोंको मास, आसोज प्रथम तिथि जास ॥३१
निज पितृ-श्राद्ध दिन पाय, द्विज पुरका सकल बुलाय।
बाह्मण जीमणकों आये, बहु अशन थकी जुख थाये ॥३२
द्विज पिता नृपतिके तांई, पोषै बहु विनो धराई।
पीछें नृप-मन्दिर आयो, राजा बहु काम करायो ॥३३
तसु राज-काजके मांही, भोजन की सुधि न रहांही।
बहु क्षुधा थकी दुख पायो, निशि अर्धं गयां घरि आयो ॥३४
निशि पहर गई जब एक, तसु वनिता धरि अविवेक।
रोटी जीमन कूं कीनी, वेंगण करणें मन दीनी ॥३५
हांडी चूल्हें जु चढ़ाई, पाड़ोसी हींगको जाई।
इतनेमें हांडी मांही, मींढक पड़ियो उछलाहीं ॥३६
तिम वेंगणा छौंकै आय, मींढक मूवो दुख पाय।
तब हांडी लई उतारी, रोटी ढकणों परि धारी ॥३७
कीड़ी रोटीमें आई, घृत सनमधितें अधिकाई।
निशि बीत गई दो जाम, जीमण बैठो द्विज ताम ॥३८

### दोहा

निशि अँधियारी दीप बिनु, पीड़ित भूख अपार।
जो निशि भोजी पुरुष हैं, तिनके नहीं विचार ॥३९
रोटी मुखमें देत ही, चींटी लगी अनेक।
विप्र होंठ चटकौ लियो, बड़ो दोष अविवेक ॥४०
बैंगण को लखि मींढकौ, विस्मय आण्यो जोर।
तातैं अघ उपज्यो अधिक, महा मिथ्यात अघोर ॥४१

अडिल्ल

कालान्तर तजि प्राण भयौ घूघू जबै, तहाँ मरण लहि सोई नरक गयो तबै।
पंच प्रकार अपार लहै दुख ते सही, निकलि काक मर जाय ठई दुख की गही ॥४२
तिह वायस चउपद अनेक जु सताइया, विष्टादिक जे जीव चित्त ते पाइया।
प्रचुर आयुतें पाप उपाय मूवो जदा, नरकि जाय बहु आयु समुद भुगतै तदा ॥४३
तिहतैं निकसि बिलाव भयौ पापी घनौ, मूंसा मींढक आदि भखै कहलों गनौ।
नरक जाय दुख भुंजि ग्रद्ध पक्षी भयौ, प्राणी भखे अनेक नरक फिर सो गयौ ॥४४
निकसि नरकतें पाप उदै संवर भयौ, तिहं भखो जोव अपार नरक पंचम गयौ।
निकलि सूर है जोव भखे तिनकों गिनैं, अघ उपाय मरि नरक जाय सहि दुख घनै ॥४५
अजगर लहि परजाय मनुष तिरयग ग्रसे, नरक जाय दुख लहै कहे वाणी इसे।
निकलि वघेरो थाय जीव बहु खाइया, पाप उपाय लहाय नरक दुख पाइया ॥४६
गोधा तिरयग जमति निकसि तहँते भयो, बहुत जंतुकों भखि नरक पुनि सो गयो।
मच्छ तणी परजाय लई दुख की मही, लघु मच्छादिक खाय उपाये अघ सही ॥४७
सो पापी मरि नरक गयो अतिघोर में, स्वासति निमिष न लहै कहूं निशि भोर में।
तहं भुगते दुख जीव याद जो आवही, निशि न नींद दिन नीर अशन नहिं भावहीं ॥४८

चौपाई

निशि-भोजन-लंपट द्विज भयो, महापाप को भाजन थयो।
दस भव तिरयग गति दुख लह्यो, तिम दस भव दुख नरक निसर्यो ॥४९
नरक थकी नींकलिकैं सोई, देस नाम करहाट सुजोई।
कौसल्या नगरो नरपाल, है संग्रामसूर गुणमाल ॥५०
तसु पटतिया वल्लभा नाम, राजा-सेठ श्रीवर है ताम।
श्रीदत्ता भार्या तिह तणी, राजपुरोहित लोमस भणी ॥५१
प्रोहित-वनिता लाभा नाम, महीदत्त सुत उपज्यो ताम।
सात विसन लंपट अधिकानी, रुद्रदत्त द्विज कोवर मानी ॥५२
महीदत्त कुविसनतें जास, पिता लक्ष्मी सब कियौ विनास।
जूवा वेश्या रमि अधिकाय, राजदंड दे निरधन थाय ॥५३
घर में इतो रह्यो नहिं कोय, भोजन मिलिये हूं नहिं जोय।
तब द्विज काढ़ि दियो घर थकी, गयो सोपि मामा घर तकी ॥५४
मामें तसु आदर नहिं दियो, बहु अपमान तास को कियो।
भाग्य हीन नर जहं जहं जाय, तहं-तहं मान हीनता थाय ॥५५

सवैया

जा नरके सिर टाट सदा रवि-ताप थकी दुख जोरी लहे है,
पादप बील तणी तकि छांह गये सिर चीलकी चोट सहे है।
ता फलतें तसु फाटि है सीस वेदनि पाप उदै जु गहे है,
भाग्य बिना नर जाय जहाँ, तहं आपद थानक भरिही रहे है ॥५६

मातुल तास महीदत्त सीस नवाय दियो अब ही ।
पूरव पाप किये मैं कौन सुभाषिये नाथ वहै सब ही ॥५७

**दोहा**

कौन पापते दुख लह्यो, सो कहिये मुनि नाह । सुख पाऊं कैसे अबै, उहै बतावो राह ॥५८

**सवैया तेईसा**

सो मुनिराज कह्यो भो वत्स सुपूर बे पाप कहा तज याहीं,
प्रोहित नाम यो रुद्रदत्त महीपति के हथनापुर माहीं ।
सो निशि-भोजन लंपट जोर पिपीलक कीट भखै अधिकाहीं,
सो जन रात-समय इक मींढक बैंगण साथ दियो मुख मांहीं ॥५९

**अडिल्ल**

तास पाप के उदय मरिवि घूघू भयो, नरक जाय पुनि काग होय नरकहि गयो ।
ह्वै विलाप लहि नरक जाय संवर भयो, नरक जाय ह्वै ग्रद्धपक्षि नरकहि लह्यो ॥६०
निकलि सूकरो होय नरक पद पाइयो, ह्वै अजगर लहि नरक बघेरो थाइयो ।
श्वभ्र जाय फिर गोधा तिरयग गति पाई, नरक जाय हो मच्छ नरक पृथिवी लई ॥६१
नरक महीतें निकल महीदत्त थाइयो, उलूकादि दस तिरयग भव दुख पाइयो ।
नरक वार दस जाय महा दुख तें सह्यो, निसि भोजन के भखैं श्वभ्र दुख अति लह्यो ॥६२

**दोहा**

महीदत्त फिर पूछवे, निसि भोजनतें देव । नरभवमें दुख किम लहे, सो कहिये मुझ भेव ॥६३
मुनि भाषैं द्विज-पुत्र सुण, निसि में भोजन खात । जीव उदरि जैहै तबै, बहुविधि है उत्पात ॥६४

**सवैया इकतीसा**

माखीतें वमन होय, चींटी बुद्धि नाश करे, जूकातें जलोदर होय, कोड़ी लूत करि है,
काठ फांस कंटकतें गलमेव धावै विथा, बाल सुर-भंग करै कंठ हीन परि है ।
भ्रमरीतें सूना होय, कसारीतें कम्पवाय, विन्तर अनेक भांति छल उर धरि हैं,
इन आदिक कथन कहाँ लौं कीजे वत्स, सुन नरक तिर्यंच थाम कहे जो ऊपरि हैं ॥६५

**दोहा**

जो कदाचि मर मनुष ह्वै, विकल अंग विनु रूप ।
अलप आयु दुर्भग अकुल, विविध रोग दुख कूप ॥६६
इत्यादिक निशि-अशन तें, लहि है दोष अपार ।
सुनवि महोदत्त मुनि प्रतें, कहै देहु व्रत सार ॥६७
मुनि भाषैं मिथ्यात्व तजि, भजि सम्यक्त्व रसाल ।
पूरव श्रावक व्रत कहे, द्वादश वरि गुणमाल ॥६८
दर्शन व्रत विधि भाषिये, करुणा करि मुनिराज ।
मुझ अनन्त भव-उदधितें, तारणहार जहाज ॥६९

**सोरठा**

दोष पच्चीस न जास, संवेगादिक गुण-सहित । सप्त तत्त्व अभ्यास, कहै मुनीश्वर विप्र सुन ॥७०

**दोहा**

इस दरशन सरधान करि, निश्चै अरु व्यवहार । पूरब कथन विशेषतें, कह्यौ ग्रन्थ अनुसार ॥७१
सात व्यसन निशि-अशन तजि, पालो वसु गुण मूल ।
चरम वस्तु जल विनु छण्यो, त्यागे व्रत अनुकूल ॥७२

**चौपाई**

इत्यादिक मुनि-वचन सुनेइ, उपदेश्यो व्रत विधिवत लेइ ।
हरषित आयो निजघर मांहि, तासु क्रिया लखि सब विसमांहि ॥७३
अहो सात 'वसनी इह जोर, अरु मिथ्याती महा अघोर ।
ताको चलन देखिये इसो, श्रीजिन आगम भाष्यो तिसो ॥७४
मात-पिता तसु नेह करेइ, भूपति ताकों आदर देइ ।
नगरमांहि मानैं सब लोग, विविध तणें बहु भुंजै भोग ॥७५
पुण्य थकी सब ही सुख लहै, पाप उदै नाना दुख सहै ।
ऐसो जान पुण्य भवि करो, अघतें डरपि सबैं परिहरो ॥७६
महीदत्त बहुधन पाइयो, तत्तछिन पुण्य उदै आइयो ।
पूजा करे जपे अरहंत, मुनि श्रावक को दान करंत ॥७७
जिनमन्दिर जिनविम्ब कराय, करी प्रतिष्ठा पुण्य उपाय ।
सिद्ध क्षेत्र वंदे बहु भाय, जिन आगम सिद्धान्त लिखाय ॥७८
आप पढ़ें औरनिकों देय, सप्त क्षेत्र धन खरच करेय ।
निशि-दिन चाले व्रत अनुसार, पुण्य उपायो अति सुखकार ॥७९
कितेक काल गया इह भांति, अन्त समय धारी उपशांति ।
दरशन ज्ञान चरण तप चार, आराधन मनमांहि विचार ॥८०
भाइँ निश्चै अरु व्यवहार, धारि संन्यास अन्तको वार ।
शुभ भावनितें छाड़े प्रान, पायो षोड़श स्वर्ग विमान ॥८१
सिद्धि आठ अणिमादिक लही, आयु वीस द्वय सागर भई ।
पांचों इन्द्री के सुख जिते, उदै प्रमाण भोगिये तिते ॥८२
समकित धरम ध्यान जुत होय, पूरण आयु करइ सुर लोय ।
देश अवन्ती मालव जाण, उज्जैनी नगरी सुवखाण ॥८३
पृथ्वी तल तसु राज करेह, प्रेमकारिणी तिय गुण गेह ।
समकित दृष्टी दंपति सही, जिन-आज्ञा हिरदै तिन गही ॥८४
स्वर्ग सोलमें ते सुर चयो, प्रेमकारिणी के सुत भयो ।
नाम सुधारस ताको दियो, मात-पिता अति आनन्द कियो ॥८५
दियो दान जाचक जन जितो, मापैं कथन होय नहिं तितो ।
विधिसों पूजे जिनवर देव, श्रुत-गुरु वंदन करि बहु सेव ॥८६

अधिक महोत्सव कीनो सार, जैसो श्रावक को आचार।
वस्त्रादिक आभरण अपार, सब परिजन संतोषे सार ॥८७
अनुक्रम बरस सातकों भयो, पंडित पास पठन कों दयो।
शास्त्र कलामें भयो प्रवीन, श्रावक व्रत जुत समकित लीन ॥८८
जोवनवंत भयो सुकुमार, ब्याहन कीनो धरम विचार।
एक दिवस वन क्रीड़ा गयो, बड़ तरु बिजरीतें क्षय भयो ॥८९
देख कुमर उपजो वैराग, अनुप्रेक्षा भाई बड़ भाग।
चन्द्रकीर्ति मुनि के ढिग जाय, दीक्षा लीनी तब सुखदाय ॥९०
बाहिर आभ्यन्तर चौबीस, तजे ग्रन्थ मुनि नाये सीस।
पंच महाव्रत गुपति जु तीन, पंच समिति धारी परवीन ॥९१
इम तेरा विध चारित सजे, निश्चय रत्नत्रय सु भजे।
सुकल ध्यान-बल मोह विनास, केवल ज्ञान ऊपज्यो तास ॥९२
भवि उपदेशे बहुविधि जहां, आयु करम पूरण भयो तहां।
शेष अघातिय को करि नास, पायो मोक्षपुरी सुख वास ॥९३

**सवैया**

मोह कर्म नास भये प्रसमत्त गुण थये, ज्ञानावर्ण नास भये ज्ञान गुण लयो है,
दंसण आवरण नास भयो दंसण, सु अन्तराय नासतें अनन्तवीर्य थयो है।
नाम कर्म नास भये प्रगटयो सुहुमत्त गुण, आयु नास भये अवगाहण जु पायो है,
गोत्रकर्म नास किये भयो है अगुरुलघु, वेदनीके नासें अव्याबाध परिणयो है ॥९४

**दोहा**

विवहारे वसु गुण कहे, निश्चै सुगुण अनन्त। काल अनन्तानन्त तिते, निवसैं सिद्ध महन्त ॥९५

**चौपाई**

इह विधि भवि दर्शन जुत सार, पाले श्रावक व्रत-आचार।
अर मुनिवरके व्रत जो धरै, सुर नर सुख लहि शिव-तिय वरै ॥९६
निशि-भोजनतें जे दुख लये, अरु त्यागे सुख ते अनुभये।
तिनके फलको वरनन भरी, कथा अणथमी पूरण करी ॥९७

**छप्पय**

दिवस उदय द्वय घड़ी चढ़त पीछें ते लेकर,
अस्त होत द्वय घड़ी रहै पिछली एते पर।
भोजन जे भवि कर तजैं निशि चार अहार ही,
खादिम स्वादिम लेप पान मन वच कर बारही ॥
सो निशि भोजन तजन वरत नित प्रति जो जिनराज बखानियो।
इह विधि नित प्रति चित्त धरि श्रावक मन जिहिं मानियो ॥९८
चित्रकूत्र गिरि निकट ग्राम मातंग वसै तहँ,
नाम जागरी जान कुरंग चंडार तिया तहै।

तिहि निसि-भोजन तजन वरत सेठणि पै लियो,
मन वच क्रम व्रत पालि मरण शुभ भावनि कियो ॥
वह सेठ तिया उरि ऊपनि सुता नागश्रिय जानिये।
जिन कथित-धर्म विधि जुत गहिवि सुरग तणा सुख तिन लिये ॥९९
तिरयग एक सियाल सुणिचि मुनि-कथित धरम पर,
रख निसि-भोजन तजन वरत दियो लखि भविवर।
त्रिविध शुद्ध व्रत पालि सेठ सुत ह्वै प्रीतिंकर,
विविध भोग भोगए नृपति-पुत्री परणवि वर ॥
मुनिराज पास दीक्षा लई, उग्र घोर तप ध्यान सजि।
वसु कर्म क्षेपि पहुंचे मुकति, सुख अनन्त लहि जगत महि ॥१००
याही व्रतको धारि पूर्व ही बहुत पुरुष तिय,
तद्-भव सुर पद लहै त्रिविध पालिउ हरषित हिय।
अनुक्रमि मोक्षहि गये धरिसु दीक्षा जिनि धारी,
सुख अनन्त नहिं पार, सिद्ध पदके जे धारी ॥
नर-नारी अजहुं व्रत पालि हैं मन वच काय त्रिशुद्धि कर।
लहि धर्म देवगतिका अधिक, क्रम तैं पहूँचें मुकत्ति वर ॥१

इति अणथमी कथन।

●

## अथ दर्शन-ज्ञान-चारित्र-कथन

**दोहा**

त्रेपन किरिया के विषें, दरसण ज्ञान प्रमाण।
अवर त्रितय चारित तणों, कछु इक कहों बखाण ॥२
निज आतम अवलोकिये, इह दर्शन परधान। तस गुण जाणपणों विविध, वहै ज्ञान परवान ॥३
तामें थिरता रूप रहै सु चारित होय। रत्नत्रय निश्चय यहै, मुकति-बीज है सोय ॥४
अब विवहार बखाणिये, सप्त तत्त्व परधान। निःशंकादिक आठ गुण, जुत दर्शन सुख-दान ॥५
ज्ञान अष्ट विध भाषियो, व्यंजन ऊजिति आदि।
जिन आगम को पाठ बहु, करै त्रिविध अहलादि ॥६
पंच महाव्रत गुप्ति त्रय, समिति पंच मिलि सोय। विध तेरा चारित्र है, जाणों भविजन लोय ॥७
इनको वर्णन पूर्व ही, निश्चय अरु व्यवहार। मति-प्रमाण संक्षेपतें, कियो ग्रन्थ अनुसार ॥८

**चौपाई**

त्रेपन किरिया की विधि सार, पालो भवि मन वच तन धार।
सो सुर-नर-सुख लहि शिव लहै, इम गणधार गौतम जी कहै ॥९

इति त्रेपन क्रिया-कथन सम्पूर्ण।

●

**अथ और वस्तु हैं तिनकी उत्पत्ति वगैरे कथन। अथ गोंद की उत्पत्ति**

**दोहा**

गूंद हलद अरु आँवला, निपजन विधि जे थाहि।
क्रियावान पुरुषनि प्रतें, कहूँ सकल समझाहि ॥१०

**चौपाई**

गूंद खेरकें लागो होय, भील उतार लेतु हैं सोय।
अरु अंगुलीकें लार लगाय, इह विधि गूंद उतारत जाय ॥११
कीड़ी माछर आहि अतीव, लागा रहै गूंद के जीव।
भील विवेक हीन अति दुष्ट, करुणा-रहित उतारैं भ्रष्ट ॥१२
दूना में धरते सो जाय, जीव कलेवर तामें आय।
इह विधि जाण लेहु जन दक्ष, नर-नारी सब खात प्रतक्ष ॥१३
भील-जूठ यह जाणों सही, क्रियावान नर खावे नहीं।
जो खेहै सो क्रिया नसाय, अवर वरतकों दोष लगाय ॥१४

**अथ अफीम की उत्पत्ति**

अरु उतपत्ति अफीम जु तणी, जूठी दोष गूंदहि जिम भणी।
इह अफीम में दोष अपार, खाये प्राण तजै निरधार ॥१५

**अथ हल्दी की उत्पत्ति**

हलद भील निज भाजन-मांहि, अपने जलतें ते औंटाहि।
ता पीछें सो देय सुखाय, हलद बिकै ते सब ही खाय ॥१६
कन्दमूलतें उपज्यो सोय, भाजन भील नीरमें जोय।
यामें है इतनो लखि दोष, धरम भ्रष्ट शुभ क्रिया न पोष ॥१७

**आँवला की उत्पत्ति**

वरडि मांझ आँवला अपार, हीण क्रिया तामें अधिकार।
हरयो आँवला भील लहाय, अपने भाजन मांहि डराय ॥१८
निज पाणीमें ले औटाय, जमीं मांहि फिर डारैं जाय।
पहरि पाहनी तिन पर फिरैं, फूटत तिन गुठरी नीसरैं ॥१९
अरु भीलन के बालक ताम, तिनकी गुठली बीनत जाय।
लूण साथि ले खाते जांहि, झूठ होत तामें सक नांहि ॥२०
जल भाजनको दोष लहन्त, पाटा पाहनी से खूदन्त।
ऐसी उत्पत्ति बुध जन जान, धर्म फलै सोई मन आन ॥२१

**अथ पान की उत्पत्ति**

काथ खात हैं पानहि मांहि, तिसके दोष कहे ना जांहि।
प्रथम पान साधारण जान, राखै मास वरसलों आन ॥२२

सरद रहै तिनमें अति सदा, त्रस उपजें जिनवर यों वदा ।
हिन्दु तुरक तंबोली जान, नीर निरन्तर जिन छिटकान ॥२३
जल भाजन अशुद्ध अति जान, सारा नर मूतें तिह थान ।
पूँगी लौंग गरु गिरी बिदाम, डोड़ादिक पुनि लावै ताम ॥२४
चूनौं क्वाथ इत्यादि मिलाहिं, सबे मसालो पाननि माहिं ।
धरकै बीड़ा बाँधै सोय, सब जन खात खुशी मन होय ॥२५
धरम पाप नहिं भेद लहन्त, ते ऐसे बीड़ा जुग हन्त ।
अरु उत्पत्ति क्वाथ की सुनों, अघ-दायक अति है तिम गुणों ॥२६

### क्वाथ (कत्था) की उत्पत्ति

बिन्ध्याचल तहँ भील रहन्त, खैर रूख की छाल गहन्त ।
औंटावें निज पानो डार, अरुण होय तब लेय उतार ॥२७
तामें चून जु मंडवा तणों, तन्दुल ज्वार सिंघाड़ा तणों ।
नाख खैर जल-मांही जोय, रांध रावड़ी गाढी सोय ॥२८
ताहि सुखावें कुंडा माहिं, उत्पति क्वाथ कहि सकें नाहिं ।
कहूँ कहा लौं बारंबार, होय पाप लख करि निरधार ॥२९
सुख-दायक सिख गहिये नीर, दुखद पापकी छांड्यो धीर ।
छांडें मन वच सुख सो लहै, बिनु छांडें दुर्गति कों गहै ॥३०
तातैं सब वरणन इह कियो, सुनहु भविक जन दे निज हियो ।
जिह्वा-लंपटता दुखकार, संवरते सुरपद है सार ॥३१

### दोहा

व्रत धारी जे पुरुष हैं, अवर क्रिया-धर जेह ।
तजहु वस्तु जो हीण है, त्यों सुख लहो अछेह ॥३२

### अथ बरनोडी खीचला कूरेडी फली हरी वर्णन

### चौपाई

क्रियावान श्रावक है जेह, वस्तु इती नहिं खैहैं तेह ।
रांधै चून बाजरा तणों, और ज्वारि चावलकों भणों ॥३३
वरनोडी रु खीचला करै, कूरेडी फूलै हरि धरै ।
भाटै शुद्र सुखावें खाट, सीला वट वायों सुनि राट ॥३४
इह विधि वस्तु नीपजै सोई, ताहि तजो व्रत धरि अब लोई ।
अरु ले जाइ रसोई माहिं, सेकैं तलैं क्रिया तस जांहि ॥३५

### अथ भड़भूंज्यां के चबेणों सिकावें ताका कथन

भड़भूंज्यो सेंकै जो धान, तास क्रिया सुनिये मतिमान ।
रांधा चांवल देय सुखाय, तस चिवड़ा मुरमुरा बनाय ॥३६

गेहूं बाजरा की घूघरी, रांध मुरमुरा सेकैं धरी।
मका जवार उकालैं जाण, फूला कर बेंचें मन आण ॥३७
कर भूगड़ा सैकैं चणा, मूंग मोंठ चौलाल्कि घणा।
इत्यादिक नार्जाहि सिकवाय, बिकै चबेणो सब जन खाय ॥३८
शूद्र तुरक भुंज्या न्हालि, तिनके भाजन में जल घालि।
करै चबेणा ताजा जानि, सबै खाय मन भ्रान्ति न आनि ॥३९
जो मन होय चबेणो परै, तो खइये इतनी विधि करै।
निज घरतें लीजे जल नाज, विनहिं सिकावे व्रत धरि साज ॥४०
पीतल लोह चालणी माहि, छांनि लेय बालू कड़वाहि।
इह किरिया नीकी लखि रीति खाहु चबेणो मन धर प्रीति ॥४१

## अथ चौंला की फली, कैर करेली सांगली आदि को कथन

चौल हरी चौंला की फली, आवै गांव गांव तें चली।
तिनको शूद्र सिजाय सुखाय, बेंचें सो सगरे जन खाय ॥४२
जल-भाजन शूद्रन को दोष, वासी वटवोयो अघ कोष।
बहु दिन राखैं जिम उपजाय, तिनहिं विवेकी कबहुँ न खाय ॥४३
कैर करेली अरु सांगरी, शूद्र उकालैं ते निज घरी।
पड़ैं कुंथवा वरषा काल, यह खैवो मति-हीनी चाल ॥४४
अंवहलि कैरी की जो करै, जतन थकी राखै निज धरै।
जल बरसै अरु नाहीं मेह, तब लों जोग खायबो तेह ॥४५
वरषा काल मांहि निरधार, उपजैं लट कुंथवा अपार।
इन परि चौमासो जब जात, ताहि विवेकी कबहुं न खात ॥४६
नई तिली तिल नीपजै जबै, फागुण लो खाइये सबै।
सो मरजाद तेल परमाण, होली पीछैं तजहु सुजान ॥४७
होली पछिलौ ह्वै जो तेल, तिनमें जीव-कलेवर-मेल।
यातैं होली पहिलो गही, ले राखैं श्रावक घर मही ॥४८
सो वरते कातिक लों तेल, तिन भवि सुनके लखिवो मेल।
चरमतणी जो ह्वै ताखड़ी, बुधजन घर राखै नहिं घड़ी ॥४९
तामें तोलै चून रु नाज, चरम वस्तु है दोष समाज।
कागद काठ वांस अर धात, राखै किरियावन्त विख्यात ॥५०
सिघाड़ा अति कोमल आंहि, होली गये जीव उपजांहि।
ताकी होय मिठाई जिती, खैवो जोग न भाखी तिती ॥५१
केऊ करिवि घूघरी खाय, केउक सीरो पुड़ी बनाय।
होली पहिली तो सब भली, खैवो जोग कही मनरली ॥५२
पीछैं उपजै जीव अपार, क्रिया दया पालक नर सार।
तब इनकों तो भीटै नांहि, कहीं धर्म साधै तिन खांहि ॥५३

दूध गिंदोड़ी के गूजरी, दोहै पीछें जाय बहु घरी।
निज वासण में घर ले जाहि, करै गिंदोड़ी मावो ताहि ॥५४
दोष अधिक काचा पयतणों, ताको कथन कहांलों भणों।
अविवेकी समझै नहिं ताहि, समझाये हम तिन ही आहि ॥५५
इतनी तो निजस्यां लखि लेहु, मावो करतां पयमें तेहु।
पड़े जीव उसमें लघु जाय, अरु फिर रात तणीका बात ॥५६
ताहू में पुनि वरषा काल, पड़े जीव तिहि निसि दर हाल।
माँछर डांस पतंगा आदि, मावो इसो खात शुभवादि ॥५७
सदा पाप-दायक है सही, पाप-थकी दुरगति-दुख लही।
लंपट भख छूटै नहिं जदा, निसिको कियो न खइये कदा ॥५८
जो सैवो विनु रह्यो न जाय, तो पय जतन थकी घर ल्याय।
मरयादा बीते नहिं जास, क्रिया-सहित मावो करि तास ॥५९
जिह्वा-लंपटता वशि थाय, तो ऐसी विधि करि के खाय।
कोऊ छलप करेगो एम, उपदेश्यो आरंभ बहु केम ॥६०
वामें काचा पयको दोष, अरु त्रस जीव-कलेवर-कोष।
यातैं जतन थकी जो करै, जतन साधि भाष्यों है सिरै ॥६१
जतन थकी किरिया हूँ पलै, जतन थकी अदया हूँ घटै।
जतन थकी सधि है विधि धर्म, जतन मुख्य लखि श्रावक-कर्म ॥६२

### शोध के घृत की मर्यादा

#### दोहा

मरयादा सब शोध की, कहीं मूल गुण-मांहि।
जिहिं व्रत में भोजन करै, धिरत शोध को खाहि ॥६३

#### छन्द चाल

घर में तो निपजै नांही, विकलपता लखि मोल गहाहीं।
तिह शोध वखाणै कूर, शुभ क्रिया न तिनकें मूर ॥६४
वास्या लघु ग्रामावास, जल आदि क्रिया नहिं तास।
तिनके घर को जो घीव, धर भाजन मलिन अतीव ॥६५
ले आवें शहर मझार, बेंचेउ लोभ विचार।
ड्योढ़ा दुगुणा ले दाम, लखि लाभ खुशी ह्वै ताम ॥६६
तोलत परिहै तहँ माखी, करतैं काढ़ै दे नाखी।
जीवत मूई अहि जानै, तिहि जतन न कबहूं ठानै ॥६७
परगाँव तणी इह रीति, सुन शहर तणी विपरीति।
बेचे दधि छाछ विनाणी, तिनके घरको घृत आणी ॥६८
खावत हैं जे मति-हीण, तसु सकल क्रिया व्रत क्षीण।
निसि सो तिय दूध मंगावें, तुरतहिं नहिं अगनि चढ़ावै ॥६९

इह तें अघ उपजै भारी, पुनि तिह महि घृत बहु डारी।
दे जामण दही जमावै, दधि मथि कै घीव कढ़ावैं ॥७०
लूणी बहु बेला राखै, उपजौ अघ वाणी भाखै।
बेचे ले बहुत पईसा, पुनि पाप जिही नहि दीसा ॥७१
जो थिरत शोध को मानें, व्रत में जो खैवो ठानें।
दूषण ऐसो लखि ताम, जैसो घृत धरिये चाम ॥७२
सुनिये अब अघकर बात, जानत जन सकल विख्यात।
निरमाय लखे है माली, भो जग सुनि लेहु विचारी ॥७३
तिन पास मंगावे घीव, अरु शोध गिनै जे जीव।
तिनकी छुई जो वस्त, दोषीक गिणों जु समस्त ॥७४
आचार कहो शुभ भाय, तिनकों जो वस्तु मिटाय।
आचरिये कबहूँ नाहीं, जिनवर भाष्यो श्रुत माहीं ॥७५
लघु ग्राम कोस दस वास, निज समधी तहां निवास।
किंकर भेजै तापाई, व्रत जोग थिरत मंगवाई ॥७६
जाता आता बहु जीव, विनसैं मारगमें अतीव।
त्रस घात मंगावत होई, सो शोध कहो किम जोई ॥७७
कोई प्रश्न करै इह जागैं, श्रावक होते जे आगैं।
घृत खाते अक कछु नांहीं, हम मन इह शंका आंही ॥७८
ताके समझावन लायक, भाखैं अति ही सुखदायक।
श्रावक जु हुते व्रत धारी, तिन घृत विधि सुनि यह सारी ॥७९

## चौपाई

जाके घर महिषी या गाय, पके ठाम तिन हीं बंधवाय।
सरद रहै न हि ठाम मझार, बालू रेत तहां दे डार ॥८०
किंकर एक रहै तिन परै, सो तिन की इम रक्षा करै।
देय बुहारी सांझ-सवार, उपजै नहीं जीव तिन ठार ॥८१
दोय-तीन दिन बीतें जबै, प्रासुक जलहि न्हवावै तबै।
परनाली राखै तिह ठांहि, वहै मूत्र तिनके ढिग नांहि ॥८२
वासन धर राखै तिहि तले, तामें परै मूत्र जा टले।
सूके ठाम नाखि है जाय, जहां सरद कबहूँ न रहाय ॥८३
गोबर तिनको ह्वै नित सोय, आप गेह थापै नहि कोय।
औरनिको मांग्यो न हि देय, त्रस सित्ताव तामें उपजेय ॥८४
बालू रेत नाखी जा मांहि, करड़ो करि सो देय सुखांहि।
चरवे को रोन[१] न खिदाय, जल पीवे निवाण नहि जाय ॥८५

१. अरण्य जंगल

घरि बांधे राखे तिन सही, हरयो घास तिन नीरे नहीं।
सूको घास करब खाखलो, पालो इत्यादिक जो भलो ॥८६
ले राखे इतनों घर मांहि, दोष-रहित नहिं जिय उपजांहि।
नीरे झाडि उपरि जो वीर, अरु विधि तें जो छांण्यो नीर ॥८७
पीवे वासन धातु-मझार, सरद न राखे माजे मार।
इंधन कुंडि वाल तो जाय, रांधि कांकडा खली जु मिलाय ॥८८
खीर चरमूं विरिया जेह, देव खवाय जतन तें तेह।
स्याले तापर जूठ डराय, जतन करे जिम जीव न थाय ॥८९

## छन्द चाल

जब महिषी गाय दुहावे, जल तें कर थनहिं धुवावे।
कपड़ो चरई-मुख राखे, दोहत पय तापर नाखे ॥९०
ततकाल सु अगनि चढ़ावे, लकड़ी वालिर औटावे।
सखरौ जामण जहँ होई, तहँ दधि करे नहिं सोई ॥९१
पय करणें की जो ठाम, सीली करि है पय ताम।
भाजन जु भरत का मांही, जामन दे वेग जमाहीं ॥९२
जामण की जु विधि सारी, भाखी गुण-मूल मझारी।
वैसे ही जामण दीजे, वहै टालि न और गहीजे ॥९३
इह प्रात तणी विधि जाणूं, अब सांझ तणी सु बखानूं।
सब किरिया जानों वाही, इह विधि सुध दही जमाही ॥९४
जांवणीय वरणे की जागें, तहँ हाथ न सखरो लागे।
सो भी विधि कहहुँ बखाणी, सुणिज्यो सब भविजन प्राणी ॥९५
खिड़की इक जुदी रहाही, तिह धारि किवाड़ जड़ाही।
ह्वै प्रात जबे दधि आनी, मथि है सो मेलि मथानी ॥९६
सो सगली किरिया भाखी, गोरस-विधि आगे आखी।
लूण्यो निकले ततकाल, औटावें सो दरहाल ॥९७
बासण में छानि धराहीं, ह्वै खरच जितौ ढकवाहीं।
कहां वरत, कहां सुद्ध भाय, घृत गृही सोधि को खाय ॥९८
ऐसो घृत लेवे वालो, अन्तराय सुनीति प्रतिपालो।
यह कथन कियो सब सांच, यामें न अलीकी आँच ॥९९
ऐसी विधि निपजे नाहीं, गांवन तें हूँ न मंगाही।
माखन लूणी वह राई, घृत खाय सु देय दताई ॥१०००
विधि वाही जेम सुल्यावें, किरिया जुत ताहिं जमावे।
दधि छांछ घिरत पय लूनी, विधि कही करिय न वि ऊनी ॥१
निज घर जो घृत निपजाहीं, व्रत धरि श्रावक सो खाहीं।
कर छूवे न माली व्यास, हिंसा त्रस ह्वै नहिं तास ॥२

प्राणी न परे जिह मांहीं, सो तो घृत सोधि कहाहीं।
घृत सो निज घर निपजइये, घृत धरि सो व्रतमें पइये ॥३
निज घर घृत विधि न मिलाहीं, व्रत धरि तब लूखी खाहीं।
अरु घिरत सोधिको खावै, व्रतमें बहु हरी मंगावै ॥४
इह सोधि न कहिये भाई, जामें करुणा न पलाही।
करुणा-जुत कारज नीको, सुखदाई भवि सब ही को ॥५

**दोहा**

घिरत सोधिका की सुविधि, कही यथारथ सार।
अच्छी जाणि गहीजिये, बुरी तजहु निरधार ॥६

**चौपाई**

अब कछु क्रिया-हीन अति ओर, प्रगट्यो महा मिथ्यात अघोर।
श्रावक सों कबहूं नहिं करैं, आनमती हरषित विस्तरैं ॥७
जैनधर्म कुल-केरे जीव, करे क्रिया जो हीण सदीव।
तिन के संचय अघ की जान, कहै तासकी चाल बखाण ॥८
तिहको तजै विवेकी जीव, करवे तें भव भ्रमें अतीव।
अब सुनियो बुधिवंत विचार, क्रिया हीन वरणन विस्तार ॥९

इति सोधिका घृत-मर्यादा कथन सम्पूर्ण।

●

**अथ मिथ्यामत कथन। दोहा**

मिथ्यामति विपरीत अति, ढूंढ़ा प्रकटा जेम। तिनि वरन संक्षेपते, कहों सुनौ हो नेम ॥१०

**चौपाई**

स्वामी भद्रबाहु मुनिराय, पंचम श्रुतकेवलि सुखदाय।
मुनिवर अवर सहस चौबीस, चउ प्रकार संघ है गणईश ॥११
उज्जयनी में जिनदत सार, ताके भद्रबाहु मुनि तार।
चारिया कौं पहुंचे तहं गणी, झूलत बालक बच इम भणी ॥१२
गच्छ-गच्छ विधि नहीं आहार, वारे वरष लगे निरधार।
अंतराय मुनिवर मनि आन, पहुँचे संघ जहां वन थान ॥१३
स्वामी निमित लख्यो ततकाल, पड़िहै बारा वरष दुकाल।
मुनिवर-धर्म सधे नवि सही, अब इहां रहनो जुगतो नहीं ॥१४
कितेक मुनि दक्षिण को गये, कितेक उज्जैनी थिर रहे।
तहाँ काल पड़ियो अति घोर, मुनिवर क्रिया-भ्रष्ट ह्वै जोर ॥१५
मत श्वेतांबर थापियो जान, गही रीत उलटी जिन वान।
तिनको गच्छ बध्यो अधिकार, हुंडाकार दोष निरधार ॥१६
तिन अति हीण चलन जो गह्यो, चरित जु भद्रबाहु में कह्यो।
ता पीछे पनरासे साल. कितेक वरष गए इह चाल ॥१७

लुंकामत प्रगटयो अति घोर, पाप रूप जाको नहिं ओर।
तिन तें ढूंढ़ा मत थाप्यो, काल दोष गाढ़ो ह्वै वाढ्यो ॥१८

छन्द चाल

पापी नहिं प्रतिमा माने, ताकी अति निन्दा ठाने।
जिनगेह करन की बात, तिनको नहिं मूल सुहात ॥१९
जात्रा करवो न बखाने, पूजा करिवो अवगाने।
जिन-बिम्ब प्रतिष्ठा भारी, करिवो नहिं कहै जगारी ॥२०
जिन भाष्यो तिम अनुसारी, रचिया मुनि ग्रन्थ विचारी।
तिनकौं निंदे अधिकाई, गौतम बच ए न कहाई ॥२१
ऐसे निरबुद्धी भाषे, कलपित झूठे श्रुत आषे।
सबको विपरीत गहावे, निज षोटे मारग लावे ॥२२
जिय उत्पत्ति भेद न जाने, समकितहू कों न पिछाने।
गुरु देव शास्त्र नहिं ठीक, किरिया अति चले अलीक ॥२३
निजको मानैं नहिं गुणथान, छट्ठो मुनि पद सरधान।
जामैं मुनि गुण नहिं एक, मिथ्या निज मति की टेक ॥२४
मुनि नगन रूप को धारै, चारित तेरह विधि पारै।
षटकाय दयाव्रत राखे, नित वचन सत्य जुत भाखे ॥२५
आदान अदत्तहि टारे, सीलांग भेद विधि पारे।
त्यागे परिग्रह चौवीस, गोपें तिहुं गुपति मुनीस ॥२६
ईर्यापथ सोधत चाले, हित मित भाषाहि संभाले।
श्रावक घरि असन जु होई, विधि जोग जेम निपजोई ॥२७
भोजन के दोष छियाली, निपजावे श्रावक ठाली।
चरिया को मुनिवर आही, श्रावक तिन ले पडिगाही ॥२८
मुनि अंतराय चालीस, ऊपर छह ठालीज तीस।
पावे तो लेहि अहार, इम एषणा समिति विचार ॥२९
आदान निक्षेपण धारे, पंचम समिति बिध पारे।
इम चारित तेरह भाषे, जैसे जिन-वानी आषे ॥३०
गुण मूल अट्ठाइस धारी, उत्तर गुण लख असि चारी।
गिरि शिखर कंदरा थान, निरजन धरिय सुध्यान ॥३१
ग्रीषम गिरि सिर रवि-ताप, सिलाऊ परि ठाढ़े आप।
वरषा रितु तरु-तल ठाढ़े, उपसर्ग सहै अति गाढ़े ॥३२
हिम नदी तलाब नजीक, मुनि सहहिं परीषह ठीक।
निज आतम सों लव लागी, पर वस्तु सकल परित्यागी ॥३३
पूजक निंदक सम जाके, तृण कनक समान जु ताके।
इत्यादिक मुनि गुणधार, कहतें लहिये नहिं पार ॥३४

इनतें उलटी जे रीत, धारें ढूंढिया विपरीत। आहार जु सीलो बासी, रोटी राबड़ी सगरासी ॥३५
कांजी दुय तिय दिन केरी, बहु त्रस जीवनि की बैरी।
तरकारी हरित अनेक, ले पापी धरि अविवेक ॥३६
आदो कंदो अर सूरण, मूला त्रस थावर पूरण। ए लेय अहार मझारी, बहु केम दया बिन पारी ॥३७
आथाणो त्रस जिसधाम, फासू गिनि लेहे ताम। फुनि काचो दूध महाई, बहु बार लगै रखवाई ॥३८
दुय घड़ी गए तिह माहीं, पंचेंद्री जिय उपजाहीं।
महिषी मौलणो जु खीर, तैसे ह्वं जीव गहीर ॥३९
इह भेद मूढ़ नहिं जानें, अघ-वाल अघ न बखानें। पंचेंद्री तामें थाई, सुलों फांसु गणवाई ॥४०
जिय अन्नतणी दुय दाल, दधि छांछि मांहि दे डाल।
सो भोजन बिदल कहांही, खाये ते पाप बढ़ाही ॥४१
अन्न दाल छाछि दधि जेह, मुख-लाल मिले तब तेह।
उतरता गला मंझारी, पंचेन्द्री जिय निरधारी ॥४२
उपजै तामाहे जानो, मन में संशय नहिं आनो।
सो खेहे ढूंढ्यो पापी, करुणा तिन निश्चै कांपी ॥४३
कब खादि अखादि विचारी, उंठ्या समझे न गवारी।
अघ उपजे वस्तु जु माहीं, भाष्यो मुनि लेहु तहांहीं ॥४४
ऐसो पापी मुख देखे, ह्वं पाप महा सुविशेखे। ऐसे कर अघ आचार, तिन माने मूढ़ गवार ॥४५
धोवण चावल हांडी को, तिन ले गिन फासू नीको।
सीलै जल अन्न मिलाई, तामें बहु जीव उपजाई ॥४६
रवि उदय होत तिह बार, धरि धरि भटकै निरधार।
जल ल्यावे फासू भाखे, तिह सांझ लगे धरि राखे ॥४७
उपजै ता माहे जीव, घटिका दुइ मांहि अतीव।
सो बरतै पीवे पानी, करुणा न तहां ठहरानी ॥४८
घृत जल धरि तेल सुचाम, सो बहु जीवन को धाम।
तिनते निपज्यो जु अहार, सो मांस-दोष निरधार ॥४९
ऐसो दोष न मन आने, तिनको हो नरक पयाने। ढूंढा अघकेरी मूरत, इन माने पापी धूरत ॥५०
झूठी को सांच बखानें, उपदेश सु झूठो ठाणे। झूठो मारग जु गहावे, सो झूठ दोष को पावे ॥५१
शीलांग हजार अठारा, लागै तिन दोष अपारा।
परिग्रह को ठीक न कोई, कपड़ा पात्रादिक होई ॥५२
ऐसो धरि भेष जु हीन, मानें तिन मूरख दीन।
ग्यारा प्रतिमा प्रतिपालक, कोपीन कमण्डल धारक ॥५३
कोमल पीछे है जाके, श्रावक व्रत गिनिये ताके।
परिग्रह तिल तुस सम होई, मुनिराज धरै जो कोई ॥५४
वह जाय निगोद मझारी, जिन वाणी एक उचारी।
सो कपड़ा की कहां रीत, चौथो पात्र विपरीत ॥५५

ए भ्रमें जगत के माहीं, दुख को नहिं अन्त गहाहीं।
तिन कहे महाव्रत धारी, ते पापी हीणाचारी ॥५६
इन माने ते संसार, भ्रमिहै न लहै कहुँ पार।
मन वच तन गुपति न गोपै, पापी मुनि धरमहि लोपै ॥५७

पिरथी जिम प्रान लहाहीं, चालै तिम भागे जाहीं।
ईर्या समिति जु किम पाली, प्राणी हिंसा किम टाली ॥५८
हित मित वच कबहूँ न भाखे, जिन मत में उलटी आखे।
सम जिन भाषा न पले है, अदया कबहूँ न टले है ॥५९

किम एषण समिति सधै है, जिनके इम पाप बंधें है।
जो दोष रहित आहार, नवि जाने वसु विध सार ॥६०
मुनि अन्तराय जे होई, तिन नाम न समझै कोई।
कुल ऊँच नीच नहिं जाणे, शूद्रन के असन जु आणें ॥६१

तंबोली जाट कलाल, गूजर अहीर वनपाल।
खतरी रजपूत रु नाई, परजापति असन गहाई ॥६२
तेली दरजी अर खाती, छिपादिक जाति बहु भांती।
मदिरा हू को जो पीवे, आमिष हु भखे सदीव ॥६३

भोजन मित भाजन केरो, ल्यावें अतिदोष घनेरो।
तिन भींटो भोजन खैहै, ते मांस दोष को पैहै ॥६४
तो भोजन की कहं बात, जाने सब जगत विख्यात।
जिहं भाजन अशन कराहीं, आमिष तिह मांझ धाराहीं ॥६५

जिन मारग एम कहाहीं, बासन जिह मांस धराहीं।
सो शुद्ध न ह्वै चिरकाल, गहिहैं सो भील चंडाल ॥६६
तिनके घर को जु आहार, पापी ल्यावे अविचार।
अरु मुनिवर नाम धरावें, सो घोर पाप उपजावे ॥६७

ते नरक निगोद मझारी, भ्रमिहै संसार अपारी।
अपने श्रावक तिन भनि है, कुल ऊँच नीच नवि गिनिहै ॥६८
तिनको कुछ एक आचार, कहिए विपरीत विचार।
निजको मानै गुणथान, पंचम श्रावक परधान ॥६९

**दोहा**

खत्री, ब्राह्मण, वैश्य, फुनि, अवर, पौण बहत्तीस। धरम गहै ढूंढा निको, अरु तिन नावे सीस ॥६०
ढूंढा तिन श्रावक गिने, आप साधु पद मान। छहों काय रक्षा सवनि, उपदेशे इह बान ॥७१
दुहुने दया छह काय की पले नहीं तहकीक। जीव धान फासू गिनें, वस्तु गहै तहकीक ॥७२
कथन कियो ऊपर सबै, लखहु बिबेकी ताहि। दुहुन चलन ह्वै एक से, इहि मारग नहि आहि ॥७३
शुद्र करम करता जिके, निज-निज कुल अनुसार। पेट-भरन उद्यम सफल, करै दया किम धार ॥७४

**चौपाई**

गूजर, जाट, अहीर, किसान, खेती सींचे निर निरवान।
हलबाहे त्रस को ह्वै घात, कहुं वह श्रावक पद किम पात ॥७५
पवे अहाव प्रजापति गेह, अगनि निरंतर बालत तेह।
होत घात सब जीवनि तनी, तिनकों कैसे श्रावक भनी ॥७६
अवर हीन कुल है अवतार, ढूंढ्या मत चाले निरधार।
मदिरा पीवे आमिष भखे, धरम पलति तिनके किम अखे ॥७७
विण्या बिन बीधो जो नाज, घृत गुल लूण तेल बहु साज।
होय घात त्रस जीव अपार, तिनकों श्रावक कहै गँवार ॥७८
हीन करम करि पेट जु भरे, तिनपे कहुं करुणा किम धरे।
जैसी जात हीन निज तणी, मानैं आप साध पद भणी ॥७९
तैसे ही श्रावक तिन तणे, कुकरम पाप उपावे घणें।
ऐसे मत को सांचो गिणे, ते पापी इम आगम भणे ॥८०

**दोहा**

सांचे झूठे मत तणी, करिवि परीक्षा सार। सांचो लखि हिरदय धरो, झूटो दीजे टार ॥८१

**अथ श्री प्रतिमा जी की महिमा वर्णन**

**दोहा**

श्री जिनवर प्रतिमा तणी, महिमा जो अतिसार।
सुन्यो जिनागम में कथन, मति वरण्यो निरधार ॥८२

**चौपाई**

मिथ्यादृष्टी एक हजार, तिनकी जो महिमा निरधार।
एक मिथ्याती जैनाभास, सबही सरभर करे न तास ॥८३
जैनाभास सहस इक जोई, तिन सबही की प्रभुता होई।
सम्यक दृष्टी एक प्रमाण, तिसहि बराबर ते नहिं जान ॥८४
सम्यग्दृष्टी गिनहु हजार, एक अणु-व्रत धारी सार।
महिमा गिनहु बराबर सही, इह जिन मारग मांहे कही ॥८५
देशव्रती इक सहस सुजान, मुनि प्रमत्त गुणथान प्रमाण।
एक बराबर महिमा धार, आगे सुनहु कथन विस्तार ॥८६
मुनि प्रमत्तधर एक हजार, तिनको जो प्रभुत्व विस्तार।
इक सामान केवली सही, होय बराबर संशय नहीं ॥८७
ह्वै सामान्य केवली तेह, महिमा एक सहस की जेह।
समवसरन धारी जिन देव, तीर्थंकर इकसम गिणि एव ॥८८
परतखि समवसरण जुत होय, तीर्थंकर पद धारी सोय।
एक हजार प्रमाण बखान, एक प्रतिमा समानता ठान ॥८९

कोई प्रश्न करै इह जाण, तीर्थंकर इक सहस प्रमाण ।
प्रतिमा एक बराबर कही, इह महिरहै छहरत नहीं ॥९०
ताके सम झावन को बैन, कहिये है अति ही सुखदैन ।
त्यों प्रतिमा पूजन सरधान, अति गाढ़ो राखो प्रतिमान ॥९१

छन्द चाल

जिन समवसरण जुत राजै, मूरत उत्कृष्ट सुछाजै ।
निरखत उपजै वैराग, ह्वै शान्त चित्त अनुराग ॥९२
परतक्ष तिष्ट भगवान, समवादि सरन-जुत थान ।
पेखत हुलास बढ़ावै, भविजन हिरदय न समावै ॥९३
तिनकी वाणी सुनि जीव, तरिहै भव उदधि अतीव ।
जिनवर जब मोक्ष लहाई, तब जिन प्रतिमा ठहराई ॥९४
निरखत प्रतिमा को ध्यान, बुधजन हिय उपजै ज्ञान ।
तिनकों निमित्त भविजीव, जग में लहिहै जु सदीव ॥९५
प्रतिमा आकृति लखि धीर, उपजे वैराग गहीर ।
मन वीतरागता आनै, तप व्रत संयम को ठानै ॥९६
दरसन प्रतिमा निरधार, भविजन को नित उपगार ।
जिन मारग धरम बढ़ावै, महिमा नहि पार न पावै ॥९७
जे प्रतिमा दरशन करिहै, पूरब संचित अब हरिहै ।
कहिये का अधिक बखान, दायक भविजन सिरथान ॥९८
ऐसी प्रतिमा जुत होई, भविजन निश्चै चित सोई ।
मन वच क्रम धरिहै ध्यान, ज्यों ह्वै सब विधि कल्यान ॥९९
कोऊ पूछै फिर येह, कहु साखि ग्रन्थ को जेह ।
तिनको उत्तर ये जानी, सुनियो तुम कहूँ बखानी ॥११००
साधर्मी द्विज सुखधाम, सहदेव नाम अभिराम ।
पूरब दिशि सेती आयो, सो सांगानेर कहायो ॥१
पढ़ियो जो ग्रन्थ अनेक, जिन मत धरे चतुर विवेक ।
गाथाबंध सततरि हजार, महाधवल ग्रन्थ अतिसार ।२
तिहकी टीका सुखदाई, लख साढ़ा तीन कहाई ।
ते श्लोक संस्कृत सारै, तिन कंठ भलीविधि धारै ॥३
तिह कथन कियो सब पाहीं, महाधवल थको मुकहांहीं ।
ताको लखि बा परतीत, पूछो जिनमत बहुरीत ॥४
जिहनी सांकरी विधि सेती, आगम प्रमाण कहि तेती ।
जैनी पंडित जु बखानी, परतखि ए भवि प्रानी ॥५
प्रतिमा दरसन सम लोक-मधि अवर न दूजो थोक ।
प्रतिमा पूजा जे कारक, ते होइ करम ते फारक ॥६

प्रतिमा की निन्दा करिहै. ते नरक निगोदे परि है।
प्रावर्त्तन पंच प्रकार, पूरण करिहै नहिं पार ॥७
श्रावक मत जैन दिगम्बर, कुलधर्म कह्यो जिम जिनवर।
मन वच क्रम ताहि गहै है, सुर ह्वै अनुक्रम शिव पैहै ॥८
पूजा जिन प्रतिमा कीजे, पात्रनि चहुँ दान जु दीजे।
तप शील भाव-जुत पारे, अरु कुगुरु कुदेवहि टारे ॥९
बिनु जैन अवर मतवारे, वातुल सम गनिए सारे।
गहलो नर जिस तिम भाखे, कुमती जिम झूठी आखे ॥१०
श्रावक कुल जिहि अवतार, जिन धर्महि तजहि गंवार।
ढूंढया मतको जौलेहैं, ते नरक निगोद परे हैं ॥११
सांचो झूठो न पिछाणे, अविवेक हिये में आणे।
प्रतिमा-निंदक जे जीव, तिनको उपदेश गहीव ॥१२
ताके पोते संसार, बाकी कुछ वार न पार।
चहुं गति दुख विविध भरन्तो, रुलिहै बहु जोनि धरन्तो ॥१३
यातें जे भविजन धीर, ढूंढामत पाप गहीर।
छांड़ो लखि अति दुखदाई, निहचै जिनराज दुहाई ॥१४
जिनमत हिरदय अवधारो, जप तप संयम व्रत पारो।
तातें सुख लहो अपार, थामें कछु फेर न सार ॥१५

इति श्री प्रतिमाजी की वर्णन तथा ढूंढ्या को मत निषेधन संपूर्ण।

## चौपाई

अब कछु क्रिया-हीन अति जोर, प्रगट्यो महा मिथ्यात अघोर।
श्रावक लों कबहूं नहिं करै, आन मती हरषित विस्तरै ॥१६
जैन धरम प्रतिपालक जीव, कर क्रिया जे हीन सदीव।
तिनके सम्बोधन को जान, कहीं क्रियातें हीन बखान ॥१७
तिनको तजे विवेकी जीव, कर तन भव भ्रमे अतीव।
अब सुनियो बुधिवन्त विचार, क्रियाहीन वरणन विस्तार ॥१८

## अथ मिथ्यामत निषेध। चौपाई

भादव गए लगै आसोज, पडिवा दिवसतणी सुनि मौज।
लड़की बहुमिलि गोबर आनि, सांझी मांडै अति हित ठानि ॥१९
पहर आठ लौं राखै जाहि, फिर दूजे दिन मांडै ताहि।
मांडै दिन नव नव रीति, तेरसका दिन लौं धरि प्रीति ॥२०
चौदस अमावस दस दिन जाहिं, सांझी बड़ी जु नाम धराहिं।
मिले पांच दस प्रौढ़ा नारी, मांडै ताहि विचारि विचारी ॥२१
हाथ पांव मुख करि आकार, गोबर का गहना तनवार।
ऊपर चिरमी जल पोस लगाय, कोड़ी फूल लगावें जाय ॥२२

इम विपरीत करै अधिकाय, तास पापको कहैं बनाय ।
छोडयो बांभण सांझी लेन, आयो भावैं बनिता बैन ॥२३
राति जगावैं गावैं गीत, ऐसी महा रचै विपरीत ।
करि गुलधाणी दे लाहणा, आवैं सो राखैं पर तणा ॥२४
सुदि पड़िवा कों ताहि उतारि, नदी ताल माहे दे डारि ।
ऐसी प्रभुता देखौ जास, देव मान पूजत है तास ॥२५
अरु सांझी किसकी है धिया, को षोडयो द्विज कुण की तिया ।
गोबर की मांडे किम तिया, वरसा वरसी कहुं समजिया ॥२६
परगट लखि निज रां इह रीति, मांने ताहि धरै बहु प्रीति ।
पापी भेद लहे तसु नांहि, गोवर सरद रहै जा मांहि ॥२७
घटिका दोय बीत है जबै, तामें त्रस उपजत हैं तबै ।
तिनके पाप तणौं नहि पार, भव भव में दुख को दातार ॥२८
महा मिथ्यात तणो जे गेह, नरक तणौ दायक है जेह ।
छेदन भेदन तापन जहाँ, ताडन सूलारोहण तहां ॥२९
दुख भुगतै तहं पंच प्रकार, इस मिथ्यात थकी निरधार ।
जिन मत के धारी हैं जेह, सो मेरी विनती सुनि एह ॥३०
नहीं मांडि मत पूजि लगार, इह संसार बढ़ावन हार ।
आन मती पूजन मन लाय, तिनसौं कछु कहनो न बसाय ॥३१

**सोरठा**

दिन पनरे के मांहि, मरण दिवस पित-मात को । श्रावक जे हरषांहि, ते जिन मारगतें विमुख ॥३२

**छंद चाल**

पित मात तृपति के हेत, भोजन बहुजन कों देत । कैसे तृपति ह्वै, तेह जिन आगम भाख्यो एह ॥३३

मुए हुए वरष घनेरे, सुख दुख भुगतै भव केरे ।
तहां ते बहुरि केम वह आवे, जिन मत में इह न समावे ॥३४
सुत असन करै पितु देखे, तृपति न ह्वै परतछ पेखे ।
तौ आन जनम कहा बात, जानो ए भाव मिथ्यात ॥३५
दुय कोस थको निज बाग, सींचे चित धरि अनुराग ।
रूख न वढ़वारी पावै, परभव किम तृपति लहावै ॥३६
तातैं जिनमत में सार, ऐसो कह्यो न आचार ।
इह घोर मिथ्यात मुजाणी, तजिए भवि उत्तम प्राणी ॥३७

आठे आसोज उजारी, अरु पूजै चेत दिहारी । करि कै घूघरी कसार, बांटै तसु घर घर बार ॥३८
गुड घिरत सुपारी रोक, नालेर धरै दे ढोक । निज बहिन भुवा कौ देहै, धरि लोभ हिए वे लेहै ॥३९
लेने देने को पाप, मिथ्यात बढ़ै सन्ताप । तातैं जैनी है जेह, पूजौ न चढ़यो कछु लेह ॥४०

सतियन की राति जगावे, पित्रनहूं को जु मनावे ।
बीजासण सोकि आराधे, जागरण करै हित साधे ॥४१

संजोड़ा अवर कंवारा, गोरणीय जिमावै सारा।
तिनके करि तिलक लिलाट, पायनिदे ढोक निराट ॥४२
पैसादिक तिनकों देई, वे हरषि हरषि चित लेई।
इह किरिया अति विपरीति, छांडौ बुध जांणि अनीत्ति ॥४३

**अडिल्ल**

बीजासण को कर बिझालरो डरि धरे, सो किउ घडत घडाल पातरी हिय परे।
मूढ मान तिन पूजे घर लछमी जबै, उदै असाता भये वेचि खाहै तबै ॥४४

**दोहा**

सकलाई तिन में इसी, अविवेकीन लखांहि। मुरभख में बहु मानता, उर बख सो विक जांहि ॥४५
सैत पालकी थापना, एम बनावे कूर। जिसा तिसा पाषाण परि, डारे तेल सिंदूर ॥४६

**छन्द चाल**

बेशाख में घर के बारे, पूजे दे जात विचारे।
तेल वटरुवां कला तेल, ऐसे पूजा विधि मेल ॥४७
दस बीस त्रिया धरि प्रीति, गावें जु गीत विपरीत्ति।
सेवें तिह मानें हेव, सो जान मिथ्याती एव ॥४८
बहुते खेडा पुर गाम, इकसे न कही तसु नाम।
तातें सकलाई माने, सुखदाता एम बखाने ॥४९
दीया सुत जो उपजांही, सुत बिन तिय कौंनि रहांही।
इह झूठ थापणो जांणी, तजिये भवि उत्तम प्राणी ॥५०
पाहण लघु धरें इक ठाहीं, पथवारी नाम कहांही।
तिनको पूजत धरि नेह, कबहु न सुखदाता तेह ॥५१
मिथ्यात तणौ अधिकार, नरकादिक दुख दातार।
जिन-भाषित परचित दीजे, खोटी लखि तुरत तजीजे ॥५२
आसौज है आठे स्वेत, घोटक पूजे धरि हेत।
जिन राज एम बखानी, तिरयंच है पूजे प्रानी ॥५३
सो पाप अधिक उपजावे, कहते कछु और न आवे।
तातें जैनी जो होय, पसु पूजि न नरभव खोय ॥५४
दुसरा हाकादिन माहीं, लाडू पीहर ले जाहीं।
इह रीति तजो भवि जीव, जिन-वच धरि हृदय सदीव ॥५५
जिन चेत्यन वन कें माहीं, धून्यो दिन सरद कराहीं।
आगम में कहुँ न बखानी, विपरीत तजौ तिह जानी ॥५६
मंगल तेरसि दिन न्हावे, वसतर तन उजले ल्यावैं।
आवे जब दिवस दिवाली, दीवा भरे तेल हवाली ॥५७

निज मन्दिर ऊपर धरि है, अति ही शोभा सो करि है।
तिन में बहु त्रस को घात, अघ घोर महा उतपात ॥५८
दीवा थालो में धरिके, मिल है तसु घर घर फिर के।
तिन में कछु नाहिं बड़ाई, प्राणी मरिहैं अधिकाई ॥५९
पापी कछु भेद न जानें, मन में उच्छव अति टानें।
सो पापी महा दुख पावे, भव भामरि अन्त न आवे ॥६०
भरि तेल काकड़ा बाले, बालक हींडहि कर वाले।
घर-घर लीये सो डोले, बालक हींडहि बच बोले ॥६१
वो देय पईसा रोक, ढिग करे एकसा थोक।
मरयाद भटे ता माहीं, ताकी तो कहा चलाहीं ॥६२
बहु हींडमांहि त्रस जीव, जलि हैं नहिं संख्या कीव।
इह पाप न मन में आवे, सुत लखि दम्पति सुख पावे ॥६३
ते पापी जानो जोर, पड़िहै जो नरक अघोर।
भविजन जो निज हितदाई, किरिया इह हीण तजाई ॥६४
काती सुदि एकै जानी, गोधन को गोबर आनी।
सांथ्यो निज बार करावे, गोर्धन तसु नाम धरावे ॥६५
जब सांझ बैल घर आवे, पूजै तिन अति हरषावे।
सांथ्यो निज पाय खुदावे, मिथ्यात महा उपजावे ॥६६
इन हीन क्रिया को धारी, जैहै सो नरक मंझारी।
पकवान दिवाली केरो; करिहै धरि हरष घनेरो ॥६७
दुय चार पुत्र जे थाई, तिनको दे जुदी बनाई।
हांडीय भरे पकवान, पितु मात हरष चित आन ॥६८
पुत्रन सिर तिलक करावें, तिनपै तो हाट पुजावें।
सिर नाय तबै दे धोक, किरिया इह अघ की कोक ॥६९
व्यापारी बहीं बणावें, पूठा चमड़ा का ल्यावे।
तिनको पूजत है जेह, लखि लोभ नहीं तसु एह ॥७०
तिथि चौथि महाबदि मानी, व्रत पाप उदय को ठानी।
दिन में नहिं लेय अहार, निशि शशि ऊगे तिहि बार ॥७१
ले मेवो दूध मिठाई, देखों विपरीत बढ़ाई।
जे चौथ मास सुदि होई, करिहै जे विवेकहिं खोई ॥७२
इम पाप थकी अधिकाई, दुरगति में बहु भटकाई।
पंदरह तिथि में इह जानो, तसु कहि संकट की रानो ॥७३
पद देव मान करि पूजे, सो अति मूरखता हूजे।
जैनी जन को नहिं काम, मिथ्यात महा दुख धाम ॥७४
संकरांति मकर जब आवे, तब दान देय हरषावे।
तिल घाणी मांहि भराई, द्विज जनकों देय लुटाई ॥७५

मूला का पिंड मँगावे, ब्राह्मण के घरहि खिनावे।
खीचड़ी बाँट हरसावे, गिन है हम पुन्य बढ़ावे ॥७६
जहँ त्रस थावर ह्वे नाश, तहँ किम ह्वै शुभ परकाश।
अति घोर महा मिथ्यात, जैनी न करै ए बात ॥७७
फागुण वदि चौदस दिन को, बारह मासन में है तिनको।
शिवरात तनो उपवास, कीए मिथ्या परकास ॥७८
होलो जालै जिहि बारे, पूजे सब भाग निवारे।
जाको देखन नहिं जइये, कर जाप मौन ले रहिये ॥७९
पीछे बहु छार उड़ावे, जल तें खेले मन भावे।
छाण्या अणछाण्या की नहीं ठीक, लंपट न गिने तहकोक ॥८०
करि चरम पोटली डोल, राखै मन करत किलोल।
यदवा तदवा मुख भाखे, लघु बृद्ध न शंका राखे ॥८१
जल नाखै आपस मांही, नर तिय नहीं लाज गहांही।
न्हावण के दिन सब न्हावै, कपड़ा उजरे तन भावै ॥८२
सनबंधी गेह जुहार, करिहै फिरिहै हित धार।
विपरीत लवण लखि एह, तामैं कछु नहिं संदेह ॥८३
मिथ्यात तणी परि पाटी, क्रिया लागे जिन वाटी।
सो भव-भव की दुखदाई, मानो जिनराज दुहाई ॥८४

**दोहा**

चैत्र-सित आठै दिवस, जाय सीतला थान।
गीत विविध बादित्र जुत, पूजे मूढ अयान ॥८५
भाष्यो रोग मसूरिया, जिन श्रुत वैद्यक माँहि।
करनि कांकरा एकठा, धरी थापना आंहि ॥८६

**सोरठा**

लखौ बड़ाई एह, वाहन गदहो तासको।
लहै हीन पद जेह, जो लघु नर हि चढ़ाइये ॥८७

**दोहा**

बालक याही रोग ते, मरै आव जिह छीन।
जाकी दीरघ आयु है, सो सारै नकि सीन ॥८८

**सोरठा**

प्रगट भई कलिकाल, इह मिथ्यात कि थापना। जे जैनी सुविशाल, याहि न माँनै सर्वथा ॥८९
मेलै जे नर जाँहि, नहीं गीत सुनिकै खुसी। टका गांठि का खांहि, पाप उपावै अधिक वे ॥९०

**गीताछन्द**

जे चैत वदि-पड़वा थकी गण-गौरि की पूजा सजे।
परभाति लड़की होय भेली गीत गावै मन रुचै ॥

मालीतणी-बाड़ी पहूंचरु फूल दो बहुलैं करी।
हरषाय मन उछाह करती आसह ते निज घरी ॥९१
पूजे तहाँ तिह दिवस सो ले फूल दोय चढ़ाय के।
पाछे बनावे हेत धरि गण-गोरि गोरि अणायके ॥
ईश्वर महेसुर करे मूरति आँखि कौंड़ी की करे।
देखो बड़ाई नजर इमहो चित्र की थापना धरे ॥९२

## नाराच छन्द

वणाय तीज कों गुणो चढ़ाई पूजि कै सही। बड़ी तियारु कन्यकाइ कंत ब्रत्त को गही॥
करैं मिठान्न भोजना अनेक हर्ष मानि है। सुहाग भाव वर्त्त नाम जोषिता बखानि है ॥९३

## गीता छन्द

गणगोरि की पूजा किए जो, आयु, पति की विस्तरै।
तो लखहु परतछि आयु छोटी प्राय मानव क्यों मरै॥
कन्या कुँवारीपणा ही तें तास पूजा आ चहै।
बारह वरष की होय विधवा क्यों न तसुकी रक्षा करै ॥९४
साहिब तणो जा करै, सेवा दिवसि निशि मन लायकैं।
धिक्कार तसु साहब पणो, कछु दिना सेब कराय कै।
दायक सुहागनि विरद को गहि, सकति तसु अति हीनता।
सेवा करंती बाल विधवा होय लहि पद-हीनता ॥९५

## तोटक छन्द

सिगरी नर नारि इहै दर से, धरि मूरखता फिरि कै पर से।
कछु सिद्ध लहै नहिं तास थकी, तिहतैं तजिए तनु पूजन की ॥९६

## गीता छन्द

भूषन वसन पहिराय, बहुविधि अधिक तिय मिलिकैं गहो।
लै जाइ पुर से निकसि बाहर पहुंचि है जल तीर ही॥
गावे विनोद अनेक विनरी नीर में तसु डारही।
अति हरष धरती हरष करती आय गेह सिधारही ॥९७

## दोहा

इह प्रभुता सहु देखि कै, गौरी ईश महेश। वाकूं जल में खेयतें, डर न कियो लव-लेश ॥९८
रहत सकत तिह देखिये, करिविथापना मूढ़। महा मिथ्याती जान तिन, धारे दोष अगूढ़ ॥९९

## सोरठा

इत पूजे फल येह, कुगति अधिक फल भोगवे। यामें नहिं सन्देह, जैनी को इह योग्य नहि ॥१२००
दुर्लभ नर भव पाय, जैन धरम आचार जुत। ताको चित बिसराय, पूज करै गण-गौरिको ॥१

सो मिथ्यात को मूल, त्रिविधि तजौ तिन सुखद लखि।
होय धरम अनुकूल, ताते भव-भव सुख लहै ॥२

सवैया ३१

चांवड़ा बराही खेतपाल दुरगा भवानी पंथवार देव ईंट थापना बखानिये।
सत्तनामी नाभिगं ललितदास पंथी आदि नाना परकार भव प्रगट जानिये॥
झाझाकलवानी डाल भेव दीप वो मुपा की मंत्र ते उतारे भूत डाकिनी प्रमानिये।
एतो विपरीत घोर थापना मिथ्यात जोर अहो जैनी इन्हें कष्ट आए हू न मानिये ॥३

सोरठा

पीपर तुरसी जान, एकेंद्री परजाय प्रति। इन्हें देव पद ठान, पूजे मिथ्या दृष्टि जे ॥४

सवैया

ख्वाजे मीर साह अजमेर जाकी जाति बोलै पुत्र के गले में बाँधी घालै चाम पाटकी।
मेरे सुत जीवै नाहि याते तुम पाय अहो सात वर्ष भए नीत पायनते बाटकी॥
जलालदीय पंच पीर और बड़ो पीररनै जाय करे चूरिमो कुबुद्धि जिनराटकी।
फातिहा पढ़वावैं जिंदा दरवेश को जिमावैं इह कलिकाल रीति मिथ्यात के थाट की ॥५

दोहा

तुरक आन के देव को, मानत नाहि लमार। हिन्दू जैनी मूढ़मती, सेवैं वारम्बार ॥६
या समान मिथ्यात जग, और नहीं है कोय। दुखदायक लखि त्यागिहै, महाविवेकी सोय ॥७

सवैया ३१

भादों वदि नौमी दिन गारिको बनाय घोड़ो तापरि चढ़ावै चहुँ बाण गोगो नाम ही।
बावड़ी में मेलि कुम्भकारि तिय कर धर लोभते पुजावत फिरै है धाम धाम ही॥
ताको सुखदाई जानि मूढमती मानि ठानि देत दान पाय नमि सेवे गाम गाम ही।
मिथ्यात्व की रीति एह करैं निरबुद्धी जेह कुगति लहै है जेह बांका दुख पावही ॥८
भादों बदि बारस दिवस पूजैं वछ गाय राति को भिजोवे नाज लाहण के काम ही।
निकसैं अंकूरा तिनि मांहि जे निगोदरासि हरष अधिक बाँटैं ठाम ठामही।
जीवनि को नाश होय मानत तिवहार लोय कैसे सुख पावे सोय पशू पूजे नाम ही।
महा अविचारी मिथ्याबुद्धीचारी नर नारी ऐसी क्रिया करे श्वभ्र लहै दुख धाम ही ॥९

दोहा

हलद माहि रंग सूत को, गाज लेत है तेह। सुणै कहानी खोलते. रोट करत है तेह ॥१०
धोक देय पूजै तिसे, कहि सुखदाई एह। नाम ठाम नहि देवको, भव भव में दुख देह ॥११

चाल छन्द

नारी जो गर्भ धरे है, बालक परसूत करे है।
जनमें बालक जिहि बार, तसु औतिह लेत उतार ॥१२

केउन के ऐसी रीति, गावे त्रिय मन धर प्रीति ।
गाडे चित अति हरषाई, ते ओलि हाट ले जाई ॥१३
केऊ रोटी के मांही, गाड़ के देत नखाहीं ।
तामाहीं जीव अपार, गाढ़े सो हीणाचार ॥१४
ते अदया के अधिकारी, पावें दुरगति दुख भारी ।
जिनके करुना मन मांहीं, ताकों दै दूरि नखाहीं ॥१५
दस दिन को ह्वै जब बाल, सूरज पूजै तिह काल ।
लागै तसु दोष मिथ्यात, जिन मारग ए नहीं घात ॥१६
तीन्है जब न्हवण करै है, जलथानिक पूजन जैहै ।
जल जीवन को भंडार, एकेंद्री त्रस अधिकार ॥१७
जैनी जिनके घर मांही, संकाचित मांहि धराहीं ।
जलथानक जाय न दूजे, घरमांहि परहंडी पूजे ॥१८
ताको है दोष महंत, ततक्षिण तजिए गुणवंत ।
दिन तीस तणो ह्वै बाल, जिन मारग में इह चाल ॥१९
वसु दरब मनोहर लेई, चैत्याले गमन करेई ।
ते बालक अंक मझारी, तिह साथ चलै बहु नारी ॥२०
गावैं जिन गुण हरषंती, इय मंदिर जिन दरसंती ।
भगवंत चरण सिरनाय, पुनि नृत्य रचै बहु भाय ॥२१
बाजित्र विविधि के बाजे, जामों घन अंबर गाजे ।
जिन भाव हरखि धरि सेवै, तसु जनम सफलता लेवै ॥२२
श्रुत गुरु पूजै बहु भाई, जिनकी युति मैं मन लाई ।
भाषै अति उत्तम बैन, सब जन मन कों सुख दैन ॥२३

### दोहा

जिन श्रुत गुरु पूजा पढ़ै, आवे अपने गेह । यथा सकति अरथी जनहि, दान हरषतें देय ॥२४
सनमानें परिवार कों, यथायोग्य परवान । जैनी इह विध पुत्र कों, जनम महोछो ठाम ॥२५
आठ बरष लों पुत्र जो, करए पाप विस्तार । तास दोष पितु मातु को, ह्वै है फेर न सार ॥२६
यातें सुनि निज कार मैं, राखै जे मति मान । ताहि पढ़ावै लाभ लखि, ह्वै तब विद्यावान ॥२७

### चाल छन्द

अब ब्याह करन की बार, किरिया जे ह्वै अविचार ।
प्रथमहि जब लगन लिखावे, सज्जन दस बीस बुलावै ॥२८
चावल ह्वै जिन कर मांहीं, पूजा सब लगन कराहीं ।
करि तिलक बिदा तिन कीजे, मिथ्यात महा सु गिनीजे ॥२९
मांडे फिरि भीत बिनायक, कहि सिद्ध सकल सुखदायक ।
नर देह वदन तिरयंच, सो तो सिधि देय न रंच ॥३०

तातें जैनी जो होइ, ए जैन विनायक सोई।
साजी अवटावे जेह, पापड़ करण को तेह ॥३१
जल तीन चार दिन ताईं, राखै नहीं संक धराहीं।
बसु पहर गये तिन माहीं, सनमूर्छन जे उपजाहीं ॥३२
घर घर पहुंचावे, बहुतो सो पाप बढ़ावे। वसुजाम मांहि वह नीर, बरते जे बुद्ध गहीर ॥३३
उपरांति दोष अति होई, मरयाद तजो मति कोई।
अरु वड़ी करण कै ताईं, भिजवावै दालि अथाहीं ॥३४
सो दालि धोय सब नाखे, बहुविरियां लगन न राखे।
घटिका दुय में उस माहीं, सन्मूर्च्छन जीव उपजाहीं ॥३५
यातें भविजन मन लावे, तस तुरतहि ताहि सुकावे।
धोवण को पानी जेह, नाखे बहु जतन करेय ॥३६
बसु सरद रहै नहीं जाते, बीखरिवानांसे यातें।
सांझे जो दालि पिसावे, बासन भरि राति रखावे ॥३७
उपसावै अधिक खटावे, उपजे त्रस वारन पावे।
फुनि लूण मसाला डारै, करतै मसलैं बहुबारै ॥३८
इम जीवनि घास करंती, मनमाँहीं हरष धरंती।
निज परतिय बहुत बुलावे, तिनपै ते बड़ी दिबावे ॥३९
सो पाप अनेक उपावे, कहते कछु ओर न पावै।
करुणा जाके मनि आवे, सो इह विधि बड़ो निपावे ॥४०
उनहू अलदालि भिजोवे, प्रासुक जल तैं फिर धोवे।
किरिया को दोष न लावे, सों दिन में कलो करावे ॥४१
तनकाल बड़ी तसु देह, उपजावे पुण्य न छेह।
स्याणों अम अंबर अयाणो, दुहुं व्याह करे इह जाणो ॥४२
किरिया में भेद अपार, इक सुख दे इक दुखकार।
जाके करुणा मनमाँही, अविवेक न क्रिया कराहीं ॥४३
छाणा की गाडी आने, अविवेक की पूजा ठाने।
लकड़ी को थम बनाव, ताकों तिय पूजण आवे ॥४४
गावती गीत घनेरा, जो जो जिह थानक केरा।
माटी पूजें करि टीकी, कारण लखि सबही को ॥४५
संकडी राखी दिन ऐ है, तिर्यंचाकि पूजणो जे हैं।
तिसि को डोरे बँधवावें, परियण सज्जन मिलि आवे ॥४६
तह पूज बिनायक करिके, रोली पूजे चित धरिके।
अरु बार बार बिनायक, पूजे जानो सुखदायक ॥४७
इन आदि क्रिया बिपरीति, करिहै मूरख धरि प्रीति।
मिथ्यात भेद नहिं जाने, अघ को उर मन नहि माने ॥४८

अघ तैं ह्वै नरक बसेरा, वोर न आवे दुख केरा।
यातें सुनि बुध जन एह, मिथ्यात क्रिया तजि देह ॥४९
तातें भव भव सुख पावै, आगम जिन राज बतावे।
यातें सुख बांछक जीव, आज्ञा जिन पालि सदीव ॥५०
करि है जे क्रिया विवाह, सिव मत माफिक यह राह।
मिथ्यात दोष इह जाते, जैनी को वरजो यातें ॥५१
पूरव दिस ज्योतिस जैन, कछुयक उद्योत सुख देन।
रहियो दिन माफिक व्याह, जैनी धरि करे उछाह ॥५२
तामें मिथ्या नहिं दोष, सिवमत विधि हू नहीं पोष।
जैनी श्रावक जो पंडित, जिनमत आचार जु मंडित ॥५३
ते व्याह करावैं आई, मन में शंका न धराई।
तिन हूं स्यों आप समाही, सुत बेटी सगपन थाहीं ॥५४
प्रथमहि जो व्याह सँचैहै, जिन मंदिर पूज रचै है।
बाजित्र अनेक बजावें, युवती जन मंगल गावें ॥५५
कन्या वर कों ले जांही, जिन चरणनि नमन कराहीं।
जिन पूजि रुआवे गेहै, पीछे विधि एम करे है ॥५६
सज्जन परिवार संतोष, ऊषित भूषित जन पोषे।
जिन मत विधि पाठ प्रमाणैं, अपराजित मंत्र वषाणैं ॥५७
वर कन्या दोहुं कर जोड़, फेर कराय धरी कोड़।
समधीजन असन करावे, दुहूँ तरफहि हरष बढ़ावे ॥५८
देवो निज सकति प्रमाण, कन्या वर भूषण दान।
इह विधि जे व्याह करांही, मिथ्यात न दोष लगाहीं ॥५९
गुरु देव धरम परतीत, धारो जन की इह रीति।
तिनको जस है जगमाहीं, दूषण मिथ्यात तजाहीं ॥६०

### दोहा

श्री हणवन्त कुमार की, मूढ़नि धरि चित प्रीति। गांम गांम की थापना, महाघोर विपरीत ॥६१

### चाल छन्द

मूरति पाषण घड़ावे, तसु ऐसे अङ्ग बनावे।
मानुष कैसे कर पाय, बन्दर को सो मुख थाय ॥६२
लंबी पूंछ जु अधिकाई, मूरति इस भाँति रचाई।
कहु इक क्षत्री जु चुणावे, कहुं मढि रचिकै पधरावे ॥६३
कहुं चौड़े निकटाहि गाम, कहुं कांकड़ दूरहि धाम।
तिनतेल लगावे धूर, चरचे कों बीरू सिन्दूर ॥६४॥
कहिहै तमुखेड़ा देव, बहु जन तिह पूजै एव।
पापी जन भेद न जानैं, जिह आगे अदया ठानैं ॥६५

**चौपाई**

जात्री दूर दूर का घणा, आवै पायनि में तिह तणा।
जीव बद्ध करि तास चढ़ाय, निहचैते नरकहि जाय ॥६६
कामदेव हणमन्त कुमार, विद्याधर कुल में अवतार।
तीर्थंकर बिनु जग नर जिते, तिह-सम रूपवान नहि तिते ॥६७
बन्दरवंशी खगपति जान, धुजा माँहि कपि चिह्न बखान।
माता अंजनी जाकी जानी, पवनंजय तसु पिता बखानी ॥६८
दादी खगपति नृप प्रह्लाद, जैनधर्म धरि चित अह्लाद।
पाले देव गुरु श्रुत ठीक, महाशीलधारी तहकीक ॥६९
हणुकुमार दीक्षा धरि सार, मोक्ष गये सुख लहै अपार।
ताको भाषै कपि को रूप, ते पापी पड़िहैं भवकूप ॥७०
आनमती सों कछु न बसाय, जैनी जन सों कहुं समझाय।
जिनमारग में भाष्यों यथा, तिह अनुसार चलो सरवथा ॥७१
गंगा नदी महा सिरदार, जाको जल पवित्र अविकार।
जिन पखाल पूजा तिह थाकी, करिये जिन आगम में बकी ॥७२
जैनी श्रावक नाम धराय, हाड रु लावे तिह पितु माय।
धन्य जनम माने जग आप, गंगा घाले माय रू बाप ॥७३
आनमती परशंसा करे, तिन वच सुनि चित हरखहि धरे।
मूढ़ धरम अघ भेद न लहै, वातुल-सम जिम तिम सरदहै ॥७४
पदमद्रह हिमवन ऊपरी, ताहृतें गंगा नीकरी।
विकल त्रस जल में नहीं होय, बहुदिन रहै न उपजै वोय ॥७५
जिस पर जाय तजे ततकाल, और ठाम उपजै दरहाल।
हाड रु लाए गंगा माहि, कैसे ताको गति पलटाहि ॥७६
जैनी जन तिन शिक्षा एह, जैन विरुद्ध कीजे है तेह।
ते करिये नहीं परम सुजान, तिम उत्तम गति लहै पयाण ॥७७

**अथ जनम मरण की क्रिया को कथन**

**दोहा**

मरण समय कीजे क्रिया, आगमते विपरीत।
पोषक मिथ्यादृष्टि की, कहूं सुनहुं तिन रीत ॥७८

**चौपाई**

पूरी आयु करवि जे मरे, मेल्हि सनहती ए विधि करे।
चून पिण्ड का तीन कराय, सो ताके कर पास धराय ॥७९
भ्रात पुत्र पोता की बहू, धरि नालेष्ट धोक दे सहू।
पान गुलाल कफन पर गरे, एम क्रिया करि ले नीसरे ॥८०

दग्ध क्रिया पाछे परिवार, पानी देय तबे तिह बार।
दिन तीजो सो तीयो करे, भात सरा इम ताके धरे ॥८१
चाँदी सात तवा परिडारि, चन्दन टिपकी दे नर नारि।
पानी दे पत्थर खटकाय, जिन दर्शन करिकै घर आय ॥८२
सब परिजन जीमत तिहिं बार, बांबां करते गास निकार।
सांझ लगै तिहि ढांकरि खाय, गाय बछाक देय खुवाय ॥८३
जिह थानक मूवो जन होय, लीपै ठाम करे सुख होय।
फेरे ता ऊपरि के रडी, ए मिथ्यात क्रिया अति बड़ी ॥८४
ए सब क्रिया जैन मत माँहि, निंद सकल भाषै सक नाहि।
अवर क्रिया जे खाटी होय, सकल त्यागिए बुध जन सोय ॥८५
जब जिय निज तजि कै परजाय, उपजै दूजी गति मैं जाय।
इक दुय तिन समये के मांहि, लेइ आहार तहां सक नाहि ॥८६
गति माफिक पर्यापति धरै, अन्त मुहूरत पूरो करै।
जिह गति ही में मगन रहाय, पिछलो भव कुण याद कराय ॥८७
पिंड मेल्हि तिहि कारण लोय, धोक दिये जै लै नहीं सोय।
पाणी देवे की जो कहै, मूए को कबहुं न पहौंचिहै ॥८८
भात सराई काकै हेत, वह तो आय आहार न लेत।
जाकै निमित्त काढ़िये गास, पहुंचै वहै यहै मन आस ॥८९
सो जाणै मूरख की वाणि, मूवो गास लेय नहिं आणि।
गउ के रडी गास ही खाहि, अरे मूढ किम पहुँचै ताहि ॥९०
मृत्यकभूमि फिरै के रडी, सो मिथ्यात भूल अति बड़ी।
उलटी किरिया ते ह्वै पाप, जो दुरगति दुख लहै संताप ॥९१
यातै जैन धरम प्रति पाल, जे शुभ क्रिया अझूठी चाल।
तिनहिं भूलि मति करियो कोय, जो आगम हिरदै दृढ़ होय ॥९२
पूरी आयु करिवि जिय मरै, ता पीछे जैनी इम करे।
घड़ी दोय मैं भूमि मसान, ले पहुँचे परिजन सब जान ॥९३
पीछे तास कलेवर माँहि, त्रस अनेक उपजै सक नाहिं।
मही जीव बिन लखि जिह थान, सूको प्रासुक इंधण आन ॥९४
दगध करिवि आवे निज गेह, उसनोदक स्नान करेह।
वासर तीन बीत्ति है जबै, कछु इक सोक मिटण को तबै ॥९५
स्नान कॅरिवि आवे जिन-गेह, दर्शन करि निज घर पहुँचेह।
निज कुल के मानुष जे थांय, ताके घर तैं असन लहाय ॥९६
दिन द्वादश वीते है जबे, जिन मन्दिर इम करिहै तबे।
अष्ट द्रव्य तैं पूज रचाय, गीत नृत्य वाजित्र बजाय ॥९७
शक्ति जोग उपकरण कराय, चंदोवादिक तासु चढ़ाय।
करिवि महोछब इह विधि सार, पात्र दान दे हरष अपार ॥९८

परिजन पुरजन न्योति जिमाय, यथाशक्ति इम शोक मिटाय ।
अरु परिजण सूतक की बात, सूतक विधि में कही विख्यात ॥९९
ता अनुसार करे भवि जीव, हीण क्रिया को तजो सदीव ।
इह विधि जैनी क्रिया करेय, अवर कुक्रिया सवहि तजेय ॥१३००

**अथ सूतक-विधि लिख्यते । उक्तं च मूलाचार उपरि भाषा**

**त्रोटक छन्द**

इम सूतक देव जिनिन्द कहै, उतपत्ति विनास वि भेद लहै ।
जन में दस वासर को गनिए, मरिहै जब बारह को भनिए ॥१
कुल में दिन पंच लगी कहिये, जिन पूजन द्रव्य चढ़े नहि ये ।
परसूत भई जिह गेह मही, वह गाम भलो दिन तीस नहीं ॥२

**चौपाई**

चेरी महिषी घोड़ी गाय, ए घर में परसूतिज थाय ।
इनको सूतक इक दिन होय, घर बारे सूतक नहिं कोय ॥३
महिषी क्षीर पक्ष इक गए, गाय दूध दिन दस गत भये ।
छेली आठ दिवस परमाण, पाछे पय सबको सुध जाण ॥४
जनम तणो सूतक इह होय, मरण तणौ सुनिये अब लोय ।
दिन बारह इह सूतक ठानि, पीढ़ी तीनि लगैं इक जानि ॥५
चौथी साखि दिवस दस आय, पंचम पीढ़ी षट दिन जाय ।
षष्ठी साखि चार दिन कहे, साख सातमी तिहु दिन रहे ॥६
अष्टम साखि अहो निसि सोग, नवमी जामहिं दोय नियोग ।
दसमी हीन मात्रही जाणि, सूतक गोत्रनि गहे बखाणि ॥७
करि संन्यास मरे जो कोय, अथवा रण में जूझै सोय ।
देशांतर में छोड़े प्रान, बालक तीस दिवस लों जान ॥८
एक दिवस इनको ह्वै सोग, आगे अवर सुनो भवि लोग ।
पीढ़ो बालक दासी दास, अरु पुत्री सूतक सम भास ॥९
दिवस तीन लों कह्यों बखान, इसकी मरयादा में जान ।
वनिता गरभ पतन जो होय, जितना मास तणी थिति सोय ॥१०
जितने दिन को सूतक सही, पीछे स्नान शुद्धता लही ।
पति का मोह थको तिय जरे, अथवा अपघातक जु करे ॥११
अरु निज परि मरि है जो कोय, इन तिनहूँ की हत्या होय ।
पखवारा सूतक ता तणो, आगे अवर विशेष जो भणों ॥१२
जाके घर के असन रु नीर, खाय न पीवै बुद्ध गहीर ।
अरु श्री जिन चैत्यालय मही, द्रव्य न चढै रु आवै नहीं ॥१३
बीति जाय जब ही छह मास, जिन पूजा उच्छव परकास ।
जामें पंच तासु के गेह, जाति मांहि तब आवै जेह ॥१४

मरयादा ऐसी को छांड, और भांति करवा नहिं मांड ।
जो जिन आगम भाखी रीत, सो करिए नित मन धर प्रीत ॥१५

**कुंडलिया**

सूतक क्षत्री गेह पंच वासर कह्यो, ब्राह्मण गेह मझारि दिवस दस ही लह्यो ।
अहो रात्रि दस दोय वैश्य घर जाणियै, सब सूद्रनि के सूतक पाप बखानिये ॥१६
ऋतुवंती तिय प्रथम दिवस चंडालणी, ब्रह्मघातिका दिवस दूसरा में भणी ।
त्रितिय दिवस के यांहि निंदिसम रजकणी,
बासर चोथे स्नान क्रियासों सुध भणी ॥१७
जाके घर में नारि अधिक है दुष्टणी, जाकै किरिया हीण सदा पूरब भणी ।
व्यभिचारणि पर-पुरुष रमण मति है सदा,
ताके घर को सूतक निकर्म नहिं कदा ॥१८

**सोरठा**

को कवि कहै बनाय, ताके अवगुण को कथन ।
प्रायश्चित न समाय, जिहि दिन दिन खोटी क्रिया ॥१९

**कुंडलिया**

अरु जाकै घर त्रिया दया व्रत पालनी, सत्य वचन मुख कहै अदत्तहिं टालिनी ।
ब्रह्मचर्य को धरै सती सब जन कहै, पतिबरता पति भक्ति रूप नित ही रहै ॥२०
जिनवर की सो पूज करै नित भाव सों, पात्रनि को दे दान महा उच्छाह सों ।
सूतक पातक ताके घर नहिं पाइये, प्रायश्चित तिय तिहि कों केम बताइये ॥२१

**दोहा**

इह सूतक वरनन कियो, मूलाचार प्रमान ।
तिह अनुसार जु चालिहे, ता सम और न जान ॥२२

**सोरठा**

भाषा कीनी सार, जो मत संशय ऊपजै ।
देखो मूलाचार, मन संशयो भाजै सही ॥२३

इति सूतक विधि

**अथ तमाखू भांग निषेध वर्णनम्**

**चाल छन्द**

सुनियै बुध जन कलिकाल, प्रगटी हीणी दोय चाल ।
इक प्रथम तमाखू जानो, दूजी बिजियाहि बखानो ॥२४
सुनिलेहु तमाग्व दोष, अदया कारण अघ कोष ।
निपजन की विधि है जैसें, परगट भाषत हौं तैसें ॥२५

तसु हरित तोडि के पान, सांजी बलते छिड़कांन।
गदहा को मूत्र जु नांखे, बांधिरु जुडाघरि राखे ॥२६
दिन बहुत सरदता जामें, त्रस जीव ऊपजें तामें।
तिनकी अदया है भूरि, करुणा परि है नहिं मूरि ॥२७
पिरथी में आगि डराहीं, तिनिके जिय नास लहांही।
धूवां मुखसेती निकसै, तबवाय जीव बहु बिनसै ॥२८
थावर की कौन चलावे, त्रस जीव मरण बहु पावे।
दुरगन्ध रहै मुख मांहीं, कारे कर ह्वै अधिकांहीं ॥२९
उत्तम जन ढिग नहिं आवे, निंदा सब ठाम लहावे।
दुरगतिहि दिखावे बाट, सुरगति कौं जांणि कपाट ॥३०
अतिरोग बढावे श्वास, ऐसें नरकी का आस।
दोषीक जानि करि तजिए, जिन आज्ञा हिरदय भजिए ॥३१
उपवास करै दे दान, किरिया पाले धरि मान।
पीवे हैं तमाखू जेह, ताके निरफल ह्वै एह ॥३२
अघ-तरु सिंचन जल-धार, शुभ पादप-हनन कुठार।
बहु जनकी झूटि घनेरी, दायक गति नरकहि केरी ॥३३
इह काम न बुधजन लायक, ततक्षिण तजिये दुखदायक।
के सूंघे कैंऊ खेहैं, तेऊ दूषण को लैहैं ॥३४

दोहा

भांग कसूंभो खात ही, तुरत होत वै रोस।
काम बढ़ावन अघ करन, श्री जिनवर पद सोस ॥३५
अतीचार मदिरा तणों, लागै फेर न सार।
जग में अपजस विस्तरे, नरक लहै निरधार ॥३६
लखहु विवेकी दोष इह, तजहु तुरत दुखधाम
षट मत में निन्दित महा, हनै अरथ शुभ काम ॥३७

मरहटा छन्द

इह जगमाहीं अति विचराहीं क्रिया मिथ्यात जु केरी।
अदया को कारण शुभगति-वारण भव-भटकावन फेरी ॥
करिहै अविवेकी ह्वै अति टेकी तजिकै नेकी सार।
धरि मन चित आनै अघही जानै कौन बखानै पार ॥३८
तामें रमि रहिया ग्रह ग्रह गहिया तिय वच सहिया तेह।
मन में उर आनै कहैं सु बखानै वचन बखानै जेह ॥
नरपद जिन पायो बृथा गमायो पाप उपायो भूरि।
अस मन में रमिहै कुगुरुन नमि है भव-भव भ्रमिहै कूर ॥३९

किरिया लखि ऐसी भाषी तैसी तजिय वैसी वीर।
ताते सुख पावे अघ नसि जावे जो मन आवे धीर ।।
जिनभाषित कीजै निज रस पीजे कुगति है दीजै नीर।
भव भ्रमणहि छांड़ो सकतिह मांड़ो उतरो भवदधि तीर ।।४०

**अथ ग्रहशांति जोतिष वर्णन लिख्यते**

**चौपाई**

जोतिस चक्रतणी सुनि बात, जम्बूद्वीप माहिं विख्यात।
दोय चन्द सूरिज दो कहे, जैनो जिन आगम सरदहे ।।४१
इक रवि भरत उदै जब होय, दूजो ऐरावति में जोय।
दुहुनि बिदेह माहिं निसि जाणि, जोतिस चक्र फिरे इहवाणि ।।४२
भरत अरु ऐरावति निसि जबै, दुहुन विदेह दुहू रवि तबै।
इक पूरब विदेह रवि जान, अपर विदेह दूसरो मान ।।४३
फिरते रवि शशि को इह भाय, आदि अन्त थिरता नहिं थाय।
एक चन्द्रमा को परिवार, आगम भाष्यो पंच प्रकार ।।४४
शशि रवि ग्रह नक्षत्र जाणिये, पंचम सहु तारा ठाणिए।
तिनकी गिनता इह विधि कही, एक चन्द्रमा इक रवि सही ।।४५
ग्रह अठ्यासी अवर नक्षत्र, भाषै अट्ठाईस विचित्र।
छासठ सहसरु नव सय सही, ऊपरि पचहत्तरिकों गही ।।४६

**अडिल्ल छन्द**

पंच अंक इन ऊपर चौदह सुनि हिये, अंक भये उगणीस सकल भेले किये।
छासठ सहसरु नव सय पचहत्तर भणे, कोड़ा कोड़ी तारा इतने गण गणे ।।४७

**चौपाई**

एक चन्द्रमा को परिवार, तैसो दूजा को विस्तार।
मेरुतणी परदिक्षणा देई, थिरता एक निमिष ना लेई ।।४८
जिन आगममें इह तहकीक, आनमतीके सो नहि ठीक।
जिन मत जोतिष विच्छिति भई, अट्ठासी ग्रह भेद न लई ।।४९

**दोहा**

प्रगटयो शिवमत जोर जब, पंडित निजबुधि धार।
ग्रन्थ कियो जोतिष तणों, तिम फेल्यो विस्तार ।।५०
आदित सोम रु भूमि-सुत, बुध गुरु शुक्र सुजान।
राहु केतु शनि ए सकल, नव ग्रह कहे बखान ।।५१
चौथो अष्टम बारहो, अरु घातीक बनाय।
साढ़े साती शनि कहैं, दान देहु समथाय ।।५२

**चालछन्द**

तंदुल रूपो सित वास, रवि शशि को दान प्रकास ।
रातो कपड़ो गोधूम, तांबो गुलद्यौ सुत भूम ॥५३
बुध केतु दुहूँ इकसेही, मूंगादि कह्यों इत देही ।
गुरुज वसन द्यौ हेम, अरु दालि वनन करि प्रेम ॥५४
जिम कहे शुक्र को दान, तिमही दे मूढ़ अयान ।
शनि राहु श्याम भणि लोह, तिल तेल उड़द तद्योह ॥५५
हस्ती अरु घोटक श्याम, जुत श्याम विलरथ नाम ।
इत्यादिक दान बखानै, ग्रह शान्ति निमित मन आनै ॥५६
नवग्रह सुरपद के धारी, तिनके नहिं कवल अहारी ।
किह काज नाज गुल देहै, सुर किम हि तृपतिता लैहै ॥५७
हाथी घोड़ा असवारी, तिनि निमित देह उर धारी ।
वन के विमान अतिसार, सुवरण नग जड़ित अपार ॥५८
भूपरि कछु पाय न चालै, किह कारण दानहि झालै ।
तातें ए दान अनीति, शिवमत भाषै विपरीति ॥५९
बालक जनमें तिय कोई, मूला असलेखा होई ।
दिन सात बीस परमाणै, वनिता नहिं स्नान जु ठानै ॥६०
पति पहिरै वसन मलीन, बालक निज स्वाद नवीन ।
सिर दाढ़ी केस न ल्यावे, स्नानहुँ करिवो नहिं भावै ॥६१
दिन ह्वै सब जाय वितीत, किरिया बहु रचै अनीति ।
द्विज को निज गेह बुलावे, वह मूला शांति करावे ॥६२
*तरु जाति बीस पर सात, तिनके जु मंगावे पात ।*
इतने ही कूवा जानी, तिनको जु मंगावे पानी ॥६३
इतने ही छाहि जु केरा, सो फूस करै तस भेरा ।
अरु सताईस कर टूक, सीधा इतने ही अचूक ॥६४
दक्षिणा एती जु मंगावे, सामग्री होम अनावे ।
करि अगिनि बाल अगियारी, घृत आदिक वस्तु जु सारी ॥६५
होमें करि वेद उचारे, इह मूल शांति निरधारे ।
पाछे फिर एम कराई, वह फूस जो देय जलाई ॥६६
बालक पग तेल जु माहीं, परियण को देहि बुलाई ।
सबहीनें बालक के पाय, कहि ढोल द्योह सिरनाय ॥६७
सब मुख वच एम कहावे, हमते तू बड़ो कहावे ।
ऐसी विधि शिवमत रीति, जैनी करिहै धरि प्रीति ॥६८
धरम न अर्थ भेद लहाहीं, किम कहिए तिन शठ पाहीं ।
ते अघ उपजावे भारी, तिनके शुभ नहीं लगारी ॥६९

गुरुदेव शासतर प्रीति, वरिहै जे मन धरि प्रीति।
तें ऐसी क्रिया न मंडे, अघ-कर लखि तुरतहिं छंडे ।।७०
सतबीस नक्षत्र जु सारे, बालक ह्वै सकल मझारे।
जाके शुभ पूरब सार, सो भुगते विभव अपार ।।७१
जाके अघ ह्वै प्राचीन, सोइ यहै दलिद्री हीन।
ए दान महादुख दाई, दुरगति केरे अधिकाई ।।७२
मिथ्यात महा उपजावे, दर्शन सिव-मूल नसावे।
निज हित बांछक जे प्रानी, ए खोटे दान बखानी ।।७३
जिनमारग भाष्यौ एह, विधि उदै आय फल देह।
तैसो भुगते इह जीव, अधिको ओछो न गहीव ।।७४
जाके निश्चय मन माहीं, विकलप कबहूं न कराहीं।
मन मांहि विचारे एह, अपनो लहनो विधि लेह ।।७५

### दोहा

निमित तास चित पूजसी, अधिका जे द्रव्य लाय।
कोटि जनम करतो रहो, ज्यों को त्यों ही थाय ।।७६
ग्रह की शांति निमित जो, विकलप छूटे नाहि।
भद्रबाहु कृत श्लोक में, कही जेम करवांहि ।।७७

### अडिल्ल

नमसकार कीरति न जगत गुरु पद लही,
सद गुरु मुखतै कथन सुण्यो जो होहि सही।
लोक सकल सुख निमित कह्यो शुभ वैन कों,
नवग्रह शांतिक वर्णन सुनिये चैनकों ।।७८

### नाराचछन्द

जिनेंद्र देव पासेव खेचरीय लाय है, निमित्त तासु पूजि जेन अष्ट द्रव्य लाय है।
सुनीर गंध तंदुलै प्रसून चारु नेवजं, सुदीप धूप औ फलं अनर्घ सिद्धदं भजं ।।७९

### चालछन्द

सूरज क्रूर जब थाय, पदमप्रभ पूजे पाय।
श्री चंद्रप्रभु पूजा तें, सिद्ध दोष न लागे तातें ।।८०
जिन वासुपूज्य पद पूजत, भाजे मंगल दुख धूजत।
बुध क्रूर पण जब थाय, वसु जिन पूजे मन लाय ।।८१

### अडिल्ल

विमल अनन्त सुधर्म शान्ति जिन जानिए, कुन्थु अरह नमि बर्धमान मन आनिए।
आठ जिनेसुर चरण सेव मन लाय है, बुद्धतणो जो दोष तुरत नसि जाय है ।।८२

रिषभ, अजित, संभव, अभिनन्दन वंदिए, सुमति, सुपारस, शीतल मन आंनदिए।
श्री श्रेयांस जिनंद पाय पूजत सही, विसपत्ति दोष नसाय यही आगम कही ॥८३
सुबुधनाथ पद पूजित शुक्र नसाय है, मुनिसुव्रत कों नमत दोष शनि जाय है।
नेमनाथ पद वंदत राहु रहै नहीं, मल्लि रू पारस भजत केतु भजिहै सही ॥८४
जनम लगन के समै कूर ग्रह जो परै, अथवा गोचर मांहि अशुभ जे अनुसरै।
तिनि तिनि ग्रह के काजि पूजि जिनकी कही, जाप करै जिन नाम लिए दुष ह्वै नहीं ॥८५
नवग्रह सांतिह काज जिनेश्वर सों भणी, घडो होय सिरनाय करै सो थुति घणी।
वार एक सो आठ जाप तिनको जपै, ग्रह नक्षत्र की बात कर्म बहुविधि खपै ॥८६
भद्रबाहु इम कही तासु ऊपरि भणी, जो पूरब विद्यानुवाद श्रुति ते मणी।
इह नवग्रह शान्ति बखाणो जैन मैं, करिवि श्लोक अनुसार किसनसिंध पै नमैं ॥८७
आन धरम के मांहि उपाय इम कहत हैं, विपरीत बुद्धि उपाय न मारग लहत हैं।
चंडारनि के दान दियाँ ह्वै शुद्धता, कल्प्यो एम विपरीत ठाणि मति मुग्धता ॥८८
चंद दोय दोय रवि दोय जिनागम में कहै, मेरु सुदरसन गिरिंद सदा फिर लेत है।
शशि विमान तल राहु एक योजन वहै, रवि कै नीचें केतु एम भमतो रहैं ॥८९
पखि अंधियारे मांहि कला शशि की सही, एक दबावति जाय अमावस लों कही।
शुकल पक्ष इक कला उघरती है, पूरणमासी दिन शशि निरमल थाय है ॥९०
नित्यहि ग्रह कों मिलन इहां होय न सबै, पूज्यूं विन विपरीति राहु उलटै जावै।
देवे शशि जब दान ग्रहण जब ठान ही, जिन मत में सो दान कबहूँ न बखानहीं ॥९१
रवि शशि चारयों तणौ ग्रहण चतुं जानियो, ऐरावत अरु भरत मांहि परमानियो।
छठै महीने अंतर पड़े आकाश में, फेरि चाल कूं लहै दबावै तास में ॥९२
तिह विमान की छाया अवर न मानिए, जिन मारग के सूत्रनि एक बखानिए।
भरत माहि एक ऐरावत में भी सही, इक ऐरावत माहि भरत तिहुँही लही ॥९३
भरत माहि ऐरावत चहूँ में ना कहीं, ऐरावत हे च्यारि भरत पै ए नहीं।
दोय दोय दुहुँ थान होय तो नहि मनैं, इह ग्रहण की रीत अनादि थकी बनै ॥९४

उक्तं च गाथा त्रैलोक्यसारे नेमिचन्द-सिद्धान्ति-कृते।

**राहु अरिट्ठविमाणं किंचूणा किं वि जोयणं अधोगंता।**

**छम्मासे पव्वन्ते चन्द रवि छादयवि कमेण ॥९५**

**चालछन्द**

ससि राहु केतु रवि जाण, आछादह है जु विमान।
विपरीत चाल षट् मास, पावत है जब आकास ॥९६
चारयो सुर पद के धार, तिह के कछु नंहि व्यापार।
देणो लेहणो को करि है, फिरि है जोजन अंतर है ॥९७
चहूँ को मिलिवो नहीं कबही, निज थानकि साहिब सबही।
औरनि की दीयो दान, लहैणी नहीं उतरे आन ॥९८
शशि राहु चाल इक बारी, शशि बढ़े घटै निरधारी।
षटमास बिना लहि दावे, रवि को नहि केतु दबावे ॥९९

**दोहा**

एह कथन सुनि भविक जन, करि चित में निरधार।
कथित आन मत दान जे, तजहु न लावो बार ॥१४००
पाप बढ़ावन दुःखकरन, भव भटकावन हार।
जास हृदय सत जैन दृढ़, त्यागै जानि असार ॥१

इति नवग्रह शान्ति विधिः।

**अथ निज तन संबंधी क्रिया कथन**

**चौपाई**

निज तन संबंधी जे क्रिया, करहु भव्य तामें दे हिया।
शयन थकी जब उठिये सवार, प्रथमहि पढ़े मन्त्र नवकार ॥२
प्रासुक जल भाजन कर-मांहि, त्रस-भूषित जो भूमि तजाहि।
वृद्धि नीति को जैहे जबै, अवर वसन तन पहरै तबै ॥३
नजरि निहारि निहारि करंत, जीव-दया मन मांहि धरंत।
होत निहार पछै जल लेइ, वामां करते शौच करेइ ॥४
फिरि मांटी वामा कर मांहि, वार तीन ले धोवै ताहि।
अर तहतें आवै घर करी, वस्त्रादिक सपरस परिहरी ॥५
कर धोवण कों ईंटा खोह,लेह तदा पद मर्दित सोह।
बालू अरु भसमी करि धारि, हाथ धोइ नागरि नर-नारि ॥६
वांवो हाथ फेरि तिहुंबार, धोवैं जुदो गारि करि धार।
हाथ दाहिणो हूं तिहुं बार, धोवै जुदो वहै परकार ॥७
माटी ले दुहुं हाथ मिलाय, धोवै तीन बार मन लाय।
पच्छिम दिशि मुख करिके सोइ, दातुण करिय विवेकी जोइ ॥८
स्नान करन जल थोड़ो नाखि, कीजे इह जिन आगम साखि।
करुणा कर मन मांहि विचारि, कारिज करिए करुणा धारि ॥९
प्रथमहि महि देखिए नैन, जहँ त्रस जीव न लहै अचैन।
रहै नहीं सरदी बहु बार, स्नान जहां करिहै बुध धार ॥१०
पूरब दिसि सन्मुख मुख करै, उजरे वसन उत्तर दिसि धरै।
जीमत वार धोवती धार, अवर सकल ही वसन उतारि ॥११
सिर डाढी सब राखै जबै, स्नान करै किरिया जुत तबै।
लोकाचार उठै किहि तर्णै, तबहू स्नान करत ही वर्णै ॥१२
तिय सेवै पीछै इह जाणि, परम विवेकी स्नानहि ठाणि।
शयन जुदो सेज्या परि करै, इम निति ही किरिया अनुसरै ॥१३
राति सुपन मैं मदन द्रवाय, धातु विषै को कारण पाय।
कपड़े दूरि डारि निरधार, जल तैं स्नान करै तिहि बार ॥१४

निसि सोवन कों सेज्या-थान, पलंग करै दक्षिण सिरहान।
अरु पश्चिम दिसहू सिर करैं, उठत दुहुं दिसि निज रिजु परै ॥१५
पूरव अरु उत्तर दुहुं जाणि, उत्तम उठिए हरषहि ठाणि।
इह विधि क्रिया अहो निसि करै, सो किरिया विधि को अनुसरै ॥१६

इति तन-संबंधी क्रिया।

**अथ जाप्य पूजा की विधि लिख्यते**

**चौपाई**

जाप-करण पूजा की बार, जो भाषी किरिया निरधार।
ताको वरणन भवि सुन लेह, श्लोकनि में वरणी है जेह ॥१७
पूरब दिसि मुख करि बुधिवान, जाप करै मन वच तन जानि।
जो पूरब कदाचिटरिजाय, उतर संमुख करि चितलाय ॥१८
दक्षिण पश्चिम दुहु दिसि जथा, जाप-करन वरजी सरवथा।
तीन सास-उसास मझारि, जाप करै नवकार विचारि ॥१९
प्रथम जाप अक्षर पैंतीस, दूजी सोलह वरण बत्तीस।
तृतीय अंक छह अरहंत सिद्ध, अ सि आ उ सा तुरी परसिद्ध ॥२०
पंच वरण च्यारि अरहंत, षष्ठम दुय जपि सिद्ध महंत।
वरण एक जोवों ऊंकार, जाप सताईस जपिए सार ॥ २१
कही द्रव्यसंग्रह में एह, सात जाप लखि तजि संदेह।
और जाप गुरु-मुख सुनि वाणि, तेऊ जपिए निज हित जानि ॥२२
मेरु बिना मणिया सौ आठ, जाप तणा जिन मत इह पाठ।
स्फटिक मणि अरु मोती माल, सुवरण रूपो सुरंग प्रवाल ॥ २३
जोवा पोतारे सम जाणि, कमल-गटा अरु सूत बखान।
ए नौ भाँति जाप के भेद, भाव-सहित जपि तजि मन खेद ॥ २४

**दोहा**

दिसि विशेष तिनिको कह्यौ, जिन मंदिर बिनु थान।
चैत्यालय में जाप करि, सन्मुख श्री भगवान् ॥ २५

**चौपाई**

पूजा निमित्त स्नान आचरै, सो पूरव दिसि को मुख करै।
धौत वस्त्र पहिरै तनि तबै, उत्तर दिसि मुख करिहै जबै ॥ २६

**उक्तं च श्लोक**

स्नानं पूर्वमुखी भूप, प्रतीच्यां दन्त-धावनम्।
उदीच्यां श्वेतवस्त्राणि, पूजा पूर्वोत्तरामुखी ॥२७

**चौपाई**

पूरव उत्तर दिसि सुखकार, पूजक पुरुष करै सुख सार ।
जिन प्रतिमा पूरव जो होइ, पूजक उत्तर दिसि कों जोइ ॥२८
जो उत्तर प्रतिमा मुख ठाणि, तो पूरव मुख सेवक ठाणि ।
श्री जिन चैत गेह मे एम, करै भविक पूजा धरि येम ॥२९
निज मंदिर में प्रतिमाधाम, करै तास विधि सुनि अभिराम ।
घर मांहे पौल प्रवेश करंत, वाम भाग दिसि स्वयं महंत ॥३०
मंदिर उपलेखणकी मही, ऊँचो हाथ जोड़ कर सही ।
जिन प्रतिमा पदरावन गेह, परम विचित्र करै धरि नेह ॥३१
प्रतिमा मुख पूरव दिसि करै, अथवा उत्तर दिसि मुख धरै ।
पूजक तिलक रचै नव जाणि, सो सुनि बुधजन कहूँ बखान ॥३२
सीस सिखादिक करिए एह, दूजो तिलक ललाट करेह ।
कंठ तीसरो चौथो हिए, कांनि पांचमो ही जानिए ॥३३
छठो भुजा कूखि सातवों, अष्टम हाथि नाभि परि नवों ।
एह तिलक नव ठामि बनाय, अरु गहनो तरु विविध बनाय ॥३४
मुकुट सीस परि धारै सोय, कंठ जनेउ पहिरै सोय ।
भुज बाजूहि विराजत करै, कुंडल कानहू कंकण धरै ॥३५
कटि-सूत्र रु कटि-मेखल धरै, क्षुद्र घंटिका सबदहि करै ।
रतन जड़ित सुवरण मय जाणि, दस अंगुलनि मुद्रिका ठाणि ॥३६
पाय साकला घुंघरु धरै, मधुर शब्द बाजे मन हरै ।
भूषण भूषित करिवि शरीर, पूजा आरम्भै वर वीर ॥३७

**पद्धड़ी छन्द**

पूर्वादिक पूजा जो करेइ, वसु दरव मनोहर करि धरेइ ।
मध्याह्न पूज समए सु एह, मनु हरण कुसुम बहु पेखि देह ॥३८
अपराह्न भविक जन करिह एव, दीपहि चढ़ाय बहु धूप खेव ।
इहि विधि पूजा करि तीन काल, शुभ कंठ उचारिय जयह माल ॥३९
जिन वाम अंगि धरि धूप दाह, खेवै सुगंध सुभ अगर ताह ।
अरहंत दक्षिणा दिसि जु एह, अति ही मनोज्ञ दीपक धरेहु ॥४०
जप ध्यान धरै अति मन लगाय, जिन दक्षिण दिसि मौन लाइ ।
प्रतिमा वंदन मन वचन काय, करि दक्षिण भुज दिसि सीस नाय ॥४१
इह भाँति करिय पूजा प्रवीण, उपजै बहु पुन्य रु पाप क्षीण ।
पूजा माहे नहिं जोगि दर्व, तिनि नाम बखानै सुनहु सर्व ॥४२

**द्रुत विलंबित छन्द**

प्रथम ही पृथ्वी परि जो धर्यो, अरु कदा करतें खिसि के पर्यो ।
जुगल पायनि लागि गयो जदा, दरवसे जिन-पूजन ना वदा ॥४३

करिन तै फिरियो सिर ऊपरै, वसन हीण मलीन नहीं धरै।
कटि तलै परसं जय अंग ही, दरवसे जिन पूजन लौ गही ॥४४
बहु जनां करतें कर संचस्यों, मनज दुष्टनि भीटि करे धर्यों।
असन दुखित दवं सबै तजौ, भगति तें जिन पूज सदा सजौ ॥४५

### दोहा

असन पहरि भोजन करै, सो जिन पूजा मांहि।
तनु धारे अघ ऊपजै, यामैं संशय नाहिं ॥४६

### कुंडलिया छन्द

कबहु संधिही वसन तैं, भगति वंत तन होइ।
मन वच्चन तन निहचै इहै, पूजा करै न सोइ॥
पूजा करै न सोइ, दगध फटियौ है जातै।
पहरयो अवर नितणौ, कटिहि वंधियो पुनि लातैं॥
करी वृद्ध लघु नीति, धारि सेई तिय जबही।
करहि नाहि भवि सेव, वसन संधिततैं कबही ॥४७

### चौपाई

जो भविजन जिन पूजा रचै, प्रतिमा परसि पखालहिं सचै।
मौन सहित मुख कपडो करै, विनय विवेक हरष चित धरै ॥४८
पूजा की विधि ऊपर कही, करिवे पुण्य ऊपजै सही।
नर को करवो पूजा जथा, आगम में भाषी सरवथा ॥४९
जिन पूजा वनिता जो करै, सो ऐसी विधि को अनुसरै।
प्रतिमा-भीटण नाही जोग, ऐसें कहे सयाणै लोग ॥५०
स्नान क्रिया करिकै थिर होइ, धौत वसन पहरै तनि सोइ।
बिना कंचुकी सो नहिं रहै, पूजा करै जिनागम कहै ॥५१
बड़ी साखि मैना सुन्दरी, कुष्ट व्याधि पति-तनुकी हरी।
लै गंधोदक सींचो देह, सुवरण वरण भयो गुण-गेह ॥५२
अनंतमती उर्विल्या जाणि, रेवतीय चेलना बखानि।
मदनसुंदरी आदिक घणी, तिन कीनी पूजा जिन-तणी ॥५३
लिंग नपुंसक धारी जेह, जिनवर पूजा करिहै तेह।
प्रतिमा-परसण को निरधार, ग्रंथनि मैं सुणि लेहु विचार ॥५४
नर वनिता रु नपुंसक तीन, पूजा-करण कही विधि लीन।
अब जिनिकौं पूजा सरवथा, करण जोगि भाषी नहिं जथा ॥५५
औढेरो काणो भणि अंध, फूलोधूधि जाति चखि बंध।
प्रतिमा-अवयव सूझे नहीं, जाको पूजा करन न कही ॥५६
नासा कान कटी अंगुरी, हुई अगनि दाझे वांकुरी।
षट् अंगुलिया कर अरुपाय, पूजा करणी जोगि न थाय ॥५७

खोडो दुऊ पायन पांगलौ, कुबज गूंगौ वचन तोतलौ।
जाके मेद गाठि तनि घणो, ताकौं पूजा करत न वणी ॥५८
काछ दाद पुनि कोड़ी होइ, दाग-सुपेद सरीरहि जोइ।
मंडल फोड़ा पाव अदीठ, अर जाकी बाकी ह्वै पीठि ॥५९
गोसो वधै आंत नीकलै, ताकौं पूजा विधि नहिं पलै।
होइ भगंदर कानि न सुणैं, सून्य पिंड गहलो वच सुणैं ॥६०
खयनी ऊर्द्धस्वास ह्वै जास, सरै नासिका श्लेषम तास।
महा सुस्त चाल्यौ नहिं जाय, पूजा तिनहि जोग नहिं थाय ॥६१
द्यूत विसन जाके अधिकार, अर आमिष-लंपट चंडार।
सुरा-पान तैं कबहु न हटै, सो पापी पूजा नहिं थटै ॥६२
वेश्या रमहै लगनि लगाय, अवर अहेडा सौ न अघाय।
चोरी करै रमै पर-नारि, पूजा जोगि नहीं हिय धारि ॥६३

**दोहा**

इत्यादिक पापी जिके, तिनकौ नरक नजीक।
वह पूजा कैसे करै, परी कुगति की लीक ॥६४
जो जिन पूजक पुरुष है, ते दुरगति नहिं जाय।
तिनकी मूरति सबनि कों, लागै अति सुखदाय ॥६५

**चालछन्द**

जिन पूजा तैं ह्वै इंद्र, ताकों सेवैं सुर वृंद।
अरु चक्री पद को पावै, षट खंडहि आणि फिरावै ॥६६
धरणेन्द्र है पद जीको, स्वामी दश भुवनपती को।
हरि प्रति हरि पदई थई, जलभद्र मदन मुसकाय ॥६७
पूजा फल को नाहिं पार, अनुक्रम हो तीर्थंकर सार।
पदवी पावै सिव जाइ, किसनेस नमै सिर नाइ ॥६८

**छप्पय छन्द**

दोष अठारह रहित तीस चउ अतिसय मंडित,
प्रातिहार्य युत आठ चतुष्टय च्यारि अखंडित।
समवशरण विभवादिरूढ त्रिभुवन पति नायक,
भविजन कमल प्रकास करन दिनकर सुखदायक।
देवाधिदेव अरहंत मुझ भगति-तणौं भव-भय हरौ,
जयवंत सदा तिहुँ लोक में सकल संघ मंगल करौ ॥६९
अठाईस गुण मूल लाख चौरासी उत्तर धरै,
करै तप घोर सुद्ध आतम अनुभो परै।
ग्रीषम पावस सीत सहै बाईस परीसहि,
भवि भावहि शिवपंथ ज्ञान द्रग चरण गसीरहि।

निज तिरहिं भविन तारहिं सदा इहै विरद तिन पै खरो,
ऐसे मुनीश जयवंत जग सकल संघ मंगल करो ॥७०
तीर्थंकर मुख थकी दिव्य ध्वनि तै जित्तवाणी,
स्याद्वादमय खिरी सप्त-भंगी सुखदानी।
ताको लहि परसाद गए शिवथानक मुनिवर,
अज हौ याहि सहाय पाप तिरिहै भवि धरि उर।
तसु रचिय देव गणधरनि जो द्वादशांग विधि श्रुतधरी,
भारती जगत जयवंत निति सकल संघ मंगल करी ॥७१

**अथ श्री चैत्यालयजी में ए चोरासी काम कीजे तो आसादना लागै तिस को कथन प्रत्येक होवैछे**

**दोहा**

श्री जिन श्रुत गुरु कों नमों, त्रिविधि सुद्धता ठानि।
चौरासी आसादना, कहूं प्रत्येक बखान ॥७२
श्री जिन चैत्यालय विषैं, क्रिया हीण है जेह।
कीये पाप अति ऊपजे, ते सुणि भवि जिन देह ॥७३

**चालछन्द**

मुखतैं खंखार निकारै, हास्यादि केलि विसतारै।
पुनि विविध कला जु बणावै, पात्र्यादिक नृत्य करावै ॥७४
अरु कलह करै रिसधारी, खैहै तंबोल सुपारी।
जल पीवै कुरला डारै, पंखा तैं पवन हिडारै ॥७५
गारी वच हीण उचरिहैं, मल मूत्र वावनहि सरिहै।
कर पद धोवै अरु न्हावै, सिर डाढी कच उतरावै ॥७६
कर पगके नख ही लिवावै, कारी तैं रुधिर कढावै।
औषध वणवावै खांही, नांख पसेव उतरांही ॥७७
तनु व्रण की तुचा उतरावै, कर वमन कफादिक डारै।
दांतिण पुनि सिलक करांहीं, हार्ल दंतन उपराही ॥७८
बांधै चौपद तनधार, पुनि करिहै जहाँ आहार।
आसन के गोडहि डारै, कर पग नख मैलि उतारै ॥७९
जह कंठ कान सिर जांनी, नासा को मैल डरांनी।
जो वस्तु-शरीर की थाय, बांटै निज थानक आय ॥८०
मित्रादिक समघी कोऊ, मिलि जांहि जिनालय दोऊ।
ठंहै मिलि भेंटवि देही, पुनि हरष चित्त धरि लेई ॥८१
परधान जु भूपति केरे, वय गुरु धनवान घनेरे।
आए उठि करि सन मानौ, इह दोष बड़ो इक जानौ ॥८२
पुनि ब्याह करन की बात, मिलि कै जह जन बतलात।
जिन श्रुत गुरु चरन चढावै, ताकौं भंडार रखावै ॥८३

निज घर कौ माल रखीजै, पद परि पद धरि बैठीजै ।
कोऊ भयतैं जाय छिपीजै, काहू दुख दूर न करीजै ॥८४

**चौपाई**

कपड़ा धोवै धूपति देई, गहणारा व घडावै लोई ।
ले असलाख जंभाई छींक, केस संवारि करै तिन ठीक ॥८५
धोवै दालि बडी दे जहाँ, पापड़ सोंज बणावै तहाँ ।
मैंदा छानन छपर बंधान, करन कढाई तें पकवान ॥८६
राज असन तिय तसकर तणी, चारोंविकथा कौं भाखणी ।
करण सीधादिक सींवणो, कर नासिका कौं वीधणो ॥८७
पंछी डारि पिंजरो धरै, अगनि जारि तन तापन करै ।
सुवरण रज तंभ हर ही जोई, छत्र चमर सिर धारै कोई ॥८८
वंदन आवैं ह्वै असवार, पुनि तनको धारै हथियार ।
तेल अर गजादिक मिलवाय, बैठ करै पसारै पाय ॥८९
बांधै पाग पेंच फुनि देई, आवै तुररादिक ढाकेय ।
जूवा खेलै होड बदेय, निद्रा आवै शयन करेय ॥९०
मैथुन करै तथा तिसवात, चालै झोग शरीर खुजात ।
बात्त करण व्यापार हि तणी, चौपाई परि बैठ न गिणी ॥९१
पान द्रव्य ले जेहै जोय, जलतै क्रीडा करिहै कोय ।
सबद जुहार परसपर करै, गींडू प्रमुख खेलि चित धरै ॥९२
जिन मंदिर परवेस जो करै, सबद निसही न वि ऊचरै ।
पुनि कर जोड़ै विनु जो जोय, ए दोन्यौं आसादन थाय ॥९३
ए चौरासी अघ कर क्रिया, करनी उचित नहीं नर त्रिया ।
जिन मन्दिर श्रुत गुरु लखि जांनि, रहनौ अधिक विनय उर आंनि ॥९४

**दोहा**

किसनसिंघ विनती करै, सुनौ भविक चित आनि ।
क्रिया हीण जिन-ग्रहि तजो, सजौ उचित सुखदान ॥९५

इति पूजा विधि-आसातना वर्णन संपूर्णम् ।

अथवा त्रेपन क्रिया तथा अवर क्रिया को वर्णन कीयो तिण को मूल कथन ।

**दोहा**

त्रेपन किरिया की कथा, लिखी संस्कृत जेह ।
गौतम-कृत पुस्तक महै, मंडो नाम सुनि एह ॥९६
ता उपरि भाषा रची, विविध छंदमय ठांनि ।
श्रावक कों करनी किरिया, किरिया कही बखान ॥९७
अतीचार द्वादश वरत, लगै तिनहि निरधार ।
सूत्रनिमैतें पाय कैं, करी भाष विस्तार ॥९८

कछू त्रिवरणाचारतें, जो धरिवे को जोग।
सुणी तेम भाषी तहां, चाहिए तिसो नियोग ॥९९
कछू श्रावकाचार तैं, नियम आदि बहु ठाम।
कहीं जेम तस चाहिए, धरी भाष अभिराम ॥१५००
जगत मांहि मिथ्यातकी, भई थापना जोर।
क्रिया हीण तामैं चलन, दायक नरक अघोर ॥१
ताहि निषेधनको कथन, सुन्यो जिनागम जेह।
जिसो बुधि अवकास मुझ, भाषा रची मैं एह ॥२
मूलाचार थकी लिखी, सूतक विधि विस्तार।
श्लोक संस्कृत ऊपरे, भाषा कीनी सार ॥३
विद्यानुवाद पूरब थकी, भद्रबाहु मुनिराय।
कथन कियो ग्रहशान्ति कौ, तिह परिभाष वनाय ॥४
निज तन निति प्रति की क्रिया, अरु पूजा परबंध।
श्लोकनि परिभाषा धरी, जहं जैसो सम्बन्ध ॥५

### भुजंगो प्रयात छन्द

कथा में कह्यो पंचेन्द्री निरोधं, कथा में कह्यो पंच पापं विरोधं।
कथा में मध्य बाईस भाषे अभक्षं, कथा में कह्यो गोरसं भेद भक्षं।
कथा मध्य कांजी निषेधी प्रत्यक्षं, कथा में कह्यो मुरब्बादि लक्षं ॥६
कथा मध्य मूलं गुणं अष्ट भेदं, कथा मध्य रत्नत्रयं कर्म खेदं।
कथा मध्य शिक्षा व्रतं भेद चारं, कथा मध्य तीन्यो गुणाव्रत्तधारं ॥ ७
कथा मध्य भाषी प्रतिज्ञा सु ग्यारा, मध्य भाषे तपो भेद वारा।
कथा मध्य भाषे बहुदान सारं, कथा मध्य भाषे निशाहार ढारं ॥८
कथा मध्य संलेषणा भेद भाख्यो, कथा मध्य सुद्धं समं भाव आख्यो।
कथा मध्य पानी क्रिया कौ विशेषं, कथा मध्य त्यागो कह्यो राग द्वेषं ॥९
कथा में कह्यो नेम सत्रा प्रमाणं, कथा में क्रिया जोषिता धर्म जाणं।
कथा में कही मौन सप्तं निकायं, कथा मध्य भाषे जिके अन्तरायं ॥१०
कथा मध्य भाषी ग्रहा की जु शांति, कथा में कह्यो सूतकं दोइ भांति।
कथा मध्य देही क्रिया को प्रमाणं, कथा मध्य पूजा विधानं बखानं ॥११

### दोहा

कलौ काल कारण लही, जगत मांहि अधिकार।
प्रगटी क्रिया मिथ्यात की, हीणाचार अपार ॥१२
तिनहि निषेधन को कथन, सुन्यो जिनागम माहि।
ता अनुसारि कथा महै, कह्यो जथारथ आहि ॥१३

अथ मनोक्त व्रत निषेध कथन लिख्यते।

**दोहा**

श्री जिन आगम में कहे, वरत एक सौ आठ।
श्रावक कौ करणै सही, इह सब आगा पाठ ॥१४
इनि सिवाय विपरीति अति, चलण थापियो मूढ।
सुगम जाणि सो चलि पड्यो, सुणहु विशेष अगूढ ॥१५

**चाल छन्द**

वनिता लखिकै लघु वेस, तिनिको इम दे उपदेस।
दिन में जीमो दुय बार, जल की संख्या नहिं धार ॥१६
एकंत वरत धरि नाम, आगमि न बखांण्यो ताम।
सखल्यो एकंत करांही, सिर-खंड सुनाम धरांही ॥१७
तंदुल केसर दधि मांही, करि गोली वरत कहांही।
टीकी व्रत नाम सुलेई, वनिता सिर टीकी देई ॥१८
अरु तिलक वरत को धारे, बहु तिय सिर तिलक निकारे।
करि देइ टको इक रोक, लेहै तिनकै अघ कोष ॥१९
कोथलीय व्रत धर नाम, बांटै तिन तीसहि ठाम।
मधि सोंठ मिरच धरि रोक, प्रभुताह्वै भाषे लोक ॥२०
अर व रत खोपरा भाषै, एकन्त तीस अभिलाषै ॥२१
नारेल वरत को लेह, बाँटे घर घर धरि नेह।
खीर जु व्रत नाम धरावे, निज घर जो दूध मंगावे ॥२२
चावल ता माँही डारी, निपजावे खीर जु नारी।
भरि ताहि कचोला माहीं, बाँटै बहु धरि हरखाहीं ॥२३
काचली व्रत तिय धरि है, कांचली दस बीस जु करि है।
निज सगपण कीजे नारी, तिनको दे हेत विचारी ॥२४
तिन पहिरे जूं उपजाही, त्रस-घात पाप अधिकाहीं।
जिनको व्रत नाम धरावै, सो कैसे शुभ फल पावै ॥२५
व्रत करि घृत नाम बखानो, घृत दे घर घर मन आनो।
बांटत माखी तहँ परिहै, उपजाय पाप दुःख भरिहै ॥२६
चूड़ा व्रत नाम धराही, करिकैं मन में हरषाई।
बांटत मन धरि अति राग, इसते मुझ बढ़े सुहाग ॥२७
बिन न्योतो पर घर जाई, निज करतें असन गहाई।
भोजन कर निज घर आवै, व्रत नाम धिगानो पावै ॥२८
भरि खांड रकेबी तीस, बांटै ते घर दस बीस।
व्रत नाम रकेबी तास, करिहै मूरखता जास ॥२९
बनिता चैत्यालय जाही, पाछे विधि एम कराही।
धरि असन थाल इक माहीं, इक जल दुहुं टाक धराहीं ॥३०

तिय चैत्यालय ते आवे, इक थाली आय उठावे।
जो वसन उभारे तीय, भोजन करि जल बहु पीय ॥३१
जल थाल उघाड़े आयी, जल पीवे बैठि रहाही।
इम बरत करम पति बन्यो, सूत्रनि में नवीं बखान्यो ॥३२
इत्यादि कहांलों ठीक, आगम ते अधिक अलीक।
करिके शुभफल को चाहे, हियरे तिय अधिक उमाहे ॥३३
जो कलपित बरत जु मान, भाषे तेते अघवान।
जो सकल वस्तु ले आवे, निज पूजा मांहि चढ़ावे ॥३४
निज सगपन गेह मिलाय, बांटे घर घर फिरि आय।
भादों के मास जु माहीं, तप करन सकति ह्वै नाहीं ॥३५
इम कहि एकन्त कराही, जिन-उक्त व्रत सो नाही।
बांटे जो वस्तु मंगाई, सोई व्रत नाम धराई ॥३६
जिनमत व्रत बिनु मरयाद, करिये मन उक्त प्रमाद।
जिन सूत्रनि में जैनो है, सुखदायक व्रत आही है ॥३७
जिन आज्ञा को जे गोपें, ते निज कृत सब शुभ लोपें।
यातें सुनिये नरनारी, मन में तिस ते अवधारी ॥३८
जिन-भाषित जे व्रत कीजे, उक्त न कबहूं लीजे।
आज्ञा विधिजुत व्रत धार, सुरपद पावे निरधार ॥३९

सवैया ३१ ॥

त्रेपन क्रिया ने आदि देके नाना भेद भांति क्रिया को कथन साखि ग्रन्थन की आनिके।
अवर मिथ्यात कलिकाल भई थापना जे तिनको निषेध कीयो आगम तें जानिके॥
व्रत मन उकति सुगम जानि चालि परे कहे नहि नते जिते दुःख वृथा मानिके।
अबे नर नारी मन लाय जो वरत धरे यहि समय शील तप व्रत जोय सानिके ॥४०

छप्पय।

बहुविधि क्रिया प्रसंग कही इह कथा मझारी,
अब उछाह मन मांहि आनि इह बात विचारी।
क्रिया सफल जब होइ वरत विधि यामें आए,
मन्दिर शोभा जेम शिखर पर कलश चढ़ाए।
इह जान तास व्रत विधिनि की, सुनी जेम आगम भनी,
दरशन विशुद्ध जुत धरहु भवि इह विनती किसना-तनी ॥४१

चाल छन्द

समकित जुत व्रत सुखदाई, अनुक्रम ते शिव पहुंचाई।
कछु नाम वरत के कहिए, भवि जन जे जे व्रत गहिए ॥४२

अथ अष्टाह्निक व्रत कथन। चौपाई

अष्टाह्निक महाव्रत सार, रहै अनादि जाको नहि पार।
जो उत्कृष्ट भए नर तेह, तिन पूरव व्रत कीन्हो एह ॥४३

व्रत करन की है विधि जिसी, जिन आगम में भाषी तिसी।
तीन बार इक बरष मंझार, आसाढ़ कातिक फागुण धार ॥४४
जो उत्तक्रिष्ट बरत को करै, आठ-आठ उपवास जु धरै।
दूजो भेद कोमली जांन, जिन मारग में करो बखान ॥४५
आठैं दिन कीजे उपवास, नौमी एक भुक्त परकास।
दसमी दिन कांजी करि सार, पाणी भात एक ही बार ॥४६
ग्यारस अल्प असन कीजिए, दुयवट तजि इकवट लीजिए।
मुख सोध्यो बारस विधि एह, त्रिविधि पात्रकों भोजन देय ॥४७
अंतराय तिनकों नहिं थाय, तो वह व्रत धरि असन लहाय।
अंतराय तिनिकों जो परे, तो उस दिन उपवास हि करे ॥४८
तेरसि दिन आँबिल कीजिए, ताकी विधि भवि सुन लीजिए।
एक अन्न षटरस बिनु जानि, जल में मूंकि लेइ इक ठाँनि ॥४९
चउदस चित्त वेलडी थाय, भात नीर जुत मिरच लहाय।
पूरणवासी को उपवास, किए होय चिर को अघ नास ॥५०
इह कोमली की विधि कहीं, जिन आगम में जैसी लही।
आदि अंत करिए एकंत, दस दिन धरिये शील महंत ॥५१
जाके जिम चउदस उपवास, चौदस पंदरस वेलो तास।
तेरस आँबिल के दिन जेह, रहित विवेक आंवली लेह ॥५२
सदा सरद जाकी नहिं जाय, उपजै जीव न संसै थाय।
चउदस दिवस बेलडी करे, तादिन इम अनीति विसतरे ॥५३
खाँहि खलरा अर काचरी, तथा तोरई निज मतहरी।
तिनमें उपजै जीव अपार, सो व्रत जिन लेवो नहि सार ॥५४

### दोहा

कांजी के दिन नीर में, नाखि कसेलो लेह।
तंदुल जल विनु अवर कछु, द्रव्य न भाषो जेह ॥५५

### चौपाई

तीजी विधि जु आठई जान, आठें तें चउदसहि बखान।
बारस असन पछैं तिहुँ बास, इहै भेद लखि पुण्य निवास ॥५६
दशमी तेरस जीमण होइ, बेला तीन करहु भवि लोय।
चौथो भेद यहै जानिए, शीलव्रत ताको ठानिये ॥५७
आठैं दशमी बारस तीन, प्रोषध धरिये भाव प्रवीन।
चउदस पंदरस बेलो करे, पंचम विधि बुधजन उच्चरे ॥५८
आठैं ग्यारस चौदस जान, तीन दिवस उपवास बखान।
अथवा दोय करे नर कोय, एकासन पण छइ दिन जोय ॥५९

यह व्रत संवर धरि मन लाय, सबरी हरी तजिए दुखदाय।
दस दिन शील वरत पालिये, सँवरहू इह विधि धारिये ॥६०
वसु एकासण, विधि जुत करे, पांच पाप व्रत धरि परिहरे।
धरि आरम्भ तजे अघ-दाय, दिवस आठलों शुभ उपजाय ॥६१
अब मरयादा सुनि भवि जीव, धरि त्रिशुद्धता सों लखि लीव।
सत्रह बरष साखि इक जान, करिये बावन साख प्रवान ॥६२
अथवा आठ बरष लों जान, बीस चार तसु साख बखान।
पंच वरष करि पंदरा साख, धरि मन बच तन शुभ अभिलाख ॥६३
तीन वरष नो साख प्रमाण, एक वरष तिहुं साख सुजाण।
जैसी सकति छइ अवकास, सो विधि आदर करि भवि तास ॥६४
सकति प्रमाण उद्यापन करे, सँवर तै कबहूँ नहिं टरे।
मैंना सुन्दरि अरु श्रीपाल, कियौ बरत फल लह्यो रसाल ॥६५
कोड़ अठारह रहते जास, सबै गए सुवरण परकास।
और जहूँ ते सात से वीर, तिनके निर्मल भए शरीर ॥६६
चक्री भयों नाम हरषेण, व्रत त्रिशुद्ध आराध्यो तेण।
तिन फल पायौ सुख दातार, करम नासि पहुँचे भव-पार ॥६७
अंतराय पारो भवि सार, मौन सहित करिए आहार।
व्रत में हरी जिके नर खाय, सँवर तास अकारथ जाय ॥६८
तातें व्रत धारी नर नार, मन वच क्रम हियरे अवधार।
विधि माफिकते भविजन करो, सुर नर सुख लहि शिव-तिय बरौ ॥६९
सकल वरष के दिन मैं जान, परब अठाई भूषित मान।
खग भूमीस मिले नरेस, तिनकरि पूज जेम चक्रेस ॥७०
चक्री की जो सेवा करे, सो मनवांछित सुख अनुसरे।
आज्ञा-भंग किए दुख लहै, ऐसे लोक सयाणे कहै ॥७१
तिन जो इम दिन सँबर धरे, तास पुण्य बरनन को करे।
जो इन दिन में अघ उपजाय, संख्यातीत तास दुख थाय ॥७२

**दोहा**

इहै अठाही व्रत घरो, प्रगट वखाण्यौ मर्म।
सुरगादिक की बारता, लहै सास्वतो सर्म ॥७३

### अथ सोलह कारण, दश लक्षण, रत्नत्रय व्रत विधि-कथन

**चौपाई**

सोलह कारण विधि सुनि लेह, जिन आगम में भाषी जेह।
भादों माघ चैत तिहुँ मास, मध्य करे चित धारि हुलास ॥७४
वास इकंतर विधि जुत धरे, बीच दोय जीमण नहिं करे।
सोलह बरस करे भवि लोय, उद्यापन करि छांडे सोय ॥७५

सकति नहीं उद्यापन-तणी, करै दुगुण व्रत श्री जिन भणी ।
दश लक्षण याही परकार, उत्कृष्टी दश वासहि धार ॥७६
दूजी विधि छह वासह तणी, करै इकन्तर भाष्यो गणी ।
मरयादा दश वरषहि जान, वरष मद्धि तिहुँ बारहि ठान ॥७७
अवर सकल विधि करिहै जिती, संवर माहि जानिये तिती ।
रत्नत्रय की विधि ए सही, वरषावधि तिहुँ बारह कही ॥७८
भादौं माघ चैत पखि सेत, बारसि करि एकन्त सुहेत ।
पोसह सकति प्रमाण जु धरै, अति उच्छाहते तेलो करै ॥७९
पडिवा दिन करिहै एकन्त, पंच दिवस धरि सील महंत ।
बरस तीन मरयादा गहै, उद्यापन करि पुनि निरबहै ॥८०
सकत्ति-हीन जो नर तिय होय, संबर दिवस न छांडै सोय ।
जाको फल पायो सो भणी, नृप वैश्रवण विदेहा तणी ॥८१
मल्लिनाथ तीर्थंकर होय, ताके पद पूजित तिहुं लोय ।
बाल ब्रह्मचारी तप कियो, केवल पाय मुकति पद लियो ॥८२
अजहूं जे या व्रत को धरै, दरसन त्रिविधि सुद्धता करै ।
ताको फल शिव है तहकीक, श्री जिन आगम भाष्यो ठीक ॥८३

## अथ लब्धि विधान व्रत । चौपाई

भादौं माघ चैत विध जान, वदि पंदरसि एकन्तहि ठान ।
पडिवा दोयज तीज प्रवान, धापै तेला करि विधि जान ॥८४
सकति प्रमाण जु पोसह धरै, चौथ दिवस एकासण करै ।
पाँचौ दिवस सीलको पाल, तीन बरस व्रत्त करहि सम्हाल ॥८५
पुत्री तीन कुटुम्बी तणी, जिन व्रत लियो एम मुनि भणी ।
विधिवत्त करि उद्यापन कियो, तियपद छेदि देवपद लियो ॥८६
यह द्विज-सुत ह्वै पंडित नाम, गौतम भर्ग रु भार्ग रु नाम ।
महावीर के गणधर भए, तिनके नाम इन्द्र ए दिए ॥८७
इन्द्रभूति गौतम को नाम, अग्निभूत दूजो अभिराम ।
वायुभूत तीजे को सही, वरत तणो तीनों फल लही ॥८८
इन्द्रभूत तदभव शिव भयो, दुहूँ तिहूं उत्तम पद को लयो ।
याते तें नवि परम सुजान, करो वरत पावो सुखथान ॥८९
दूजी विधि आगम इम कहै, पडिवा तीजहि प्रोषध गहै ।
दोयज दिवस करे एकन्त, इस मरयाद वरष छह सन्त ॥९०
परिवा तीज एकान्त करेय, दोयज को उपवास धरेय ।
मरयादा भाषी नव वर्ष, करिये भवि मन में धरि हर्ष ॥९१
पंच दिवस लों पाले शील, सुरगादिक सुख पावे लील ।
पुनि उत्तम नर पदवी लहै, दीक्षा धर शिव-तिय-कर गहै ॥९२

### अथ अक्षयनिधि व्रत । चौपाई

व्रत अक्षयनिधि को उपवास, श्रावण सुदि दशमी करि-खास ।
भादों बदि जब दशमी होय, तिनहूँ के प्रोषध अवलोय ।।९३
अवर सकल एकंत जु धरै, सो दश वर्षहि पूरो करै ।
उद्यापन करि छाड़ें ताहि, नांतर दुगुणो करिहै जांहि ।।९४

### अथ मेघमाला व्रत । चौपाई

बरत मेघमाला तसु नाम, भादव मास करे सुखधाम ।
प्रोषध परिवा तीन बखान, आठैं दुहुं चौदसि दुहुं आन ।।९५
सात वास चौईस इकंत, त्रिविधि शील जुत करिए संत ।
वरष पांच लों तसु मरयाद, सुर-सुख पावे जुत अह्लाद ।।९६।।

### अथ जेष्ठ जिनवर व्रत । चौपाई

वरत जेष्ठ जिनवर भवि लोइ, ज्येष्ठ मास में करिये सोय ।
किशन पक्ष पड़वा उपवास, एकासण चौदा पुनि तास ।।९७
प्रोषध शुकल प्रतिपदा करे, पुनि एकन्त चतुर्दश धरे ।
ज्येष्ठमास के दिवस जु तीस, तास सहित व्रत करे गरीस ।।९८
बृषभनाथ जिन पूजा रचै, गीत नृत्य वाजित्र सुसचै ।
अति उछाह धरि हिये मझार, मरयादा लखि कथा विचार ।।९९

### अथ षट्‌रसीव्रत । अडिल्ल

दूध दही घृत तेल लूण मीठी सही, तजे पाख दोय दोय सकल संख्या कही ।
करे असन इक वार व्रती इम व्रत सजे, पख बारह मरयाद षट्‌रसी व्रत भजै ।।१६००

### अथ पाख्या व्रत

लूण दीत ससि हरी मंगल मीठो हरै, घिरत बुद्ध गुरु दही दूध भृगु परिहरै ।
तेल तैल सनि इहै वरत पाख्या गहै, मरयादा जिम नेम धरे जिम निरबहै ।।१

### अथ ज्ञानपचीसी उपवास लिख्यते

प्रोषध चौदह चौदसि के विधि जुत करे, तैसें ग्यारा ग्यारसि के प्रोषध भरे ।
सब उपवास पचीस शील व्रत जुत धरे, ज्ञान पचीसी व्रत जिनागम इम कहै ।।२

### अथ सुखकरण व्रत

एक वास एकंत एक अनुक्रम करैं, मास चार पख एक इकन्तर इम धरैं ।
देव शास्त्र गुरु पूज सजें व्रत धरि सदा, नाम तास सुख-करण हरण दुख जिन वदा ।।३

### अथ समवशरण व्रत । दोहा

श्वेत किशन चौदसि तणी, प्रोषध बीस रु चार ।
शील-सहित भविजन करै, समोशरण व्रत धार ।।४

**अथ आकाश पंचमी व्रत । चौपाई**

भादव सुदि पंचमि उपवास, करे व्रत पंचमि आकाश ।
वरष पंच मरयादा जास, शील सहित प्रोषध धरि तास ॥५

**अथ अक्षय दशमी व्रत**

श्रावण सुदि दशमी कों सही, अक्षय दशमि व्रत कों जन गही ।
प्रोषध करे शील जुत सार, तसु मरयाद वरष दश धार ॥६

**अथ चंदन षष्ठी व्रत**

भादव बदि छठि दिन उपवास, चंदन षष्ठी व्रत-धर तास ।
मन वच काय शील व्रत पाल, तसु परमाण वरष छह धार ॥७

**अथ निर्दोष सप्तमी व्रत**

भादों सुदि सातें निर्दोष, वरत करै प्रोषध शुभ कोष ।
संख्या सात वरष लों जाहि, उद्यापन करि तजिए ताहि ॥८

**अथ सुगंध दशमी व्रत**

व्रत सुगन्ध दशमी को जान, भादों सुदि दशमी दिन ठान ।
प्रोषध करे वरष दश सही, शील सहित मर्यादा गही ॥९
अष्ट द्रव्य सों पूजा करे, धूप विशेष सबे अघ हरे ।
धीवर-सुता हुंती दुरगंध, व्रत-फल तस तन भयो सुगन्ध ॥१०

**श्रवण द्वादसी व्रत**

भादों सुदी द्वादशि व्रत नाम, श्रवण द्वादशी जो अभिराम ।
बारह वरष लगे जो करै, शील सहित प्रोषध अनुसरे ॥११

**अथ अनन्त चतुर्दशी व्रत**

भादों सुदि चौदस दिन जानि, व्रत अनंत चौदसि को ठानि ।
तीर्थंकर चौदहौ अनंत, रचै पूज सों जीव महंत ॥१२
प्रोषध करे शील जुत सार, चौदह वरष लगे निरधार ।
उद्यापन विधि करि वह तजे, सो जन स्वर्ग-तणा सुख भजे ॥१३

**अथ नवकार पैंतिस व्रत । चौपाई**

अपराजित मंत्र नवकार, अक्षर तसु पैंतीस विचार ।
करि उपवास वरण परमानि, सातैं सात करो बुध मानि ॥१४
पुनि चौदा चौदसि गनि साँच, पाँचै तिथि के प्रोषध पांच ।
नवमी नव करिये भवि संत, सब प्रोषध पैंतीस गणंत ॥१५
पैंतीसी नवकार जु एह, जाप्य मन्त्र नवकार जपेह ।
मन वच तन नर नारी करै, सुर नर सुख लहि शिव तिय बरे ॥१६

### अथ त्रेपन क्रिया व्रत

त्रेपन किरिया की विधि जिसी, सुणिए बुध भाषी जिन तिसी।
आठैं आठ मूल गुण तणी, पाँचै पाल अणुव्रत भणी ॥१७
तीन तीन गुणव्रत की धार, शिक्षाव्रत की चौथ जु सार।
तप बारह की बारसि जानि, तिसका प्रोषध बारह ठान ॥१८
सामि भाव की पड़िवा एक, ग्यारसि प्रतिमा की दश एक।
चौथ चार चहुं दानहि तणी, पड़िवा एक जल-गालन भणी ॥१९
अणथमीय पड़िवा अघ-रोध, तीनहुं तीज चरण दृग बोध।
ए त्रेपन प्रोषध जे करै, शील-सहित तप को अनुसरै ॥२०
सो नर तिय सुर-नृप-सुख पाय, अनुक्रमते शिव-थान लहाय।
उद्यापन विधि करिए सार, सकति जेम हीननि विस्तार ॥२१

### अथ जिनेंद्र गुण संपत्ति व्रत। चालछन्द

जिनगुण संपत्ति व्रत धार, सुनिए तिनकों अवधार।
दस अतिसै जिन जनमत ही, लीये उपजै लखि सति ही ॥२२
उपज्यौ जब केवल ज्ञान, दस अतिसै प्रगटे जान।
इम अतिसय बीस जु करी, करि बीस दसै सुखवरी ॥२३
देवाकृत अतिसय जांणो, चौदस चौदह तिह ठांणो।
वसु प्रातिहार्य जिन देव, बसु आठैं करिए एव ॥२४
भावन सोलह कारण की, पड़िमा षोडश करि नीकी।
पाँचों कल्याणक जाकी, पाँचों पाँचे करि ताकी ॥२५
प्रोषध ए त्रेसठि जाणो, जुत सील भविक जन ठांणो।
उत्तम सुर-नर सुख पावै, अनुकमते शिव पहुँचावै ॥२६

### अथ पंचमी व्रत। चौपाई

फागुण आसाढ कातिक एह, सित पंचमि तैं व्रत को लेह।
पैंसठ प्रोषध करिए तास, वरष पाँच पाँच परि मास ॥२७
श्वेत पंचमी को व्रत धार, कमलश्री पायो फल सार।
भविसदत्त तब मिलियो आय, तिनहूं व्रत कीनो मन लाय ॥२८
तास चरित माहे विसतार, बरनन कीयो सब निरधार।
अजहुं नर तिय करिहै सोय, त्रिविध सुधी तैसों फल होय ॥२९

### अथ शीलकल्याणक व्रत। दोहा

शील कल्याणक व्रत तणो, भेद सुनो जे संत।
मन वच काय त्रिशुद्धि करि, धारो भवि हरषंत ॥

### चालछन्द

तिरयंचणि सुर तिय नारि, चौथी विनु चेतन सारि।
पंचइन्द्रिनिते चहुं गुणिए, तिनि संख्या बीसज भुणिये ॥३१
मन वच तन तें ते वीस, गुणते ह्वै तीस रु तीस।
कृत कारित अनुमोदन ते, गुणिए पुनि साठहि गनते ॥३२
एक सौ असी हुई जोई, प्रोषध करु भवि धरि सोई।
इक वरष मांहि निरधार, करिए पूरण सब व्रत सार ॥३३
इक दिन उपवास जु कीजे, दूजी दिन असन जु लीजे।
तीजे दिन फिर उपवास, इम करहु इकंतर तास ॥३४
एक सो अस्सी एकंत, इतने ही बास करंत।
दिन साढ़े तोन सै धीर, पाले निति शील गहीर ॥३५
इह शील कल्याणक नाम, व्रत है बहुविधि सुख-धाम।
ह्वै चक्री काम कुमार, हरि प्रति हरि बल अवतार ॥३६
तीर्थंकर पदवी पावै, समकित जुत व्रत जो ध्यावै।
ऐसें लखि जे भवि जांण, करिए व्रत शील कल्याण ॥३७

### अथ शीलव्रत। चालछन्द

अब सुनहु शील व्रत सार, जैसो आगम निरधार।
वैशाख सुकल छठि लीजे, प्रोषध उपवास करीजे ॥३८
अभिनन्दन जिनवर मोषं, कल्याणक दिन शिव पोषं।
शुभ शीलवरत तसु नाम, करि पंच बरष सुखधाम ॥३९

### अथ नक्षत्रमाला व्रत। गीताछन्द

अश्विनी नक्षत्र की जु वासर च्यार अधिक पंचास ही,
तिहि मध्य एकासन सताईस बीस सात उपवास ही।
जुत शील मन वच तन त्रिशुद्धहि करि विवेकी चाव स्यों,
माला नक्षत्र सुनाम व्रत तैं छूटिये विधि-दाव स्यों ॥४०

### अथ सर्वार्थसिद्धि व्रत

कातिक सुकल अष्टम दिवस तैं अष्ट वास जु कीजिए,
तसु आदि अंत इकंत दस दिन सील सहित गनीजिए।
जिनराज श्रुत गुरु पूज उत्सव सहित नृत्यादिक करे,
सर्वार्थसिद्धि जु नाम व्रत इह मोक्ष सुख कों अनुसरे ॥४१

### अथ तीन चोविसी व्रत। दोहा

व्रत चौबीसी तीन की, सुकल भाद्रपद तीज।
प्रोषध कीजे शील जुत, सुर-सुख शिव को बीज ॥४२

### अथ श्रुत-स्कन्ध व्रत

श्रुत-स्कन्ध व्रत तीन विधि, उत्तम मध्य कनिष्ट।
षोड़श प्रोषध तीस दुय, वासर माहि गरिष्ठ ॥४३
दस प्रोषध दिन बीस में, मध्य सुविधि लखि लेहु।
वसु प्रोषध इक वास में, है कनिष्ट व्रत एहु ॥४४
कथन विशेष कथा-मही, द्वादशांग के भेद।
त्रिविध जिनेश्वर भाषियो, करके कर्म उछेह ॥४५

### अथ जिनमुखावलोकन व्रत

जिन मुखावलोकन व्रत, करिये भादों मास।
जिन मुख देखे प्रति उठि, अवर न पेखे तास ॥४६

### चाल छन्द

प्रोषध इक मास इकन्तर, कांजो जुत करिये निरन्तर।
अथवा चन्द्रायण करिहै, लघु सकति इकन्त जू धरिहै ॥४७
संख्या धरि वस्तु जु केरी, तातें अधिक ले नहि केरी।
इह वरत महा सुखदाई, चहुँ गति-भव-भ्रमण नसाई ॥४८

### अथ लघु सुख-संपत्ति व्रत

सुख-संपत्ति व्रत दुय भेद, तिनकी विधि भवि सुनि एव।
षोड़श तिथि प्रोषध षट दश, लहुही सुखदाय अनेकश ॥४९

### बड़ा सुख-संपत्ति व्रत

पडिवा इक दोयज दोई, तिहुं तीज चौथ चहुं जोई।
पांचे पण छठ छह जाणो, सातें पुनि सात बखाणो ॥५०
आठे के प्रोषध आठ, नवमी नव आगम पाठ।
दसमी दस ग्यारस ग्यारे, बारसि के प्रोषध बारे ॥५१
तेरसि तेरा गनि लीजे, चौदसि के चौदह कोजे।
पंदरसि पंदरह शिवकारी, मीसरु सो प्रोषध धारी ॥५२
इह सुख-संपत्ति व्रतनिको, भव भव सुखदायक जी को।
मन वच काया शुध कीजे, भविजन नर-भवफल लीजे ॥५३

### अथ बाराव्रत। चौपाई

बारा व्रत तणी विधि जिसी, बारा भांति बखाणो तिसी।
प्रोषध कीजे बारा भाँति, अरु बारा ही करिए एकन्त ॥५४
बारा कांजी तंदुल लेय, निगोरसे गोररस तजि देय।
अलप अहार असन इक भाग, लेहै करिहै दुय बट भाग ॥५५

इकठाणो भोजन जल सबै, ले पुरसाय बार इक तबै ।
मूंग मोट चौला अरु चिणा, लेहि इकोण बोणी तस छिणा ॥५६
पाणी लूण थकी जो खाय, नयड नाम ताको कहवाय ।
घिरत छांड़िये सब परकार, सो जाणो लूखौ जु अहार ॥५७
त्रिविधि पात्र साधरमी जाण, ताहि आहार देय विधि जाण ।
ले मुख सोधि निरन्तर थाय, पाछै व्रत धर असन लहाय ॥५८
अंतराय हुए उपवास, करै नाम मुख सोध्यो तास ।
घर के लोक बुलाय कहेई, बिन जांचे भोजन जल देई ॥५९
धरै थाल माहीं जो खाय, किरिया जैन अयाची थाय ।
लूण सर्वथा त्यागे जदा, भाँति अलुणा की ह्वै तदा ॥६०
जिन पूजा सुन शास्त्र बखान, एक गेह को करि परिमाण ।
जाय उडंड तास के बार, भोजन लेहु कहै नर नार ॥६१
ठाम असन जल को जो गहै, बरतमान निरमान जु कहै ।
बारा बरत भाँति दस दोय, अनुक्रमि सेत पक्ष भवि लोय ॥६२
समकित-सहित जु व्रत को धरै, त्रिविध शुद्ध शीलहि आचरै ।
करिहै पूरण बरष मंझार, सो सुर पद पावे नर नार ॥६३

### अथ एकावली व्रत । अडिल्ल

सुनहु भव्यक एकावली विधि है जिसी, सुकल प्रतिपदा पंचम अष्टम चउदसी ।
कृष्ण चतुरथी आठैं चउदसि जाणिए; चउरासी उपवास वरष-मधि ठाणिये ॥६४
वीर्य कान्ति नृप प्रोषध विधि है तिसी, उद्यापन की रीति करी आगम जिसी ।
दीक्षा धरि मुनि होय घोर तप को गह्यो, केवल ज्ञान उपाय मोक्ष पदवी लह्यो ॥६५

### अथ दुकावली व्रत । दोहा

विधि दुकावली बरत की, श्री जिन भाषी ताम ।
बेला सात जु मास में, करिए सुनि तिय नाम ॥६६

### चाल छन्द

पक्षि श्वेत थकी व्रत लीजे, पडिवा दोयज वृद्धि कीजे ।
पुनि पाँचे षष्टी जाणो, आठै नवमी छठि ठाणो ॥६७
चौदसि पूण्यौ गिन लेहु, बेला चहुँ पखि सित एहु ।
तिथि चौथी पांचमी कारी, आठै नौमो सुविचारी ॥६८
चौदसि मावस परवीन, पखि किसन करै छठ तीन ।
इम सात मास इक माहीं, बारा मासहि इक ठाही ॥६९
चौरासी बेला कीजे, उद्यापन करि छांडीजे ।
इस व्रत ते सुर शिव पावे, सुख को तहाँ वोर न आवे ॥७०

### अथ रतनावली व्रत । चाल छन्द

रतनावलि व्रत इम करिये, प्रोषध सुदि तीजहि धरिये।
पंचम अष्टम उपवास, सित पक्ष तिहूँ प्रोषध तास ॥७१
दोयज पंचम अँधियारी, आठैं प्रोषध सुखकारी।
इक मास माहि छह आनो, वरष सतरि दुय ठानों ॥७२
उद्यापन सकति समान, करिके तजिए मतिमान।
दृग-जुत धरि शील धरीजे, तातें उत्तम फल लीजे ॥७३

### अथ कनकावली व्रत

कनकावलीय व्रत जैसे, आगम भाष्यो सुणि तैसे।
सितपक्ष थकी उपवास, करिये विधि सुनिए तास ॥७४
प्रोषध सित पडिवा कीजे, पुनि वास पंचमी लीजे।
सुदि दशमी पुनि होय जबहीं, वदि छठ बारस व्रत सजहीं ॥७५
छह मास मास इक माहीं, करिए भवि भाव धराहीं।
उपवास बहत्तरि जास, इक वरष मध्य कर तास ॥७६

### अथ मुक्तावली व्रत

मुक्तावली व्रत लघु एम, करिहै भवि करि प्रेम।
भादौं सुदि सातैं जाणों, पहिलो उपवास बखाणो ॥७७
आसोज किसन छठि तेरस, उजियारी करिये ग्यारस।
कातिक वदि बारस ताम, सुदि तीज रु ग्यारस ठाम ॥७८
मगसिर वदि ग्यारसि जानो, प्रोषध सुदि तीजहि ठानो।
नव नव प्रति वरष गहीजे, प्रोषध इक असी करीजे ॥७९
पूरो नव वरष मझारी, जुत शील करहु नर नारी।
तातें फल पावें मोटो, मिटि है विधि उदय जु खोटो ॥८०

### अथ मुकुटसप्तमी व्रत । दोहा

सावण सुदि सप्तमी दिवस, प्रोषध को नर वाम।
सात वरष तक कीजिये, मुकुट सप्तमी नाम ॥८१

### अथ नंदीश्वर पंक्ति व्रत

नंदीश्वर पंकति बरत, सुनहु भविक चित लाय।
किये पुण्य अति ऊपजे, भव-आताप मिटाय ॥८२

### चौपाई

प्रथमहि चार इकंतर बीस, करहु पछे बेलो इकतीस।
ता पीछें जु एकंतर करै, द्वादश प्रोषध विधि जुत धरै ॥८३

पुनि बेलो करिये हित जानि, बारा बास इकंतर ठानि।
पाछे इक बेलो कीजिए, इक अंतर दश दुय लीजिए ॥८४
फिरि इक बेलो करि धरि प्रेम, वसु उपवास एकंतर एम।
सब उपवास आठ चालीस, बिचि बेलो चहुं गहे गणीस ॥८५
दधिमुख रतिकरके उपवास, अंजनगिरि चहुं बेला तास।
दिवस एक सो आठ मंझार, बरत यहै पूरणता धार ॥८६
छप्पन प्रोषध भवि मन आन, करे पारणा बावन जान।
लगत करें ना अंतर परै, अघ अनेक भव-संचित हरै ॥८७

**अथ लघु मृदंग-मध्य व्रत। अडिल्ल**

दोय वास फिर असन फिर तिहुं चउ करैं, पांच वास धरि चार तीन दुय अनुसरे।
दिवस तीस में वास कहे तेईस हैं, लघु मृदंग मधि सात पारणा जुत गहै ॥८८

**अथ बड़ो मृदंग-मध्य व्रत। गीता छन्द**

उपवास इक करि दोय थापे तीन चहु पण छह धरैं,
पुनि सात आठ रु चढ़ै नवलों फेरि वसु सात जु करै।
छह पांच चार रु तीन दुय इक वास इक्यासी गहै,
मिरदंग मधि जु नाम दीरघ पारणा सत्रह लहै ॥८९

**अथ धर्मचक्र व्रत। अडिल्ल छन्द**

एक वास करि दोय तीन पूनि चहुँ धरे, ता पीछें करि पांच एक पुनि विस्तरे।
दिन बाईस मझार बास षोडश कहे, धरम चक्र व्रत धारि पारणा छह गहै ॥९०

**बड़ी मुक्तावली व्रत**

एक वास दुय तीन चार पण थापई, चार तीन दुय एक धार अघ कांपई।
सबैं वास पणबीस पारणा नव गहो, गुरु मुक्तावली व्रत दिवस चौतीसही ॥९१

**अथ भावना-पचीसी व्रत**

दसमी दस उपवास पंचमी पंच है, आठैं बसु उपवास प्रतिपदा दुय गहै।
सब प्रोषध पच्चीस शील युत कीजिए, ए भावना-पचीसी बरत गहीजिए ॥९२

**अथ नवनिधि व्रत**

चौदा चौदसि चौदा रतन तणी करे, नव निधि की तिथि नवमी नव प्रोषध धरे।
रत्नत्रय तिहुं तीज ज्ञान पण पंचमी, नवनिधि प्रोषध एक तीस करि अघ गमी ॥९३

**अथ श्रुतज्ञान व्रत। दोहा**

प्रोषध व्रत श्रुत ज्ञान के, जिनवर भाषे जेम।
सकल आठ ने एक सौ, बुधि सुणि भवि धर प्रेम ॥९४

**चौपाई**

सकल पाप मैं व्रत लीजिए, षोड़स तिथि ताकी कीजिए।
सोला पडिवा प्रोषध सार, सित मित करि पख मैं निरधार ॥९५
और कहूँ तिथि तिन कर तीज, चौथ चार पण पांच लीज।
छह छठ्ठि सातैं सात वखाणि, आठै आठ नवमी नव जाणि ॥९६
बीस दसैं ग्यारा ग्यारसी, प्रोषध करि बारा बारसी।
तेरसि तेरस वास वखाणि, चौदसि चौदह प्रोषध ठाणि ॥९७
पून्यो पन्दरह करि उपवास, अमावस पन्दरह करि तास।
शील सहित प्रोषध सब करे, भव भव के संचित अघ हरे ॥९८

**अथ सिंहनिःक्रीडित व्रत। दोहा**

सिंहनिः क्रीडित तप तणो, कहुँ विशेष वखाण।
विधि सों कीजे भावजुत, करम निरजरा ठाण ॥९९

**चालछन्द**

प्रथम हि करि इक उपवास, पुनि दोय एक तिहुं जास।
दोय चारि तीन पणि कीजे, चव पांच थापि करि दीजे ॥१७००
चहुं पांच तीन चहुं दोई, तिहुं एक दोय इक होई।
सब वास साठि गण लीजे, तसु बीस पारणा कीजे ॥१
अस्सी दिन में व्रत एह, करि कह्यौं जिनागम जेह।
इह तप शिव-सुख के दायक, कीन्हों पूरब मुनि-नायक ॥२

**अथ लघु चौतीसी व्रत। दोहा**

अतिशय लघु चौतीस व्रत, तास तणो कछु भेद।
कथा-मांहि सुनियो जिसो, किये होय दुख छेद ॥३

**अडिल्लछन्द**

दस दसमी जनमत के अतिसय दस तणी, फिरि दस केवल ज्ञान ऊपजें दस भणी।
चौदसि चौदह अतिशय देवाकृत कही, चार चतुष्टय चौथ चार इह विधि गही ॥४
षोडश आठैं प्रतिहार्य की बसु भणी, ज्ञान पांच की पांचै पांच कही गणी।
अरु षष्ठी छह लही सबै प्रोषध सुनो, पांच अधिक भवि सांठ कीए फल बहु गुणो ॥५

**अथ बारासै चौतीसी को व्रत**

दोयज पांचैं आठैं ग्यारस चउदसी, इनके प्रोषध करे सकल अघ जैन सी।
प्रोषध सब बारह सौ अरु चौतीस हो, नाम वरत बारासै चौतीसी कही ॥६

**अथ पंचपरमेष्ठी का गुणव्रत। उक्तं च गाथा**

अरहंता छेयाला सिद्धा अट्ठेव सूरि छत्तीसा।
उवज्झायापणवीसा साहुणं हुंति अडवीसा ॥७

**दोहा**

कहूं पंच परमेष्ठि के, जे जे गुण सगरीस ।
छ्यालीस बसु तीस छह, अरु पचीस अडवीस ॥८

**अरहंत के गुण वर्णन**

कहूं छियालीस गुण अरहन्त, दस अतिसय जनमंत ह्वै सन्त ।
केवलज्ञान भये दश थाय, दुहुं की बीस दसे करवाय ॥
प्रातिहार्य को आठें आठ, चौथि चतुष्टय चहुं ए पाठ ।
सुरकृत अतिशय चवदह जास, चौदहस चौदसि गनिए तास ॥१०

**सिद्ध के गुण वर्णन**

अब सुनिए वसु सिद्धन भेद, करिए वास आठ सुणि तेह ।
समकित दूजो णाण बखाण, दंसण चौथो वीरज जाण ॥११
सूक्षम छट्ठो अवगाहण सही, अगुरुलघु सप्तम गुण गही ।
अव्याबाध आठमो धरै, इन आठों की आठें करै ॥१२

**आचार्य के छत्तीस गुण**

आचारिज गुण जेह छत्तीस, तिनकी विधि सुनिए निसि दीस ।
बारसि बारा तप दश दोय, षडावश्यकी छठि छह होय ॥१३
पांचैं पांच पांच आचार, दश लक्षण की दशमी धार ।
तीन तीज तिहुं गुप्त जो तणी, प्रोषध ए छह तोस जो भणी ॥१४

**उपाध्याय के पच्चीस गुण**

गुण पचीस उवझाया जानि, चौदह पूरब कहे बखान ।
ग्यारा अंग प्रकाशै धीर, ए पचीस गुण लखिये वीर ॥१५
चौदा चौदस के उपवास, ग्यारां ग्यारसि प्रोषध तास ।
उपाध्याय के गुण हैं जिते, वास पचीस बखाणें तिते ॥१६

**साधु के अट्ठाईस गुण**

साधु अठाईस गुण जाणिये, तिनि प्रोषध इनि विधि ठाणिए ।
पंच महाव्रत समिति जु पंच, इन्द्री विजय पंच गणि संच ॥१७
इनिकी पंद्रह पक्षे करे, षडआवसिकी छठि छह धरे ।
भूमि सयन मज्जन को त्याग, वसन-त्यजन कचलोंच विराग ॥१८
भोजन-करे एक ही बार, ठाड़ो होइ सो लेइ अहार ।
करे नहीं दांतण की बात, इनि सातों को पडिवा सात ॥१९
सब मिलि प्रोषध ए अठवीस, करिहै भवि तरिहै शिव ईस ।
पंच परम गुरु गुण सब जोड़, सौ पर तियालीस धरि कोड ॥२०

करिए प्रोषध तिनके भव्व, सुरपद के सुखदायक सव्व।
अनुक्रम शिव पावै तहकीक, जिनवर भाष्यो है इह ठीक ।।२१

**अथ पुष्पांजलि व्रत । अडिल्ल**

भादौं तें वसु चैत मास परयंत ही, तिनके सित पख मै व्रत पुष्पांजलि कही।
पंचम तें उपवास पांच नवमी लगै, किये पुण्य उपजाय पाप सिगरे भगैं ।।२२
अथवा पांचै नवमी वास दुय ही करै, छठि सातैं दिन आठे तिहुं कांजी करै।
छठि आठैं एकन्त वास तिहु कीजिए, दोय वास एकंत तिनहूँ लीजिये ।।२३
पांच वरष लौ बरत इह, करि त्रिशुद्धता धार।
तातैं फल उतकिष्ट ह्वं, यामैं फेर न सार ।।२४

**अथ शिवकुमार का बेला । चौपाई**

शिवकुमार का बेला जान, सुनी कथा जिन कहूँ बखान।
चक्रवत्ति का सुत सुखधाम, शिवकुमार है ताको नाम ।।२५
घर में तप कीनो तिह सार, बेला चौसठि वर्ष मझार।
त्रिया पांच सै के घर मांहि, करै पारणै कांजी आहि ।।२६
पूरण आयु महेन्द्र सुर थयो, तहंतें जंबू स्वामी भयो।
दीक्षा धर तपकरि शिव गयो, गुण अनंत सुख अंत न पयो ।।२७
वरष हजार एक प्रति एक, बेला चौसठि धरि सुविवेक।
करै आयु लघु जानी अबै, शील सहित धारो भवि सबैं ।।२८
लगते कारण सकति को नाहि, आठैं चौदस कर सक नाहि।
इनमें अंतर पाड़ै नहीं, सो उतकिष्ट लहै सुखग्रही ।।२९

**अथ तीर्थङ्करों का बेला । दोहा**

ऋषम आदि तीर्थेश के, बेला बीस रु चार।
आठै चौदस कीजिए, अंतर भूर न पार ।।३०

**चौपाई**

सातै आठमि बेलो ठांन, नौमी दिवस पारणों जान।
तेरसि चौदसि दुय उपवास, मावस पूण्यों भोजन तास ।।३१
अब पारणा की विधि जिसी, सुणो वखाणत हों मैं तिसी।
बेला प्रथम पारणै एह, तीन आंजली शर्वत लेह ।।३२
अरु तेईस पारणा जान, तीन आंजली दूध बखान।
इम बेला कीजे चौबीस, तिन तैं फल अति लहै गरीस ।।३३

**अथ जिनपूजा पुरंदर व्रत**

**गीताछन्द**

बरत जिन पूजा पुरंदर सुनहु भवि चित्त लाय कै,
बारा महीना मांझ कोई मास इक हित दायकै।

ताकी सुकल पडिवा थकी ले अष्टमी लौं कीजिए,
प्रोषध इकंतर आठ दिन में पूज जिन शुभ लीजिए ॥३४

दोहा

बरत यह दिन आठ को, बार एक करि लेह ।
मन वच तन तिरकाल जिन, पूजे सुरपद देह ॥३५

अथ रोहिणी व्रत

व्रत अशोक रोहणि तनो, करिहै जे भवि जीव ।
सात बीस प्रोषध सकल, धरि त्रिशुद्धता कीव ॥३६

अडिल्ल छन्द

जिह दिन मांह्ये नक्षत्र रोहिणी आय है, ताको प्रोषध करै सकल सुखदाय है ।
अनुक्रमते उपवास सताईस जानिए, वरष सवा दुय मांहि पूर्णता मानिए ॥३७

अथ कोकिला पञ्चमी व्रत । दोहा

अबैं कोकिला पञ्चमी, बरत कहो विधि सार ।
शील सहित प्रोषध किये, सुरपति को दातार ॥३८

द्रुत विलंबित छन्द

पक्ष अंधयारे मास असाढ ही, करिये प्रोषध कातिक लौं सही ।
तिथि सु पंचमी के उपवास ही, प्रति सुकोकिल पंचमि कौं लही ॥३९

दोहा

मरयादा या बरत की, सुनहु भविक परवीन ।
पांच वरष लौं कीजिए, त्रिविध शुद्धता कीन ॥४०

अथ कवल चंद्रायण व्रत

वरत कवल चंद्रायणा, बारह मास मंझार ।
एक महीना में करे, एक बार चित धार ॥४१

चौपाई

करहि अमावस को उपवास, पाछैं तैं इक चढ़ता ग्रास ।
पडिवा दिवस ग्रास इकलीन, दोयज दोय तीज दिन तीन ॥४२
चौथ चार पण पांचै सही, छट्ठि छह सातैं सत लही ।
आठैं आठ नवमि नो टेक, दशमी दस ग्यारहि दस एक ॥४३
बारसि बारह तेरसी जान, तेरसि चौदस चौदह ठांन ।
पून्यो दिवस लेई दस पांच, सुकल पक्ष की ए विधि सांच ॥४४

कृष्ण पक्ष की पडिवा जास, चौदह गास तणौ परगास ।
दोयज तेरह बारह तीज, चौथ ग्यार पंचमी दस लीज ॥४५
छह नव सातैं आठ वखाण, आठैं सात्त नवमि छह जाण ।
दसमी पाँच ग्यारसी चार, बारसि तिहुं तेरसि दुय धार ॥४६
चौदस दिनहि गास इक जाण, माँवस दिवस पारणौ ठाण ।
एक मास को व्रत है एह, गास लीजिये तिम सुणि लेह ॥४७
गास लैंन कौं ऐसी करै, मुख में देत न करतैं परै ।
बीच पिवो पाणी न गहाय, अंतराय गल अटकै थाय ॥४८
जिन पूजा विधि जुत दिन तीस, करै वन्दना गुरु नमि सीस ।
शास्त्र वखाण सुणै मन लाय, धरम कथा मैं दिवस गमाय ॥४९
पालै शील वचन मन काय, इह विधि महा पुण्य उपजाय ।
यातैं सुरपद होवै ठीक, अनुक्रम शिव पावै तहकीक ॥५०

## अथ मेरु पंक्ति व्रत

बरत मेरु पंकति जो नाम, तास करन विधि सुनि अभिराम ।
दीप अढ़ाई मध्य सुजाण, पंचमेरु जो प्रकट वखाण ॥५१
जंबूद्वीप सुदर्शन सही, विजय सु पूरब धातकी सही ।
अपर धातकी अचल प्रमान, प्राची पोहकर मंदर मान ॥५२
पुहकर अपर जु विद्युन्मालि, पंच मेरु वन बीस सम्हालि ।
तिन में असी चैत्यगृह सार, तिनके व्रत प्रोषध निरधार ॥५३
सुनहु सुदरशन भूधर जेह, भद्रसाल वन चहुँ दिसि तेह ।
जिन मंदिर तिह चार वखाण, प्रोषध चार इकंतर ठाण ॥५४
पाछैं बेलो कीजे एक, वन सौमनस दूसरो टेक ।
चार जिनेश्वर भवन प्रकाश, चार वास पुनि बेलो तास ॥५५
नंदन वन जिन प्रोषध चार, पीछैं ताके बेलो धार ।
पांडुक वन चउ जिनवर गेह, ताके चहु प्रोषध धरि एह ॥५६
पुनि बेलो धारो भवि सार, मेरु सुदरसन इह बिसतार ।
प्रोषध सोलह बेला चार, व्रत दिन चहु चालीस मंझार ॥५७
चार बीस उपवास वखाण, बीस जु तास पारणा जाण ।
ऐसे अनुक्रम करिए भव्व, पंच मेरु व्रत विधि सों सव्व ॥५८
ध्यावत मेरु सुदरशन नाम, तेई नाम सबनि सुख धाम ।
वाही विधि सब वरत जु तणी, जाणों सही जिनागम भणी ॥५९
इनमें अन्तर पाडे नहीं, लगते प्रोषध बेला गही ।
सब प्रोषध को ऐसे जोड़, बेला वास करे चित कोड़ ॥६०
वास सकल एक सौ बीस, करे पारणा सत्तर तीस ।
सात महीना दिन दस माँहि, सकल वरत इम पूरण थाहि ॥६१

सकल वास बेला विच जाण, बीस इकंत जु कहे वखाण।
ऐसे बीस दिवस जानिए, बरत मेरु पंकति मानिए ॥६२
शील सहित शुभ व्रत पालिये, हीण उदै विधि के टालिए।
सुरपद पावै संशय नाहि, अनुक्रम भव लहि शिवपुर जाहि ॥६३

**दोहा**

वरत मेरु पंकत इहै, वरन्यो सुख-दातार।
करहु भविक समकित-सहित, ज्यों पावै भाव पार ॥६४
पंचमेरु के बीस वन, तहाँ असी जिन गेह।
तिनके व्रत की विधि सकल, पूरण कीनी एह ॥६५

**अथ पल्य विधान व्रत। दोहा**

सुनहु पल्य विधान व्रत, जिन आगम अनुसार।
वरष बहत्तर कीजिए, बारा मास मझार ॥६६

**चाल छन्द**

आसोज किसन छठि तेरस, सुदि बेलो ग्यारस बारस।
चौदसि सित प्रोषध धरिये, कातिक वदि बारस वरिए ॥६७
प्रोषध सुदि तीजरु बारसि, मगसिर वदि बारसु ग्यारसि।
सुदि तीज अवर करि बारसि, वदि पोसह दुतिया पंदरसि ॥६८
सुदि पाँचें सातैं कीजे, पून्यूं को वास धरीजे।
वदि माघ चौथ सातैं गनि, चौदस उपवास धरो मनि ॥६९
सुदि सातैं आठैं बेलो, दशमी करि वास अकेलो।
फागुण पाँचै छठि कारी, बेलो सुणि तिथि उजियारी ॥७०
पुनि पडिवा ग्यारसि लीजे, दोनों दिन मेलौ कीजे।
वदि पडिवा दोयज बेलो, चैत की करो इकेलो ॥७१
चौथ छठि इकादस अठमी, सुदि सातें को अर दसमी।
वैशाख चौथ वदि धारी, दशमी वास पुनि कारी ॥७२
सित दोयज तीज धरीजे, नौमी तेरसि दुहूँ लीजे।
दसि प्रोषध तेरसि ठान, चौदस मावस तेलो जान ॥७३
सुदि आठैं दसमी पंदरस, उपवास करो करि मन वस।
अब सांवण मधि जे वास, कहि हों भवि सुनियो तास ॥७४
छठि चौथि अष्टमी सावण, पुनि चोदसि सित तृतीया भण।
बारसि तेरस को मेलो, पून्यूं को वास अकेलो ॥७५
भादों वदि दोयज वास, छठि सातैं बेलो तास।
बारस उपवास धरीजें, सित पाखज एक करीजै ॥७६

तेलो पांचैं छठि सातैं, सुत नौमी वास क्रियातैं।
ग्यारस बारस तेरस कों, प्रोषध तेलों पन्दरस कों ॥७७
उपवास आठ चालीस, तेला चहु कहे गरीस।
वेला छह जिनवर भाखे, जिन आगम में इह आखे ॥७८
ए वरष एक में वास, सत्तरि दुय आगम में भास।
धारणे पारणों सन्त, करिये एकन्त महन्त ॥७९
धरि शील त्रिविधि नर नारी, व्रत करहु न ढील लगारो।
सुर ह्वै अनुक्रम शिव जाई, विधिपल्यतणी इह गाई ॥८०

### अथ रुक्मिणी व्रत

#### सवैया इकतीसा

लक्षमी मती का भव वाहिं व्रत कीनो इह श्वेत भाद्र पद आठैं प्रोषध अदाय कै।
दोय जाम धरणे और चार उपवास दिन पूजा रचै दोय याम पारणा बनायकैं ॥८१
कीनों आठ वरष लौं शुद्ध भाव देह त्यागि अच्युत सुरेश इंद्राणी पद पायकै।
भई रुक्मिणी कृष्ण वासुदेव पट तिया रुक्मिणी नाम व्रत जाणो चित लायकै ॥८२

### अथ विमानपंक्ति व्रत। दोहा

व्रत विमान पंकति तणे, विधि सुनिये भवि सार।
मन वच क्रम करिए सही, सुर सुरेश पद धार ॥८३

#### अडिल्ल

सौधर्म रु ईशान स्वर्ग दुहुं तैं गही, पंच पिचोत्तर लगै पटल त्रेसठ कही।
तिनकी चहुंदिस माहिं बद्ध श्रेणी जहां, जैन भवन है अनेक अकृत्रिम हो तहां ॥८४

#### दोहा

तिनके नाम विधान को, बरत इहै लखि सार।
जहां जहां जेते पटल, सो सुनिये विस्तार ॥८५

#### चौपाई

दुय सुर गनि इकतीस विख्यात, सनत कुमार महेंद्रहि सात।
चार ब्रह्म ब्रह्मोत्तर सही, लांतव कापिष्ठ है द्वय सही ।८६
एक सुक्र महासुक्रह धार, एकहि शतार अरु सहसार।
आणत प्राणत आरण तीन, अच्युत लगं छह पटल प्रवीन ॥८७
नव नव ग्रैवेयक जानिये, नव नवोत्तर इक मानिये।
पंच पंचोत्तर पटल जु एक, ए त्रेसठ मुणि धरि सुविवेक ॥८८
अबै वरत प्रोषध विधि जिसी, कथा प्रमाण कहों सुनि तिसी।
एक पटल प्रति प्रोषध चार, करै एकंतर चित अवधार ॥८९

प्रोषध लगते बेलो एक, करि भविजन मन धरि सुविवेक।
ता पीछें प्रोषध चहुंजान, तिनके पीछें बेलो ठान ॥९०
चहुं प्रोषध बेलो चहुं वास, छट चहु अनसन पुनि छठ तास।
इह विधि त्रेसठ बार विधान, चहुं प्रोषध छठ अनुक्रम जान ॥९१
त्रेसठ बार जु पूरण थाय, इक लगतो तेलो करवाय।
बीच इकंतर असन जु करै, एक भुक्त अंतर नहीं परै ॥९२
इनके वेला अरु उपवास, अनसन दिवस रु तेलो जास।
अरु सब दिन इकठे कर जोड़, सो सुणल्यौं भवि चित धरि कोड़ ॥९३
छह सौ दिवस सताणवें जाण, वरत दिवस मरयाद बखाण।
वास इकन्तर दुइसे जाण, तिन ऊपर बावन परवान ॥९४
त्रेसठ छठ तेलो इक जान, अब सब वास जोड़ इम मान।
वास इक्यासी पर सय तीन, असन तीन से सोला जान ॥८५
इह व्रत तीन भवन में सार, विधिजुत किए देवपद धार।
अनुक्रम शिव जैहै तहकीक, अवधारहु भवि चित धरि ठीक ॥९६

### अथ निर्जर पंचमी व्रत

#### सवैया इकतीसा

प्रथम असाढ़ सेत पंचमी को वास करे कातिकलो मास पांच प्रोषध गहीजिये।
आठ परकार जिनराज पूजा भावसेती उद्यापन विधि करि सुकृत लहीजिये ॥
कीयो नागश्रिय सेठ सुता एक वरष लों सुरगति पाय विधि कथातें पाईजिये।
निर्जर पंचमी को व्रत इह सुखकार भाव शुद्ध कीए दुःख को जलांजलि दीजिये ॥९७

### अथ कर्मनिर्जरणी व्रत

दरसण के निमति चौदसि आसाढ़ सुदि, सावण की चौदस सुज्ञानकाज कीजिये।
भादों सुदि चौदस को प्रोषध चारित केरो तपजोग चौदसि असोज सित लीजिये ॥
एई चार प्रोषध वरष मांहि विधि सेती कर्म निर्जरनी वरत सुन लीजिये।
धनश्रीय सेठ सुता करि सुरपद पायो अजों भवि भावि करिवे को चित दीजिये ॥९८

### अथ आदित्य वार व्रत

#### दोहा

सुणो वरत आदित्यको, विधि भाषी है जेम।
कथा प्रमाण सु कहत हों, दायक सब विधि क्षेम ॥९९

#### चोपाई

प्रथम एक माहे आसाढ, आठई पून्यूं विचि आठ।
सांवण मांहि करे पुनि चार, चार वास कर भादों मझार ॥१८००

तजै चकार मकार विचार, वरष एक माहें नव बार ।
करैं वरष नवलों निरधार, उजुमण करो सकत्ति संमार ॥१
उत्तम प्रोषध की विधि जाण, आमिल दूजी जगत वखाण ।
तृतीय प्रकार कह्यो इकठान, एक भुक्ति विधि चौथी जान ॥२
संयम शील सहित निरधार, वरष जु नव को इह विसतार ।
वरष एक में कीयो चहै, दोत आठ चालीस जु गहे ॥३
विधि वाही चहुं बार बखाण, पार्श्वनाथ जिन पूजा ठाण ।
कीजे उद्यापन चहुं सार, पीछैं तजिए व्रत निरधार ॥४
उद्यापन की शक्ति न होय, दूणों व्रत करिये भवि लोय ।
सेठ नाम मति सागर जाण, त्रिया गुणवती जास बखाण ॥५
तिह इह व्रत को फल पाइयौ, विधि तैं कथा माहिं गाइयौ ।
इह जाणी कर भविजन करौ, व्रत फल तैं शिवतिय कूं वरो ॥६

## अथ कर्म-चूर व्रत

कर्म चूर व्रत की विधि एह, आठ भांति भाषत हों जेह ।
आठें आठ आठ में करे, चौसठि आठें पूरा परै ॥७
प्रोषध आठ करे विधि सार, इक ठाणा वसु एक ही बार ।
एक गास ले इक दिन मांहि, आठहि नयेड करे सक नाहिं ॥८
करहि इक फल्यो हरित तजेय, सीत दिवस तन्दुल इक लेय ।
लाडू तिथि इक लाडू खाय, कांजी आठ करैं सुखदाय ॥९

### दोहा

वरष दोय बसु मास में, व्रत पूरो ह्वै एह ।
शील सहित व्रत कीजिये, दायक सुर शिवगेह ॥१०

## अथ अनस्तमित व्रत

### चौपाई

अनस्तमित व्रत विधि इम पाल, घटिका दुय रवि अथवत टालि ।
दिवस उदय घटिका दुय चढ़ै, तजि आहार चहु विधि व्रत बढ़ै ॥११
याकी कथा विशेष विचार, भाषी त्रेपन क्रिया मझार ।
याते कहीं नहीं इह ठाम, निसि भोजन तजिये अभिराम ॥१२

## अथ पंचकल्याणक व्रत

### दोहा

व्रत कल्याणक पंचमी, प्रोषध तिथि विधि जाण ।
आचारज गुणभद्रकृत, उत्तर पुराण प्रमाण ॥१३
तीर्थंकर चौबीस के, गरभकल्याणक सार ।
तिथि उपवास तणी सुनो, करिये तिस मन धार ॥१४

### गर्भ कल्याणक । पद्धड़ी छन्द

दोयज असाढ वदि वृषभधीर, छठि वासुपूज्य सुदि छठि जु बीर ।
मुनिसुव्रत सांवण दुतीय श्याम, दसम करी जिन कुंथुनाम ॥१५
सित दोयज सुमति सुगरभ एव, भादौं बदि सातैं सांति देव ।
सुदि छठि सुपारस उदर-मात, नमि बदि कुवारि दोयज विख्यात ॥१६
कातिक बदि पड़िवा जिन अनन्त, सुदि छठि नेमि प्रभु सूर महंत ।
पद्मप्रभु वदि छठि माघमास, फागुणवदि नौमी सुविधि तास ॥१७
अरहनाथ सुकल त्रितिया वखाण, आठैं संभव उर मात ठाण ।
शसि प्रभ वदि पांचैं चैत एव, आठैं सीतल दिन गरभमेव ॥१८
सुदि एकैं जिनवर मल्लि जानि, वदि तीज पार्श्व वैशाख मानि ।
सुदि छठि अभिनन्दन गरभवास, जिन धर्मनाथ तेरसि प्रकाश ॥१९
श्रेयांस जेठ वदि छठि गरीस, दशमी दिन उच्छव विमल ईश ।
जिन अजित अमावसि उदरमात, चौबीस गरभ उत्सव विख्यात ॥२०

### दोहा

बीस चार जिनवर गरभ, बासर कहे बखान ।
अबैं जनम दिन तिथि सकल, सुनि भवि चित्त हित आन ॥२१

### जन्म कल्याणक । पद्धड़ी छन्द

आसाढ दसमी वदि नमि जिनेश, सावण वदि छठि नेमीश्वरेश ।
कातिक वदि तेरस पदम संत, मगसिर सुदि नौमी पुष्पदंत ॥२२
ग्यारसि मल्लिनु जनमावतार, अरहनाथ जनम चौदसि सु सार ।
पूरणमासी सम्भव सुदेव, शसिप्रभ वदि ग्यारसि पोष एव ॥२३
ग्यारस दिन पारश नाथ जान, शीतल जिन बारसि किसन मान ।
सित चौथ विमल नाम जु उछाह, दसमी सित उच्छव अजित नाह ॥२४
बारसि अभिनन्दन जनम लीय, तेरसि जिन धर्म प्रकाशकीय ।
ग्यारसि फागुण श्रेयांसस्वामि, जिन वासुपूज्य चौदसि प्रणामि ॥२५
बदि चैत नवमि रिसहेस स्वामि, दसमी मुनि सुव्रत पय नमामि ।
सुदि तेरस जन्मे वीरनाथ, सुमति दसमी वैशाख श्याम ॥२६
सुदि पड़िवा जनमें कुंथुवीर, बारसि वदि जेठ अनन्त धीर ।
चौदसि श्री शांति कियो प्रकाश, सित बारसि जनमें श्री सुपाश ॥२७

### तप कल्याणक

नमि नाथ दशमी आसाढ श्याम, सावण सुदि छठ तप नेमिनाथ ।
कातिक वदि तेरस वीर धीर, मगसिर वदि दशमी पद्म वीर ॥२८
सुदि एकैं दीक्षा पुहुप दन्त, दशमी दिन अरह जिन तप महन्त ।
जिन मल्लि तजो ग्यारसि सुगेह, सुदि पून्यों शंभव तप गनेह ॥२९

चन्द्रप्रभ बारस कृष्ण पौष, ग्यारसि पास तप्यो उ पखि पोष।
सीतल जिन वदि द्वादसीय माह, सुदि चौथ विमल तप लियहु नाह ॥३०
नवमी दिन दीक्षा अजित देव, बारस अभिनन्दन सु तप भेव।
तेरस जिन धर्म तपो प्रशंस, फागुण वदि ग्यारसि श्री श्रेयांस ॥३१
प्रभु वासु पूज्य चौदस सुजान, वदि चैतर नवमी रिसहमान।
सुव्रत दशमी वैशाख श्याम, सुदि पडिवा कुन्थु जिनेस ताम ॥३२
सित नवमी लियो तप सुमति वीर, तिन शांति जेठ वदि चौथ धीर।
बदि बारसि तप जिनवर अनंत, बारस सुपार्श्व सित जेठ सन्त ॥३३

**दोहा**

तप कल्याणक को कथन, उत्तर पुराणहु माँहि।
काढ़ि कियो अब ज्ञान को, सुनिहुँ चित्त इक ठाहि ॥३४

**ज्ञान कल्याणक। पद्धड़ीछन्द**

जिन नेमीश्वर पड़िवा कुंवार, संभव जिन चौथहि ज्ञान धारि।
कातिक सुदि दोयज पुहपदन्त, लहि केवल बारस अर महंत ॥३५
मर्गसिर सुदि ग्यारस मल्लि सुबोध, ग्यारस नमि हणिया कर्म जोध।
शीतल वदि चौदसि पौष ज्ञान, सुदि दसमी सुमति केवल महान ॥३६
सुदि ग्यारसि अजित सुबोध पाय, चौदस अभिनन्दन ज्ञान पाय।
पून्यों लहि केवल धर्म वीर, श्रेयांस अमावस माघ धीर ॥३७
सुदि वासुपूज्य दोयज प्रकाश, छठि विमल नाथ केवल विभास।
फागुण बदि छट्ठी सुपार्श्व ईश, सातैं चन्द्रप्रभु नमूँ सीश ॥३८
फागुण वदि ग्यारस वृषभ जान, बदि चैत चौथ पारश बखान।
अमावस श्री जिनवर अनंत, सुदि तीज कुंथु केवल लहंत ॥३९
सुदि ग्यारस सुमति जु बोध पाय, पदम प्रभु पून्यों ज्ञान थाय।
सुव्रत नौमी वैशाख श्याम, सुदि दसै वीर जिन बोध पाम ॥४०

**दोहा**

ज्ञान कल्याणक वर्णयो, उत्तर पुराण में जेम।
अब निर्वाण प्रमाण तिथि, सुनहु भविक धर प्रेम ॥४१

**निर्वाण कल्याणक। पद्धड़ी छन्द**

आसाढ विमल आठें असेत, सुदि सातें शिव नेमी सहेत।
सावण सुदि सातैं पार्श्वनाथ, पून्यों श्रेयांस लहि मोक्ष साथ ॥४२
भादों सुदि आठें पुहपदंत, जिन वासुपूज्य चौदस नमंत।
सीतल जिन आठें सित कुमार, कातिक मावस भव वीर पार ॥४३
बदि महा चतुर्दशि वृषभनाम, पद्म प्रभु फागुन चौथ श्याम।
सातैं सुपार्श्व शिव लहीय धीर, चंद्र प्रभु सातैं त्रिजग तीर ॥४४

वदि बारसि मुनि सुव्रत बखाण, सुदि पाँचे मल्लि जिनेस जाण।
वदि चैत मावसी नंत नाथ, अमावस अर जिन मोक्ष साथ ॥४५
सुदि पाँचे शिव जिन अजित पाय, सुदि छठ संभव निर्वाण थाय।
सुदि ग्यारसि सुमति सु मोक्ष धीर, नमि वदि चौदसि बैशाख तीर ॥४६
सुदि एके शिव-दिन कुंथु जाण, अभिनंदन छठ निर्वाण ठाण।
वदि चौदसि जेठ सु शांतिनाथ, सुदि चौथ धर्म शिव कियो साथ ॥३७

दोहा

कल्याणक निर्वाण की, तिथ चौबीस विचार।
कही जेम भाषी तिसी, उत्तर पुराण मझार ॥४८
ह्वै सम्पूरण व्रत जबै, कर उद्यापन सार।
आगम में जिन भाषियो, सो भवि सुन निरधार ॥४९

उद्यापन की विधि। चौपाई

पाँच कीजिये जिनवर गेह, पाँच प्रतिष्ठा कर शुभ लेह।
झालरि झांझ कंसाल, ताल, छत्र चमर सिंघासन सार ॥५०
भामंडल पुस्तक भंडार, पंच-पंच सब कर निरधार।
घंटा कलश ध्वजा पण थाल, चंद्रोपक बहु मोल विशाल ॥५१
पुस्तक पाँच चैत गृह धरे, तिन बाँचें भवि जन भव तरे।
चार संघ को देय आहार, जिन आगम भाषी विधि सार ॥५२
इतनी विधि जो करी न जाय, सकति प्रमाण करै सो आय।
सकति उलंघन न करनी कहीं, सकति बान कर परहै नहीं ॥५३
काहू भाँति कछू नहिं थाय, तो दूणो व्रत कर चित लाय।
अबै बरत करिहै नर नार, करै दान सुन हिये अवधार ॥५४
गरभ कल्याणक की दत्त जान, मैदा का करि खाजा आन।
बांटै सबको घर अहलाद, करै इसी विधि हर परमाद ॥५५
जनम कल्याणक दत्त विस्तरै, चिणा भिजोय रु बिरहा करै।
मैदा फल घर वाटै नार, चित्त माहि अति हित अवधार ॥५६
तप कल्याणक दत्त अवधार, बाजर पापर खिचड़ी धार।
जिन आगम ही बखाणी नहीं, युक्ति मान मानस विधि गही ॥५७
ज्ञान कल्याणक पूरा थाय, जबै दान दे मन चित लाय।
पाठ मंगाय बांटै तिया, मन में हरख सफल निज जिया ॥५८
करके कल्याणक निर्वाण, तास दान को करै बखान।
मोतीचूर रु मगद कसार, लाडू कर बांटै सब ठार ॥५९
बीस चार घर की मरयाद, दे अति भान हिये अहलाद।
मन की उकति उपावै घणी, जिन शास्त्रनि माहें नहीं भणी ॥६०

यातें सुनिये परम सुजान, जिन आगम भाष्यो परमान।
थोड़ो किये अधिक फल देय, भाव-सहित कर सुर-पद लेय ॥६१

**अडिल्ल**

जिम निज आगम कह्यो दान तिम दीजिये,
निज मन युक्ति उपाय कबहू नहिं कीजिये।
कलीकाल नहिं जोग संग नहिं पाइये,
जास बराबर धर्म तिनहि चित लाइये ॥६२

भोजनादि निज सकति जुत, दानादिक विधि सार।
करि उपजावे पुण्य बहु, यामें फेर न सार ॥६३
एकासन कर धारणे, अवर पारणें जान।
शील सहित प्रोषध सकल, करहु सुभवि चित आन ॥६४

**मरहटा छन्द**

कल्याणक सारं पंच प्रकारं गरभ जनम तप णाण,
पंचम निर्वाणं वरत प्रमाणं कहियो महापुराण।
तिनकी विधि भाखी जिम जिन आखी किए लहै सुर गेह,
अनुक्रम शिव पावै जे मन भावे ते सब जानो एह ॥६५

**निर्वाण कल्याणक का बेला। चौपाई**

जे जे तीर्थङ्कर निर्वाण, गए तास दिन की तिथि ठाण।
तिह दिन को पहिलो उपवास, लगतो दूजो वास प्रकाश ॥६६
इह विधि बारह मास मझार, बेला करिये बीस रु चार।
बेला कल्याणक निर्वाण, वरत नाम लखिये बुध माण ॥६७

**लघुकल्याणक को व्रत। दोहा**

गरभ जनम तप ज्ञान शिव, तीर्थङ्कर चौबीस।
वरस मांहि तिथि सबन की, करै एक सो बीस ॥६८

**छप्पय**

रिषभ गरभ वदि दुतिय गर्भ छठि वासु पूज गन,
आठै विमल सुज्ञान दशमी नमि जनम रु तप मन।
वर्धमान छठि सुकल गरभ माता के आए,
सुदि सातैं जिन नेमि करन हणि मोक्ष सिधाए।
आसाढ़ मास माहे दिवस, छह मांहे ही जांणियो,
छह कल्याणक सातमो, छह जिनवर को ठाणियो ॥६९

मुनि सुव्रत जिन देव गरभ बदि दोयज वासर,
कुंथु गरभ वदि दसे सुमति सित बीज गरभ वर।
नेमनाथ सित छठी जनम दिन तप पुनि धरियो,
साते पारशनाथ मोक्ष लहि भव दधि तरियो।
श्रेयांसनाथ निरवान पद, पून्यूं के दिन सरदही।
सावण सुमास छठि दिन विषै, सात कल्याणक है सही ॥७०

वदि भादौं जिन शांति गरभ सातैं माता उर,
सुदि छठि गरभ सुपास अष्टमी मोक्ष सुविधि पर।
वासुपूज्य निर्वाण चतुर्दसि भादौं जाणो,
वदि दोयज आसोज गरभ नमि जिनवर मानो।
लहि मोक्ष नेमि एकैं सकल, आठैं शीतल शिव गए।
दुहु मास मांहि दिन सात मैं, कल्याणक सातहिं भए ॥७१

गरभ अनन्त जिनेश प्रतिपदा कातिक करियो,
संभव केवल चौथ त्रयोदसि पद्म जनम लियो।
तप पुनि तेरसि पद्म मोक्ष नमति जु अमावस,
सुविधि ज्ञान सित बीज नेमि छठि मात गरभ वस।
अरनाथ चतुष्टय विधि हणिवि, केवल ज्ञान उपानियो।
दिन सात कल्याणक आठ सब, काती मांहि सुजानियो ॥७२

सन्मति तप वदि दसें सुविधि सुदि एकै तप गन,
पुहपदन्त नय जनम दसम तप अरहनाथ मन।
मल्लि जनम तप ज्ञान कल्याणक त्रिहुं सित ग्यारस,
नमि तिस ग्यारसि ज्ञान जनम अरनाथ सु चौदस।
संभव जु कल्याणक जनम तप, दुहूं पूरणवासी थए।
दिन सात कल्याणक, एकदस मगसिर माहीं वरणए ॥७३

पारशनाथ सु जनम अवर तप ग्यारसि कारी,
जनम चन्द्र प्रभ तास दिवस दिक्षाहू धारी।
चौदस शीतल ज्ञान शांति सुदि दशमी विधि तसु,
ग्यारस केवल अजित जिनेश्वर प्रगट भयो जसु।
प्रभु अभिनन्दन चौदसि दिवस, लोकालोक प्रकासियो।
दिन पाँच कल्याणक आठ जुत, पौष महीनो भासियो ॥७४

**दोहा**

फागुण दिन ग्यारसि विषे, कल्याणक जिनराय।
पंदरह किये त्रिजगत-पति, नमै किसन सिर नाय ॥७५

**छन्द त्रिभंगी**

अष्टाह्निक धारण सोलह कारण व्रत दशलक्षण रतनत्रयं,
शुभ लब्धि विधानं अखय निधानं मेघ सु मालो षडरसयं।
ज्येष्ठादिक जिनवर रसपाष्यावर ज्ञान पचीसी अखय दसै,
समवादिक सरणं व्रत सुख करणं सुखं पंचम आकास लसै ॥७६
खंडेलीवालं वंसबिसालं नागर वालं देस थियं,
रामापुर वासं देव निवासं धर्म प्रकासं प्रकट कियं।
संघ ही कल्याणं सब गुण जाणं गोत्र पाटणी सुजस लियं,
पूजा जिनरायं श्रुत गुरुपायं नमैं सकति जिन दान दियं ॥७७
तसु सुत दोय एवं गुरु सुखदेवं लहुरो आणदसिंघ सुणौ,
सुखदेव सुनंदन जिनपद वंदन ज्ञान मान किसनेस मुणो।
किसनै इह कीनी कथा नवीनी निज हित चीनी सुरपदकी,
सुखदाय क्रिया भनि इह मन वच तन शुद्ध पलें दुरगति रदकी ॥७८

**दोहा**

मधुर राय बसन्त को, जाने सकल जहान।
तस प्रधान सुत कौन जू, किसन सिंह मनमान ॥७९

**अडिल्ल**

क्षेत्र विपाकी कर्म उदै जब आइयो, निज पुर तजि कै सांगानेर बसाइयो।
तह जिन धर्म प्रसाद गनै दिन सुखलहो, साधरमी जन सजनं मान दे हित गही ॥८०

**दोहा**

इह विचार मन आनियो, क्रिया कथन विधिसार।
होय चौपई बंध तो, सब जन कुं उपगार ॥८१
सब ही जन वांचो पढौ, सुणौ सकल नर नार।
सुखदाई मन आणिये, चलौ क्रिया अनुसार ॥८२

**छन्दचाल**

व्याकरण न कबही देख्यो, छन्द न नजरां अवलेख्यो।
लघु दीरघ वरण न जाणूं, पद मात्रा हू न पिछाणूं ॥८३
मति-हीन तहां अधिकाई, पटुता कबहूँ नहि पाई।
मनमांही बोहि आई, त्रेपन किरिया सुख दाई ॥८४
इह कथा संस्कृत केरी, भाषा रचिहों शुभ बेरी।
कछु अवर ग्रंथ ते जानी, नानाविध किरिया आनी ॥८५
धर क्रियाकोष तिस नाम, पूरण करिहो अभिराम।
जिम मूढ़ समुद्र अवगाहै, जिन भुजतें उतरो चाहै ॥८६
गिरि परि तरु को फल जानी, कुबजक मनि तोरन ठानी
शशि नीर कुंड के मांहीं, करतें शशि-बिम्ब गहाही ॥८७

तिम सज्जन मुझको भारी, हंसिहै संशय नहिं कारो।
बुधजन मो क्षिमा करीजे, मेरी कछु दोष न लीजे ॥८८
जो अशुद्ध होय पद याही, शुध करि पढियो भवि ताही।
अधिको नहिं कहनो जोग, बुधजन को यही नियोग ॥८९

**अडिल्ल**

किसन सिंह इह अरज करै सब जन सुनो,
कर मिथ्यात को नाश निजातम पद सुनो।
क्रिया सहित व्रत पाल करण बश कीजिये,
अनुक्रम लहि शिव थान शाश्वता जीजिए ॥९०

**॥ सवैया इकतीसा ३१ ॥**

सत्रह सौ सम्बत् चौरासो यासु भादौं मास वर्षारितु स्वेत तिथि पून्यो रविवार है।
शतिभिषा रवि धृतनाम जोग कुम्भ ससि सिंधको दिनेस मुहूरत अति सार है ॥
ढुंढाहर देस जान बसे सांगानेर थान जैसिंह सवाई महाराज नीति धार है।
ताके राज-समय परिपूरण की इह कथा भव्यनि को हिरदय हुलास देनहार है ॥९१
द्वैसे चौवन पैंतीस इकतीसा मरहटा पचास पांच से बीस ठाने हैं।
सातसै छाणवे सु चौपई छबीस छप्पै पद्धड़ी पैंतीस तेरा सोरठा बखाने हैं॥
अडिल्ल बहत्तर नाराच आठ गीता दस कुण्डलिया तीन छह तेईसा प्रमान है।
द्रुत विलंबित चार आठ हे भुजगी तीन त्रोटक त्रिभंगी नव छन्द ऐते आने हैं ॥९२

**॥ सवैया तेईसा २३ ॥**

छन्द कहे इस ग्रन्थ मझार लीए गनि जे उक्तं च धराई,
दोय हजार मही लखि घाट पंचसीय एह प्रमान कराई।
जो न मिले तुक अक्षर मात तदा पुनरुक्त न दोष ठराहीं,
तो मुझको लखि दीन प्रवीन दसो मति में तुम पाय पराही ॥९३
ग्रन्थ लिखै इह लेखक को इक है मरयाद सिलोक किती है,
छन्दनि के सब अक्षर जोरि रूप ध्वनि अंक जु मांधि तिठो है।
ते सब वर्ण बतीस प्रमाण श्लोकनि की गणती जुइती है,
दोय हजार परी नवसे लखि लेहु जिके भवि शुद्धमती है ॥९४

**छप्पय छन्द**

मंगल श्री अरिहंत सिद्ध मंगल सिव-दायक,
आचारज उवझाय साधु गुरु मंगल-लायक।
मंगल जिनमुख खिरी दिव्य धुनि मय जिनवाणी,
मंगल श्रावक नित्य समकिती मंगल जानी।
मंगल जु ग्रन्थ इह जानियो, वक्ता-मुख मंगल सदा।
श्रोता जु सुनै निज गुण मुनैं, मंगल कर तिनको सदा ॥९५

**दोहा**

किसनसिंह कवि वीनती, जिन श्रुत गुरु सों एहु ।
मंगल निज तन सुपद लखि, मुझहि मोक्ष पद देहु ॥९६

**चौपाई**

जब लों धर्म जिनेश्वर सार, जगत मांहि वरतै सुखकार ।
तब लों विस्तारो यह ग्रन्थ, भविजन सुर-शिव-दायक पंथ ॥९७

इति श्री क्रियाकोष भाषा मूल त्रेपन क्रिया ते आदि दे
और ग्रन्थों की साख का मूल कथन ऊपर व्रत सम्पूर्णम् ॥

# श्री दौलतराम कृत क्रियाकोष

## मंगलाचरण

### दोहा

प्रणमि जिनन्द मुनिंद को नमि जिनवर-मुख वानि।
क्रियाकोष भाषा कहूं, जिन आगम परवानि ॥१
मोक्ष न आतम-ज्ञान बिन, क्रिया ज्ञान बिन नाहि।
ज्ञान विवेक विना नहीं, गुन विवेक के मांहि ॥२
नहि विवेक जिनमत विना, जिनमत जिन बिन नाहि।
मोक्ष मूल निर्मल महा, जिनवर त्रिभुवन माहि ॥३
तातें जिनको बन्दना, हमरी बारंबार।
जिनतें आपा पाइये, तीन भुवन में सार ॥४
द्वीप अढाई के विषै, आरज क्षेत्र अनूप।
सौ ऊपर सत्तरि सबे, व्रतभूमि शुभरूप ॥५
जिनमें उपजे जिनवरा, व्रतविधान निरूप।
कबहूं इक इक क्षेत्र में, इक इक ह्वै जिनभूप ॥६
तब सत्तरि सौं ऊपरें, उतकिष्टे भुवनेस।
तिनमें महा विदेह में, अस्सी दूण असेस ॥७
भरतैरावत क्षेत्र दस, तिनके दस जिनराय।
ए दस अर वे सर्व ही, सौ सत्तरि सुखदाय ॥८
घटि ह्वैं तो जिन बीसतें, घटै न काहू काल।
पंच विदेह विषै महा, केवल रूप विशाल ॥९
चलै धर्म द्वय सासता, यति श्रावक व्रतरूप।
टलै पाप हिंसादिका, उपजें पुरुष अनूप ॥१०
कालचक्र की फिरणि बिन, कुलकर तहां न होय।
नाहि कुलिंगम वरति है, तातें रुद्र न जोय ॥११
तीर्थाधिप चक्री हल, हरि प्रतिहरि उपजन्त।
इन्द्रादिक आवें जहां; करें भक्ति भगवन्त ॥१२
तीर्थंकर अर केवली, गणधर मुनि विहरन्त।
जहां न मिथ्यामारगी, एक धर्म अरहन्त ॥१३
तात मात जिनराज के, अर नारद फुनि काम।
परगट पुरुष पुनीत बहु, शिवगामी गुण धाम ॥१४
ह्वैं विदेह मुनिवर जहां, पंच महाव्रत धार।
तातें महाविदेह में, सत्यारथ सुखकार ॥१५

भरतैरावत दस विषैं, कालचक्र है दोय।
अवसर्प्पिणी उतसर्प्पिणी, षट् षट् काला सोय ॥१६
तिनमें चौथे काल ही, उपजें जिन चौबीस।
द्वादश चक्री नव हली, हरि प्रतिहरि अवनीस ॥१७
त्रिसठि सलाका पुरुष ए, जिन मारग धर धीर।
इनमें तीर्थंकर प्रभू, और भक्ति वर वीर ॥१८
तात मात जिनदेव के, चौबीसा चौबीस।
नौ नारद चौदा मनूं, कामदेव चौबीस ॥१९
एकादश रुद्र महा, इत्यादिक पद धार।
उपजें चौथे काल ही, ए निश्चय उर धार ॥२०
या विध भए अनन्त जिन, होसी देव अनन्त।
सबको मारग एक ही, ज्ञान क्रिया बुधिवन्त ॥२१
सब ही शान्ति-प्रदायका, सबही केवल रूप।
सब ही धर्म-निरूपका, हिंसा-रहित सरूप ॥२२
सबही आगम भासका, सब अध्यातम मूल।
युक्ति-मुक्ति-दायक सबे, ज्ञायक सूक्षम थूल ॥२३
बरणन में आवें नहीं, तीन काल के नाथ।
सर्व क्षेत्र के जिनवरा, नमों जोरि जुग हाथ ॥२४
भरत क्षेत्र यह आपनो जम्बूद्वीप मझारि।
ताके मैं चौबीसिका, बन्दूं श्रुत-अनुसारि ॥२५
निर्वाणादि भये प्रभू, निर्वाणी चौबीस।
ते अतीत जिन जानिये, नमों नाय निज शीस ॥२६
जिन भाष्यौ द्वै विधि धरम, परम धाम को मूल।
यति श्रावक के भेद करि, इक सूक्षम इक थूल ॥२७
बहुरि वर्तमाना जिना, रिषभादिक चौबीस।
नमों तिनें निज भाव करि, जिनके राग न रीस ॥२८
तिनहूं सो ही भाषियौ, द्वै विधि धर्म विसाल।
महाव्रत अणुव्रतमय, जीवदया प्रतिपाल ॥२९
बहुरि अनागत काल में होंगे तीरथनाथ।
महापद्म प्रमुख प्रभु, चौबीसा बड़हाथ ॥३०
तातें सो ही भासि है, जे जो अनादि प्रबन्ध।
सबको मेरी वन्दना, सबको एक निबन्ध ॥३१
चौबीसी तीनूं नमूं, नमों तीस चौबीस।
सीमंधर आदिक प्रभू, नमन करों पुनि बीस ॥३२
पन्द्रा कर्मधरा सबै, तिनमें जे जिनराय।
अर सामान्य जु केवली, वर्तें निर्मल काय ॥३३

तिन सबकों परणाम करि, प्रणमों सिद्ध अनंत ।
आचारिज उपाध्याय कों, बिनऊं साधु महन्त ॥३४
तीन काल के जिनवरा, तीन काल के सिद्ध ।
तीन काल के मुनिवरा, वंदों लोक प्रसिद्ध ॥३५
पंच परमपद-पद प्रणमि, वन्दों केवलवानि ।
वदों तत्त्वारथ महा, जैनधर्म गुण-खानि ॥३६
सिद्धचक्रकूं वंदिकै सिद्धमंत्रकू वंदि ।
नमि सिद्धान्त-निबन्धकों, समयसार अभिनंदि ॥३७
वंदि समाधि तन्त्रकूं, नमि समभाव-सरूप ।
नमोकारकूं करि प्रणति, भाषों व्रत्त अनूप ॥३८
चउ अनुयोगहिं वंदिकें, चउ सरणा ले सुद्ध ।
चउ उत्तम मंगल प्रणमि, कहूँ क्रिया अविरुद्ध ॥३९
देव-धर्म गुरु प्रणति करि, स्यादवाद अवलोकि ।
क्रियाकोष भाषा कहूं, कुंदकुंद मुनि ढोकि ॥४०
अरचों चरचा जैनकी, चरचों चरचा जैन ।
क्रोध लोभ छल मोह मद, त्यागि गहूँ गुन वैन ॥४१
कृत्रिम और अकृत्रिमा जिनप्रतिमा जिनगेह ।
तिन सबकूं परणाम करि, धारूं धर्म सनेह ॥४२
गाऊं चउविधि दान शुभ, गाऊं दसधा धर्म ।
गाऊं षोडश भावना, नमि रतनत्रय धर्म ॥४३
स्तवऊं सर्व यतीसुरा, विनऊं आर्या सर्व ।
सब श्रावक अर श्राविका, नमन करों तजि गर्व ॥४४
करों बीनती मना धर, समदृष्टिसो एह ।
अपनों सौं धीरज मुझे, देहु धर्म में लेह ॥४५
लोक-शिखर पर थान जो मुक्ति क्षेत्र सुख-धाम ।
जहां सिद्ध शुद्धातमा, तिष्ठे केवल राम ॥४६
नमों नमों ता क्षेत्र कों, जहां न कोई उपाधि ।
आधि व्याधि असमाधि नहिं, वरतै परम समाधि ॥४७
प्रणमि ज्ञान कैवल्य कों केवलदर्शन ध्याय ।
यथाख्यात चारित्रकूं बंदों सीस नमाय ॥४८
प्रणमि सयोगिस्थानकों, नमि अजोग गुणथान ।
क्षायिक सम्यक वंदिकै, वरणों व्रतविधान ॥४९
वन्दों चउ आराधना, वंदों उपशमभाव ।
जाकरि क्षायिकभाव ह्वै, होय जीव जिनराव ॥५०
मूलोत्तर गुण साधुके, ह्वै जिनकरि जन सिद्ध ।
तिनकूं वंदि कहूँ क्रिया, त्रेपन परम प्रसिद्ध ॥५१

जहां मुनी निजध्यान करि, पावें केवलज्ञान ।
वंदों ठौर प्रशस्त जो, तीरथ महानिधान ॥५२
जा थानकसों केवली, पहुंचे पुर निर्वाण ।
वंदों धाम पुनीत जो, जा सम थान न आन ॥५३
तीर्थंकर भगवान के, वंदों पंच कल्याण ।
और केवली कों नमों, केवल अर निर्वाण ॥५४
नमों उभैविधि धर्म को, मुनि श्रावक निरधार ।
धर्म मुनिन को मोक्ष दे, काटे कर्म अपार ॥५५
तातें मुनि-मत अति प्रबल, बार-बार थुति जोग ।
धन्य धन्य मुनिराज तें, तजें समस्त अजोग ॥५६
पर परणति जे परिहरें, रमें ध्यान में धीर ।
ते हमकूं निज दास करि, हरो महा भव-पीर ॥५७
मुनि की क्रिया बिलोकि कै, हम पै वरनि न जाय ।
लौकिक क्रिया गृहस्थ की, वरणूं मुनि-गुण ध्याय ॥५८
यतिव्रत ज्ञान विना नहीं, श्रावक ज्ञान बिना न ।
बुद्धिवंत नर ज्ञान विन खोवें वादि दिनान ॥५९
मोक्ष मारगी मुनिवरा, जिनकी सेव करेय ।
सो श्रावक धनि धन्य है, जिनमारग चित्त देय ॥६०
जिन-मंदिर जो शुभ रचे, अरचे जिनवर देव ।
जिनपूजा नित-प्रति करे, करे साधुकी सेव ॥६१
करै प्रतिष्ठा परम जो, जात्रा करै सुजान ।
जिन शासन के ग्रन्थ शुभ, लिखवावे मतिमान ॥६२
चउविधि संघतणो सदा, सेवा धारे वीर ।
पर उपकारी सर्व की, पीड़ा हरे जु वीर ॥६३
अपनी शक्ति प्रमाण जो, धारें तप अर-दान ।
जीवमात्र को मित्र जो, शीलवन्त गुणधाम ॥६४
भाव शुद्ध जाके सदा, नहिं प्रपंच को लेश ।
पर-धन पाहन सम गिनै, तृष्णा तजी विशेष ॥६५
तातें गृहपति हू प्रबल, ताकी क्रिया अनेक ।
जिनमें त्रेपन मुख्य है, तिनमें मुख्य विवेक ॥६६
नमस्कार गुरुदेव कों, जे सब रीति कहेय ।
जिनवानी हिरदै धरी, ज्ञानवन्त व्रत लेय ॥६७
क्रियाकांड कों करि प्रणति, भाषों किरिया कोष ।
जिनशासन अनुसार शुभ, दयारूप निरदोष ॥६८
प्रथमहि त्रेपन जे क्रिया, तिनके वरणों नाम ।
ज्ञान-विराग-सरूप जे, भविजनकूं विश्राम ॥६९

**त्रेपन क्रिया**

गाथा—गुण-वय-तव-सम-पडिमा, दाणं जलगालणं च अणत्थमियं।
दंसण णाण चरित्तं किरिया तेवण्ण सावया भणिया ॥१

**चौपाई**

गुण कहिये अठमूल जु गुणा, वय कहिये व्रत द्वादस गुणा।
तव कहिये तप बारह भेद, सम कहिये समदृष्टि अभेद ॥७०
पड़िमा नाम प्रतिज्ञा सही, ते एकादस भेद जु लही।
दाणं कहिये दान जु चार, अर जलगालण रीति विचार ॥७१
निसिकों खान-पान नहिं भला, अन्न औषधी दूध न जला।
रात्रि विषें कछू लेवौ नाहिं, अति हिंसा निसि-भोजन मांहि ॥७२
कह्यौ "अणत्थमिय" शब्द जु अर्थ, निसि भोजन सम नाहिं अनर्थ।
दंसण णाण चरित्र जु तीन ए त्रेपन किरिया गिणि लीन ॥७३
प्रथमहिं आठ मूलगुण कहों, गुण-परसाद विषाद न कहों।
मद्य मांस मधु मोटे पाप, इन करि पावे अतुलित ताप ॥७४
बर पीपर पाकर नहिं लीन, ऊमर और कठूमर हीन।
तीन पंच ए आठों वस्तु, इनको त्यागे सकल प्रशस्त ॥७५
मन-वच-काय तजौ नर नारि, कृत-कारित-अनुमोद विचारि।
जिनमें इनको दोष जु लगै, तिन वस्तुनितें बुधजन भगें ॥७६
अमल जाति सबही नहिं भक्ष, लगै मद्यको दोष प्रत्यक्ष।
रस चलितादिक सड़िय जु वस्तु, ते सब मदिरा तुल्यउ वस्तु ॥७७
जाये खाये मन ठीक न रहै, सो सब मदिरा दूषण लहै।
अर्क अनेक भांतिके जेह, खइबे में आवत है तेह ॥७८
आली वस्तु रहै दिन धना, तामें दोष लगै मदतना।
अब सुनि आमिष दोष जु भया, चर्मादिक घृत तेल न लया ॥७९
हींग कदापि न खावन बुधा, बींधौ सीधौ भखिवौ मुधा।
चून चालियो चलनी चाम, नीच जाति पीस्यौ हु न काम ॥८०
फूल आयो धान अखान, फूल्यौ साग तजौ मतिवान।
कन्द अथाणा माखन त्याग, हाट मिठाई तज बड़भाग ॥८१
निसि भोजन अणछण्यू नीर, आमिष तुल्य गिनें वर-वीर।
निसि पीस्यौ निसि रांध्यौ होय, हाड़ चाम को परस्यो जोय ॥८२
मांस अहारी के घर तनो, सो सब मांस समानहिं गिनों।
विकलत्रय अर तिर नर जेह, तिनको मांस रुधिरमय जेह ॥८३
तजौ सबै आमिष अघ-खानि, या सम पाप न और प्रमानि।
त्यागौ सहत जु मदिरा समा, मधु दोउको नाम निरभ्रमा ॥८४
अर जिन वस्तुनि में मधुदोष, सो सब तजहु पापगण-पोष।
काकिब और मुरब्बा आदि, इनहिं खाहिं तिनको व्रत बादि ॥८५

मधु मदिरा पल जे नर गहें, ते शुभ गतितें दूरहिं रहैं।
नरक निगोद माहिं दुख सहें, अतुल अपार त्रासना लहे ॥८६
तातें तीन मकार धिकार, मद्य मांस मधु पाप अपार।
ये तीनों औ पंच कुफला, तीन पांच ये आठों मला ॥८७
इन आठों में अगणित त्रसा, उपजे मरण करें परवसा।
जीव अनंता बहुत निगोद, तातें कृत कारित अनुमोद ॥८८
इनको त्याग किये वसु मूल गुणा होहिं अघतें प्रतिकूल।
पांच उदम्बर तीन मकार, इनसे पाप न और प्रकार ॥८९
बार-बार इनको धिक्कार, जो त्यागै सो धन्य विचार।
इन आठनिसें चौदा और, भखै सु पावै अति दुख ठौर ॥९०॥
बहुत अभक्षनमें बाईस, मुख्य कहे त्यागें व्रतईस।
ओला नाम बड़ा जु बखानि, जीव-रासि भरिया दुख-खानि ॥९१
अणछणयां जलके बँधाण, दोष करै जैसे संघाण।
भखै पाप लागे अधिकाय, तातें त्याग करौ सुखदाय॥९२
घोल बड़ा में दूषण बड़ा, खाहिं तिके जाणे अति जड़ा।
दही मही में बिदल जु वस्तु, खाये सुकृत जाय समस्त ॥९३
तुरत पंचेन्द्री उपजे तहां, बिदल दही मुख में ले जहां।
अन्न मसूर मूंग चणकादि मोठ उड़द मटर तूरादि ॥९४
अर मेवा पिस्ता जु बदाम, काजू चारोली अति नाम।
जिन वस्तुनि की ह्वै द्वै दाल, सो सो सब दधि मेला टालि ॥९५
जानि निशाचर जे निशि चरें, निशि-भोजन करि भव दुख करें।
ताते निशि-भोजन तजि भया, जो चाहें जिनमारग लया ॥९६
दोय मुहूरत दिन जब रहै, तबतें चउविहार बुध गहै।
जौलौं जुगल मुहूरत दिना, चढि है तौलौं अनसन गिना ॥९७
रात-बसौ अर रातहिं कियो, रात-पिस्यौ कबहूँ नहिं लियौ।
जहां होय अंधेरो बीर, तहां दिवस हू असन न बीर ॥९८
दृष्टि देखि भोजन करि शुद्ध, दृष्टि देखि पग धरहु प्रबुद्ध।
बहुबीजा जामें कण घणा, ते फल कुफल जिनेसुर भणा ॥९९
प्रगट तिजारा आदिक जेह, बहुबीजा त्यागौ सब तेह।
बेंगण जाति सकल अघ-खानि, त्याग करौ जिन आज्ञा मानि ॥१००
संधाणा दोषीक विसेस, सो भव्या छांडौ जु असेस।
ताके भेद सुनो मन लाय, सुनि यामें उपजें अधिकाय ॥१०१
अत्थाणा संधाणा मथाण, तीन जाति इनकी जु बखानि।
राई लूणी कलंजी आदि, अंबादिक में डारहिं वादि ॥१०२
नाखि तेल में करहिं अथाण, या सम दोष न सूत्र प्रमाण।
त्रस जीवा तामें उपजन्त, मखियां आमिष दोष लहन्त ॥१०३

नीबू आम्रादिक जे फला, लूण माँहि डारै नहिं भला।
याको नाम होय संधाण, त्यागें पण्डित पुरुष सुजाण ॥१०४
अथवा चलित रसा सब वस्त, संधाणा जाणों अप्रशस्त।
बहुरि जलेबी आदिक जोय, डोहा राव मथाणा होय ॥१०५
लूण छांछि माहीं फल डारि, केर्यादिक जे खांहि गंवारि।
तेहि विगारें जन्म स्वकीय, जैसें पापी मदिरा पीय ॥१०६
अब सुनि चून तनी मरजाद, भाषैं श्री गुरुजी अविवाद।
शीतकाल में सातहि दिना, ग्रीषम में दिन पांचहि गिना ॥१०७
वरषा रितु माहीं दिन तीन, आगे संधाणा गण लीन।
मरजादा बीतें पकवान, सो नहीं भक्ष कहें भगवान ॥१०८
ताहि भखें जु असूत्री लोक, पावैं दुरगति में दुख शोक।
मर्यादा की विधि सुनि धीर, जो भाषी गौतम प्रति वीर ॥१०९
जामें अन्न जलादिक नाँहि, कछु सरदी जामाँहि नाँहि।
बूरा और बतासा आदि, बहुरि गिदौडादिक जु अनादि ॥११०
ताकी मर्यादा दिन तीस, शीतकाल में भाषी ईश।
ग्रीष्म पंदरा वर्षा आठ, यह धारौ जिनवाणी पाठ ॥१११
अर जो अन्नतणों पकवान, जलको लेश जु याहै जान।
आठ पहर मरजादा तास, भाषें श्री गुरु धर्म प्रकाश ॥११२
जल-वर्जित जो चूनहि तनीं, घृत मीठी मिलिकै जो बनीं।
ताकी चून समानहि जानि, मरजादा जिन-आज्ञा मानि ॥११३
भुजिया बड़ा, कचौरी पुवा, मालपुवा घृत तेलहि हुआ।
इत्यादिक हैं अवरहु जेह, लुचई सीरा पूरी एह ॥११४
ते सब गिनौ रसोई समा, यह उपदेश कहे पति रमा।
दारि भात कढ़ही तरकारि, खिचड़ी आदि समस्त विचारि ॥११५
दोय पहर इनकी मरजाद, आगे श्री गुरु कहें अखाद।
केई नर संधारक त्यागि, ल्यूंजी खाँय सवादहि लागि ॥११६
केरी नीबू आदि उकालि, नाना विधि सामग्री घालि।
सरस्यूं केरी तेल तपाय, तामें तलें सकल समुदाय ॥११७
जिह्वालंपट बहु दिन राख, खांय तिन्हें मतिमंद जु भाख।
तरकारी सम ल्यूंजी एह, आगे संधाणा समुझेह ॥११८
अणजाण्यूं फल त्यागहु मित्र, अणछाण्यो जल ज्यों अपवित्र।
त्यागौ कंदमूल बुधिवंत, कंदमूल में जीव अनंत ॥११९
गारि न कबहुँ भखहु गुणवन्त, गारी कवहु न काढ़उ संत।
हरी गारि में जीव असंख, निन्दैं साधु अशंक, अकंख ॥१२०
जा खाये छूटें निज प्राण, सो विषजाति अभक्ष प्रवान।
आफू और महोरा आदि, तजौ सकल मुनि सूत्र अनादि ॥१२१

काचौ माखण अति हि सदोष, भखिया करे सबै शुभ सोख।
पहले आमिष दूषण माहिं, पुनि-पुनि निन्द्यौ संशय नाहिं ॥१२२
फल अति तुच्छ खाहु मति बीर, निन्दे महावीर जगधीर।
पालौ राति जमावै कोय, ताहि भखत दुरगति फल होय ॥१२३
निज सवाद तजि ह्वै विपरीत, सो रस-चालित तजो भवभीत।
आगें मदिरा दूषण महै, निंद्यौ ताहि सु बुध नहिं गहै ॥१२४
ए बाईस अभख तजि सखा, जो चाहौ अनुभव रस चखा।
अवर अनेक दोषके भरे, तजो अभख भव्यनि परिहरे ॥१२५
फूल जाति सब ही दोषीक, जीव अनन्त फिरे तहकीक।
कबहुं न इनकों सपरस करौ, इह जिन आज्ञा हिरदै धरौ ॥१२६
खावौ और सूंघिवौ सदा, इनकूं तजहु न ढांकहु कदा।
शाक पत्र सब निंद बखानि, त्याग करौ जिन आज्ञा मानि ॥१२७
नेम धर्म व्रत राख्यौ चहै, तौ इन सबकूं कबहुं न गहै।
झाड़ तनें बड़ वोरि जु तनें, तजौ वौर त्रस जीव जु घनें ॥१२८
पेठा और कोहला तजौ, तजि तरबूज जिनेसुर भजौ।
जांबू और करोंदा जेहु, दूध झरै त्यागौ सहु तेह ॥१२९
कन्द शाक दल फल जु त्यागि, साधारण फलतें दुर भागि।
जो प्रत्येकहु छांड़ै वीर, ता सम और न कोई धीर ॥१३०
जो प्रत्येक न त्यागे जाय, तौ परमाण करो सुखदाय।
तेहु अलप ही कबहुंक खाय, नहिं तौड़े न तुडावन जाय ॥१३१
ताजा ले बासी नहिं भखै, रस चलितादिक कबहुं न चखै।
हरित कायसों त्यागै प्रीति, सो जानें जिन-मारग रीति ॥१३२
जे अनन्तकाया दुखदाय, सब साधारण त्यागौ राय।
तजि केदार तूंबड़ी सदा, खाहु म नाली ढिस तुम कदा ॥१३३
कचनारादिक डौंड़ी तजौ, तजि अण फोड़यो फल जिन भजौ।
पहलौ बिदलतनूं अति दोष, भाख्यौ भेद सुनहु तजि रोष ॥१३४
अन्न मसूर मूंग चणकादि, तिनकी दालि जु होय अनादि।
अर मेवा पिस्ता जु निदाम, चारौली आदिक अतिनाम ॥१३५
जिन जिन वस्तुनि की है दालि, सो सो सब दधि भेला टालि।
अर जो दधि भेलो, मिष्टान तुरतहिं खावा सूत्र प्रमान ॥१३६
अन्तमुहूरत पीछें जीव, उपजें इह गावें जगपीव।
तातें मीठा जुत जो दही, अन्तमुहूरत पहले गही ॥१३७
दधि-गुड़ खावौ कबहुं न जोग, वरजें श्री वस्तु अजोग।
पुनि तुम सुनहुं मित्र इक बात, राई लूण मिलें उतपात ॥१३८
तातें दही मही में करै, तजौ रायता कांजी वरै।
घी ताजा गहिवौ भवि लोय, सूद्रनिको घृत जोगि न होय ॥१३९

स्वाद-चलित जो खावे घीव, सो कहिये अविवेकी जीव।
घिरत सोधिको लेवौ अल्प, भजिवौ जिनवर त्यागि विकल्प ॥१४०
घृतहू छाड़े तौ अति तपा, नीरस तप धरि श्रीजिन जपा।
सिंधव लोंन व्रतिनिको लेन, कृत्रिम लोंन सबै तजि देन ॥१४१
जो सिंधवहू त्यागै भया, महा तपस्वी श्रुत में लया।
अब तुम गोरस की विधि सुनों, जिनवर की आज्ञा उर गुणों ॥१४२
दोहत जब महिषी अर गाय, तबतें इह मरजाद गहाय।
काचौ दूध न राखै सुधी, द्वै घटिका राखें तौ कुधी ॥१४३
काचौ दूध न लेवौ वीर, अणछाण्यूं पय तजिवो धीर।
अंतर एक मुहूरत बसा, उपजे जीव असंखित त्रसा ॥१४४
जाको पय ह्वै तैसे जीव, प्रगटें इह भावे जगपीव।
पंचेन्द्री सम्मूर्छन प्राणि, भैया तू जिनवचन प्रवाणि ॥१४५
इह तो दूध तणी विधि कही, अब सुनो दही महोकी सही।
जामण दीयौ ह्वैं जिह दिना, ताके दूजौ दिन शुभ गिना ॥१४६
पीछे दधि खावौ नहिं जोगि, इह भाषें जिनराज अरोगि।
दधि को मथियौ पानी डारि, ताको नाम जु छांछि विचारि ॥१४७
ताही दिवस होय सो भक्ष, यह जिन आज्ञा हैं परतक्ष।
मथता ही जा माहीं तोय, बहुर्यो वारि न डार्यो होय ॥१४८
माथिया पाछे काचौ वारि, नाख्यौ सो लेवौ जु विचारि।
जेतो काचा जलको काल, तेतौ ही ताको जु विचारि ॥१४९
छण्यूं जल सो काचौ रहै, एक मुहूरत जिनवर कहै।
आगें त्रसजीवा उपजंत, अणछणयां को दोष लगंत ॥१५०
तिक्त कषाय मिल्यौ जो नीर, सो प्राशुक भाख्यौ जिन वीर।
दोय पहर पहिली ही गहौ, यह जिन आज्ञा हिरदै बहो ॥१५१
तातौ जल जो भात उकाल, आठ पहर मरजादा काल।
आगे सनमूर्छन उपजाहिं, पीवत धर्मध्यान सब जाहिं ॥१५२

**दोहा**

अघ-तरुवर को मूल इह, मोह मिथ्यात जु होय।
राग द्वेष कामादिका, ए सकंध बहु जोय ॥१५३
अशुभ क्रिया शाखा घनी, पल्लव चंचल भाव।
पत्र असंजम अव्रता छाया नाहिं लखाव ॥२५४
इह भव दुख भाखे पहुप, फल निगोद नरकादि।
इह अघ-तरु को रूप है, भव-वन मांहि अनादि ॥१५५

**चौपाई**

क्रिया कुठार गहै कर कोय, अघ-तरुवरको काटै सोय।
जे बेचें दधि और जु मठा, उदर भरण के कारण शठा ॥१५६

तिनकों मोल लेय जे खाहिं, ते नर अपनों जन्म नसाहिं ।
तातैं मोलतनों दधि तजौ, यह गुरु आज्ञा हिरदै भजौ ॥१५७
दधी जमावे जा विधि व्रती, सो विधि धारहु भाषहिं जती ।
दूध दुहाकर ल्यावै जबै, ततछिन अगनि चढावे तबै ॥१५८
रूपो गरम करै पयमांहि, जामण देय जु संसै नाहिं ।
जमैं दही या विधि कर जोहु, बाधे कपरा माहीं सोहु ॥१५९
बूंद रहै नहिं जल की एक, तबहिं सुकाय धरै सुविवेक ।
दही बड़ी इह भाषी सही, गृही जमावै तासों दही ॥१६०
अथवा दधि में रूई भेय, कपरा भेय सुकाय धरेय ।
राखै इक द्वै दिन ही जाहि, बहुत दिना राखे नहिं ताहि ॥१६१
जल में घोलिर जामण देय, दधि ले तौ या विधि करि लेय ।
और भाँति लेवौ नहिं जोगि, भाखें जिनवर देव अरोगि ॥१६२
शीतकाल की इह विधि कहीं, उष्णऊ बरषा राखै नहीं ।
जो हि सर्वथा छाँड़ै दधी, तासम और न कोई सुधी ॥१६३
सूद्रतनें पात्रनि को दुग्ध, दधि-घृत-छाछि भखें ते मुग्ध ।
उत्तम कुल हू जे मतिहीन, क्रियाहीन जु कुविसन अधीन ॥१६४
तिनके घरको कछहु न जोगि, तिनकी किरिया बहुत अजोगि ।
दूध ऊँटणी भेड़िन तनों, निद्यौ जिनमत माहीं घनों ॥१६५
गो महिषी बिन और न भया, कबहु न लेनों नाहीं पया ।
महिषी दूध प्रमाद करेय, तातें गायनि की पय लेय ॥१६६
नीरसव्रत धर दूधहि तजै, तातें सकल दोष ही भजै ।
हाटें बिकते चूनरु दालि, बुधजन इनको खावौ टालि ॥१६७
बोधौ खोटौ पीसै दलै, जीवदया कैसे करि पलै ।
चूनो संखतणो कसतूरि, इनकों निंद कहें जिनसूरि ॥१६८

### दोहा

चरम-सपरसी वस्तु को, खातें दोष जु होय ।
ताको संक्षेपहि कथन, कहों सुनों भवि लोय ॥१६९
मूये पसूके चर्मकों, चीरै जो चंडार ।
ता चंडालहिं परसिकै, छोति गिनै संसार ॥१७०
तो कैसे पावन भयौ, मिल्यौ चर्म सों जोहि ।
आमिष तुल्य प्रभू कहें, याहि तजौ बुध सोहि ॥१७१
उपजें जीव अपार सुनि, जिनवानी उर धारि ।
जा पसुको हैं चर्म जो, तैसे ही निरधारि ॥१७२
सन्मूर्छन उपजे जिया, तातें जल घृत तेल ।
चर्म सपरसे त्यागिये, भाषें साधु अचेल ॥१७३

जैसे सूरज कांच के, रूई बीचि धरेय।
प्रगटै अगनि तहाँ सही, रूई भस्म करेय ॥१७४
तैसे रस अर चर्म के जोगै, जिय निपजांहि।
खावे वारे के सकल, धर्मव्रत लुपि जाँहि ॥१७५
जीमत भोजन के समैं, मुवौ जिनावर देखि।
तजे नहीं जे असनको, ते दुरबुद्धि विशेखि ॥१७६
जे गँवार पाठातनी. फली खाय मतिहीन।
तिनके घट नहिं समुझि है, यह भावे परवीन ॥१७७

**रसोई, परंडा, चक्की आदि क्रियाओं का वर्णन। चौपाई**

जा घर माँहि रसोई होय, धारे चंदवा उत्तम सोय।
बहुरि परंडा ऊपर ताणि, उखली चाकी आदिक जाणि ॥१
फटकै नाज बीणिये जहाँ, चून चालिये भैय्या तहाँ।
अर जिह ठौर जीमिये धीर, पुनि सोवे की ठौहर वीर ॥२
तथा जहाँ सामायिक करै, अथवा श्री जिनपूजा धरै।
इतने थानक चंदवा होय, दीखे श्रावक को घर सोय ॥३
चाकी अर उखली परमाण, ढकणा दीजे परम सुजाण।
स्वान विलाव न चाटै ताहि, तब श्रावक को धर्म रहाहि ॥४
मूसल धोय जतन सों धरै, निशि घोटन पीसन नहिं करै।
छाज तराजू अर चालणी, चर्मतणी भविजन टालणी ॥५
निशिकों पीसे घोटै दलै, जीवदया कबहूँ नहिं पलै।
चाकी गाले चून रहाय, चोंटी आदि लगे तसु आय ॥६
निसिको पीसत खबर न परै, तातें निशि पीसन परिहरै।
तथा रातिको भीज्यौ नाज, खावौ महापाप को साज ॥७
अंकूरे निकसें ता माहिं, जीव अनन्ता संशय नाहिं।
तातें भीज्यौ नाज अखाज, तजौ मित्र अपने सुखकाज ॥८
सुल्यौ सड़्यौ गडियौ जो धान, फूली आयौ होय नखान।
स्वाद चलित खावौ नहिं वीर, रहिवौ अति विवेकसूं धीर ॥९
नहिं छीवै गोवर गोमूत, मल, मूत्रादिक महा अपूत।
छाणा ईंधन काज अजोगि, लकड़ी हू बीधी नहिं जोग ॥१०
जेती जाति मुरब्बा होय, लेणा एक दिवस ही सोय।
पीछे लागे मधुको दोष, तासम और न अघ को पोष ॥११
आथाणा का नाम अचार, भखें अविवेकी अविचार।
या सम अणाचार नहिं कोय, याको त्याग करें बुध सोय ॥१२

राह चल्यौ भोजन मति खाहु, उत्तम कुलको धर्म रखाहु।
निकट रसोई भोजन करौ, अणाचार सब ही परिहरौ॥
करौ रसोई भूमि निहारि, जीव-जन्तु की बाधा टारि॥१३

### वेसरी छन्द

दोब खोदि मति करौ रसोई, तहां जीव की हिंसा होई।
मलिन वस्तु अवलोकन होवे, सो थानक तजि औरहि जोवे॥१४
नरम पूजणी सों प्रतिलेखे, करे रसोई चर्म न देखे।
माटी के वासण इक बारा, दूजी विरियां नाहीं अचारा॥१५
जो दूजे दिन राखे कोई, सो नर सूद्रनि सदृश होई।
मिटे न सरदी करै न कोई, मिट्टी के वासण की भाई॥१६
उपजें जीव असंख्य जु तामें, बासी भोजन दूषण जामें।
दया न किरिया उत्तम ताई, माटी के वासण में भाई॥१७
तातैं भले धातु के बासन, इह आज्ञा गावे जिन शासन।
धातु-पात्र ही नीका मंजे, सोई अशन-अक्रिया भंजे॥१८
रहै अशन को लेश जु कोई, सो बासन मांज्यौ नहिं होई।
दया क्रिया को नास जु तामें, अन्न जोग उपजे जिय जामें॥१९
मांजि धोय अर पूंछ जु राछा, राखे उज्जल निर्मल आछा।
दया सहित करणी सुखदाई, करुणा बिन करणी दुखदाई॥२०
जीवनिकूं सन्ताप न देवे, तब आचार तणी विधि लेवै।
बिन जिनधर्मा उत्तम वंसा, देइ न लेय सुराक्ष नृशंसा॥२१
श्रावक कुल किरिया करि युक्ता, तिनके करको भोजन युक्ता।
अथवा अपने करको कीयौ, आरम्भी श्रावक ने लीयौ॥२२
अन्यमती अथवा कुलहीना, तिनक करको कबहु न लीना।
अन्य जाति जो भींटै कोई, तौ भोजन तजवौ है सोई॥२३
नीली हरी तजै जो सारी, ता सम और नहीं आचारी।
जो न सर्वथा छांड़ी जाई, तौ प्रत्येक फला अलपाई॥२४
हरी सुकावौ योग्य न भाई, जामें दोष लगै अधिकाई।
सूके पत्र औषधी लेवा, भाजी सूकी सब तजि देवा॥२५
पत्र-फूल-कन्दादि भखें जे, साधारण फल मूढ चखें जे।
ते नहि जानों जैनी भाई, जीभ-लंपटी दुरगति जाई॥२६
पत्र-फूल-कन्दादि सबै ही साधारण फल सर्व तजे ही।
अर तुम सुनहु विवेकी भैय्या, भेले भोजन कबहु न लैया॥२७
मात तात सुत बांधव मित्रा, भेले भोजन अति अपवित्रा।
महा दोष लागै या मांही, आमिष को सो संशय नाहीं॥२८

अपने भोजन के जे पात्रा, काहूकूं नहिं देय सुपात्रा।
बुधजन भेलें जीमें कैसें, भाषें श्री जिन-नायक ऐसें ॥२९
मांहि सराय न भोजन भाई, जब श्रावक को व्रत्त रहाई।
अन्तिज नीचनि के घर माहीं, कबहुं रसोई करणी नाहीं ॥३०
मांस त्यागि व्रत जो नि धारै, नीचन को संगर्ग न कारै।
उत्तम कुलहू परमट धारी, तिनहू के भोजन नहिं कारी ॥३१
जैन धर्म जिनके घट नाहीं, अन्य देव पूजा घर माहीं।
तिनको छूयौ अथवा करको, कबहू न खावै तिनके घरको ॥३२
कुल किरिया करि आप समाना, अथवा आप थकी अधिकाना।
तिनको छुयौ अथवा करको, भोजन पावन तिनके घरको ॥३३
अर जे छाणि न जाणें पाणी, अन्न बीण की रीति न जाणी।
भक्षाभक्ष भेद नहिं जानें, कुगुरु कुदेव मिथ्यामत मानें ॥३४
तिनतें कैसी पांति जु मित्रा, तिनको छूयौ है अपवित्रा।
चर्म रोम मल हाथी दन्ता, जेहि कचकड़ा विमल कहन्ता ॥३५
तिनतें नहिं भोजन सम्बन्धा, यह किरिया को कह्यौ प्रबन्धा।
जङ्गम जीवनि के जु शरीरा, अस्थि चर्म रोमादिक वीरा ॥३६
सब अपवित्रा जानि मलीना, थावर दल भोजन में लीना।
रोमादिक को सपरस होवै, सो भोजन श्रावक नहिं जोवै ॥३७
नीला वस्त्र न भीटै सोई, नाहि रेशमी वस्त्र हु कोई।
बिन धोया ह्वै कपरा नाहीं, इह आचार जैनमत नाहीं ॥३८
दया लिया ह्वै किरिया धारी, भोजन करैं सोधि आचारी।
पांच ठांवसूं भोजन नाहीं, धोति दुपट्टा विमल धराहीं ॥३९
विन उज्ज्वलता भई रसोई, त्याग करै ताकूं विधि जोई।
पंचेन्द्री पसु हू को छूयौ, भोजन तजे अविधितें हूयौ ॥४०
सोध तनी सब वस्तु जु लेई, वस्तु असोधी त्यागै तेई।
अन्तराय जो परे कदापी, तजै रसोई जीव निपापी ॥४१
दया क्रिया बिन श्रावक कैसे, बुद्धि पराक्रम विन नृप जैसे।
मांस रुधिर मल अस्थि जु, चामा तथा मृतक प्राणी लखि रामा ॥४२
अर जो वस्तु तजी है भाई, सो कबहू जो थाल धराई।
तौ उठि बैठे होउ पवित्रा, यह आज्ञा गावै जगमित्रा ॥४३
दान बिना जीमो मति बीरा, इह आज्ञा धारौ उर धीरा।
बिना दान भोजन अपवित्रा, शक्ति प्रमाणें दान दो चित्रा ॥४४
मुनी अर्जिका श्रावक कोई, कै सुश्राविका उत्तम होई।
अथवा अव्रत सम्यकदृष्टी, जिह उर अमृतधारा वृष्टी ॥४५
इनकूं महाभक्ति करि देहो, तिनके गुण हिरदा में लेहो।
अथवा दुखित भुखित नर नारी, पसु पंखी दुखिया संसारी ॥४६

अन्न वस्त्र जल सबको देना, नर भव पाये का फल लेना।
तिर्यंचनिकूं तृण हू देना, दान तणों गुण उरमें लेना ॥४७
भोजन करत ओंठि जिन छोड़ौ, ओंठि खाय देही मति भांडौ।
काहूकूं उच्छिष्ट न देनो, यही बात हिरदै धरि लेनी ॥४८
अन्तराय जो परैं कदापी, अथवा छीवें खल जल पापी।
तब उच्छिष्ट तजन नहिं दोषा, इह भाषे वुधजन व्रत पोषा ॥४९
घृत दधि दूध मिठाई मेवा, जोहि रसोई माहिं जु लेवा।
सो सव तुल्य रसोई जानों, यह गुरु आज्ञा हिरदै मानो ॥५०
जहां बापरै अन्न रसोई, ताते न्यारे राखैं जोई।
जेतौ चहिये तेतौ ल्यावै, आवै, सो वर्तन में आवै ॥५१
पाका वस्तु रु भोजन भाई, एक भये बाहिर नहिं जाई।
जल अर अन्न तणों पकवाना, सो भोजन ही सादृश जाना ॥५२
असन रसोई बाहर जावै, सो बढ वोपा नाम कहावै।
मौन बिना भोजन वरज्या है, मौन सात श्रुत मांहि कह्या है ॥५३
भोजन भजन स्नान करंता, मैथुन वमन मलादि करंता।
मूत्र करंता मौन जु होई, इह आज्ञा धारैं बुध सोई ॥५४
अन्तराय अर मौन जु सप्ता, पाले श्रावक पाप अलिप्ता।
अब जल की किरिया सुनि धर्मी, जे नहिं धारें तेहि अधर्मी ॥५५
नदी तीर जो होय मसाणा, सो तजि घाट जु निन्द्य वखाणा।
और घाटको पाणी आणों, इह जिन आज्ञा हिरदै जाणों ॥५६
लोक भरत जे निजरमां आवै, तिनके ऊपरलौ जल ल्यावै।
सरवर माहिं गांव को पानी, आवे सो सरवर तजि जानी ॥५७
गांवथकी जो दूरि तलाबा, ताका जल ल्यावौ सुभ भावा।
तजौ अपावन नदी किनारा, अब वापी की विधि सुनि वीरा ॥५८
जा माहीं न्हावै नर नारी, कपरा धोवहिं दांतुनि कारी।
ता वापी को जल मति आनों, तहां न निर्मलताई जानों ॥५९
कूपतणी विधि सुनहु प्रवीना, जहां भरैं पानी कुल हीना।
तहां जाहि मति भरवा भाई, तबै ऊंचको धर्म रहाई ॥६०
उत्तम नीच यहै मरजादा, यामें है कहुँ हू न विवादा।
यवन अन्तिजा सबसे हीना, इनको कूप सदा तजि दीना ॥६१
अब तुम बात सुनो इक औरै, शंका छांडि वखानौ चौरै।
धर्म रहित के पानी घर को, त्यागौ वारि अधर्मी नरको।
*बिन साधर्मी उत्तम बंसा, पर घर की छांडौ जल अंसा* ॥६२

**दोहा**

जल के भाजन धातु के, जो होवें घर माहिं।
पूंछ मांजि नित धोयवा, यामें संशय नाहिं ॥६३

अर जे वासण गारके, गागर घट मटकादि ।
ते हि अल्प दिन राखिवौ, इह आज्ञा जु अनादि ॥६४
राति सुकाय धराय वा, माटी वासण ओर ।
तिनमें प्रातहि छाणिवौ, आछी विधिसों नीर ॥६५
जौ नहिं राखे गारके, जल भाजन बुधिवान ।
राखे बासण धातु ही, सो अति ही शुचिवान ॥६६

## चौपाई

इह तौ जल की क्रिया बताई, अब सुनि जल-गालन विधि भाई ।
रंगे वस्त्र नहिं छानों नीरा, पहरे वस्त्र न गालौ वीरा ॥६७
नाहि पातरे कपड़े गालौ, गाढे वस्त्र छांड़ि अघ टालो ।
रेजा दिढ आंगुल छत्तीसा, लंबा अर चौरा चौबीसा ॥६८
ताको दो पुड़ता करि छानों, यही नांतणा की विधि जानों ।
जल छाणत इक बूंदहु धरती, मति डारहु भाषें महाव्रती ॥६९
एक बूंद में अगणित प्राणी, इह आज्ञा गावें जिनवाणी ।
गलना चिउंटी धरि मति दाबौ, जीव दयाको जतन धरावौ ॥७०
छाणे पाणी बहुते भाई, जल गलणा धोवें चित्त लाई ।
जीवाणी को जतन करौ तुम, सावधान ह्वै विनवें क्या हम ॥७१
राखहु जलकी किरिया शुद्धा, तब श्रावक व्रत लघौ प्रबुद्धा ।
जा निवांणको ल्यावौ वारी, ताही ठौर जिवाणी डारी ॥७२
नदी तालाब बावड़ी माहीं, जलमें जल डारौ सक नाहीं ।
कूप माहि नाखौ जु जिवाणी, तौ इह बात हिये परवाणी ॥७३
ऊपरसू डारौ मति भाई, दयाधर्म धारौ अधिकाई ।
भवंरकली को डोल मंगावौ, ऊपर नीचे डौरि लगावो ॥७४
द्वै गुण डोल जतन करि बीरा, जीवाणी पधरावौ धीरा ।
छाण्यां जल को इह निरधारा, थावरकाय कहें गणधारा ॥७५
द्वै घटिका तीते जो जाकों, अणछाण्यां को दोष जु ताकों ।
तिक्त कषाय मेलि किय फासू, ताहि अचित्त कहें श्रुत-भासू ॥७६
पहर दोय बीतै जो भाई, अगणित त्रस जीवा उपजाई ।
ड्योढ़ तथा पौणा दो पहरा, आगें मति वरतो बुधि-गहरा ॥७७
भात उकाल उष्ण जल जो है, सात पहर ही लेणो सो है ।
बीतें बसु जामा जल उष्णा, त्रस भरिया इह कहे जु विष्णा ॥७८
विष्णु कहावें जिनवर स्वामी, सर्व व्यापको अन्तर-यामी ।
या विधि पाणी दिवसें पीवौ, निसिकूं जल छाड़ौ भवि जीवौ ॥७९
अशन पान अर खादिम स्वादी, निशि त्यागे बिन व्रत सब वादी ।
दया बिना नहिं व्रत जु कोई, निश भोजन में दया न होई ॥८०

छाण्यूं जाय न निसकों नीरा, वीण्यूं जाय न धानहुं वीरा।
छाण बीण विन हिंसा होवै, हिंसाते नारक पद जोवै ॥७१
अवर कथन इक सुनने योगा, सुनकर धारहु सुबुधि लोगा।
नारिन कों लागै बड़ रोगा, मास मास प्रति होहि अजोगा ॥८२
ताकी किरिया सुनि गुणवन्ता, जा विधि भाषें श्रीभगवन्ता।
दिवस पांच बीतें सुचि होई, पांच दिनालौं मलिन जु सोई ॥८३
उक्तं च श्लोक—त्रिपक्षे शुद्धयते सूती, रजसा पंच वासरे।
अन्यशक्ता च या नारी, यावज्जीवं न शुद्धयते ॥१

अर्थ—प्रसूता स्त्री डेड़ महीनेमें शुद्ध होय है, रजस्वला पांच दिवस गये पवित्र होय है अर जो स्त्री परपुरुष सों रत भई सो जन्म पर्यन्त शुद्ध नाहीं, सदा अशुचि ही है।

### बेसरी छन्द

पांच दिवस लौं सगरे कामा, तजिकर, रहिवौ एकै ठामा।
कछु धंधा करनौ नहि जाकों भई अजोग अवस्था ताको ॥८४
निज भर्ताहूं कों नहि देखै, नीची दृष्टि धर्म को पेखैं।
दिवस पांचलौं न्हावौ उचिता, नितप्रति कपड़ा धोवो सुचिता ॥८५
कांहूं सों सपरस नहि करिवौ, न्यारे आसन बासन धरिवौ।
जो कबहूं ताके बासन सों, छुयौ राछ अथवा हाथन सों ॥८६
तो वह बासन ही तजि देवौ, या विधि शुद्ध जिनाज्ञा लेवौ।
अन्न वस्त्र जल आदि सबैही, ताको छुऔ कछू नहि लेही ॥८७
कोरो पीस्यौ कछु नहि गहिवौ, ताको ताके ठामहि रहिवौ।
ठौर त्याग फिरवौ न कितैही, इह जिनवर की आज्ञा है ही ॥८८
करवौ नाहीं अशन गरिष्ठा, नाहीं जु दिवसें शयन वरिष्ठा।
हास कुतूहल तैल फुलेला, इन दिन माहि न गीत न हेला ॥८९
काजल तिलक न जाकों करिवौ, नाहि महावर महेंदी धरिवौ।
नख केशादि सुधार न करनौं, या विधि भगवत-मारग धरनौं ॥९०
और त्रियन में मिलवौ जाकों, पंच दिवस है वर्जित ताकों।
चंडालो छूतें अति निंद्या, भाषें जिनवर मुनिवर वंद्या ॥९१
पंच दिवस पति ढिग नहि जावौ, अर नहि वाके सज्या रचावौ।
भूमि-सयन है जोग्य जु ताको, सिंगारादि न करनों जाकों ॥९२
छट्टे दिवस न्हाय गुणवन्ती, शुभ कपड़ा पहरे बुधिवन्ती।
ह्वे पवित्र पतिजुत जिन अर्चा, कर बातें धारें शुभ चर्चा ॥९३
पूजा दान करै विधि सेती, सुभ मारग माहीं चित देती।
निसि को अपने पति ढिग जावै, तौ उत्तम बालक उपजावै ॥९४

सुबुधि विवेकी सुव्रत-धारी, शीलवन्त सुन्दर अविकारी।
दाता सूर तपस्वी श्रुतधर, परम पुनीत पराक्रम भर नर ॥९५
जिनवर भरत बाहुबलि सगरा, रामहणू पांडव अर विदरा।
लव अंकुश प्रद्युम्न सरीसा, वृषभसेन गौतम स्वामी सा ॥९५
सेठ सुदर्शन जंबू स्वामी, गज कुमार आदि गुण-धामी।
पुत्र होय तौ या विधि को ह्वै, अर कबहूं पुत्री हो जो ह्वै ॥९७
तो सुशील सौभाग्यवती अति, नेम धरम परवीन हंस गति।
बाल सुब्रह्मचारिणी शुद्धा, ब्राह्मी सुन्दरि सी प्रतिबुद्धा ॥९८
चन्दन बाला अनन्तमतीसी, तथा भगवती राजमतीसी।
अथवा पतिव्रता जु पवित्रा, ह्वै सुशील सीतासी चित्रा ॥९९
कै सुलोचना कौशल्या सी, शिवा रुकमनी वीशल्या सी।
नीली तथा अंजना जैसी, रोहणि द्रौपद सुभद्रा तैसी ॥१००
अर जो कोऊ पापाचारी, पंच दिवस बीतें बिन नारी।
सेवें विकल अन्ध अविवेकी, ते चंडालनि हूतें एको ॥१
अति ही घृणा उपजै ता समये, तातें कबहुं न ऐसे रमिये।
फल लागै तौ निपट हि विकला, उपजै संतति सठ बे-अकला ॥२
सुत जन्में तौ कामी क्रोधी, लापर लंपट धर्म विरोधी।
राजा बक बसु से अति मूढ़ा, ग्रन्थनि माहिं अजस आरूढ़ा ॥३
सत्यघोष द्विज पर्वत दुष्टा, धवल सेठ से पाप सपुष्टा।
पुत्री जन्में तोहो कुशीली, पर-पुरुषा रति अवहीली ॥४
राव जसोधर की पटरानी, नाम अमृतादेवि कहानी।
गई नरक छट्टे पति मारे, किये कुबज सों कर्म असारे ॥५
रात्रि विषें कपरा ह्वै नारी, तौ इह बात हिये में धारी।
पंच दिवस में सो निसि नाहीं, ता बिन पंच दिवस श्रुत माहीं ॥६
इह आज्ञा धारौ तजि पापा, तब पावौ आचार निपापा।
अब सुनि गृहपति के षट् कर्मा, जो भाषैं जिनवर को धर्मा ॥७
निज पूजा अर गुरु की सेवा, पुनि स्वाध्याय महासुख देवा।
संजम तप अर दान करौ नित, ए षट् कर्म धरौ अपने चित ॥८
इन कर्मनि करि पाप जु कर्मा, नासें भविजन सुनि निज धर्मा।
चाकी उखरी और बुहारी, चूला बहुरि परंडा धारी ॥९
हिंसा पांच तथा घर धन्धा, इन पापनि करि पाप हि बंधा।
तिनके नासन कों षट कर्मा, सुभ भावैं जिनवर को धर्मा ॥१०
ए सब रीति मूल गुण माहीं, भाषें श्री गुरु संसै नाहीं।
आठ मूल गुण अंगीकारा, करौ भव्य तुम पाप निवारा ॥११
अर तजि सात विसन दुखकारी, पाप मूल दुरगति दातारी।
जूवा आमिष मदिरा दारी, आखेटक चोरी पर नारी ॥१२

जूवा सम नहिं पाप जु कोई, सब पापनि को यह गुरु होई।
जूवारी कौ संग जु त्यागौ, द्यूत कर्म के रंग न लागौ ॥१३
पासा सारि आदि बहु खेला, सब खेलनि में पाप हि मेला।
सकल खेल तजि जिन भजि प्रानी, जाकर होय निजातम ज्ञानी ॥१४
ठौर ठौर मद मांस जु निंदे, तातें तजिये प्रभू कों बंदे।
तज वेश्या जो रजक-शिला सम, गनिका को घर देखहु मति तुम ॥१५
त्यागि अहेरा दुष्ट जु कर्मा, ह्वै दयाल सेवौ जिन धर्मा।
करे अहेरातें जु अहेरी, लहै नर्क में आपद ढेरी ॥१६
क्षत्री को इह होय न कर्मा, क्षत्री को है उत्तम धर्मा।
क्षत् कहिये पीरा को नामा, पर-पीरा-हर जिनको कामा ॥१७
क्षत्री दुर्बल कों किम मारे, क्षत्री तो पर-पीरा टारे।
मांस खाय सो क्षत्री कैसो, वह तौ दुष्ट अहेरी जैसो ॥१८
अर जु अहेरी तजे अहेरा, दयापाल ह्वै जिनमत हेरा।
तो वह पावे उत्तम लोका, सबकों जीव-दया सुख थोका ॥१९
त्यागौ चोरी जो सुख चाहौ, ठग विद्या तजि लोभ विलाहौ।
पर धन भूले विसरें आयौ, राखौ मति यह जिन श्रुत गायौ ॥२०
लूटि लेहु मति काहू को धन, पर धन हरवेंकों न धरौ मन।
चुगली करन, लुटावौ काकों, छाड़ों भाई अन्य रमा कों ॥२१
काहू की न, धरोहरि दावौ, सूधौ राखौ मित्र हिसावौ।
तोल माहिं घटि-बधि मति कारौ, इह जिन आज्ञा हिरदै धारौ ॥२२

### दोहा

तजौ चोर की संगती, तासू नहिं व्यवहार।
चोरयो माल गृहौ मती, जो चाहौ सुख सार ॥२३
परदारा सेवन तजौ, या सम दोष न और।
याकों निंदे जिनवरा, जो त्रिभुवन के मौर ॥२४
पापी सेवें पर तिया, परें नरक में जायँ।
तेतीसा-सागर तहाँ, दुख देखें अधिकाय ॥२५
तातें माता बहन अर, पुत्री सम पर-नारि।
गिनों भव्य तुम भाव सों, शील वृत्त उर धारि ॥२६
जे जेठी ते मात सम, समवय बहन समान।
आप थकी छोटी उमरि, सो जिन सुता प्रमान ॥२७
निन्दे बिसन जु सात ए, सात नरक दुखदाय।
मन बच तिन ए परिहरौ, भजो जिनेसुर पाय ॥२८
इन बिसननि करि बहु दुखी, भये अनन्ते जीव।
तिनको को वर्णन करै, ए निंदें जग-पीव ॥२९

कैयक के भाखें भया, नाम, सूत्र-अनुसार।
राव जुधिष्ठर सारिखे, धर्मात्तम अविकार ॥३०
दुर्योधन के हठ थकी, एक बारही द्यूत।
................................................ ॥३१
हारि गये पांडव प्रगट, राज सम्पदा मान।
दुखी भये जो दीन जन, ग्रन्थनि माहिं बखान ॥३२
पीछे तजि सब जगत कों, जगदीश्वर उर ध्याय।
श्री जिनवर के लोक को, गये जुधिष्ठर राय ॥३३
मांस भखनतें बक नृपति, गये सातवें नर्क।
तीस तीन सागर महा, पायौ दुख संपर्क ॥३४
अमल थकी जदुनन्दना, रिषिकों रिस उपजाय।
भये भस्मभावा सबै, पाप करम फल पाय ॥३५
कैयक उबरे जिन जपो, भये मुनीसुर जेह।
येह कथा जिनसूत्र में, तुम परगट सुन लेह ॥३६
चारुदत्त इक सेठ हौ, करि गनिकासो प्रीति।
लही आपदा जिह घनी, गई संपदा बीति ॥३७
ब्रह्मदत्त पापी महा, राजा हौ मृग मार।
आखेटक अपराधतें, बूड्यो नरक मझार ॥३८
चोरी करि शिवभूति शठ, लहे बहुत दुख दोष।
ताकी कथा प्रसिद्ध है, कहिवे को सतघोष ॥३९
परदारा पर चित्त धरी, रावण से बलवन्त।
अपजस लहि दुरगति गये, जे प्रतिहरि गुणवन्त ॥४०
बिसन बुरे बिसनी बुरे, तजो इनों तें प्रीति।
व्रत क्रियाके शत्रु ये, इनमें एक न नीति ॥४१
अब सुनि भैया बात इक, गुण इकबीसौ जेह।
इनहीं मूल गुणानिको, परिवारों गनि लेह ॥४२
लज्जा दया प्रशांतता, जिन मारग परतीति।
पर औगुनको ढांकिवो, पर उपगार सुप्रीति ॥४३
सोमदृष्टि गुणग्रहणता, अर गरिष्ठता जानि।
सबसों मित्राई सदा, वैरभाव नहिं मानि ॥४४
पक्ष पुनीत पुमान की, दीरघदरसी सोय।
मिष्ट बचन बोलै सदा, अर बहु ज्ञाता होय ॥४५
अति रसज्ञ धर्मज्ञ जो, है कृतज्ञ पुनि तज्ञ।
कहै तज्ञ जाकूं बुधा, जो होवै तत्त्वज्ञ ॥४६
नहीं दीनता भाव कछु, नहिं अभिमान धरेय।
सबसों समताभाव है, गुण को विनय करेय ॥४७

पापक्रिया सब परिहरौ, ए गुण होंय एकीस ।
इनकों धारै सो सुधी, लहै धर्म जगदीश ॥४८
इन गुण बाहिर जीव जो, स्रावक नाहिं गनेय ।
श्रावक व्रत के मूल ए, श्री जिनराज कहेय ॥४९
श्रावक व्रत सब जाति को, जति-व्रत तीन गहेय ।
द्विज क्षत्री वाणिज बिना, जति व्रत नाहिं जु लेय ॥५०
अर एते विणज न करै, श्रावक प्रतिमा धार ।
धान पान मिष्टान अर, मोम हींग हरतार ॥५१
मादक लवण जु तेल घृत, लोह लाख लकड़ादि ।
दल फल कन्दादिक सबै, फूल फूस सीसादि ॥५२
चीट चावका जेबड़ा, मूंज डाभ सण आदि ।
पसु पंखी नहिं विणजवो, साबुन मधु नीलादि ॥५३
अस्थि चर्म रोमादि मल, मिनखा बेचवो नाहिं ।
बन्दि पकड़नी नाहिं कछु, इह आज्ञा श्रुत माहिं ॥५४
पशु-भाड़े मति द्यौ भया, त्यागि शस्त्र व्यौपार ।
वध बंधन व्यवहार तजि, जो चाहौ भव-पार ॥५५
जहाँ निरंतर अगिनि को, उपजै पापारंभ ।
सो व्यौहार तजौ सुधी, तजौ लोभ छल दंभ ॥५६
कन्दोई लोहार अर, सुवर्णकार शिल्पादि ।
सिकलीगर बाटी प्रमुख, अबर लखेरा आदि ॥५७
छीपा रंगरेजादिका, अथवा कुम्भ जु कार ।
व्रत धारी ए नहिं करै, उद्यम हिंसाकार ॥५८
रंग्यो नीलथकी जिको, सो कपरा तजि बीर ।
अति हिंसाकर नीपनों, है अजोगि वह चीर ॥५९
कूप तड़ाग न सोखियो, करिये नहीं अनर्थ ।
हिंसक जीव न पालिये, यह श्रुत धारौ अर्थ ॥६०
विषनि विणजवौ है भला, इसा विणजवौ नाहिं ।
नहीं सीदरी सूतली, होय विणज के मांहि ॥६१
बिणज करौ तो रतन को, कै कंचन रूपादि ।
कै रूई कपड़ा तनों, मति खोवौ भव बादि ॥६२
जिनमें हिंसा अल्प ह्वै, ते व्यापार करेय ।
अति हिंसा के विणज जे, ते सब ही तज देय ॥६३
ए सब रीति कही बुधा, मूल गुणनि में ठीक ।
ते धारौ सरधा करी, त्यागौ बात अलीक ॥६४
जैसें तरु के जड़ गिनौ, अह मंदिर के नींव ।
तैसें ए बसु मूलगुण, तप जप व्रत की सींव ॥६५

**वेसरी छन्द**

ए दुरगति दाता न कदेही, शिव-कारण ह्वै कहइ विदेही।
सम्यक सहित महाफल दाता, सब व्रत्तनि को सम्यक त्राता ॥६६
समकित सों नहिं और जु धर्मा, सकल क्रिया में सम्यक पर्मा।
जाके भेद सुनो मन लाए, जाकरि आतम तत्व लखाए ॥६७
भेद बहुत पर द्वै बड़ भेदा, निश्चय अर व्यवहार अछेदा।
निश्चय सरधा निज आतम की, रुचि परतीति जु अध्यातम की ॥६८
सिद्ध समान लखै निज रूपा, अतुल अनन्त अखंड अनूपा।
अनुभव रसमें भीग्यौ भाई, धोई मिथ्या मारग काई ॥६९
अपनों भाव अपुनमें देखौ, परमानन्द परम रस पेखौ।
तीन मिथ्यात चौकड़ी पहली, तिन करि जीवनि की मति गहली ॥७०
मोह-प्रकृति है अट्ठावीसा, सात प्रबल भाषें जगदीसा।
सात गये सबही नसि जावें, सर्व गये केवल पद पावें ॥७१
उपशम क्षय-उपशम अथवा क्षय; सात तनों कीयौ तजि सब भय।
ये निश्चय समकित को रूपा, उपजै उपशम प्रथम अनूपा ॥७२
सुनि सम्यक व्यवहार प्रतीता, देव अठारा दोष वितीता।
गुरु निरग्रन्थ दिगम्बर साधू, धर्म दयामय तत्व अराधू ॥७३
तिनकी सरधा दिढ़ करि धारे, कुगुरु कुदेव कुधर्म निवारै।
सप्त तत्व को निश्चय करिवौ, यह व्यवहार सु सम्यक धरिवौ ॥७४
जीव अजीवा आस्रव बंधा, संवर निर्जर मोक्ष प्रबन्धा।
पुण्य पाप मिलि नव ए होई, लखै जथारथ सम्यक सोई ॥७५
ये हि पदारथ नाम कहावें, एई तत्व जिनागम गावैं।
नव पदार्थ में जीव अनन्ता, जीवनि मांहि आप गुणवंता ॥७६
लखै आपको आपहि माहीं, सो सम्यक दृष्टि शक नाहीं।
ए दोय भेद कहे समकित के, ते धारौ कारण निज हितके ॥७७
सम्यकदृष्टि जे गुण धारे, ते सुनि जे भव-भाव विडारै।
अठ मद त्यागै निर्मद होई, मार्दव धर्म धरे गुन सोई ॥७८
राज गर्व अरु कुलको गर्वा, जाति मान बल मान जु सर्वा।
रूप तनूं मद तपको माना, संपति अर विद्या अभिमाना ॥७९
ए आठों मद कबहु न धारै, जगमाया तृण-तुल्य निहारे।
अपनी निधि लखि अतुल अनन्ती, जो परपंचनि में न वसंती ॥८०
अविनश्वर सत्ता विकसंती, ज्ञान-दृगोत्तम द्युति उलसंती।
तामें मगन रहै अति रंगा, भवमाया जानें क्षण भंगा ॥८१
तीन मूढ़ता दूरी नाखै, देव धर्मगुरु निश्चय राखै।
कुगुरु कुदेव कुधर्म न पूजा, जैन बिना मत गहे न दूजा ॥८२

छह जु अनायतनी बुधि त्यागै, त्याग मिथ्यामत जिनमत लागै।
कुगुरु कुदेव कुधर्म बड़ाई, अर उनके दासनि की भाई ॥८३
कबहुं करै नहिं सम्यकदृष्टी, जे करिहैं ते मिथ्यादृष्टी।
शंका आदि आठ मल छांड़े करि, परपंच न आपो माडै ॥८४
जिनवच में शंका नहिं ल्यावै, जिनवाणी उर धरि दिढ भावै।
जग की वांछा सब छिटकावै, निःस्पृह भाव अचल ठहरावै ॥८५
जिनके अशुभ उदै दुख पीरा, तिनकी पीर हरै वर वीरा।
नांहि गिलानि धरै मन माहीं, सांची दृष्टि धरै शक नाहीं ॥८६
कबहुं परको दोष न भाखै, पर उपगार दृष्टि नित राखै।
अपनो अथवा परको चित्ता, चल्यौ देखि थांभै गुणरत्ता ॥८७
थिरीकरण समकित कौ अंगा, धारै समकित धार अभंगा।
जिनधर्मीसूं अति हित राखै, सो जिनमारग अमृत चाखै ॥८८
तुरत जात बछरा परि जैसें, गाय जीव देय है तैसें।
साधर्मी परि तन धन वारै, गुण वात्सल्य धरै अघ टारै ॥८९
मन वच काय करै वह ज्ञानी, जिनदासनि को दासा जानी।
जिनमारग की करै प्रभावन, भावै ज्ञानी चउ विधि भावन ॥ ९०
सब जीवनि में मैत्रीभावा, गुणवंतनिकूं लखि हरसावा।
दुखी देखि करुणा उर आनें, लखि विपरीत राग न ठानें ॥९१
दोषहु माहीं है मध्यस्था, ए चउ भावन भावै स्वस्था।
जिन चैत्याले चैत्य करावै, पूजा अर परतिष्ठा भावै ॥९२
तीरथ जात्रा सूत्र सु भक्ती, चउविधि संघ सेव है युक्ती।
एहै सप्त क्षेत्र परसिद्धा, इनमें खरचै धन प्रतिबुद्धा ॥९३
जीरण चैत्यालय की मरमती, करवावै, अर पुस्तक की प्रति।
साधर्मी कूं बहु धन देवे, या विधि परभावन गुन लेवे ॥९४
कहे अंग ए अष्ट प्रतक्षा, नांहि धरवो सोई मल लक्षा।
इन अंगनि करि सीझे प्रानी, तिनको सुजस करै जिन वानी ॥९५
जीव अनन्त भये भवपारा, को लग कहिये नाम अपारा।
केयक के शुभ नाम बखानों, श्रुत-अनुसार हिए में आनों ॥९६
अंजन और अनन्तमती जो, राव उदायन कर्म हतीजो।
रेवति राणी धर्म-गढ़ासा, सेठ जिनेन्द्र भक्त अघ नासा ॥९७
पर औगुन ढांके जिह भाई, जिनवर की आज्ञा उर लाई।
वारिषेण ओ विष्णुकुमारा, वज्रकुमार भवोदधि तारा ॥९८
अष्ट अंग करि अष्ट प्रसिद्धा, और बहुत हूए नर सिद्धा।
अठ मद त्यागि अष्ट मल त्यागा, तीन मूढ़ता त्यागि सभागा ॥९९
षट जु अनायतना को तजिवौ, ए पच्चीस महागुण भजिवौ।
अर तजिवौ तिनकूं भय सप्ता, निर्भय रहिवौ दोष अलिप्ता ॥१००

इह भव पर भव को भय नाहीं, मरण वेदना भय न धराहीं।
हमरो रक्षक कोऊ नाहीं, इह संशय नाहीं घट माहीं ॥१०१
सबको रक्षक आयु जु कर्मा, कै जिनवर जिनवर को धर्मा।
और न रक्षक कोई काकों, इह गुरु गायौ गाढ जु ताकों ॥१०२
अर नहिं चोर तनों भय जाकों, अपनो निज धन पायौ ताकों।
चिद धन चोरयौ नांही जावे, तातें चित्त अडोल रहावे ॥१०३
अर नहिं अकस्मात भय कोई, जिन-सम लखियौ निज तन जोई।
चेतन रूप लख्यौ अविनासी, तातें ज्ञानी है सुख रासी ॥१०४
काहू को भय तिनकों नाहीं, भय-रहिता निरवैर रहा हीं।
सप्त भया त्यागे गुण होई, सप्त बिसन तजियो शुभ जोई ॥१०५
सप्त सप्त मिलि चौदा गुन ए, मिलि पचीसा गुणताल जु ए।
पंच दुरगंछा भाव कबै ही, नहिं मिथ्यात सराह करैही।
नहीं स्तवन मिथ्यादृष्टी को, यह लक्षण सम्यक दृष्टी को ॥१०७
पंच अतीचारनि कूँ त्यागा, सा ह्वै पंच गुणा बड़ भागा।
मिलि गुणताली चौवालीसा, गुणा होंहि भाषैं जगदीसा ॥१०८
इनकूँ धारै सम्यकती सो, भव भ्रम तजि पावे मुकी सो।
ए गुन मिथ्याती के नाहीं, आतमज्ञान न मथ्या माहीं ॥१०९

उक्तं च गाथा

मयमूढमणायदणं संकाइवसण्णभयमईयारं।
एहिं चउदालेदे ण संति ते हुंति सद्दिट्ठी ॥१

**अर्थ**—जिनके अष्ट मद नाहीं, तीन मूढता नाहीं, षट आयतन नाहीं, शंकादि अष्ट मल नाहीं, सप्त व्यसन नाहीं, सप्त भय नाहीं, पंच अतीचार नाहीं, ए चवालीस नाहीं ते सम्यक-दृष्टि कहे।

दोहा

व्रत के मूल जु मूल गुण, सम्यक सबको मूल।
कह्यौ मूलगुण को सुजस, सुनि व्रतविधि अनुकूल ॥११०

इति क्रियाकोषे मूलगुण निरूपणम्।

**बारह व्रत वर्णन**

दोहा

द्वादस व्रतनि की सुविधि, जा विधि भाषी वीर।
सो भाषों जिन गुन जपी, जे धारें ते धीर ॥१
द्वादस व्रत माहें प्रथम, पंच अणुव्रत सार।
तीन गुण व्रत चारि पुनि, शिक्षा व्रत आचार ॥२

हिंसा मृषा अदत्तधन, मैथुन परिग्रह साज।
एकदेश त्यागी गृही, सब त्यागी रिषिराज ॥३
सब व्रत्तनि के आदिही, जीवदया-व्रतसार।
दया सारिसौ लोक में, नहिं दूजौ उपगार ॥४
सिद्ध समान लख्यौं जिनें, निश्चय आतम राम।
सकल आतमा आपसे, लखै चेतना-धाम ॥५
ते सब जीवनि की दया, करें विवेकी जीव।
मन वच तन करि सर्व को, शुभ वांछे जु सदीव ॥६
सुख सों जीवौ जीव सहुं, क्लेश कष्ट मति होइ।
तजौ पाप को सर्व ही, तजौ परस्पर द्रोह ॥७
काहू को हु पराभवा, कवहु करौ मति कोइ।
इह हमरी बांछा फलो, सुख पावौ सहु लोइ ॥८
सबके हितकी भावना, राखै परम दयाल।
दयाधर्म उरमें धरी, पावै पद जु विशाल ॥९
थावर पंच प्रकार के, चउविधि त्रस परवानि।
सबसों मैत्री भावना, सो करुणा उर आनि ॥१०
पृथीकाय जलकाय का, अग्निकाय अर वाय।
काय बहुरि है वनस्पति, ए थावर अधिकाय ॥११
बे इन्द्री ते इन्द्रिया, चउ इन्द्रिय पंचेन्द्रि।
ए त्रस जीवा जानिये, भाखें साधु जितेन्द्रि ॥१२
कृत-कारित-अनुमोद करि, धरै अहिंसा जेह।
ते निर्वाण पुरी लहै, चउ गति पाणी देह ॥१३
निरारंभि मुनि को दशा, तहां न हिंसा लेस।
छहूं काय पीराहरा, मुनिवर रहित कलेश ॥१४
गृहपति के गृहजोगतें, कछु आरम्भ जु होइ।
तातें थावरकाय को, दोष लगै अघ सोइ ॥१५
पै न करे त्रस घात वह, मन वच तन करि धीर।
त्रस कायनि को पीहरा, जाने परकी पीर ॥१६
विना प्रयोजन वह सुधी, थावर हू पीरै न।
जो निशंक थावर हनें जिनके जिननो रैन ॥१७
हिंसाको फल दुरगती, दया स्वर्ग-सुख देइ।
पहुंचावै पुनि शिवपुरे, अविनाशी जु करेइ ॥१८
दया मूल जिन धर्म को, दया समान न और।
एक अहिंसा व्रतही, सब व्रतनि को मौर ॥१९
यम नियमादिक बहुत जे, भावें श्री जिनराय।
ते सहु करुणा कारणें, और न कोइ उपाय ॥२०

बिना जैन मत यह दया, दूजे मत दीखे न ।
दया मई जिनदास है, हिंसा विधि सीखे न ॥२१
दया दया सब कोउ कहै, मर्म न जाने मूर ।
अणछान्यूं पाणी पिवे, ते हि दयातें दूर ॥२२
दया भली सबही रटै, भेद न पावै कोय ।
वरतै अणगाल्यौ उदक, दया कहां ते होय ॥२३
दया बिना करणी वृथा, यह भावें सब लोक ।
न्हावै अणगाले जलहि, बांधै अघ के थोक ॥२४
छाण्यूं जल घटिका जुगल, पाछें अगाल्यौ होय ।
विना जैन यह बारता, और न जाने कोय ॥२५
दया समान न धर्म कोउ, इह गावें नर-नारि ।
निशा माहि भोजन करें, जाहि जमारो हारि ॥२६
दया जहां ही धर्म है, इह जाने संसार ।
पै नहि पावै भेदकों, भखें अभक्ष आहार ॥२७
दया बड़ी सब जगत में, धरै न मूढ़ तथापि ।
परदारा परधन हरै, परै नरक में पापि ॥२८
दया होय तौ धर्म ह्वै, प्रगट बात है एह ।
तजै न तोहू द्रोह पर, धरै न धर्म सनेह ॥२९
व्रत करै पुनि मूढधी, अन्न त्यागि फल खाय ।
कंदमूल भक्षण करै, सो व्रत निष्फल जाय ॥३०
दया धर्म कीजे सदा, इह जपै जग सर्व ।
नहिं तथापि सब सम गिने, हनै न आठूं कर्म ॥३१
परम धर्म है यह दया, कहै सकल जन इह ।
चुगली-चांटी नहिं तजै, दया कहां ते लेह ॥३२
दया व्रत के कारणें, जे न तजें आरम्भ ।
तिनके करुणा होय नहिं, इह भाषे परब्रह्म ॥३३
दया धर्म को छांड़िकै, जे पशु घात करेय ।
ते भव भव पीड़ा लहै, मिथ्या मारग सेय ॥३४
दया बतावें सब मता, समझ न काहू मांहि ।
धर्म गिने हिंसा विषें, जतन जीव को नांहि ॥३५
दया नहीं परमत विषें, दया जैनमत मांहि ।
विना फैन यह जैन है, यामें संशय नांहि ॥३६
दया न मिथ्या मत विषें, कहै कहां लों वीर ।
करुणा सम्यक भाव है, यह निश्चय धरि धीर ॥३७
काहे के वे देवता, करें जु मांस अहार ।
ते चंडाल बखानिये, तथा श्वान मार्जार ॥३८

देवनिको आहार ह्वै, अमृत और न कोय।
मांसाशी देवानिकूं, कहै सु मूरखि होय ॥३९
मंगल कारण जे जणा, जीवनि को जु निपात।
करें अमङ्गल ते लहें, होय महा उतपात ॥४०
जे अपने जीवे निमित, करे औरकों नास।
ते लहि कुमरण वेग ही गहें नरक कों वास ॥४१
मद्य मांस मधु खाय करि, जे बांधे अघ कर्म।
ते काहे के मिनख हैं, इह भाखे जिनधर्म ॥४२
कन्दमूल फल खाय करि, करै जु वनको वास।
तिनको वनवासा वृथा, होय दयाको नास ॥४३
बिना दया तप है कुतप, जाकरि कर्म न जांय।
ह्रिंसक मिथ्यामत धरा, नरक निगोद लहाय ॥४४
जैसो अपनों आतमा, तैसे सबही जीव।
यह लखि करुणा आदरौ, भाखें त्रिभुवन-पीव ॥४५

### छन्द जोगीरासा

काहे के ते तापस, करुणा नाहिं धरावें।
कर अपनी आरम्भ सपष्टा, जीव अनेक जरावें ॥
जे तजि कपड़ा तपके कारण, धारें शठमति चर्मा।
ते न तपस्वी भवदधि कारण, बांधे अशुभ जु कर्मा ॥४६
रिषि तौ ते जे जिनवर-भक्ता, नगन दिगम्बर साधा।
भव तनु भोग थकी जु विरक्ता, करै न थिर चर बाधा ॥
मैत्री मुदिता करुणा भावा मध्यस्था जु धारै।
राग दोष मोहादि अभावा ते भवसागर तारै ॥४७
बिना दया नहि मुनिव्रत होई, दया बिना न गृही ह्वै।
उभय धर्म को सरवस करुणा जा विन धर्म नहीं ह्वै ॥
दया करौ मुखतें सब भाखे भेद, न पावे पूरा।
बासी भोजन भखि करि, भोदू रहे धर्म तें दूरा ॥४८
बासी भोजन माहिं जीव बहु, भखें दया नहि होई।
दया बिना नहि धर्म न व्रत्ता, पावे दुरगति सोई ॥
अत्थाणा संधाण मथाणा, कांजी आदि आहारा।
करें विवेक बाहिरा कुबुधी, तिनके दया न धारा ॥४९
मांसाशी के घरको भोजन, करें कुमति के धारी।
तिनके घट करुणा कहु कैसे, कहां शोध आचारी ॥
तातौ पाणी आठ हि पहरा, आगें त्रस उपजाही।
ताकी तिनको सुधि बुधि नाहीं, दया कहां तिन माहीं ॥५०

निशिको पीस्यौ निसि को रांध्यौ थींधौ सीधौ खावै ।
हरितकाय रांधी सब स्वादे, दया कहां तें पावै ॥
चर्म-पतित घृत तेल जलादिक, तिसमें दोष न मानें ।
गिनें न दोष हींग में मूढा, दया कहां ते आने ॥५१
हाटें बिकते चून मिठाई, कहें तिने निरदोषा ।
भखें अजोगि अहार सबै ही, दया कहां तें पोषा ॥
दूध दही अरु छाछि नीर को, जिनके कछु न विचारा ।
दया कहां है तिनके भाई, नहीं शुद्ध आचारा ॥५२
सूडा नहीं मल मूत्रादिक की, ढोर समाना तेई ।
तिनकूं जो नर जैनी जाने, ते नहिं शुभ मति लेई ॥
बाधक जिन शासन सरधाके, साधकता कछु नाहीं ।
साधु गिनें तिनकूं जे कोई, ते मुरख जग माहीं ॥५३
एक बारको नियम न कोई, बार-बार जल पाना ।
बार-बार भोजन को करिवौ, तिनके व्रत्त न जाना ॥
त्रस काया को दूषण जामें, सो नहिं प्रासुक कोई ।
भखै असूत्री शठमति जोई, नाहीं व्रत धर होई ॥५४
दयाधर्म को परकाशक है, जिन मन्दिर जगमाहीं ।
ताहि न पूजें पापी जीवा, तिनके समकित नाहीं ॥
कारण आतम-ध्यान तणों है, श्रीजिन प्रतिमा शुद्धा ।
नाहिं न वन्दें निन्द जु तेई, जानहु महा अबुद्धा ॥५५
बूढें नरक मझार महा शठ, जे जिन प्रतिमा निंदे ।
जाहि निगोद विवेक-वितीता, जे जिनगृह नहिं वन्दें ॥
अज्ञानी मिथ्याती मूढा, नहीं दया को लेशा ।
दयावन्त तिनकूं जे भाखें, ते न लहें निज देशा ॥५६

### दोहा

सुर नर नारक पशुगती, ए चारों परदेश ।
पंचमगति निज देश है, यामें भ्रांति न लेश ॥५७
पंचमगति की कारणा, जीवदया जग माहि ।
दया सारिखी लोक में, और दूसरी नाहि ॥५८
दया दोय विधि है भया, स्व-पर दया श्रुत माहिं ।
सो धारौ दृढ़ चित्त में, जाकरि भव-भ्रम जाहिं ॥५९
स्वदया कहिये सो सुधी, रागादिक अरि जेह ।
हनें जीव की शुद्धता, टारि तिन्हें शिव लेह ॥६०
प्रगट करै निज शुद्धता, रागादिक मन मोरि ।
निज आतम रक्षा करे, डारे कर्म जु तोरि ॥६१

सो स्वदया भाषें गुरू, हरै कर्म-विस्तार।
निजहि बचावै कालतें, करै जीव निस्तार ॥६२
षट कायाके जीव सहु, तिनतें हेत रहाय।
वैरभाव नहिं कोइसूं, सो पर-दया कहाय ॥६३
दया मात सब जगत की, दया धर्म को मूल।
दया उधारै जगत तें, हरै जीव की भूल ॥६४
दया सुगुन की बेलरी, दया सुखन की खान।
जीव अनन्ता सीजिया, दयाभाव उर आन ॥६५
स्व-पर दया दो विधि कही, जिनवाणी में सार।
दयावन्त जे जीव है, ते भावें भवपार ॥६६

**सवैया इकतीसा**

सुकृत की खानि इन्द्रपुरी की निसेंनी जानि,
पापरज खंडन कों पौनराशि पेखिये।
भवदुख-पावक बुझाय वे कूं मेघमाला,
कमला मिलायवे को दूती ज्यूं विसेखिये॥
मुकति-बधूसों प्रीति पालिवे कों आला सम,
कुगति के द्वार दिढ़ आगलसी देखिये।
ऐसी दया कीजै चित्त तिहूँ लोक प्राणी हित,
और करतूति काहू लेखे में न लेखिये ॥६७

**दोहा**

जो कहुं पाषाण जल, माहिं तिरै अर भान।
ऊगै पश्चिम की तरफ, दैवयोग परवान ॥६८
शीतल गुन ह्वै अगनि में, धरा पीठ उलटेय।
तौहू हिंसा-कर्मतें, नाहीं शुभ गति लेय ॥६९
जो चाहै हिंसा करी, धर्म मुकति को मूल।
सो अगनीसूं कमल-वन, अभिलाषै मति भूल ॥७०
प्राणि-घात करि जो कुधी, वांछै अपनी वृद्धि।
सो सूरज के अस्त तें, चाहे वासर शुद्धि ॥७१
जो चाहै व्रत धर्म को, करै जीव को नास।
सो शठ अहिके वदन ते, करै सुधा की आस ॥७२
धर्म बुद्धि करि जो अबुध, हनै आपसे जीव।
सो विवाद करि जस चहै, जल-मंथन तें घीव ॥७३
जैसें कुमती नर महा, काल कूटकूं पीय।
जीवौ चाहै जीव हति, तैसें श्रेय स्वकीय ॥७४

करि अजीर्ण दुर्बुद्धि जो, इच्छै रोग-निवृत्ति ।
तैसें शठ पर-घात करि, चाहै धर्म-प्रवृत्ति ॥७५
दया थकी इह भव सुखी, पर-भव सब सुख होय ।
सुरग मुकति दायक दया, धारै उधरै सोय ॥७६
इन्द नरिन्द फणिन्द अर, चंद सूर अहमिन्द ।
दया थकी इह पद लहे, होवै देव जिणंद ॥७७
भव सागर के पार ह्वै, पहुंचै पुर निर्वान ।
दया तणों फल मुख्य सो, भाषें श्री भगवान ॥७८
हिंसा करिकै राज-सुत, सुबल नाम मति-हीन ।
इह भव पर भव दुख लह्यो, हिंसा तजौ प्रवीन ॥७९
चौदसिके इक दिवस की, दया धारि चंडार ।
इह भव नृप पूजित भयौ, लह्यौ स्वर्ग-सुख सार ॥८०
जे सीझे जे सीझि हैं, ते सब करुणा धार ।
जे बूढ़े जे बूढ़ि हैं, ते सब हिंसा कार ॥८१
अतीचार भजि व्रत तजि, करुणा तिनतें जाय ।
बध बंधन छेदन बहुरि, बोझ धरन अधिकाय ॥८२
अन्न पान को रोकिबौ, अतीचार ए पंच ।
त्यागौ करुणा धारिकै, इनमें दया न रंच ॥८३
हिंसा तुल्य न पाप है, दया समान न धर्म ।
हिंसक बूड़ै नरक में, बांधै अशुभ जु कर्म ॥८४
हुती धन श्री पापिनी, वणिक-नारि व्यभिचारि ।
गई नरक में पुत्र हति, मानुष जन्म बिगारि ॥८५
हिंसा के अपराधतें, पापी जीव अनंत ।
गये नरक पाये दुखा, कहत न आवै अंत ॥८६
जे निकसे भव-कूपतें, ते करुणा उर धारि ।
जे बूड़े भव कूपतें, ते सब हिंसा कारि ॥८७
महिमा जीव दया तनी, जानें श्री जगदीश ।
गणधर हू कहि ना सकें, जे चउ ज्ञान अधीश ॥८८
कहि न सकें इन्द्रादिका, कहि न सकें अहमिंद्र ।
कहि न सकें लोकान्तिका, कहि न सकें जोगीन्द्र ॥८९
कहि न सकें पाताल-पति, अगणित जीभ बनाय ।
सो महिमा करुणा तणी, हम पै बरणि न जाय ॥९०
दया मात को आसरो, और सहाय न कोय ।
करि प्रणाम करुणा व्रतें, भाषौं सत्य जु सोय ॥९१

**इति दयाव्रत निरूपण**

हिंसा ह्वै परमादतें अर प्रमादतें झूंठ।
तातें तजौ प्रमादकूं, देय पापसों पूठ ॥९२

**चौपाई**

श्री पुरुषारथ सिद्धि उपाय, ग्रन्थ सुन्यां सब पाप लुभाय।
जहँ द्वादश व्रत कहे अनूप, सम दम यम नियमादि स्वरूप ॥९३
सम जु कहावे समताभाव, सम्यकरूप भवोदधि नाव।
दम कहिये मन इन्द्रिय-रोध, जाकर लहिये केवल बोध ॥९४
जीवो जाव वरत यम कह्यौ, अवधिरूप सो नियम जु लह्यौ।
ऐसे भेद जिनागम कहै, निकट भव्य ह्वै सो ही गहै ॥९५
तामैं सत्य कह्यौ चउ भेद, सो मुनि करि तुम धरहु अछेद।
चउविधि झूंठ तनों परिहार, सो है सत्य महागुण सार ॥९६
प्रथम असत्य तजौ बुध वहै, वस्तु छतीकूं अछती कहै।
दूजे अछती को जो छती, भाषै अविवेकी हतमती ॥९७
तीजे कहै औरसों और, विरथा मूढ़ करै झकझोर।
चौथे झूठ तनें त्रय-भेद, गर्हित सवद प्रति उछेद ॥९८
ए सब कृत कारित अनुमंत, मन वच तन करि तज गुनवंत।
चुगली-चारी परकी हासि, कर्कश वचन महा दुख-राशि ॥९९
विपरीत न भाषौ बुधिवान, सबद तजौ अन्याय सुजान।
वचन प्रलाप विलाप न बोलि, भजि जिन नायक तजि सहु भोलि ॥१००
भाषौ मत उतसूत्र कदेह, मिथ्यामत सों तजौ सनेह।
ए सल गर्हित बैन तजेह, जिनशासन की सरधा लेह ॥१
बहुरि सबै सावद्य अजोग, वचन न बोलौ सुबुधी लोग।
छेदन भेदन मारण आदि, त्यागौ अशुभ बचन इत्यादि ॥२
चोरी जोरी डाका दौर, ए उपदेश पाप सिरमौर।
हिंसा मृषा कुशील विकार, पाप वचन त्यागौ व्रत धार ॥३
खेती विणज विवाह जु आदि, वचन न बोलै व्रती अनादि।
तजहु दोषजुत वानी भया, बोलहु जामें उपजै दया ॥४
ए सावद्य बचन तजि धीर, तजि अप्रीति वचन वर वीर।
अरति-करन भय-करन न बोल, शोक-करन त्यागौ तजि भोल ॥५
कलह-करन अघ-करन तजेहु, बैर-करन वाणी न भजेहु।
ताप-करन अर पाप-प्रधान, त्यागहु बचन जु दोष-निधान ॥६
मर्म-छेद को वचन न कहौ, जो अपने जियको शुभ चहौ।
इत्यादिक जे अप्रिय बैन, त्यागहु, सुनि करि मारग जैन ॥७
बोलौ हित मित वानी सदा, संशय वानी बोलि न कदा।
सत्य प्रशस्त दया रस भरी, पर उपगार करन शुभ करी ॥८

अविरुध अव्याकुलता लिए, बोलहु करुणा धरिकै हिये।
कबहु ग्रामणी वचन न लपौ, सदा सर्वदा श्री जिन जपौ ॥९
अपनी महिमा कबहुँ न करौ, महिमा जिनवर की उर धरौ।
जो शठ अपनी कीरत्ति करै, ते मिथ्यात सरूप जु धरै ॥१०
निन्दा परकी त्यागहु भया, जो चाहौ जिनमारग लया।
अपनी निन्दा गरहा करौ, श्री गुरु पै तप व्रत आदरौ ॥११
पापनि को प्रायश्चित्त लेह, माया मच्छर मान तजेह।
होवै जहां धर्म को लोप, शुभ किरिया होवै पुनि गोप ॥१२
अर्थ शास्त्र के ह्वै विपरीत, मिथ्यामत की ह्वै परतीत।
तहां छांड़ि शंका प्रतिबुद्ध, भावै सत्य वचन अविरुद्ध ॥१३
इनमें शंका कबहुं न करहू यही बुद्धि निश्चय उर धरहु।
सत्य मूल यह आगम जैन, जैनो बोलै अमृत बैन ॥ १४
चार्वाकि बौद्ध विपरीत, तिनके नाहिं सत्य परतीति।
कौलिक कापालिक जे जानि, इनमें सत्य लेश मति मानि ॥१५
सत्य समान न धर्म जु कोय, बड़ो धर्म इह सत्य जु होय।
सत्य थकी पावै भव पार, सत्यरूप जिनमारग सार ॥१६
सत्य प्रभाव शत्रु ह्वै मित्र, सत्य समान न और पवित्र।
सत्य प्रसाद अगनि ह्वै शीत, सत्य प्रसाद होय जग-जीत ॥१७
सत्य प्रभाव भृत्य ह्वै राव, जल ह्वै थल धरिया सत भाव।
सुर ह्वै किंकर वन पुर होय, गिरि ह्वै घर सतकरि जोय ॥१८
सर्प माल ह्वै हरि मृगरूप, बिल सम ह्वै पाताल विरूप।
कोऊ करै शस्त्र की घात, शस्त्र होय सो अंबुज-पात ॥१९
हाथी दुष्ट होय सम श्याल, विष ह्वै अमृतरूप रसाल।
कठिन सुगम ह्वै सत्य-प्रभाव, दानव दीन होय निरदाव ॥२०
सत्य-प्रभाव लहैं निज ज्ञान, सत्य धरे पावै वर ध्यान।
सत्य-प्रभाव होय निरवाण, सत्य बिना ना पुरुष बखाण ॥२१
सत्य-प्रसाद वणिक धनदेव, राजा करि पाई बहु सेव।
इह भव पर भव सुखमय भयौ, जाको पाप करम सब गयौ ॥२२
झूठ थकी वसु राजा आदि, पर्वत, विप्र सत्यघोषादि।
जग देवादिक वाणिज घनें, गये दुरगती जाय न गिनें ॥२३
सत्य दया को रूप न दोय, दया बिना नहिं सत्य जु होय।
सत्य तनें द्वय भेद अछेद, व्यवहारो निश्चय निरखेद ॥२४
निश्चय सत्य निजातम बोध, व्यवहारो जिन वचन प्रबोध।
सत्य बिना सब व्रत तप बादि, सत्य सकल, सूत्रनिमें आदि ॥२५
सत्य प्रतिज्ञा बिन यह जीव, दुरगति लहैं कहें जग-पीव।
सूकर कूकर वृक चंडार, घूघू श्याल काग मंजार ॥२६

नाग आदि जे जीव विरूप, लापर सबतें निंद्य प्ररूप।
सबतें बुरो महा असपर्श, लापरका लखिये नहिं दर्श ॥२७
चुगली-सांचहु झूठ हि जानि चुगल महा चंडाल समान ।
चुगली उगली मुखतें जबै, इह भव पर भव खोये तबै ॥२७
सत्य-हेत धारौ मवि मौन, सत्य बिना सब संजम गौन ।
थोरो बोलहु कारण सत्य, मन वच तन करि तजौ असत्य ॥२९
मुनि के सत्य महाव्रत होय, गृहि के सत्य अणुव्रत होय ।
मुनि तौ मौन गहें के जैन, वचन निरूपें अमृत बैन ॥३०
लौकिक वचन कहें नहिं साध, सब जीवन के मित्र अगाध ।
मृषावाद नहीं बोले रती, सो जिनमारग सांचे जती ॥३१
श्रावक कों किंचित आरम्भ, त्यागै कुविणज पापारम्भ ।
लौकिक वचन कहन जो परै, तौ पनि पाप वचन परिहरै ॥३२
पर उपगार दया के हेत, कबहुक किंचित झूठहु लेत ।
जेती आटे माहें लोन, ते तौ बोलै अथवा मौन ॥३३
झूठ थकी उचरै पर-प्रान, तौ वह झूठ सत्य परमान ।
अपने मतलब कारिज झूठ, कबहुं न बोलै अमृत बूठ ॥३४
प्राण तजै पर सत्य न तजैं, यद्वा तद्वा वचन न भजै ।
यहै देह अर भोगुपभोग, सब ही झूंठ गिनें जग रोग ॥३५
परिग्रह की तृष्णा नहिं करै, करि प्रमाण लालच परिहरै ।
पाप झूठ को है यह लोभ, याहि तजै पावै व्रत शोभ ॥३६
सत्य प्रताप सुजस अति बधै, सत्य धरै जिन आज्ञा सधै ।
राजद्वार पंचायति माहिं, सत्यवन्त पूजित सक नाहिं ॥३७
इन्द्र चन्द्र रवि सुर धरणेंद, सत्य बचे अहमिन्द मुणिन्द ।
करें प्रशंसा उत्तम जानि, इहे सत्य शिव-दायक मानि ॥३८
दया सत्य में रंच न भेद, ए दोऊ इकरूप अभेद ।
विपति हरन सुख करन अपार, याहि धरें तें ह्वै भव-पार ॥३९
याहि प्रसंसें श्री जिनराय, सत्य समान न और कहाय ।
भुक्ति मुक्ति दाता यह धर्म, सत्य बिना सब गनिये भर्म ॥४०
अतीचार पांचों तजि सखा जो तें जिन वच अमृत चखा ।
तजि मिथ्योपदेश मतिवान, भजि तन मन करि श्री भगवान ॥४१
देंहि मूढ़ मिथ्या उपदेश, तिनमें नाहिं सुमति को लेश ।
बहुरि तजौ जु रहोऽभ्याख्यान, ताको व्यक्त सुनों व्याख्यान ॥४२
गुप्त बारता परकी कोइ, मति परकासौ मरमी होइ ।
कूट कुलेख क्रिया तजि वीर, कपट कालिमा त्यागहु धीर ॥४३
करि न्यासापहार परिहार, ताको भेद सुनहु व्रत धार ।
पेलो आय धरोहरि धरै, अर कबहूं विसरन वह करै ॥४४

तौ वाकों चित एम जु भया, देहु परायो माल जु लया ।
भूलिर थोरो मांगै वहै, तौ वाकों समझा कर कहै ॥४५
तुमरो दैनों इतनों ठीक, अलप बतावन बात अलीक ।
ले जावौ तुमरो यह माल, लेखा में चूकौ मति लाल ॥४६
घटि देवे को जो परिणाम, सो न्यासापहार दुखधाम ।
अथवा धरी पराई वस्त, जाकी बुद्धि भई विध्वस्त ॥४७
और ठौरकी और जु ठौर, करै सोइ पापनि सिरमौर ।
पुनि साकारमन्त्र है भेद, तजौ सुबुद्धी सुनि जिन वेद ॥४८
दुष्ट जीव परको आकार, लखतो रहै दुष्टता कार ।
लखि करि जानै परको भेद, सो पावै भव-वन में खेद ॥४९
परमंत्रनि को करइ विकास, सो खल लहै नरक को वास ।
जो परद्रोह धरै चित-माँहि इह भव दुख लहि नरकहि जाहि ॥५०
अतीचार ए पांचों त्यागि, सत्य धरम के मारग लागि ।
परदारा परद्रव्य समान, और न दोष कहें भगवान ॥५१
परद्रोहसो पाप न और, निंद्यो श्रुत में ठौर जु ठौर ।
जिन जान्यूं निज आतमराम, तिनके परधन सों नहि काम ॥५२
सत्य कहें चोरी पर-नारि, त्यागी जाइ यहै उर धारि ।
झूठ बकें तें जैनी नाहि. परधन हरन न इह मत माहि ॥५३

**दोहा**

सत्य-प्रभावे धर्म-सुत, गये मोक्ष गुण कोष ।
लहे झूठ अर कपटतें, दुर्योधन दुख दोष ॥५४
जे सुरझे ते सत्य करि, और न मारग कोय ।
जे उरझे ते झूठ करि, यह निश्चय अवलोय ॥५५
सत्यरूप जिनदेव हैं, सत्यरूप जिनधर्म ।
सत्यरूप निर्ग्रन्थ गुरु, सत्य समान न पर्म ॥५६
सत्यारथ आतम-धरम, सत्यरूप निर्वाण ।
सत्यरूप तप संयमा, सत्य सदा परवाण ॥५७
महिमा सत्य सुव्रत्त की, कहि न सकें मुनिराय ।
सत्य वचन परभावतें, सेवें सुर नर पाय ॥५८
जैसो जस है सत्य को, तैसो श्री जिनराय ।
जाने केवल ज्ञान में, परमरूप सुखदाय ॥५९
और न पूरण लखि सके, कीरति सुर नर नाग ।
या व्रतकूं धारें सदा, तेहि पुरुष बड़भाग ॥६०
नमस्कार या ब्रतकों. जो व्रत शिव-सुख देय ।
अर याके धारीनिकों, जे जिनशरण गहेय ॥६१

दया सत्य को कर प्रणति, भाषों तीजो व्रत ।
जो इन द्वय विन ना हुवे, चोरी त्याग प्रवृत्त ॥६२

**चालछन्द**

चोरी छांड़ो बड़ भाई, चोरी है अति दुखदाई ।
चोरी अपजस उपजावे, चोरी तें जस नहिं पावे ॥६३
चोरी तें गुणगण नाशा, चोरी दुर्बुद्धि प्रकाशा ।
चोरी तें धर्म नशावें, इह आज्ञा श्रीगुरु गावें ॥६४
चोरी सों माता ताता, त्यागें लखि अपनो घाता ।
चोरी सों भाई-बंधा, कबहुं न राखै संबंधा ॥६५
चोरी तें नारि न नीरै, चोरी तें पुत्र न तीरै ।
चोरी सों मित्र बिडारै, चोरी सों स्वामी न धारै ॥६६
चोरी सों न्याति न पांती, चोरी सों कबहुँ न सांती ।
चोरी तें राजा दंडे, चोरी तैं सीस बिहंडे ॥६७
चोरी तें कुमरण होई, चोरी में सिद्धि न कोई ।
चोरी तें नरक निवासा, चोरी तें कष्ट प्रकाशा ॥६८
चोरी तें लहै निगोदी, चोरी तें जोनि जु बोदी ।
चोरी में सुमति न आवे, चोरी तें सुमति न पावे ॥६९
चोरी तें नासे करुणा, चोरी में सत्य न धरणा ।
चोरी तें शील पलाई, चोरी में लोभ धराई ॥७०
चोरी तें पाप न छूटे, चोरी तें तलवर कूटे ।
चोरी तें इज्जति भंगा, त्यागौ चोरनि को संगा ॥७१
चोरी करि दोष उपावें, चोरी करि मोक्ष न पावें ।
चोरी के भेद अनेका, त्यागौ सब धारि विवेका ॥७२
परको धन भूले-विसरे, राखौ मति त्यों गुण पसरे ।
परको धन गिरियो परियो, दाबौ मति कबहु न धरियौ ॥७३
तोला घटि बधि जिन राखे, बोलौ मति कूड़ी साखे ।
कबहूं औंटा जिन देहो, डाका दे धन मति लेहो ॥७४
मति दगड़ा लूटौ भाई, दौड़ाई है दुखदाई ।
ठग विद्या त्यागौ मित्रा, परधन है अति अपवित्रा ॥७५
काहूकूं द्यो मति तापा, छांडो तन मन के पापा ।
पासीगर सम नहिं पापी, पर प्राण हरे संतापी ॥७६
सो महानरक में जावै, भव-भव में अति दुख पावे ।
हाकिम ह्वै धन मति चोरौ, लें घूंस न्याव मति बोरौ ॥७७
लेखा में चूक न कारे, इहि नरभव मूढ़ ! न हारे ।
जे हरियो पर को वित्ता, ते पापी दुष्ट जु चित्ता ॥७८

रुलिहें भव माहिं अनंता, जे परधन प्राण हरंता।
चुगली करि मतिहि लुटावो, काहूकूं नाहिं कुटावो ॥७९
परको इज्जति मति हरि हो, परको उपगार जु करिहो।
धन धान नारि पसु बाला, हरिये कछुके नहिं लाला ॥८०
काहू को मन नहिं हरिये, हिरदा में श्री जिन धरिये।
तिर नर जीवन की जीवी, मेटो मति करुणा कीवी ॥८१
तुम शल्य न राखौ बीरा, कर शुद्ध चित्त गुण धीरा।
रोका बांधी मति करिहो, काहू की सोंपि न हरिहो ॥८२
बोलो मति दुष्ट जु बांके, तुम दोष गहौ मति काके।
काहू को मर्म न छेदौ, काहू को क्षेत्र न भेदौ ॥८३
काहू की कछु नहिं बस्ता, मति हरहु होय शुभ अस्ता।
इह व्रत धारौ वर वीरा, पावौ भव सागर तीरा ॥८४
जाकरि ह्वै कर्म विध्वस्ता, सो भाव धरौ परशस्ता।
तृण आदि रत्न परजंता, पर धन त्यागौ बुधिवंता ॥८५
हरिवौ रागादिक दोषा, करवौ कर्मन को सोषा।
हरि मर्म धर्म धरि भाई, हूजे त्रिभुवन के राई ॥८६
अपनो अर परको पापा, हरिये जिन वचन प्रतापा।
छांडे जु अदत्तादाना, करि अनुभव अमृत पाना ॥८७
चोरी त्यागें शिव होई चोरी लागे शठ सोई।
चोरी के दोय प्रकारा, निश्चै व्यौहार विचारा ॥८८
निश्चै चोरी इह भाई, तजि आतम जड़ लव लाई।
पर परणति प्रणमन चोरी, छांड़ें ते जिनमत धोरी ॥८९
तजिकै पर परणति जीवा, त्यागौ सब भाव अजीवा।
यह देह आदि पर बस्ता, तिनसों नहिं प्रीति प्रशस्ता ॥९०
बिन चेतन जे परपंचा, तिनमें सुख ज्ञान न रंचा।
इनमें नहिं अपनों कोई, अपनों निज चेतन होई ॥९१
तातें सुनि के अध्यातम, छांड़ौ ममता सब आतम।
अपनो चेतन धन लेहो, परकी आसा तजि देहो ॥९२
जे ममता पंथ न लागे, निश्चै चोरी ते त्यागे।
जब निश्चै चोरी छूटै, तब काल भूपाल न कूटै ॥९३
इह निश्चै व्रत बखाना, या सम और न कोई जाना।
शिव पद दायक यह वृत्ता, करिये भवि जीव प्रवृत्ता ॥९४
जिन त्यागी परकी ममता, तिन पाई आतम-समता।
अब सुनि व्यवहार सरूपा, जा विधि जिनराज प्ररूपा ॥९५
इक देव जिनेसुर पूजौ, सेवौ मति जिन बिन दूजौ।
बिन गुरु निरग्रन्थ दयाला, सेवौ मति औरहि लाला ॥९६

मुनि श्री जिन जूके ग्रन्था, मति सुनहु और अघ-पंथा।
मिथ्यात समान न चोरी, धारें तिनकी मति भोरी ॥९७
इह अंतर बाहिज त्यागें, तब वृत्त विधान हिं लागें।
सम्यक् ह्वै आतम भावा, मिथ्यात अशुद्ध विभावा ॥९८
सम्यक् निश्चय व्यवहारा, सो धारौ तजि उरझारा।
वर व्रत्त अचौरज धारें, ते सर्व दोष कों टारें ॥९९
या बिन नहिं साधु गनिया, या बिन नहिं श्रावक भनिया।
श्रावक मुनि द्वय विध धर्मा, यह व्रत्त दुहुनि को मर्मा ॥१००
मुनि के सब ममता छूटी, समता तें दुरमति टूटी।
मुनि उपधि न एक धराहो, कछु छाने नाहिं कराहीं ॥१
देहादिक सों नहिं नेहा, बरसै घट आनंद मेहा।
मुनि के सब दोष जु नासें, तातें सु महाव्रत भाषे ॥२
मुनि के कछु हरनों नाहीं, चित लागै चेतन माहीं।
श्रावक के भोजन लेई, नहि स्वाद विषें चित देई ॥३
काम न क्रोध न छल माना, नहिं लोभ महा बलवाना।
जे दोष छियालिस टालें, जिनवर की आज्ञा पालें ॥४
ते मुनिवर ज्ञान सरूपा, शुभ पंच महाव्रत रूपा।
गृहपति के कछु इक धंधा, कछु ममता मोह प्रबन्धा ॥५
छानें कछु करनों आवे, तातें अणुव्रत कहावें।
कूपादिक को जल हरिवौ, इह किंचित दोषहु धरिवो ॥६
मोटे सब त्यागें दोषा, काहू को हरिये न कोषा।
त्यागौ परधन को हरिवौ, छांड़ौ पापनि को करिवौ ॥७
संक्षेप कही यह बाता, आगे जु सुनहु अब भ्राता।
इह अणुव्रत को जु सरूपा, जिनश्रुत अनुसार प्ररूपा ॥८
अब अतीचार सुनि भाई, त्यागौ पंचहि दुखदाई।
है चोरी को जु प्रयोगा, सो पहलो दोष अजोगा ॥९
चोरी को माल जु लेनों, इह दूजो अघ तजि देनों।
थोरे मोले बड़ वस्ता, लेवौ नहि कबहु प्रशस्ता ॥१०
राजा को हासिल गोपै, राजा की आणि जु लोपै।
इह तीजो दोष निरूपा, त्यागौ व्रत धारि अनूपा ॥११
देवे के तोला घाटे, लेवे के अधिका बाटे।
इह अतिचार है चौथो, त्यागौ शुभमति तें थोथो ॥१२
बधि मोल में घटि मोला, मेले ह्वै पाप अतोला।
इह पंचम है अतिचारा, त्यागें जिन मारग धारा ॥१३
ए अतीचार गुरु भाखे, जैनी जीवनिनें नांखे।
चोरी करि दुरगति होई, चोरी त्यागें शुभ सोई ॥१४

चोरी तजि अंजन चोरा, तिरियो भव-सागर घोरा ।
लहि महामंत्र तप गहिया, ध्यानानल भववन दहिया ॥१५
अंजन हूऔ जु निरंजन, इह कथा भव्य मनरंजन ।
बहुरि यो नृप श्रेणिक पुत्रा, है वारिषेण जगमित्रा ॥१६
कर परधन को परिहारा, पायौ भवसागर पारा ।
चोरी करि तापस दुष्टा, पंचागन साधनि पुष्टा ॥१७
लहि कोटपालकी त्रासा, मरि नरक गयौ दुख भाषा ।
दलिद्दर का मूल जु चोरी, चोरी तजि अर तजि जोरी ॥१८
सब अघ तजि जिनसों जोरी, बिनऊँ भैय्या कर जोरी ।
चोरी तजियाँ शिव पावैं, यह महिमा श्री जिन गावे ॥१९
चोरी तें भव-भव भटकै, चोरी तें सब गुन सटकै ।
जो बुधजन चोरी त्यागै, सो परमारथ पथ लागै ॥२०

### दोहा

परधन के परिहार बिन, परम धाम नहि होय ।
भये पार ते तीसरे, व्रत्त बिना नहि कोय ॥२१
जे बूढ़े नर नरक में, गये निगोद अजान ।
ते सब परधन-हरणतें, और न कोई बखान ॥२२
व्रत्त अचोरिज तीसरो, सब व्रत्तनि में सार ।
जो याकों धारै व्रत्ती, सो उतरै संसार ॥२३
याकी महिमा प्रभु कहें, जो केवल गुणरूप ।
पर गुण रहित निरंजना, निर्गुण निर्मलरूप ॥२४
कहें गणिंद मुनिन्दवर, करें भव्य परमान ।
जे धारें ते पावही, पूरण पद निर्वान ॥२५
अल्पमती हम सारिखे, कहें कौन विधि बीर ।
नमस्कार या वृत्त कों, धारे धर्मी धीर ॥२६
जे उरझे ते या बिना, इह निश्चय उर धारि ।
जे सुरझे ते या करी, यह व्रत है अघहारि ॥२७
दया सत्य संतोष अर, शीलरूप है एह ।
उतरै भवसागर थकी, धरै या थकी नेह ॥२८
दया सत्य अस्तेयकौ, करि वन्दन मन लाय ।
भाषों चौथो शीलव्रत, जो इन विगर न थाय ॥२९

### इति अचौर्याणुव्रत वर्णन

प्रणमि परम रस शांति कों, प्रणमि धरम गुरुदेव ।
बरणों सुजस सुशील को, करि शारद की सेव ॥३०

शीलव्रत को नाम है, ब्रह्मचर्य सुखदाय ।
जाकरि चर्या ब्रह्म में, भव वन भ्रमण नशाय ॥३१
ब्रह्म कहावें जीव सब, ब्रह्म कहावें सिद्ध ।
ब्रह्मरूप कैवल्य जो, ज्ञान महा परसिद्ध ॥३२
ब्रह्मचर्य सो वृत्त ना, न पर ब्रह्म सो कोय ।
व्रती न ब्रह्म-लवलीन सो, तिरै, भवोदधि सोय ॥३३
विद्या ब्रह्म-विज्ञान सी, नहीं दूसरी जान ।
विज्ञ नहीं ब्रह्मज्ञ सो, इह निश्चय उर आन ॥३४
ब्रह्म वासना सारिखी, और न रस की केलि ।
विषय वासना सारिखी, और न विष की बेलि ॥३५
आतम अनुभव सिद्ध सी, और न अमृत बेलि ।
नहीं ज्ञान सो बलवता, देहि मोह कौं ठेलि ॥३६
अव्रत नाहि कुशील सो, नरक निगोद प्रदाय ।
नहीं सील सो संजमा, भाषैं श्री जिनराय ॥३७
धर्म न श्री जिनधर्म से, नहिं जिनवर से देव ।
गुरु नहिं मुनिवर सारिखे, रागी सो न कुदेव ॥३८
कुगुरु न परिग्रह धारितै, हिंसा सो न अधर्म ।
मर्म न मिथ्या सूत्र सो, नहीं मोह सो कर्म ॥३९
द्रष्टा न कोई जीव सो, गुन न ज्ञान सो आन ।
ज्ञान न केवल ज्ञान सो, जीव न सिद्ध समान ॥४०
केवलदर्शन सारिखो, दर्शन और न कोई ।
यथाख्यात चारित्र सो, चारित और न होइ ॥४१
नहिं विभाव मिथ्यात सो, सम्यक सो न स्वभाव ।
क्षयिक सो सम्यक नहीं, नहीं शुद्ध सो भाव ॥४२
साधु न क्षीण कषाय से, श्रेणि न क्षपक समान ।
नहिं चौदम गुण थान सो, और कोई गुणथान ॥४३
नहिं केवल प्रत्यक्ष सों, और कोई परमाण ।
सुकल ध्यान सो ध्यान नहिं, जिनमतसो न बखाण ॥४४
अनुभव सो अमृत नहीं, नहि अमृत सो पान ।
इन्द्री रसनासी नहीं, रस न शांति सो आन ॥४५
मनोगुप्ति सी गुप्ति नहिं, चचंल मन सो नाहिं ।
निश्चल मुनि से और नहिं, नहीं मौन मन माहिं ॥४६
मुनि से नहिं मतिवंत नर, नहिं चक्री से राव ।
हलधर अर हरि सारिखो, हेत न कहूँ लखाव ॥४७
प्रतिहरि से न हठी भए, हरि से और न सूर ।
हर से तासम धार नहिं, बहु विद्या भरपूर ॥४८

नारद से न भ्रमंत नर, भ्रमें अढाई दीप।
कामदेव से सुन्दर न, नहिं जिनसे जगदीप ॥४९
जिन-जननी जिन-जनक से, और न गुरुजन जानि।
मिष्ट न जिनवानी समा, यह निश्चय परमान ॥५०
जिनमूरति सी मूरति न, परमानंद सरूप।
जिनसूरति सी सूरति न, जासम और न रूप ॥५१
जिनमंदिर से मंदिर नहीं, जिन तन सो न सुगन्ध।
जिन विभूति सी भूति नहिं, जिन श्रुति सो न प्रबंध ॥५२
जिनवर से न महाबली, जिनवर से न उदार।
जिनवर से न मनोहरा, जिनसे और न सार ॥५३
चरचा जिन चरचा समा, और न जग में कोइ।
अर्चा जिन अर्चा समा, नहीं दूसरी होइ ॥५४
राज न श्री जिनराज से, जिनके राग न रोस।
ईति भीति नहिं राज में, नहीं एक भी दोस ॥५५
सेवैं इन्द नरिन्द सब, भजहिं फणीस मुनीस।
रटैं सूर ससि सुर सबै, जिनसम और न ईस ॥५६
अर्चें अहमिंद्रा महा, अरचैं चतुर सुजान।
हरि हर प्रति हरि हलि मदन, पूजैं चक्रि पुमान ॥५७
गुरु कुल कर नारद सबै, सेवैं तन मन लाय।
जग में श्री जिन राय सौं, पूज्य न कोइ लखाव ॥५८
तीर्थंकर पद सारिखा, और न पद जग माहिं।
बज्र वृषभ नाराच सो, संहनन कोई नाहिं ॥५९
सम चतुस्र संठान सो, और नहीं संठाण।
पुरुष सलाका सारिखा, और न कोई जाण ॥६०
चक्रायुध हल-आयुधा, कुसुमायुध इत्यादि।
धर्मायुध के दास सब, वज्रायुध नृप आदि ॥६१
जे हैं चरम शरीर धर, तद भव मुक्ति मुनीश।
तिन सौ कोई न मानवा, नमें सुरासुर सीस ॥६२
नहीं सिद्ध पर्याय सी, और शुद्ध पर्याय।
नहीं केवली कायसी, और दूसरी काय ॥६३
अर्हंत सिध साधू सबै, केवल भाषित धर्म।
इन चउ सें नहिं मंगला, उत्तम और न पर्म ॥६४
इन चउ शरणनि सारिखे, शरण नाहिं जग माहिं।
संघ न चउविधि संघ से, जिनके संशय नाहिं ॥६५
चोर न इन्द्री-चित से, मुसैं धर्म धन भूरि।
चारित से नहिं तलवरा, डारै तिनकों चूरि ॥६६

जैसें ए उपमा कही, तैसें शील समान।
व्रत न कोई दूसरो, भाषें श्री भगवान ॥६७
वक्ता सर्वज्ञ से नहीं, श्रोता गणधर से न।
कथन न आतम ज्ञान सो, साधक साधु जिसे न ॥६८
बाधक नहिं रागादि से, तिनहिं तजें जोगिन्द।
नहिं साधन समभाव से, धारें धीर मुनिन्द ॥६९
पाप नहीं परद्रोह सो, त्यागें सज्जन संत।
पुण्य न पर उपकार सो, धारें नर मतिवंत ॥७०
लेश्या शुक्ल समान नहिं, जामे उज्ज्वल भाव।
उज्ज्वलता निकषाय सी, और न कोई लखाव ॥७१
दया प्रकाशक जगत में, नहीं जैन सो कोइ।
पर्म धर्म नहिं दूसरो, दया सारिखो होइ ॥७२
कारण निज कल्याण को, करुणा तुल्य न जानि।
कारण जिन विश्वास को, नहीं सत्य सो मानि ॥७३
सत्यारथ जिन सूत्र सो, और न कोइ प्रवानि।
सर्व सिद्धि को मूल है, सत्य हिये में आनि ॥७४
नहिं अचौर्य व्रत सारिखौ, भय हरि भ्रांति निवार।
नहिं जिनेन्द्रमत सारिखौ, चोरी बरज उदार ॥७५
नहीं सील सो लोक में, है दूजो अविकार।
कारण शुद्ध स्वभाव को, भव-जल तारणहार ॥७६
नहिं जिनशासन सारिखौ, शील प्रकाशन हार।
या संसार असार में, जा सम और न सार ॥७७
नहिं संतोष समान है, सुख को मूल अनूप।
नहीं जिनेसुर धर्म सो, वर संतोष स्वरूप ॥७८
कोमल परिणामानि सो करुणाकरण नाहिं।
नहिं कठोर भावानि सों, दयारहित जग मांहि ॥७९
नहिं निरलोभ स्वभाव सो, सत्य मूल है कोइ।
नहीं लोभ सो लोक में, कारण मिथ्या होइ ॥८०
मूल अचौरिज व्रत को, निस्पृहतासो नाहिं।
चोरी मूल प्रपंच सो, नहीं लोक के मांहि ॥८१
राजवृद्धि को कारणा, नहीं नीति सो जानि।
नाहिं अनीति प्रचार सों, राज विघन परवानि ॥८२
कारण संजम शील को, नहिं विवेक सो भान।
नहिं अविवेक विकार सो, मूल कुशील बखान ॥८३
मूल परिग्रह त्याग को, नहिं वैराग समान।
परिग्रह संग्रह कारणा, तृष्णा तुल्य न आन ॥८४

करुणा निधि न जिनेन्द्र सो, जगत्त मित्र है सोय।
नहिं क्रोधी सो निरदई, सर्वनाश को होय ॥८५
सतवादी सर्वज्ञ से, नहीं लोक में कोइ।
कामी लोभी से महा, लापर और न होइ ॥८६
सम्यक् दृष्टी जीव सो, और न मन मद मोर।
मिथ्या दृष्टी जीव सो, और न परधन चोर ॥८७
समताभाव न सत्य सो, सीलवंत नहिं धीर।
लंपट परिणामी जिसो, नाहिं कुशीली बीर ॥८८
निसप्रेही निरदुंदसो, परिग्रह त्यागी नाहिं।
तृष्णावंत असंतसो, परिग्रह वंत न काहिं ॥८९
दारिद-भंजन, जस-करण, कारण संपति कोइ।
नहीं दान सो दूसरो, सुरग मुक्ति दे सोइ ॥९०
चउ दाननि से दान नहिं, औषध और आहार।
अभयदान अर ज्ञान को, दान कहें गण-धार ॥९१
रागादिक परिहार सो, और न त्याग बखान।
त्याग समान न सूरता, इह निश्चय परवान ॥९२
तप समान नहिं और है, द्वादश माहिं निधान।
नहीं ध्यान सो दूसरो, भाषें श्री भगवान ॥९३
ध्यान नहीं निज ध्यान सो, जो कैवल्य स्वरूप।
जा प्रसाद भवरूप मिटि, जीव होय चिद्रूप ॥९४
क्षीण मोह से लोक में, ध्यानी और न जानि।
कारण आतम ध्यान को मन निश्चलता मानि ॥९५
कारण मन वशि करण को, नहीं जोग सो और।
जोग न निज संजोग सो, है सबको सिर मौर ॥९६
भोग न निज रस भोग सो, जामें नाहिं विजोग।
रोग न इन्द्री भोग सो, इह भाषें भवि लोग ॥९७
शोक न चिन्ता सारिखौ, विकलपरूप बिड़रूप।
नहिं संशय अज्ञान सो, लखे न चेतनरूप ॥९८
विकलपजाल-परित्याग सो, और नहीं वैराग।
वीतराग से जगत में, और नहीं बड़भाग ॥९९
छती संपदा चक्रि की, जो त्यागै मतिवंत।
ता सम त्यागी और नहिं, भाषें श्री भगवंत ॥१००
चाहे अछती भूमिकों, करै कल्पना मूढ़।
ता सम रागी और नहिं, सो शठ विषयारूढ़ ॥१
नव जौबन में व्याह तजि, बाल ब्रह्म व्रत लेय।
ता सम वैरागी नहीं, सो भवपार लहेय ॥२

कंटक नहिं क्रोधादि से, चढ़ि जु रहे गिर मान।
मुनिवर से जोधा नहीं, शस्त्र न शुकल समान ॥३
भाव समान न भेष है, भाव समान न सेव।
भाव समान न लिंग है, भाव समान न देव ॥४
ममता-माया रहित सो, उत्तम और न भाव।
सोइ शुद्ध कहिये महा, वर्जित सकल विभाव ॥५
कारण आतम ध्यान को, भगवत भक्ति समान।
और नहीं संसार में, इह धारौ मतिमान ॥६
विघन-हरण मंगल-करन, जप सम और न जानि।
जप नहिं अजप जाप सौ, इह श्रद्धा उर आनि ॥७
कारण रागविरोध को, भाव अशुद्ध जिसौ न।
कारण समताभाव को, विरकित भाव तिसौ न ॥८
कारण भव वन-भ्रमण के, नहिं रागादि समान।
कारण शिवपुर गमन को, नहीं ज्ञान सो आन ॥९
सम्यग्दर्शन ज्ञान व्रत, ए रतनत्रय जानि।
इनसे रतन न लोक में, ए शिव दायक मानि ॥१०
निज अवलोकन दर्शना, निज जानें सो ज्ञान।
निजस्वरूप को आचरण, सो चारित्र निधान ॥११
निजगुण निश्चय रतन ये, कहे अभेद स्वरूप।
व्यवहारै नव तत्व की, सरधा अविचल रूप ॥१२
तत्त्वारथ श्रद्धान सो, सम्यग्दर्शन जानि।
नव पदारथ को जानिवौ, सम्यग्ज्ञान बखानि ॥१३
विषय कषाय व्यतीत जो, सो व्यवहार चरित्र।
ए रतनत्रय भेद हैं, इनमें और न मित्र ॥१४
देव जिनेसुर गुरु जती, धर्म अहिंसारूप।
इह सम्यक् व्यवहार है, निश्चय निज चिद्रूप ॥१५
नहिं निश्चय व्यवहार सी, सरधा जग में कोइ।
ज्ञान भक्ति दातार ए, जिन भाषित नय दोइ ॥१६
भक्ति न भगवत भक्ति सी, नहिं आतम सो बोध।
रोध न चित्त निरोध सो, दुरनयसो न विरोध ॥१७
दुर्मतिसी नहिं शाकिनी, हरै ज्ञान सो प्रान।
नमोकार सो मंत्र नहिं, दुरमति हरे निधान ॥१८
नहिं समाधि निरूपाधि सी, नहिं तृष्णा सी व्याधि।
तन्त्र न परम समाधि सो, हरै सकल असमाधि ॥१९
भवयन्त्र जु भयदाय को, ता सम विघन न कोय।
सिद्धयन्त्र सो सिद्धकर, और न जग में होय ॥२०

सिद्धक्षेत्र सो क्षेत्र नहिं, सर्व लोक के सीस।
यात्री जतिवर से नहीं, पहुँचै तहां मुनीस ॥२१
षोड़सकारण सारिखा, और न कारण कोय।
तीर्थेश्वर पद सारिसा और न कारज होय ॥२२
नाहीं दर्शन शुद्धि सा, षोड़श माहीं जान।
केवल रिद्धि बराबरी, और न रिद्धि बखान ॥२३
नहिं लक्षण उपयोग से, आतम तें जु अभेद।
नाहिं कुलक्षण कुबुधि से, करै धर्म को छेद ॥२४
धर्म अहिंसारूप के, भेद अनेक बखान।
नहिं दशलक्षण धर्म से, जग में और निधान ॥२५
क्षमा उत्तमा सारिखो और दूसरी नाहिं।
दशलक्षण में मुख्य है, क्रोध-हरण जगमाहिं ॥२६
नीर न शांति स्वभाव सो, अग्नि न कोप समान।
मान समान न नीचता, नहिं कठोरता आन ॥२७
मानी को मन लोक में, पाहन-तुल्य बखान।
मान समान अज्ञान नहिं भाखें श्री भगवान ॥२८
निगरवभाव समान सो, मृदु नहिं जगमें और।
हरै समस्त कठोरता, है सब कौ सिरमौर ॥२९
कीच न कपट समान को, वक्र न कपट समान।
सरल भाव सो उज्जवल, न सूधौ कोइ न आन ॥३०
आपद लोभ समान नहिं, लोभ समान न लाय।
लोभ समान न खांड़ है, दुख औगुन समुदाय ॥३१
नहिं सन्तोष समान धन, ता सम सुक्ख न कोय।
नहिं ता सम अमृत महा, निर्मल गुण है सोय ॥३२
श्रेष्ठ नहि निर्मल भाव सो, जहां न अशुभ सुभाव।
नाहिं मलिन परिणाम सो, दूजौ कोई कुभाव ॥३३
सन्देह न अयथार्थ सो, जाकरि भर्म न जाय।
नहिं यथार्थ सो लोक में, निस्सन्देह कहाय ॥३४
नाहिं कलंक कषाय सो, भाषें श्री भगवन्त।
निःकलंक न अकषाय से, करै कर्म को अन्त ॥३५
शुचि नहिं मन-शुचि सारिखी, करै जीव कों शुद्ध।
अशुचि नहीं मन-अशुचिसी, इह भाषें प्रतिबुद्ध ॥३६
नहीं असंजम सारिखौ, जगत डबोवनहार।
नहिं संचय सो लोक में, ज्ञान बढ़ावन हार ॥३७
बंचक नहिं परपंच से, ठगें सकल कों सोइ।
विष-बांछना सारिखी, नांहि ठगौरी कोइ ॥३८

नहिं त्रिलोक में दूसरो, तप सो ताप-निवार।
त्रिविध ताप से ताप नहिं, जरा जन्म मृति धार ॥३९
इच्छासी न अपूरणा, पूरी होइ न सोइ।
नहिं इच्छा जु निरोध सो, तपस्या दूजो होइ ॥४०
त्याग समान न दूसरो, जग-जंजाल निवार।
नहीं भोग-अनुराग सो, नरकादिक दातार ॥४१
नहीं अकिञ्चन सारिखौ, निरभय लोक मँझार।
नर परिगरही सारिखौ, भय-रूप न निरधार ॥४२
परिग्रह सो नहिं पापगृह, नहिं कुशील सो काद।
ब्रह्मचर्य सो और नहिं ब्रह्मज्ञान को वाद ॥४३
नहीं विषय रस सारिखौ, नीरस त्रिभुवन माहिं।
अनुभव रस आस्वाद सो, सरस लोक में नाहिं ॥४४
अदयासी नहिं दुष्टता, अनृत सो न प्रपंच।
छल नहिं चोरी सारिखौ, चोर समान न टंच ॥४५
हिंसक सो नहिं दुर्जन, हरै पराये प्राण।
नहिं दयाल सो सज्जना, पीरा हरै सुजाण ॥४६
नहिं विश्वास-घाती अवर, झूंठे नर सो कोय।
नहिं व्यभिचारी सो अना-चारी जग में होय ॥४७
विकथा सो न प्रलाप है, आरति सो न विलाप।
पाप न द्वय नय थाप सो, जिनवर सो न प्रताप ॥४८
सन्ताप न कोई सोक सो, लोक न सिद्ध समान।
धन प्राणन के नाश सो, और न शोक बखान ॥४९
जड़ जिय सो अभिलाष नहिं, गुण-मणि सो न मिलाप।
श्री जिनवर गुणगान सो, और न कोई अलाप ॥५०
नहिं विकथा नारीनिसी, कथा न धर्म समान।
नहिं आरति भोगार्त्तिसी, दुरगति दाई आन ॥५१
ऊँकार समान नहिं सर्व शास्त्र की आदि।
महा मङ्गलाचार है, यह उपचार अनादि ॥५२
नाद न सोऽहं सारिखौ, नहीं स्वरस सो स्वाद।
स्यादवाद सिद्धान्त सो, और नहीं अविवाद ॥५३
एक एक नय पक्ष सो, और न कोई वाद।
नाहिं विषाद विवाद सो, निद्रा सो न प्रमाद ॥५४
स्त्यान गृद्धि निद्रा जिसी, निद्रा निंद्य न और।
परनिन्दा सो दोष नहिं, भाषें जिन जग-मौर ॥५५
निन्दा चउविधि संघ की, ता सम अघ नहिं कोय।
नाहिं प्रसंसा जोगि कोउ, जिन आगम सो होय ॥५६

सार न अध्यातम जिसौ, निज अनुभव को मूल।
नहिं मुनि से अध्यातमी, सर्वं विषय प्रतिकूल ॥५७
विषय कषाय बराबरो, बैरी जियके नाहिं।
ज्ञान विराग विवेक से, हितू नाहिं जग माहिं ॥५८
अध्यात्म चरचा समा चरचा और न कोय।
जिनपद अरचा सारिखी, अरचा और न होइ ॥५९
नाहिं गणाधिप से महा-चरचा-कारक जानि।
नाहिं सुरधिप सारिखे, अरचा-कारक मानि ॥६०
गमन न ऊरध गमन सो, नहीं मोक्ष सो धाम।
रोधक नाहीं कर्म से, हरो कर्म तजि काम ॥६१
शत्रु न कोई अधर्म सो, मित्र न धर्म समान।
धर्म न वस्तु स्वभाव सो हिंसा-रहित बखान ॥६२
निज स्वभाव को विस्मरण, नहिं ता सम अपराध।
साधे केवलभाव को, ता सम और न साध ॥६३
नर देहा सम देह नहिं, लिङ्ग न पुरुष समान।
वेद नहीं नर वेद सो, सुमन समो न सथान ॥६४
त्रस-काया सम काय नहिं, पंचेन्द्री जा मांहि।
पंचेन्द्री नहिं मनुष से, जे मुनिव्रत्त धराहिं ॥६५
मुनि नहिं तदभवमुक्ति से, जे केवल पद पाय।
पहुँचे पंचमगति महा, चहुंगति भ्रमण नशाय ॥६६
गति नहिं पंचम गति जिसी, जाहि कहैं निजधाम।
अविनश्वर पुर नाम जा, जा सम नगर न राम ॥६७
नाहिं शुद्ध उपयोग सो मारग सूधौ होय।
नाहीं मारग मुक्ति को, भव-विरक्ति सो कोय ॥६८
लोक शिखर सो ऊंच नहिं, सबके शिरपर सोय।
नहीं रसातल सारिखो नीचो जग में जोय ॥६९
जित मन इन्द्री धीर से और न वंद्य वखानि।
विषयी विकलीन सारिखे, और न निंद्य प्रवानि ॥७०
नहिं अरिष्ट अघ कर्म से, शिष्ट न सुभग समान।
नाहिं पञ्च परमेष्ठि से, और इष्ट परवान ॥७१
जिन-देवल से देवल न, नहीं जैन से बिम्ब।
केवल सो ज्ञायक नहीं, जामें सब प्रतिबिंब ॥७२
नाहिं अकृत्रिम सारिखे, देवल अतिसयरूप।
चैत्य वृक्ष से वृक्ष नहिं, सुरतरु सें हु अनूप ॥७३
जोगी जिनवर से नहीं, जिनकी अचल समाधि।
निजरस भोगी ते सही, वर्जित सकल उपाधि ॥७४

इन्द्रिय भोगी इन्द्र से, नाहिं दूसरे जानि ।
इन्द्रा जीत मुनीन्द्र से, इन्द्र नरेन्द्र न मानि ॥७५
राग द्वेष परपंच से, असुर और नहिं होय ।
दर्शन-ज्ञान-चारित्र से, असुर-नाशक न कोय ॥७६
काम-क्रोध-लोभादि से, नाहिं पिशाच बखानि ।
सम संतोष विवेक से, मंत्राधीश न मानि ॥७७
माया मच्छर मान से, दुखकारी नहिं वीर ।
निगरव निकपटभाव से, सुखकारी नहिं धीर ॥७८
मैल न कोई मिथ्यात सो, लग्यौ अनादि विरूप ।
साबुन भेद विज्ञान सो, और न उज्ज्वलरूप ॥७९
मदन दर्प सो सर्प नहिं, डसै देव नर नाग ।
गरुड़ न कोई शील सो, मदन जीत बड़भाग ॥८०
मैल न मोहासुर समो, सकल कर्म को राव ।
महामल्ल नहिं बोध सो, हरै मोह-परभाव ॥८१
भर्म न कोई कर्म से, कारण संशय जानि ।
भ्रमहारी सम्यक्त्व से, और न कोई मानि ॥८२
विष नहिं विषयानंद से, देहि अनंता मर्ण ।
सुधा न ब्रह्मानंद सो, अनुभवरूप अवर्ण ॥८३
क्रूर न क्रोधी सारिखे, नहीं क्षमी से शांत ।
नीच न मानी सारिखे, निगरवसे न महांत ॥८४
मायावी सो मलिन नहिं, विमल न सरल समान ।
चिंतातुर लोभीनसे, दीन न दुखी अयान ॥८५
दुष्ट न दोषी सारिखे, रागी से नहिं अंध ।
अहंकार ममकार सो, और न कोई बंध ॥८६
मोही से नहिं लोक में, गहलरूप मतिहीन ।
कामातुर से आतुर न, अविवेकी अघलीन ॥८७
ऋण नहिं आस्रव-बंध से, राखे भव में रोकि ।
मुनिवर से मतिवंत नहिं, छूटे ब्रह्म विलोकि ॥८८
संवर निर्जर सारिखे, रिण-मोचन नहिं कोइ ।
दुर्जर कर्म हरें महा, मुक्तिदायक सोइ ॥८९
विपत्ति न वांछा सारिखी, वांछा-रहित मुनीश ।
मृगतृष्णा मिथ्या जिसो, और न कहें रिषीश ॥९०
समतासी संसार में, साता कोइ न जानि ।
सातासी न सुहावणी, इह निश्चय उर आनि ॥९१
ममतासी मानों भया, और असाता नाहिं ।
नाहिं असाता सारिखो, है अनिष्ट जगमाहिं ॥९२

उदासीनता सारिखी, समता-करण न कोय।
जग अनुराग समानता, समता मूल न जोय ॥९३
नाहि भोग-अभिलाष सी, भूख अपूरण वीर।
नाहि भोग वैराग सी, पूरणता है वीर ॥९४
नाहीं विषयाशक्ति, सी त्रिसा त्रिलोकी मांहि।
विरकततासी विश्व में, और तृषा-हर नांहि ॥९५
पराधीनता सारिखी, नहीं दीनता कोइ।
नहिं कोई स्वाधीनता, तुल्य उच्चता होइ ॥९६
नहीं समरसी भाव सी, समता त्रिभुवन माहिं।
पक्षपात बकवाद सीं, और न विसमता नांहि ॥९७
जगतकामना कल्पना,—तुल्य कालिमा नांहि।
नहीं चेतना सारिखी ज्ञायक त्रिभुवन मांहि ॥९८
ज्ञान चेतना सारिखी, नहीं चेतना शुद्ध।
कर्म कर्मफल चेतना, ता सम नांहि अशुद्ध ॥९९
नर निरलोभी सारिखे, नांहि पवित्र बखान।
सन्तोषी से नहि सुखी, इह निश्चय परवान ॥१००
निरमोही अर निरममत, ता सम सन्त न कोय।
निरदोषी निरवैर से, साधु और न कोय ॥१
दोष समान न मोषहर राग समान न पासि।
मोह समान न बंध हर, ए तीनू दुखरासि ॥२
व्रती न कोई निशल्य सो, माया तुल्य न शल्य।
हीन न जाचिक सारिखौ त्यागी से न अतुल्य ॥३
कामी से न कलकंधी. काम समान न दोष।
परदारा परद्रव्य सा, और न अघ को कोष ॥४
शल्य समान न है सली, चुभी हिये के मांहि।
नहि निरदयी स्वभाव सो, मूढ़ा और कहांहि ॥५
शोच न संग समान है, संग न अंग समान।
अंग नहीं द्वय अंग से, तिनहिं तजै निरवान ॥६
कारमाण अर तैज सा, ए द्वय देह अनादि।
लगे जीव के जगत में, रोग महा रागादि ॥७
गेह समान न दूसरो, जानूं कारागेह।
देह समान न गेह है, त्यागौ देह-सनेह ॥८
ए काया नहि जीव की, सो है ज्ञान शरीर।
मृत्यु न ज्ञान शरीर की, नहीं रोग को पीर ॥९
नाहीं इष्ट-वियोग सो, शोक-मूल है कोइ।
काया माया सारिखौ, इष्ट न जग के जोइ ॥१०

नहिं संकल्प विकल्प सो, जाल दूसरो जानि।
नहिं निरविकलप ध्यान सो, छेदक जाल बखानि ॥११
नहीं एकता सारिखी, परम समाधि स्वरूप।
नहीं विषमतासी अवर, सठता रूप विरूप ॥१२
*चिन्ता सी असमाधि नहिं, नहिं तृष्णा सी व्याधि।*
नहिं ममता सी मोहनी, मायासी न उपाधि ॥१३
ज्ञानानन्दादिक महा, निजस्वभाव निरदाव।
तिनसों तन्मय भाव जो, सो एकत्व कहाव ॥१४
आशासी न पिशाचिनी, आसासी न असार।
नहीं जाचना सारिखो, लघुता जगत मंझार ॥१५
दान-कलासी दूसरी, दुख-हरणी नहिं कोइ।
ज्ञान कलासो जगत में, सुखकारी नहिं कोइ॥ १६
नाहिं क्षुधासी वेदना, व्यापै सबकों सोइ।
अन्न-पान दातार से, दाता और न होइ ॥१७
पर दुख हरणी सारिखी, गुरुता और न जानि।
पर पीड़ा करणी समा, खलता कोइ न भानि ॥१८
शुद्ध पारणामिक समा, और नाहिं परिणाम।
सकल कामना त्याग सो, और न उत्तम काम ॥१९
धर्म-सनेही सारिखा, नाहिं सनेही होइ।
विषय-सनेही सारिखा, और कुमित्र न कोइ ॥२०
सर्व वासना त्याग सी, और न थिरता वीर।
कष्ट न नरक निगोद से, नहीं मरणसो पीर ॥२१
राज-काज अभ्यास सो, और न दुरगति-दाय।
जोगाभ्यास अभ्यास सो, और न सिद्धि उपाय ॥२२
नहिं विराधना सारखी, बाधाकरण कहाहिं।
आराधन सी दूसरो, भव-बाधा-हर नाहिं ॥२३
निजसरूप आराधना, अचल समाधि स्वरूप।
ता सम शिव साधन नहीं, यह भावें जिनभूप ॥२४
निज सत्ता सी निश्चलता, और न मानों मित्त।
आधि-व्याधि तें रहित जो, ध्यावौ ताहि निचिंत ॥२५
निज सत्ता को भूलि जे, राचें माया माहिं।
धरि धरि काया में भ्रमें यामें संशय नाहिं ॥२६
मुनिव्रत तजि भवभोग कों, चाहें जे मति मंद।
तिनसे मूढ़ न लोक में, इह भाषें जिनचन्द ॥२७
वृद्ध भये हू गेह कों, जो न तजे मतिहीन।
तिनसे गृद्ध न जगत में, कापुरुषा न मलीन ॥२८

गेह तजें नव वर्ष के, धरें महाव्रत सार।
तिनसे पूज्य न लोक में, ते गुण वृद्ध अपार ॥२९
नहिं वैरागी जीव से, निरबंधन निरुपाधि।
नहीं जु रागी सारिखे, धारक आधि रु व्याधि ॥३०
निजरस आस्वादन-विमुख, भुगतें इन्द्रीभोग।
नरकवासना ते लहैं, तिनसे नाहिं अजोग ॥३१
अभविनि से न अभागिया, भव्यनि से न सभाग।
निकटभव्य से भव्य नहिं, गहैं ज्ञान वैराग ॥३२
नहिं दरिद्र दुरबुद्धि सो, दलिद्दर सो न दुकाल।
नहिं संपति सन्मति जिसी, नहीं मोह सो जाल ॥३३
नहीं शमी से संयमी, व्रत सो नाहिं विधान।
नहिं प्रधान जिनबोध सो, निज निधि सो न निधान ॥३४
कोष न गुणभंडार सो, सदा अटूट अपार।
औगुन सो नहिं गुणहरा, भव-भव दुख-दातार ॥३५
खल स्वभाव सो औगुन न, गुण न सुजनता तुल्य।
सत्य पुरुष निरवैर से, जिनके एक न शल्य ॥३६
खलजन दुरजन सारिखे, और न दूसरे नाहिं।
भववन सो वन नाहिं को, भ्रमैं मूढ़ जा माहिं ॥३७
विषवृक्ष न वसुकर्म से, नानाफल दुखदाय।
बेलि न मायाजाल सी, जगजन जहां फँसाय ॥३८
दुर्नय पक्षी सारिखे, नाहिं कुपक्षी आन।
दैत्य न निरदय भाव से, तिमिर न मोह समान ॥३९
मन-उनमाद गयँद सो, और न वनगज कोइ।
क्रूरभाव सो सिंह नहिं, ठग न मदन सो सोइ ॥४०
नहिं अजगर अज्ञान सो, ग्रसै जगत को जोइ।
नहिं रक्षक निज ध्यान सो, काल हरण है सोइ ॥४१
थिर चर से नहिं वनचरा, बसै सदा भव माहिं।
नहिं कंटक क्रोधादि से, दया तिनूं महिं नाहिं ॥४२
विष-पहुप न विषयादि से, रहै कुवासनि पूरि।
नाहिं कुपात्र कुसूत्रसे, ते या वन में भूरि ॥४३
पंथ न पावें जगत में, मुकति तनों जग जंत।
कोइक पावै ज्ञान निज, सोई लहै भव-अंत ॥४४
नहिं सेरो जिनबानि सी, दरसक गुरु से नाहिं।
नगर नहीं निरवाण सो, जहां संत ही जाहिं ॥४५
नाहिं समुद्र संसार सों, अति गंभीर अपार।
लहर न विषय तरंगसी, मच्छ न जमसो भार ॥४६

भ्रमण न चहुंगति भ्रमण सो, भरमें जीव अपार।
पोत न मुनिव्रत सो महा, करै भवोदधि पार ॥४७
द्वीप नहीं शिवद्वीप सो, गुन रतनन की रासि।
तीरथनाथ जिनंद से, सारथवाह न भासि ॥४८
अंधकूप नहिं जगत सो, परे तहां तनधार।
जिन विन काढै कौन जन, करिकै करुणा सार ॥४९
नाहिं भवानल सारिखौ, दावानल जग माहिं।
जगत चराचर भस्म कर, यामें संशय नाहिं ॥५०
जिनगुण अंबुधि शरण ले, ताहि न याको ताप।
तातें सकल विलाप तजि सेवौ आप निपाप ॥५१
नहिं वायु जगवायु सी, जगत उड़ावै जोय।
काय टापरी वापरी, याकै टिकै न कोय ॥५२
जिन पद परचित आसिरौ, जो नर पकरै आय।
सोई यामें ऊवरै, और न कोइ उपाय ॥५३
नाहि अतिंद्री, सुख समो, पूरण परमानन्द।
नाहिं अफंद मुनीन्द्र सो, आनंदी निरद्वन्द ॥५४
नहिं दीक्षा दुख-हारिणी, जिनदीक्षासी कोय।
नहिं शिक्षा सुख-कारिणी, जिनशिक्षा सी होय ॥५५

**चाल जोगीरासा**

फंद न कनककामिनी सरिसा, मृग नहिं मूरख नरसा।
नाहि अहेरी काम लोभसा, सूर न अंध सु नरसा ॥१
काटक फंद न बोध वृत्त सा, मंदमती न अभविसा।
बुद्धिवंत नहिं भव्यजीव सा, भव्य न तद्भव शिवसा ॥५६
पुरुष शलाका महाभाग से, तथा चरम तन धर से।
और न जानों पुरुष प्रवीना, गुरु नहिं तीर्थंकरसे ॥
ते पहली भाषें गुणवंता, अब सुनि देवस्वरूपा।
इन्द्र तथा अहमिंद्र न सरखे, और न देव अनूपा ॥५७
इन्द्र न षट इंद्रनि से कोई, सौधर्म सनतकुमार।
ब्रह्मेन्द्र जु अर लांतव इंद्रा, आनत आरण सारा ॥
ए एका भवतारी भाई, नर ह्वै शिवपुर लेंवें।
सम्यक्दृष्टी इंद्र सबै ही, श्री जिनमारग सेवें ॥५८
लोकपालहु सम्यक्दृष्टी, इक भव धरि भव-पारा।
इंद्र सारिखे सुर ये सोहै, इनसे देव न सारा ॥
देवरिषी लोकांतिक देवा, तिनसे इन्द्रहु नाहीं।
ब्रह्मचर्य धारत ए देवा, इनसे भुवन न माहीं ॥५९

तप कल्याणक समये सेवा, करें जिनेसुर की ये।
नर ह्वै पावें पद निरबाना, राखे जिनमत हीये॥
इंद्राणी सी देवी नाहीं, इन्द्राणी न शचीसी।
इक भव धरि पावै सुखबासा, तीर्थंकर जननीसी॥६०
सेवक देव जिनेसुरजू के, नाहि सुरेसुर तुल्या।
शची सारिखी भक्त न कोई, धारे भाव अतुल्या॥
कल्याणक ए पांचू पूजें, शची शक्र जिनदासा।
अहनिशि जिनवर चरचा इनके, धारे अतुल विलासा॥६१

## दोहा

अब सुनि अहमिंद्रा महा, स्वर्ग ऊपरै जेहि।
नव ग्रीवक नव अनुदिसा, पंचानुत्तर लेहि॥६२
तेईसौं शुभ थान ए, तिनमें चौदा सार।
नव अनुदिश पंचोत्तरा, ये पावें भवपार॥६३
सम्यक्दृष्टी देव ए, चौदहथान निवास।
चौदह में नहिं पंच से, महा सुखनि की रास॥६४
पंचनि में सरवारथी, सिद्ध नाम है थान।
सकल स्वर्ग को सीस जो, ता सम लोक न आन॥६५
एका भवतारी महा, सरवारथसिधि बास।
तिनसे देव न इन्द्र कोउ, अहमिंद्रा न प्रकाश॥६६
कहे देवमें सार ए, तैसे व्रत में सार।
शील समान न गुरु कहैं, शील देय भवपार॥६७
देव माहिं जे समकिती, देव देव हैं जेहि।
देव माहिं मिथ्या मती, पशु तें मूरख तेहि॥
नारक में जे समकिती, तिनसे देव न जांनि।
तिरजंचनि में श्राविका, तिनसे मनुज न मानि॥६९
मनुजनि में जे अव्रती, अज्ञानी मतिमंद।
तिनसे तिरजंचा नहीं, सेवें विषय सुछंद॥७०
मनुजनि माहिं मुनन्द्रि जे, महाव्रती गुणवान।
तिनसे अहमिन्द्रा नहीं, ताको सुनहु बखान॥७१
थावर नहिं कृमिकोट से, ते सकलिन्द्री से न।
पंचेन्द्री नहिं नरनि से, नर जु नरेन्द्र जिसे न॥७२
महामंडलिक से न नृप, ते अर्धचक्री से न।
अर्धचक्री नहिं चक्री से, चक्री इन्द्र जिसे न॥७३
इन्द्र नहीं अहमिन्द्र से, ते न मुनीन्द्र समान।
नाहिं मुनीन्द्र गणीन्द्र से, ज्ञानवान गुणवान॥७४

नाहिं गणीन्द्र जिनेन्द्र से, जे सबके गुरुदेव।
इन्द्र फणिन्द्र नरेन्द्र मुनि, करें सुरासुर सेव ॥७५
ते जिनेन्द्र हू तप समय, करें सिद्ध को ध्यान।
सिद्धनि सो संसार में, नाहिं दूसरो आन ॥७६
सिद्धनि सो यह आतमा, निश्चय नय करि होय।
सिद्धलोक दायक महा, नहीं शील सो कोय ॥७७
भूमि न अष्टम भूमि सी, सर्वभूमि के शीश।
कर्म भूमि तें पावही, अष्टम भूमि मुनीस ॥७८
द्वीप अढ़ाई से नहीं, असंख्यात ही द्वीप।
जहां ऊपजे जिनवरा, तीन भुवन के दीप ॥७९
नहिं जिन प्रतिमा-सारिखी, कारण वर वैराग।
नहीं आन मूरति जिसी, कारण दोष रु राग ॥८०
नहिं अनादि प्रतिमा समा, सुंदर रूप अपार।
नाहिं अकृत्रिम सारिखे, चैत्यालय विसतार ॥८१
क्षेत्र न आरिज सारिखे, सिद्धक्षेत्र है सोइ।
भरतैरावत्त दस सबै, नहिं विदेह से कोइ ॥८२
गिरि नहिं सुरगिरि सारिखे, तरु सुरतरु से नाहिं।
नदी सुरनदी सी नहीं, सर्व नदी के माहिं ॥८३
शिला न पांडुकशिला सम, जा परि न्हावै ईश।
सिद्ध सिलासी पांडु नहिं, सा त्रिभुवन के शीश ॥८४
उदधि न क्षीरोदधि समा, द्रह पदमादि जिसे न।
मणि नहिं चिंतामणि समा, कामधेनु सी धेनु ॥८५
निधि नहिं नवनिधि सारिखी, सो निजनिधि सी नाहिं।
नहिं समुद्र गुणसिंधु सो, है निज निधि जा माहिं ॥८६
नन्दनादि से बन नहीं, ते निज बन से नाहिं।
निज बन में क्रीडा करें, ते आनन्द लहाहिं ॥८७
केवल परिणति सारिखी, नदी कलोलनि कोइ।
निज गंगा सोई गनों, ता सम और न होइ ॥८८
देव न आतम देव सो, गुण आतम सो, नाहि।
धर्म न आतम धर्म सो, गुण अनन्त जामाहिं ॥८९
बाजा दुन्दुभि सारिखा, नहीं जगत में और।
राजा जिनवर सो नहीं, तीन भुवन सिर-मौर ॥९०
नाहिं अनाहत तूर से, देव दुन्दभी तूर।
सूर न तिनसे जे नरा, डारें मनमथ चूर ॥९१
वाहन नहीं विमान से, फिरें गगन के माहिं।
नाहिं विमान जु ज्ञान से, जा करि शिवपुर जाहिं ॥९२

हीन दीन अति तुच्छ तन, नहिं निगोदिया तुल्य ।
सरवारथ सिधि देव से, भववासी नहिं कुल्य ॥९३
दीरघ देह न मच्छ से, सहसर जोजन देह ।
चौइन्द्री नहिं भ्रमर से, जोजन एक गनेह ॥९४
कान खजुरया से नहीं, ते इन्द्री त्रय कोस ।
बेइन्द्री नहिं संख से, तन अढ़तालीस कोश ॥९५
एकेन्द्री नहिं कमल से, सहसर जोजन एक ।
सब परि करुणा राखिवौ, इह जिनधर्म विवेक ॥९६
धातु न कनक समान सो, काई लगै न जाहि ।
सोहु न चेतन धातु सो, नहिं कबहूं विनसाहि ॥९७
पारस से पाषाण नहिं, लोहा कनक कराय ।
पारसनाथ समान कोउ, पारस नाहि कहाय ॥९८
करै जीव कों आप सम, हरै सर्व दुःख दोय ।
धरै मोक्ष थानक विषैं, करै कर्म गण सोय ॥९९
ध्यावौ पारसप्रभु महा, बसै सदा सो पास ।
राशि सकल गुणरतन की, काटै कर्म जु पास ॥१००
चातुर्मासिक सारखे, उतपत जीव न आन ।
व्रती जति से नाहि कोउ, गमन तजें गुणवान ॥१
जिन कल्याणक क्षेत्र से और न तीरथ जान ।
तेहु न निज तीरथ जिसै, इह निश्चय कर मान ॥२
निज तीरथ निज क्षेत्र है, असंख्यात परदेश ।
तहां विराजै आतमा, जानै भाव असेस ॥३
अष्टमि चउदसि सारिखी, परवी और न जानि ।
आष्टाह्निक से लोक में, पर्व न कोइ प्रवानि ॥४
नंदीसुर सो धाम नहिं, जहां हरख अति होय ।
नंदादिक वापनि सी, नहीं वापिका कोय ॥५
नारक से क्रोधी नहीं, शठ नर सो न गुमान ।
विकल न पशुगण सारिखे, लोभ न दंभ न समान ॥६
नारक से न कुरूप कोउ, देवनि से न सुरूप ।
नर से धन्धाधर नहीं, नहिं पशु से वहुरूप ॥७
कारण भोग न दान सो, तप सो स्वर्ग न मूल ।
हिंसारम्भ समान नहिं, कारण नरक सथूल ॥८
पशुगति कारण कपट सो, ओर न कोइ बखान ।
सरल निगर्व सुभाष सो, नरभव मूल न आन ॥९
सुख कारण नहिं शुभ समो, अशुभ समा दुख मूल ।
नहीं शुद्ध सो लोक में, मोक्ष-मूल अनुकूल ॥१०

पोसह पडिक्रमणादि सो, शुभाचरण नहिं होइ।
विषय कषाय कलंक सो, अशुभाचरण न कोइ ॥११
आतम अनुभव सारिखा, शुद्धभाव नहीं वीर।
नहीं अनुभवी सारिखे, तीन भुवन में धीर ॥१२
नारि समान न नागिनी, नारी सम न पिशाच।
नारि समान न व्याधि है, रहें मूढजन राचि ॥१३
ब्रह्मज्ञान को विश्व में, वैरी है व्यभिचार।
ब्रह्मचर्य सो मित्र नहिं, इह निश्चै उर धारि ॥१४
कायर कृपण समान नहिं, सुभट न त्यागी तुल्य।
रंक न आसादास से, लहै न भाव अतुल्य ॥१५
संत न आशा रहित से, आशा त्यागें साध।
साध समान अबाध नहिं, करहि तत्त्व आराध ॥१६
निजगुण से नहिं भूषणा, भूख न चाहि समान।
वस्त्र न दश दिश सारिखे, इह भाषें भगवान ॥१७
भोजन तृपति समान नहिं, भाजन गगन जिसौ न।
राज न शिवपुर राज सो, जामें काल धको न ॥१८
राव न सिद्ध अनन्त से, साथ न भाव समान।
भाव न ज्ञानानन्द से, इह निश्चय परवान ॥१९
चेतनता सत्ता महा, ता सम पटरानी न।
शक्ति अनन्तानन्त सी, राजलोक जानी न ॥२०
नारक से दुखिया नहीं, विषयी देव जिसै न।
चिन्तावान मनुष्य से, असहाई पशु से न ॥२१
सूक्षम अलप प्रजापता, जीव निगोद निवास।
ता सम सूक्षम थावर न, इह जिन आज्ञा भास ॥२२
अलस्या से बेइन्द्रिया, और न अलप शरीर।
नहीं कुंथिया से अलप, ते इन्द्रिय तनवीर ॥२३
काणमच्छिकासे न तुच्छ, चौइन्द्रिय तन धार।
तन्दुलमच्छ समान तुच्छ, पंचेन्द्री न विचार ॥२४
चुगली-चोरी अति बुरी, जोरी जारी ताप।
चोरी चमचोरी तथा, जुवा आमिष पाप ॥२५
मदिरा मृगया मांगना, पर महिलासूं प्रीति।
परद्रोह परपंच अर, पाखंडादि प्रतीत ॥२६
तजो अभक्षण भक्ष्य अरु, तजौ अगम्यागम्य।
तजौ विपर्यय भाव सहु, त्यागहु पाप अरम्य ॥२७
इनसी और न कुक्रिया, नरक निगोद प्रदाय।
सकल कुक्रिया त्याग-सों और न ज्ञान उपाय ॥२८

उज्जल जल गल्यौ उचित, सोध्यौ अन्न अडंक ।
ता सम भक्ष्य न लोक में, भावें विबुध निशंक ।।२९
मद्य मांस मधु मांखणा, ऊमरादि फल निंदि ।
इनसे अभख न लोक में, निंदें नर जगवंदि ।।३०
वेश्या दासी परत्रिया, तिनसी धारै प्रीति ।
एहि अगम्या गम्य है, या सम नाहि अनीति ।।३१
होय कलंक को सारखे, नाहि अनीतो कोय ।
वज्र चक्री सारिखे, नीतिवान नहि जोय ।।३२
खग जग कोउ गजेन्द्र से, मृग मृगेन्द्र से नाहिं ।
खग नहि कोउ खगेन्द्र से, जे अति जोर धराहिं ।।३३
वादित्र न कोइ बीन से, सुरपति से न प्रवीन ।
बाण न कोइ अमोघ से, हिंसक से न मलीन ।।३४
अशन न पान पियूष से, व्यसन न द्यूत समान ।
वस्त्राभरण न लोक में, देवलोक सम आन ।।३५
वाजित्री न महेन्द्र से, पंच कल्याणक माहिं ।
सदा बजावें राग धरि, गावैं संशय नाहिं ।।३६
अश्व नहीं जात्यश्व से, कटक न चक्रि-समान ।
अलंकार नहि मुकट से, अंग न सीस समान ।।३७
पालें बाल जु ब्रह्मव्रत, ता सम पुरुष न नारि ।
खोवै वृद्धहिं ब्रह्मव्रत, ता सम पशु न विचारि ।।३८
वज्र चक्र से लोक में, आयुध और न वीर ।
वज्रायुध चक्रायुधी, तिनसे प्रबल न धीर ।।३९
हल मुसलायुध सारिखे, भद्रभाव नहि भूप ।
नहि धनुषायुध सारिखे, केलि कुतूहल रूप ।।४०
नाहि त्रिशूलायुध जिसै, और न भयंकर कोइ ।
नहिं पुष्पायुध सारिखे, महा मनोहर होइ ।।४१
धर्मायुध से धर्मधर, सर्वोत्तम सब नाथ ।
और न जानो लोक में, सकल जिनों के साथ ।।४२
नहि व्यभिचारी सारिखा, पापाचारी और ।
नाहि ब्रह्मचारी समा, आचारी सिरमौर ।।४३
मायासी कुलटा नहीं, लगी जगत के संग ।
विरचे क्षण में पापिनी, परकीया बहु रंग ।।४४
नहि चिद्रूपा सिद्धि सी, सुकिया जगत मझार ।
नहि नायक चिद्रूप सो, आनन्दो अविकार ।।४५
न्यारी होय न चेतना, है चेतन को रूप ।
रामरूप सी नहि रमा, रामस्वरूप अनूप ।।४६

कनक कामिनी रागतें, लखी जाय नहिं सोइ।
संयम शील स्वभावतें, ताको दरसन होइ ॥४७
सील ओपमा बहुत है, कहै कहांलौ कोय।
जानें श्री जिनराज जु, शीलशिरोमणि सोय ॥४८
दौलति और न ऋद्धि सी, ऋद्धि न बुद्धि समान।
बुद्धि न केवल सिद्धि सी, इह निश्चय परवान ॥४९

इति शील-उपमा वर्णन

## अथ शील स्वरूप निरूपण

कह्यौ दोय विध शीलव्रत, निश्चय अर व्यवहार।
सो धारो उर में सुधी, त्यागौ सकल विकार ॥५०
निश्चय परम समाधितें, खिसवौं नाहिं कदाचि।
लखिवौ आतमभाव को, रहियौ निज में राचि ॥५१
निज परिणति परगट जहां, पर परिणति परिहार।
निश्चय शील-निधान जो, वर्जित सकल विकार ॥५२
पर परिणति जे परिणमें, ते व्यभिचारी जानि।
मानि ब्रह्मचारी तिके, लेहि ब्रह्म पहिचान ॥५३
परम शुद्ध परिणति विषै, मगन रहै धरि ध्यान।
पावें निश्चय शील को, भावें आतमज्ञान ॥५४
निज परिणति निज चेतना, ज्ञान सरूपा होइ।
दरसन रूपा परम जो, चारितरूपा सोइ ॥५५
जड़रूपा जगबुद्धि जो, आपापर न लखेह।
पर परिणति सो जानिए, तन-धन मांहि फसेह ॥५६
पर परिणति के मूल ए, राग दोष मद मोह।
काम क्रोध छल लाभ खल, परनिंदा परद्रोह ॥५७
दंभ प्रपंच मिथ्यात मल, पाखंडादि अनंत।
इन करि जीव अनादि के, भव-भव में भटकंत ॥५८
जौ लग मिथ्या परिणती, सठजन के परकास।
तौ लग सम्यक् परिणती, होय न ब्रह्म-विकास ॥५९

## जोगीरासा

तजि व्यभिचारी भाव, सबै ही भए ब्रह्मचारी जे।
ते शिवपुर में जाय विरजे, भव्यनि भव तारीजे ॥६०
व्यभिचारी जे पापाचारी, ते भरमें भव-भवमें।
पर परिणति सों रचिया जौलों, तौलों जाय न शिव में ॥६१

जग में जड़ अनुरागे, लागे नाहीं निज में ।
कर्म कर्मफल रूप होय के, परे भंवर भ्रम रज में ॥६२
ज्ञान चेतना लखी न अबलों, तत्त्वस्वरूपा शुद्धा ।
जामें कर्म न भर्मकलपना, भाव न एक अशुद्धा ॥६३
मिथ्या परणति त्यागे कोई, सम्यक्दृष्टी होई ।
अनुभव रस में भीगे जोई, शीलवन्त है सोई ॥६४
निश्चय शील बखान्यूं एई, अचल अखण्ड प्रभावा ।
परम समाधि मई निजभावा, जहां न एक विभावा ॥६५

**छन्द चाल**

अब सुनि व्यवहार सुशीला, धारन में करहु न ढीला ।
दृढ़ व्रत आखड़ी धरिवौ, नारिको संग न करिवौ ॥६६
नारी है नरक प्रतोली, नारिन में कुमति अतोली ।
ए महा मोह की टोली, सेवें जिनकी मति भोली ॥६७
नारी जग-जन-मन चोरै, नारी भवजल में बोरै ।
भव भव दुखदायक जानों, नारी सों प्रीति न ठानों ॥६८
त्यागें नारी को संगा, नहिं करें शीलव्रत भंगा ।
ते पावें मुक्ति निवासा, कवहु न करें भव-वासा ॥६९
इह मदन महा दुखदाई, याकूं जीतें मुनिराई ।
मुनिराय महा बलवन्ता, मनजीत मानजित सन्ता ॥७०
शीलहि सुरपति सिर नावे, शीलहिं शिवपुर जति जावे ।
साधू हैं शील सरूपा, यह शील सुव्रत्त अनूपा ॥७१
मुनि के कछुहू न विकारा, मन वच तन सर्व प्रकारा ।
चितवौ व्रत चेतन माहीं, नारी को सपरस नाहीं ॥७२
गृहपति के कछुक विकारा, तातें ए अणुव्रत धारा ।
परदारा कबहुं न सेवें, परधन, कबहुं नहिं लेवें ॥७३
जेती जग में परनारी, बेटी बहनी महतारी ।
इह भांति गिनै जो भाई, सो श्रावक शुद्ध कहाई ॥७४
निजदारा पर सन्तोषा नांहि, काम राग अति पोषा ।
विरकत भावे कोउ समये, सेवें निज नारी कम ये ॥७५
दिनको न करे ए कामा, रात्री कबहुक परिणामा ।
मैथुन के समये मवना, नहिं राव करे रति रमना ॥७६
परवी-सव हो प्रति पाले, व्रत शील धारि अघ टाले ।
अष्टान्हिक तीनों धारे, भादव के मास हु सारे ॥७७
ये दिवस धर्म के मूला, इनमें मैथुन अघ थूला ।
अवर हु जे व्रत के दिवसा, पाले इन्द्रिनि के न वसा ॥७८

अपने अर तियके व्रता, सबही पाले निरवृत्ता।
या विधि जिन नारी सेवै, पर मनमें ऐसें वेवै ॥७९
कब तजि हों काम-विकारा, इह कर्म महा दुख-भारा।
यामें हिंसा बहु होवे, या कर्म करें शुभ खोवै ॥८०
जैसे नाली तिल भरिये, रंचहु खाली नहिं धरिये।
तातौ कोलौ ता माहे, लोहे को संसे नाहे ॥८१
धालें तिल भस्म जु होई, यह परतछि देखौ कोई।
तैसे ही लिंग करि जीवा, नासें भग माहिं अतीवा ॥८२
तातें यह मैथुन निंद्या, याकों त्यागें जगवंद्या।
धन धन्य भाग जाकौ है, जो मैथुनतें जु बच्यौ है ॥८३
जो बाल ब्रह्मव्रत धारें, आजनम न मैथुन कारें।
तिनके चरणनि की भक्ती, दे भव्य जीवकूं मुक्ती ॥८४
हमहू ऐसे कब होहैं, तजि नारी व्रत करि सोहैं।
या मैथुन में न भलाई, परतछ दीखे अघ भाई ॥८५
अपनीहू नारी त्यागे, जब जिनवर के मत लागे।
यह देहहु अपनी नाहीं, चेतन बैठो जा माहीं ॥८६
तो नारी कैसे अपनी, यह गुरु आज्ञा उर खपनी।
या विधि चितवे मन माहीं, कब घर तजि वनकूं जाहीं ॥८७
जबलों बलवान जु मोहा, तबलों इह मनमथ द्रोहा।
छांड़े नहिं हमसों पापी, तातें ब्याही त्रिय थापी ॥८८
जबलों बलवान जु होहै, मारे मनमथ अर मोहै।
असमर्था नारी राखे, समरथ आतम-रस चाखें ॥८९
यह भावन नित भावंतो, घर माहिं उदास रहंतौ।
जैसें पर-घर पाहुणियो, तैसें ये श्रावक गिणियो ॥९०
वह तो घर पहुंचो चाहे, यह शिवपुर कों जो उमाहे।
अति भाव उदासी जाको, निज चेतन में चित ताको ॥९१
छांड़े सब राग रु दोषा, धारै सामायिक पोषा।
कबहू न रक्त घरमें, ह्वै नगन त्रियासों न रमें ॥९२
मुख आदि विकारा जे हैं, छांड़े नर ज्ञानी ते हैं।
इह त्रिय-सेवन विधि भाखी, विन पाणिग्रह नहिं राखी ॥९३
श्रावक व्रतधरि सुरपति ह्वै, सुरपति तें चय नरपति ह्वै।
पुनि मुनि ह्वै पावै मुक्ती, इह शील प्रभाव सु जुक्ती ॥९४
नहिं शील सारिखो कोई, दे सुरपुर शिवपुर होई।
जे बाल ब्रह्मचारी हैं, सम्यग्दर्शन धारी हैं ॥९५
तिनके सम है नहिं दूजा, पावें त्रिभुवन करि पूजा।
जे जीव कुशीले पापा, पावैं भव-भव संतापा ॥९६

व्यभिचारी तुल्य न होई, अपराधी जग में कोई।
ह्वै नरक निगोद निवासा, पापनि का अति दुख भासा ॥९७
जेते जु अनाचारा हैं, व्यभिचार पिछै सारा हैं।
त्यागौ भविजन व्यभिचारा, पालौ श्रावक आचारा ॥९८

## दोहा

मुख्य बारता यह भया, बाल ब्रह्मव्रत लेय।
जो यह व्रत धार न सके, तौ इक ब्याह करेय ॥९९
दूजी नारी न जोग्य है, व्रतधारनि को वीर।
भोग समान न रोग है, इह धारै उर धीर ॥२००
जो अभिलाषा बहुत है, विषय-भोग की जाहि।
तौ विवाह औरहु करै, नहिं परदारा चाहि ॥१
परदारा सम पाप नहिं, तीन लोक में और।
जे सेवे परनारि को, लहैं नरक में ठौर ॥२
नरक मांहि बहु काल लों, दुख देवें अधिकाय।
वज्रागनि पुतलीनिसों तिनको अंग तपाय ॥३
जरि जरि तिनकी देह जो, जैसे को तैसो हि।
रहै सागरावधि तहां, दुःख सहंता सोहि ॥४
कहिवे में आवें नहीं, नरकवास के कष्ट।
ते पावें पापी महा, परदारा तें दुष्ट ॥५
नारक के बहु कष्ट लहि, खोटै नर तिर होय।
जन्म-जन्म दुरगति लहैं, दुख देखैं अघ सोय ॥६
अर याही भव में सठा, अपजस दुःख लहेय।
राजदण्ड परचण्ड अति, पावें पर-तिय सेय ॥७

## बेसरी छन्द

जग में धन बल्लभ है भाई, धनहूतें जीतव अधिकाई।
जीतवतें लज्जा है वल्लभ, लज्जातें नारी नर दुल्लभ ॥८
जे पापी परदारा सेवें, ते बहुतनि की लज्जा लेवें।
वैर बढ़ै जु बहु सेती वीरा, परदारा सेवें नहिं धीरा ॥९
धन जीतव लज्जा जस माना, सर्व जाय या करि व्रत ज्ञाना।
कुलकों लागै बड़ो कलंका, या अवकों निंदे अकलंका ॥१०
पर-नारी रत पापनि कों, जे दस वेगा उपजें मनसों जे।
चिन्ता अर देखन अभिलाषा, पुनि निसास नाखन भय भाषा ॥११
काम-ज्वर होवै परकासा, उपजै दाह महादुख भासा।
भोजन की रुचि रहै न कोई, बहुरि महामूरछा होई ॥१२

तथा होय सो अति उनमन्ता, अंध महा अविवेक प्रभन्ता।
जानौं प्राण रहन को संसै, अथवा छूटै प्राण निसंसै ॥१३
कहे वेग ए दश दुखदाई, व्यभचारी के उपजें भाई।
कौ लग वर्णन कीजे मित्रा, परदारा सेवें न पवित्रा ॥१४
इही पाप है मेरु समाना, और पाप है सरस्यूँ दाना।
याके तुल्य कुकर्म न कोई, सर्व दोष मूल जु सोई ॥१५
नर ते ही पर-दारा त्यागें, नारी जे पर पुरुष न लागें।
सर्वोत्तम वह नारि जु भाई, ब्रह्मचर्य्य आजन्म धराई ॥१६
व्याह करै नहिं जो गुणवन्ती, विषय-भाव त्यागै गुणवन्ती।
ब्राह्मी सुन्दरि ऋषभ-सुता जे, रहित विकार सुधर्म-रता जे ॥१७
चेटक पुत्री चंदनबाला, ब्रह्मचारिणी व्रत्त विशाला।
बहुरि अनन्तमती अति शुद्धा, वणिक-सुता व्रत शील प्रबुद्धा ॥१८
इत्यादिक की रीति चितारै, निरमल, निरदूषण व्रत पारै।
महा सती जाके न विकारा, विषयनि ऊपरि भाव न डारा ॥१९
आतम तत्त्व लख्यौ निरवेदा, काम कल्पना सबै निषेदा।
पुरुष लखै सहु सुत अरु भाई; पिता समाना रंच न काई ॥२०
धारै बाल ब्रह्मव्रत शुद्धा, गुरु प्रसाद भई प्रति बुद्धा।
ऐसी समरथ नाहीं पावै, तो पतिव्रत वृत्त धरावै ॥२१
मात पिता की आज्ञा लेती, एक पुरुष धारै विधि सेती।
पाणिग्रहण कर सो कुलवन्ती, पतिकी सेव करै गुणवन्ती ॥२२
और पुरुष सहु पिता समाना, कै भाई पुत्रा करि माना।
मेघेश्वर राजा की राणी, तथा राम की राणी जाणी ॥२३
श्रीपाल भूपति की नारी, इत्यादिक कीरति जु चितारी।
जग सों विरकत भाव प्रवर्तें, औसर पाय सिताव निवर्तें ॥२४
मैथुन को जाने पशुकर्मा, यह उत्तम नारिन को धर्मा।
तजि परिवार जु सम्यकवंती, ह्वै आर्या तप संजमवन्ती ॥२५
ज्ञान विवेक विराग प्रभावै, स्त्रीपद छांड़ि स्वर्गपुर आवै।
सुरग माँहि उतकिष्टा सुर ह्वै, बहुत काल सुख लहि पुनि नर ह्वै ॥२६
धारै महाव्रत निज ध्यावै, कर्म काटि शिवपुर को जावै।
शिवपुर सिद्धक्षेत्रकूं कहिये, और न दूजौ शिवपुर लहिये ॥२७
शिव है नाम सिद्ध भगवन्ता, अष्टकर्म-हर देव अनन्ता।
भुक्ति मुक्तिदायक इह शीला, या धरवे में ना कर ढीला ॥२८
शील सुधारस पान करै जो, अजरामर पद कोय धरे जो।
शील बिना नारी धिग जन्मा, जन्म-जन्म पावे हि कुजन्मा ॥२९
रानी राव जशोधर केरी, शील बिना आपद बहुतेरी।
लही नरक में तातें त्यागौ, कदै कुशीलपंथ मति लागौ ॥३०

शील समान न धर्म जु होई, नाहिं कुशील समौ अघ कोई।
जे नर नारि शीलव्रत धारे, ते निश्चय परब्रह्म निहारें ॥३१
त्यागे दशों दोष व्रतवन्ता, ते सुनि एकचित्त करि सता।
अञ्जन मञ्जन बहु सिंगारा, करना नहीं व्रतिनकों भारा ॥३२
तजिवो तिनको अशन गरिष्ठा, अर तजिवौ संसर्ग सपष्टा।
नरकों नारीकों संसर्गा, नारिन को उचित न नरवर्गा ॥३३
ह्वै संसर्ग थकी जु विकारा, अर तजिवौ तौर्यत्रिक सारा।
तौर्यत्रिक को अर्थ जु भाई गीत नृत्य बाजित्र बजाई ॥३४
मुनि को इनतें कछुहु न कामा, श्रावक के पूजा विश्रामा।
करे जिनेश्वर पद की पूजा, जिन प्रतिमा बिन और न दूजा ॥३५
अष्टद्रव्य से पूजा करई, तहाँ गीत वादित्र जु धरई।
नृत्य करै प्रभु जी के आगे, जिनगुन में भविजन मन लागै ॥३६
और न सिंगारादिक गावै, केवल जिनपद सों उर लावै।
नारी-विषयनि को संकलपा, तजिवौ बुध को सर्व विकलपा ॥३७
अंग-उपंग निरखनों नाहीं, जो निरखै तो दोष धराही।
सतकारादिक नारी जनसों, करनों नाहीं मन-वच-तनसो ॥३८
पूरब भोग-विलास न चितवौ, अर आगामी बांछा हरिवौ।
सुपनें हूँ नहि मनमथ कर्मा, ए दश दोष तजें व्रत धर्मा ॥३९
व्रत नहि शील बराबर कोई, जिनशासन की आज्ञा होई।
.... .... .... .... .... .... .... .... .... .... .... .... ॥४०

### उक्तंच श्री ज्ञानार्णवमध्ये

आद्यं शरीरसंस्कारो द्वितीयं वृष्यसेवनम्।
तौर्यत्रिकं तृतीयं स्यात्संसर्गस्तुर्यमिष्यते ॥१
योषिद्विषसंकल्पं पंचमं परिकीर्तितम्।
तदंगवीक्षणं षष्ठं सत्कारः सप्तमो मतः ॥२
पूर्वानुभूतसंभोगः स्मरणं स्यात्तदष्टमम्।
नवमे भावनी चिन्ता दशमे वस्तिमोक्षणम् ॥३

### कवित्त

तिय-थल-वासि प्रेम रुचि निरखन, देखि रीझ भाषत मधु बैन,
पूरब भोग केलिरस चितवन, गुरु व अहार लेत चित चैन।
करि सुचि तन सिंगार बनावत, तिय परजंक मध्य सुख सैन,
मनमथ कथा उदर भरि भोजन, ए नव वाड़ि जानि मत जैन ॥४१

### दोहा

अतीचार सुनि पाँच अब, सुनि करि तजि वर वीर।
जब चौथो व्रत शुद्ध ह्वै, इह भाषें मुनि धीर ॥४२

ब्याह सगाई पारको, किरिया अव्रत पोष ।
शीलवन्त नर नहिं करै, जिन त्यागे सहु दोष ॥४३
इत्वरिका कुलटा त्रिया, ताकी है द्वै जाति ।
परिग्रहीता एक है, जाके सामिल खाति ॥४४
अपरिग्रहीता दूसरी जाके, स्वामि न कोय ।
ए इत्वरिका द्वै बिधा, पर पुरुषा-रत होय ॥४५
जिन सों रहनों दूर अति, तिनकों संग तजेय ।
तिन सों संभाषण नहीं, तबै जनम सुधरेय ॥४६
गमन करै नहि वा तरफ, विचरै तहाँ न नारि ।
डारि नारि को नेह नर, धरै व्रत्त अघ टारि ॥४७
तजि अनंग क्रीड़ा सबै, क्रीड़ा अघ की एहि ।
मदन मारि मन जीति कर, ब्रह्मचर्य व्रत लेहि ॥४८
निज नारी हूतें सुधी, करै न अधिकी प्रीति ।
भाव तीव्र नहिं काम के, धरै धर्म की रीति ॥४९
कहै अतिक्रम पंच ए, इनमें भला न कोय ।
ए सब ही तजि या थका, शील निर्मला होय ॥५०
नीलो सेठ-सुता शुभा शील व्रत परसाद ।
देवनि करि पूजा लही, दूरि भयो अपवाद ॥५१
शील प्रभावै जय-प्रिया, शुभ सुलोचना नारि ।
लही प्रशंसा सुरनि करि, सम्यग्दर्शन धारि ॥५२
शील-प्रसादै राम की, जनकसुता शुभ भाव ।
पूज्य सुरासुर नरनि करि, भये जगत की नाव ॥५३
सेठ विजय अर सेठनी, विजया शील प्रसाद ।
भई प्रशंसा मुनिन करि, भये रहित परमाद ॥५४
शुक्ल पक्ष अर कृष्ण पक्ष, धारि शील व्रत तेहि ।
तीन लोक पूजित भये, जिन आज्ञा उर लेहि ॥५५
सेठ सुदर्शन आदि बहु, सीझे शील-प्रताप ।
नमस्कार या व्रत्त कों, जो मेटै भव-ताप ॥५६
जे सीझे ते शील करि, और न मारग कोय ।
जनम जरा मरणादि को, नाशक यह व्रत होय ॥५७
धरि कुशील बहु पापिया, बड़े नरक मँझार ।
तिनकों को निरणय करै, कहत न आवै पार ॥५८
रावण खोटे भाव धरि, गये अधोगति माँहि ।
धवल सेठ नरकें गयो, यामें संशय नाहिं ॥५९
कोटपाल जमदंड शठ, करि कुशील अति पाप ।
गयो नरक की भूमि में, लहि राजातें ताप ॥६०

बहुरि हुतौ जमदंड इक, कोटपाल गुणवन्त ।
नीति धर्म परभाव तें, पायौं जस जयवन्त ॥६१
सर्व गुणां हैं शील में, अरु कुशील में दोष ।
नाहि कुशील समान कोउ, और पाप को पोष ॥६२
इन दोउनि के गुण अगुण, कहत न आवै थाह ।
जाने श्री जिनराय जू, केवल रूप अथाह ॥६३
महिमा शील महंत को, कहैं महा गणधार ।
भाषै श्री जिन भारती, रटै साधु भव तार ॥६४
सरवारथसिधि के महा, अहमिन्द्रा परवीन ।
गावें गुण व्रत शील के, जे अनुभव रसलीन ॥६५
करें कांति इन्द्रादि का, जपें सुजस जोगीन्द्र ।
लौकान्तिक वरणन करें, रटें नरिन्द्र फणीन्द्र ॥६६
चन्द्र सूर सुर असुर खग, महिमा शील करैय ।
सूरि सन्त अध्यापका, मन वच काय धरेय ॥६७
हम से अलपमती कहो, कैसें गुण वरणेह ।
नमों नमों व्रत शील कों, रहैं ऋषि शरणेह ॥६८
दया सत्य अस्तेय अर, शीलै करि परणाम ।
भाषों पंचम व्रत्त जो, परिग्रह त्याग सुनाम ॥६९

इति चतुर्थ व्रत निरूपण ।

इन चारनि विन ना हुवै, परिग्रह के परिहार ।
परिग्रह के परिहार बिन, नहिं पावे भव-पार ॥७०
मुनिकों सर्वहि त्यागवौ, अतंर बाहिज-संग ।
धर्म अकिंचन धारिवौं, करिवौ तृष्णा-भंग ॥७१
अपने आतमभाव विनु, जो पररूपा वस्त ।
सो परिग्रह भाषौ सुधी, ताको त्याग प्रशस्त ॥७२
सर्व भेद चउबीस हैं, चउदस अर दस भेलि ।
अंतर बाहिज संग ये, दुरगति फलकी बेलि ॥७३
परिग्रह द्वै विध त्यागिय, तब लहिये निज भाव ।
ब्रह्मज्ञान के शत्रु ये, नरक निगोद उपाय ॥७४
अंतरंग परिग्रह तनें, भेद चतुर्दश जान ।
मिथ्यात्वादिक जो सबै, जिन आज्ञा उर आन ॥७५
राग द्वेष मिथ्यात अर, चउ कषाय क्रोधादि ।
षट हास्यादिक वेद पुनि, चउदस भेद अनादि ॥७६
राग कहावै प्रीति अरु, द्वेष होइ अप्रीति ।
राग दोष तज भव्य जन, धरै धर्म की रीति ॥७७

जहां तत्त्व श्रद्धा नहीं, सो मिथ्यात कहाय ।
जड़ चेतन को ज्ञान नहीं, भर्मरूप दरसाय ॥७८
क्रोध मान चउ लोभ ये, चउ-कषाय बलवन्त ।
हतिये ज्ञान सुबानतें, लहिये भाव अनन्त ॥७९
हास्य अरति अरु शोक भय, बहुरि ग्लानि बखान ।
तजिये षट हास्यादि का, मोह प्रकृति दुखदानि ॥८०
वेद भेद हैं तीन पुनि, पुरुष नपुंसक नारि ।
चेतन तें न्यारे लखौ, जिनवानी उर धारि ॥८१
एक समय इक जीव के, उदय होय इक वेद ।
तातें गनिये वेद इक, यह गावें निरवेद ॥८२
संख असंख अनन्त हैं, इनि चउदह के भेद ।
अन्तरंग ये संग तजि, करिये कर्म विछेद ॥८३
अन्तर संग तजे विना, होइ न सम्यक् ज्ञान ।
विना ज्ञान लोभ न मिटै, इह भाषें भगवान ॥८४
अब सुनि बाहर संग जे, दसधा हैं दुखदाय ।
मुनिनें त्यागे सर्वही, दीये दोष उड़ाय ॥८५
क्षेत्र वास्तु चौपद द्विपद, धान्य द्रव्य कुप्यादि ।
भाजन आसन सेज ये, दस परकार अनादि ॥८६
तजें संग चउबीस सहु, भजें नाथ चउबीस ।
सजें साज शिवलोक कों, सबमें बड़े मुनीस ॥८७
मूर्च्छा ममता सहु तजी, तृष्णा दई उड़ाय ।
नगन दिगम्बर भव तिरें, धरें न बहुरी काय ॥८८
श्रावक के ममता अलप, बहु तृष्णाकों त्याग ।
राग नहीं पर द्रव्य सों, एक धर्म को राग ॥८९
धरम हेत खरचै दरव, गर्व नाहिं मन माहिं ।
सर्व जीवसों मित्रता, दुराचारता नाहिं ॥९०
जीव दया के कारणों, तजो बहुत आरम्भ ।
परिग्रह को परिमाण करि, तजौ सकल ही दम्भ ॥९१
लोभ लहरि मेटी जिनौ, धरियो धर्म संतोष ।
ते श्रावक निरदोष हैं, नहीं पाप को पोष ॥९२
क्षेत्र आदि दस संग को, कियौ तिने परिमाण ।
राख्यौ परिग्रह अलप ही, तिन सम और न जाण ॥९३
कह्यौ परिग्रह दसविधा, बहिरंगा जे वीर ।
तिनके भेद सुनूं भया, भाखे मुनिवर धीर ॥९४

**चौपाई**

क्षेत्र परिग्रह खेत बखान, जहाँ ऊपजे धान्य निधान।
वास्तु कहावें रहवा तना, मन्दिर हाट नोहरा बना ॥९५
हस्ती घोटक ऊँट रु आदि, गाय बलध महिषी इत्यादि।
होय राखणों जो तिरजंच, चौपद परिग्रह जानि प्रपंच ॥९६
द्विपद परिग्रह दासी दास, पुत्र कलत्रादिक परकास।
धान्य कहावे गेहूँ आदि, जीवन जनको अन्न अनादि ॥९७
धन कनकादिक सबही धात, चिन्तामणि आदिक मणि जात।
चौवा चन्दन अगर सुगन्ध, अतर अगरजा आदि प्रबन्ध ॥९८
तेल फुलेल घृतादिक जेह, बहुरि वस्त्र सब भाँति कहेह।
ये सब कुप्य परिग्रह कहे, संसारी जीवनिने गहे ॥९९
भाजन नाम जु बासन होय, धातु पषाणा काठके कोय।
माटी आदि कहाँ लग कहैं, साधन भाजन ए कहु गहें ॥३००
आसन बैसनके बहु जान, सिंघासन प्रमुखा परवान।
गद्दी गिलम आदि जेतेक, त्यागी परिग्रह धारि विवेक ॥१
सज्या नाम सेजको कह्यौ, भूमि-शयन मुनिराजनि गह्यौ।
ए दसधा परिग्रह द्वय रूप, कैइक जड़ कैइक चिद्रूप ॥२
द्विपद चतुष्पद आदि सजीव, रतन धातु वस्त्रादि अजीव।
अपने आतमतें सब भिन्न, परिग्रहतें ह्वै खेद जु खिन्न ॥३
हैं परिग्रह चिन्ताके धाम, इनको त्याग लहैं शिवठाम।
जिनवर चक्री हलधर धीर, कामदेव आदिक वर बीर ॥४
तजि परिग्रह धारें मुनिरूप, मुनिसम और न धर्म अनूप।
मुनि होवे की शक्ति न होय, श्रावक व्रत धारै नर सोय ॥५
करै परिग्रहको परमाण, त्यागै तृष्णा सोहि सुजाण।
इह परिग्रह अति दुखको मूल, है सुखते अतिही प्रतिकूल ॥६
जैसे बेगारी सिर भार, तैसे यह परिग्रह अधिकार।
जेतौ थोरौ तेतौ चैन, यह आज्ञा गावैं जिन बैन ॥७
तातें अल्पारम्भी होय, अल्प परिग्रह धारे सोय।
ताहूको नित त्यागौ चहै, मन माहीं अति विरकत रहै ॥८
जैसे राहु केतु करि कान्ति, रवि शशिकी ह्वै और हि भाँति।
तैसें परणति होय मलीन, आतमकी परिग्रह करि दीन ॥९
ध्यान न उपजे या करि कबै, याहि तजें पावैं शिव तबै।
समताको यह वैरी होय, मित्र अधीरपनाको सोय ॥१०
मोह तनों विश्राम निवास, यातें भविजन रहहि उदास।
नासे सुखकों सुभतें दूर, असुभ भावतें है परिपूरि ॥११

खानि पाप की दुख की रासि, रह्यौ आपदा को पद भासि।
.... ... .... .... .... .... .... .... .... .... .... .... .... ॥
आरति रुद्र प्रकाशइ अंग, धर्म ध्यान का धरइ न संग।
गुण अनन्त धन धारयां चहै, सो परिग्रह तैं दूरहि रहै ॥१२

**दोहा**

लोला बनि दुरध्यान को, बहु आरम्भ सरूप।
आकुलता की निधि महा, संशय रूप विरूप ॥१३
मद का मंत्री काम घर, हेतु शोक को सोई।
कलह तनों क्रीड़ा ग्रह, जनक वैर को होय ॥१४
धन्य घरी वह होयगी, जब तजियेगो संग।
यामें बड़पन नाहिं कछु, महादोष को अंग ॥१५
हिंसादिक अपराध का, कारण मूल बखानि।
जनम जनम में जीव को, दुखदाई सो जानि ॥१६
धिग धिग द्विविधा संग को, जो रोके शिव-संग।
चहुँ गति माहिं भ्रमाय करि, करै सदा सुख भंग ॥१७
जो यामें बड़पन गिनै, सो मूरख मति-हीन।
परिग्रहवान समान नहिं, और जगत में दीन ॥१८
धन्य धन्य धरमज्ञ जे, याकूं तुच्छ गिनेय।
माया ममता मूरछा, सर्वारम्भ तजेय ॥१९
यही भावना भाव तो, भविजन रहै उदास।
मन में मुनिव्रत की लगन, सो श्रावक जिनदास ॥२०
बहुरि विचारै सो सुधी, अगनि धरै गुण शीत।
जो कदापि तौहु न कबै, परिग्रहवान अभीत ॥२१
काल कूट जो अमृता, होइ दैव संयोग।
नहिं तथापि सुख होय ये, इन्द्रिन के रस भोग ॥२२
विषयनि में जे राचिया, ते रुलिहै भव-माहिं।
सुख है आतम-ज्ञान में, विषय माहिं सुख नाहिं ॥२३
थिर ह्वै तड़ित प्रकाश जो, तौहु देह थिर नाहिं।
देह नेह करिवो वृथा, यह चितवै मन माहिं ॥२४
इन्द्रजाल जो सत्य ह्वै, दैव जोग परवान।
तौ पनि संसारी जना, नाहिं कदे सुखवान ॥२५
चहुँ गति में नहिं रम्यता, रम्य आतमाराम।
जाके अनुभव तें महा, है पंचमगति धाम ॥२६
इह विचार जाके भयौ, देहहु अपनी नाहिं।
सो कैसे परपंच करि, बढ़ै परिग्रह माहिं ॥२७

## सवैया तेईसा

हय गय पायक आदि परिग्रह, पुण्य उदै गृह होय विभौ अति ।
पाय विभौ पुनि मोहित होत, सरूप विसारि करें परसों रति ॥
नारहि पोषण काज, रच्यौ बहु आरम्भ बाँधत दुर्गति ।
ज्ञानि कहै हमकूं कबहूं मन, राम वहै पुनि देहहु द्यो मति ॥२८
नाहिं संतोष समान जु आन है, श्रीभगवान प्रधान सुधर्मा ।
है सुखरूप अनूप इहै गुण, कारण ज्ञान हरैं सब कर्मा ॥
पापनिको यह बाप जुलोभ, करै अतिक्षोभ करै अति मर्मा ।
धारि संतोष लहै गुणकाष, तजै सब दोष लहै निज-मर्मा ॥२९
रंक सबै जग राव रिषीसुर, जो हि धरैं शुभ शील संतोषा ।
सो हि लहै निज आतम भेद, करै अघ छेद हरें दुख दोषा ॥
श्रावक धन्य तजे सहु अन्य, हुए जु अनन्य गहै गुण कोषा ।
काम न मोह न लोभ न लेश, गहै नहिं मान दहै रति रोषा ॥३०
लोभ समान न औगुण आन, नहीं चुगली सम पाप अरूपा ।
सत्य हि बैन कहै मुखतें सुभ, तो सम व्रत न तथ्य निरूपा ॥
पावन चित्त समान न तीरथ, आतम तुल्य न देव अनूपा ।
सज्जनता सम और कहा गुण, भूषन और न कीरति रूपा ॥३१
ब्रह्म सुज्ञान समान कहा धन, औजस तुल्य न मृत्यु कहाई ।
देवनिको गुरु देव दयानिधि, ता सम कोई न है सुखदाई ॥
रोष समान न दोष कहैं वुध, मोक्ष समान न आनन्द भाई ।
तोष समान न कारण मोक्ष, कहें भगवन्त कृपा उर लाई ॥३२
अंग प्रसंग भये बहु संग, तिनौ महिं नाहि अभंग जु कोई ।
शुद्ध निजातम भाव अखंडित, ता महिं चित्त धरै बुध सोई ।
बँध-विदारण, दोष-निवारण, लोक-उधारण और न होई ।
जा सम कोई न जान महामति, टारइ राग विरोध जु दोई ॥३३

## दोहा

धन्य-धन्य श्रावक व्रती, जो समकित धर धीर ।
तन धन आतम भावतें न्यारे देखै वीर ॥३४
तन धनको अनुराग नहि, एक धर्म को राग ।
संतोषी समता धरा, करै लोभ को त्याग ॥३५
मोह तनी ग्यारह प्रकृति शांत होय जब वीर ।
तब धारै श्रावक व्रता, तृष्णा वर्जित धीर ॥३६
तोन मिथ्यात कषाय बसु, ये ग्यारह परवान ।
पंचम ठानें श्रावका, इनतें रहित सुजान ॥३७
गई चौकरी द्वय प्रबल, जे दुरगति दुखदाय ।
रह्यो चौकरी द्वय अबै, तिनको नाश उपाय ॥३८

चितवै मनमें सासतो, है जौलग अवसाय।
तौलग तीजी चौकरी उदै धरै रहवाय ॥३९

अल्प परिग्रह धारई, जाके अल्पारम्भ। अवसर पाय सिताब ही, त्यागै सर्वारम्भ ॥४०
मुनिव्रतके परसाद शिव, ह्वै अथवा अहमिन्द्र। श्रावकवरत प्रभावतें, सुरह्वै तथा सुरिन्द्र ॥४१
परिग्रहको परमाण करि, जयकुमार गुणधार। सुर-नर कर पूजित भयौ, लह्यौ भवोदधि पार ॥४२
परिग्रहकी तृष्णा करे, लुबधदत्त गुणवीत। गयौ दुरगती दुख लहे ज्यों समश्रु नवनीत ॥४३
करै जु संख्या संगकी, हरै देहतें नेह। अति न भ्रमावै नर पसू, गिनै आप सम तेह ॥४४

बोझ बहुत नहिं लादिबौ, करनों बहुत न लोभ।
अति संग्रह तजिवौ सदा, करनों बहुत न क्षोभ ॥४५

अति विस्मय नहिं धारिवौ, रहनों निःसन्देह। झूठी माया जगतकी, अचिरज नाहिं गनेह ॥४६

परिग्रह संख्या वरत के, अतीचार हैं पंच।
तिनकूं त्यागें जे व्रती, तिनके पाप न रंच ॥४७
क्षेत्र वास्तु संख्या करी, ताको करै उलंघ।
अतीचार है प्रथम यह, भाषै चउविधि संघ ॥४८
काहु प्रकारै भूलि करि, जोहि उलंघे नेक।
अतीचार ताकों लगै, भाषैं पंडित एम ॥४९
द्विपद चतुष्पद संग को, करि प्रमाण जो वीर।
अभिलाषा अधिको धरे, सो न लहै भव-तीर ॥५०
अतीचार दूजौ इहै, सुनि तीजो अघरास।
धन धान्यादिक वस्तु को, करि प्रमाण गुरु पास ॥५१
चित संकोचि सकै नहीं, मन दौरावे मूढ़।
सो न लहै व्रत शुद्धता, होय न ध्यानारूढ ॥५२
हम राख्यौ परिग्रह अलप, सरै न एते माहि।
ऐसे बिकलप जो करै, वर्त्तमान सो नाहि ॥५३
कुप्य भांड परिग्रह तनौं, करि प्रमाण तन धारि।
चित्त चाहि मेटै नहीं, सो चौथो अतिचार ॥५४
शयन नाम सेज्या तनों, आसन द्वय विधि होय।
थिर आसन चर आसना, करै प्रमाण जु कोय ॥५५
पुनि अधिको अभिलाष धरि, लावे व्रत में दोष।
अतीचार सो पांचमो, रोकै मारग मोष ॥५६
थिर आसन सिंहासनों, ताहि आदि बहु जानि।
त्यागै चक्री मंडलो, जिन आज्ञा उर आनि ॥५७
स्यन्दन कहिये रथ प्रगट, शिविका है सुखपाल।
ए थल के चर आसना, त्यागै भव्य भूपाल ॥५८
बहुरि विमानादिक जिके, चर आसन शुभ रूप।
ते आकाश के जानिये, त्यागें खेचर भूप ॥५९

नाव जिहाजादिक गिनें, चर आसन जल माहिं ।
चर आसन कों पंडिता, यान कहैं सक नाहिं ॥६०
सकल परिग्रह त्यागिवौ, सो मुनि मारग होय ।
किंचित मात्र जु राखिवौ, व्रत श्रावक को सोय ॥६१
व्याधि न तृष्णा सारखी, तृष्णा सी न उपाधि ।
नहिं सन्तोष समान है, कारण परम समाधि ॥६२
तृष्णा करि भव वन भ्रमै, तृष्णा त्यागें सन्त ।
गृह परिग्रह बन्धन गिनैं, ते निर्वाण लहंत ॥६३
व्रत पांचमो इह कह्यो, सम सन्तोष स्वरूप ।
धन्य धन्य ते धीर हैं, त्यागें लोभ विरूप ॥६४
जे सीझे ते लोभ हरि, और न मारग होय ।
मोह प्रकृति में लोभ सो, और न परबल कोय ॥६५
सर्व गुणनि को शत्रु है, लोभ नाम बलवन्त ।
ताहि निवारें व्रत्त ए, करें कर्म को अन्त ॥६६
नमस्कार संतोष कों, जाहि प्रशंसं धीर ।
जाको महिमा अगम है, जा सम और न बीर ॥६७
जानैं श्री जिनराय जू, या व्रत के गुण जेह ।
और न पूरन ना लखै, गणधर आदि जिकेह ॥६८
हमसे अलपमती कहां, कैसें कहैं बनाय ।
नमों नमों या व्रत्त कों, जो भव पार कराय ॥६९
सन्तोषी जीवानिकों, बार-बार परणाम ।
जिन पायौ संतोष धन, सर्व सुखनि को धाम ॥७०
नहिं सन्तोष समान गुरु, धन नहिं या सम और ।
निर विकलप नहिं या समा, इह सबको सिरमौर ॥७१

इति पंचम व्रत निरूपण ।

दया सत्य असतेय अर, ब्रह्मचर्य सन्तोष ।
इन पांचनिकों कर प्रणति, छट्ठम व्रत निरदोष ॥७२
भाषों दिसि परिमाण शुभ, लोभ नासिवे काज ।
जीवदयाके कारणों, उर धरि श्री जिनराज ॥७३
द्वादश व्रत में पंच व्रत, सप्त शील परवानि ।
सप्त शील में तीन गुण, चउ शिक्षा व्रत जानि ॥७४
जैसें कोट जु नगरके, रक्षा कारण होय ।
तैसें व्रत रक्षा निमित, शील सप्त ये जोय ॥७५
वरत शील धारें सुधी, ते पावें सुखराशि ।
कहैं व्रत अब शील के, भेद कहां परकाशि ॥७६

पहलो गुणव्रत, गुणमई, छट्ठा व्रत सो जानि ।
दसों दिशा परमाण करि, श्रीजिन आज्ञा मानि ॥७७
तीन गुणव्रत में प्रथम, दिग्व्रत कह्यौ जिनेश ।
ताहि धरे श्रावक व्रती, त्यागें दोष असेस ॥७८
लोभादिक नाशन निमित, परिग्रहको परिमाण ।
कीयौ तैसें ही करौ, दिशि परमाण सुजाण ॥७९

### बेसरी छन्द

पूरव आदि दिशा चउ जानों, ईशानादि विदिशि चउ मानों ।
अध ऊरध मिलि दस दिशि होई, करै प्रमाण व्रती है सोई ॥८०
शीलवान व्रत धारक भाई, जाके दरशनतें अघ जाई ।
या दिशिकों एतोही जाऊँ, आगै कबहुं न पाँव धराऊँ ॥८१
या विधिसों जु दिशाको नेमा, करै सुबुद्धि धरि व्रतसों प्रेमा ।
मरजादा न उलंघै जोई, दिग्व्रत धारक कहिये सोई ॥८२
दसों दिशा की संख्या धारे, जित्ती दूरलौं गमन विचारै ।
आगै गये लाभ ह्वै भारी, तौ पनि जाय न दिग्व्रत धारी ॥८३
संतोषी समभावी होई, धनकूं गिनै धूरि-सम सोई ।
गमनागमन तज्यो बहु जाने, दया धर्म धार्यो उर तानै ॥८४
लगै न हिंसा तिनको अधिकी, त्यागी जिन तृष्णा धन निधिकी ।
कारण हेत चालनो परई, तो प्रमाण माफिक पग धरई ॥८५
मेरु डिगै परि पैंड न एका, जाय सुबुद्धी परम विवेका ।
व्रत करि नाश करै अघ कर्मा, प्रगटै परम सरावक धर्मा ॥८६
बिना प्रतिज्ञा फल नहिं कोई, रहै बात परगट अवलोई ।
अतीचार पाँचों तजि बीरा, छट्ठो व्रत धारौ चित धीरा ॥८७
पहलो ऊरध व्यतिक्रम होई, ताको त्याग करौ श्रुति जोई ।
गिरि परि अथवा मन्दिर ऊपरि, चढनो परई ऊरध भूपरि ॥८८
ऊरध की संख्या ह्वै जेती, ऊँची भूमि चढै बुध तेती ।
आगैं चढिवो कौं जो भावा, अतीचार पहलो सु कहावा ॥८९
दूजो अध-व्यतिक्रम तजि मित्रा, जा तजिये व्रत होइ पवित्रा ।
वापी कूप खानि अर खाई, नीची भूमि माहिं उतराई ॥९०
तौ परमाण उलंघि न उतरौ, अधिको भू उतर्यां व्रत खतरौ ।
अधिक उतरने को जो भावा, अतीचार दूजो सु कहावा ॥९१
तीजो तिर्यग व्यतिक्रम त्यागौ, तब छट्ठे व्रत माहीं लागौ ।
अष्ट दिशा जे दिशि विदिशा हैं, तिरछे गमने माहिं गिना हैं ॥९२
बहुरि सुरंगादिक में जावौ, सोऊ तिरछे गमन गिनावौ ।
चउदिशि चउविदिशा परमाणा, ताको नाहिं उलंघ बखाणा ॥९३

जो अधिक जावेको भावा, अतीचार तीजो सु कहावा।
चौथो क्षेत्रवृद्धि है दूषन, ताको त्याग करें व्रत भूषन ॥९४
जेती दूर जानका नेमा सो स्वक्षेत्र भाषें श्रुति-प्रेमा।
जो स्वक्षेत्रतें बाहिर ठौरा, सो परक्षेत्र कहावे औरा ॥९५
जो परक्षेत्र थकी इह संधा, राखे सठमति हिरदे अंधा।
ह्वातें क्रय विक्रय जो राखै, क्षेत्रवृद्धि दूषण गुरु भाखें ॥९६
पंचम अतीचारको नामा, स्मृत्यंतर भासें श्रीरामा।
ताको अर्थ सुनों मनलाई, करि परमाण भूलि जो जाई ॥९७
जानत और अजानत मूढा, सो नहि होई व्रत आरूढा।
ए पाँचू दोषा जे टारें, ते व्रत निर्मल निश्चल धारें ॥९८
श्री कहिये निजज्ञान विभूती, शुद्ध चेतना निज अनुभूती।
केवल सत्ता शुद्ध स्वभावा, आतमपरिणति-रहित विभावा ॥९९
ता परिणतिसों रमिया जोई, कर्म-रहित श्रीराम जु होई।
तिनकी आज्ञारूप जु धर्मा, धारें ते नाशें सब भर्मा ॥८००
अब सुनि व्रत सातमों भाई, जो दूजो गुणव्रत कहाई।
दिशा तणों कीयौ परिमाणा, तामें देश प्रमाण बखाणा ॥१
देश नगर अर गाँव इत्यादी, अथवा पाटक हाट जु आदी।
पाटक कहिये अर्ध जु ग्रामा, करै प्रमाण व्रती गुण-धामा ॥२
जिन देशनि में धर्म जु नाहीं, जाय नहीं तिन देशनि माहीं।
जब वह बहु देशनितें छूटे, तब यासों अति लोभ जु टूटें ॥३
बहु हिंसा आरंभ निवर्त्या, जीवदया मन माहि प्रवर्त्या।
दिश अरु देशनिको जु प्रमाणा, लोभ नाशने निमित्त बखाना ॥४
जिनवर मुनिवर अर जिन धामा, जिनप्रतिमा अर तीरथ ठामा।
यात्राकाज गमन निरदोष, द्वीप अढाई लौं व्रत पोसा ॥५
अतीचार पाँचों तजि धीरा, जाकरि देश व्रत ह्वै धीरा।
चित पसरन-रोकन के कारन, मन वच तन मरजादा धारन ॥६
कबहूं नाहि उलंघि सु जाई, अर ह्वातें आसा न धराई।
प्रेष्य नाम है सेवक को जी, ताहि पठावौ जो अधिको जी ॥७
वस्तु भेजिवौ लोभ निमित्ता, प्रेष्य प्रयोग दोष है मित्ता।
तातें जेतौ देश जु राख्यौ, भृत्य भेजिवौ ह्वां तक भाख्यौ ॥८
आगें वस्तु पठवौं नाहीं, इह बातें धारै उर माहीं।
दूजो दोष आनयन त्यागें, तब हि व्रत विधानहि लागें ॥९
परक्षेत्र जु तें वस्तु मँगावें सो गुणव्रतको दूषण लावें।
जो परमाण बाहिरा ठौरा, सो परक्षेत्र कहै वृषमौरा ॥१०
तीजो दोष शब्दविनिपाता, ताको भेद सुनों तुम भ्राता।
जाय नहीं परि शब्द सुनावै, सो निरदूषण व्रत न पावै ॥११

चौथा दूषण रूपनिपाता, रूप दिखावण जोगि न बाता।
पंचम पुद्गलक्षेप कहावै, कंकर आदिक जोहि बगावै ॥१२

भावार्थ—दिशा और देशको आवजीव नियम कियो छै, ताहूमें वर्ष छमासी दुमासी मासी पाखी नेम धार्यो छै, तीमें भी निति नेम करै छै। सो निति नेम मरजादामें क्षेत्र निपट थोड़ा राख्यो सो गमन तो मरजादा बाहिर क्षेत्रमें न करै। परि हेलौ मारि सबद सुनावै, अथवा जिह तरफ जिह प्रानीसों प्रयोजन होय तिह तरफ झांकि झरौकादिकमें बैठि करि तिह प्राणीनें आपनो रूप दिखाय प्रयोजन जणावें, अथवा कंकर इत्यादि बगाय पैलाने मतलब जतावै सो अतीचार लगाय व्रतने मलीन करै।

### बेसरी छन्द

अब सुनि वरत आठमो भाई, तीजौ गुणव्रत अति सुखदाई।
अनरथदण्ड पापको त्यागा, यह व्रत धारें ते बड़भागा ॥१३
पंच भेद हैं अनरथबोषा, महापापके जानहु पोषा।
पहला दुर्ध्यान जु दुखदाई, ताको भेद सुनों मन लाई ॥१४
पर औगुण गहना उरमाहीं, परलक्ष्मी अभिलाष धराहीं।
परनारी अवलोकन इच्छा, इन दोषनितें सुधी अनिच्छा ॥१५
कलह करावन करन जु चाहै, बहुरि अहेरा करन उमाहै।
हारि जीति चितवे काहूका, करै नहीं भक्ति जु साहूकी ॥१६
चौर्यादिक चितवे मनमाहीं, सो दुरगति पावै शक नाहीं।
दूजौ पापतनों उपदेशा, सो अनरथ तजि भजौ जिनेशा ॥१७
कृषि पशु धन्धा वणिज इत्यादी, पुरुष नारि संजोग करा दी।
मंत्र यंत्र तन्त्रादिक सर्वा, तजौ पापकर वचन सगर्वा ॥१८
सिंगारादिक लिखन लिखावन, राज-काज उपदेश बतावन।
सिलपि करम आदिक उपदेशा, तजो पाप कारिज आदेशा ॥१९
तजहू अनरथ विफला चर्या, सो त्यागौ श्री गुरुने बर्ज्या।
भूमि-खनन अरु पानी ढारन, अगनि-प्रजालन पवन-विलोरन ॥२०
वनसपती छेदन जो करनों, सो विफला चर्याकों धरनों।
हरित तृणांकुर दल फल फूला, इनको छेदन अघको मूला ॥२१
अब सुनि चौथी अनरथदण्डा, जा करि पावौ कुगति प्रचण्डा।
हिंसादान नाम है जाको, त्याग करो तुम बुधजन ताको ॥२२
दयादान करिवा जु निरन्तर, इह बार्ता धारौ उर अन्तर।
छुरी कटारी खड्ग रु भाला, जूती आदिक देहि न लाला ॥२३
विष नहिं देवौ अगनि न देनी, हल फाल्यादिक दे नहिं जैनी।
धनुष बान नहिं देनों काकों, जो दे अघ लागै अति ताकों ॥२४
हिंसाकारक जेती वस्तु, सो देवौ तो नाहिं प्रसस्तू।
वध बन्धन छेदन उपकरणा, तिनको दान दयाको हरणा ॥२५

पापवस्तु मांगी नहिं देवै, जो देवे सो शुभ नहिं लेवै।
जामें जीवनिको उपकारी, सो देवौ सबकौ हितकारी ॥२६
अन्न वस्त्र जल औषध आदी, देवौ श्रुतमें कह्यौ अनादी।
दान समान न आन जु कोई, दयादान सबके सिर होई ॥२७
मंजारादिक दुष्ट सुभावा, मांस अहारी मलिन कुभावा।
तिनको धारन कबहु न करनों, जीवनिकी हिंसातें डरनों ॥२८
नखिया पखिया हिंसक जेही, धर्मवन्त पालें नहिं तेही।
आयुधको व्यापार न कोई, जाकरि जीवनिकौ वध होई ॥२९
सीसा लौह लाख साबुन ए, बनिज जाग नहिं अघकारन ए।
जेती वस्तु सदोष बताई, तिनको बनिज त्यागवौ भाई ॥३०
धान पान मिष्टादि रसादिक, लवण हींग घृत तेल इत्यादिक।
दल फल तृण पहुपादिक कंदा, मधु मादिक बिणिजे मतिमन्दा ॥३१
अतर फुलेल सुगन्ध समस्ता, इनको बिणज न होइ प्रशस्ता।
तथा अजोग्य मोम हरतारें, हिंसाकारन उद्यम टारें ॥३२
बध बन्धनके कारिज जेते, त्यागहु पाप बिणज तुम तेते।
पशु पंखी नर नारी भाई, इनके बिणज महा दुखदाई ॥३३
काष्ठादिकको बिणज न करै, धर्म अहिंसा उरमें धरै।
ए सब कुबिणज छांडै जोई, धरम सरावक धारै सोई ॥३४
मूलगुणानिमें निंदे एई, अष्टम व्रतमें निंदे तेई।
बार-बार यह बिणज जु निंद्या, इनकूं त्यागें ते नर वंद्या ॥३५
सुवरण रूपा रतन प्रसस्ता, रूई कपरा आदि सुवस्ता।
बिणज करै तो ए करि मित्रा, सबै तजौ अति ही अपवित्रा ॥३६
सुनो पांचवों और अनर्था, जे शठ सुनहिं मिथ्यामत अर्था।
इह कुसूत्र सुणवौ अघ मोटा, और पाप सब यातें छोटा ॥३७
पाप सकल उपजें या सेता, उपजे कुबुधि जगतमें तेती।
भंडिम बात सुनों मति भाई, वशीकरण आदिक दुखदाई ॥३८
वशीकरण मनको करि संता, मन जीत्यौ है ज्ञान अनन्ता।
कामकथा सुनिवौ नहिं कबहू, भूलें घनें जैन परि अबहू ॥३९
परनिंदा सुनियां अति पापा, निंदक लहै नरक सन्तापा।
कबहुं न करिवौ राग अलापा, दोष त्यागिवौ होय निपापा ॥४०
विकथा करिवो जोगि न बीरा, धर्मकथा सुनिवौ शुभ धीरा।
आलवाल बकिवौ नहिं जोग्या, गालि काढ़िवौ महा अजोग्या ॥४१
बिना जैनवानी सुखदानी, और चित्त धरिवौ नहिं प्रानी।
केवलिश्रुत केवलिकी आणा, ताकों लागै परम सुजाणा ॥४२
ते पावे निर्वाण मुनीशा, अजरा होवें जोगीशा।
सीख श्रवण रचना कुकथाको, नहीं करै जु कदापि वृथाको ॥४३

जीवदयामय जिनवर-पन्था, धारै श्रावक अर-निरग्रन्था।
काम क्रोध मद छल लोभादी, टारै जैनी अन रागादी ॥४४
आगम अध्यातम जिन बानी, जाहि निरूपें केवलज्ञानी।
ताकी श्रद्धा दृढ़ धरि धीरा, करणगोचरी कर वर वीरा ॥४५
जाकरि छूटे सर्व अनर्था, लहिये केवल आतम अर्था।
धर्म धारणा धारि अखण्डा, तजौ सर्व ही अनरथदण्डा ॥४६
इन पंचनिके भेद अनेका, त्यागौ सुबुधी धारि विवेका।
बड़ो अनर्थदण्ड है जूवो, यातें सर्व पाप महि डूबो ॥४७
या सम और न अनरथ कोई, सकल वरतको नाशक होई।
द्यूत कर्म के विसन न लागै, तब सब पाप पन्थतें भागै ॥४८
द्यूत कर्ममें माहि बड़ाई, जाकरि बूड़े भवमें भाई।
अनरथ तजिवो अष्टम व्रता, तीजो गुणव्रत्त पाप निवृत्ता ॥४९
ताके अतीचार तजि पंचा, तिन तजियां अघ रहे न रंचा।
पहलो अतीचार कन्दर्पा, ताको भेद सुनों तजि दर्पा ॥५०
कामोद्दीपक कुकथा जोई, ताहि तजै बुधजन है सोई।
कौतकुच्य है दोष द्वितीया, ताको त्याग व्रतिनिनें कीया ॥५१
बदन मोरिवौ बांको करिवौ, भौंह नचैवो मच्छर धरिवौ।
नयनादिकको जो हि चलावौ, विषयादिकमें मन भटकावौ ॥५२
इत्यादिक जे भंडिम बातें, तजौ व्रती जे सुव्रत घातें।
कौतकुच्यको अर्थ बखानो, पुनि सुनि तीजा दोष प्रवानों ॥५३
भोगानर्थक है अति पापा, जाकरि पइये दुर्गति तापा।
ताकों सदा सर्वदा त्यागौ, श्री जिनवरके मारग लागौ ॥५४
बहुत मोल दे भोगुपभोगा, सेवै सो पावे दुख रोगा।
भोगुपभोग-थकी यह प्रीती, सो जानों अधिकी विपरीती ॥५५
बहुरि भूखतें अधिकों भोजन, जल पीवौ जो विनहि प्रयोजन।
शक्ति नहीं अह नारी सेवौ, करि उपाय मैथुन उपजैवौ ॥५६
वृथा फूल फल पानादिक जे, बाधा करै लहैं शठ अघ जे।
इत्यादिक जे भोगे अर्था, जो सेवौं सो लहै अनर्था ॥५७
है मौखर्य चतुर्था दोषा, ताहि तजै श्रावक व्रत्त-पोषा।
जो बाचालपनाको भावा, सो मौखर्य कहैं मुनिरावा ॥५८
विना बिचार्यो अधिको बकिबौ, झूठे वाग्-जालमें छकिवौ।
असमीक्षित अधिकरण जु बीरा, अतीचार पंचम तजि धीरा ॥५९
विन देख्यो विन पूछ्यो कोई, घट्टी मूसल उखली जोई।
कछु भी उपकरणा बिन देख्या, बिन पूंछ्यां गृहिवौ न असेखा ॥६०
तब हिंसा टरिहै परवीना, हिंसा-तुल्य अनर्थ न लीना।
ए सब अष्टम व्रत के दोषा, करे जु पापी व्रतकों सोखा ॥६१

इन तजिसी व्रत निर्मल होई, तातें तजे धन्य हैं सोई।
गुणव्रत काहेतें जु कहाये, ताको अर्थ सुनों मनलाये ॥६२
पंच अणुव्रतकों गुणकारी, तातें गुणव्रत नाम जु धारी।
जैसें नगर-तनें ह्वै कोटा, तैसें व्रत-रक्षक ए मोटा ॥६३
क्षेत्रनि होय बाड़ि जो जेसे, पंचनिके ए तीनूं तैसें।
अब सुनि चउ शिक्षाव्रत मित्रा, जिन करि होवें अष्ट पवित्रा ॥६४
अष्टनिकों शिक्षा-दायक ए, ज्ञानमूल तप व्रत नायक ए।
नवमो व्रत पहिलो शिक्षाव्रत, चित्त धीर धर धारहु अणुव्रत ॥६५
सामायिक है नाम जु ताको, धारन करत सुधीजन याको।
सामायिक शिवदायक होई, या सम नांहि क्रिया निधि कोई ॥६६

### दोहा

प्रथम हि सातों शुद्धता, भासों श्रुत अनुसार।
जिन करि सामायिक विमल, होय महा अविकार ॥६७
क्षेत्र काल आसन विनय, मन वच काय गनेहु।
सामायिककी शुद्धता, सात चित्त धरि लेहु ॥६८
जहां शब्द कलकल नहीं, बहु जनको न मिलाप।
दंसादिक प्राणी नहीं, ता क्षेत्रे करि जाप ॥६९
क्षेत्र-शुद्धता इह कही, अब सुनि काल-विशुद्धि।
प्रात दुपहरां सांझकों, करे सदा सद्बुद्धि ॥७०
षट षट घटिका जो करैं, सो उतकृष्टी रीति।
चउ चउ घटिका मध्य है, करै शुद्धि धरि प्रीति ॥७१
द्वै द्वै घटिका जघनि है, जेती थिरता होइ।
तेती बेला योग्य है, या सम और न होइ ॥७२
धरै सुधी एकाग्रता, मन लावे जिन-मांहि।
यहै शुद्धता कालको, समय उलंघे नांहि ॥७३
तीजी आसन-शुद्धता, ताको सुनहु विचार।
पल्यंकासन धारिकै, ध्यावे त्रिभुवन सारि ॥७४
अथवा कायोत्सर्ग करि, सामायिक करतव्य।
तजि इंद्रिय-व्यापार सहु, ह्वै निश्चल जन भव्य ॥७५
विनय-शुद्धता है भया, चौथी जिनश्रुति मांहि।
जिनवचनें एकाग्रता, और विकल्पा नांहि ॥७६
हाथ जोड़ि आधीन ह्वै, शिर नवाय दे ढोक।
तन मन करि दासा भयौ, सुमरै प्रभु तजि शोक ॥७७
विनय समान न धर्म कोउ, सामायिकको मूल।
अब सुन मनकी शुद्धता, ह्वै व्रतसों अनुकूल ॥७८

मन लावे जिन-रूपसों, अथवा जिन-पद माहिं।
सो मन-शुद्धि जु पंचमो, यामें संशय नाहिं ॥७९
छट्ठी वचन-विशुद्धता, बिन सामायिक और।
वचन कदापि न बोलिये, यह भाषें जगमौर ॥८०
काय-शुद्धता सातमी, ताको सुनहु विचार।
काय-कुचेष्टा नहिं करे, हस्त-पदादिक सार ॥८१
क्षेत्र-प्रमाण कियौ जितौ, तजे पापके जोग।
मुनि सम निश्चल होयके, करै जाप भविलोक ॥८२
राग द्वेष के त्यागतें, समता सब परि होइ।
ममताको परिहार जो, सामायिक है सोइ ॥८३
सामायिक अहनिशि करें, ते पावें भव-पार।
सामायिक सम दूसरो, और न जगमें सार ॥८४
राति दिवस करनों उचित, बहु थिरता नहिं होय।
तौहु त्रिकाल न टारिवौ, यह धारै बुध सोय ॥८५
जो सामायिकके समय, थिरता गहै सुजान।
अणुव्रत धारै सो सुधी, तौ पनि साधु समान ॥८६

**चाल छन्द**

सामायिक सो नहिं मित्रा, दूजो व्रत सोई पवित्रा।
गृहपतिकों जतिपति तुल्या, करई इह व्रत जु अतुल्या ॥८७
तसु अतीचार तजि पंचा, जब होइ सामायिक संचा।
मन वच तन दुःप्राणिधाना, तिनको सुनि भेद बखाना ॥८८
जो पाप काज चिंतवना, सो मनको दूषण गिनना।
पुनि पाप वचनको कहिवौ, सो वचन व्यतिक्रम लहिवौ ॥८९
सामायिक समये भाई, जो कर चरणादि चलाई।
सो तनको दोष बतायो, सतगुरु ने ज्ञान दिखायो ॥९०
चौथो जु अनादर नामा, है अतीचार अघ-धामा।
आदर नहिं सामायिकको, निश्चय नहिं जिन-नायकको ॥९१
समरण अनुपस्थाना है, इह पंचम दोष गिना है।
ताको सुनि अर्थ विचारा, सुमरणमें भूलि प्रचारा ॥९२
नहिं पूरो पाठ पढै जो, परिपूरण नाहिं जपै जो।
कछुको कछु बोलै बाल, सो सामायिक नहिं काल ॥९३
ए पंच अतीचारा हैं, सामायिक में टारा हैं।
समता सब जीवन सेती, संयम शुभ भावनि लेती ॥९४
आरति अरु रोद्र जु त्यागा, सो सामायिक बड़भागा।
सामायिक धारौं भाई, जाकरि भव-पार लहाई ॥९५

**बेसरी छन्द**

क्षमा करौ हमसों सब जीवा, सबसों हमरी क्षमा सदीवा।
सर्व भूत हैं मित्र हमारे, वैर-भाव सबहीसों टारे ॥९६
सदा अकेलो मैं अविनाशी, ज्ञान-सुदर्शनरूप प्रकाशी।
और सकल हैं जो परभावा, ते सब मोतें भिन्न लखावा ॥९७
शुद्ध बुद्ध अविरुद्ध अखंडा, गुण अनन्तरूपी परचंडा।
कर्मबन्धते रुलै अनादि, भटको भव-वन माहिं जु वादि ॥९८
जब देखे अपनों निजरूपा, तब होवो निर्वाण-सरूपा।
या संसार असार मंझारे, एक न सुखकी ठौर करारे ॥९९
यहै भावना नित भावंतो, लहैं आपनों भाव अनंतो।
अब सुनि पोसहको विधि भाई, जो दसमो व्रत है सुखदाई ॥९००
दूजा शिक्षाव्रत अति उत्तम, याहि धरैं तेई जु नरोत्तम।
न्हावन लेपन भूषन नारी,—संगत्ति गंध धूप नहिं कारी ॥१
दीपादिक उद्योत न होई, जानहु पोसहकी विधि सोई।
एक मासमें चउ उपवासा, द्वै अष्टामि द्वै चउदसि भासा ॥२
षोड़श पहर धारनो पोसा, विधि पर्वके निर्मल निर्दोषा।
सामायिककी सो जु अवस्था, षोडश पहर धारती स्वस्था ॥३
पोसह करि निश्चल सामायिक, होवै यह भासे जगनायक।
पोसह सामायिकको जोई, पोसह नाम कहावे सोई ॥४
जे शठ चउ उपवास न धारें, ते पशु-तुल्य मनुष-भव हारें।
बहुत करे तो बहुत भला है, पोसा तुल्य न और कला है ॥५
चउ टारे चउगतिके माहीं, भरमें यामें संशय नाहीं।
द्वै उपवासा पखवारेमें, इह आज्ञा जिनमत भारेमें ॥६
व्रतकी रीति सुनों मन लाये, जाकरि चेतन तत्त्व लखाये।
सप्तमि तेरसि धारन धारै, करि जिनपूजा पातक टारै ॥७
एकभुक्ति करि दो पहरातें, तजि आरम्भ रहै एकांते।
नहिं ममता देहादिक सेती, धरि समता बहु गुणहि समेती ॥८
चउ अहार चउ विकथा टारै, चउ कषाय तजि समता धारै।
धरमो ध्यानारूढमती सो, जगत उदास शुद्धवरती सो ॥९
स्त्री पशु षंढ बालकी संगति, तजि करि उरमें धारै सन्मति।
जिनमन्दिर अथवा वन उपवन, तथा मसानभूमिमें इक तन ॥१०
अथवा और ठौर एकान्ता, भजे एक चिद्रूप महंता।
सर्व पाप जोगनितें न्यारा, सर्व भोग तजि पोसह धारा ॥११
मन वच काय गुप्ति धरि ज्ञानी, परमातम सुमरे निरमानी।
या विधि धारण दिन करि पूरा, संध्या करै साँझकी सूरा ॥१२

सुचि संथारे रात्रि गुमावे, निद्राको लवलेश न आवे।
कै अपनों निजरूप चितारे, कै जिनवर चरणा चित धारे ॥१३
कै जिनबिम्ब निरखई मनमें, भूल न ममता धरई तनमें।
अथवा ओंकार अपारा, जपै निरन्तर धीरज धारा ॥१४
नमोकार ध्यावै वर मित्रा, भयो भर्मतें रहित स्वतन्त्रा।
जग-विरक्त जिनमत आसक्तो, सकल-मित्र जिनपति अनुरक्तो ॥१५
कर्म शुभाशुभको जु विपाका ताहि विचारे नाथ क्षमाका।
निजकों जानैं सबतें भिन्ना, गुण-गुणिकों मानैं जु अभिन्ना ॥१६
इम चितवनतें परम सुखी जो, भववासिन सो नाहिं दुखी जो।
पंच परमपदको अति दासा, इन्द्रादिक पदतें हु उदासा ॥१७
रात्रि धारनाकी या विधिसों, पूरी करै भर्यो व्रतनिधिसों।
पुनि प्रभात संध्या करि वीरा, दिन उपवास ध्यान धरि धीरा ॥१८
पूरो करै धर्मसों जोई, संध्या करै सांझकों सोई।
निशि उपवासतणी व्रतधारी, पूरी करै ध्यानसों सारी ॥१९
करि प्रभात सामायिक सुबुधी, जाके घटमें रंच न कुबुधी,
पारण दिवस करै जिनपूजा, प्रासुक द्रव्य और नहिं दूजा ॥२०
अष्ट द्रव्य ले प्रासुक भाई, श्री जिनवरकी पूज रचाई।
पात्र-दान करि दो पहरां जे, करै पारणूं आप घरां जे ॥२१
ता दिन हू यह रीति बताई, ठौर अहार अल्प जल पाई।
धारन पारन अर उपवासा, तीन दिवसलों बरत निवासा ॥२२
भूमि-शयन शीलव्रत धारै, मन वच तन करि तजै विकारै।
इह उतकृष्टी पोसह विधि है, या पोसह सम और न निधि है ॥२३
मध्य जु पोसह बारह पहरा, जघनि आठ पहरा गुण गहरा।
अतीचार याके तजि पंचा, जाकरि छूटै सर्व प्रपंचा ॥२४
बिन देखी बिन पूंछे वस्तू, ताको ग्रहिवौ नाहिं प्रशस्तू।
ग्रहिवौ अतीचार पहलो है, ताको त्यागसु अति हि भलो है ॥२५
बिन देखे बिन पूंछे भाई, संथारे नहिं शयन कराई।
अतीचार छूटै तब दूजो, इह आज्ञा धरि जिनवर पूजो ॥२६
बिन देखो बिन पूंछो जागा, मल मूत्रादि न कर बड़भागा।
करिवौ अतीचार है तीजो, सर्व पाप तजि पोसह लीजो ॥२७
पर्व दिनाको भूलन चौथो, अतीचार यह गुणतें चौथो।
बहुरि अनादर पंचम दोषा पोसहको नहिं आदर पोषा ॥२८
ये पांचो तजियां ह्वै पोषा, निरमल निश्चल अति निरदोषा।
सामायिक पोषह् जयवन्ता, जिनकर पइये श्रीभगवन्ता ॥२९
मुनि होनेको एहि अभ्यासा, इन सम और न कोइ अभ्यासा।
भुक्ति मुक्ति दायक ये व्रत्ता, धन्य धन्य जे करहिं प्रवृत्ता ॥३०

अब सुनि व्रत ग्यारमों मित्रा, तीजो शिक्षाव्रत पवित्रा।
जे भोगोपभोग हैं जगके, ते सहु बटमारे जिनमगके ॥३१
त्याग राग है सकल विनासी, जो शठ इनको होय विलासी।
सो रुलिहै भवसागर माहीं, यामें कछु संदेहा नाहीं ॥३२
एक अनंतो नित्य निजातम, रहित भोग उपभोग महातम।
भोजन तांबूलादिक भोगा, वनिता वस्त्र आदि उपभोगा ३३
एक बार भोगनमें आवै, ते सहु भोगा नाम कहावै।
बार बार जे भोगे जाई, ते उपभोगा जानहु भाई ॥३४
भोगुपभोग तनों यह अर्था, इन सम और न कोइ अनर्था।
भोगुपभोग तनों परमाणा, सो तीजो शिक्षाव्रत जाणा ॥३५
छता भोग त्यागें बड़भागा, तिनके इन्द्रादिक पद लागा।
अछताहू न तजें जे मूढ़ा, ते नहिं होय व्रत आरूढ़ा ॥३६
करि प्रमाण आजन्म इनूंका, बहुरि नित्य नियमादि तिनूंका।
गृहपतिके थावरको हिंसा, इन करि ह्वै पुनि तज्या अहिंसा ॥३७
त्याग बराबर धर्म न कोई, हिंसाको नाशक यह होई।
अंग विषें नहिं जिनके रंगा, तिनके कैसे होय अनंगा ॥३८
मुख्य बारता त्याग जु भाई, त्याग समान न और बड़ाई।
त्याग बने नहिं तोहु प्रमाणा, तामें इह आज्ञा परवाणा ॥३९
भोग अजुक्त न करनें कोई, तजने मन वच तन करि सोई।
जुक्त भोगको करि परिमाणा, ताहूमें नित नियम बखाणा ॥४०
नियम करौ जु घरी हि घरीको, त्याग करौ सबही जु हरीको।
जे अनंतकाया दुखदाया, ते साधारण त्याग कराया ॥४१
पत्र जाति अर कन्द समूला, तजनें फूलजाति अघ थूला।
तजनें मद्य मांस नवनीता, सहत त्यागिवौ कहैं अजीता ॥४२
तजनें कांजी आदि सबैही, अत्थाणा संधाण तजैही।
तजनें परदारादिक पापा, तजिवौ परधन पर संतापा ॥४३
इत्यादिक जे वस्तु विरुद्धा, तिनकों त्यागै सो प्रतिबुद्धा।
सबही तजिवो महा अशुद्धा, अर जे भोगा हैं अविरुद्धा ॥४४
भोग भावमें नाहिं भलाई, भोग त्यागि हूजै शिवराई।
अपने गुण पर-जाय स्वरूपा, तिनमें राचैं रहित विरूपा ॥४५
वस्त्राभरण व्याहिता नारी, खान पान निरदूषण कारी।
इत्यादिक जे अविरुध भोगा, तिनहूको जाने ए रोगा ॥४६
जो न सर्वथा तजिया जाई नौ परमाण करौ बहु भाई।
सर्व त्यागवो कहें विवेकी, गृहपति के कछु इक अविवेकी ॥४७
तौ लगि भोगुपभोगहि अल्पा, विधिरूपा धारै अविकल्पा।
मुनि के खान-पान इकवारा, सोहू दोष छियालिस टारा ॥४८

और न एको है जु बिकारा, तातैं महाव्रती अणगारा।
तजैं भोग-उपभोग सबैंही, मुनिवरका शुभ बिरद फबैंही ॥४९
शक्ति प्रमाण गृही हू त्यागैं, त्याग बिना व्रतमें नहिं लागै।
रात्ति दिवसके नेम बिचारै, यम-नियमादि धरै अघ टारै ॥५०
यम कहिये आजन्म जु त्यागा नियम नाम मरजादा लागा।
यम नियमादि बिना नर देही, पसुहूतें मूरख गनि एही ॥५१
खान पान दिनहीको करनों, रात्रि चतुर्विध हार हि तजनों।
नारी सेवे रैंनि विषैं ही, दिनमें मैथुन नाहिं फबै ही ॥५२
निसि ही नितप्रति करनों नाहीं, त्याग विराग विवेक धराहीं।
नियम माहिं करनों नित नेमा, सीम माहिं सीमाको प्रेमा ॥५३
करि प्रमाण भोगनिको भाई, इन्द्रिनको नहिं प्रबल कराई।
जैसे फणिकूं दूध जु प्यावौ, गुणकारी नहिं विष उपजावौ ॥५४
जो तजि भोग भाव अधिकाई, अलप भोग सन्तोष धराई।
सो बहुती हिंसातें छूट्यौ, मोहवटैं नहिं जाय जु लूट्यौ ॥५५
दया भाव उपजौ घट ताके, भोगभावकी प्रीति न जाके।
भोगुपभोग पापके मूला, इनकूं सेवें ते भ्रम मूला ॥५६

**दोहा**

हिंसाके कारण कहे, सर्व भोग उपभोग।
इनको त्याग करै सुधी, दयावन्त भवि लोग ॥५७
सो श्रावक मुनि सारिखा, भोग अरुचि परणाम।
समता धरि सब जीव परि, जिनके क्रोध न काम ॥५८
भोगुपभोग प्रमाण सम, नहीं दूसरो और।
तृष्णाको क्षयकार जो, है व्रत्तनि सिरमौर ॥५९
अतीचार या व्रत्तको, तजो पंच दुखदाय।
तिन तजियां व्रत्त बिमल ह्वै, लहिये श्री जिनराय ॥६०
नियम कियौ जु सचित्तको, भूलिर करै अहार।
सो पहलो दूषण भयो, तजि हूजे अविकार ॥६१
प्रासुक वस्तु सचित्त सों, मिश्रित कबहूँ होय।
उष्ण जले जु सीतल उदक, मिल्यो न लेव होय ॥६२
गृहे दोष दूजो लगे, अब सुनि तीजो दोष।
जो सचित्त सम्बन्ध ह्वै, तजो पापको पोष ॥६३
पातल दूनां आदि जे, वस्तु सचित्त अनेक।
तिनसों ढक्यौ अहार जो, जीमें सो अविवेक ॥६४
सुनि चौथो दूषण सुधी, नाम जु अभिषव जास।
याको अर्थ अयोग्य है, ते न भखें जिनदास ॥६५

अथवा काम-उद्दीपका, भोजन अति हि अजोगि ।
ते कबहूँ करनें नहीं, बरजें देव अरोगि ॥६६
बहुरि तजौ बुध पंचमों, अतीचार अघरूप ।
दुःपक्वो आहार जो, अव्रतको जु स्वरूप ॥६७
अति दुर्जर आहार जो, वस्तु गरिष्ठ सु होय ।
नहीं योग्य जिनवर कहे, तजें धन्य हैं सोय ॥ ६८
कछु पक्यो कछु अपक ही, दुखसों पचै जु कोय ।
सो नहिं लेबो व्रतनिकों, यह जिन आज्ञा होय ॥६९
अतीचार पांचौ तज्या, व्रत निर्मल ह्वै वीर ।
निर्मल व्रत प्रभावतैं, लहै ज्ञान गम्भीर ॥७०

**चाल छन्द**

धरि वरत बारमो मित्रा, जो अतिथि-विभाग पवित्रा ।
इह चौथो शिक्षाव्रत्ता, जे याकों करें प्रवृत्ता ॥७१
ते पावें सुर शिव भूती, वा भोगभूमि परसूती ।
सुनि या व्रतको विधि भाई, जा विधि जिनसूत्र बताई ॥७२
त्रिविधा हि सुपात्रा जगमें, जगको नौका जिन-मगमें ।
महाव्रत अणुव्रत समदृष्टी, जिनके घट अमृतवृष्टि ॥७३
तिनकों नवधा भक्ती तें, श्रद्धादि गुणनि जुक्ती तैं ।
देवौ चउदान सदा जो, सो है व्रत द्वादशमो जो ॥७४
चउ दान सबोंमें सारा, इनसे नहिं दान अपारा ।
भोजन औषध अरु ज्ञाना, पुनि दान अभय परवाना ॥७५
भोजन-दानहिं धन पावै, औषधि करि रोग न आवै ।
श्रुत-दान बोध जु लहाई, इह आज्ञा श्रीजिन गाई ॥७६
अभया है अभय प्रदाता, भाषें प्रभु केवल ज्ञाता ।
इक भोजन दानें माहीं, चउ दान सधैं शक नाहीं ॥७७
नहिं भूख समान न व्याधी, भव माहीं बड़ी उपाधी ।
तातें भोजन सों अन्या, नहिं दूजी औषध धन्या ॥७८
पुनि भोजन-बल करि साधू, करई जिन-सूत्र अराधू ।
भोजनतें प्राण अधारा, भोजनतें थिरता धारा ॥७९
तातें चउ दान सधे हैं, दानें करि पुण्य बंधे हैं ।
सो सहु बांछा तजि ज्ञानी, होवै दानी गुण-खानी ॥८०
इह भव पर भवको भोगा, चाहैं नहि जानहिं रोगा ।
दे भक्ती करि सुपात्रनिकों, निजरूप ज्ञानमात्रनिकों ॥८१
तिह रतनत्रयमें संघो, थाप्यौ चउविधिको नर संघो ।
सो पावै भुक्ति विमुक्ती, इह केवलि भाषित उक्ती ॥८२

नहिं दान समान जु कोई, सब व्रतको मूल जु कोई।
यामें भविजन चित्त धारो, संसारपार जो चाहो ॥८३
जो भाखे त्रिविधा पात्रा, तिनिमें मुनि उत्तम पात्रा।
हैं मध्यम पात्र अणुव्रती, समदृष्टो जघन्य अव्रती ॥८४
इन तीननिके नव भेदा, भाषें गुरु पाप-उछेदा।
उत्तममें तीन प्रकारा, उतकृष्ट मध्य लघु धारा ॥८५
उत्तम तीर्थंकर साधू, मध्य सु गणधर आराधू।
तिनतें लघु मुनिवर सर्वे, जे तप व्रतसूं नहिं गर्वे ॥८६
ए त्रिविध उत्तमा पात्रा, तप संजम शील सुमात्रा।
तिनकी करि भक्ति सु वीरा, उतरै जा करि भव-नीरा ॥८७
मुनिवर होवें निरग्रंथा, चाले जिनवरके पंथा।
जे विरकत भव-भोगनितें, राग न द्वेष न लोगनितें ॥८८
विश्राम आपमें पायौ, काहूमें चित्त न लायौ।
रहनों नहिं एकै ठौरा, करनों नहिं कारिज औरा ॥८९
धरनूं निज-आतम-ध्यान, हरनूं रागादि अज्ञान।
नहिं मुनिसे जगमें कोई, उतरें भव-सागर सोई ॥९०

### दोहा

मोह कर्मकी प्रकृति सहु, होय जु अट्ठाईस।
तिनमें पन्द्रह उपशमें, तब होवै जोगीस ॥९१
पन्द्रा रोकें मुनिव्रतें, ग्यारा अणुव्रति रोध।
सात जु रोकें पापिनी, सम्यग्दरसन बोध ॥९२
क्रोध मान छल लोभ ए, जीवोंकों दुखदाय।
सो चंडाल जु चौकरी, वरजें श्रीजिनराय ॥९३
अनंतानुबन्धी प्रथम, द्वितीय अप्रत्याख्यान।
प्रत्याख्यान जु तीसरी, अर चौथी संजुलान ॥९४
तिनमें तीन जु चौकरी, अर तीन मिथ्यात।
ए पंदरा प्रकृत्तियां, तजि व्रत होइ विख्यात ॥९५
पहली दूजी चौकरी, बहुरि मिथ्यात जु तीन।
ए ग्यारां प्रकृती गया, श्रावकव्रत लवलीन ॥९६
प्रथम चौकरी दूरि ह्वै, टरैं तीन मिथ्यात।
ए सातों प्रकृति टर्यां उपजे समकित भ्रात ॥९७
तीन चौकरी मुनिव्रतें, द्वै अणुव्रत विधान।
पहली रोकें समकिती, चौथी केवलज्ञान ॥९८
तीन मिथ्यात हतें महा, मुनिव्रत अर अणुव्रत।
अव्रत सम्यककूं हतें, करहिं अधर्म प्रवृत्त ॥९९

प्रथम मिथ्यात अबोध अति, जहां न निज-परबोध।
अघ अधर्म विचार नहिं, तीव्र लोभ अर क्रोध ॥१०००
दूजी मिश्र मिथ्यात है, कछु इक बोध प्रबोध।
तीजी सम्यक प्रकृति जो, वेदक सम्यक बोध ॥१
कछु चंचल कछु मलिन जो, सर्वघाति नहिं होइ।
तीन माहि इह शुभ तहूं, वरजनीक है सोइ ॥२
ए मिथ्यात जु तीन विधि, कहे सूत्र अनुसार।
सुनों चौकरी बात अब, चारि चारि परकार ॥३
क्रोध जु पाहन-रेख सो, पाहन-थंभ जु मान।
माया बांस जु जड़-समा, अति परपंच बखान ॥४
लोभ जु लाखा रंग सो, नरक-योनि दातार।
भरमावे जु अनंत भव, प्रथम चौकरी भार ॥५
हलरेखा सम क्रोध है, अस्थि-थंभसम मान।
माया मीढ़ा सींगसी, तिथि षट मास प्रमान ॥६
रंग आलके सारखो, लोभ पशुगति दाय।
इह दूजी है चौकरी, अप्रत्याख्यान कहाय ॥७
रथरेखा सम क्रोध है, काठथंभ-सो मान।
गोमूत्रकी जु वक्रता, ता सम माया जान ॥८
लोभ कसूमा रंगसो, नरभव-दायक होय।
दिन पंदरा लग वासना, तृतीय चौकरी सोइ ॥९
जलरेखा सो रोस है, बेंतलता सो मान।
माया सुरभी चमरसी, लोभ पतंग समान ॥१०
तथा हरिद्रारंग सो, सुरगति-दायक जेह।
एक मुहूरत वासना, अन्त चौकरी लेह ॥११
कही चौकरी चारि ये, च्यार हि गतिकों मूल।
चारि चौकरी परिहरे, करे करम निरमूल ॥१२
मुनिनें तीन जु परिहरीं, धरी शांतता सार।
चौथी हूको नाश करि, पावे भवजल पार ॥१३
सकल कर्मकी प्रकृति सौ, अर ऊपरि अड़ताल।
मुनिवर सर्व खपावहीं, जीवनिके रिछपाल ॥१४
मुनिपद बिन नहिं मोक्ष पद, यह निश्चय उर-धारि।
मुनिराजनिकी भक्ति करि, अपनों जन्म सुधारि ॥१५

### चाल छन्द

मुनि हैं निर्भय वनवासी, एकान्त वास सुखरासी।
निज ध्यानी आतमरामा, जगकी संगति नहिं कामा ॥१६

जे मुनि रहनेको थाना, बनमें कारहिं मतिवाना।
ते पावें शिव सुर थाना, यह सूत्र-प्रमाण बखाना ॥१७
मुनि लेइ अहारइ मित्रा, लघु एक बार कर-पात्रा।
जे मुनिकों भोजन देहीं, ते सुरपुर शिवपुर लेहीं ॥१८
जौ लग नहिं केवलभावा, तौ लग आहार धरावा।
केवल उपजें न अहारा, भागें भव-दूषण सारा ॥१९
नहिं भूख तृषादि सबै ही, जब केवल ज्ञान फबैही।
केवल पायें जिनराजा, केवल पद ले मुनिराजा ॥२०
मुनिकी सेवा सुखकारी, बड़भाग करें उरधारी।
पुस्तक मुनिपै ले जावें, मुनि सूत्र अर्थ ते आवें ॥२१
ते पावें आतमज्ञाना, ज्ञानहिं करि ह्वै निरवाना।
भेषज भोजनमें युक्ता, मुनिकों लखि रोग प्रव्यक्ता ॥२२
देवें ते रोग नसावें, कर्मादिक फेरि न आवें।
मुनिके उपसर्ग निवारें, ते आतम भवदधि तारें ॥२३
मुनिराज समान न दूजा, मुनि पद त्रिभुवन करि पूजा।
मुनिराज त्रिवर्णा होवै, शूद्र नहिं मुनिपद जोवै ॥२४
मुनि आर्या एल महा ए, ह्वै क्षत्री द्विज बणिजा ए।
अब मध्यपात्रके भेदा, त्रिविधा सुनि पाप उछेदा ॥२५
उतकृष्ट रु मध्य जघन्या, जिनसे नहिं जगमें अन्या।
पहली पडिमासों लेई, छट्ठी तक श्रावक जेई ॥२६
मध्यनिमें जघन कहावै, गुरु धर्म देव उर लावै।
जे पंचम ठाणें भाई, अणुवृत्ती नाम धराई ॥२७
पहली पड़िमा धर बुद्धा, सम्यक् दरसन गुण शुद्धा।
त्यागें जे सातों बिसना, छांडें विषयनिकी तृष्णा ॥२८
जे अष्ट मूल गुण धारें, तजि अभख जीव न संघारें।
दूजी पड़िमा धर धीरा, व्रतधारक कहिये वीरा ॥२९
बारा व्रत पालै जोई, सेवै जिनमारग सोई।
जे धारें पंच अणुव्रत, त्रय अणुव्रत चउ शिक्षाव्रत ॥३०

**चौपाई**

तीजी पडिमा धरि मतिवंत, सामायिकमें मुनिसे संत।
पोसामें आरूढ़ विशाल, सो चौथी पडिमा प्रतिपाल ॥३१
पंचम पडिमा धर नर धीर, त्याग सचित्त वस्तु वर वीर।
पत्र फूल फल कूंपल आदि, छालि मूल अंकुर बीजादि ॥३२
मन वच तन कर नीली हरी, त्यागै उरमें दृढ़ व्रत धरो।
जीवदयाको रूप निधान, षट कायाको पीहर जान ॥३३

पाल्यो जैन वचन जिन धीर, सर्व जीवकी मेटी पोर।
छट्ठी प्रतिमा धारक सोई, दिवस नारिको परस न होई ॥३४
रात्रि विषैं अनसन व्रत धरैं, चउ अहारकों है परिहरे।
गमनागमन तजै निशि माहिं, मन वच तन दिन शील धाराहिं ॥३५
ए पहलीसों छट्टी लगें, जघन्य श्रावकके व्रत जगें।
पतिव्रता व्रतवन्ती नारी, मध्यम पात्र जघन्य विचारी ॥३६
श्रावक और श्राविका जेह, घरवारी व्रतचारी तेह।
मध्यम पात्तर कहे जघन्य, इनकी सेव करे सो अन्य ॥३७
वस्त्राभरण अन्न जल आदि, थान मान औषध धानादि।
देनें श्रुत्त सिद्धांत जु वीर, हरनी तिनकी सबही पीर ॥३८
अभय दान देवो गुणवान, करनी भगति कहैं भगवान।
भवजल के द्रोहण ए पात्र, पार उतारें दरसन मात्र ॥३९

दोहा

सप्तम प्रतिमा धारका, ब्रह्मचर्य व्रत धार।
नारीकों नागिनि गिनें, लख्यौ तत्त्व अविकार ॥४०
मन वच तन करि शीलधर, कृत कारित अनुमोद।
निज नारीहूकूं तजै, पावै परम प्रमोद ॥४१
जैसे ग्यारम दशम नव, अष्टम पड़िमाधार।
मन वच तन करि शील धरि, तैसे ए अविकार ॥४२
तिनतें एतो आंतरो, ते आरंभ वितीत।
इनके अलपारंभ है, क्रोध लोभ छल जीत ४३
लख्यौ आपनों तत्व जिन, नाहिं मायासों मोह।
तजै राग दोषादि सब, काम क्रोध पर द्रोह ॥४४
कछु इक धनको लेस है, तातें घरमें वास।
जे इनकी सेवा करें, ते पावें सुखरास ॥४५

चाल छन्द

अब सुनि अष्टम पड़िमा ए, त्रस थावर जीवदया ए।
कछु हि धंधा नहिं करनों, आरंभ सबै परिहरनों ॥४६
भजनों जिनकों जगदीसा, तजनों जगजाल गरीसा।
तनसों तहिं स्वामित धरनों, हिंसासों अतिही डरनों ॥४७
श्रावकके भोजन करई, नवमी सम चेष्टा धरई।
नवमीतें एतो अंतर, ए हैं कछुयक परिग्रह-धर ॥४८
वन माहीं थोरो रहनों, शीतोष्ण जु थोरो सहनों।
जे नवमी पड़िमावंता, जगके त्यागी विकसंता ॥४९
जिन धातु मात्र सब नांखे, कपड़ा कछुयक ही राखे।
श्रावकके भोजन भाई, नहिं माया मोह धराई ॥५०

आवै जु बुलायें जीवा, जिनको नहिं माया छीवा।
है दशमीतें कछु नूना, परिकीय कर्म अघ चूना ॥५१
एतौ ही अन्तर उनतें, कबहुँक लौकिक बच जनतें।
बोलें परि विरकतभावा, धनको नहिं लेश धरावा ॥५२
आतेको आरुकारा, जाते सो हल भल धारा।
दसमीते अतिहि उदासा, नहिं लौकिक वचन प्रकाशा ॥५३
सप्तम अष्टम अर नवमा, ए मध्य सरावग पड़िमा।
मध्यनिमें मध्य जु पात्रा, व्रत शील ज्ञान गुण गात्रा ॥५४
अथवा हो श्राविका शुद्धा, व्रत धारक शील प्रबृद्धा।
जो ब्रह्मचारिणी बाला, आजनम शील गुण माला ॥५५
सो मध्यम पात्रा मध्या, आनौं व्रत शील अवध्या।
अथवा निजपतिकों त्यागै, सो ब्रह्मचर्य अनुरागै ॥५६
सो परम श्राविका भाई, मध्यनिमें मध्य कहाई।
इनको जो देय अहारा, सो ह्वै भवसागर पारा ॥५७

## दोहा

अन्न वस्त्र जल औषधी, पुस्तक उपकरणादि।
थान ज्ञान दान जु करें, ते भव तिरें अनादि ॥५८
हरें सकल उपसर्ग जे, ते निरुपद्रव होंहि।
सुर-नर पति ह्वै मोक्षमें, राजें अति सुखसों हि ॥५९

## चालछन्द

जो दशमी पड़िमा धारा, श्रावक सु विवेकी चारा।
जग धंधाको नहिं लेशा, नहिं धंधाको उपदेशा ॥६०
वनमें हु रहै वर वीरा, ग्रामे हु रहै गुणधीरा।
आवे श्रावक घरि जीवा, नहिं कनकादिक कछु छींवा ॥६१
एकादशमीतें छौटे, परि और सकलतें मोटे।
जिनवानी बिन नहिं बोलें, जे कितहूँ चित न डोलें ॥६२
मुनिवरके तुल्य महानर, दशमी एकादशमी धर।
एकादशमी द्वै भेदा, एलिक छुल्लक अघछेदा ॥६३
इनसे नहि श्रावक कोई, सबमें उत्कृष्टे होई।
त्यागौ जिन जगत असारा, लाग्यौ जिन रंग अपारा ॥६४
पायौ जिनराज सुधर्मा, छांड़े मिथ्यात अधर्मा।
जिनके पंचम गुणठाणा, पूरणतारूप विधाना ॥६५
द्वय माहि महंत जु ऐला, निश्चलता करि सुरशैला।
जिनके परिग्रह कोपीना, अर कमण्डल पीछी तीना ॥६६

जिनशासनको अभ्यासा, भव-भोगनिसुं जु उदासा।
श्रावक के घर अविकारा, ले आप उदंड अहारा ॥६७
गुणवान साध सारीसा, लुंचितकेसा बिन रोसा।
ए ऐलि त्रिवर्णा होई, शूद्रा नहिं ऐलि जु कोई ॥६८
इनतें छुल्लक कछु छोटे, परि और सकलतें मोटे।
इक खंडित कपरा राखें, तिनको छुल्लक जिन भाखें ॥६९
कमडलु पीछी कोपीना, इन बिन परिग्रह तजि दीना।
जिनश्रुत-अभ्यास निरंतर, जान्यूं है निज पर अंतर ॥७०
जे हैं जु उदंड विहारा, ले भाजनमांहि अहारा।
कालरिका केस करावै, ते छुल्लक नाम कहावै ॥७१
चारों हें वर्ण जु छुल्लक, राखें नहिं जगसूं तल्लुक।
आनन्दो आतमरामा, सम्यग्दृष्टी अभिरामा ॥७२
ए द्वै है भेद बड़ भाई, ग्यारम पड़िमा जु कहाई।
वन-माहिं रहैं वर वीरा, निरभय निरव्याकुल धीरा ॥७३
तिनकी करि सेव जु भाया, जो जीवनिकों सुखदाया।
तिनके रहनेकों थाना, वनमें करने मतिवाना ॥७४
भोजन भेषज जिनग्रन्था, इनकों दे सो निजपंथा।
पावे अर दे उपकरणा, सो हरै जनम जर मरणा ॥७५
उपसर्ग उपद्रव टारै, ते निरभय थान निहारै।
दसमी अर ग्यारस दोऊ, मध्यम उतकृष्टे होऊ ॥७६
अथवा आर्या व्रतधारी, अणुव्रतमें श्रेष्ठ अपारी।
आर्या घर-बार जु त्यागै, श्रीजिनवरके मत लागै ॥७७
राखै इक वस्त्र हि मात्रा, तप करि है क्षीण जु गात्रा।
कमडलु पीछी अर पोथी, ले भूति तजी सहु थोथी ॥७८
थावर जंगम तनवाना, जानें सब आप समाना।
जे मुनि कर-पात्र अहारा, सिर लोंच करें तप धारा ॥७९
तिनकी सो रीति जु धारै, जगसों ममता नहिं कारै।
द्विज क्षत्री वणिक कुला ही, ह्वै आर्या अति विमला ही ॥८०
अणुव्रत परि महाव्रत तुल्या, नारिनमें एहि अतुल्या।
माता त्रिभुवनकी भाई, परमेसुरसों लवलाई ॥८१
आर्याकों वस्त्र जु भोजन, देनें भक्ती करि भो जन।
पुस्तक औषधि उपकरणा, देनें सहु पाप जु हरणा ॥८२
उपसर्ग हरै बुधिवाना, रहनेकों उत्तम थाना।
देवे पुन अविनासी, लेवै अति आनंदरासी ॥८३

**दोहा**

छै पड़िमा जानों जघनि, मध्य जु नवमी ताइ ।
दस एकादशमी उभय, उतकृष्टी कहवाइ ॥८४
पतिव्रता जो श्राविका, मध्यम माँहि जघन्य ।
ब्रह्मचारिणी मध्य है, आर्या उत्तम धन्य ॥८५
पंचम गुण ठाणें ब्रती, श्रावक मध्य जु पात्र ।
छठें सातवें ठाण मुनि, महापात्र गुणगात्र ॥८६
कहे मध्यके भेद त्रय, अर उतकिष्टे तीन ।
सुनों जघन्य जु पात्रके, तीन भेद गुणलीन ॥८७
चौथे गुणठाणे महा, क्षायिक सम्यकवन्त ।
सो उतकृष्टे जघनिमें, भाषें श्रीभगवंत ॥८८
क्रोध मान छल लोभ खल, प्रथम चौकरी जानि ।
मिथ्या अर मिश्रहि तथा, सम्यक् प्रकृति पर वानि ॥८९
सात प्रकृति ए खय गई, रह्यौ अलप संसार ।
जीवनमुक्त दशा धरै, सो क्षायिकसम धार ॥९०
सातो जाके उपसमे, रमैं आपमें धीर ।
सो उपसम-सम्यक धनी, जघनि माँहि मधि वीर ॥९१
सात माँहि षट उपसमें, एक तृतीय मिथ्यात ।
उदै होय है जा समें, सो वेदक विख्यात ॥९२
वेदक सम्यकवन्त जो, जघनि जघनिमें जानि ।
कहे तीन विधि जधनि ए, जिन आज्ञा उर आनि ॥९३
जघनि पात्रकूं अन्न जल, औषध पुस्तक आदि ।
वस्त्राभूषण आदि शुभ, थान मान दानादि ॥९४
देवो गुरु भाषें भया, करनों बहु उपगार ।
हरनी पीरा कष्ट सहु, धरनों नेह अपार ॥९५
सब ही सम्यकधारका, सदा शांत रसलीन ।
निकट भव्य जिनधर्मके, धोरी परम प्रवीन ॥९६
नव भेदा सम्यकके, तामें उत्तम एक ।
सात भेद गनि मध्यके, जघनि एक सुविवेक ॥९७
वेदक एक जघन्य है, उत्तम क्षायिक एक ।
और सबै गनि मध्य ए, इह धारौ जु विवेक ॥९८
क्षयोपसम वरते त्रिविध, वेदक चारि प्रकार ।
क्षायिक उपसम जुगल जुत, नवधा समकित धार ॥९९
वेदक कछुयक चंचला, तौ पनि मर्म-उछेद ।
लखै आपको शुद्धता जानें निज पर भेद ॥११००

सेवा जोग्य सुपात्र ए, कहे जिनागम माँहि ।
भक्ति सहित जे दान दें, ते भवभ्रांति नसाहिं ॥१
त्रिविध पात्रके भेद नव, कहे सूत्र-परवान ।
मुनिको नवधा भक्ति करि, देहि दान बुधिमान ॥२
विधिपूर्वक शुभ वस्तुकों, स्वपर अनुग्रह हेत ।
पातरकों दान जु करै, सो शिवपुरको लेत ॥३
नवधा भक्ति जु कौनसी, सो सुनि सूत्र-प्रवानि
मिथ्या मारग छाड़ि करि, निज श्रद्धा उर आनि ॥४
आवौ आवौ शब्द कहि, तिष्ठ तिष्ठ भासेहि ।
सो संग्रह जानों बुधा अघ-संग्रह टारेहि ॥५
ऊँचौ आसन देय शुभ, पात्रनिकों परवीन ।
पग धोवै अरचै बहुरि, होय बहुत आधीन ॥६
करै प्रणाम बिनय करी, त्रिकरण शुद्धि धरेहि ।
खान-पानकी शुद्धता, ये नव भक्ति करेहि ॥७
सुनों सात गुण पंडिता, दातारनिके जेह ।
धारै धरमी धीर नर, उधरै भव-जल तेह ॥८
इह भव फल चाहे नहीं, क्रियावान अति होय ।
कपट-रहित ईर्षा-रहित, धरै विषाद न सोय ॥९
हुइ उदारता गुण सहित, अहंकार नहिं जानि ।
ए दाताके सप्त गुण, कहे सूत्र-परवानि ॥१०
श्रद्धा धरि निज शक्तिजुत लोभ रहित ह्वै धीर ।
दया क्षमा दृढ़ चित्त करि, देय अन्न अर नीर ॥११
राग द्वेष मद भोग भय, निद्रा मन्मथपीर ।
उपजावे जु असंजमा, सो देवौ नहिं वीर ॥१२
यह आज्ञा जिनराजकी, तप स्वाध्याय सु ध्यान ।
वृद्धि-करण देवौ सदा, जाकरि लहिये ज्ञान ॥१३
मोक्ष कारणा जे गुणा, पात्र गुणनिके धीर ।
तातें पात्र पुनीत ए, भाषें श्रीजिनवीर ॥१४
संविभाग अतिथीनको, व्रत्त बारमों सोइ ।
दया तनों कारण इहै, हिंसा नाशक होइ ॥१५
हिंसाके कारण महा, लोभ अजसकी खानि ।
दान करै नासै भया, इह निश्चय उर आनि ॥१६
भोग-रहित निज जोग धरि, परमेश्वर के लोग ।
जिनके दर्शन मात्र ही, मिटै सकल दुख सोग ॥१७
मधुकर वृति धारें मुनी, पर पीड़ा न करेय ।
पुण्यजोग आवे घरै, जिन आज्ञा जु धरेय ॥१८

तिनकौं जो सु अहार दे, ता सम और न कोइ।
दानधर्मतें रहित जे, किरपण कहिये सोइ ॥१९
कियौ आपने अर्थ जो, सो ही भोजन भ्रात।
मुनिकों अरति विषाद तजि, दे भवपार लहात ॥२०
शिथिल कियौ जिह लोभकों, परम पंथके हेत।
तेई पात्रनिकों सदा, विधि करि दान जु देत ॥२१
सम्यग्दृष्टी दान करि, पावै पुर निरवान।
अथवा भव धरनों परै, तौ पावै सुरथान ॥२२
विन सम्यक जु दान दे, त्रिविधि पात्रको जोहि।
पावै इन्द्री भोग सुख, भोगभूमि में सोहि ॥२३
उत्तम पात्र सु दानतें, भोगभूमि उतकृष्ट।
पावै दशधा कल्पतरु, जहाँ न एक अनिष्ट ॥२४
मध्य पात्रके दान करि, मध्य भोगभू माहिं।
जघनि पात्रके दानकरि, जघनि भोगभू जाहिं ॥२५
पात्रदानको फल इहै, भाषें गणधरदेव।
धन्य धन्य जे जगतमें, करें पात्रकी सेव ॥२६

**चाल छन्द**

देने औषध सु अहारा, देने श्रुत पाप प्रहारा।
रहने को देनी ठौरा, करने अति ही जु निहौरा ॥२७
हरने उपसर्ग तिन्होंकें, धरनें गुण चित्त जिन्होंके।
सुख साता देनी भाई, सेवा करनी मन लाई ॥२८
ए नवविधि पात्र जु भाखे, आगम अध्यातम साखे।
बहुरी त्रय भेद कुपात्रा, धारें बाहिज व्रतमात्रा ॥२९
जे शुभ किरिया करि युक्ता, जिनके नहिं रीति अयुक्ता।
सम्यग्दर्शन बिन साधू, तप संजम शील अराधू ॥३०
पावें नहिं भवजल पारा, जावें सुरलोक विचारा।
पहुंचे नव ग्रीव लगै भी, जिनतें अघकर्म भगै भी ॥३१
पण भावलिंग बिनु भाई, मिथ्यादृष्टी हि कहाई।
द्रव्यलिंग धारक जति जेई, उतकृष्ट कुपात्रा तेई ॥३२
जे सम्यक बिन अणुव्रत्ती, द्रव्य-श्रावकव्रत प्रवृत्ती।
ते मध्य कुपात्र बखानें, गुरुने नहिं श्रावक मानें ॥३३
आपा पर परचें नाहीं, गनिये बहिरातम माहीं।
षोडश सुरगलों जावें, आतम अनुभव नहिं पावें ॥३४

**दोहा**

जघनि कुपात्रा अव्रती, बाहिर धर्मप्रतीति।
दीखें समदृष्टी समा, नहिं सम्यककी रीति ॥३५

शुभगति पावै तो कहा, लहै न केवल भाव।
ये संसारी जानिये, भाषै श्रीजिनराव ॥३६
इनको जानि सुपात्र जा, धारैं भक्ति विधान।
सो कुभोगभूमी लहै, अल्पभोग परवान ॥३७
पर उपगार दया निमित्त, सदा सकलकों देय।
पात्रनिकी सेवा करे, सो शिवपुर सुख लेय ॥३८
नहिं श्रावक नहिं व्रत जती, नहिं श्रावक व्रत जानि।
नहिं प्रतीति जिनधर्मकी, ते अपात्र परवानि ॥३९
बिनै न करनों तिनतनों, दया सकल परि जोग।
करनी भक्ति सु पात्रकी, भक्ति अपात्र अजोगि ॥४०
करनी करुणा सकल परि, हरनी सबकी पीर।
धरनी सेवा सन्तकी, इह भाषैं श्रीवीर ॥४१
पात्रापात्र द्विभेद ए, कहे सूत्र अनुसार।
अब सुनि करुणादानको, भेद विविधि परकार ॥४२
सबै आतमा आपसे, चेतनगुण भरपूर।
निज परकी पहिचान बिन, भ्रमें जगतमें कूर ॥४३
उदय कर्मके हैं दुखी, आधि व्याधिके रूप।
परे पिंडमें मूढ़धी, लखें नहीं चिद्रूप ॥४४
तिन सब पर धरिके दया, करै सदा उपगार।
नर तिर सब ही जीवको, हरै कष्ट व्रतधार ॥४५
अपनी शक्ति प्रमाण जो, मेटै परकी पीर।
तन मन धन करि सर्वको, साता दे वर वीर ॥४६
अन्न वस्त्र जल औषधी, थ्रण आदिक जे देय।
जाने अपने मित्र सहु, करुणाभाव धरेय ॥४७
बाल वृद्ध रोगीनिको, अति ही जतन कराय।
अन्ध पंगु कुष्टीनि परि, करै दया अधिकाय ॥४८
बन्दि छुडावै द्रव्य दे, जीव बचावै सर्व।
अभयदान दे सर्वकों, धरै न धनको गर्व ॥४९
काल दुकाले माहिं जो, अन्नदान बहु देय।
रंकनिकी पीहर जिको, नरभवको फल लेय ॥५०
जाको जगमें कोउ नहीं, ताको भीरो सोइ।
दुरबलको बल शुभमती, प्रभुको दासा होइ ॥५१
शीतकालमें शीतहर, दे वस्त्रादिक वीर।
उष्णकालमें तापहर, वस्तु प्रदायक धीर ॥५२
वर्षाकाले धर्मधी, दे आश्रय सुखदाय।
जल बाधाहर वस्तु दे, कोमल भाव धराय ॥५३

भाँति भाँतिकी औषधी, भाँति भाँतिके चीर।
भाँति भाँतिकी वस्तु दे, सो जैनो जगवीर ॥५४
दान विधी जु अनन्त है, को लग करें बखान।
जानें श्रीजिनरायजू, किह दाता बुधिवान ॥५५
भक्ति दया द्वै विधि कही, दानधर्मकी रीति।
ते नर अंगीकृत करें, जिनके जैन प्रतीति ॥५६
लक्ष्मी दासी दानकी, दान मुकतिको मूल।
दान समान न आन कोउ, जिन मारण अनूकूल ॥५७
अतीचार या व्रत्तके, तजै पंच परकार।
तव पावे व्रतशुद्धता, लहै धर्म अविकार ॥५८
भोजनकों मुनि आवहीं, तब जो मूढ़ कदापि।
मनमें ऐसी चितवे, दान करंता क्वापि ॥५९
लगि है बेला चूकिहों जगतकाजतें आज।
तातें काहूकों कहै, जाय करें जगकाज ॥६०
मो बिन काम न होइगो, तातें जानों मोहि।
दान करेंगे भातृ-सुत, इहहू कारिज होहि ॥६१
धनको जाने सार जो, धर्म न जाने रंच।
सो मूढ़नि सिरमौर है, घटमें बहुत प्रपंच ॥६२
कहै भ्रात पुत्रादिको, दानतनों शुभ काम।
आप सिधारै जड़मती, जग धंधाके ठाम ॥६३
परदात्री उपदेश यह, दूषण पहलो जानि।
पराधीन ह्वै या थकी, यह निश्चै उर आनि ॥६४
मुनि सम ह्वैगो धन कहा, इह धारै उर धीर।
मुक्ति-मुक्ति दाता मुनि, षटकायनिके वीर ॥६५
पुनि सचित्तनिक्षेप है, दूजौ दोष अजोगि।
ताहि तजें तेई भया, दानव्रत्तकों जोगि ॥६६
सचित्त वस्तु कदली दला, ढाक पत्र इत्यादि।
तिनमें मेलो वस्तु जो, मुनिकों देवो वादि ॥६७
दोष लगै जु सचित्तको, मुनिके अचित्त अहार।
तातै सचित्तनिक्षेपको, त्याग करै व्रत धारा ॥६८
तीजौ सचित्तपिधान है, ताहि तजौ गुणवान।
कमलपत्र आदिक सचित, तिन करि ढाक्यौ धान ॥६९
नहि देनों मुनिरायको, लगै सचित्तको दोष।
प्रासुक आहारी मुनी, व्रत तप संजम कोष ॥७०
काल उलंघन दानको, योग्य होत नहि दान।
सो चौथो दूषण भया त्यागें ते मतिवान ॥७१

है मत्सरता पंचमों, दूषण दुखकी खानि ।
करं अनादर दानको, ता सम मूढ़ न आनि ॥७२
देखि न सकै विभूति पर, पर-गुण देखि सकै न ।
सहि न सकै पर उच्चता, सो भव-वास तजै न ॥७३
नहिं मात्सर्य समान कोउ, दूषण जगमें आन ।
जाहि निषेधें सूत्रमें, तीर्थंकर भगवान ॥७४
अतीचार ए दानके कहे जु श्रुत अनुसार ।
इनके त्याग किये शुभा, होवै व्रत अविकार ॥७५
नमों नमों चउ दानकों, जे द्वादश व्रत-मूल ।
भोजन भेषज भय-हरण, ज्ञानदान हर भूल ॥७६
भोजन दानें ऋद्धि ह्वै, औषध रोग निवार ।
अभयदानते निर्भया, श्रुति दानें श्रुत-पार ॥७७
कहे व्रत द्वादश सबै, दया आदि सुखदाय ।
दान पर्यन्त शुभंकरा, जिन करि सब दुख जाय ॥७८
एक एक व्रतके कहे, पंच पंच अतिचार ।
पालें निरतीचार व्रत, ते पावें भव पार ॥७९
सम्यक बिन नहिं व्रत ह्वै, व्रत विन नहिं वैराग ।
बिन वैराग न ज्ञान ह्वै, राग तजे बड़भाग ॥८०

### चाल छन्द

अब सुनि सब व्रतको कोटा, देशावकाशिव्रत मोटा ।
ताको सुनि रीति जु भाई, जैसी जिनराज बताई ॥८१
पहले जु करौ परमाणा, दिसि विदिशाको विधि जाणा ।
इन्द्री विषयनिका नेमा, कीयौ धरि व्रतसों प्रेमा ॥८२
धन धान्य अन्न वस्त्रादी, भोजन पानाभरणादी ।
मरजादा सबकी धारी, जीवितलों धर्म सम्हारी ॥८३
जामें मरजादा बरसी, तामें छै मासी दरसी ।
करनी चउमासो तामें, वहुरि द्वै मासी जामें ॥८४
ताहूमें मासी नेमा, मासीमें पाखी प्रेमा ।
पाखीमें आधी पाखी, ताहूमें दिन-दिन भाखी ॥८५
दिन माहीं पहरां धारै, पहरनिमें घरी विचारै ।
पल-पलके धारै नेमा, जाके जिनमतसों प्रेमा ॥८६
भोगनिसों घटतां जाई, व्रतहै चढ़तो अधिकाई ।
सीमामें सीमा कारै, जिन-मारग जतनें धारै ॥८७
ह्वै बाड़ि फले क्षेत्रनिके, जैसें कोट जु नगरीके ।
तैसे यह द्वादश व्रतके, देशावकाश व्रत सबके ॥८४

देसावकाशि व्रत माहीं, सतरा नेम जु सक नाहीं।
तिनको मुनि रीति जु मित्रा, जिन भाखे ह्वं व्रत पवित्रा ॥८९

**दोहा**

नियम किये व्रत शोभ ही, नियम बिना नहिं शोभ।
तातें व्रत धरि नेमको, धारें तजि मद लोभ ॥९०

**सतरा नेमके नाम उक्तं च श्रावकाचारे**

भोजने षटरसे पाने, कुंकुमादिविलेपने।
पुष्पताम्बूलगीतेषु, नृत्यादौ ब्रह्मचर्यके ॥१
स्नानभूषण वस्त्रादौ, वाहने शयनाशने।
सचित्तवस्तुसंख्यादौ, प्रमाणं भज प्रत्यहम् ॥२

**चौपाई**

भोजनकी मरजादा गहै, वारंवार न भोजन लहै।
पर घर भोजन तोहि जु करं, प्रात समै जो मर्यादा धरं ॥९१
अन्न मिठाई मेवा आदि, भोजन माहिं गिने जु अनादि।
बहुरि चर्वाणी अर पकवान, भोजन जाति कहे भगवान ॥९२
सब मरजादा माफिक गहै, बार-बार ना लीयौ चहै।
षट रसमें राखे जो रसा, सोई लेय नेममें बसा ॥९३
और न रस चाखौ बुधिवन्त, इह आज्ञा भाषें भगवन्त।
काम-उदीपक हैं रसजाति, रस परित्याग महातप भांति ॥९४
जो रसजाति तजी नहिं जाय, करि प्रमाण जियमें ठहराय।
पानी सरबत दूध रु मही, इत्यादिक पीवेके सही ॥९५
तिनमें लेवौ राखं जोहि, ता माफिक लेवौ बुध सोहि।
चोवा चन्दन तेल फुलेल, कुंकुम और अरगजा मेल ॥९६
औषधि आदि लेप हैं जेह, संख्या बिन न लगावै तेह।
जाने येह देह दुरगन्ध, याके कहा लगावै सुगन्ध ॥९७
जो न सर्वथा त्यागं बीर, तोहु प्रमाण ग्रहै नर धीर।
पहुपजातिसों छांडं प्रेम, अति दोषीक कहे गुरु एम ॥९८
भोग उदय जो त्यागि न सकै, थोरे लेप पापतें सकै।
पान सुपारी डोडा आदि, लोंगादिक मुखसोध अनादि ॥९९
दालचिनी जावित्री जानि, जातीफल इत्यादि बखानि।
सबमें पान महा दोषीक, जैसे पापनि माहिं अलीक ॥१२००
पान त्यागिवौ जावो जीव, पाननिमें प्राणी जु अतीव।
जो अतिभोगी छांडि न सकै, थोरे खाय दोषतें सकै ॥१

गीत नृत्य वादित्र जु सर्व, उपजावै अति मनमथ गर्व।
ए कौतूहल अधिके बन्ध, इनमें जो राचै सो अन्ध ॥२
जो न सर्वथा छाड़े जाय, तोहु न अधिक न राग धराय।
मरजादा माफिक ही भजै, औसर पाय सकल ही तजै ॥३
एक भेद या माहीं, और, आपुन बैठौ अपनी ठौर।
गावत गीतत्रिया नीकली, सुनिकर हरषै चित्तधरि रली ॥४
तामें दोष लगै अधिकाय, भाव सराग महा दुखदाय।
पातरि नृत्य अखारे माहिं, नट नटवा अथ नृत्य कराहिं ॥५
बादीगर आदिक बहु ख्याल, बिनु परमाण न देखौ लाल।
अब सुनि ब्रह्मचर्यकी बात, याहि जु पाले तेहि उदात ॥६
परनारीकौ है परिहार, निजनारी में इह निरधार।
जावो जीव दिवसकौ त्याग, रात्रि विषै हूँ अलपहि राग ॥७
पाँचूं परवी शील गहेय, अर सब व्रतके दिवस धरेय।
कबहुक मैथुन सेवन परै सो मरजादा माफिक करै ॥८
महा दोषको मूल कुशील, या तजिवेमें ना करि ढील।
सेवत मनमथ जीव-विघात, इहै काम है अति उतपात ॥९
जा न सर्वथा त्यागयौ जाहि, तौहू अलप सेववौ ताहि।
नदी तलाव बापिका कूप, तहाँ जाय न्हावौ जु विरूप ॥१०
जो न्हावै विनछाणें जलै, ते सब धर्म-कर्मतैं टलैं।
जैसौ रुधिरथकी ह्वै स्नान, तैसौ अनगाले जल जान ॥११
अचित जले न्हावौ है भया, प्रासुक निर्मल विधिकरि लया।
ताहूकी मरजादा धरै, बिना नेम कारिज नहिं करै ॥१२
रात्री न्हावौ नाहिं कदापि, जीव न सूझै मित्र कदापि।
हिंसा सम नहिं पाप जु और दया सकल धर्मनि सिर मौर ॥१३
आभूषण पहिरे हैं जिते, घरमैं और धरे हैं तिते।
नियम बिना नहिं भूषण धरै, सकल वस्तुकौ नियम जु करै ॥१४
परके दीये पहरे जे हि, नियम माहि राखे हैं तेहि।
रत्नत्रय भूषण बिनु आन, पाहन सम जाने मतिवान ॥१५
वस्त्रनिकी जेती मरजाद, ता माफिक पहरै अविवाद।
अथवा नये ऊजरे और, नियमरूप पहरै सुभतौर ॥१६
सुसरादिकके दीने भया, अथवा मित्रादिकतैं लया।
राजादिकने की बकसीस, अदभुत अंबर मोल गरीस ॥१७
नित्य नेममें राखे होइ, तौ पहिरै नातर नहिं कोइ।
पावनिकी पनही है जेहि, तेऊ वस्त्रनि माहि गिनेहि ॥१८
नई पुरानी निज परतणी, राखै सो पहिरै इम भणी।
पनही तजै पहरवौ भया, तौ उपजे प्राणिनिकी दया ॥१९

रथ वाहन सुखपाल इत्यादि, हस्ती ऊंट रु घोटक आदि।
एहैं थलके वाहन सबै, पुनि बिमान आदिक नभ फवै ॥२०
नाव जिहाज आदि जलकेह, इनमें ममता नाहिं वरेह।
कोइक जावो जावै तजै, कोइक राखें नियमा भजें ॥२१
तिनहूंमें निति नेम करेइ, बहु अभिलाषा छांड़ि जु देइ।
मुनि हूवौ चाहे मन मांहि, जगमाहीं जाको चित नाहि ॥२२
वाहन चढ़े होइ नहि दया, तातैं तजें धन्य ते भया।
मुनि आर्या अर श्रावक बड़े, हैं जु निरारंभी अति छड़े ॥२३
ते बाहनको नाम न धरे, जीवदया मारग अनुसरें।
आरम्भी श्रावक राजादि, तिनके बाहन है जु अनादि ॥२४
तेऊ करै प्रमाण सुवीर, नित्यनेम धारें जगधीर।
तीर्थंकर चक्री अरु काम, मुनि ह्वै फिरें पयादे राम ॥२५
तातैं पगां चालिवौ भला, पर सिर चलिवौ है अघमिला।
इहै भावना भावत रहै, सो वेगा शिवकारन लहै ॥२६
रतनत्रय शिवकारण कहे, दरसन ज्ञान चरण जिन लहे।
अब सुनि शयनासनकौ नेम, धारै श्रावक व्रतसों प्रेम ॥२७
जोहि पलंगपरि सोवो तनो, सोहू शयन परिग्रह गनो।
सौड़ दुलाई तकिया आदि, ए सब सज्जा माहि अनादि ॥२८
इनकौ नेम धरै व्रतवान, भूमि-शयन चाहै मतिवान।
भूमि-शयन जोगीश्वर करैं, उत्तम श्रावक हू अनुसरै ॥२९
आरंभी गृहपतिके सेज, तेहू नियम सहित अधिकेज।
जापरि परनारी सोवैहि, सो सज्ज्या बुध नहि जोवैहि ॥३०
निज सज्जा राखी है भया, ताहूमें परमित अति लया।
व्रतके दिन भू-सज्जा करै, भोग भावतें प्रेम न धरै ॥३१
गादी गाऊ तकिया आदि, चौकी चौका पाट इत्यादि।
सिंहासन प्रमुखा जेतेक, आसन माहि गिनी जु अनेक ॥३२
गिलम गलीचा सतरंजादि, जाजम चादर आदि अनादि।
इन चीजोंसे मोह निवार, जासें होय पार संसार ॥३३
जेती जाति बिछौनाकी हि, सो सब आसन माहि गनीहि।
निज घरके अथवा परठाम, जेते मुकते राखे धाम ॥३४
तिनपरि बैसे और जु त्याग, है जाको व्रतसूं अनुराग।
सचित्त वस्तुको भोजन निंद, जाहि निषेधै त्रिभुवनचंद ॥३५
मुनि आर्या त्यागैंहि सचित्त, उत्तम श्रावक लें हि अचित्त।
पंचम पड़िमा आदि सुधीर, एकादस पड़िमा लों वीर ॥३६
कबहु न लेइ सचित्त अहार, गहै अचित्त वस्तु अविकार।
पहली पड़िमा आदि चतुर्थ, पड़िमा लों ले सचितहि अर्थ ॥३७

पै मनमें कम्पै सु विवेक, तजे सचित्त जु वस्तु अनेक ।
केइक राखी तामें नेम, नितप्रति धारै व्रतसों प्रेम ।।३८
कहा कहावै वस्तु सचित्त, सो धारो भाई निज चित्त ।
पत्र फूल फल छांडि इत्यादि, कूंपल मूल कन्द बीजादि ।।३९
पृथिवी पाणी अग्नि जु वाय, ए सहु सचित्त कहे जिनराय ।
जीव-सहित जो पुदगल पिंड, सो सब सचित तजे गुणपिंड ।।४०
ये सहु भांति सचित्त तजेय, सो निहचै जिनराज भजेय ।
जो न सर्वथा त्यागी जाय, तौ कैयक ले नेम धराय ।।४१
संख्या सचित्त वस्तुकी करै, सकल वस्तुको नियम जु धरै ।
गिनती करि राखै सब वस्तु, तबहि जानिये व्रत्त प्रशस्त ।।४२
लाडू पेड़ा पाक इत्यादि, औषधि रस अर चूरण आदि ।
बहुत वस्तु करि जे निपजेह, एक द्रव्य जानों बुध तेह ।।४३
वस्तु गरिष्ठ न खावे जोग, ए सब काम तने उपयोग ।
जो कदापि ये खाने परै, अलप-थकी अलपजु आहरै ।।४४
सत्रह नेम चितारै नित्य, जानो ए सहु ठाठ अनित्य ।
प्राातथकी संध्यालों करे, पुनि संध्या समये बुध धरै ।।४५
इती वस्तु तौ त्यागै वीर, राति परै नहिं सेवै वीर ।
भोजन षटरस पान समस्त, चंदनलेप आदि परसस्त ।।४६
तजे राति तंबोल सुवीर, दया धर्म उर धारै धीर ।
गीत श्रवण जो होय कदापि, राखै नेम माहिं सो क्वापि ।।४७
नृत्यहुंसी नहिं जाको भाव, पै न सर्वथा छांड्यौ चाव ।
जौ लग गृहपति कबहूँक लखै, सोहू नेममांहि जो रखै ।।४८
ब्रह्मचर्यसों जाको हेत, परनारीसों वीर सचेत ।
निज नारीहीमें संतोष, दिनको कबहु न मनमथ पोष ।।४९
रात्रिहुमें पहले पहरौ न, चौथी पहरौ मनमथको न ।
दूजी तीजौ पहर कदापि, परै सेवनो मैथुन क्वापि ।।५०
सोहू अलप-थकी अति अल्प, नित प्रत्ति नहिं याकौ संकल्प ।
राखै नेम माहिं सहु बात, बिना नेम नहिं पांव धरात ।।५१
स्नान रातिकों कबहु न करै, दिनको स्नान तनी विधि धरै ।
भूषण वस्त्रादिकको नेम, राखै जाबिधि धारै प्रेम ।।५२
वाहन शयनासनकी रीत, नेम माहिं धारै सहु नीति ।
वस्तु सचित नहिं निशिकों भखै, रजनीमें जलमात्र न चखै ।।५३
खान-पानकी वस्तु समस्त, रात्रिविषैं कोई न प्रशस्त ।
याविधि सतरा नेम जु धरै, सो व्रत धारि परम गति वरै ।।५४
नियम बिना धिग धिग नर जन्म, नियमवान होवेंहि अजन्म ।
यमनियमासन प्राणायाम, प्रत्याहार धारना राम ।।५५

ध्यान समाधि अष्ट ए अंग, योगतनैं भाषे जु असंग।
सबमें श्रेष्ट कही सुसमाधि, नियमथकी उपजे निरुपाधि ॥५६
राग-द्वेषको त्याग समाधि, जाकरि टरै आधि अरु व्याधि।
परम शांतता उपजे जहां, लहिए आतम भाव जु तहां ॥५७
मरण-काल उपजे जु समाधि, आय प्राप्त ह्वै आधि रु व्याधि।
नित्य अभ्यासी होय समाधि, तौ न नीपजे एक उपाधि ॥५८
जो समाधितें छाड़े प्राण, तौ सदगति पावैहि सुजांण।
नांहि समाधिसमान जु और, है समाधि व्रतनि सिरमौर ॥५९

### छन्द चाल

अब सुनि सल्लेखण भाई, जाकरि सहु व्रत सुधराई।
उत्तम जन याकौं भावें, याकरि भवभ्रांति नसावें ॥६०
जे द्वादस व्रत संजुक्ता, सल्लेखण कारई युक्ता।
होवें जु महा उपशांता, पावें सुरसौख्य सुकांता ॥६१
अनुक्रम पहुंचे थिर थानै, परकी सहु परणति भानै।
यह एकहु निर्मलव्रत्ता, समदृष्टी जो दृढ़चित्ता ॥६२
करई सौ सुरपति होवै, पुनि नरपति ह्वै शिव जोवै।
इह भुक्ति मुक्तिदायक है, सब व्रत्तनिको नायक है ॥६३

### सोरठा

मेरौ जो निजधर्म, ज्ञान सुदर्शन आचरण।
सो नाशक वसु कर्म, भासक अमित सुभावको ॥६४
मैं भूल्यौ निज धर्म, भयौ अधर्मा जगविषैं।
तातें बाँधे कर्म, किये कुमरण अनंत मैं ॥६५
मरि-मरि चहुंगति माहिं, जनम्यौ मैं शठ भ्रांति धर।
सो पद पायौ नाहिं, जहां जन्म मरण न हुवै ॥६६
विना समाधि जु मर्ण, मर्ण मिटै नहिं हमतनों।
यह एकैव जु सर्ण, है सल्लेखण अति गुणी ॥६७
निज परणतिसों मोहि, एकत्त्व करिवे सक इहै।
देख्यौ श्रुतिमें टोहि, ठौर ठौर याको जसा ॥६८
धरै निरंतर याहि, अंतिम सल्लेखण वरत।
उपजै उत्तम ताहि, मरणकाल निस्संकता ॥६९
करिहों पंडित मर्ण, किये बाल मर्णा अमित।
लै जिनवरको सर्ण तजिहों काया कालिमा ॥७०
जिन आज्ञा अनुसार, अवश्य करूंगो अन्नसन।
सल्लेखणव्रत धार, इहै भावना नित्त धरै ॥७१

**बेसरी छन्द**

मरण काल धरियेगो भाई, परि याकों नित प्रति चितराई ।
व्रत्त अनागत या विधि पाले, या व्रत करि सहु दूषण टाले ॥७२
मरणो नाहीं आतमतामें, तातैं निरभय होय रह्या मैं ।
पर संबंध ऊपनी काया, ताका नाशा अवश्य बताया ॥७३
इनका ज्ञान हुए यह जीव, पावे निश्चय सुगति सदीव ।
मै अनादि सिद्धों अविनाशी, सिद्धसमानो अति सुखरासी ॥७४
सो अनादि कालहुतैं भूल्यौ, परपरिणतिके रसमें फूल्यौ ।
परपरिणति करि भयौ सदोषी, कर्म-कलंक उपार्जक रोषी ॥७५
जातैं देह अनन्ती धारी, किये कुमर्ण अनन्ता भारी ।
मैं नहिं कबहूं उपज्यो मूवौ, मैं चेतन मायातैं दूवौ ॥७६
मोतैं भिन्न सकल परभावा, मैं चिद्रूप अनन्त प्रभावा ।
भयो कषाय-कलंकित चित्ता, मैं पापी अति ही अपवित्ता ॥७७
बहु तन धरि धरि डारे भाई, तन तजिवौ इह मरण कहाई ।
तातैं कुमरण मूल कषाया, क्षीण करै ध्याऊं जिनराया ॥७८
रागादिक तजि करौं सुमरणा, बहुरि न मेरे होइ कुमरणा ।
इहै धारना धरि व्रत धारी, दुर्बल करै कषाय जु सारी ॥७९
कै गुरुके उपदेशथकी जो, कै असाध्य लखि रोग अती जो ।
मरणकाल जानै जब नीरे, तब कायरता धरइ न तीरे ॥८०
चउ अहार तजि चारि कषाया, तजि करि त्यागै त्यागी काया ।
तन-सम्बन्ध उदय मति आवौ, तनमें हमरो नाहिं सुभावौ ॥८१

**सोरठा**

कर्म संजोगे देह, उपज्यौ सो न रहायगो ।
तातें यासौं नेह, करनौ सो अति कुमत्ति है ॥८२

**चौपाई**

इहै भावना धारि विरागी, तजै कारिमा काय सभागी ।
सो श्रावक पावै शुभ लोका, षोडश स्वर्ग लगै सुखथोका ॥८३
नर ह्वै फिर मुनिके व्रत धारै, सिद्ध लोककों शीघ्र निहारै ।
सल्लेखण सम व्रत नहिं दूजा, इह सल्लेखण त्रिभुवन पूजा ॥८४
तजि कषाय त्यागै बुध काया, सो संन्यास महा फलदाया ।
सल्लेखण संन्यास समाधी, अनसन एक अर्थ निरुपाधी ॥८५
पंडित मरणा वीरियमरणा, ये सब नाम कहे जु सुमरणा ।
सुमरणते कुमरण सब नासे, अविनासी पद शीघ्र प्रकासे ॥८६
यह संन्यास न आतम-घाता, कर्म-विघाता है सुख-दाता ।
अर जो शठ करि तीव्र कषाया, जलमें डूबि मरे भरमाया ॥८७

जीवत गड़े भूमिमें कुमती, सो पावे दुरगति अति विमती।
अगनि दाह ले अथवा विष करि, तजे मूढधी काया दुख करि ॥८८
शस्त्र प्रहारि जो त्यागे प्राणा, अथवा झंपापात बखाणा।
ए सब आतम-घात बतावे, इनकरि बड़ भव-भव भरमाये ॥८९
हिंसाके कारण ये पापा, हैं जु कषाय प्रदायक तापा।
तिनको क्षीण पारिवो भाई, सौ संन्यास कहैं जिनराई ॥९०
जीव-दयाको हेतु समाधी, विना समाधि मिटै न उपाधी।
दया उपाधि मिटै बिन नाहीं, तातैं दया समाधि ही माहीं ॥९१
व्रत शीलनिकौ सर्वस एही, इह संन्यास महा सुख देही।
मुनिकों अनशन शिवसुख देई, अथवा सुर अहमिन्द्र करेई ॥९२
श्रावकको सुर उत्तम कारै, नर करि मुनि करि भवदधि तारै।
उभय धर्मको मूल समाधी, मेटे सकल आधि अर व्याधी ॥९३
कायर मरणे बहुतहि मूवा, अब धरि वीर मरण जगदूवा।
बहुत भेद हैं अनशनके जी, सबमें आराधन चउ ले जी ॥९४
दरसन ज्ञान चरन तप शुद्धा, ए चारों ध्यावैं प्रतिबुद्धा।
निश्चय अर व्यवहार नयनि करि, चउ आराधन सेवैं चितकरि ॥९५
ताकौ सुनहु विचारि पवित्रा, जा करि छूटै भव भ्रम मित्रा।
देव जिनेसर गुरु निरग्रन्था, सूत्र दयामय जैन सुपन्था ॥९६
नव तत्त्वनिकी श्रद्धा करिवौ, सो व्यवहार सुदर्शन धरिवो।
निश्चय अपनो आतमरामा जिनवर सो अविनश्वर धामा ॥९७
गुण-पर्याय स्वभाव अनन्ता, द्रव्य थकी न्यारे नहि सन्ता।
गुण-गुणिकौ एकत्व सुलखिवौ, आतमरुचि श्रद्धाको धरिवौ ॥९८
करि प्रतीति जे तत्त्वतनी जो, हनै कर्मकी प्रकृति घनी जो।
सो सम्यकदर्शन तुम जानों, केवल आतम भाव प्रवानों ॥९९
अब सुनि ज्ञान अराधन भाई, सम्यकज्ञानमयी सुखदाई।
नव पदार्थकों जानैं भेदा, जिनवानी परमान सुवेदा ॥१३००
पंच परम पदकों प्रभु जानै, भयो जु दासा बोध प्रवानै।
इह व्यवहारतनो हि स्वरूपा, निश्चय जानै हूँ जु अरूपा ॥१
शुद्ध बुद्ध अविरुद्ध प्रबुद्धा, अतुल शक्तिरूपी अनुरुद्धा।
.... .... .... .... ... .... ॥२
चेतन अनन्त गुणातम ज्ञानी, सिद्ध सरीखौ लोक प्रमानी।
अपनो भाव भायवौ भाई, सो निश्चय ज्ञान जु शिवदाई ॥३
पुनि सुनि सम्यकचारित रतना, त्रस-थावरको अति ही जतना।
आचरिवौ भक्ति जिन मुनिकी, आदरिवौ विधि जोहि सु पुनकी ॥४
पंच महाव्रत पंच सु समिती, तीन गुपति धारै हि जु सुजती।
अथवा द्वादस व्रत्त सुधरिवौ, श्रावक संयमको अनुसरिवौ ॥५

ए सब हैं व्यवहार चरित्रा, निश्चय आतम अनुभव मित्रा।
जो सु स्वरूपाचरण चरित्रा, थिरता निजमें सो सु पवित्रा ॥६
ए रतनत्रय भाषे भाई, चौथो सम्यक तप सुखदाई।
व्यवहारें द्वादस तप सन्ता, अनसन आदि ध्यान परजन्ता ॥७
निश्चय इच्छाको जु निरोधा, पर परिणति तजि आतम शोधा।
अपनो आतम तेजकरी जो, सो तप भाषहि कर्महरी जो ॥८
ए चउ आराधन आराधे, सो संन्यास धरै शिव साधै।
अरहन्ता सिद्धा साधू जे, केवलि कथित सुधर्म दया जे ॥९
ए चउ शरणा लेइ सु ज्ञानी, ध्यावे परम ब्रह्मपद ध्यानी।
णमोकार मन्तर जपतो जो, ओंकार प्रणवे रटतो जो ॥१०
सोहं अजपा अनादह सुनतौ, श्रीजिन बिम्ब चित्तमों मुनतौ।
धर्मध्यान धरन्तौ धोरी, लगो जिनेसुर पदसों डोरी ॥११
ध्यावन्तौ जिनवर गुन धीरा, निजरस रातौ विरकत वीरा।
दुर्बल देह अनेह जगतसों, करि कषाय दुर्बल निज धृतिसों ॥१२
क्षमा करै सब प्राणी गणसों, त्यागै प्राण लाय लव जिनसों।
सो पण्डितमरणा जु कहावै, ताको जस श्रुतिकेवलि गावै ॥१३
सल्लेखणके बहुते भेदा, भाषे जिनमत पाप उछेदा।
है प्रायोपगमन सब माहें, उत्तमसों उत्तम सक नाहें ॥१४
ताको अर्थ सुनौ मनलाये, जाकरि अपनों तत्त्व लखाये।
प्रायः कहिये मित्र सर्वथा, उप कहिये स्वसमीप निर्व्यथा ॥१५
गमन जु कहिये जाग्रत होवौ, रात दिवस कबहूं नहिं सोवौ।
सो प्रायोपगमन संन्यासा, सर्व गुणाकरि धर्म अभ्यासा ॥१६
जिनको बारंबार चितारे, क्षण-क्षण चेतन तत्त्व निहारे।
जग सन्तति तजि होइ इकाकी, कीरति गावें श्रीगुरु ताकी ॥१७
तजै आहार विहार समस्ता, भजै विचार समस्त प्रशस्ता।
इह भव पर भवकी अभिलाषा, जिन करि होइ निरोह अभासा ॥१८
या जड़ तनका सेवा आपु न, करे न करावे विधि सों थापु न।
अति वैराग्य परायण सोई, तजै अनातम भाव सबोई ॥१९
गहन बनें भू सज्जा धारी, निसप्रह जगतजोगथो भारी।
चित्त दयाल सहनशीलो जो, सहै परिसह नहिं ढीलो जो ॥२०
जो उपसर्ग थका नहि कंपै, जाकों कायरता नहिं चंपै।
भागो लोक प्रपंच-थकी जो, परपरिणति जातें दिसिकी जो ॥२१
या संन्यास थकी जो प्राणा, त्यागै सो नहिं मुवो सुजाणा।
सुर-शिवदायक है यह व्रता, यामैं बुधजन करें प्रवृत्ता ॥२२
पंच अतिचारा जो त्यागै, तब संन्यास-पंथकों लागै।
सो तजि पांचों ही अतिचारा, ये तो सल्लेखण व्रत धारा ॥२३

जीवित-अभिलाषा अब पहिला, ताकों बारइ सो गिनि गहिला।
देखि प्रतिष्ठा जीयौ चाहै, सो सल्लेखण नहिं अवगाहे ॥२४
दूजौ मरण-तनी अभिलाषा, जो धारे निज रस नहिं चाखा।
रोग कष्ट करि पीड्यो अति गति, मरिवौ चाहै सो है शठमति ॥२५
ताजौ सुहृदनुराग सुगनिये, मित्रथकी अनुराग सु धरिये।
मरिवौ आनि बन्यूं परि मित्रा, मिल्यौ न हमसों जाहु पवित्रा ॥२६
दूरि जु सज्जन तामैं भावा, मिलिवेको अति करहि अपावा।
अथवा मित्र कनारे जो है, ताके मोह-थकी मन मोहै ॥२७
यों अज्ञानथको भव भरमै, पावै नहिं सल्लेखण धरमैं।
पुनि सुखानुबंधी है चौथो, सुख संसार तनों सहु थोथौ ॥२८
या तनमें भुगते सुख भोगा, सो सब यादि करैं शठ लोगा।
यों नहि जानें भव सुख दुख ए, तीन कालमैं नाहीं सुख ए ॥२९
इनको सुख जानें जो भाई, भोंदू इनसों चित्त लगाई।
सो दुख लहै अनंता जगके, पावै नहिं गुण जे जिन-मगके ॥३०
पंचम दोष निदान प्रबंधा, जो धारइ सो जानहु अंधा।
परभवमैं चाहे सुख भोगा, यों नहिं जाने ए सहु रोगा ॥३१
इन्द्र चन्द्र नागेन्द्र नरेन्द्रा, हूवौ चाहे पुनि अहमिन्द्रा।
व्रतकों बेचै विषयनि साटे, सो जड़ कर्मबंध नहिं काटे ॥३२
ए पाचौं तजि धरहि समाधी, सो पावै सद्गति निरुपाधी।
या व्रत सम नहिं दूजौ कोई, सवमैं सार जु इह व्रत होई ॥३३
याको जस सुर नर मुनि गावें, धीर चित्त यासों लव लावैं।
नमों नमों या सुमरणकों है, जो काटै जल्दी कुमरणको है ॥३४

## दोहा

उदय होउ सल्लेखणा, जोहि निवारै भ्रांति।
आवै बोध जु घटिविषैं, पइये परम प्रशांति ॥३५
कहे बरत द्वादश सबै, अर सल्लेखण सार।
अब सुनि तप द्वादश तनों, भेद निर्जराकार ॥३६
प्रथमहिं बारह तपविषैं, है अनशन अविकार।
जाहि कहैं उपवास गुरु, ताकौ सुनहु विचार ॥३७
इन्द्रिनिकी उपसांतता, सो कहिये उपवास।
भोजन करते हू मुनी, उपवासे जिनदास ॥३८
जो इन्द्रिनिके दास है, अज्ञानि अविवेक।
करै उपासा तउ शठा, नहिं व्रत धार अनेक ॥३९
मुनि श्रावक दोऊनिकों, अनशन अति गुणदाय।
जाकरि पाप विनाश ह्वै, भाषै श्रीजिनराय ॥४०

इन्द्रिनिकों उपशांत करि, करै चित्तको रोध।
ते उपवासे उत्तमा, लहैं आपको बोध ॥४१
गनि उपवासे ते नरा, मन इन्द्रिनिकों जीति।
करैं वास चेतनविषै, शुद्धभावसों प्रीति ॥४२
इस भव परभव भोगको, तजि आशा ते धीर।
करम-निर्जरा कारणें, करैं उपास सु वीर ॥४३
आतम ध्यान धरै बुधा, कै जिन श्रुत अभ्यास।
तब अनसनको फल लहै, केवल तत्त्व अध्यास ॥४४
चऊ अहार विकथा चऊ, तजिवौ चारि कषाय।
इन्द्री विषया त्यागिवौ, सो उपवास कहाय ॥४५
द्वै विधि अनसनकी कहैं, महामुनी श्रुतिमांहि।
सावधि निरवधि गुण धरी, जाकरि कर्म नशांहि ॥४६
एक दिवस द्वै तीन दिन, च्यारि पांच पखवार।
मासा द्वय त्रय च्यारि हू, मास छमास विचार ॥४७
वर्षावधि उपवास करि, करै पारनों जोहि।
सावधि अनसन तप भया, भाषै श्री गुरु सोहि ॥४८
आयु-कर्म थोरौ रहै, तब ज्ञानी व्रत धीर।
जावीजोव तजैं सबै, असन पान जगवीर ॥४९
मरणावधि अनसन करैं, सो निरवधि उपवास।
जे धारैं उपवासकों, ते जु करैं अघ नाश ॥५०
करत थके उपासकों, जे न तजे आरम्भ।
जग धंधेमें चित धरैं, तजैं न शठमति दंभ ॥५१
मोहगहल चंचल दशा, लहै न फल उपवास।
कछुयक काय-कलेशका, फल पावै जगवास ॥५२
कर्म-निर्जरा फल सही, सो नहिं तिनकों होइ।
इह निश्चय सतगुरु कहैं, धारैं, बुधजन सोइ ॥५३
धन्य धन्य उपवास हैं, देइ सासतो वास।
अब सुनि अवमोदर्य जो, दूजौ तप सुखरास ॥५४
जो मुनि करै अनोदरी, तजि अहारकी वृद्धि।
प्रासुक योग सु अलप अति, लै अहार तप-वृद्धि ॥५५
करै सु अवमोदर्यकों, करै निर्जरा हेत।
नहिं कीरतिकों लोभ है, सो मुनिजिन पद लेत ॥५६
श्रावक होइ जु व्रत करै, लेइ अलप आहार।
जब स्वाध्याय सु ध्यान ह्वै, मिटैं अनेक विकार ॥५७
संध्या पोसह पडिकमण, तासों सधै अदोष।
जो अहार बहुत न करै, धरै महागुण कोष ॥५८

कै अनसन अघ नाश कर, कै यह अवमोदर्य ।
इन सम और न जगविषै, ए तप अति सौंदर्य ॥५९
इन बिन कदै न जो रहे, सो पावै व्रतशुद्धि ।
ध्यान कारणैं जो करै, सो होवै प्रतिबुद्ध ॥६०
अरु जो मायावी अधम, धरि कीरतिको लोभ ।
करै सु अलप अहारकों, सो नहिं होइ अक्षोभ ॥६१
अथवा जो शठ अंधधो, यह विचार जियमांहि ।
करै सु अलप अहार जो, सोहू व्रतधरि नांहि ॥६२
जो करिहों जु अहार अति, तौ जैसो तैसो हि ।
मिलि हैं मोदक स्वादकरि, तातैं इह न भलौ हि ॥६३
अलप अहार जु खाहुंगो, बहुत रसीली वस्तु ।
इहैं भाव धरि जो करै, सो नहिं व्रत्त प्रशस्त ॥६४
मिष्ट भोज्य अथवा सुजस, कारण अल्प अहार ।
करै न फल तपको प्रबल, कर्म निर्जराकार ॥६५
केवल आतमध्यानके, अर्थ करै व्रत धार ।
कै स्वाध्याय सु व्रतके, कारण अल्प आहार ॥६६
अल्प अहार-थकी बुधा, रोग न उपजे क्वापि ।
निद्रा मनमथ आदि सहु, नहिं पीरै जु कदापि ॥६७
बहु अहार सम दोष नहिं, महा रोगकी खानि ।
निद्रा मनमथ प्रमुख जो, उपजै पाप निदान ॥६८
लोकमांहि कहवत इहै, मरै मूढ़ अति खाय ।
कै विन वुद्धि जु बोझकों, भोंद्र मरै उचाय ॥६९
तातैं घनों न खाइवौ, करिबो अलप अहार ।
याहि करैं सतगुरु सदा, व्रतको बीज अपार ॥७०
व्रतपरिसंख्या तीसरो तप ताकों सु विचार ।
सुनों सुगुरु भाषैं भया, परम निर्जराकार ॥७१
मुनि उतरें आहारकों, करि ऐसी परतिज्ञ ।
मनमें तौक छांटकों (?) सो धारौ तुम विज्ञ ॥७२
एक घरें नहिं पाय हो, तौ न आन घर जाहुँ ।
और कछू नहिं खाय हों, यह मिलि हैं तौ खाहुं ॥७३
अथवा ऐसी मन धरै, या विधिके तन चीर ।
पहिरे होंगी श्राविका, तौ लेहूँ अन नीर ॥७४
तथा विचारै सो सुधी, कारो बलधा जोहि ।
धरे सींग परि गुड़-डला, मिलै पंथमें मोहि ॥७५
जाऊँ भोजन कारनें, नातरि नहीं अहार ।
इत्यादिक जे अटपटी, करै प्रतिज्ञा सार ॥७६

व्रतपरिसंख्या तप लहैं, जे मुनिराय महंत।
श्रावक हू इह तप करें, कौन रीति सुन संत ॥७७
प्रातहिं संध्या विधि करें, धारहिं सतरा नेम।
तासम कबहूं व्रत करें, परिसंख्यासों प्रेम ॥७८
धारि गुप्ति चितवें सुधी, अपने चित्त मँझारि।
साखि जिनेश्वर देव हैं, ज्ञायक ज्ञेय अपार ॥७९
और न जानें बात इह, जो धारें बुध नेम।
नहीं प्रेम भव-भावसों, जप तप व्रतसों प्रेम ॥८०
अनायास भोजन समय, मिलि हैं मोहि कदापि।
रूखी रोटी मूंगको, लेहूँ और न क्वापि ॥८१
इत्यादिक जे अटपटी, धरैं प्रतिज्ञा धीर।
व्रतपरिसंख्या व्रत लहैं, ते श्रावक गंभीर ॥८२
अब सुनि चौथा तप महा, रस परित्याग प्रवीन।
मुनि श्रावक दोऊनिकों, भाषें आतमलीन ॥८३
अति दुखको सागर जगत, तामें सुख नहिं लेश।
चहुंगति भ्रमण जु कब मिटे, कटे कलंक अशेष ॥८४
जगके झूठे रस सबे, एक सरस अतिसार।
इहै धारना धर सुधा, होइ महा अविकार ॥८५
भवतैं अति भयभीत जो, डर्यो भ्रमणतैं धीर।
निर्वानी निर्वानि जो, चाखें निजरस वीर ॥८६
विषहूतें अति विषम जे, विषया दुख की खानि।
भव-भव मोकूं दुख दियौ, सुख परिणतिकों मानि ॥८७
तातें इनकों त्याग करि, धरौं ज्ञानकों मित्र।
तप जो भव आतप हरै, करण पुनीत पवित्र ॥८८
इह चितवतौ धीर जो, रसपरित्याग करेय।
नीरस भोजन लेयकै, ध्यावै आतम ध्येय ॥८९
दूध दही घृत तेल अर, मीठो लवण इत्यादि।
रस तजि नीरस अन्न ले, काटै कर्म अनादि ॥९०
अथवा मिष्ट कषायलो, खारो खाटो जानि।
कड़वो और जु चिरपरो, यह षटरस परवानि ॥९१
तजि रस नीरस जो भखै, सो आतम-रस पाय।
देय-जलांजलि भ्रमणकों, सूधो शिवपुर जाय ॥९२
भव बाकी ह्वै जो भया, तो पावे सुर-लोक।
सुरथी नर ह्वै मुनिदशा, धारि लहै शिव-थोक ॥९३
अथवा सिंगारादिका, नव रस जगत विख्यात।
तिनमें शांति सुरस गहै, जो सब रसको तात ॥९४

पर रस तजि जिनरस गहै, जाकै राग न रोष ।
सो पावै समभावकों, दूरि करै सहु दोष ॥९५
रसपरित्याग समान नहिं, दूजौ तप जगमांहि ।
जहां जीभके स्वाद सहु, त्यागै संशय नाहिं ॥९६
अब विविक्तशय्यासना, पंचम तप सुनि वीर ।
राग द्वेषके हेतु जे, आसन सज्जा चीर ॥९७
तजि मुनिवर निरग्रन्थ ह्वै, वसैं आपमें धीर ।
तन खीणां मन उनमना, जगतरूढ़ गंभीर ॥९८
पूजा हमरी होयगी, बहुत भजेंगे लोक ।
इह बांछा नहिं चित्तमें, नहीं हरष अर शोक ॥९९
सकल कामना-रहित जे, ते साधू शिवमूल ।
पापथको प्रतिकूल ह्वै, भये ब्रह्म अनुकूल ॥१४००
ते संसार शरीर अरु, भोगथकी जु उदास ।
अभ्यंतर निज बोध वर, तप कुशला जिनदास ॥१
उपशमशीला शांतधी, महासत्त्व परवीन ।
निवसैं निर्जन वनविषैं, ध्यान लीन तन खीन ॥२
गिरिसिर गुफा मंझार जे, अथवा बसैं मसान ।
भूमिमाहिं निरव्याकुला, धीर वीर बहु जान ॥३
तरुकोटर सूना घरो, नदी-तीर निवसंत ।
कर्म-क्षपावन उद्यमी, ते जैनी मतिवंत ॥४
कंकरीली धरतीविषैं, विषम भूमिमें साध ।
तिष्ठैं ध्यावैं सत्त्वकों, आराधन आराधि ॥५
जगवासिनकी संगती, ध्यान-विघनकौ मूल ।
तातैं तजि जड़ संगती, भये ज्ञान अनुकूल ॥६
स्त्री-पशु-बाल-विमूढ़की, संगति अति दुखदाय ।
कायरकी संगति थकी, सूरापन विनसाय ॥७
जे एकांत वसैं सुधी, अनेकांत धरि चित्त ।
ते पावैं परमेसुरी, लहि रतनत्रय वित्त ॥८
मुनिकी रीति कही भया, सुनि श्रावककी रीति ।
जा विधि पंचम तप करे, धरि जिन वचन प्रतीत ॥९
निज नारीहूतै विरत, परनारीका वीर ।
शीलवान शांतिक अती, तप धारे अति धीर ॥१०
परनारीकी सेज अर, आसन चीर इत्यादि ।
कबहुं न भेटैं भव्य जो, तजैं काम रागादि ॥११
निज नारीहूकों तजे, जौलग त्याग न होय ।
तौलग कबहुंक सेवही, बहुत राग नहिं कोय ॥१२

एक सेज सोवे नहीं, जुदो जु सोवै जोहि ।
जब विविक्तशय्यासना, पावे तप अति सोहि ॥१३
करै परोस न दुष्टको, तजे दुष्टकौ संग ।
व्यसनीतैं दूरी रहै, पाले व्रत्त अभंग ॥१४
जे मिथ्यामत धारका, अलगौ तिनसों होइ ।
जिनधरमीकों संगती, धारे उत्तम सोइ ॥१५
कुगुरु कुदेव कुधर्मका, करै न जो विश्वास ।
है विश्वासी जैनको, जिनदासनिको दास ॥१६
सामायिक पोषा समै, गहै इकंत सुथान ।
सो विविक्तशय्यासना, भाषै श्रीभगवान ॥१७
करनों पंचम तप भया, अब छट्ठो तप धार ।
कायकलेस जु नाम है कहूं सूत्र अनुसार ॥१८
अति उपसर्ग उदय भयौ, ताकरि मन न डिगाय ।
क्षमावान शांतिक महा, मेरु समान रहाय ॥१९
देव मनुज तिरजंच कृत, अथवा स्वतः स्वभाव ।
उपजौ जो उपसर्ग है, तामे निर्मल भाव ॥२०
खेद न आने चित्तमें, कायकलेस सहेय ।
सो कलेस नहि पावई, ज्ञान शरीर लहेय ॥२१
गिरि-सिर ग्रीषममैं रहै, शीतकाल जल-तीर ।
वर्षाऋतु तरु-तल बसइ, सो पावै अशरीर ॥२२
आतापन जोग जु धरै, कष्ट सहै जु अशेष ।
अति उपवास करै सुधी, सो तप कायकलेश ॥२३
कायकलेसें सहु मिटै, तन मनके जु कलेस ।
महापाप कर्म जु कटै, गुण उपजैंहि अशेष ॥२४
मुनि श्रावक दोऊनिकों, करिवां कायकलेश ।
संकलेसता भाव तजि, इह आज्ञा जगतेश ॥२५
वनवासीके अति तपा, घरवासीके अल्प ।
अपनी शक्ति प्रमाण तप, करिवां त्याग विकल्प ॥२६
ए षट बाहिज तप कहै, अब अभ्यन्तर धारि ।
इह भाषैं श्रुतकेवली, जिनवाणी अनुसार ॥२७
दोष न करई आप जो, करवावै न कदापि ।
दोषतनो अनुमोदना, करै नहीं बुध कापि ॥२८
मन वच तन करि गुणमई, निरदोषो निरुपाधि ।
आनन्दी आनंद मय, धारै परम समाधि ॥२९
अथवा कदै प्रमादतैं, किंचित लागै दोष ।
तौ अपने औगुण सुधी, नहि गोपै व्रतपोष ॥३०

श्रीगुरु पास प्रकाशई, सरल चित्तकरि धीर।
स्वामी लाग्यो दोष मुझ, दण्ड देहु जगवीर ॥३१
तब जो श्रीगुरु दण्ड दे, व्रत तप दान सुयोग।
सो सब श्रद्धा तें करै, पावै पंथ निरोग ॥३२
ऐसी मनमें ना धरै, अलप हुतो यह दोष।
दियौ दण्ड गुरुने महा, जाकरि तनको शोष ॥३३
सबै त्यागि शंका सुधी, सकल विकलपा डारि।
प्रायश्चित्त करै तपा, गुरु आज्ञा अनुसारि ॥३४
बहुरि इच्छै दोषकों, त्यागै मन वच काय।
देहतनें सौ टूंक ह्वै, तोहु न दोष उपाय ॥३५
या विधिके निश्चय सहित, वरतै ज्ञानी जीव।
ताकै तप ह्वै सातमों, भाषैं त्रिभुवन-पीव ॥३६
जो चितवै निजरूपकों, ज्ञानस्वरूप अनूप।
चेतनता मंडित विमल, सकल लोकको भूप ॥३७
बार बार ही निज लखै, जानें बारम्बार।
बार बार अनुभव करै, सो ज्ञानी अविकार ॥३८
विकथा विषय कषायतें, न्यारौ वरतै सन्त।
ता विरकतके दोष कहु, कैसे उपजे मित ॥३९
निरदोषी बहुगुण धरै, गुणी महाचिद्‌प।
तासों परचै पाइयो, सो तप धारि अनूप ॥४०
दोषतनों परिहार जो, कहिये प्रायश्चित्त।
धारै सो निजपुर लहै, गहै सासतो वित्त ॥४१
अब सुनि भाई आठमो, विनय नाम तप धार।
विनय मूल जिनधर्म है, विनय सु पंच प्रकार ॥४२
दरसन ज्ञान चरित्र तप, ए चउ उत्तम होइ।
अर इन चउके धारका, उत्तम कहिये सोइ ॥४३
इन पांचनिको अति विनय, सो तप विनय प्रधान।
ताके भेद सुनूं भया, जाकरि पद निरवान ॥४४
दरसन कहिये तत्त्वकी, श्रद्धा अति दृढरूप।
ज्ञान जानिवौ तत्त्वकौ, संशय रहित अनूप ॥४५
चारित थिरता तत्त्वमें, अति गलतानी होइ।
तप इच्छाकों रोकिवौ, तन मन दण्डन सोइ ॥४६
ए है चउ आराधना, इन बिन सिद्ध न कोय।
इनको अति आराधिवौ, विनयरूप तप सोय ॥४७
रतनत्रय-धारक जना, तप द्वादश विधि धार।
तिनकी अति सेवा करै, तन मन करि अविकार ॥४८

सो उपचार कह्यौ विनय, ताके बहुत विभेद ।
जिनवर जिन प्रतिमा बहुरि, जिनमन्दिर हर खेद ॥४९
जिनवानी जिन तीरथा. मुनि आर्याव्रत धार ।
श्रावक और सु श्राविका समदृष्टी अविकार ॥५०
इनको विनय जु धारिवौ, गुण अनुरागी होइ ।
सो तप विनय कहावई, धारै उत्तम सोइ ॥५१
जैसे सेवक लोग अति, सेवें नरपति-द्वार ।
तैसे चउविधि संघकों, सेवै सौ तप धार ॥५२
आप थकी जो उत्तमा, तिनको दासा होइ ।
सबसों समता भावई, विनयरूप तप सोइ ॥५३
व्रत बिन छोटे आपतैं, जे सम्यक्त निवास ।
जिनधर्मी जिनदास हैं, तिनहूँ सों हित पास ॥५४
धर्मराग जाके भयो, सो इह विनय धरेय ।
पंच प्रकार विनय करि, भव-सागर उतरेय ॥५५
अब सुनि वैयावृत्त जो नवमो तप सुखदाय ।
जो उपचार करै सुधी, पर दुखहर अधिकाय ॥५६
हरै सकल उपसर्ग जो, ज्ञानिनिके तप धार ।
सुधी वृद्ध रोगीनिकों, करै सदा उपगार ॥५७
महिमादिक चाहैं नहीं, निरापेक्ष व्रतधार ।
वैयावृत्त करै भया, जिनवाणी अनुसार ॥५८
मुनिकों उचित मुनी करैं, टहल मुनिनिकी धीर ।
मुनि सेवासम नाहिं कोउ, त्रिभुवनमें गंभीर ॥५९
श्रावक भोजन पथ्य दे, औषधि आश्रय आदि ।
करै भक्ति साधूनिकी, इह विधि है जु अनादि ॥६०
जो ध्यावै निजरूपको, सर्व विकलपा टारि ।
सम दम भाव हि दृढ़ धरै, वैयावृत्त सो धारि ॥६१
सम कहिये समदृष्टिता, सकल जीवकों तुल्य ।
देखैं ज्ञान विचारतैं, इह दृष्टी जु अतुल्य ॥६२
दम कहिये मन इन्द्रियां, दमै महा तप धारि ।
चित्त लगावै आपसों, सहै लोकको गारि ॥६३
तजै लोक व्यवहारकों, धरै अलौकिक वृत्ति ।
सो चउगतिकों दे जला, पावैं महानिवृत्ति ॥६४
सुनों सुबुद्धी कान धरि, दसमो तप स्वाध्याय ।
सर्व तपनिमें है सिरे, भाषैं त्रिभुवनराय ॥६५
नहिं चाहे जु महंतता, करवावे नहि सेव ।
चाह नहीं परभावकी, सेवै श्रीजिनदेव ॥६६

दुष्ट विकलपनिकों भया, जो नासन समरत्थ ।
सो पावै स्वाध्यायकों, फल केवल परमत्थ ॥६७
तत्त्व सुनिश्चय कारनें, करैं शुद्ध स्वाध्याय ।
सिद्धि करैं निज ऋद्धिकों, सो आतम लवलाय ॥६८
आगम अध्यातममई, जिनवरको सिद्धान्त ।
ताहि भक्ति करि जो पढ़ै, सो स्वाध्याय सुकान्त ॥६९
केवल आतम अर्थ जो, करै सूत्र अभ्यास ।
अपनी पूजा नहिं चहै, पावै तत्त्व अभ्यास ॥७०
अपने कर्म कलंकके, काटनकों श्रुतपाठ ।
करैं निरन्तर धर्मधी, नासै कर्म जु आठ ॥७१
भेद पंच स्वाध्यायके, उपाध्याय भाषेंहि ।
जे धारैं ते शांतधी, आतम रस चाखेंहि ॥७२
कही वाचना पृच्छना, अनुप्रेक्षा गुरु देव ।
आमनाय पुनि धर्मको, उपदेशौ बहुभेव ॥७३
ग्रन्थ बांचबौ वाचना, पृछना पूछनरीति ।
बारंबार विचारिवौ, अनुप्रेक्षो परतीति ॥७४
आमनायको जानिवौ, जिनमारगकी वीर ।
धर्म-कथन करिवौ सदा, कहैं धर्मधर धीर ७५
निसप्रेही भवभावतें, जो स्वाध्याय करेय ।
पावैं निजज्ञानकों, भवसागर उतरेय ॥७६
जो सेवैं जिनसूत्रकों, जग अभिलाष धरेय ।
गर्व धरै विद्यातनों, सो चउगति भरमेय ॥७७
हम पंडित बहुश्रुत महा, जानैं सकल जु अर्थ ।
हमहिं न सेवै मूढ़धी, देखौ,बड़ौ अनर्थ ॥७८
इहै वासना जो धरै, सो नहिं पंडित कोइ ।
आतम भावे जो रमैं, सो बुध पंडित होइ ॥७९
मान बढ़ाइ कारनें, जे श्रुति सेवैं अंध ।
ते नहिं पावैं तत्त्वकों, करै कर्मको बन्ध ॥८०
जैनसूत्र मद मान हर, ताकरि गर्वित होय ।
ताहि उपाय न दूसरौ, भ्रमैं जगतमैं सोय ॥८१
अमृत विषरूपो भयौ, जाकौ और इलाज ।
कहौ, कहा जु बताइये, भाषैं पंडितराज ॥८२
जो प्रतिकूल विमूढ़धी, साधर्मिनितें होइ ।
पढ़िवौ गुनिवौ तासके, हालाहल सम जोइ ॥८३
रागद्वेष करि परिणम्यू, करै असूत्र अभ्यास ।
सो पावै नहिं धर्मकों, करै न कर्म विनास ॥८४

युद्ध कथा कामादिका, कुकथा चावे मूढ़।
लोक-रिझावन कारणें, सो पद लहै न गूढ़ ॥८५
जो जानै निजरूपकूं, अशुचि देहतै भिन्न।
सो निकसै भवकूपतैं, भटकै भाव अभिन्न ॥८६
जानैं निज पर भेद जो, आतमज्ञान प्रवीन।
सो स्वामी सब लोककौ, सदा सांत-रस लीन ॥८७
बिना निजातम जानिवै, ह्वै न कर्म को रोध।
आगम पाठ करै तऊ, नाहिं नाहिं कछु बोध ॥८८
लखिवौ आतमभावकौ, सो स्वाध्याय बखानि।
मुनि श्रावक दोऊनिकौ, यह परमारथ जानि ॥८९
अब सुनि ग्यारम तप महा, कायोत्सर्ग शिवदाय।
कायाकौ उतसर्ग जो, निर्ममता ठहराय ॥९०
त्याग्यां बैठ्यो देहकों, नहीं देहसों नेह।
लग्यौ रंग निजरूपसों, बरसै आनंद मेह ॥९१
छिदौ भिदौ ले जाहु कोउ, प्रलय होउ निजसंग।
यह काया हमरी नहीं, हम चेतन चिद अंग ॥९२
इहै भावना उर धरै, जल-मल-लिप्त शरीर।
महारोग पीड़ै तऊ, भजै न औषध धीर ॥९३
व्याधितनों न उपायकौ, शिवकौ करै उपाय।
इन्दी-विषय न सेवई, सेवै चेतनराय ॥९४
भयौ विरक्त जु भोगतैं, भोजन सज्जा आदि।
काहूकी परवा नहीं, भेटौ ब्रह्म अनादि ॥९५
निजस्वरूप चितवन जग्यौ, भग्यौ भोगकौ भाव।
लग्यौ चित्त चेतनथकी प्रकट्यो परम प्रभाव ॥९६
शत्रु मित्र सहु सम गिनै, तजै राग अरु दोष।
बंध-मोक्षतें रहित निज, रूप लख्यौ गुण कोष ॥९७

**बेसरी छन्द**

हे विरकत पुरुषनिकों भाई, इह कायोतसर्ग सुख-दाई।
अरु जे तन पाषनहै लागा, ते पावैं नहि भाव विरागा ॥९८
उपकरणादिकमे मन राखें, ते नहि ज्ञान सुधारस चाखें।
जग व्यवहार तजै नहि जौलों, नहि कायोत्सर्ग तप तौलों ॥९९
नाम त्यागकौ है उतसर्गा, कंपैं नहि जा है उपसर्गा।
तब कायोत्सर्ग तप पावै, निज चेतनसों चित्त लगावै ॥१५००
एक दिवस द्वै दिवसा भाई, पाख मास ऊभौ हि रहाई।
चउमासी छहमासी वर्षा, रहै जु ऊभौ चितमें हरषा ॥१

लहि निज ज्ञान भयो अति पुष्टा, जाहि न घेरै विकलप दुष्टा।
सो कायोत्सर्ग तपधारी, पावै शिवपुर आनन्दकारी ॥२
मुनिके यह तप पूरण होई, श्रावकके किंचित तप जोई।
श्रावक हू नहिं देह-सनेही, जानो आतम तत्त्व विदेही ॥३
मरणतनों भय तिनके नाहीं, ते कायोत्सर्ग तपमाहीं।
अब सुनि बारम तप है ध्याना, जा परसाद लहे निज ज्ञाना ॥४
अन्तर एक मुहूरत काला, ह्वै एकाग्रचित्त व्रत पाला।
ताको नाम ध्यान है भाई, च्यारि भेद भाषै जिनराई ॥५
द्वै प्रशस्त द्वै निंद्य बखानैं, श्रुत अनुसार मुनिनने जानैं।
आरति रौद्र अशुभ ए दोई, धर्म सुकल अति उत्तम होई ॥६
आरति तीव्र कषायें होई; महा तीव्रतैं रौद्र जु सोई।
मन्द कषायें धर्म सु ध्याना, जाहि न पावै जीव अज्ञाना ॥७
धर्मध्यानतैं सुकल सु ध्यान, सुकलध्यानतैं केवल ज्ञान।
रहित कषाय सुकल है सूधा, जा सम और न ध्यान प्रबूधा ॥८
चार ध्यान ए भाषें भाई, तिनके सोला भेद कहाई।
ते तुम सुनहु चित्त धरि मित्रा, त्यागो आरति रौद्र विचित्रा ॥९
आरतिके चउ भेद जु खोटे, पशुगति दायक औगुण मोटे।
इष्टवियोग अनिष्टसंजोगा, पीरा चिंतन होई अजोगा ॥१०
चौथो बंधनिदान कहावै, जो जीवनिको भव भरमावै।
वस्तु मनोहरको जु वियोगा, होय तबै धारै शठ सोगा ॥११
इष्ट वियागारत्त सो जानों, दुःखतरुवरको मूल बखानों।
दूजो भेद अनिष्ट संजोगा, ताको भाव सुनो भविलोगा ॥१२
वस्तु अनिष्ट मिलै जब आई, शोच करै तब भोंदू भाई।
भववनमें भरमैं शठमति सो, पाप बांधि पावै दुरगति सो ॥१३
रोगनिकरि पीडया अति शठजन, आरति धार जो अपने मन।
सो पीरा-चितवन है तीजो, आरतध्यान सदा तजि दीजो ॥१४
चौथो आरति त्यागो भाई, बंधनिदान महा दुखदाई।
जप तप व्रत करि चाहै भोगा, ते जगमाहिं महाशठ लोगा ॥१५
ए चारों आरति दुखदाई, भव-कारण भाषैं जिनराई।
रौद्रध्यानके चारि विभेदा, अब सुनि जे दायक अतिखेदा १६
हिंसाकरि आनन्द जु मानै, हिंसानन्दी धर्म न जानै।
मृषावाद करि धरै अनंदा, मृषानन्द सो जियको फन्दा ॥१७
चोरीतें आनंद उपजावे, सो अघ चौर्यानन्द कहावै।
परिग्रह बढ़ें होय आनन्दा, सो जानों जु परिग्रहानन्दा ॥१८
ए चउ भेद हरें सुख साता, दुरमतिरूप उग्र दुखदाता।
पर विभूतिकी घटतो चाहै, अपनी संपत्ति देखि उमाहै ॥१९

रौद्रध्यानके लक्षण एई, त्यागें धन्य धन्य हैं तेई।
आरति रुद्र ध्यान ए खोटा, इनकरि उपजे पाप जु मोटा ॥२०
दुखके मूल सुखनिके खोवा, ए पापी हैं जगत डबोवा।
चउ आरतिके पाये भाई, तिर्यग्गतिकारण दुखदाई ॥२१
रौद्रध्यानके चार ए पाये, अधोलोकके दायक गाये।
अशुभध्यान ये दोय विरूपा, लगे जीवके विकलप रूपा ॥२२
नरक निगोद प्रदायक तेई, वसें मिथ्यात धरामें एई।
कबहुं कदाचित अणुव्रत ताई, काहूके रौद्र जु उपजाई ॥२३
महाव्रतलों आरतध्याना, कबहुंक छट्ठे परमित थाना।
काहूके उपजें त्रय पाये, सप्तम ठाणे सर्व नसाये ॥२४
भोगारति उपजे नहिं भाई, जो उपजे तो मुनि न कहाई।
अब सुन धर्मध्यानकी बातें, जे सहु पाप पंथकों घातें ॥२५
धर्म जु स्वते स्वभाव कहावै, पण्डितजन तासों लव लावै।
क्षमा आदि दशलक्षण धर्मा, जीवदया बिनु कटइ न कर्मा ॥२६
इत्यादिक जिन-भाषित जेई, धारें धर्म धीर हैं तेई।
धर्मविषें एकाग्र सुचित्ता, विषय-भोगसे अतिहि विरत्ता ॥२७
जे वैराग्यपरायण ज्ञानी, धर्मध्यानके होंहि सु ध्यानी।
जो विशुद्धभावनिमें लागा, जिनतें रागदोष सहु भागा ॥२८
एक अवस्था अंतर बाहिर, निरविकल्प निज निधिके माहिर।
ध्यावे आतमभाव सुधीरा, ह्वै एकाग्रमना वर वीरा ॥२९
जे निजरूपा हैं समभावा, ममत वितीता जग निरदावा।
इन्द्री जीति भये जु जितिन्द्री, तिनकों ध्यानी कहैं अतिन्द्री ॥३०
चितवन्ता चेतन गुण-धामा, ध्यानहिं लीना आतमरामा।
निरमोहा निरदुन्द सदा ही, चितमें कालिम नाहिं कदा ही ॥३१
जेहि अनुभवें निज चितधनकों, रोकें मनकों सौखें तनकों।
आनन्दी निज ज्ञानस्वरूपा, तिनके धर्म रु ध्यान निरूपा ॥३२
मैत्री मुदिता करुणा भाई, अर मध्यस्थ महासुखदाई।
एहि भावना भावै जोई, धर्मध्यानको ध्याता सोई ॥३३
सर्वजीवसों मैत्रीभावा, गुणी देखि चितमें हरषावा।
दुखो देखि करुणा उर आनें, लखि विपरीत राग नहिं ठानें ॥३४
द्वेष जु नाहिं धरे जु महन्ता, है मध्यस्थ महा गुणवन्ता।
बहुरि धर्मके चारि जु पाया, ते सम्यक्दृष्टिनिकों भाया ॥३५
आज्ञाविचय कहावे जोई, श्रीजिनवरने भाख्यौ सोई।
ताकी दृढ़ परतीति करै जो, संशय विभ्रम मोह हरै जो ॥३६
कर्म नाशको उद्यम ठानें, रागद्वेषकी परणति भानें।
सो अपायविचयो है दूजौ, तिरै जगतथी धारै तू जौ ॥३७

करै उपाय शुद्ध भावनिको, अर निरवाणपुरी पावनिको।
तीजौ नाम विपाकविचय है, भव-भावनितैं भिन्न रहे हैं ॥ ३८
शुभके उदय संपदा आवै, अशुभ उदय आपद बहु पावै।
दोऊ जानै तुल्य सदाही, हर्ष विषाद धरै न कदा ही ॥३९
पुनि संठाणविचय है चौथौ, सर्व जगतकौं जानैं थोथौ।
तीन लोकको जानि सरूपा, जिनमारग अनुसार अनूपा ॥४०
सबकौ भूषण चेतनराया, चेतनसौं नहिं दूजौ भाया।
सर्व लोकसूं छांड़ि जु प्रीती, चेतनकी धारै परतीतो ॥४१
चेतन भावनिमैं लौ लावै, अपनौं रूप आपमें ध्यावै।
ए हैं धरमध्यानके भेदा, सुकल-प्रदायक पाप-उछेदा ॥४२
चौथे गुण ठाणें होइ धर्मा, संपूरण गुण ठाणें परमा।
धर्मध्यानके चउ गुणठाणा, ते देवाधिदेवने जाणा ॥४३
अहमिन्द्रादिक पद फल ताकौ, वरणे जांहि न अति गुण जाकौ।
कारण सुकल ध्यानकौ एही, धर्मध्यानतैं सुकल जु लेही ॥४४
मुनि श्रावक दोऊके गाया, धर्मध्यान सो नहीं उपाया।
मुनिको पूरणरूप प्रवानों, श्रावकके कछु नून बखानौं ॥४५
मुनिके अति ही निश्चलताई, श्रावकके किंचित थिरताई।
परिग्रह चंचलताकौ मूला, जातैं धर्म न होय सथूला ॥४६
पै तृष्णा छांड़ी बहुतेरी, करि मरजादा परिग्रहकेरी।
तातैं धर्मध्यानके पात्रा, श्रावक हू जाणौं गुणगात्रा ॥४७
धर्मध्यानके च्यारि स्वरूपा, और हु श्रीगुरु कहे अनूपा।
इक पिंडस्थ पदस्थ द्वितीया, रूपस्था तीजौ गनि लीया ॥४८
रूपातीत चतुर्थम भेदा, हृद् धर्मकी पाप-उछेदा।
इनके भेद सुनौ मन लाये, जाकरि सुकलध्यानकूं पाये ॥४९
पिंडमांहि सब लोक विभूती, चितवै ज्ञानी निज अनुभूती।
पिंडलोकको राजा चेतन, जाहि स्पर्श सकै न अचेतन ॥५०
ताको ध्यान करै जो ध्यानी, सो होवै केवल निज ज्ञानी।
बहुरि पदस्थ ध्यान बुध धारै, जिनभाषित पद मन्त्र विचारै ॥५१
पंच परमगुरुमंत्र अनादी, ध्यावै धीर त्याग क्रोधादी।
नमोकारके अक्षर भाई, पैंतीसौ पूरण सुख दाई ॥५२
षोड़श अक्षर मंत्र महंता, पंच परमगुरु नाम कहन्ता।
मन्त्र षड़ाक्षर अ र हं त सि द्धा, अ सि आ उ सा पंच प्रबुद्धा ॥५३
नमोकारके पैंतिस अक्षर, प्रसिद्ध छै अरु षोड़स अक्षर।
अरहंत सिध आयरिय उवझाया, साहू जपैंते अंक गिनाया ॥५४
चउ अक्षर अ र हं त जपौ जू, सिद्ध नाम उरमांहि थपौ जू।
द्वै अक्षर भूलौ मति भाई, सिद्ध-सिद्ध सह जाप कराई ॥५५

मन्त्र इकाक्षर है ओंकारा, ब्रह्मबीज इह प्रणव अपारा।
पंच परमपद या अक्षरमें, याहि ध्याय जगमैं नहिं भरमैं ॥५६
शुक्लरूप अति उज्जल सजला, ध्यावै प्रणवातें हैं विमला।
सोऽहं सोऽहं अजपाजापा, हरै सन्तके सब सन्तापा ॥५७
इह सुर सबही प्राणीगणके, होवै श्वास उश्वास सबनिके।
पै नहिं याको भेद जु पावै, तातैं भोंदू भव भरमावै ॥५८
जो यह नाद सुनैं वरवीरा, पावै शुक्लध्यान गुणधीरा।
उज्जलरूप दाय ए अंका, ध्यावै सो नासै अघ-पंका ॥५९
जिनवर सो नहिं देव जु कोई, अजपा सो नहिं जाप सु होई।
मन्त्र अनेक जिनागम गाये, ते ध्यानी पुरुषनिने ध्याये ॥६०
सबमें पंच परम गुरु नामा, पंच इष्ट बिन मंत्र निकामा।
मन्त्राक्षरमाला जो ध्यावैं, नाम पदस्थ ध्यान सो पावै ॥६१
अब सुनि तीजौ भेद सु भाई, है रूपस्थ महासुखदाई।
कृत्रिम और अकृत्रिम मूरति, जिनवरको ध्यावै शुभ सूरति ॥६२
जिनवरकी साकार स्वरूपा, तेरम गुणठाणें जु अनूपा।
अतिशय प्रातिहार्यधर स्वामी, धरै अनंत चतुष्टय नामी ॥६३
समवसरण शोभित जिनदेवा, ताहि चितारै उर धरि सेवा।
पुनि तजि रूप रंग गुणवाना, ध्यावै चौथौ भेद सुजाना ॥६४
रूपातीत समान न कोई, धर्मध्यानकौ भेद जु होई।
ध्यावै सिद्धरूप अतिशुद्धा, निराकार निरलेप प्रबुद्धा ॥६५
पुरुषाकार अरूप गुसांई, निरविकार निरदूषण सांई।
वसु गुण आदि अनंत गुणाकर, अवगुण-रहित अनंत प्रभाधर ॥६६
लोकशिखर परमेसुर राजै, केवलरूप अनूप विराजै।
जिनकों उर-अन्तर जे ध्यावै, रूपातीत ध्यान ते पावै ॥६७
सिद्ध समान आपकों देखै, निश्चयनय कछु भेद न पेखै।
व्यवहारे प्रभुके हम दासा, निश्चय शुद्ध बुद्ध अविनाशा ॥६८
ए चारूं ध्यावैं जो धर्मा, ते हि पिछानैं श्रुतको मर्मा।
धर्मध्यान चहुं गतिमैं होई, सम्यक बिन पावै नहिं कोई ॥६९
छट्टम सप्तम मुनिके ठाणा, पंचम ठाणें श्रावक जाणा।
चौथे अव्रत सम्यकज्ञानी, तेऊ धर्मध्यानके ध्यानी ॥७०
चौथेसों ते सप्तमताई, धर्मध्यानकों कहैं गुसांई।
धर्मध्यान परभाव सुज्ञानी, नासै दस प्रकृती निजध्यानी ॥७१
प्रथम चौकरी तीन मिथ्याता, सुर नारक अर आयु विख्याता।
अष्टमसों चौदमलों सुकला, सुकल समान न कोई विमला ॥७२
शुकलध्यान मुनिराज हि ध्यावै, शुकलकरी केवलपद पावैं।
शुकल नसावें प्रकृति समस्ता, करै शुकल रागादि विध्वस्ता ॥७३

जे जिन आतमसों लव लावैं शुकल तिनोंके श्रीगुरु गावैं।
शुकलध्यानके चारि जु पाये, ते सर्वज्ञदेवने गाये ॥७४
द्वै सुकला द्वै सुकल जु पर्मा, जानैं श्रीजिनवर सहु मर्मा।
प्रथम पृथक्त वितर्कविचारा, पृथक नाम है भिन्न प्रचारा ॥७५
भिन्न भिन्न निज भाव विचारैं, गुण पर्याय स्वभाव निहारैं।
नाम वितर्क सूत्रकौ होई, श्रुति अनुसार लखैं निज सोई ॥७६
भावथकी भावांतर भावैं, पहलो शुकल नाम सो पावैं।
दूजौ है एकत्ववितर्का, अवीचार अगणित दुति अर्का ॥७७
भयो एकतामें लवलीना, एकीभाव प्रकट जिन कीना।
श्रुत अनुसार भयौ अविचारी, भेदभाव परिणत्ति सब टारी ॥७८
तीजौ सूक्षम किरियाधारी, सूक्षम जोग करै अविकारी।
चौथो जोगरहित निहकिरिया, जाहि ध्याय साधू भव तिरिया ॥७९
अष्टम ठाणें पहलो पायो, बारमठाणें दूजौ गायौ।
तीजौ तेरमठाणें जानों, चौथो चौदमठाणें मानों ॥८०
इनके भेद सुनों धरि, भावा, जिनकरि नासै सकल विभावा।
होंहि पवित्र भाव अधिकाई, जे अब तक हुए नहिं भाई ॥८१
भाव अनन्त ज्ञान सुख आदी, तिनको धारक वस्तु अनादी।
लिये अनन्ता शक्ति महन्ती, धरे विभूति अनन्तानन्ती ॥८२
अपनी आप माहिं अनुभूती, अति अनंतता अतुल प्रभूती।
अपने भाव तेहि निज अर्था, और सबै रागादि अनर्था ॥८३
अपनो अर्थ आपमें जानै, आतम सत्ता आप पिछानै।
इक गुणतैं दूजौ गुण जावै, ज्ञानथकी आनन्द बढ़ावै ॥८४
गुण अनन्तमें लीलाधारी, सो पृथक्त वीतर्क विचारी।
अर्थथकी अर्थान्तर जावै, निज गुण सत्ता माहिं रमावै ॥८५
योगथकी योगान्तर गमना, राग द्वेष मोहादिक वमना।
शब्दथकी शब्दान्तर सोई, ध्यावै शब्द-रहित ह्वै सोई ॥८६
व्यंजन नाम शुद्ध परजाया, जाकौ नाश न कबहूँ बताया।
वस्तुशक्ति गुणशक्ति अनन्ती, तेई पर्यय जानि महन्ती ॥८७
व्यंजनतैं व्यंजन परि आवे, निज स्वभाव तजि कितहु न जावैं।
श्रुति अनुसार लखैं निजरूपा, चिनमूरति चैतन्य स्वरूपा ॥८८
जैनसूत्रमें भाव श्रुती जो, प्रगटै अनुभव ज्ञानमती जो।
सो पृथक्तवितर्क विचारा, ध्यावैं साधू ब्रह्म विहारा ॥८९

**दोहा**

जानि पृथक्त अनन्तता, नाम वितर्क सिद्धंत।
है विचार अविचार निज, इह जानों विरतन्त ॥९०

**बेसरी छन्द**

लेश्या सुकल भाव अति शुद्धा, मन वच-काय सबै जु निरुद्धा।
यामैं एक और है भेदा, सो तुम धारहु टारहु खेदा ॥९१
उपशमश्रेणी क्षपक जु श्रेणी, तिनमें क्षायक मुक्ति निसैनी।
पहलो शुक्ल जु दोऊ धारै, दूजौ क्षपकविना न निहारै ॥९२
उपशम बारे ग्यारम ठाणा, परम्परे उतरे गुणठाणा।
जो कदाचि भवहूतैं जाई, वौ अहमिन्द्रलोककों जाई ॥९३
नर ह्वै करि धारे फिर धर्मा, चढ़ै क्षपकश्रेणी जु अमर्मा।
क्षपक श्रेणिधर धीर मुनिन्द्रा, होवे केवलरूपजिनिन्द्रा ॥९४
बारम ठाणें दूजौ सुकला, प्रकटै जा सम और न बिमला।
द्वैमें क्षपकश्रेणि अधिकाई, कही जाय नहिं क्षपक बढ़ाई ॥९५
अष्टम ठाणें प्रगटै श्रेणी, सप्तमलों श्रेणी नहिं लेणी।
क्षपक श्रेणिधर सुकल निवासा, प्रकृति छतीस नवें गुण नासा ॥९६
दशमें सूक्षम लोभ खिपावै, दशमाथी बारमकों जावै।
ग्यारमकों पैंडौ नहिं लेवे, दूजो सुकलध्यान सुख बेवे ॥९७
साधकताकी हद्द बताई, बारमठाण महा सुखदाई।
जहां षोड़शा प्रकृति खिपावै, शुद्ध एकतामें लव लावै ॥९८

**सोरठा**

मार्यो मोह पिशाच, पहले पायेसे श्रीमुनी।
तजौ जगतको नाच, पायो ध्यायो दूसरो ॥९९
है एकत्ववितर्क, अवीचार दूजौ महा।
कोटि अनन्ता अर्क, जाको सो तेज न लहै ॥१६००
ज्ञानावरणीकर्म, दर्शनावरणी हू हते।
रह्यौ नाहिं कछु मर्म, अन्तराय अन्त जु भयौ ॥१
निरविकल्प रस मांहि, लीन भयौ मुनिराज सो।
जहाँ भेद कछु नांहि, निजगुण पर्ययभावतें ॥२
द्रव्य सूत्र परताप, भावसूत्र दरस्यो तहाँ।
गयो सकल सन्ताप, पाप पुण्य दोऊ मिटै ॥३
एक भावमें भाव, लखै अनन्तानन्त हो।
भागे सकल विभाव, प्रगटे ज्ञानादिक गुणा ॥४
अपनों रूप निहार, केवलके सन्मुख भयौ।
कर्म गये सब हारि, लरि न सकै जासें न को ॥५
एकहि अर्थ लीन, एकहि शब्दै माँहि जो।
एकहि योग प्रवीन, एकहि व्यंजन धारियौ ॥६

एकत्व नाम अभेद, नाम वितर्क सिद्धंतकौं ।
निरविचार निरवेद, दूजौ पायो इह कह्यौ ॥७
जहाँ विचार न कोय, भागे विकलप जाल सहु ।
क्षीणकषायी होइ, ध्यानारूढ़ भयौ मुनी ॥८
दूजौ पायो येह, गायौ गुरु आज्ञा थकी ।
करैं कर्मको छेह, अब सुनि तीजौ शुकल तू ॥९
सूक्षमकिरिया नाम, प्रगटै तेरम ठाण जो ।
जो निज केवल धाम, श्रुतज्ञानीके है परे ॥१०
लोकालोक समस्त, भासै केवल बोधमें ।
केवल सो न प्रशस्त, सर्वलोकमें और कोउ ॥११
जे अघातिया नाम, गोत्र वेदनी आयु हैं ।
तिनकों नाशैं राम, परम शुकल केवल थकी ॥१२
पिच्यासी प्रकृती जु, जिनके ठाणें तेरमें ।
जरो जेवरी सी जु, तिनकूं नाशैं सो प्रभू ॥१३
सूक्षमक्रिया प्रवृत्ति, ध्यावै तीजौ शुकल सो ।
वादरजोग निवृत्ति, कायजोग सक्षम रहै ॥१४
करै जु सूक्षम जोग, तेरम गुणके छेहु रै ।
पावै तबै अजोग, चौदम गुणठाणें प्रभू ॥१५
तहां सु चौथो ध्यान, है जु समुच्छिन्नक्रिया ।
ताकरि श्रीभगवान, बेहत्तरि तेरा हतै ॥१६
गई प्रकृति समस्त, सौ ऊपरि अड़ताल जे ।
भये भाव जड़ अस्त, चेतन गुण प्रगटे सबै ॥१७
करनी सकल उठाय, कृत्यकृत्य हूवौ प्रभू ।
सो चौथो शिवदाय, परम शुकल जानों भया ॥१८
पंच लघुक्षर काल, चौदम ठाणें थिति करै ।
रहित जगत जंजाल, जगत-शिखर राजे सदा ॥१९
बहुरि न आवै सोय, लोकशिखामणि जगततैं ।
त्रिभुवनकौ प्रभु होय, निराकार निर्मल महा ॥२०
सबकी करनी सोइ, जानै अंतरगत प्रभू ।
सर्व-व्यापको होइ, साखीभूत अव्यापको ॥२१
ध्यान समान न कोइ, ध्यान ज्ञानकौ मित्र है ।
सो निज ध्यानी होइ, ताकों मेरी वंदना ॥२२
धर्ममूल ए दोय, ध्यान प्रशंसा योग्य हैं ।
आरति रूद्र न होय, सा उपाय करि जीव तू ॥२३
धर्म अगनिकौ दीप, शुकल रतनकौ दीप है ।
निज गुण आप समीप, तिनकों ध्यावौ लोक तजि ॥२४

ध्यान तनूं विस्तार, कहि न सके गणधर मुनी।
कैसे पावैं पार, हमसे अलपमती भया ॥२५
तप जप ध्यान निमित्त, ध्यान समान न दूसरौ।
ध्यान धरौ निज चित्त, जाकरि भवसागर तिरौ ॥२६
तपकूं हमरी ढोक, जामैं ध्यान जु पाइये।
मेटै जगकौ शोक करै कर्मकी निर्जरा ॥२७
अनशन आदि पवित्र, ध्यान लगै तप गाइया।
बारा भेद विचित्र, सुनौं अबै समभाव जो ॥२८
इति द्वादश तप निरूपणम्।

**अथ सम भाव वर्णन**

**छप्पय चाल**

राग द्वेष अर मोह, एहि रोकै समभावैं।
जिनकरि जगके जीव, नाहिं शिवथानक पावे।
तेरा प्रकृति राग, द्वेषकी बारा जानो।
मोहतनी हैं तीन, ए अट्ठाईस बखानों॥
एक मोहके भेद दो, दर्शन चारित्र ए।
दर्शन मोह मिथ्यात भव, जहां न सम्यक सोहए॥२९
राग द्वेष ए दोय, जानि चारित्र जु मोहा।
इनकरि तप नहीं व्रत, एह पापो पर द्रोहा॥
इनकी प्रकृति पचीस, तेहि तजि आतमरामा।
छांडौ तीन मिथ्यात, यही दोषनिके धामा॥
स्वपर विवेक विचार विना, धर्म अधर्म न जो लखे।
सौ मिथ्यात अनादि प्रथम, ताहि त्यागि निजरस चखैं॥३०
दूजौ मिश्र मिथ्यात, होय तीजे गुण ठाणें।
जहां न एक स्वभाव, शुद्ध आतम नहिं जाणें॥
सत्य असत्य प्रतीति, होय दुविधामय भावें।
ताहि त्यागि गुणखानि, शुद्ध निजभाव लखावे॥
तीजी सम्यक् प्रकृति मिथ्यात, समकितमैं उदवेग कर।
मलौ दोयतें तीसरौ, तौ पन चंचलभाव धर॥३१

**दोहा**

कहे तीन मिथ्यात ए, दरशन मोह विकार।
अब चारित्र जु मोहकौ, भेद सुनौ निरधार॥३२
कही कषाय जु षोडसो, नो-कषाय नव मेलि।
ए पच्चीसों जानिये, राग द्वेषकी वेलि॥३३

चउ माया चउ लोभ अर, हासि रती त्रय वेद ।
ए तेरा हैं रागकी, देंहि प्रकृति अति खेद ॥३४
चार क्रोध अर मान चउ, अरति शोक भय जानि ।
दुरगंधा थे द्वादशा, प्रकृति द्वेषकी मानि ॥३५
लगीं अनादि जु कालकी, भरमावै जु अनंत ।
विनसैं भव्यनिके भया, ह्वै न अभविके अन्त ॥३६
रौकै सम्यक्दृष्टिकों, कोकै सकल विभाव ।
ढोकै मिथ्यादृष्टिकों, नहिं जामें समभाव ॥३७
अनंतानुबन्धी इहै, प्रथम चौकरी जानि ।
त्यागै तीन मिथ्यात जुत, सो समदृष्टी मानि ॥३८

### छप्पय छन्द

समकित बिनु नहिं होत, शांतिरूपी समभावा ।
चौथे गुण ठाणें जु कछुक, समभाव लखावा ।
द्वितिय चौकरी बहुरि, सोहु अव्रतमय भाई ।
नाम अप्रत्याख्यान, जा छतैं व्रत न पाई ॥
दोय चौकरी तीन मिथ्या, त्याग होय श्रावकव्रती ।
प्रगटै गुणठाण जु पंचमैं, पापनिकी परिणति हती ॥३९
चढै तहां समभाव, होय रागादिक तूना ।
अव्रततैं गनि ऊंच, साधुव्रतनितैं ऊना ॥
तृतिय चौकरी जानि, नाम है प्रत्याख्यानी ।
रोकै मुनिव्रत एह, ठाण छट्ठो शुभध्यानी ॥
तीन चौकरी तीन मिथ्या, छांड़ि साधु ह्वै संजमो ।
वृद्धि होय समभावई, मन इन्द्री सब ही दमी ॥४०

### दोहा

चौथी संजुलना सही, रोकै केवलज्ञान ।
जाके तीव्र उदय-थकी, होय न निश्चल ध्यान ॥४१

### छप्पय छन्द

चौथी चौकरि टारे, नाम संजुलन जबै ही ।
नौ-कषाय नव भेद, नाशि जावै जु सबै ही ॥
यथाख्यात चारित्र, ऊपजै बारम ठाणें ।
पूरण तब समभाव, होय जिनसूत्र प्रमाणें ॥
क्रोध मान छल लोभ, चारू एक एक चउ भेद ए ।
ह्वै षोडश नव युक्त ये, मोह प्रकृति अति खेद ए ॥४२

दोहा

अनंतानुबंधी प्रथम, द्वितीय अप्रत्याख्यान ।
तीजी प्रत्याख्यान है, चउथी है संजुलान ॥४३
कही चौकरी चारि ए, चारों गतिको मूल ।
चार-तनी सोला भई, भेद मोक्ष प्रतिकूल ॥४४
हास्य अरति रति शोक भय, दुरगंधा दुखदाय ।
नो-कषाय ए नव कही, पंचबीस समुदाय ॥४५
राग द्वेषकी प्रकृति ए, कही पचीस प्रमान ।
तीन मिथ्यात समेत ए, अट्ठाईस बखान ॥४६
जायं जबे सब ही भया, तब पूरण समभाव ।
यथाख्यातचारित्र ह्वै, क्षीणकषाय प्रभाव ॥४७
मुनिके जातैं अलप हैं, छठें सातमें ठाण ।
पन्द्रा प्रकृति अभावतैं, ता माफिक सम जाण ॥४८
श्रावकके यातें अलप, पंचम ठाणें जाण ।
ग्यारा प्रकृति गयां थकीं, ता माफिक परवाण ॥४९
श्रावकके अणुवृत्त है, इह जानों निरधार ।
मुनिके पंच महाव्रता, समिति गुपत्ति अविकार ॥५०
श्रावकके चौथे अलप, चौथो अव्रत ठाण ।
तहां सात प्रकृति गई, ता माफिक ही जाण ॥५१
गुणठाणा समभावके, ह्वै ग्यारा तहकीक ।
चौथे सूं ले चौदमा–तक नहि बात अलीक ॥५२
चौथे जघन जु जानिये, मध्य पंचमे ठाण ।
छट्ठासूं दसमा लगे, बढ़तो बढ़तो जाण ॥५३
बारम तेरम चौदवें, है पूरण समभाव ।
जिन शासनको सार यह, भव-सागरको नाव ॥५४

छप्पय

छट्ठमसों ले·······जुगल मुनीके जाणा ।
तिनकौ सुनहुं विचार, जैनशासन परवाणा ॥
छट्टम सप्तम ठाण, प्रकृति पंद्रा जब त्यागी ।
तीन मिथ्यात विख्यात, चौकरी ईक तीन उ भागी ॥
तब उपजे समभावई, श्रावकके अधिकौ महा ।
पै तथापि तेरा रही, तातें पूरण नहि कहा ॥५५
रहो चौकरी एक, और गनि नो-कषाय नव ।
तिनकौ नाश करेय, सो न पावे कोई भव ॥

छट्टे तीव्र जु उदै, सातवें मंद जु इनको।
इनमें षट हास्यादि, आठवें अन्त जु तिनको॥
क्रोध मान अर कपट नो वेद तीनही नहिं यां।
चौथे चौकरि लोभ सूक्षम दश वेंठाण विनाशिया॥५६

## चाल छन्द

एकादशमा द्वादशमा, पुनि तेरम अर चौदशमा।
समभावतने गुणथाना, ए चार कहे भगवाना॥५७
ग्यारम है पतन स्वभावा, डिगि जाय तहाँ समभावा।
बारहमें परम पुनीता, जासम नहिं कोइ अजीता॥५८
तेरम चौदम गुणठाणा, परमातरूप बखाना।
समभाव तहाँ है पूरा, कोये रागादिक चूरा॥५९
नहिं यथाख्यात सौ कोई, समभाव-सरूपी सोई॥
इह सम उतपत्ति बताई, रागादिक नाश कराई॥६०
अब सुनि सम लक्षण संता, जा विधि भाषैं भगवंता।
जीवौ-मरिवौ सम जानै, अरि-मित्र समान बखाने॥६१
सुख-दुख अर पुण्य जु पापा, जानै सम ज्ञान-प्रतापा।
सब जीव समान विचारै, अपने से सर्व निहारै॥६२
चिंतामणि-पाहन तुल्या, जिसके समभाव अतुल्या।
सुरगति अर नरक समाना, सब राव रंक सम जाना॥६३
जिनके घरमें नहिं ममता, उपजी सुखसागर समता।
वन-नगर समान पिछानैं, सेवक साहिब सम जानैं॥६४
समसान-महल सम भावै, जिनके न विषमता आवै।
है लाभ-अलभ समाना, अपमान-मान सम जाना॥६५
गिरि-ग्राम समान जिनूँके, सुर-कीट समान तिनूँके।
सुरतरु-विषतरु सम दोऊ, चन्दन-कर्दम सम होऊ॥६६
गुरु-शिष्य न भेद विचारै, समता परिपूरण धारैं।
जाने सम सिंह-सियाला, जिनके समभाव विशाला॥६७
संपति-विपदा द्वै सरिखी, लघुता-गुरुता सम परखी।
कंचन लोहा सम जाके, रंच न है विभ्रम ताके॥६८
रति-अरति हानि अर वृद्धी, रज सम जानैं सब ऋद्धी।
खर-कुंजर तुल्य पिछानै, अहि फूलमाल सम जानैं॥६९
नारी नागिन सम देखै, गृह कारागृह सम पेखै।
सम जानैं इष्ट-अनिष्टा, सम मानैं अबलि-बलिष्टा॥७०
जे भोग रोग सम जानै, सब हर्ष रोग सम मानैं।
रस नीरस रंग कुरंगा, सुसबद कुसबद सम अंगा॥७१

शीतल अर उष्ण समाना, दुरगंध सुगंध प्रमाना।
नहिं रूप कुरूप जु भेदा, जिनके समभाव निवेदा ॥७२
चक्री अर निरधन दोई, कछु भेदभाव नहिं होई।
चक्राणी अर इन्द्राणी, अति दीन नारि सम जाणी ॥७३
इन्द्र नागेन्द्र नरेन्द्रा, पुनि सर्वोत्तम अहमिन्द्रा।
सूक्षम जीवनि सम देखे, कछु भेद भाव नहिं पेखें ॥७४
थुति निंदा तुल्य गिनें जो, पापनिके पुंज हनें जो।
कृमि कुन्थुकृष्ण सम तुल्या, पायौ समभाव अतुल्या ॥७५
सेवा उपसर्ग समाना, वैरी बांधव सम माना।
जिनके द्विज शुद्र सरीखा, सीखी सदगुरुकी सीखा ॥७६
बन्दे निन्दे सो सरिखौ, समभावनि तन जिन परिखौ।
समतारस पूरण प्रगट्यौ, मिथ्यात महाभ्रम विघट्यौ ॥७७
तिनकी लखि शांत सु मुद्रा, रौद्र जु त्यागै अति रुद्रा।
चीता मृगवर्ग न मारे, अति प्रीति परस्पर धारे ॥७८
गरुड़ा नहिं नाग विनासे, नागा नहिं दादर नासै।
उन्दर मारै न बिडाला, पंखिनिसौं प्रीति विशाला ॥७९
तिर विद्याधर नर कोई, सुर असुर न बाधक होई।
काहूकूं राव न दंडे, दुरजन दुरजनता छंडे ॥८०
काहूके चोर न पैसे, चोरी होवे कहु कैसे।
लखि समता-धारक मुनिकों, त्यागै पापी पापनिकों ॥८१
डाकिनिको जोर न चाले, हिंसक हिंसा सब टाले।
भूता नहिं लागन पावे, राक्षस व्यंतर भजि जावें ॥८२
मंतर न चलैं जु किसीके, ये हैं परभाव रिषीके।
कोहू काहू नहिं मारे, सब जीव मित्रता धारे ॥८३
हरिनी मृगपतिके छावा, देखे निज-सुत समभावा।
बाघनिकूं गाय चुखावे, मार्जारी हंस खिलावे ॥८४
स्याही अर मीढ़ा इकठे, नाहर अर बकरा बइठे।
काहूकौ जोर न चाले, समभाव दुखनिकों टाले ॥८५
रोगिनि के रोग नसावे, सोगिनि सोग बिलावे।
कारागृह तें सब छूटें, कोउ काहू कोनहिं लूटे ॥८६
इह ब्रह्म सुविद्यारूपा, निरदोष विराग अनूपा।
अति शांतिभावको मूला, समसों नहिं शिव अनुकूला ॥८७
नहिं समता पर छे कोऊ, सब श्रुतिकौ सार जु होऊ।
जो ममताकौ परित्यागी, सो कहिये सम बड़भागी ॥८८
मन इन्द्रीकौ जु निरोधा, सो दम कहिये प्रतिबोधा।
समतें क्रोधादि नशाया, दमतें भोगादि भगाया ॥८९

सम दम निरवाण प्रदाया, काहे धारौ नहिं भाया।
सब जैनसूत्र समरूपा, समरूप जिनेस्वर भूपा ॥९०
समताधर चउविधि संघा, समभाव भवोदधि लंघा।
पूरण सम प्रभुके पइये, तिनतैं लघु मुनिके लइये ॥९१
तिनतैं श्रावकके नूना, सम करे कर्मगण चूना।
श्रावकतैं चौथे ठाणें, कछुइक घटता परमाणें ॥९२
सम्यक बिन समता नाहीं, सम नाहिं मिथ्यामत माहीं।
ममता है मोह सरूपा, समता है ज्ञान प्ररूपा ॥९३
सब छांड़ि विषमता भाई, ध्यावो समता शिवदाई।
समकी महिमा मुनि गावे, समको सुरपति शिर नावे ॥९४
समसों नहिं दूजो जगमें, इह सम केवल जिनमगमें।
सम अर्थ सकल तप वृत्ता, सम है मारग निरवृत्ता ॥९५
जो प्राणी समरस भावे, सो जनम मरण नहिं पावे।
यम नियमादिक जे जोगा, सबमैं समभाव अलोगा ॥९६
समको जस कहत न आवें, जो सहस जीभ करि गावे।
अनुभव अमृतरस चाखे, सोई समता दिढ़ राखें ॥९७

इति समभाव निरूपण।

## अथ सम्यक्त्व वर्णन

सवैया इकतीसा।

अष्ट मूलगुण कहे, बारह बरत कहे, कहे तप द्वादश जु समभाव साधका।
सम सा न कोऊ और सर्वको जु सिरमोर, याही करि पावै ठौर आतम आराधका।
विषमता त्यागि अर समताके पंथ लागि, छाडौ सब पाप जेहि धर्मके विराधका।
ग्यारे पड़िमा जु भेद दोषनिको करै छेद, धारे नर धीर धरि सकै नाहिं बाधका ॥९८

दोहा

पड़िमा नाम जु तुल्यकौ, मुनिमारगकी तुल्य।
मारग श्रावकको महा, भाषै देव अतुल्य ॥९९
बहुरि प्रतिज्ञाकों कहैं, पड़िमा श्रीभगवान।
होंहि प्रतिज्ञा धारका, श्रावक समतावान ॥१७००
मुनिके लहुरे वीर हैं, श्रावक पड़िमाधार।
मुनि श्रावकके धर्मको, मूल जु समकित सार ॥१
सम्यक चउ गतिके लहैं, कहै कहालों कोइ।
पै तथापि वरणन करूं, संवेगादिक सोइ ॥२

सम्यकके गुण अतुल हैं, श्रावक तिरि नर होय।
मुनिव्रत मनुजहि धारहीं, द्विज छत वाणिज होय ॥३
संवेगो निरवेद अर, निंदन गरहा जानि।
समता भक्ति दयालुता, वात्सल्यादिक मानि ॥४
धर्म जिनेसुर कथित जो, जीवदयामय सार।
तासौं अधिक सनेह है, सो संवेग विचार ॥५
भव तन भोग समस्ततें, विरकत भाव अखेद।
सो दूजौ निरवेद गुण, करै कर्मकौ छेद ॥६
तीजौ निंदन गुण कह्यौ, निजकों निंदै जोइ।
मनमें पछितावौ करें, भव भरमणकौ सोइ ॥७
चौथौ गरहा गुन महा, गुरुपै भाषै वीर।
अपने औगुन समकिती, नहीं छिपावै धीर ॥८
पंचम उपशम गुण महा, उपशमता अधिकाय।
प्राण हरै ताहू थकी, वैर न चित्त धराय ॥९
छट्टौ गुण भक्ती धरैं, सम्यकदृष्टो संत।
पंच परमपदकी महा, धारै सेव महंत ॥१०
सप्तम गुण वात्सल्य जो, जिन धर्मिनिसों राग।
अष्टम अनुकंपा गुणो, जीवदया व्रत लाग ॥११

उक्तं च गाथा—

संवेओ णिव्वेओ, णिंदण गरुहा य उवसमो भत्ती।
वच्छल्लं अणुकंपा, अट्ट गुणा हुंति सम्मत्ते ॥१२

**चौपाई**

भव्यजीव चहुँगतिके माहीं, पावैं समकित संशय नाहीं।
पंचेन्द्री सैनी बिनु कोय, और न सम्यकदृष्टी होय ॥१३
जब संसार अलप ही रहै, तब सम्यक दरशनकों गहै।
प्रथम चौकरी तीन मिथ्यात, ए सातों प्रकृती विख्यात ॥१४
इनके उपशमतैं जो होय, उपशम नाम कहावै सोय।
इनके क्षयतै क्षायिक नाम, पावै मनुष महागुण धाम ॥१५
क्षायिक मनुष बिना नहिं लहै, क्षायिक तुरत ही भव-वन दहै।
केवल आदि मूल इह होय, क्षायिक सो नहिं सम्यक कोय ॥१६
अब सुनि क्षय-उपसमकौ रूप, तीन प्रकार कह्यौ जिनभूप।
प्रथम चौकरी क्षय है जहां, तीन मिथ्यात उपसमैं तहां ॥१७
पहलो क्षय-उपशम सो जानि, जिनवानी उरमैं परवानि।
प्रथम चौकरो पहल मिथ्यात, ए पांचों क्षय ह्वै दुखदात ॥१८

द्वै मिथ्यात उपशमें जहां दूजौ क्षय-उपशम है तहां ।
प्रथम चौकरी द्वै मिथ्यात, ए षट क्षय होवें जड़तात ॥१९
तृतिय मिथ्यात उपशमें भया, तीजौ क्षय-उपशम सो लया ।
वेदकसम्यक चार प्रकार, ताके भेद सुनों निरधार ॥२०
प्रथम चौकरी क्षय है जहां, दोय मिथ्यात उपशमें तहां ।
तृतिय मिथ्यात उदय जब होय, पहलौ वेदक जानौ सोय ॥२१
प्रथम चौकरी प्रथम मिथ्यात, ए पांचौ क्षय होय विख्यात ।
द्वितिय मिथ्यात उपशमें जहां, उदय होय तीजेकौ तहां ॥२२
भेद दूसरौ वेदकतणों, जिनमारग अनुसारें भणों ।
प्रथम चौकरी दो मिथ्यात, ए षट प्रकृति होय जब घात ॥२३
उदय तीसरौ मिथ्या होय, तीजौ वेदक कहिये सोय ।
प्रथम चौकरी मिथ्या दोय, इन छहूँको उपशम जब होय ॥२४
उदय होय तीजौ मिथ्यात, सो चौथौ वेदक विख्यात ।
ए नव भेद सु सम्यक कहे, निकट भव्य जीवनिनें गहे ॥२५

**दोहा**

क्षय-उपशम वरतै त्रिविध, वेदक च्यारि प्रकार ।
क्षायिक उपशम भेलि करि, नवधा समकित धार ॥२६
नवमे क्षायिक सारिखौ, समकित होय न और ।
अविनाशी आनंदमय, सो सबको सिर मौर ॥२७
पहली उपशम ऊपजै, पहली और न कोय ।
उपशमके परसादतें पाछे क्षायिक होय ॥२८
क्षायिक बिनु नहिं कर्मक्षय, इह निश्चय परवानि ।
क्षायिक दायक सर्व ए, सम्यकदर्शन मानि ॥२९
उपशमादि सम्यक्त सर्व, आदि अन्त जुत जानि ।
क्षायिककौ नहि अन्त है, सादि अनन्त बखानि ॥३०
सम्यकदृष्टी सर्व ही, जिनमारगके दास ।
देव धर्म गुरु तत्त्वको, श्रद्धा अविचल भास ॥३१
अनेकांत सरधा लिया, शांतभाव धर धीर ।
सप्तभंग वाणी रुचै, जिनवरको गंभीर ॥३२
जीव अजीवादिक सबै, जिन आज्ञा परवान ।
जानै संशय रहित जो, धारै दृढ़ सरधान ॥३३
सप्त तत्त्व षट द्रव्य अर, नव पदार्थ परतक्ष ।
अस्तिकाय है पंच ही, तिनको धारै पक्ष ॥३४
इष्ट पंच परमेष्ठिकौ, और इष्ट नहिं कोय ।
मिष्ट वचन बोले सदा, मनमें कपट न होय ॥३५

तजे अष्ट ही गर्व जो, है निगर्व गुणवान।
पुत्र-कलत्रादिक उपरि, ममता नाहिं बखान ॥३६
तृण सम मानें देहकों, निजसम जानें जीव।
धरे महा उपशांतता, त्यागे भाव अजीव ॥३७
सेवै विषयनिकों तऊ, नहीं विषयसूं राग।
वरते गृह आरम्भमें, धारि भाव वैराग ॥३८
कबै दशा वह होयगी, धरियेगा मुनिवृत्त।
अथवा श्रावक वृत्त ही, करियेगो जु प्रवृत्त ॥३९
धिग धिग अव्रतभावकों, या सम और न पाप।
क्षणभंगुर विषया सबै, देहिं कुगति दुख ताप ॥४०
इहै भावना भावतो, भोगनितैं जु उदास।
सो सम्यकदरसी भया पावै तत्त्वविलास ॥४१
सप्तम गुणके ग्रहणकों, रागी होय अपार।
साधुनिकी सेवा करै, सो सम्यक गुण धार ॥४२
सार्धमिनसौं नेह अति, नहिं कुटुम्बसौं नेह।
मन नहिं मोह-विलासमैं, गिनैं न अपनी देह ॥४३
जीव अनादि जु कालको, बसै देहमें एह।
बंध्यौ कर्म प्रपंचसों, भवमें भ्रमौ अच्छेह ॥४४
त्याग जोग जगजाल सब, लेन जोग निजभाव।
इह जाके निश्चय भयौ, सो सम्यक परभाव ॥४५
भिन्न भिन्न जानै सुधी, जड-चेतनको रूप।
त्यागै देह सनेह जो, भावै भाव अनूप ॥४६
क्षीर नीरकी भांति ये, मिलैं जीव अर कर्म।
नांहि तथापि मिलैं कदे, भिन्न भिन्न हैं धर्म ॥४७
यथा सर्पकी कंचुकी, यथा खडगको म्यान।
तथा लखै बुध देहकों, पायो आतमज्ञान ॥४८
दोष समस्त वितीत जो, वीतराग भगवान।
ता बिन दूजौ देव नहिं, इह धारै सरधान ॥४९
सर्व जीवको जो दया, ताहि सरदहै धर्म।
गुरु मानै निरग्रन्थकों, जाके रंच न भर्म ॥५०
जपै देव अरहंतकों दास भाव धरि धीर।
रागी दोषी देवकी, सेव तजे वर वीर ॥५१
रागी दोषी देवकों, जो मानै मतिहीन।
धर्म गिनै हिंसा विषै, सो मिथ्या मत लीन ॥५२
परिग्रह धारककों गुरु, जो जानें जग माहिं।
सो मिथ्यादृष्टी महा, यामैं संशय नांहि ॥५३

कुगुरु कुदेव कुधर्मकों, जो ध्यावै हिय अंध।
सो पावै दुरगति दुखा, करै पापकों बंध ॥५४
सम्यकदृष्टी चिंतवे, या संसार मंझार।
सुखको लेश न पाइये, दीखै दुःख अपार ॥५५
लक्ष्मी-दाता और नहिं, जीवनिकों जग माहिं।
लक्ष्मी दासी धर्मकी, पापथकी विनसाहि ॥५६
जेसौ उदय जु आवही, पूरब बांध्यौ कर्म।
तैसौ भुगतें जीव सब, यामैं होय न भर्म ॥५७
पुण्य भलाई कार है, पाप बुराई कार।
सुख-दुखदाता होय यह, और न कोइ विचार ॥५८
निमितमात्र पर जीव हैं, इह निहचै निरधार।
अपने कीये आप ही, फल भुगते संसार ॥५९
पुण्यथकी सुर नर हुवे, पापथकी भरमाय।
तिर नारक दुरगति विषै, भव-भव अति दुख पाय ॥६०
पाप समान न शत्रु है, धर्म समान न मित्र।
पाप महा अपवित्र है, पुण्य कछुक पवित्र ॥६१
पुण्य-पापतें रहित जो, केवल आतमभाव।
सो उपाय निरवाणको, जामैं नहीं विभाव ॥६२
झूठी माया जगतकी, झूठो सब संसार।
सत्य जिनेसुर धर्म है, जा करि ह्वै भव-पार ॥६३
व्यंतर देवादिकनिकों, जे शठ लक्ष्मीहेत।
पूजें ते आपद लहैं, लक्ष्मी देय न प्रेत ॥६४
भक्ति किये पूजे थके, जो व्यन्तर धन देय।
तौ सब ही धनवन्त ह्वै, जगजन तिनकों सेय ॥६५
क्षेत्रपाल चंडी प्रमुख, पुत्र कलत्र धनादि।
देन समर्थ न कोइकों, पूजें शठ जन बादि ॥६६
जो भवितव्यता जीवकी, जा विधान करि होय।
जाहि क्षेत्र जा कालमैं, निःसंदेह ह्वै सोय ॥६७
जान्यौ जिनवर देवने, केवलज्ञान मंझार।
होनहार संसारकी, ता विधि ह्वै निरधार ॥६८
इह निश्चय जाके भयौ, सो नर सम्यकवन्त।
लखै भेद षट द्रव्य के, भावै भाव अनन्त ॥६९
शंका भागी चित्ततें, भयो निशंकित वीर।
गुण परजाय स्वभाव निज, लखैं आप में धीर ॥७०
दृढ़ प्रतीत जिनवैन की, सम्यकदृष्टी सोय।
जाकै संशय जीव में, सो मिथ्याती होय ॥७१

**सोरठा**

जो नहिं समझी जाय, जिनवाणी अति सूक्षमा।
तो ऐसे उर लाय, संदेह न मन आनै सुधी ॥७२
बुद्धि हमारी मन्द, कछु समझं कछु नाहि।
जो भाष्यौ जिनचन्द, सो सब सत्य स्वरूप है ॥७४
उदय होयगो ज्ञान, जब आवरणु नसाइगो।
प्रगटेगो निज ध्यान, तब सब जानी जायगी ॥७४
जिनवानी सम और, अमृत नाहिं संसार में।
तीन भुवन सिरमौर, हरै जन्म जर-मरण जो ॥७५
जिनधर्मिनि सों नेह, लग्यौ नेह जिनधर्मसू।
बरसै आनन्द मेह, भक्त भयो जिनराज को ॥७६
सो सम्यक धरि धीर, लहै निजातम भावना।
पावे भवजल तीर, दरसन ज्ञान चरित्त तैं ॥७७
ऋद्धिनि में बड़ ऋद्धि, रतननि में रतन जु महा।
या सम और न सिद्धि, इह निश्चय धारौ भया ॥७८
योगिनि में निज योग, सम्यक दरसन जानि तू।
हनै सदा सब शोक, है आनन्दमयो महा ॥७९

**जोगीरासा**

वन्दनीक है सम्यकदृष्टी, यद्यपि व्रत्त न कोई।
निन्दनीक है मिथ्यादृष्टी, जों तपसी हू होई॥
मुक्ति न मिथ्यादृष्टी पावै, तपसी पावै स्वर्गा।
ज्ञानी व्रत्त बिना सुरपुर ले, तपधरि ले अपवर्गा ॥८०
दुरगति बन्ध करै नहिं ज्ञानी, सम्यकभावनि माहीं।
मिथ्याभावनि में दुरगति को, बन्ध होय बुधि नाहीं॥
समकित बिन नहिं श्रावकव्रत्ती, अर मुनिव्रत हू नाहीं।
मोक्ष हु सम्यक बाहिर नाहीं, सम्यक आपहि माहीं ॥८१
अंग निशंकित आदि जु अष्टा, धारै सम्यक सोई।
शंका आदि दोष मल रहिता, निरमल दरशन होई॥
जिनमारग भाषै जु अहिंसा, हिंसा परमत भाषै।
हिंसा मारगकी तजि सरधा, दयाधर्म दृढ़ राखै ॥८२
संदेह न जाके जिय माहीं, स्यादवादको पंथा।
पकरै त्यागि एक नयवादी, सुनै जिनागम ग्रंथा॥
पहली अंग निसंसै सोई, दूजौ कांक्षा रहिता!
जामैं जगकी वांछा नाहीं, आतम अनुभव सहिता ॥८३

शुभ करणी करि फल नहिं चाहै, इह भव परभवके जो।
करै कामना-रहित जु धर्मा, ज्ञानामृत फल ले जो॥
इह भाष्यौ निःकांक्षित अंगा, अब सुनि तीजै भेदा।
निरविचिकित्सा अंग है भाई, जा करि भव-भ्रम छेदा॥८४
जे दश लक्षण धर्म धरैया, साधु शांतरस लीना।
तिनकौ लखि रोगादिक युक्ता, सेव करै परवीना॥
सूग न आनै मनमें क्यूं ही, हरै मुनिनिकी पीरा।
सो सम्यकदृष्टी जिनधर्मा, तिरै तुरत भवनीरा॥८५
चौथौ अंग अमूढ़ स्वभावा, नहीं मूढता जाकै।
जीवघातमें धर्म न जानै, संशयमोह न ताके।
अति अवगाढ़ गाढ़ परतीती, कुगुरु कुदेव न पूजै।
जिन शासनकौ शरणो ले करि, जाय न मारग दूजै॥८६
जानैं जीवदयामें धर्मा, दया जैन ही माहीं।
आन धर्ममें करुणा नाहीं, परतछ जीव हताई॥
जो शठ लज्जा लोभ तथा, भय करिके हिंसा माहीं।
मानै धर्म सो हि मिथ्याती, जामैं समकित नाहीं॥८७
पंचम अंग नाम उपगूहन, ताको सुनहु विवेका।
पर जीवनिकें आंखिनि देखैं, ढ़ांकै दोष अनेका॥
आप जु दोष करै नहिं, ज्ञानी सुकृत रूप सदा ही।
अपने सुकृत नाहिं प्रकाशे, धरै न एक मदा ही॥८८

### दोहा

ढांकै अपने शुभ गुणा, ढाकें परके दोष।
गावें गुण परजीवके, रहै सदा निरदोष॥८९
जो कदाचि दूषण लगै, मन वच काय करेय।
तौ गुरु पै परकाशिकें, ताकौ दंड जु लेय॥९०
जप तप व्रत दानादि कर, दूषण सर्व हरेय।
करै जु निंदा आपकी, परनिंदा न करेय॥९१
जे परकासैं पारके, औगुन तेहि अयान।
जे परकासें आपके, औगुण ते हि सयान॥९२
जे गावैं गुन आपने, ते मिथ्याती आनि।
जे गावैं गुन गुरुनिके, ते समदृष्टी जानि॥९३
छट्ठो अंग कहों अबै, थिरकरणा गुणवान।
धर्मथकी विचलेनिकूं प्रतिबोधै मतिवान॥९४
थापें धर्म मंझार जो, करै धर्मकी पक्ष।
आप डिगै नहिं धर्मतें, भावै भाव अलक्ष॥९५

थिरता गुण सम्यक्तको, प्रगट बात है एक ।
चित्त अथिरता रूप जो, तौ मिथ्यात गिनेह ॥९६
सुनों सातमूं अंग अब, जिन मारगसों नेह ।
जिनधर्मीकूं देखि करि, बरसै आनंद मेह ॥९७
तुरत जात बछरानि परि, नेह धरैं ज्यूं गाय ।
त्यूं यह साधर्मी उपरि, नेह करै अधिकाय ॥९८
जे ज्ञानी धरमातमा, मुनि श्रावक व्रतवंत ।
आर्या और सुश्राविका, चउविधि संघ महंत ॥९९
तथा अव्रती समकिती, जिनधर्मी जग माँहि ।
तिनसों राखै प्रीति जो, यामैं संशय नाँहि ॥१८००
तन मन धन जिनधर्म परि, जो नर वारै डारि ।
सो वात्सल्य जु अंग है, भाख्यौ सूत्र विचारि ॥१
अष्टम अंग प्रभावना, कह्यौ सुनों धरि कान ।
जा विधि सिद्धान्तनि विषै, भाख्यौ श्रीभगवान ॥२
भाँति-भाँति करि भासई, जिनमारगकों जो हि ।
करै प्रतिष्ठा जैनकी, अंग आठमो होहि ॥३
जिनमंदिर जिनतीरथा, जिनप्रतिमा जिनधर्म ।
जिनधर्मी जिनसूंत्रकी, करै सेव बिन भर्म ॥४
जो अति श्रद्धा करि करै, जिनशासनकी सेव ।
बोलै प्रिय वाणी महा, ताहि प्रशंसै देव ॥५
जो दशलक्षण धर्मकी, महिमा करै सुजान ।
इन्द्रिनके सुखकों गिनै, नरक निगोद निसान ॥६
कथनी करै न पारकी, पुनि-पुनि घ्यावै तत्त्व ।
भावै आतमभाव जो, त्यागै सर्व ममत्व ॥७
कहे अंग ये प्रथम हो, मूलगुणनिके माँहि ।
अब हू पड़िमा मैं कहै, इन सम और जु नाँहि ॥८
बार-बार श्रुति जोग ये, सम्यकदरसन अंग ।
इनकों धारै सो सुधी, करै कर्मको भंग ॥९
अष्ट अंगको धारिवौ, अष्ट मदनिको त्याग ।
षट अनायतन त्यागिवौ, अतीचार नहिं लाग ॥१०
ते भाषे गुरु पंचविधि, बहुरि मूढ़ता तीन ।
तजिवौ सातों व्यसनकौ, भय सातौं नहिं कोन ॥११
ए सब पहले हू कहै, अब हू भाषे वीर ।
बार-बार सम्यक्त्व की, महिमा गावैं धीर ॥१२
अंग निशंकित आदि बहु, अठ गुण संवेगादि ।
अष्ट मदनिको त्याग पुनि, अर वसु मूलगुणादि ॥१३

सात व्यसनको त्यागिवौ, अर तजिवौ भय सात।
तीन मूढ़ता त्यागिवौ, तीन शल्य पुनि भ्रात ॥१४
षट अनायतन त्यागिवौ, अर पाँचों अतिचार।
ए त्रेसठ त्यागै जु कोउ, सो समदृष्टी सार ॥१५
चौथे गुणठाणें तनी, कही बात ए भ्रात।
है अव्रत परि जगत तें, विरकित रूप रहात ॥१६
नहिं चाहै अव्रत दशा, चाहे व्रत्त-विधान।
मन में मुनिव्रत को लगन, सो नर सम्यकवान ॥१७
जैसे पकरयो चोरकूं, दे तलवर दुख घोर।
परवश बध बन्धन सहै, नहीं चोरको जोर ॥१८
त्यूं हि अप्रत्याख्यानने, पकरयो सम्यकवन्त।
परवश अव्रत में रहै, चाहै व्रत्त महन्त ॥१९
चाहै चोर जु छूटिवौं, यथा बन्धतें वीर।
चाहै गृहतै छूटिवौं, त्यों सम्यक धर धीर ॥२०
सात प्रकृतिके त्यागतें, जेती थिरता जोय।
तेती चौथे ठाणि है, इह जिन आज्ञा होय ॥२१

## अथ ग्यारा व्रत वर्णन। दोहा

ग्यारा प्रकृति वियोगतै, होय पंचमो ठाण।
तब पड़िमा धारै सुधी, एकादश परिमाण ॥२२
तिनके नाम सुनों सुधी, जा विधि कहै जिनंद।
धारैं श्रावक धीर जे, तिन सम नाहिं नरिंद ॥२३
दरसन प्रतिमा प्रथम है, दूजी व्रत अधिकार।
तीजी सामायिक महा, चौथो पोसह धार ॥२४
सचित्तत्याग है पंचमी, छट्ठी दिन-तिय-त्याग।
तथा रात्रि-अनसन व्रती, धारै तपसों राग ॥२५
जानों पड़िमा सातवीं, ब्रह्मचर्यव्रत धार।
तजी नारि नागिन गिनै, तजै मोह जंजार ॥२६
निरारंभ ह्वै अष्टमी, नवमी परिग्रह त्याग।
लौकिक वचन न बोलिवौ, सो दशमी बड़भाग ॥२७
एकादशमो दोय विधि, क्षुल्लक ऐलि विवेक।
है उदंडाहार द्वै, तिनमें मुनिव्रत एक ॥२८
ऐलि महा उतकृष्ट हैं, ऐलि समान न कोय।
मुनि आर्या अर ऐलि ए, लिंग तीन शुभ होय ॥२९
भाषी एकादश सबै, प्रतिमा नाम जु मात्र।
अब इनको विस्तार सुनि, ए सब मध्य सुपात्र ॥३०

**चौपाई**

प्रथम हि दरशन प्रतिमा सुणों, आतमरूप अनूप जु मुणों।
दरशन मोक्ष-बीज है सही, दरशन करि शिव परसन लही ॥३१
दरशन सहित मूलगुण धरै, सात व्यसन मन बच तन हरै।
बिन अरहंत देव नहिं कोय, गुरु निरग्रन्थ बिना नहिं होय ॥३२
जीवदया बिन और न धर्म, इह निहचै करि टारै भर्म।
संजम बिन तप होय न कदा, इह प्रतीति धारै बुध सदा ॥३३
पहली प्रतिमाको सो धनी, दरशनवन्त कुमति सब हनी।
आठ मूल गुण व्यसन जु सात, भाषै प्रथम कथनमें भ्रात ॥३४
तातैं कथन कियौ अब नाहिं, श्रावक बहु आरम्भ तजाहिं।
है स्वारथमें सांचौ सदा, कूट कपट धारै नहिं कदा ॥३५
धरै शुद्ध व्यवहार सुधीर, परपीड़ाहर है जगवीर।
सम्यक् दरशन दृढ़ करि धरै, पापकर्मकी परणति हरै ॥३६
क्रय विक्रयमें कसर न कोय, लेन देनमें कपट न होय।
कियौ करार न लोपै जोहि, सा पहिली पड़िमा गुण होहि ॥३७
जाके उर कालिम नहिं रंच, जाके घटमैं नाहिं प्रपंच।
जिनपूजा जप तप व्रत दान, धर्मध्यान धारे हि सुजान ॥३८
गुण इकतीस प्रथम जे कहै, ते पहली पड़िमामें लहै।
अब सुनि दूजो पड़िमाधार, द्वादश व्रत पाले अविकार ॥३९
पंच अणुव्रत गुणव्रत तीन, शिक्षाव्रत धारै परवीन।
निरतीचार महामतिवान, जिनको पहली कियौ बखान ॥४०
अब तीजी पड़िमा सुनि संत, सामायिक धारी गुणवन्त।
मुनिसम सामायिककी वार, थिरताभाव अतुल्य अपार ॥४१
करि तनको मनतैं परित्याग, भव भोगिनतैं होइ विराग।
धरि कायोत्सर्ग वर वीर, अथवा पदमासन धरि धीर ॥४२
षट षट घटिका तीनूं काल, ध्यावै केवलरूप विशाल।
सब जीवनिसूं समता भाव, पंच परम पद सेवै पांव ॥४३
सो सब वर्णन पहलो कियौ, बारा वरत कथनमें लियौ।
चौथी प्रतिमा पोसह जानि, पोसहमें थिरता परवानि ॥४४
सो पोसहको सर्व सरूप, आगे गायौ अब न प्ररूप।
पोसा समये साधु समान, होवै चौथी प्रतिमावान ॥४५
दूजी पड़िमा धारक जेहि, सामायिक पोसह विधि तेहि।
धारै परि इनकी सम नाहिं, नहिं ऐसी थिरता तिन माहिं ॥४६
तीजी सामायिक निरदोष, चौथी पड़िमा पौसह पोष।
पंचम पड़िमा धरि बड़भाग, करै सचित्त वस्तुनिको त्याग ॥४७

काचौ जल अर कोरो धान, दल फल फूल तजै बुधिवान।
छाल मूल कन्दादि न चखै, कूंपल बीज अंकूर न भखै ॥४८
हरितकायको त्यागी होय, जीवदयाको पालक सोय।
सूको फल फोड़या बिन नांहि, लेवौ जोगि न ग्रन्थनि मांहि ॥४९
लोंन न ऊपरसे ले धीर, लोंन हु सचित्त गिनै वर वीर।
माटी हाथ धोयवे काज, लेय अचित्त दयाके काज ॥५०
खार तथा माटी जो जली, सोई लेय न काची डली।
पृथ्वीकाय विराधै नांहि, जीव असंख कहैं ता मांहि ॥५१
जलकायाकी पालै दया, सर्व जीवको भाई भया।
अगनिकायसों नांहि विरोध, दयावन्त पावै निज बोध ॥५२
पवन करै न करावे सोय, षट कायाको पीहर होय।
नांहि वनस्पति करै विराध, जिनशासनकी धरै अगाध ॥५३
विकलत्रय अर नर तिर्यंच, सबको मित्र रहित परपंच।
जो सचित्तको त्यागी होय, दयावान कहिये नर सोय ॥५४
आप भखै नहिं सचित्त कदेय, भोजन सचित्त न औरहिं देय।
जिह सचित्तको कीयौ त्याग, जीती जीभ तज्यौ रस-राग ॥५५
दयाधर्म धारयौ तिह धीर, पाल्यौ जैन वचन गम्भीर।
अब सुनि छट्ठी प्रतिमा सन्त, जा विधि भाषी वीर महन्त ॥५६
द्वै मुहूर्त जब बाकी रहै, दिवस तहांते अनशन गहै।
द्वै मुहूर्त जब चढ़िहै भान, तो लग अनशनरूप बखान ॥५७
दिनमें शील धरै जो कोय, सो छट्ठी प्रतिमाधर होय।
खान पान नहिं रैनि मझार, दिवस नारिको है परिहार ॥५८
पूछैं प्रश्न यहां भवि लोग, निशिभोजन अर दिनको भोग।
ज्ञानी जीव न कोई करै, छट्ठो कहा विशेष जु धरै ॥५९
ताकौ उत्तर धारौ एह, औरनिको व्रत न्यून गिनेह।
मन वच तन कृत कारित त्याग, करै न अनुमोदन बड़भाग ॥६०
तब त्यागी कहिते श्रुति मांहि, या माहीं कछु संशय नांहि।
गमनागमन सकल आरम्भ, तजै रैनिमें नांहि अचंभ ॥६१
महाधीर वर वीर विशाल, दिनको ब्रह्मचर्य प्रतिपाल।
निरतीचार विचार विशेष, त्यागै पापारम्भ अशेष ॥६२
जैनी जिनदासनि को दास, जिनशासनको करे प्रकाश।
जो निशिभोजन त्यागी होय, छः मासा उपवासी सोय ॥६३
वर्ष एकमें इहै विचार, जावो जीव लगै विस्तार।
ह्वैं उपवासनिकों सुनि वीर, तातैं निशिभोजन तजि धीर ॥६४
जो निशिकों त्यागै आरम्भ, दिनहूं जाके अलपारम्भ।
अब सुनि सप्तम पड़िमा धनी, नारिनकूं नागिन सम गिनी ॥६५

धारयौ ब्रह्मचर्य व्रत शुद्ध, जिनमारगमें भयो प्रबुद्ध।
निशि वासर नारीको त्याग, तज्यौ सकल जाने अनुराग ॥६६
मन वच काय तजी सब नारि, कृत कारित अनुमोद विचारि।
योनिरंध्र नारीको महा, दुरगति-द्वार इहै उर लहा ॥६७
इन्द्राणी चक्राणी देखि, निद्य वस्तु सम गिनै विशेष।
विषय-वासनामें नहिं राग, जाने भोग जु काले नाग ॥६८
विषय-मगनता अति हि मलीन, विषयी जगमें दीखें दीन।
विषय समान न बैरी कोय, जीवनिकूं भरमावै सोय ॥६९
शील समान न सार न कोय, भवसागर तारक है सोय।
अब सुनि अष्टम पड़िमा भेद, सर्वारम्भ तजै निरखेद ॥७०
आप करै नहिं कछु आरम्भ, तजे लोभ छल त्यागै दंभ।
करवावै न करै अनुमोद, साधुनिकों लखि धरै प्रमोद ॥७१
मन वच काय शुद्ध करि संत, जग धंधा धारै न महंत।
जीव घाततें कांप्यौ जोहि, सो अष्टम पड़िमाधर होहि ॥७२
असि मसि कृषि वाणिज इत्यादि, तजै जगत कारज गति बादि।
जाय पराये जीमै सोइ, गृह आरम्भ कछू नहिं होइ ॥७३
कहि करवावै नाहीं वीर, सहज मिलै तो जीमें धीर।
ले जावै कुल किरियावन्त, ताके भोजन लें बुधिवन्त ॥७४
जगत काज तजि आतम काज, करै सदा ध्यावै जिनराज।
दया नहीं आरम्भ मंझार, करि आरम्भ भ्रमै संसार ॥७५
तातें तजै गृहस्थारंभ, जीवदयाको रोप्यौ थंभ।
करि कुटुम्बको त्याग सुजान, हिंसारम्भ तजै मतिवान ॥७६
दया समान न जगमें कोइ, दया हेत त्यागै जग सोइ।
अब नवमी प्रतिमा को रूप, धारै भवि तजि जगत विरूप ॥७७
नवमी पड़िमा धारक धीर, तजै परिग्रहको वर वीर।
अन्तरंगके त्यागै संग, रागादिकको नाहि प्रसंग ॥७८
बाहिरके परिग्रह घर आदि, त्यागै सर्व धातु रतनादि।
वस्त्र मात्र राखै बुधिवन्त, कनकादिक भीटे न महंत ॥७९
वस्त्र हु बहु मोले नहिं गहै, अलप वस्त्र ले आनन्द लहै।
परिग्रहकों जानै दुःखरूप, इह परिग्रह है पापस्वरूप ॥८०
जहां परिग्रह लोभ तहां हि, या करि दया सत्य विनशाहि।
हिंसारम्भ उपावै एह, या सम और न शत्रु गिनेह ॥८१
तजे परिग्रह सो हि सुजान, तृष्णा त्याग करै बुधिवान।
जाको चाह गई सो सुखी, चाह करैं ते दीखें दुखी ॥८२
बाहिज ग्रन्थ-रहित जग माहि, दारिद्री मानव शक नाहि।
ते नहिं परिग्रह-त्यागी कहैं, चाह करंते अति दुख लहैं ॥८३

जे अभ्यन्तर त्यागे संग, मूर्च्छा रहित लहैं निजरंग।
ते परिग्रहत्यागी हैं राम, बांछा-रहित सदा सुखधाम ॥८४
ज्ञानी बिन भीतरको संग, और न त्यागि सकें दुख अंग।
राग-द्वेष मिथ्यात्त विभाव, ए भीतरके संग कहाव ॥८५
तजि भीतरके बाहिर तजै, सो बुध नवमी पड़िमा भजै।
वस्त्र मात्र है परिग्रह जहाँ, धातुमात्रको लेश न तहाँ ॥८६
नर्म पूंजणी धारै धीर, षट कायनिकी टारैं पीर।
जल-भाजन राखे शुचि-काज, त्यागे धन धान्यादि समाज ॥८७
काठ तथा माटीको जोय, और पात्र राखै नहिं कोय।
जाय बुलायो जीमें जोय, श्रावकके घर भोजन होय ॥८८
दशमी प्रतिमा-धर बड़भाग, लौकिक वचनथको नहिं राग।
बिना जैनवानी कछु बोल, जो नहिं बोलै चित्त अडोल ॥८९
जगत काज सब ही दुखरूप, पापमूल परपंच स्वरूप।
तातैं लौकिक वचन न कहै, जिनमारगकी सरधा गहै ॥९०
मौन गहै जगसेती सोय, सो दशमी पड़िमाधर होय।
श्रुति अनुसार धर्मकी कथा, करै जिनेश्वर भाषी यथा ॥९१
जगतकाजको नहिं उपदेश, ध्यावै धीरज धारि जिनेश।
बोलै अमृत वानी वीर, षट कायनिकी टारै पीर ॥९२
तजै शुभाशुभ जगके काम, भयो कामना-रहित अकाम।
जे नर करे शुभाशुभ काज, ते नहिं लहैं देश जिनराज ॥९३
राग-द्वेष कलहके धाम, दीसैं सकल जगतके काम।
जगतरीतिमें जे नर बसा, सो नहिं पावै उत्तम दसा ॥९४
दशमी पड़िमा धारक सन्त, ज्ञानी ध्यानी अति मतिवन्त।
गिनें रतन-पाहन सम जेह, तृण-कंचन सम जाने तेह ॥९५
शत्रु-मित्र सम राजा-रंक, तुल्य गिनें मनमें नहिं संक।
बांधव-पुत्र कुटुम्ब धनादि, तिनकूं भूलि गये गनि वादि ॥९६
जानें सकल जीव समरूप, गई विषमता भागि विरूप।
पर घर भोजन करें सुजान, श्रावककुल जो किरियावान ॥९७
अल्प अहार तहां लें धीर, नहिं चिन्ता धारैं वर वीर।
कोमल पीछी कमंडल एक, बिना धातुको परम विवेक ॥९८
इक कोपिन कणगती लया, छह हस्ता इक वस्त्र हु भया।
इक तह एक पाटको जोय, यही रीति दशमीकी होय ॥९९
जिन शासनको है अभ्यास, आगम अध्यातम अध्यास।
अब सुनि एकादशमी धार, सबमें उतकृष्टे निरधार ॥१००
वनवासी निरदोष अहार, कृत कारित अनुमोदन कार।
मन वच काय शुद्ध अविकार, सो एकादश पड़िमा धार ॥१

ताके दोय भेद हैं भया, क्षुल्लक ऐलिक श्रावक लया।
क्षुल्लक खण्डित कपड़ा धरै, अरु कमण्डल पीछी आदरै ॥२
इक कोपीन कणगतो गहै, और कछू नहिं परिग्रह चहै।
जिनशासनको दासा होय, क्षुल्लक ब्रह्मचारि है सोय ॥३
ऐलि धरैं कोपीन हि मात्र, अर इक शौचतनूं है पात्र।
कोमल पीछी दया निमित्त, जिनवानीको पाठ पवित्त ॥४
पंत्र घरनिमें एक घरेंहि, भोजन मुनिकी भाँति करेंहि।
ये है चिदानन्दमें लीन, धर्मध्यानके पात्र प्रवीन ॥५
क्षुल्लक जीमें पात्र मँझार, ऐलि करैं करपात्र अहार।
मुनिवर ऊभा लेय अहार, ऐलि अर्यिका बैठा सार ॥६
क्षुल्लक कतरावे निज केश, ऐलि करें शिरलोंच अशेष।
पहली पड़िमा आदि जु लेय, क्षुल्लकलों व्रत सबकूं देय ॥७
श्रीगुरु तीन वर्ण बिन कदे, नहिं मुनि ऐलितनें व्रत दे।
पहलीसौं छट्ठीलों जेहि, जघन्य श्रावक जानों तेहि ॥८
सप्तमि अष्टमि नवमी धार, मध्य सरावक है अविकार।
दशमी एकादशमीवन्त, उतकृष्टे भाषें भगवन्त ॥९
तिनहूमें ऐलि जु निरधार, ऐलियको मुनि बड़े विचार।
मुनिगणमें गणधर हैं बड़े, ते जिनवरके सनमुख खड़े ॥१०
जिनपति शुद्धरूप हैं भया, सिद्ध परें नहिं दूजौ लया।
सिद्ध मनुज बिन और न होय, चहुंगतिमै नहिं नर सम कोय ॥११
नरमें सम्यकदृष्टी नरा, तिनतें वर श्रावक व्रत धरा।
षोडश स्वर्गलोकलों जाहिं, अनुक्रम मोक्षपुरी पहुंचाहिं ॥१२
पंचमठाणें ग्यारा भेद, धारें तेहि करें अघछेद।
इह श्रावककी रीति जु कही, निकट भव्य जीवनिनें गही ॥१३
ऊपरि ऊपरि चढ़ते भाव, विरकतभाव अधिक ठहराव।
नींव होय मन्दिरके यथा, सर्व व्रतनिके सम्यक तथा ॥१४

### अथ दान वर्णन । दोहा

प्रतिमा ग्याराकौ कथन, जिन आज्ञा परवान।
परिपूरण कीनूं भया, अब मुनि दान बखान ॥१५
कियौ दान वरणन प्रथम, अतिथिविभाग के माहिं।
अबहू दान प्रबन्ध कछु, कहिहौं दूषण नाहिं ॥१६

### मनोहर छन्द

ए मूढ़ अचेतो कछु इक चेतो, आखिर जगमें मरना है।
धन रह ही इहां हो संग न जाहीं, तातैं दान सु करना है ॥१७

बिन दान न सिद्धी ह्वै अघवृद्धी, दुरगति दुख अनुसरना है।
करपणता धारी शठमति भारी, तिनहिं न सुभ गति वरना है ॥१८
यामें नहिं संसा नृप श्रेयंसा, कियउ दान दुख हरना है।
सो ऋषभ प्रतापें त्याग त्रितापे, पायौ धाम अमरना है ॥१९
श्रीषेण सुराजा दान प्रभावा, गहि जिनशासन सरना है।
लहि सुख बहु भांती ह्वै जिन शांती, पायो वर्ण अवर्णा है ॥२०
इक अकृतपुण्या कियउ सुपुण्या, लहिउ तुरत जिय मरना है।
ह्वै धन्यकुमारा चारित धारा, सरवारथ सिधि धरना है ॥२१
सूकर अर नाहर नकुल रु वानरु, नमि चारन मुनि चरना है।
करि दान प्रशंसा लहि शुभ वंशा, हरै जनम जर मरना है ॥२२

**दोहा**

वज्रजंघ अर श्रीमती, दानतनें परभाव।
नर सुर सुख लहि उत्तमा, भये जगत की नाव ॥२३
वज्रजंघ आदीश्वरा, भए जगतके ईश।
भये दानपति श्रीमती, कुल कर माहिं अधीश ॥२४
अन्नदान मुनिराजकों, देत हुते श्रीराम।
करि अनुमोदन गीध इक, पंछी अति अभिराम ॥२५
भयौ धर्मधी अणुव्रती, कियौ रामको संग।
राममुखै जिन नाम सुनि, लह्यो स्वर्ग अतिरंग ॥२६
अनुक्रम पहुँचैगौ भया, राम सुरग वह जीव।
धारैगौ निजभाव सहु, तजिके भाव अजीव ॥२७
दानकारका अमित ही, सीझे भवथी भ्रात।
बहुरि दान अनुमोदका, को लग नाम गिनात ॥२८
पात्रदान सम दान अर, करुणादान बखान।
सकल दान है अन्तिमो, जिन आज्ञा वरवान ॥२९
आपथकी गुण अधिक जो, ताहि चतुरविधि दान।
देवौ है अति भक्ति करि, पात्रदान सो जान ॥३०
जो पुनि सम गुन आपतैं, ताकों दैनों दान।
सो समदान कहैं बुधा, करिके बहु सनमान ॥३१
दुखी देखि करुणा करै, देवै विविध प्रकार।
सो है करुणादान शुभ, भाषै मुनिगणधार ॥३२
सकल त्यागि ऋषिव्रत धरै, अथवा अनशन लेइ।
सो है सकल प्रदानवर, जाकरि भव उतरेइ ॥३३
दान अनेक प्रकारके, तिनमैं मुखिया चार।
भोजन औषधि शास्त्र अर, अभयदान अविकार ॥३४

तिनकौ वर्णन प्रथम ही, अतिथि विभाग मंझार।
कियौ अबै पुनरुक्तके, कारण नहिं विसतार ॥३५

## सप्तक्षेत्र अर्णन

जो करवावै जिनभवन, धन खरचै अधिकाय।
सो सुर नर सुख पायकै, लहै धाम जिनराय ॥३६
जो करवावै विधिथकी, जिनप्रतिमा बुधिवन्त।
मन्दिरमैं पधरावई, सो सुख लहै अनन्त ॥३७

यव-समान जिनराजकी, प्रतिमा जो पधराय।
किंदूरीसम देहुरो, सोहू धन्य कहाय ॥३८
शिखर बंध करवावई, जिन चैत्यालय कोय।
प्रतिमा उच्च करावई, पावै, शिवपुर सोइ ॥३९

जल चंदन अक्षत पहुप, अर नैवेद्य सुदीप।
धूप फलनि जिन पूजई, सो ह्वै जग अवनीप ॥४०
जो देवल करि विधिथकी, करै प्रतिष्ठा धीर।
सुर नर पतिके भोग लहि, सो उतरै भवतीर ॥४१

जो जिन तीरथको महा, यात्रा करै सुजान।
सफल जनम ताही तनों, भाषै पुरुष प्रधान ॥४२
चउ अनुयोगमई महा, द्वादशांग अविकार।
सो जिनवाणी है भया, करै जगतथी पार ॥४३

ताके पुस्तक बोधकर, लिखै लिखावै शुद्ध।
धन खरचै या वस्तु में, सो होवै प्रतिबुद्ध ॥४४
ग्रन्थनिकूं पूठे करै, करवावै धरि चित्त।
भले भले वस्त्रनि विषैं, राखै महा पवित्त ॥४५

जीरणि ग्रन्थनिके महा, जतन करै बुधिवान।
ज्ञानदान देवै सदा, सो पावै निरवान ॥४६
जीरण जिनमंदिरतणी, मरमत जो मतिवान।
करवावै अति भक्ति सों, सो सुख लहै निदान ॥४३

शिखर चढ़ावै देहुरा, धन खरचै या भांति।
कलश धरै जिनमंदिरां, पावै पूरण शांति ॥४८
छत्र चमर घंटादिका, बहु उपकरणां कोय।
पधरावै चेत्यालये, पावै शिवपुर सोय ॥४९

टीप करावै द्रव्य दे, धवलावै जिनगेह।
धुजा चढ़ावै देवलों, पावै धाम विदेह ॥५०

जो जिनमंदिर कारनैं, धरती देय सु वीर।
सो पावै अष्टम धरा, मोक्ष काम गंभीर ॥५१
चउविधि संघनिकी भया, मन वच तनकरि भक्ति।
करै हरै पीरा सबै, सो पावै निजशक्ति ॥५२
सप्त क्षेत्र ये धर्मके, कहे जिनागमरूप।
इनमें धन खरचे बुधा, पावै वित्त अनूप ॥५३

**अथ वचनिका**

प्रतिमा करावैं, देवल करावै, पूजा तथा प्रतिष्ठा करै, जिन तीरथकी यात्रा करै शास्त्र लिखावै, चउविधि संघकी भक्ति करै ए सप्त क्षेत्र जानि। यहां कोई प्रश्न करै, प्रतिमाजी अचेतन छै, निग्रह अनुग्रह करवा समर्थ नाहीं, सो प्रतिमाका सेवनथकी स्वर्गमुक्ति फलप्राप्ति किसी भाँति होय? ताका समाधान। प्रतिमाजी शांत स्वरूपने धार्या छै ध्यानकी रीतिने दिखावै छै। दृढ़ आसन, नासाग्र दृष्टी, नगन, निराभरण, निर्विकार जिसौ भगवानकौ साक्षात् स्वरूप छै तिस्यौ प्रतिमाजीने देख्यां यादि आवै छै। परिणाम ऐसे निर्मल होइ छै। अर श्रीप्रतिमाजीने सांगोपांग अपना चितमैं ध्यावै तो वीतराग भावने पावै। यथा स्त्रीको मूरति चित्रामकी, पाषाणकी काष्ठादिककी देखि विकारभाव उपजै छै, तथा वीतरागकी प्रतिमाका दर्शनथकी ध्यानथकी निर्विकार चित्त होइ छै। अर आन देवकी मूरति रागी द्वेषी छै। उन्मादने धारै छै। सो वाका दरशन ध्यान करि राग द्वेष उन्माद बढै छै। तीसौं आराधवा जोग्य, दरसन जोग्य, ध्यान जोग्य जिनप्रतिमा ही छै। जीवांने भुक्ति, मुक्तिदाता छै। यथा कलपवृक्ष, चिंतामणि औषधि मन्त्रादिक सर्व अचेतन छै, पणि फलदाता छै, तथा भगवतकी प्रतिमा अचेतन छै, परन्तु फलदाता छै। ज्ञानी तो एक शांतभावका अभिलाषी छै। सो शांतभावने जिनप्रतिमा मूर्तवन्त दिखावै छै। तीसूं ज्ञानी जनांने सदा वन्दिवा ध्यावा जोग्य छे। अर जगतका प्राणी संसारीक भोग चावै छै। सो जिनप्रतिमाका पूजनथकी सर्व प्राप्ति होय छे। ऐसो जानि, हित मानि, संशय भानि जिनप्रतिमाकी सेवा जोग्य छे।

**कवित्त**

श्रीजिनदेवतनी अरचा अर साधु दिगम्बरकी अतिसेव।
श्रीजिनसूत्र सुनै गुरु सन्मुख, त्यागै कुगुरु कुधर्म कुदेव ॥५४
धारै दान शील तप उत्तम, ध्यावै आतमभाव अछेव।
सो सब जीव लखै आपन सम, जाके सहज दयाकी टेव ॥५५
दानतनी विधि है जु अनन्त, सबै मँहि मुख्य किमिच्छक दाना।
ताके अर्थ सुनूं मनवांछित, दान करै भवि सूत्र प्रवाना ॥५६
तीरथकारक चक्र जु धारक, देहि सकें इह दान निधाना।
और सबै निज शक्ति प्रमाण, करैं शुभ दान महा मतिवाना ॥५७

**सोरठा**

कोउ कुबुद्धी कूर, चितवै चितमें इह भया।
लहिहौं धन अतिपूर, तब करिहूं दानहि विधी ॥५८

अब तो धन कछु नांहि, पास हमारे दानकों ।
किस विधि दान करांहि, इन मनमें धरि कृपण ह्वै ॥५९
यो न विचारे मूढ, शक्ति प्रमाणें त्याग है ।
होय धर्म आरूढ़, करे दान जिनवैन सुनि ॥६०
कछु हू नाँहि जुरै जु, तौहू रोटी एक ही ।
ज्ञानी दान करै जु, दान विना घृग जनम है ॥६१
रोटी एक हु माँहि, तौहू रोटी आध ही ।
जिनमारगके माँहि, दान बिना भोजन नहीं ॥६२
एक ग्रास ही मात्र, देवै अतिहि अशक्त जो ।
अर्ध ग्रासही मात्र, देवै, परि नहि कृपण ह्वै ॥६३
गेह मसान समान, भाषै किरपणको श्रुति ।
मृतक समान बखान, जीवत ही कृपणा नरा ॥६४
जानो गृद्ध समान, ताके सुत दारादिका ।
जो नँहि करै सुदान, ताकौ धन आमिष समा ॥६५
जैसे आमिष खाय, गिरध मसाणा मृतकको ।
तैसे धन विनशांहि, कृपणतनों सुत-दारका ॥६६
सबकों देनौ दान, नाकारी नँहि कोइसूं ।
करुणाभाव प्रधान, सब ही आतमराम हैं ॥६७
सब ही प्राणिनकों जु, अन्न वस्त्र जल औषधी ।
सूखे तृण विधिसों जु, देनें तिरजंचानिकों ॥६८
गुनी देखि अति भक्ति, भावथकी देनौ महा ।
दान भुक्ति अरु मुक्ति, कारण मूल कहैं गुरु ॥६९
पर परिणतिको त्याग, ता सम आन न दान कोउ ।
देहादिकको राग, त्यागें ते दाता बड़े ॥७०
कह्यौ दान परभाव, अब सुनि जलगालण विधी ।
छांडो मुगध स्वभाव, जलगालण विधि आदरो ॥७१

### जलगालण विधि : अडिल्ल छन्द

अब जल गालन रीति सुनौ बुध कान दे,
जीव असंखिनिको हि प्राणको दान दे ।
जो जल बरतै छांणि सोहि किरिया घनी,
जलगालणकी रीति धर्ममें मुख भनी ॥७२
नूतन गाढ़ो वस्त्र गुड़ी बिनु जो भया,
ताकौ गलनो करे चित्त धरिके दया ।
डेढ़ हाथ लम्बो जु हाथ चौरो गहै,
ताहि दुपड़तो करै छांणि जल सुख लहै ॥७३

वस्त्र पुरानो अवर रंगको नांतिनां,
राखे तिनतें ज्ञानवन्तकी पीति नां।
छाणन एक हु बूंद महीपरि जो परै,
भाषै श्रीगुरुदेव जीव अगणित मरै ॥७४

बरतें मूरख लोग अगाल्यौ नीर जे, तिनकों केतौ पाप सुनो नर धीर जे।
असी बरसलों पाप करै धीवर महा, अवर पारधी भील वागुरादिक लहा ॥७५
तेतो पाप लहै जु एक ही बार जे, अणछाण्यू बरतें हि वारि तनधार जे।
ऐसौ जानि कदापि अगाल्यौ तोय जो, बरतो मति ता माहिं महा अघहोय जो ॥७६
मकरीके मुखथकी तन्तु निकसैं जिसौ, अति सूक्षम जो वीर नीर कृमि है तिसौ।
तामें जीव असंखि उडैं ह्वै भ्रमर ही जम्बूद्वीप न भाय जिनेश्वर यों कही ॥७७
शुद्ध नातणे छांणि पान जलकों करै, छाण्यां जलथी धोय नातणो जो धरै।
जतनथकी मतिवन्त जिवाण्यूं जलविषैं, पहुँचावै सो धन्य श्रुतविषै यूं लिखें ॥७८
जा निर्वाणको होय नीर ताही महै, पधरावैं बुधिवान परम गुरु यों कहैं।
ओछे कपड़े नीर गालही जे नरा, पावैं ओछो योनि कहैं मुनि श्रुतधरा ॥७९
जलगालन सम किरिया और नाहीं कही, जलगालणमें निपुण सोहि श्रावक सही।
चउथी पड़िमा लगें लेई काचौ जला, आगे काचौ नाहिं प्रासुको निर्मला ॥८०
जाण्यूं काचौ नीर इकेन्द्रो जानिये, द्वै घटिका त्रसजोव रहित सो मानिये।
प्रासुक मिरच लवंग कपूरादिक मिला, बहुरि कसैला आदि वस्तुतें जो मिला ॥८१
सों लेनों दोय पहर पहलो ही जैनमें, आगें त्रस निपजन्त कह्यौ जिनवैनमें।
तातौ भात उकालि वारि वसु पहर ही, आगे जंगम जीवहु उपजे सहज ही ॥८२

## चौपाई

जे नर जिन आज्ञा नहिं जानै, चित्तमें आवै सो ही ठानैं।
भात उकाल करैं नहिं पानी, कछू इक उष्ण करै मनमानी ॥८३
ताहि जु वरतैं अष्टहि पहरा, ते व्रत वर्जित अर श्रुति बहरा।
मरजादा माफिक नहिं सोई, ऐसें वरतो भवि मति कोई ॥८४
जो जन जैनधर्म प्रतिपाला, ता घरि जलकी है इह चाला।
काचौ प्राशुक तातौ नीरा, मरजादामें वरतैं वीरा ॥८५
प्रथमहिं श्रावकको आचारा, जलगालण विधि है निरधारा।
जे अणछाण्यों पीवैं पाणी, ते धीवर वागुर सम जाणी ॥८६
बिन गाल्यो औरै नहिं प्याजे, अभख न खाजे और न ख्वाजे।
तजि आलस अर सब परमादा, गालै जल चित धरि अहलादा ॥८७
जलगालण नहिं चित करै जो, जल छाननमें चित धरै जो।
अणछाण्यांकी बूंद हु धरती, नाखे नहीं कदाचित वरती ॥८८
बून्द परैं तौ ले प्रायश्चित्ता, जाके घटमें दया पवित्ता।
यह जलगालणकी विधि भाई, गुरु आज्ञा अनुसार बताई ॥८९

**निशि-भोजनका दोष । दोहा**

अब सुनि रात्रि अहारका, दोष महा दुखदाय ।
द्वै मुहुरत दिन जब रहै, तबतैं त्याग कराय ॥९०
दिवस मुहूरत द्वै चढ़े, तबलों अनसन होय ।
निशि अहार परिहार सो, व्रत न दूजो कोय ॥९१
निशिभोजनके त्यागतैं, पावै उत्तम लोक ।
सुर नर विद्या धरनके, लहै महासुख थोक ॥९२
जे निशि भोजन कारका, तेहि निशाचर जानि ।
पावै निरय निगोदके, जनम महा दुखखानि ॥९३
निशि वासरको भेद नहिं, खात तृप्ति नहिं होय ।
सो काहेके मानवा, पशुहूतैं अधिकोय ॥९४
नाम निशाचर चारको, चोर समाना ते हि ।
चरैं निशाकों पापिया, हरैं धर्ममति जे हि ॥९५
बहुरि निशाचर नाम है, राक्षसको श्रुतिमाहिं ।
राक्षस सम जो नर कुधी, रात्रि अहार कराहिं ॥९६
दिन भोजन तजि रैनिमैं, भोजन करै विमूढ़ ।
ते उलूक सम जानिये, महापाप आरूढ़ ॥९७
मांस अहारी सारिखे, निशिभोजी मतिहीन ।
जनम जनम या पापतैं, लहैं कुगति दुखदीन ॥९८

**नाराच छन्द**

उलूक काक औ बिलाव श्वान गर्दभादिका,
गहै कुजन्म पापिया जु ग्राम शूकरादिका ।
कुछारछोयि १ माहिं कीट होय रात्रिभोजका,
तजैं निशा अहारकों विमुक्ति पंथ खोजका ॥९९
निशा महैं करैं अहार ते हि मूढ़धी नरा,
लहैं अनेक दोषकूं सुधर्महीन पामरा ।
जु कीट माछरादिका भखैं अहार माहिं ते,
महा अधर्म धारिके जु नर्क माहिं जाहिं ते ॥२००॥

**छन्द चाल**

निशिमाहीं भोजन करही, ते पिंडु अभखते भरही ।
भोजनमैं कीड़ा खाये, तातैं बुधि मूल नशाये ॥१
जो जूंका उदरैं जाये, तौ रोग जलोदर पाये ।
मांखी भोजनमैं आवै, ततखिन सो वमन उपावै ॥२
मकरी आवै भोजनमैं, तौ कुष्ट रोग होय तनमें ।
कंटक अरु काठजु खंडा, फसि है जा गले परचंडा ॥३

तौ कंठविथा विस्तारे, इत्यादिक दोष निहारे।
भोजनमें आवै बाला, सुर भंग होय ततकाला ॥४
निशिभोजन करके जीवा, पावै दुख कष्ट सदीवा।
होवें अति ही जु विरूपा, मनुजा अति विकल कुरूपा ॥५
अति रोगी आयुस थोरा, ह्वै भागहीन निरजोरा।
आदर-रहिता सुख-रहिता, अति ऊंच-नीचता सहिता ॥६
इक बात सुनो मन लाई, हथनापुर पुर है भाई।
तामें इक हूतौ विप्रा, मिथ्यामत धारक लिप्रा ॥७
रुद्रदत्त नाम है जाकौ, हिंसामारग मत ताकौ।
सो रात्रि-अहारी मूढ़ा, कुगुरुनिके मत आरूढ़ा ॥८
इक निशिकों भोंदू भाई, रोटीमें चींटी खाई।
बेंगनमें मींडक खायौ, उत्तम कुल तिहं विनशायौ ॥९
कालान्तर तजि निज प्राणा, सो घूघू भयौ अयाणा।
पुनि मरि करि गयौ जु नर्का, पायौ अति दुख सम्पर्का ॥१०
नीसरि नरकजुतैं कागा, वह भयौ पाप-पथ लागा।
बहुरें नर्कजुके कष्टा, पायौ ताने जु सपष्टा ॥११
पुनि भयौ विडाल सु पापी, जीवनिकूं अति संतापी।
सो गयौ नर्कमें दुष्टा, हिंसा करिके वो पुष्टा ॥१२
तहांतें जु भयौ वह गृद्धा, पुनि गयौ नर्क अघवृद्धा।
नर्कजुतें नीसरि पापी, हूवौ पसु पाप-प्रतापी ॥१३
बहुरें जु गयौ शठ कुगती, घोर जु नर्क अति विमती।
नीसरिकै तिरजंच हूवौ, बहु पाप करी पशु मूवौ ॥१४
पुनि गयौ नर्कमें कुमती, नारकतें अजगर अमती।
अजगरतें बहुरी नर्का, पायौ अति दुख सम्पर्का ॥१५
नर्कजुतें भयौ वघेरा, तहां किये पाप बहुतेरा।
बहुरें नारकगति पाई, तहातें गोधा पशु जाई ॥१६
गोधातें नर्क निवासा, नारकतें मच्छ विभासा।
सो मच्छ नरकमें जायौ, नारकमें बहु दुख पायौ ॥१७
नारकतें नीसरि सोई, वहुरी द्विजकुलमें होई।
लोमस प्रोहितको पुत्रा, सो धर्मकर्मके शत्रा ॥१८
जो महीदत्त है नामा, सातों विसनजुसों कामा।
नग्रजुतें लह्यौ निकासा, मामाके गयौ निरासा ॥१९
मामे हू राख्यौ नाहीं, तब काशीके वनमाहीं।
मुनिवर भेटे निरग्रन्था, जे देहि मुकतिको पन्था ॥२०
ज्ञानी ध्यानी निजरत्ता, भव-भोग-शरीर-विरत्ता।
जानें जनमान्तर बातें, जिनके जियमें नहि घातें ॥२१

तिनकों लखि द्विज शिर नायौ, सब पापकर्म विनशायौ।
पूछी जनमान्तर बातां, जा विधि पाई बहु घातां ॥२२
सो मुनिने सारी भाखी, कछु बात बीच नहिं राखी।
निशिभोजन सम नहिं पापा, जाकरि पायो दुखतापा ॥२३
सुनि करि मुनिवरके बैना, ब्राह्मण धार्यो मत जैना।
सम्यक अणुव्रत धारी, श्रावक हूवौ अविकारी ॥२४

### दोहा

मात पिता अति हित कियो, दियौ भूप अति मान।
पुण्य उदय लक्ष्मी अतुल, पाप किये बहु हान ॥२५

### चौपाई

पूजा करे जपै अरहन्त, महीदत्त हूवौ अतिसन्त।
जिनमन्दिर जिनबिम्ब रचाय, करी प्रतिष्ठा पुण्य उपाय ॥२६
सिद्धक्षेत्र वन्दे अधिकाय, जिनसिद्धांत सुनै अधिकाय।
केतौ काल गयौ इह भांति, समय पाय धारी उपशांति ॥२७
शुभ भावनितैं छांडे प्रान, पायो षोडश स्वर्ग विमान।
ऋद्धि महा अणिमादिक लई, आयु बीस द्वै सागर भई ॥२८
चयौ स्वर्ग थी सो परवीन, राजपुत्र हूवौ शुभ लीन।
देश अवन्ती उत्तम बसै, नगर उजैणी अति ही लसै ॥२९
तहां नरपती पृथ्वीमल्ल, जिनधर्मी सम्यक्ति अचल्ल।
प्रेमकारिणी रानी महा, ताके उदर जन्म सो लहा ॥३०
नाम सुधारस ताकौ भयौ, मात पिता अति आनन्द लयौ।
अनुक्रम वर्ष सातको जबै, विद्या पढ़ने सोप्यौ तबै ॥३१
शस्त्र शस्त्रमें बहु परवीण, भयौ अणुव्रती समकित लीन।
जोवनवंत भयौ सुकुमार, व्याह कियौ नहिं धर्म सम्हार ॥३२
एक दिवस वनक्रीड़ा गयौ, बड़तरु विजुरीतै क्षय भयौ।
ताकों लखि उपनो वैराग, अनुप्रेक्षा चितई बड़भाग ॥३३
चन्द्रकीर्ति मुनिके ढिग जाय, जिनदीक्षा लीनी शिर नाय।
अभ्यन्तर बाहिर चौबीस, ग्रन्थ तजे मुनिकूं नमि शीश ॥३४
पंच महाव्रत गुप्ति जु तीन, पंच समिति धारी परवीन।
सुकल ध्यान करि कर्म विनाशि, केवल पायौ अति सुखराशि ॥३५
बहुत भव्य उपदेशे जिनें, आयुकर्म पूरण करि तिनें।
शेष अघातियको करि नाश, पायौ मोक्षपुरी सुखवास ॥३६
निशि भोजनतैं जे दुख लये, अर त्यागेतैं सुख अनुभये।
तिनके फलको वर्णन करी, कथा अणणमी पूरण करी ॥३७

छप्पय

इक चंडाली सुरझि व्रत सेठनिपैं लीयौ।
मन बच तन दृढ़ होय त्यागि निशिभोजन कीयौ॥
व्रततनों परभाव त्याग तन अंतिज जाया।
वाही सेठनिके जु उदर उपनी वर काया।
गहि जैनधर्म धरि शीलव्रत, पापकर्म सब ही दहा।
लहि सुरगलोक नरलोक सुख, लोकसिखरकौ पथ गहा॥३८
एक हुतौ जु शृगाल कर सुदरशन मुनिराया।
त्यागौ निशि कौ खान पान जिनधर्म सुहाया।
मरि करि हूवौ सेठ नाम प्रीतंकर जाकौ।
अदभुत रूपनिधान धर्ममैं अति चित ताकौ।
भयौ मुनीश्वर सब त्यागिकै, केवल लहि शिवपुर गयौ।
नहिं रात्रिभुक्ति परित्याग सम, और दूसरौ व्रत लयौ॥३९

सोरठा

निशि भोजन करि जीव, हिंसक ह्वै चहुंगति भ्रमैं।
जे त्यागैं जु सदीव, निशिभोजन ते शिव लहैं॥४०
अर्ध उमरि उपवास, माहीं बीतै तिन तनी।
जे जन है जिनदास, निशिभोजन त्यागैं सुधी॥४१
दिवस नारिकौ त्याग, निशिकों भोजन त्यागई।
निशिदिन जिनमत राग, सदा व्रतमूरति बुधा॥४२
एक मासमैं भ्रात, पाख उपास फलैं फला।
जे निशि माहिं न खात, चारि अहारा धीधना॥४३
निशि भोजन सम दोष, भयौ न ह्वै है होयगौ।
महा पापकौ कोष, मद्य मांस आहार सम॥४४
त्यागैं निशिकौ खान, तिन्हें हमारी वंदना।
देही अभय प्रदान, जीवगणनिकों ते नरा॥४५
कौलग कहैं सुवीर, निशि भोजनके अवगुणा।
जानैं श्रीमहावीर, केवलज्ञान महंत सब॥४६

रत्नत्रय वर्णन

सोरठा

अब सुनि दरसन ज्ञान, चरण मोक्षके मूल हैं।
रतनत्रय निज ध्यान, तिन बिन मोक्ष न ह्वैं भया॥४७
सम्यकदर्शन सो हि, आतम रुचि श्रद्धा महा।
करनौं निश्चय जो हि, अपने शुद्ध स्वभावकों॥४८

निजको जानपनो हि, सम्यकज्ञान कहैं जिना ।
थिरता भाव घनो हि, सो सम्यकचारित्र है ॥४९

## चौपाई

प्रथमहि अखिल जतन करि भाई, सम्यकदरशन चित्त धराई ।
ताके होत सहज ही होई, सम्यकज्ञान चरन गुन दोई ॥५०
जीवाजीवादिक नव अर्था, तिनकी श्रद्धा बिन सब व्यर्था ।
है श्रद्धान-रहित्त विपरीता, आतमरूप अनूप अजीता ॥५१
सकल वस्तु हैं उभय स्वरूपा, अस्ति-नास्तिरूपी जु निरूपा ।
अनेकांतमय नित्य अनित्या, भगवतने भाषे सहु सत्या ॥५२
तामें संशय नांहि जु करनौ, सम्यक दरसन ही दिढ़ धरनौ ।
या भवमें विभवादि न चाहै, परभव भोगनिकूं न उमाहै ॥५३
चक्री केशवादि जे पदई, इन्द्रादिक शुभ पदई गिनई ।
कबहू वांछे कछु हि न भोगा, ते कहिये भगवतके लोगा ॥५४
जो एकांतवाद करि दूषित, परमत गुण करि नांहि जु भूषित ।
ताहि न चाहै मन वच तन करि, तै दरसन धारी उरमैं धरि ॥५५
क्षुधा तृषा अर उष्ण जु सीता, इनहिं आदि सुखभाव वितीता ।
दुखकारणमैं नांहि गिलानी, सो सम्यकदरशन गुणखानी ॥५६
लोकविषैं नहिं मूढ़तभावा, श्रुति अनुसार लखै निरदावा ।
जैनशास्त्र बिनु और जु ग्रंथा, शास्त्राभास गिनैं अघपंथा ॥५७
जैनसमय विनु और जु समया, समयाभास गिनैं सहु अदया ।
विनु जिनदेव और हैं जेते, लखै जु देवाभास सु ते ते ॥५८
श्रद्धानी सौ तत्त्वविज्ञानी, धरै सुदर्शव आतमध्यानी ।
करै धर्मको जो बढ़वारी, सदा सु मार्दव आर्जवधारी ॥५९
पर औगुन ढ़ाकै वुधिवंता, सो सम्यकदरशनधर संता ।
काम क्रोध मद आदि विकारा, तिनकरि भये विकलमत्ति धारा ॥६०
न्यायमार्गतें विचल्यौ चाहै, मिथ्यामारगकौ जु उमाहै ।
तिनको ज्ञानी थिर चित कारै, युक्तयकी भ्रमभाव निवारै ॥ १
आप सुथिर औरें थिर कारै, सो सम्यकदरशन गुण धारै ।
दयाधर्ममें जो हि निरन्तर, करै भावना उर अभ्यंतर ॥६२
शिवसुख लक्ष्मी कारण धर्मो, जिनभाषित भवनाशित्त पर्मो ।
तासौं प्रीति धरै अधिकेरी, अर जिनधर्मिनसूं बहुतेरी ॥६३
प्रीति करै सो दर्शनधारी, पावै लोकशिखर अविकारी ।
यथा तुरतके बछरा ऊपरि, गौ हित राखै मन वच तन करि ॥६४
तथा धर्म धर्मिनिसौं प्रीती, जाके ताने शठता जीती ।
आतम निर्मल करणों भाई, अतिशयरूप महा सुखदाई ॥६५

दर्शन ज्ञान चरण सेवन करि, केवल उतपति करनौ भ्रम हरि।
सो सम्यक परभावनि होई, पर-भावनिकौ लेश न कोई ॥६६
दान तपो जिनपूजा करिकै, विद्या अतिशय आदि जु धरिकै।
जैनधर्मकी महिमा कारे, सो सम्यकदरशन गुण धारे ॥६७
ए दरशनके अष्ट जु अंगा, जे धारे उर माहिं अभंगा।
ते सम्यक्ती कहिये वीरा, जिन आज्ञा पालक ते धीरा ॥६८
सेवनीय है सम्यकज्ञानी, माया मिथ्या ममता भानी।
सदा आत्मरस पीवें धन्या, ते ज्ञानी कहिये नहिं अन्या ॥६९
यद्यपि दरशन ज्ञान न भिन्ना, एकरूप हैं सदा अभिन्ना।
सहभावी ए दोऊ भाई, तौ पनि किंचित भेद धराई ॥७०
भिन्न, भिन्न आराधन तिनका, ज्ञानवंतके होई जिनका।
एक चेतनाके द्वै भावा, दरसन ज्ञान महा सुप्रभावा ॥७१
दरसन है सामान्य स्वरूपा, ज्ञान विशेष स्वरूप निरूपा।
दरसन कारन ज्ञान सु कार्या, ए दोऊ न लहे हि अनार्या ॥७२
निराकार दर्शन उपयोगा, ज्ञान धरे साकार नियोगा।
कोऊ प्रश्न करे इह भाई, एककाल उत्पत्ति बताई ॥७३
दरसन ज्ञान दुहुनिको तातैं, कारन कारिज होइ न तातैं।
ताको समाधान गुरु भाषैं, जे धारैं ते निजरस चाखे ॥७४
जैसे दीपक अर परकासा, एककाल दुहुं को प्रतिभासा।
पर दीपक है कारनरूपा, कारिजरूप प्रकाशनरूपा ॥७५
तैसें दरशन ज्ञान अनूपा, एककाल उपजे निजरूपा।
दरशन कारनरूपी कहिये, कारिजरूपी ज्ञान सु गहिये ॥७६
विद्यमान हैं तत्त्व सर्वे ही, अनेकांततारूप फबे ही।
तिनकौ जानपनों जो भाई, संशय विभ्रम मोह नशाई ॥७७
जो विपरीत रहित निजरूपा, आतमभाव अनूप निरूपा।
सो है सम्यकज्ञान महंता, निजको जानपनों विलसंता ॥७८
अष्ट अंगकरि शोभित सोई, सम्यकज्ञान सिद्ध कर होई।
ते धारौ भवि आठों शुद्धा, जिनवाणी अनुसार प्रबुद्धा ॥७९
शब्द-शुद्धता पहलो अंगा, शुद्ध पाठ पढ़ई जु अभंगा।
अर्थ-शुद्धता अंग द्वितीया, करै शुद्धअर्थ जु विधि लीया ॥८०
शब्द अर्थ दुहुकी निर्मलता, मन वच तन काया निहचलता।
सो है तीजो अंग विशुद्धा, सम्यक्ता धारै प्रतिबुद्धा ॥८१
कालाध्यायन चतुर्थम अंगा, ताकौ भेद सुनौ अतिरंगा।
जा विरियां जो पाठ उचित्ता, सोहा पाठ करै जु पवित्ता ॥८२
विनय अंग है पंचम भाई, विनयरूप रहिवौ सुखदाई।
सो उपधान हैं छट्टम अंगा, योग्य क्रिया करिवौ जु अभंगा ॥८३

जिनभाषितकों अंगी करनौ, सो उपधान अंगको धरनौ।
सप्तम है बहुमान विख्याता, ताको अर्थ सुनू तजि बाता ॥८४
बहुसतकार सु आदर करिके, जिन आज्ञा पाले उर धरिके।
अष्टम अंग अनिन्हव धारे, ते अष्टम भूमी जु निहारें ॥८५
जा गुरुके ढिग तत्त्वविज्ञाना, पायौ अदभुत रूप निधाना।
ता गुरुको नहिं नाम छिपावे, बार बार महागुण गावे ॥८६
को कहिये जु अनिन्हव अंगा, ज्ञानस्वरूप अनूप अभंगा।
सम्यक ज्ञान तनू आराधन, ज्ञानिनिकों करनू शिव-साधन ॥८७
दरशन मोह रहित जो ज्ञानी, तत्त्वभावना दृढ़ ठहरानी।
जे हि जथारथ जानें भावा, ते चारित्र धरें निरदावा ॥८८
बिना ज्ञान नहिं चारित सोहै, बिना ज्ञान मनमथ मन मोहै।
तातैं ज्ञान पीछे जु चरित्रा, भाष्यौ जिनवर परम पवित्रा ॥८९
सर्व पाप-मारग परिहारा, सकल कषाय-रहित अविकारा।
निर्मल उदासीनता रूपा, आतमभाव सु चरन अनूपा ॥९०
सो चारित्र दोय विधि भाई, मुनि-श्रावक व्रत प्रगट कराई।
मुनिको चारित सर्व जु त्यागा, पापरीतिके पंथ न लागा ॥९१
ताके तेरह भेद बखानें, जिनवानी अनुसार प्रवानें।
पंच महाव्रत पंच जु समिती, तीन गुपतिके धारक सुजती ॥९२
चउविधि जंगम पंचम थावर, निश्चयनय करि सब हि बराबर।
तिन सर्वनिकी रक्षा करिवौ, सो पहलो सु महाव्रत धरिवौ ॥९३
संतत सत्य वचनको कहिवौ, अथवा मौनव्रतकों गहिवौ।
मृषावाद बोले नहिं जोई, दूजो महाव्रत है सोई ॥९४
कौड़ी आदि रतन परजंता, घटि अघटित तसु भेद अनन्ता।
दत्त अदत्त न परसे जोई, तीजो महाव्रत है सोई ॥९५
पशु पंछी नर दानव देवा, भववासा रमनी-रत मेवा।
तजे निरन्तर मदन विकारा, सो चौथो जु महाव्रत भारा ॥९६
द्विविधि परिग्रह त्यागें भाई, अन्तर बाहिर संग न काई।
नगन दिगम्बर मुद्रा धारा, सो हि महाव्रत पंचम सारा ॥९७
ईर्यासमिति ऋषी जो चाले, भाषासमिति कुभाषा टाले।
भखें अहार अदोष मुनीशा, ताहि एषणा कहे अधीशा ॥९८
है आदान निक्षेपा सोई, लेहि निरखि शास्त्रादिक जोई।
अर परिठवणा पंचम समिति, निरखि शास्त्रादिक जोई।
अर परिठवणा पंचम समिती, निरखि भूमि डारै मल सुजती ॥९९
मनोगुप्ति कहिये मन-रोधा, वचन गुप्ति जो वचन निरोधा।
कायगुप्ति काया वश करिवौ, ए तेरह विधि चारित धरिवौ ॥२१००

एकदेश गृहपति चारित्रा, द्वादश व्रतरूपी हि पवित्रा।
जो पहली भाख्यौ अब तातैं, कह्यौ नहीं श्रावकव्रत तातैं ॥१
इह रतनत्रय मुनिके पूरा, होवैं अष्टकर्म दल चूरा।
श्रावक के नहिं पूरण होई, धरै न्यूनतारूप जु सोई ॥२
इह रतनत्रय करि शिव लेवें, चहुँ गतिकों भाव पानी देवे।
या करि सीझे अरु सीझेंगे, यह लहि परमें नहिं रीझेंगे ॥३
या करि इन्द्रादिक पद होवे, सो दूषण शुभको बुध जोवे।
इह तौ केवल मुक्ति प्रदाई, बंधनरूप होय नहिं पाई ॥४
बंध-विदारन मुक्ति-सुकारण, इह रतनत्रय जगत उधारण।
रत्नत्रय सम और न दूजो, इह रतनत्रय त्रिभुवन पूजो ॥५
रतनत्रय बिनु मोक्ष न होई, कोटि उपाव करै जो कोई।
नमस्कार या रतनत्रयकों, जो दे परम भाव अक्षयकों ॥६
रतनत्रय की महिमा पूरन, जानि सके वसु कर्म-विचूरन।
मुनिवर हू पूरण नहिं जानें, जिन-आज्ञा अनुसार प्रवानें ॥७
सहस जीभ करि वरणन करई, तिनहूँ पै नहिं जाय वरणई।
हमसे अलपमती कहो कैसे, भाषै बुधजन धारहु ऐसे ॥८
त्रेपन किरिया को यह मूला, रतनत्रय चेतन अनुकूला।
जिन धार्यो तिन आपो सार्यो, याकरि बहुतनि कारिज सार्यो ॥९
धन्य घरी वह ह्वेगी भाई, रतनत्रयसों जीव मिलाई।
पहुंचेगो शिवपुर अविनाशी, होवेगो अति आनन्द राशी ॥१०
सब ग्रन्थनि में त्रेपन किरिया, इन करि, इन बिन भववन फिरिया।
जो ए त्रेपन किरिया धारे, सो भवि अपना कारिज सारै ॥११
सुरग मुकति दाता ए किरिया, जिनवानी सुनि जिनि ए धरिया।
तिन पाई निज परणति शुद्धा, ज्ञानस्वरूपा अति प्रतिबुद्धा ॥१२
है अनादि सिद्धा ए सर्वा, ए किरिया धरिवौ तजि गर्वा।
ठौर ठौर इनको जस भाई, ए किरिया गावें जिनराई ॥१३
गणधर गावें मुनिवर गावें, देव भाषमें शबद सुनावें।
पंचम काल माहिं सुर-भाषा, विरला समझें जिनमत साखा ॥१४
तातें यह नर-भाषा कीनी, सुर-भाषा अनुसारे लीनी।
जो नर-नारि पढ़ै मन लाई, सो सुख पावे अति अधिकाई ॥१५
संवत सत्रासै पच्याण्णव, भादव सुदि बारस तिथि जाणव।
मंगलवार उदयपुर माहें, पूरन कीनी संशय नाहें ॥१६
आनन्द-सुत जयसुतको मंत्री, जयको अनुचर जाहि कहे।
सो दौलत जिन-दासनि दासा, जिनमारग की शरण गहे ॥१७

इति।

# परिशिष्ट

## क्रियाकोषोंमें उद्धृत गाथा-श्लोक-सूची

## श्री किसनसिंह-कृत क्रियाकोषमें

गुण-वय-तव-सम-पडिमा दाणं जलगालणं च अणत्थमियं ।
दंसण-णाण-चरित्तं किरिया तेवण्ण सावया भणिया ॥ ( पृष्ठ ११५ )

हेमंते तीस दिणा, गिम्हे पणरस दिणाणि पक्कण्णं ।
वासासु य सत्त दिणा, इय भणियं सूय-जंगेहिं ॥ ( पृष्ठ ११६ )

इक्खु-दही-संजुत्तं, भवंति सम्मुच्छिमा जीवा ।
अंतोमुहुत्त-मज्झे, जम्हा भणंति जिणणाहा ॥ ( पृष्ठ ११८ )

चउ एइंदी विण छह-अठ्ठह तिण्णिणि भणंति दह ।
चौंरिंदी जीवडा बार बारह पंच भणंति ॥ ( पृष्ठ ११९ )

अन्न जलं किंचि ठिई, पच्चक्खाणं न भुंजए भिक्खू ।
घड़ी दोय अंतरीया, णिगोइया हुंति बहु जीवा ॥ ( पृष्ठ १४२ )

संवत्सरेण-मेकत्वं चैवर्तकस्य हिंसकः ।
एकादश दवादाहे अपूतजल-संग्रही ॥ ( पृष्ठ १६२ )

लूतास्यतन्तु-गलिते ये बिन्दौ सन्ति जन्तवः ।
सूक्ष्मा भ्रमरमानापि, नैव मान्ति त्रिविष्टपे ॥ ( पृष्ठ १६२ )

षट्त्रिंशदङ्गुलं वस्त्रं चतुर्विशतिविस्तृतम् ।
तद्वस्त्रं द्विगुणीकृत्य तोयं तेन तु गालयेत् ॥ ( पृष्ठ १६२ )

तस्मिन् मध्यस्थिताञ्जीवान् जलमध्ये तु स्थाप्यते ।
एवं कृत्वा पिबेत्तोयं, स याति परमां गतिम् ॥ ( पृष्ठ १६२ )

राहु-अरिट्ठविमाणं किंचूणा किं पि जोयणं अधोगंता ।
छम्मासे पव्वन्ते चन्दं रविं छादयदि कमेण ॥ ( पृष्ठ २०१ )

स्नानं पूर्वामुखी भूप, प्रतीच्यां दन्त-धावनम् ।
उदीच्यां श्वेतवस्त्राणि, पूजा पूर्वोत्तरामुखी ॥ ( पृष्ठ २०३ )

अरहंता छेयाला सिद्धा अट्ठेव सूरि छत्तीसा ।
उवज्झाया पणवीसा साहूणं हुंति अडवीसा ॥ ( पृष्ठ २२३ )

●

## श्री दौलतराम-कृत क्रियाकोष में

गुण-वय-तव-सम-पडिमा, दाणं जलगालणं च अणत्थमियं ।
दंसण णाण चरित्तं किरिया तेवण्ण सावया भणिया ॥ ( पृष्ठ २२४ )

मय-मूढमणायदणं संकाइ वसण्ण भयमईयारं ।
एहिं चउदालेदे ण संति ते हुंति सद्दिट्ठी ॥ ( पृष्ठ २६२ )

आद्यं शरीर-संस्कारो द्वितीयं वृष्यसेवनम् ।
तौर्यत्रिकं तृतीयं स्यात्संसर्गस्तुर्यं भण्यते ॥ ( पृष्ठ ३०० )

योषिद्विषसंकल्पं पञ्चमं परिकीर्तितम् ।
तदङ्गवीक्षणं षष्ठं सत्कारः सप्तमो मतः ॥ ( पृष्ठ ३०० )

पूर्वानुभूत-सभोगः स्मरणं स्यात्तदष्टमम् ।
नवमे भावनी चिन्ता दशमे वस्तिमोक्षणम् ॥ ( पृष्ठ ३०० )

भोजने षट्रसे पाने, कुंकुमादि-विलेपने ।
पुष्पताम्बूल-गीतेषु, नृत्यादौ ब्रह्मचर्यके ॥ ( पृष्ठ ३३२ )

स्नान-भूषण-वस्त्रादौ, वाहने शयनाशने ।
सचित्त वस्तु-संख्यादौ, प्रमाणं भज प्रत्यहम् ॥ ( पृष्ठ ३३३ )

पं० दौलतराम जीने भी अपने क्रिया-कोषका आधार संस्कृत क्रिया-कोषको ही बताया है । जैसा कि उनके निम्न पद्यसे स्पष्ट है—

'तातैं नर-भाषा यह कीनी, सुर-भाषा अनुसारै लीनी ॥
पंचम काल मांहि सुर-भाषा, विरला समझै जिन-मत साखा ॥

इस पद्यमें 'नर-भाषा' से अभिप्राय वर्तमानमें बोली जानेवाली हिन्दी भाषासे है और सुर-भाषासे अभिप्राय देवभाषा संस्कृतसे है ।

इस उल्लेखसे यह सिद्ध है कि उनके सम्मुख कोई संस्कृत क्रिया-कोष विद्यमान था ।

**पदम कविने** अपने श्रावकाचार की प्रशस्तिमें जिन आचार्यों, भट्टारकों एवं ब्रह्मचारियोंका उल्लेख किया है। उनके नाम इस प्रकार है—

**आचार्य**—१. आ० कुन्दकुन्द, २. समन्तभद्र, ३. जिनसेन, ४. गुणभद्र, ५. अकलंक, ६. अमृतचन्द्र, ७. प्रभाचन्द्र, ८. वसुनन्दि।

**पंडित**—आशाधर।

**भट्टारक**—१. पद्मनन्दी, २. सकलकीर्ति, ३. भुवनकीति, ४. ज्ञानभूषण, ५. विजयकीर्ति, ६. शुभचन्द्र, ७. कुमुदचन्द्र।

**गुरुजन—आम्नाय गुरु**—शुभचन्द्र।
**आगम गुरु**—विनयचन्द्र।
**अध्यात्मगुरु**—कर्मश्री ब्रह्म।
**शिक्षागुरु**—हीरब्रह्मेन्द्र।

श्रावकाचारके आधारभूत ग्रन्थोंके नाम—

१. स्वामी समन्तभद्रका रत्नकरण्ड श्रावकाचार।
२. आचार्य वसुनन्दीका श्रावकाचार।
३. पं० आशाधरका सागारधर्मामृत।
४. श्री सकलकीर्तिका प्रश्नोत्तर श्रावकाचार।

पदम कविने त्रेपन क्रियाओंके वर्णनका आधार किसी ग्रन्थको न बत्ता करके श्रेणिकके प्रश्न पर गौतमके द्वारा श्रावकके सम्पूर्ण आचारका वर्णन कराया है। जैसा कि इसकी मंगलाचरणके पश्चात् दी गई उत्थानिकासे प्रकट है।

■